CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

122

3424

BHARGAVA'S STANDARD ILLUSTRATED DICTIONARY

ANGLO-HINDI.



COMPILED BY
PROF. R. C. PATHAK
B.A. L.T.

NEARLY
1,20,000
REFERENC

CORRECT
STANDARD
PRONUNCIATIO
AND
ACCENTS IN HI
EXPLANATION
DERIVATION
PHRASES,
TECHNICAL
AND
UP-TO-DAT
WORDS, MA
USEFUL ADDE

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राप्ति-संख्या 3424
ाडं
ैन (शोध) संस्थान
ार
राणसी-५
A'S DICTIONARY
O - HINDI
ATHAK

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sri Ganesh Varni Digambar Jain
Sansthan, Naria. Varanasi - 5

3424

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

BHARGAVA'S
STANDARD ILLUSTRATED DICTIONARY
OF THE
ENGLISH LANGUAGE

(*Anglo-Hindi Edition.*)

Comprising

Correct Pronunciation and Accents in Devanagari Script
Definitions, Explanations, Thousands of new words in Arts
and Sciences, Phrases and Idioms explained in English
and translated into Hindi, Several Appendices and
thousands of administrative & legal words with
Hindi Synonyms as adopted by Union and
State Governments in the shape
of Supplement and over two
hundred Illustrations.

Edited by
Prof. R. C. Pathak, B. A., L. T.
Author of Bhargava's Dictionaries.

TWELFTH EDITION
(*Thoroughly revised & enlarged*

Publisher :
BHARGAVA BOOK DEPOT
CHOWK, VARANASI.

Price : *Inland* : Rs. 40.00
Overseas : £ 4.50

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

10.29,750 COPIES ALREADY PRINTED AND SOLD

Reprint, February 1983, 10, 000 Copies

SOLE DISTRIBUTORS—
SHREE GANGA PUSTAKALAYA,
TRILOCHAN, VARANASI (BANARAS.)

All rights reserved by the publisher

Printed at :
BHARGAVA OFFSETS MACHHODARI, VARANASI (INDIA)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Preface to the First Edition

THIS Standard work of reference has made a new departure in its compilation. It is quite original in style and method and no pains have been spared to make it as compact, perfect and reliable as possible. Every attempt has been made to insert in this handy volume as many references as are to be found in other popular Dictionaries of the English language of this size with the valuable additions of Hindi translations of all words, phrases, idioms &c. used in the body of the book.

The part of speech of a word is placed in italics next to the main word, and where a word is used in more than one part of speech, the English explanations and Hindi meanings of such parts of speech follow in succession. The derivatives of main words also follow in alphabetical order.

Much stress has been laid on the correct standard pronunciation of English words. As pronunciation depends very much on accent—(the laying of stress on a certain syllable of a word, represented by the sign (′) placed over the last letter of a syllable)—the same has been printed in each polysyllabic word in the dictionary. Special signs have been used for those vowel sounds which are peculiar to the English language and which have no such equivalents in the Devanagari script; these have been printed at the foot of each page of the dictionary. For example—there are no separate 'matras' for long and short 'E' (ए) in the Devanagari script; these have been respectively represented by ऍ and ए̆ or ॅ and ॅ; similarly the sound of 'a' as in 'bad', 'mad' &c. is phonetically represented by the sign ॅ, as in 'बॅड', 'मॅड' इत्यादि; the sound of 'o' as in 'bog', 'for' &c. is represented by the sign ॅ, as in 'बॉग्', 'फ़ॉग्' इत्यादि; the sound of 'zh' has been represented by placing two dots under ज, as in 'measure' 'मॅज़र'. As the

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

final consonant of an English word is always pronounced as a pure consonant (never mixed with a vowel) the same has been invariably represented as such in the Devanagari script.

Inflections of verbs, forms of comparative and superlative degrees of adjectives and adverbs, exceptional singular or plural, as well as masculine and feminine forms of nouns &c. which have peculiar spellings or pronunciations, have been given in brackets just after the pronunciation of the main word. Standard spellings adopted by the latest lexicographers have been used throughout the book.

All the words in literary and conversational English have been included in the work. The prevalent terms of all sciences, have, as far as space permitted, been included. Numerous derivatives with correct pronunciations and accents where necessary, compound words and idiomatic phrases have also been put under the main words composing them; these have been explained in English and translated into Hindi as well. The words which modern science and inventions have brought into common use and which are current in modern English, have also been explained and accurately translated into Hindi.

The volume also contains a comprehensive list of foreign and other words and phrases which are more or less current in the English language; these have been explained in English and translated into Hindi. A comprehensive list of abbreviations, classified lists of prefixes and suffixes, modern weights and measures &c. have also been appended.

Banaras.
JUNE, 1939.

THE EDITOR.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Preface to the Tenth Edition

In the Tenth Edition of this Standard work of reference, the predominant change introduced has been the incorporation of about five thousand new words in the main body of the Dictionary. A further Supplement containing several thousands of administrative and legal words with proper Hindi Synonyms as accepted and adopted by Union & State Governments is the most attractive feature of this edition which has amply increased its utility. This change has been made possible, without increasing the bulk, by the employment of smaller types in which the entire work has been composed. The derivatives have been mostly separated from the main word with complete pronunciations and appropriate explanations, thus enabling easier reference. The entire work has been carefully revised and the necessary meanings of such words and phrases as were left out for want of space in the previous editions, have been duly inserted in the present edition making it up-to-date as far as possible.

The editor hopes that these innovations will further enhance the usefulness of the Dictionary as a standard work of reference. Any useful suggestions or criticisms from correspondents for further improvement of the work will be thankfully acknowledged by the editor who will try, as far as possible, to bring about the changes in the future editions of the work.

Gaighat, Banaras.
November, 1958.

THE EDITOR.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Publisher's Note to the Twelfth Edition

In the Twelfth Edition of this Standard Work of Reference strenuous efforts have been made to revise thoroughly the entire old work. Special care has been taken to improve the pronunciations & meanings in accordance with the latest English Work—The Oxford English Dictionary. Certain errors in the order & form of Hindi meanings agreeing serially with the English words & phrases where a particular word has several implications as well as errors in the alphabetical order which were detected in the course of revision have been rectified. Over two thousand new administrative, legal & scientific terms have also been added in the supplement to make the present work up-to-date as far as possible.

No pains have been spared to make the work quite flawless from beginning to end and it is hoped that this new edition will now excel all others of its kind in rendering the most useful service to its buyers and users. Suggestions, if any, for further improvement of the work will be thankfully accepted & introduced in further editions.

Gaighat, Varanasi
September, 1965.

THE PUBLISHER

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

List of Abbreviations used in the Dictionary

abbr.	abbreviation.	*pass.*	passive.
adj.	adjective.	*pers.*	person.
adjs.	adjectives.	*phr.*	phrase.
adv.	adverb.	*opp.*	opposite.
advs.	adverbs.	*pl.*	plural.
alg.	algebra.	*n. sing.*	noun singular.
archt.	architecture.	*pr. part.*	present participle
arith.	arithmetic.	*p. t.*	past tense.
aux.	auxiliary.	*pres. t.*	present tense.
contr.	contracted.	*p. p.*	past participle.
cf.	compare.	*pref.*	prefix.
chem.	chemistry.	*prep.*	preposition.
comb.	combination.	*pron.*	pronoun.
comp.	comparative.	*Rom.*	Roman.
conj.	conjunction.	*sing.*	singular.
demons.	demonstrative.	*suf.*	suffix.
dim.	diminutive.	*usu.*	usually.
e. g.	for example.	*v. i.*	verb intransitive.
esp.	especially.	*v. t.*	verb transitive.
fut.	future.	*yd.* (*s*)	yard (*s*).
fem.	feminine.		
gram.	grammar.	अं. ग.	अङ्कगणित
Geog.	geography.	ए. व.	एकवचन
Gr.	Greek.	इ.	इत्यादि
i. e.	that is.	औ. शा.	औषधि शास्त्र
in.	inches.	न. लिं.	नपुंसक लिंग
indef.	indefinite.	नौ. वि.	नौ विद्या
interj.	Interjection.	पुं. लिं.	पुंलिंग
L.	Latin.	ब. व.	बहुवचन
mas.	masculine.	बी. ग.	बीजगणित
med.	medicine.	शि. वि.	शिल्प विद्या
mus.	music.	शा. प.	शासनपद्धति
n., ns.	noun, nouns.	सं.	संगीत
naut.	nautical.	स्त्री. लिं.	स्त्रीलिंग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हिन्दी, सस्कृत, प्राकृत, ग्रामीण, ब्रजभाषा तथा भिन्न विषयों के नवीन शब्द, साहित्य, अलंकार, आयुर्वेद. इतिहास, भूगोल, पुराण, दर्शन, विज्ञान, ज्योतिष तथा शास्त्रीय शब्दों और वाग्व्यवहारों आदि का बृहत् संग्रह ।

(संशोधित तथा संवर्धित)

भार्गव आदर्श हिन्दी शब्दकोष

भार्गव आदर्श हिन्दी शब्दकोष संक्षिप्त

भार्गव बाल हिन्दी शब्दकोष

प्रधान वितरक

श्री गंगा पुस्तकालय,

त्रिलोचन, वाराणसी

BHARGAVA'S

STANDARD ILLUSTRATED

DICTIONARY

(Hindi-English)

NEARLY

1,00,000 REFERENCES

HINDI
WORDS CURRENT
&
OBSOLETE
PHRASES
&
IDIOMS
INCLUDING
WORDS OF ART,
LITERATURE,
SCIENCE, LAW,
SCRIPTURES,
FOREIGN
LANGUAGES & C.
WITH
COPIOUS ENGLISH
EQUIVALENTS AND
EXPLANATIONS.

Many Useful Appendices

Compiled by :

PROF. R. C. PATHAK, B.A.,L.T.

(*Thoroughly revised & enlarged*)

BHARGAVA'S

CONCISE DICTIONARY

(Anglo-Hindi & Hindi-English)

ALSO AVAILABLE

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Methods adopted in the Compilation of the Dictionary

ARRANGEMENT OF WORDS—Every word is given in alphabetical order, but in order to minimise space, derivatives with their meanings are mostly given under the main words from which they are derived.

PRONUNCIATIONS of main words have been given in full immediately after each word. When a word has more than one spelling, the same has been given in an abridged form, with their pronunciations. The vowel sounds which are peculiar to the English language and which have no equivalents in the Devanagari script, have been represented by special signs which are printed at the foot of each page.

SPELLING—Derivatives and compound words have been given in full, in this edition. The pronunciation of the derivatives and compound words have been accordingly put in brackets in curtailed forms; but where the pronunciation of a derivative is quite different from the main word the entire pronunciation of the same has been given with proper accents.

MEANING—With the exception of a few legal and technical words which are easily intelligible in their Urdu meanings, all the explanations and meanings of words, phrases &c. have been given in up-to-date pure Hindi. Modern tendency being to use Sanskrit forms of words in all kinds of literature, the same has been used throughout the book.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

CONTENTS

		Page
1.	Preface.	3
2.	List of Abbreviations used in the Dictionary. ..	7
3.	Methods adopted in the compilation of the Dictionary.	9
4.	Contents.	10
5.	Main Dictionary.	11
6.	Supplement : Containing Recent Words and New Usages.	1097
7.	Abbreviations in common use in written and printed matter.	1119
8.	Prefixes.	1130
9.	Suffixes.	1132
10.	British Weights and Measures. ..	1133
11.	The Metric System.	1135
12.	Conversions and Ready Reckoners. ..	1136
13.	Indian Measures and Weights. ..	1139
14.	Proper Ceremonious Forms of Address to Persons of Rank.	1142
15.	Students' Guide to Translation. ..	1145
16.	A few English Proverbs with their Hindustani equivalents.	1157
17.	Words and Phrases from Greek, Latin and Modern European Languages which are more or less current in English.	1161
18.	Signs and Symbols used in Astrological Science, Commerce, Medicine, Mathematics and Typography with Proof Reading Abbreviations	1193
19.	Authenticated Administrative Phraseology of Words & Terms.	1197, 1374
20.	Technical Hindi & English Terms used in the Constitution of the Indian Republic. ..	1410, 1423

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Standard Illustrated Dictionary OF The English Language

(ANGLO-HINDI)

A-ए-the first letter of the English alphabet; (*Mus.*) first note, (In Logic) first imaginary person or case, (*Alg.*) first known quantity, (*Naut.*) a first class ship. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पहिला अक्षर, (सं०) पहिला स्वर, (तर्क में) प्रथम कल्पित व्यक्ति या विषय, (बी० ग०) प्रथम ज्ञात परिमाण, (नौ० वि०) प्रथम श्रेणी का जहाज़ ।

A-ए-*adj.* (1) the indefinite article, short form of an, used before all consonants except silent *h*; *e. g.-a history*, before *h* in unaccented syllable-*a historian*. *An* is used before all vowel sounds, *e.g.-an ass, an egg*. It is placed after *many, such, what* or *any* & when preceded by *as, how, so, too*. यह *An* का छोटा रूप है जो व्यञ्जन से आरम्भ होनेवाले शब्दों के पूर्व प्रयुक्त होता है, किन्तु स्वर से आरम्भ होनेवाले शब्दों के पूर्व *An* का प्रयोग होता है किन्तु यह many, such, what के पश्चात् तथा as, how, so, too के पूर्व रहते हुए जब कोई विशेषण आता है तब प्रयुक्त होता है । (2) One. एक, अकेला; (3) Any, some. कोई, जो कोई, कोई एक; (4) By, per. प्रति, एक-एक करके; (5) It is used with apparent plurals of number. बहुवचन सूचित करनेवाले शब्दों के पूर्व '*a*' का प्रयोग होता है, यथा-*a dozen mangoes*, एक दर्जन आम; *a great many men*. बहुत-से मनुष्य ।

A-ए-*prep.* on. (when used as a prefix before nouns.) जब संज्ञा में उपसर्ग की भाँति यह शब्द प्रयुक्त होता है तब इसका अर्थ on-पर, ऊपर, में, और होता है, यथा *a*foot. पैदल; *a*part. पृथक्; now-*a*-days. आजकल; *a*shore. किनारे पर; when prefixed to verbal nouns it means 'for'. क्रियापद से बनी संज्ञा में उपसर्ग की भाँति जुड़ने पर इसका अर्थ निमित्त, वास्ते, लिए होता है, यथा *a*doing. करने के लिए; *a*going. जाने के निमित्त इत्यादि ।

A-ए-suffix of some Gr., L. & Rom. *sing. nouns. e. g.-Arena, Czarina*; as well as Geog. names, and names of women and animals, *e. g.* Africa, Hilda, Mammalia &c. कुछ ग्रीक, लेटिन्, रोमन एक वचन संज्ञा शब्दों भौगोलिक नामों तथा स्त्रियों और पशुओं के नाम के अन्त में प्रत्यय की भाँति *a* प्रयुक्त होता है, यथा अरीना, ज़रीना, अफ्रीका, हिल्डा, ममेलिया इ० ।

Aardvark - आर्ड्-वार्क् -*n.* a South African pig-like quadruped. दक्षिणी अफ्रिका का सूअर जैसा एक चौपाया ।

Aardvark.

Aardwolf- आर्ड्'-वुल्फ़ -*n.* the earthwolf of South Africa. दक्षिणी अफ्रिका का एक प्रकार का भेड़िया ।

Aaronic (-al)-आर'-आन्'-इक् (-अल्) -*adjs.* pertaining to the Jewish high priest. यहूदियों के बड़े पादरी का ।

Aaron's beard-आर'-ऑन्स्-बेअर्ड्-*n.* a species of plants grown in hanging pots. एक प्रकार के पौधे जो गमलों में लगाकर छत, वृक्ष आदि में लटका दिये जाते हैं ।

Ab-ऑब् -*n.* the fifth month of the Jewish civil year. यहूदी वर्ष का पाँचवाँ मास ।

Ab-ऑब्-a Latin prefix signifying 'from' 'away from.' लैटिन् उपसर्ग जिसका अर्थ 'से' 'से दूर' होता है ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Aba, Abba-ॲबा-*n.* a Syrian woollen cloth. सीरिया देश का ऊनी वस्त्र।

Abaca-आब्'-आ-का-*n.* plantain, Manilla hemp of commerce. केला, फ़िलिपाइन टापू का मेनीला पटुआ जिसको व्यापारी काम में लाते हैं।

Aback-ॲ-बॅक्'-*adv.* towards the back. पीछे की ओर; (*naut.*) said of sails pressed backwards by the wind. (नौ॰वि॰)वायु के वेग से पाल का पीछे की ओर दब जाना; Taken aback (taken by surprise.) चकित या भौचक्का या अचम्भित होना।

Abaction-ॲ-बॅक्'-शन्-*n.* (*Law.*) the stealing of a number of cattle at once. (शा॰ प॰) एक साथ बहुत-से पशुओं की चोरी; Abactor (-टर्)-*n.* cattle-thief. पशु-चोर।

Abacus-ॲब्'-ॲस्-*n.* (*pl.* Abaci-सि) a calculating frame with balls of different colours. गिनती सिखाने का यन्त्र जिसमें तारों में रंग-बिरंगे लट्टू लगे होते हैं; (*archt.*) square flat slab on the capital of a pillar. (शि॰ वि॰) खम्भे के नीचे-ऊपर लगाने का चौरस चौकोर पत्थर।

A



Abacus

Abaddon-ॲ-बॅड्'-डन्-*n.* hell, bottomless pit or its angel. नरक, अथाह गर्त या पाताल या उसके देवता।

Abaft-ॲ-बॅ-फ़्ट्-*adv.* & *prep.* on the hinder part of a ship, behind. जहाज़ की पतवार की ओर, पीछे की ओर, पीछे।

Abalienate-ॲ-बॅलिनेट्'-*v. t.* to transfer the title of a property to someone else. किसी संपत्ति का अधिकार दूसरे किसी मनुष्य के नाम संक्रमित कर देना।

Abalone-ॲब्-ॲ-लो'-नें-*n.* a shell known as sea-ear from which mother of pearl is obtained. मोती का सीप।

Abandon-ॲ-बॅन्' - डन्-*v. t.* (*p. t.* Abandoned) to give up to another's control, to forsake. दूसरे के अधिकार में सौंप देना, त्यागना; -*n.* careless freedom, letting oneself go. लापरवाही की स्वतन्त्रता, जाने देना; Abandoned (-इ)-*adj.* deserted, given up to vice, very wicked. त्यागा हुआ, बुरे आचरणवाला, अति दुष्ट; Abandonee (-ई) -*n.* (*Law*) an insurer to whom a wreck has been abandoned. (शा॰ प॰) जहाज़ के डूबने का बीमा करनेवाला; Abandonment (-मॅन्ट्) -*n.* complete surrender of self to a cause, self-surrender, renunciation of a claim. किसी कार्य के लिए आत्मा का पूर्ण परित्याग, आत्म-समर्पण, अधिकार या अभियोग का त्याग।

Abase-ॲ-बेस्'-*v. t.* to lower, to humiliate, to make base, to degrade. नीचा करना, मान घटाना, अनादर करना, नीचा दिखाना; Abasement (-मॅन्ट्)-*n.* humiliation. अनादर, मानहानि, अपमान।

Abash-ॲ-बॅश्'-*v. t.* to put to confusion, to put to shame, to make ashamed. विकल करना, घबड़ा देना, संकुचित करना, लज्जित करना; Abashment (-मॅन्ट्) -*n.* confusion from shame. लज्जा से आई हुई विकलता।

Abask-ॲ-बॅस्क्'-*adj.* & *adv.* in warm light. गरम प्रकाश में, धूप में।

Abatable-*adj.* see Abate.

Abate-ॲ-बेट्'-*v. t.* & *i.* to do away with, to deduct part of price, to mitigate, to grow less, (*Law.*) to cancel writ or action. हटाना या हटना, मूल्य कम करना या कम होना, घटाना या घटना, मन्दा करना या मन्दा होना, (शा॰प॰) आज्ञापत्र रद्द करना; Abatable (-ॲ-बल्) -*adj.* able to be diminished. कम करने योग्य; Abated (-ॲड्) -*adj.* beaten down or cut away. कुचला या तोड़ा हुआ; Abatement (-मॅन्ट्)-*n.* reduction, decrease. कमी, हीनता, मुजरा या बट्टा; Abater (-अर्)-*n.* one who diminishes. घटाने या कम करनेवाला व्यक्ति।

Abatis, Abattis-ॲ-बॅट्' -टिस् -*ns. sing.* & *pl.* a defence made of felled trees with boughs pointing towards the enemy. गिराये हुए पेड़ों से बनी हुई आड़ जिसमें वृक्षों की शाखाएँ शत्रु की ओर रक्खी जाती हैं।

Abattoir-ॲ' - बॅ - ट्वा -र्' -*n.* a place where animals used for food are slaughtered. मांस के लिए मारे जानेवाले पशुओं का वधस्थान, कसाईखाना।

Abb-ॲब्-*n.* woof or weft of yarn. जुलाहे का ताना या बाना।

Abba-ॲब्'-बा-*n.* father, applied to God, the Father. पिता, सबका पिता, ईश्वर।

Abbacy-ॲब्'-ॲ-सि-*n.* office or tenure of an abbot. पादरी का पद या उसकी भूमि।

Abbatial-ॲब्-ॲशियल् - *adj.* pertaining to an abbey. धर्मालय या मठ-सम्बन्धी।

Abbess-ॲब्'-ॲस्-*n.* (*mas.* Abbot) the lady superior of a nunnery. महन्तिन, स्त्री-आश्रम की प्रधान अधिकारिणी।

Abbey-ॲब्'-इ-*n.* (*pl.* Abbeys.) a house occupied by monks or nuns under an abbot, a resort for religious persons, a monastery.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किसी महन्त के अधीन साधु-मण्डली, मठ, गुरुद्वारा।

Abbot-ऑब्'-ऑट्-*n.* (*fem.* Abbess) the head of an abbey of monks. मठाधिकारी, गुरुद्वारा का महन्त।

Abbreviate-ऑब्-ब्री'-व्रि-ऍट् - *v. t.* to make brief, to shorten, to abridge. कम करना, छोटा करना, संक्षिप्त करना; **Abbreviation** (-ऍ'-शन्)-*n.* shortening. संक्षेप; **Abbreviator** (-ऍटर्)-*n.* one who shortens. संक्षेप करनेवाला; **Abbreviatory** (-रि)-*adj.* that which shortens. कम करनेवाला; **Abbreviature** (-ऍ'-चर्)-*n.* a letter or character used for shortening, contraction. संक्षेप के लिये प्रयुक्त अक्षर या चिह्न, संक्षेप, घटाव।

ABC-ए'-बी-सी-*n.* the alphabet, a first reading-book, rudiments of any subject, a railway guide arranged in alphabetical order. वर्णमाला, वर्णमाला की पहली पोथी, किसी विषय का आरम्भ, अकारादि क्रम में छपी हुई रेलवे गाइड (रेल की पथप्रदर्शक पुस्तक)।

Abdal-ऑब्'-डल्-*n.* a dervish. दरवेश।

Abderian - ऑब् - डीरियन् - *adj.* given to laughter. हँसानेवाला, ठिठोलिया।

Abdicant-ऑब्'-डिकॅन्ट्-*adj.* त्यागने वाला।

Abdicate-ऑब्'-डि-केट्-*v.t.&i.* to renounce a post or office formally or by default. किसी पद अथवा अधिकार को दिखावे के लिये अथवा अपराध के कारण त्यागना; **Abdicant** (-कॅन्ट्) -*adj.* renouncing. त्यागनेवाला; **Abdication** (-के-शन्)-*n.* renunciation. त्याग; **Abdicative** (-डिकेटिव्)-*adj.* causing renunciation. त्यजनशील; **Abdicator** (-टर्)-*n.* a renouncer. त्यागनेवाला मनुष्य।

Abdiel-ऍब्'-डियल्-*n.* a God's servant, an angel. ईश्वर का अनुचर, देवदूत।

Abditory-ऑब्'-डिट-रि-*n.* a place or chest for storing valuables. बहुमूल्य पदार्थों को संचित करने की पेटी या स्थान।

Abdomen-ऑब्-डो - मॅन् - *n.* the belly, the lower part of human trunk, hinder part of insects. मनुष्य का पेट या उदर, कीड़े-फतिङ्गों के शरीर का पिछला भाग।

Abdominal-ऑब्-डॉमिनल् - *adj.* pertaining to abdomen. उदर-सम्बन्धी।

Abdominous-ऑब्-डॉमिनस्-*adj.* corpulent, very fat, having a large belly. तोंदीला, स्थूलकाय, मोटा-ताजा।

Abduce-ऑब्-ड्यूस्'-*v.t.* to separate or draw one part from another. एक भाग से दूसरे को पृथक् करना।

Abducent-ऑब्-ड्यूस्'-ऍन्ट्-*adj.* having the property of drawing back. पीछे की ओर हटाने की शक्तिवाला।

Abduct-ऑब्'-डक्ट्-*v. t.* to kidnap, to take away by force or fraud, to entice away. भगा ले जाना, बहका ले जाना, निकाल ले जाना; **Abduction**(-डक्'-शन्)-*n.* the carrying away of a person by fraud or violence. फुसलाकर या धमकाकर किसी का अपहरण; **Abductor** (-अर्)-*n.* a person who abducts another. फुसलाकर भगा ले जानेवाला मनुष्य।

Abeam-ऑ-बीम्-*adv.* on the beam, abreast. जहाज़ की शहतीर पर, आगे की ओर।

Abecedarian-ए-बि-सीडेरियन्-*n.* one who is learning the alphabet, a novice. वर्णमाला सीखनेवाला, नवसिखुआ।

Abed-ऍ-बेड्-*adv.* in bed. बिछावन पर।

Aberrance-ऑब्'-अर्'-ऍन्स्-*n.* deviation from rectitude. धर्मनिष्ठा से विचलन या विचलित होना।

Aberrant-ऑब्'-अर्-रॅन्ट्-*adj.* diverging from the right path. धर्मपथ से हटनेवाला।

Aberrate-ऑब्'-अर्-रेट्'-*v. i.* to deviate from the right path or way. सिद्ध मार्ग या धर्मपथ से विचलित होना।

Aberration-ऑब्-बर्-रे'-शन्-*n.* a wandering from the right path, deviation from truth. सन्मार्ग या सत्यपथ से विचलन या हटना।

Abet-ऑ-बेट्'-*v. t.* (*p. t.* Abetted.) to assist, to instigate. सहारा देना, पाप करने के लिये उसकाना; **Abetment** (-मॅन्ट्)-*n.* the act of inciting. बहकाव; **Abetter** (-or-टर्)-*n.* one who abets. बहकानेवाला, उसकानेवाला।

Abeyance-ऑ-बे'-अन्स्-*n.* state of temporary suspension (*prep.* '*in*' is used before this word.) क्षणिक विराम, कुछ काल के लिये रुकावट; In abeyance (in suspension) दुविधा में, असमंजस में।

Abhor-ऑब्-होर्'-*v. t.* (*p. t.* Abhorred) to regard with distrust and hatred. घृणापूर्वक अविश्वास करना; **Abhorrence** (-ऍन्स्), **Abhorrency** (-सि) - *ns.* detestation, great hatred. अति घृणा, बड़ा द्वेष; **Abhorrent** (-ऍन्ट्) -*adj.* detestable, detesting. घृणा करने योग्य; **Abhorrer** (-रर्)-*n.* one who detests anything. घृणा करनेवाला; **Abhorring** (-इङ्ग्)-*n.* an object of hatred. घृणा का पात्र।

Abide - ऍबाइड् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Abode) to remain, to continue, to dwell or stay (used with '*by*'), to remain

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

faithful to. ठहरना, राह देखना, टिकना, दृढ़ होना; **Abider** (-अर्)-*n.* a resident. निवासी; **Abiding** (-इङ्ग्)-*adj.* permanent. स्थायी; **Abidingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* permanently. स्थिरता से, स्थायी रूप से।

Abigail-ऍबि'-इ-गेल्-*n.* a lady's maid. आया, किसी स्त्री की सहेली, सखी।

Abilities-ऍबिलिटीज़् - *n. pl.* the powers of the mind. मानसिक शक्तियाँ।

Ability - ऍबिलिटि - *n.* sufficient power, strength, capacity, cleverness, skill, mental faculty. अधिकार, शक्ति, योग्यता, कुशलता, प्रवीणता, बुद्धि।

Abiogenesis-ऍबिओजेनि-सिस्-*n.* spontaneous generation. आकस्मिक जन्म; **Abiogenetic** (- ऍट् - इक्)-*adj.* आकस्मिक जन्म सम्बन्धी; **Abiogenist** (-जेन्-इस्ट्)-*n.* इस सिद्धांत में विश्वास करनेवाला।

Abject--ऍब्'-जेक्ट्-*adj.* miserable, degraded, base. अधम, पतित, नीच; **Abjection** (-जेक्'-शन्), **Abjectness** (-जेक्ट्-नेस्)-*ns.* baseness. नीचता; **Abjectly** (-जेक्ट्-लि)-*adv.* नीचता से।

Abjudicate-ऍब्-जू'-डि-केट्-*v.t.* to give away by judgment from one to another. विधानतः निर्णय देकर एक का माल दूसरे को दिला देना।

Abjuration-*n.* see **Abjure.**

Abjure-ऍब्-जूर्-*v. t.* to renounce on oath, to repudiate. शपथ खाकर अस्वीकार करना; **Abjurer** (-अर्)-*n.* one who abjures. शपथ खाकर अस्वीकार करनेवाला; **Abjuration** (-जू-रे'-शन्)-*n.* form of renunciation on oath. शपथ खाकर किसी सिद्धांत का त्याग; **Abjurement** (-मेन्ट्) -*n.* renunciation on oath. शपथपूर्वक परित्याग।

Ablactate-ऍब्-लॅक्'-टेट्-*v. t.* to wean from the breast. छाती का दूध पिलाना।

Ablactation-ऍब्-लॅक्-टे'-शन्-*n.* the act of weaning from the mother's breast. माता का दूध पिलाने की क्रिया।

Ablation-ऍब्-ले'-शन् - *n.* the removal of the hurtful part of body. चीरफाड़ करके शरीर के क्लेशकर भाग को पृथक् करना।

Ablative-ऍब्-ले-टिव्-*n.* the fifth case in Sanskrit. अपादान कारक, संस्कृत में पञ्चमी विभक्ति।

Ablaze-ऍ-ब्लेज़्'-*adv.* on fire, glittering, excited. जलता हुआ, प्रज्वलित, प्रकाशपूर्ण, उत्तेजित अवस्था में।

Able-ए'-बल्-*adj.* (*comp.* **Abler**, *sup.* **Ablest**) talented, clever, skilful, competent. विशेष बुद्धिवाला, चतुर, प्रवीण, योग्य; **Able-bodied**-*adj.* of a strong constitution. पुष्ट शरीरवाला।

Able-ए'-बल्-*suf.* fit for. (added to *ns., adjs. & verbs.*) 'योग्य' अर्थ का प्रत्यय जो संज्ञा, विशेषण तथा क्रियापद में लगाया जाता है।

Ablegate-ऍ-ब्लि-गेट्-*v. t.* to send away. प्रस्थान कराना, भेजना।

Ableness-ए'बल्-नेस्-*n.* skilfulness, vigour. चतुराई, प्रवीणता, निपुणता।

Ablepsy-ऍब्-लेप्'-सि -*n.* lowness of sight. दृष्टिशून्यता, अन्धापन।

Ablocate-ऍब्'-लो-केट्-*v. t.* to let out on hire. किराये पर देना; **Ablocation** (के'-शन्) -*n.* act of letting on hice. किसी वस्तु को किराये पर देने की क्रिया

Abloom-ऍ-ब्लूम्'-*adv.* in a state of bloom. फूलने की अवस्था में।

Abluent-ऍब्-लु-ऍन्ट्-*adj.* washing or cleaning by liquids. तरल पदार्थ (जल इ०) से धोने या शुद्ध करनेवाला।

Ablush-ऍ-ब्लश्-*adv.* in a blushing state. लज्जित होते हुए, झेंपते हुए।

Ablution-ऍब्-ल्यू'-शन्-*n.* washing of the body &c. before ceremonial rites. कोई धार्मिक कार्य करने के पहले शरीर इत्यादि को शुद्ध करना; **Ablutionary** (-अर्-इ) -*adj.* pertaining to ablution. शरीर को शुद्ध या पवित्र करने का।

Abluvion-ऍब्-लू'-वि-अन्-*n.* that which is washed off. धुला हुआ पदार्थ।

Ably-ए'-ब्लि-*adv.* in an able manner. योग्यता से, प्रवीणता से।

Abnegate-ऍब्'-नि-गेट्-*v. t.* to deny. त्याग करना; **Abnegation** (-गे-शन्) -*n.* renunciation. त्याग; **Abnegator** (-गे'-टर्)-*n.* one who denies or renounces. त्याग करनेवाला।

Abnodate-ऍब्'-नो-डेट्-*v. t.* to cut off the knots (as of trees &c.) वृक्ष इत्यादि की गाँठों को काटकर अलग करना।

Abnormal (-mous)-ऍब्-नॉर्'-मल् (मस्) *adjs.* exceptional, irregular, contrary to rule. असाधारण, रीति-विरुद्ध, नियम अथवा व्यवस्था के प्रतिकूल; **Abnormality** (-मॅल्'-इ-टि) - *n.* irregularity. व्यतिक्रम, विषमता; **Abnormally** (-मॅ-लि)-*adv.* exceptionally. असाधारण रूप से; **Abnormity** (-नॉर्म्-इट्-इ)-*n.* irregularity. अव्यवस्था।

Aboard-ऍ - बोर्ड्'-*adv. & prep.* on board, within a ship or boat, near. जहाज़ की छत पर, जहाज़ या नौका में, समीप; **To get aboard**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(to run alongside an enemy's ship with a view to fight.) लड़ने के लिए शत्रु के जहाज़ के पास अपना जहाज़ लाना।

Abode-ऍ-बोड्'-*n.* place of residence, habitation, a dwelling place. निवास, घर या मकान, डेरा; To make abode (to reside, to dwell.) निवास करना।

Abode-ऍ-बोड्'-*p. t. & p. p.* of Abide. "ऍबाइड" क्रिया के भूतकाल का रूप।

Aboil-ऑ-बॉ-इल्'-*adv.* boiling (with rage). क्रोध से उबलता हुआ।

Abolish-ऑ-बॉल्'-इश्-*v. t.* to do away with, to put an end to, to annul. हटा देना, समाप्त करना, उठा देना या नाश करना; Abolishable (-ऍ-बल्) -*adj.* capable of being abolished. हटा देने योग्य; Abolishment(-मेन्ट्)-*n.* the act of abolishing. हटाने का कार्य, उन्मूलन।

Abolition-ऑब्-ऑ-लिशन्-*n.* the act of abolishing, repeal. रद्द करने का कार्य, उन्मूलन; Abolitionist (-आन्-इस्ट्)-*n.* one who seeks to abolish anything. किसी कुरीति आदि को हटानेवाला, उन्मूलनवादी।

Abominable-ऑ-बॉमिनेबल्-*adj.* hateful. घृणित, घिनौना; Abominableness (-नेस्)-*n.* hatefulness. घिनौनापन; Abominably (-ऍब्'-लि)-*adv.* in a hateful manner. घिनौनेपन से।

Abominate-ऑ-बॉमिनेट्-*v. t.* to hate extremely, to abhor. अति घृणा करना, द्वेष करना; Abomination (-ए'-शन्)-*n.* extreme hatred, disgust, anything detestable. अति घृणा, द्वेष।

Aboral-ऑबो'-रल्-*adj.* remote from the mouth. मुँह की दूसरी ओर का।

Aboriginal-ऑब्-ऑ-रिजिनल्-*adj.* indigenous, earliest, primitive. स्वदेशीय, प्राचीनतम, आदि देशवासी; Aboriginally-(-लि)-*adv.* originally. प्राचीन रूप से।

Aborigines-ऑब्-ऍ-रिजिनीज़्-*n.* the first or original inhabitants of a country. किसी देश के आदि निवासी।

Abort-ऑब्-ऑर्ट्'-*v. i.* to miscarry in giving birth. गर्भपात होना, पेट गिरना; Abortion (-बॉर्'-शन्)-*n.* premature birth. गर्भ-पात, अकाल उत्पत्ति; Abortionist (-इस्ट्) -*n.* one, who causes abortion. गर्भपात करनेवाला; Abortive (-इव्)-*adj.* premature, unsuccessful, causing abortion. अधूरा, निष्फल, गर्भपात करानेवाला; Abortively(इव्'-लि')-*adv.* immaturely, untimely. अकाल या असमय में; Abortiveness- (-इव्-नेस्)-*n.* untimely birth. अकाल-उत्पत्ति।

Abound-ऍ-बाउन्ड्'-*v. i.* to overflow, to be plentiful or filled with, to be prevalent. उमड़ उठना, भरपूर होना, प्रचलित होना; Abounding (-इङ्ग्)-*adj.* in abundance. अति, अतिशय, प्रचुर।

About-ऍ-बाउट्'-*adv. & prep.* all round from outside, around, concerning, near to, nearly, here and there. बाहरी ओर, चारों ओर, विषय में, निकट, प्रायः, यहाँ-वहाँ; To bring about (to cause to happen.) कराना; To come about (to come to pass.) किसी घटना का होना; To go about (to prepare to do.) काम करने के लिए प्रस्तुत होना; To look about (to search for.) खोज करना; To turn about (to change direction of a thing.) घुमा देना, दिशा परिवर्तित करना।

Above-ऍ-बव्'-*n.* heaven. स्वर्ग; -*prep. & adv.* over, on the top of, higher than, over head, in a higher position. ऊपर, शिखर पर, बढ़कर, माथे पर, ऊँची ओर; Above all-*adv.* (before everything else.) विशेषकर, सबसे बढ़कर; Above-board-*adj.* open. बिना छल-कपट के; Above-cited-*adj.* (referred to above.) उपर्युक्त; Above-ground -*adj.* (alive, not buried.) जीता-जागता, जीवित, न गाड़ा हुआ।

Abracadabra-ऑब्'-र्-अ-क्-अ-डॉब्' - रॉ - *n.* a spell, a magic formula. जन्त्र, मन्त्र।

A B R A C A D A B R A
A B R A C A D A B R
A B R A C A D A B
A B R A C A D A
A B R A C A D
A B R A C A
A B R A C
A B R A
A B R
A B
A

Abrade-ऑब्'-रेड्'-*v.t.* to scrape off, to injure. खुरच देना या रगड़कर हटा देना, नष्ट करना; Abrasion (-रे-ज़न्)-*n.* the act of wearing or rubbing off. घिसने या रगड़ने की क्रिया, घर्षण, रगड़; Abrasive (रेज़्' - इव्) - *adj.* scraping or rubbing. घिसने या रगड़नेवाला।

Abreast-ऍ-ब्रेस्ट्'-*adv.* side by side, keeping in a line, not behind. (छाती से छाती मिलाये हुए) बराबर, एक पंक्ति या कतार में, पीछे न रहते हुए।

Abreuvoir-ऑ-ब्रु-वॉइर्-*n.* a watering place for animals. पशुओं के पानी पीने के लिए बना हुआ स्थान, पशु-जलाशय।

Abridge-ऍ-ब्रिज्'-*v.t.* to shorten, to curtail,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

to epitomize. कम करना, संक्षेप करना, टीका करना; **Abridgment** (-मेंन्ट्)-*n.* an epitome, a summary. संक्षेप, सार, संग्रह।

Abroach-ऍ-ब्रोच्'-*adv. & adj.* pierced for liquor to run. किसी तरल पदार्थ को निकालने के लिए छेदा हुआ (पीपा)।

Abroad-ऍ-ब्रॉड्'-*adv.* widely, in different directions, out of doors, in another country. फैलाव से, भिन्न दिशाओं में, घर के बाहर, परदेश में, दूर देश में।

Abrogate-ऑब्'-रो-गेट्-*v.t.* to repeal or cancel by authority, to annul. (किसी नियम को) आज्ञानुसार हटाना, रद्द करना, मेटना या तोड़ना; **Abrogation** (-गे-शन्)-*n.* act of repealing. तोड़ने की क्रिया; **Abrogative** (-गेट्'-इव्)-*adj.* repealing, cancelling. तोड़ने या रद्द करनेवाला।

Abrupt-ऑब्-रप्ट्'-*adj.* steep, craggy, sudden, unexpected, precipitous. खड़ी, खुड़बुड़ी, अचानक, आकस्मिक, लम्बमान; **Abrupted** (-ऍड्, -*adj.* broken off suddenly. एकाएक टूटा हुआ।

Abruption-ऑब्-रप्'-शन्-*n.* a sudden breaking off. एकाएक टूटने का कार्य।

Abruptly-ऑब्-रप्ट्'-लि-*adv.* suddenly, readily. एकाएक, तत्परता से; **Abruptness** (-नेस्)-*n.* the state or quality of being abrupt. खुरखुरापन, गड़बड़ी।

Abscess-ऑब्-सेस्-*n.* collection of pus formed in some part or organ of the body. व्रण, शरीर के किसी भाग में मवाद भर जाना।

Abscind-ऑब्-सिन्ड्-*v. t.* to cut off, to separate. काट डालना, पृथक् करना।

Abscissa-ऑब्-सिस्'-सा-*n.* (*pl.* **Abscissae**-सी) portion of the diameter or transverse axis of a conic section intercepted between a fixed point within it. सूच्याकार आकृति का भुज।

Abscission-ऑब्-सिज़्'-अन्-*n.* the cutting off, violent separation, severance. कटाव, जर्राही करके शरीर के किसी अङ्ग को काटकर अलग कर देना, अलगाव।

Abscond-ऑब्स्-कॉन्ड्'-*v. i.* to go away secretly, to decamp. चुपके से भाग जाना, (अपराध करके) चम्पत होना; **Abscondence** (-ऍन्स्)-*n.* concealment. छिपाव; **Absconder** (-अर्) -*n.* one who disappears on account of a wicked or grave crime. घोर अपराध करके भागनेवाला मनुष्य।

Absence-ऑब्-सेन्स्-*n.* being away from a place, non-existence, abstraction of thought. किसी स्थान से अनुपस्थिति, अन-अस्तित्व, अचेत या बेसुध अवस्था या स्थिति।

Absent-ऑब्'सन्ट्'-*adj.* not present, not existing, careless, inattentive. अनुपस्थित, अविद्यमान, असावधान, शून्यचित्त;-*v. i.* (ऑब्-सन्ट्') to keep away intentionally. जान-बूझकर हटे रहना; **Absentee** (-सेन्-टी') -*n.* one who absents himself from duty. अपने कार्य से अनुपस्थित होनेवाला मनुष्य; **Absenteeism** (-टी'-इज़्म्) -*n.* absence from work. कार्य से अनुपस्थित होना; **Absenter** (-अर्)-*n.* one who absents himself. अनुपस्थित होनेवाला; **Absently** (-लि) -*adv.* inattentively. असावधानी से; **Absent-minded**-*adj.* not giving attention to. शून्यचित्त, अनवस्थित।

Absinth-ऑब्'-सिन्थ्-*n.* worm-wood, a bitter plant. चिरायता; **Absinthian** (-अन्) - *adj.* like worm-wood. चिरायते के समान।

Absolute-ऑब्'-सो-ल्यूट्-*adj.* pure, perfect or complete, independent, ruling arbitrarily. शुद्ध, पूर्ण, केवल, स्वतन्त्र, निरंकुश राज्य करनेवाला; **Absolutely** (-लि)-*adv.* independently, arbitrarily, unconditionally. स्वतन्त्रता से, कृत्रिम रूप से, सर्वथा, केवल; **Absoluteness** (-नेस्), **Absolution**(-ल्यू'-शन्)-*ns.* acquittal, remission of sins. (दण्ड अथवा पाप से) मुक्ति, उद्धार (मोक्ष); **Absolutism** (-इज़्म्)-*n.* the principle of absolute government. निरंकुश राज्य का सिद्धान्त; **Absolutist** (-इस्ट्)-*n.* one who favours absolute government. निरंकुश शासन से सहमत; **The Absolute** (self-existent, without cause.) स्वयम्भू, परमात्मा।

Absolve-ऑब्-सॉ (-ज़ॉ)-ल्व्' -*v. t.* to set free, to acquit, to pardon. मुक्त करना, छोड़ना, पाप से मुक्त करना; **Absolver** (-अर्) - *n.* one who absolves. मुक्त करनेवाला।

Absonant-ऑब्'-सॅनन्ट् - *adj.* absurd, unreasonable. निरर्थक, न्याय-विरुद्ध।

Absorb-ऑब्-सॉ(-ज़ॉ)-र्ब्'-*v. t. & i.* to drink in, to suck up, to swallow up, to incorporate. पी लेना, चूसना या सोखना, निगल जाना, संयोग करना; **Absorbable** (-ऍ-बल्)-*adj.* capable of being absorbed. सोखने योग्य; **Absorbed** (-ड्) -*adj.* swallowed up, entirely occupied निगला हुआ, लीन; **Absorbent** (-ऍन्ट्) -*adj.* swallowing. सोखने वाला।

Absorption-ऑब्-सॉ (-ज़ॉ)-र्प्'-शन् -*n.* act of absorbing, entire occupation of mind. शोषण, चित्त की लवलीनता; **Absorptive**(-टिव्) -*adj.* absorbent. सोखनेवाला।

Abstain-ऑब्-स्टेन्'-*v. i.* to keep oneself away, to refrain from. पृथक् रहना, बचे रहना; **Abstainer** (-अर्)-*n.* one who does not

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

drink. शराब न पीनेवाला।

Abstemious-ॲब्-स्टीमि' -अस्-*adj.* abstinent, sparing in diet, temperate. अल्पाहारी, संयमी; **Abstemiously** (-लि)-*adv.* in a temperate manner. संयम से; **Abstemiousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being temperate. संयम, अल्पाहार।

Abstention-ॲब्-स्टेन्' - शन् -*n.* refraining, abstinence. बचाव, उपवास।

Absterge-ॲब्-स्टर्ज्'-*v. t.* to purify or purge. पापों को धो देना; **Abstergent** (-स्टर्'-जेन्ट्) -*adj.* serving to cleanse. स्वच्छ करने योग्य; **Abstersion** (स्टर्' -शन्)-*n.* act of cleaning or washing away impurities. मलिनता को धो देने का कार्य; **Abstersive** (-स्टर्'-सिव्)-*adj.* able to cleanse, purgative. स्वच्छ करने योग्य, रेचक (दस्त लानेवाला)।

Abstinence-ॲब्-स्टि-नेन्स्-*n.* abstaining from some indulgence, self-denial. उपवास (लंघन), आत्मत्याग; **Abstinency** (-नेन्-सि) - *n.* temperance. संयम।

Abstinent-ॲब्'-स्टि-नेन्ट्-*adj.*fasting, temperate. उपवास करनेवाला, संयमी; **Abstinently** (-नेन्ट्-लि)-*adv.* in a temperate manner. संयम से।

Abstract- ॲब्' -स्ट्रैक्ट् -*adj.* not concrete, ideal, not practical. भाववाचक, आदर्श, अव्यावहारिक;-*n.* essence, summary. सत्त्व, सारांश;-*v. t.* (-ॲब्-स्ट्रैक्ट्') to deduct, to remove, to disengage. सार निकालना, हटाना, पृथक् करना; **Abstracted**(-ऍड्)-*adj.*drawn off in thought, not attending. विचार से पृथक किया हुआ, ध्यान न देता हुआ; **Abstractedly** (-ऍड्-लि) -*adv.* by itself. केवल मात्र; **Abstractedness** (-नेस्)-*n.* the state of being abstracted. विभिन्नता; **Abstraction** (-स्ट्रैक्'-शन्)-*n.* the act of taking away, absence of mind. पृथक्करण, विचारों का एकीकरण, अचेतता।

Abstriction-ॲब्-स्ट्रिक्'शन्-*n.* act of undoing. खोलने या उधेड़ने का कार्य।

Abstruse-ॲब्-स्ट्रू-स्'-*adj.*hard to understand, profound, obscure. अति गूढ़, अव्यक्त, छिपा हुआ; **Abstrusely** (-लि)-*adv.* in an obscure manner. निगूढ़रूप से; **Abstruseness** (-नेस्) -*n.* profoundness. गूढ़ता, कठिनता, अव्यक्तता।

Absurd-ॲब्-सर्ड्'-*adj.* foolish, unreasonable, ridiculous. मूर्खतापूर्ण, निरर्थक (विवेकशून्य), हास्यप्रद; **Absurdity** (-इट्-इ)-*n.* foolishness. मूर्खता; **Absurdly** (-लि-)-*adv.* foolishly, unreasonably. मूर्खता से; **Absurdness**(-नेस्)-*n.* anything absurd, foolishness, unreasonableness. कोई व्यर्थ बात, मूर्खता, निरर्थकता।

Abundance-ऍ-बन्डन्स्-*n.* a great plenty, an overflowing emotion. प्रचुरता, अधिकता का उद्वेग; **Abundant** (ऑन्ट्)-*adj.* plentiful. प्रचुर, अधिक; **Abundantly** (-ऑन्ट्-लि)-*adv.* plentifully. प्रचुरता से।

Abusable -*adj.* see Abuse.

Abuse-ऑ-ब्यूस्'-*n.* ill use, reproach. दुर्व्यवहार, गाली;-*v. t.* (अ-ब्यूज़्') to misuse, to pervert, to deceive, to maltreat. अनुचित व्यवहार करना, दुरुपयोग करना, धोखा देना, दुर्वचन कहना या गाली देना; **Abusable** (-ऍ-बल्) -*adj.* that may be abused. दुर्वचन कहने योग्य; **Abuser** (-अर्) -*n.* a person who abuses. गाली देनेवाला मनुष्य; **Abusive** (-ब्यूस्'-इव्)-*adj.* practising abuse, insulting, corrupt. दुर्वचन कहने या गाली देनेवाला निन्दक, भ्रष्ट; **Abusively** (-लि)-*adv.* insultingly. अपमान से; **Abusiveness** (-नेस्) -*n.* ill-usage. दुर्व्यवहार।

Abut-ऑ-बट्'-*v. t. & i.* (*p. t.* Abutted) to join at a boundary, to meet. सीमा पर एकत्रित होना, मिलना; **Abutment** (-मेन्ट्), **Abuttal** (-अल्)-*ns.* junction, boundary. मिलन-स्थान, सीमा।

Abuzz-ऑ-बज़्'-*adj.* full of buzzing sound. भनभनाहट के शब्द से परिपूर्ण।

Abysm-ऑ-बिज़्म्', **Abyss**-ऑ-बिस्' - *ns.* a bottomless chasm, the lower world, depth. अथाह गड्ढा, पाताल, खोह; **Abysmal** (-अल्), **Abyssal**(-बिस्'-अल्)-*adjs.* pertaining to the depth of ocean or lower world. महासागर की गहराई या पाताल-सम्बन्धी।

Ac-ऑक्-*pref.*in sense of '*on*'*e.g.*Acknowledge. 'ऊपर' अर्थ में उपसर्ग की तरह जोड़ा जाता है; *suf.* in forming *adjectives*. विशेषण बनाने में प्रत्यय की तरह जोड़ा जाता है, यथा-cardiac.

Acacia-अ-के'-शि-ऑ-*n.* a genus of trees yielding gum arabic. गोंद उत्पन्न करनेवाला बबूल का वृक्ष।

Academian-ऑक्-ऑ-डीमियन् -*n.* a member of an academy. विद्वत्परिषद् या मण्डली का सभासद।

Academic-ऑक्-ऑ-डे'मिक्-*adj.* pertaining to an academy. विद्योपार्जन या विश्वविद्यालय-सम्बन्धी; **Academical** (-इक् - अल्) -*adj.* theoretical. शास्त्र-विषयक (जो प्रयोग से भिन्न हो); **Academicals** (-मि-कल्स्)-*n. pl.* the gown which is worn by the members of a university. विश्वविद्यालय का विशेष वस्त्र (लबादा); **Academist**(-मिस्ट्)-*n.* the member

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

of an academy. किसी विश्वविद्यालय या विद्वत्समाज का सदस्य।

Academy-ॲ-कॅडि'-ऍ-मि-*n.* a place of study including universities, a place of training in a special art or science, a society for the cultivation of arts, literature &c. विद्योपार्जन का स्थान, पाठशाला, विद्वत्परिषद्, ज्ञानसमाज।

Acardiac-ॲ-कार्'-डिअक् -*adj.* without a heart. बिना हृदय का, जिसमें हृदय न हो।

Acarpous-ॲ-कर्'-पस् - *adj.* not producing fruit, sterile. फल न उत्पन्न करनेवाला (वृक्ष), अनुपजाऊ, बाँझ।

Acatalepsy-ॲ-कॅटि'-ॲ-लॅप् -सि -*n.* unknowingness. अजानकारी, अज्ञेयता।

Acaulous-ॲ-कॉ'-लस्-*adj.* having no stem or very short stem. ऐसे वृक्ष का जिसमें पृथ्वी के ऊपर बहुत छोटा तना होता है या नहीं होता, बिना तने का।

Accede-ॲक्-सीड्'-*v. i.* to arrive at a place or condition, to join a party, to agree to. किसी स्थान या अवस्था को पहुँचना, किसी सभा में सम्मिलित होना, स्वीकार करना या मानना; **Acceder** (-अर्)-*n.* one who agrees. माननेवाला।

Accelerate-ॲक्सिलरेट् -*v. t. & i.* to make quick, to become swift, to put on pace. जल्दी करना, शीघ्रता करना, चाल बढ़ाना; **Acceleration** (-ए'-शन्) -*n.* an increase of speed. गति-वृद्धि, तेज़ी; **Accelerative** (-इव्)-*adj.* quickening motion. गति बढ़ाने वाला व्यक्ति या यंत्र; **Accelerator** (-एटर्)-*n.* one who or that which increases speed. गति बढ़ानेवाला व्यक्ति या यंत्र; **Acceleratory** (-टरि)-*adj.* increasing speed. गति बढ़ानेवाला।

Accendible-ॲक्-सॅन्ड्'-इ-बल्-*adj.* capable of being kindled. जलाने योग्य; **Accendibility** (-बिल्'-इ-टि)-*n.* inflammability. ज्वलनशीलता, ज्वलनयोग्यता।

Accension-ॲक्-सॅन्'-शन् - *n.* the act of kindling. आग जलाने का कार्य।

Accent-ॲक्'-सॅन्ट्-*n.* a particular stress of voice upon certain syllables or word, tone, modulation of voice, a mark (') used for emphasis. यति, किसी पदांश या शब्द पर दबाव देकर बोलना, स्वर, ऐसे उच्चारण के लिए उपयोग किया हुआ चिह्न (');-*v.t.* (ॲक्-सॅन्ट्') to express the accent. ऐसे दबाव को प्रकट करना; **Accentuate** (-यू-एट्') -*v. t.* to mark or pronounce with an accent. ऐसे दबाव का चिह्न करना या ऐसा उच्चारण करना; **Accentuation** (-ए'-शन्)-*n.* accenting. अक्षरों पर दबाव डालकर उच्चारण।

Accept-ॲक्-सॅप्ट्-*v. t. & i.* to agree to, to consent, to believe, to regard with favour, (with of), to receive, to agree to meet a bill. स्वीकार करना, सकारना, विश्वास करना, कृपापूर्वक अंगीकार करना, पाना, पुरजे की चुकती सकारना; **Acceptability** (-ऍ-बि-लि-टि) -*n.* acceptableness. स्वीकार्यता; **Acceptable** (-ऍ-बल्) -*adj.* capable of being received, gratifying, pleasing. स्वीकार योग्य, संतोषदायक, प्रिय; **Acceptance** (ॲन्स्)-*n.* favourable reception, approval, belief, an accepted bill. स्वीकृति, स्वीकार, विश्वास, सकारी हुई हुंडी; **Acceptation** (-ए'-शन्)-*n.* the recognised meaning of a word, kind reception. किसी शब्द का स्वीकृत अर्थ, कृपापूर्वक स्वागत; **Acceptor** (-er) (-अर्) -*n.* the person who accepts a bill. हुंडी या पुरजा सकारनेवाला।

Access-ॲक्'-सॅस्-*n.* near approach, means of approaching, admittance, advance, passage, growth, attack (of illness). समीप में पहुँच, प्रवेश का साधन, प्रवेश, बढ़ती, मार्ग, रोग का आक्रमण; **Easy of access** (approachable.) प्रवेश योग्य; **To have access to**(to approach.) पहुँच होना; **Accessibility** (इ-बिल्'-इ-टि) -*n.* approachableness.प्रवेश-योग्यता; **Accessible** (-इ-बल्) -*adj.* approachable. प्रवेश के योग्य (प्राप्य); **Accessibly** (-इ'-लि)-*adv.* in a way so as to approach. प्रवेश पाने योग्य रीति से।

Accessary (**Accessory**) - ॲक्- सॅसरि - *n. & adj.* a helper in an act, accompanying. किसी कार्य का साथी, सहायक, साथ का, संलग्न।

Accession-ॲक्-सॅ-शन्-*n.* the act of acceding, coming to an office, ascent, addition. राज्याभिषेक, पदप्राप्ति, चढ़ाव, बढ़ती; **Accessional**(-अल्)-*adj.* additional.अतिरिक्त, अधिक।

Accessorial-ॲक् - सॅसोरियल्-*adj.* subordinate. सहायक; **Accessorily** (-सरि-लि) -*adv.* by subordinate means. अप्रधान या सहायक रीति या विधि से।

Accessory-*n.* see **Accessary.**

Accidence-ॲक्सि-डॅन्स्-*n.* the part of grammar which deals with inflections &c., the elements of a subject. व्याकरण का प्रत्यय विभाग, किसी विषय के मूल (प्रधान) तत्त्व।

Accident-ॲक्सि -डॅन्ट् - *n.* an unexpected event, chance, fortune, mishap. आकस्मिक घटना, संयोग, भाग्य, दुर्घटना; **Accidental** (-डॅन्टल्) - *adj.* happening unexpectedly, unusual, not essential. आकस्मिक, अचानक;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Accidentalism (-इज़्म्)-*n.* effect produced by light's accidental rays. प्रकाश की आकस्मिक किरणों से उत्पन्न प्रभाव; **Accidentally** (-अ-लि)-*adj.* by chance, in an unexpected manner. अकस्मात्, विधिवशात्।

Accidented-ऑक्-सि-डेन्ट्'-एॅड्-*adj.* of undulating, uneven or wavy surface. असमतल, ऊँचे-नीचे धरातल का।

Accipitral-ऑक्-सि-पिट्रल्-*adj.* like a hawk, keen-sighted. (श्येन पक्षी) बाज की तरह का, तीक्ष्ण दृष्टिवाला।

Accismus-ऑक् -सिज़्'- मस् -*n.* an affected refusal. बनावटी निषेध या इनकार।

Acclaim-ऑक्'-क्लेम्-*v. t.* to applaud loudly, to shout, to hail. जयजयकार करना, स्तुति करना, वाह-वाह करना।

Acclamation-ऑक्-क्लॉ-मे'-शन्-*n.* shout of applause.जयध्वनि, जयजयकार; **Acclamatory** (-क्लॉम्'-ऍ-ट-रि)-*adj.* expressing applause or joy. आनन्द-सूचक।

Acclimate -*v. t.* see **Acclimatise.**

Acclimatise (-ze)-ऑक्-क्लि'-मॉ-टाइज़् (also **Acclimate**-ऑक्-क्लिम्-ऍट्')-*v.t.*to habituate to a foreign climate. परदेश की जलवायु का अभ्यास करना; **Acclimatization** (-टाइज़्-ऍ'-शन्), **Acclimatation**(-मॉ-टे'-शन्)-*ns.* habit, process or state of becoming habituated to a foreign climate. विदेश की जलवायु का अभ्यास होना।

Acclinal-ऑ-क्लाइनल्-*adj.* sloping upwards. ऊपर की ओर ढालुवाँ होता हुआ।

Acclivity-ऑ-क्लिव्रिटि-*n.* the upward slope of a hill, ascent. पहाड़ की चढ़ाई, चढ़ाव; **Acclivous** (-अस्)-*adj.* rising upwards. ऊपर के चढ़ाववाला।

Accolade-ऑक्-को-लेड्'-*n.* a ceremony used in conferring knighthood. नाइट (सर) की पदवी प्रदान करने के समय का एक विशेष प्रकार का संस्कार।

Accolent-ऑक्-कॉ-लेन्ट्-*adj.* & *n.* one who dwells near, borderer. समीप में निवास करनेवाला, पड़ोसी।

Accommodate-ऑक्-कॉम्'-ॲ - डेट् -*v. t.* to make suitable, to correspond, to supply, to settle difference between, to adapt. योग्य करना, अनुसार करना, देना, झगड़ा तय करना, एक ढंग का करना; **Accommodating** (-इङ्ग्) -*adj.* obliging, pliable. उपकारी, मिलनसार, सरल प्रकृतिवाला; **Accommodation** (-डे'-शन्) -*n.* adjustment, settlement, space, compromise, convenience. उपकरण, डेरा,थान, सन्धि, सुविधा; **Accommodative** (-इव्)-*adj.* furnishing accommodation. डेरा की व्यवस्था करनेवाला; **Accommodation Bill** (a bill of exchange). हुण्डी, रुक्का; **Accommodation ladder** (a light ladder hung over the side of a ship.) जहाज़ पर से पानी तक उतरने-चढ़ने की हलकी सीढ़ी; **Accommodator** (-अर्)-*n.* one who accommodates. झगड़े का निर्णय करनेवाला।

Accompanier-ऑक्-कम्'-पीं-निअर्-*n.* one who accompanies. साथ देनेवाला।

Accompaniment-ऑक्-कम्- पीं - नि - मेंन्ट्-*n.* appendage, something that attends another. उपकरण, सहायक; **Accompanist** (-निस्ट्)-*n.* one who accompanies. साथ देने या रहनेवाला।

Accompany-ऑक्- कम्'- पीं - नि -*v. t.* (*p. t.* **Accompanied**) to go with, to escort, to attend, to play a subordinate musical part. साथ देना, टहल करना, सेवा करना, साथ गाना या बजाना।

Accomplice-ऑक्-कॉम्'-प्लिस्-*n.* an associate or partner (*esp.* in crime.) अपराध में साथ देनेवाला मनुष्य।

Accompliceship-ऑक् - कॉम्' - प्लिस्- शिप्, **Accomplicity** (-इ - टि) - *ns.* criminal assistance. अपराध करने में सहायता।

Accomplish-ऑक्-कॉम्'-प्लिश्-*v. t.* to finish entirely, to fulfil. पूर्ण करना, सिद्ध करना; **Accomplishable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be accomplished.पूरा करनेके योग्य; **Accomplished** (-ड्)-*adj.* finished, perfected, elegant, well-educated. पूर्ण, पूरा निपुण, विद्यासम्पन्न; **Accomplishment** (-मेंन्ट्)-*n.* attainment, ulfilment, elegance. प्राप्ति, सिद्धि, शोभा।

Accord-ऑक्-कॉर्ड्'-*v. i.* to agree, to correspond (*with*);-*v. t.* to reconcile, to grant. मिलना, समान होना, मिलान करना, स्वीकृति देना;-*n.* agreement, harmony, treaty of peace. मिलान, एक सुर होना, सन्धिपत्र; **Of one's own accord** (of one's own free will.) अपनी इच्छानुसार; **Accordance** (-ऑन्स्) -*n.* conformity, agreement. समानता, अनुरूपता; **Accordant** (-ऑन्ट्)-*adj.* corresponding in tune. अनुसार, सुर या लय में।

According-ऑक्-कॉर्ड्'- इङ्ग् - *adv.* agreeing, in accordance with. अनुरूप (समान), एक-सा; **According as** (in proportion as.) अनुसार, मानो, जिस प्रकार; **According to** (in accordance with.) अनुसार, समान;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Accordingly (-इङ्ग्' - लि)-*adv.* agreeably, suitably. तदनुसार (उस तरह से), वैसे, उसी प्रकार से।

Accordion - ऑक्-कॉर्डियन् - *n.* a small musical instrument. हाथ से बजाने का छोटा बाजा।

Accordion.

Before--बि-फ़ोर्-*adv.* ahead, previously, in the past. आगे, पहिले, पूर्वकाल में;-*prep.* in front of, in the presence of, in preference to. सामने, सन्मुख, अपेक्षा; -*conj.* previous to the time, when. समय से पूर्व, जब, जब तक; **Beforehand** (previously.) पूर्व में, पहिले; **Beforementioned** (mentioned before.) पूर्वकथित, पहिले कहा हुआ।

Befoul-बि-फ़ाउल्'-*v. t.* to make filthy. मलिन करना, गन्दा करना।

Befriend-बि-फ़्रेंन्ड्'-*v. t.* to favour, to help, to assist. अनुग्रह करना (कृपा करना), सहायता देना।

Befringe-बि-फ़्रिन्ज़्'-*v. t.* to decorate with fringe. झालर लगाकर सजाना।

Beg-बेग्'-*v. t. & i.* (*p. t.* Begged) to ask for food, money &c., to entreat, to ask earnestly. माँगना (भिक्षा माँगना), प्रार्थना करना।

Began-बि-गैन्-*p. t.* of Begin. आरंभ किया।

Beget-बि-गेट्-*v. t.* (*p. t.* Begot, *p. p.* Begotten, Begot), to produce, to give rise to. उत्पन्न करना, उपजाना; **Begetter** (-टर्)-*n.* father. पिता।

Beggar-बेग्'-गर्-*n.* one who begs, one who lives on alms, a poor man. भिक्षुक, भिखमङ्गा, दरिद्र;-*v. t.* to reduce to poverty, to reduce to silence, (fig.) to go beyond the resources of. निधन (कंगाल) करना, मान करना, शक्तिहीन करना; **Beggarliness**(-लि-नेस्)-*n.* the state of being poor. निर्धनता; **Beggarly**(-लि)-*adj.* mean, sordid. निर्धन, नीच; **Beggary** (-इ) -*n.* extreme poverty. दरिद्रता, अति निर्धनता।

Begging-बेग्-गिङ्ग्-*n.* request, act of soliciting. प्रार्थना, याचना, भिक्षा।

Begin-बि-गिन्'-*v. t. & i.* (*p. t.* Began, *p. p.* Begun) to commence, to take the first steps, to make an attempt, to work at. आरम्भ करना, पहिले पैर उठाना, प्रयत्न करना, प्रवृत्त करना; **To begin at** (to commence.) आरम्भ करना, **To begin the world** (to start life.) जीवन आरम्भ करना; **To begin with** (firstly.) पहले-पहल या सर्वप्रथम।

Beginner-बि-गिन्'-नर्-*n.* one who begins, one who has little experience. आरम्भ करनेवाला, नवसिखुवा।

Beginning-बि-गिन्'-निङ्ग्-*n.* a source, an origin, rudiments. उद्गम, आरम्भ।

Begird-बि-गर्ड्'-*v. t.* to encircle, to surround. लपेटना, घेरना।

Begone-बि-गॉन्-*interj.* go away! दूर हट! चला जा! अलग रह!

Begot-बि-गॉट्'-*p. t.* of Beget. पैदा किया।

Begrime-बि-ग्राइम्'-*v. t.* to soil deeply with dirt, to blacken. भीतर तक मलिन करना, काला करना।

Begrudge-बि-ग्रज़्'-*v. t.* to show dissatisfaction. असन्तोष दिखलाना।

Beguile-बि-गाइल्'-*v.t.*to delude, to deceive, to charm, to amuse. बहकाना, ठगना, फुसलाना, प्रसन्न करना; **Beguilement** (-मेन्ट्)-*n* deceit. ठगी; **Beguiler**(-अर्)-*n.* a deceiver. ठगनेवाला।

Begun-बि-गन्'-*p. p.* of Begin.

Behalf-बि-हाफ़्'-*n.* favour, advantage, support. कृपा, सुविधा, आश्रय; **on behalf of** (on account of, on the part of.) वास्ते, निमित्त, लिये, (किसी) की ओर से।

Behave-बि-हेव्'-*v. t.* to conduct, to act to show good manners. आचरण करना, व्यवहार करना, शिष्टाचार दिखलाना; **Well-**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

behaved (of good manners.) सदाचारी; अच्छे चरित्र का।

Behaviour-बि-हे़वियर्-*n.* conduct, manners, deportment, demeanour. व्यवहार, आचरण, चालढाल।

Behead-बि-हेड्-*v. t.* to cut off the head of, to kill in this way. सिर काट लेना, मार डालना; **Beheading** (- इङ्ग्) -*n.* act of cutting the head. सिर काटने का कार्य।

Beheld-बि-हेल्ड्'-*v. t.* past tense and past participle of the verb **Behold.**

Behest-बि-हेस्ट्'-*n.* command. आज्ञा।

Behind-बि - हाइन्ड्' - *adv., prep. & n.* in the rear, at one's back, further back, in support of, the posterior part. पीछे, पीठ की ओर, अधिक पीछे, अनुमोदन में, पिछला भाग; **Behind hand** (- हॉन्ड्) - *adv.* backward, in arrears. पीछे को, समय पर ऋण न चुकाता हुआ; **Behind the scenes** (in private.) रहस्य में, नेपथ्य में; **Behind the times** (antiquated.) प्राचीन, पुरातन; **To put behind** (to refuse to consider.) विचार न करना।

Behold-बि-होल्ड्'-*v. t.* (*p.t.& p. p.* **Beheld.**) to see, to look at. देखना, निहारना; -*interj.* lo ! see ! अरे ! देखो !

Beholden-बि-होल्ड्'-ऍन्-*adj.* under obligation. अनुगृहीत, अहसानमंद, कृतज्ञ।

Beholder-बि-होल्ड्'-अर् -*n.* an observer, an onlooker. दर्शक, देखनेवाला।

Behoof-बि - हूफ़्' - *n.* benefit, advantage, profit. लाभ, सुविधा।

Behove-बि-होव्', (**Behoove**-बि-हूव्')-*v. i.* to be fit or necessary or proper for. योग्य या आवश्यक या उचित होना।

Being-बी-इङ्ग्-*n.* existence, nature, anything that exists. अस्तित्व, प्रकृति, जीवित प्राणी; **The Supreme Being** (God.) परमेश्वर।

Bejewelled-बि-ज्यू'-ऍल्ड्-*adj.* wearing several jewels. अनेक रत्न पहिने हुए।

Belabour-बि-ले'-बर्-*v. t.* to thrash, to beat soundly. खूब पीटना।

Belated-बि-ले'ट्'-ऍड्-*adj.* coming too late. बहुत देर में आने वाला।

Belaud-बि-लॉड्'-*v. t.* to praise very much. अति प्रशंसा करना।

Belay-बि-ले'-*v. t.* (*p. t.* **Belayed**) to fasten by coiling. लपेटकर बाँधना।

Belch-बेल्च्-*v. i. & t.* to emit wind from throat, to utter noisily. ओकाना, डकारना, गरजना; -*n.* burst of anything, eructation. किसी वस्तु का धड़ाका, डेकार।

Beldam-बेल्'-डम्, (**Beldame**) (-डेम्)-*ns.* an old woman. बुढ़िया।

Beleaguer-बि-लीग्-अर्-*v. t.* to besiege, to blockade. घेर लेना, रोक रखना; **Beleaguerment** (-मेन्ट्)-*n.* रुकावट।

Belfry-बेल्'-फ्राइ-*n.* bell-tower. घंटाघर।

Belial-बी'-लियल् - *n.* the devil. प्रेत, दैत्य, राक्षस; -*adj.* wicked. दुष्ट।

Belie-बि-लाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Belied.**) to make false, to fail to fulfil a promise, to misrepresent. असत्य बनाना, झूठी प्रतिज्ञा करना, झूठा अभियोग लगाना।

Belief-बि-लीफ़्' -*n.* trust, assurance, faith, opinion, creed, religion. विश्वास, श्रद्धा, मत, विचार, धर्म।

Believable-बि - लीव्ॅबल् - *adj.* capable of belief. विश्वास के योग।

Believe-बि-लीव्' -*v. t. & i.* to trust, to give credence to. विश्वास करना, श्रद्धा करना; **Believer** (-अर्) -*n.* one who has faith. विश्वास करनेवाला; **Believing** (-इङ्ग्)-*adj.* (trustful.) विश्वस्त;-*n.* having faith. विश्वास।

Belike-बि-लाइक्'-*adv.* perhaps. कदाचित्।

Belittle-बि-लिट्'-ट्ल्-*v. t.* to make small, to depreciate, to disparage. छोटा करना, न्यून करना, घृणा करना।

Bell-बेल्-*n.* a hollow metallic vessel which emits a musical sound when struck. घण्टा; -*v. t.* to furnish with bells. घण्टी बाँधना; -*v. i.* to ring like a bell. घण्टी के समान बजना; **To bear or carry off the bell** (to win or to gain the first place.) जीतना, पहला स्थान पाना; **To bell the cat** (to encounter a great difficulty.) बड़ी आपत्तियों का सामना करना, कठिन कार्य में अगुआ बनना।

Belladonna-बेलॅडॅना - *n.* the deadly nightshade. धतूरा।

Belle-बेल्' -*n.* (*mas.* **Beau**-बो) a beautiful woman. रूपवती स्त्री, सुन्दरी।

Bellicose-बेल् - लि - कोज़् - *adj.* war-like, inclined to fighting. लड़ाका, लड़ने को तत्पर।

Belligerency-*n.* see **Belligerent.**

Belligerent-बेल्-लिज्' - अर्-ऍन्ट् -*adj. & n.* waging war, an opponent. योद्धा, लड़ाका; **Belligerency** (ऍन्-सि) -*n.* state of war. लड़ाई की दशा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Bell-jar-बेल्'-जार्-*n.* a cover of glass for protecting things from dirt &c. काँच का ढाँकने का पात्र।

Bell-metal-बेल्' - मेट्-टल्-*n.* alloy of copper and tin used in making bells. मिश्र धातु जिनके मेल से घंटे बनते हैं।



Bell-jar.

Bellow-बेल्' - ओ-*v. i.* to roar like a bull, to shout, to utter angrily. गरजना, डकारना, चिल्लाना;-*n.* a roar. गर्जन, चिल्लाहट।

Bellows-बेल्'-ओज़्-*n.* (now used only in *pl.*) a contrivance for driving air into a fire, the lungs. भाथी, धौंकनी, फेफड़े।

Belly-बेल्'-इ--*n.* (*pl.* **Bellies**) the abdomen, stomach, the womb. पेट, उदर, कोख- *v. t.* to swell out. फूल जाना; **Belly-band** (band. under the belly of a horse.) घोड़े की पेटी; **Bellyful** (as much as statisfies hunger.) पेट भर; **Bellygod** (a glutton.) भुक्खड़; **Belly-pinched** (starving.) भूखों मरता हुआ; **Belly-worship** (gluttony.) पेटूपन।

Belong-बि-लॉङ्ग्'-*v. i.* to appertain, to be proper to, to be connected with. किसी का होना, सम्बन्ध रखना, योग्य होना, मिला या लगा होना; **Belongings** (-इङ्ग्ज़्)-*n pl.* (a person's property or relations.) किसी व्यक्ति की सम्पत्ति, सम्बन्धी जन आदि।

Beloved-बि-लव्ड्-*adj.* & *n.* dearly loved. प्रिय, इष्ट, प्यारा, वल्लभ।

Below-बि-लो' - *adj.* & *prep.* downwards, on earth, in hell, down stream, in lower rank, lower than. नीचे की ओर, पृथ्वी पर, नरक में, नदी की धारा के नीचे, नीचे पद में, न्यून।

Belt-बेल्ट्-*n.* a girdle of leather. परतला, पेटी, कमरबन्द;-*v. t.* to fasten with a belt. पेटी से बाँधना; **Belting** (-इङ्ग्)-*n.* belts connected with machinery. मशीन चलाने के पट्टे।

Belvedere-बेल्'-वि-डिअर्-*n.* a raised turret or pavilion to view scenery. दृश्य देखने का ऊँचा चबूतरा या मञ्च।

Bemask-बि-मास्क्'-*v. i.* to conceal, to mask. छिपाना, बुरके से ढाँपना।

Bemire-बि-मायर्'- *v. t.* to stain with mud. कीचड़ पोतना, कीचड़ से गन्दा करना।

Bemoan-बि - मोन्' - *v. t.* & *i.* to lament, bewail, to express sorrow. विलाप करना, दुःख प्रकट करना।

Bemuse-बि-म्यूज़्'-*v.t.* to stupefy, to confuse. बुद्धिहीन करना, व्यग्र करना।

Bench-बेन्च्-*n.* a seat of wood or stone, a judge's seat, persons who sit in court, a law-court, a carpenter's working table. बेंच (चौकी), न्यायालय का स्थान, न्यायाधीश लोग, धर्मासन, बढ़ई का ठीहा; **Bencher** (-अर्) -*n.* a senior member. बड़ा या ज्येष्ठ सभासद्।

Bend-बेन्ड्-*v. t.* & *i.* (*p.t.* & *.pp.* **Bent.**) to give a curved shape, to incline, to turn in a new direction, to stoop, to submit. ऐंठना (मोड़ना), झुकाना, घूमना, झुकना, नम्र होना;-*n.* curvature. झुकाव, मोड़; **To bend the brow** (to knit eyebrow.) भृकुटी बदलना; **To bend one's mind** (to be engrossed in a subject.) लीन होना; **Bendable** (-ऍ-बल्)-*adj.* झुकाने या मोड़ने योग्य; **Bender** (-अर्)-*n.* an instrument for bending. मोड़ने का औजार।

Beneaped-बि-नीप्ड्'-*adj.* left on the ground by the ebb of a tide. भाटा से भूमि पर छोड़ा हुआ।

Beneath-बि-नीथ्'-*adv.* & *prep.* under, below नीचे, नीचे की ओर; **Beneath contempt** (extremely contemptible.) अति घृणित या घृणा के योग्य।

Benedick-बे-नि-डिक्-*n.* a man newly married नवविवाहित, जिस पुरुष का विवाह तुरत हुआ हो।

Benediction-बे-नि - डिक् - शन्-*n* act of blessing, thanks, invocation of happiness. आशीर्वाद (नाटक में स्वस्तयन) धन्यवाद, कल्याण; **Benedictive** (-टिव्)- *adj* expressing benediction, आशीर्वाद प्रकट करनेवाला; **Benedictory** (-टॅ-रि) -*adj.* expressing benediction. मांगलिक, आशीर्वाद सूचक।

Benefaction-बेन्-इ-फ़ीक्'-शन् -*n* gift for a good cause, charitable donation. धर्मदान, उपकार, दान-दक्षिणा।

Benefactor-बेन्-इ-फ़ीक्' -टर्-*n.* (*fem.* **Benefactress.** - ट्रेस्) a giver, a patron, a donor. दाता, उपकारी, हितकारी।

Benefice-बे निफ़िस्-*n.* a church living. पादरी की वृत्ति; **Beneficed** (-इ)-*adj.* पादरी की वृत्तिवाला।

Beneficence-बे-निफ़ि-सेन्स्-*n.* the practice of doing good, kindness. परोपकार, हित, दया, कृपा।

Beneficent-बे-निफि - सेन्ट् - *adj.* bountiful. परोपकारी, दानशील; **Beneficently** (-लि)*adv.* in a beneficent manner. परोपकारिता से।

Beneficial-बेन्'-इ-फ़िश्' - अल् - *adj.* advant-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ageous, useful, helpful, profitable. उपकारक, लाभजनक, कल्याणकारक, सहायक।

Beneficiary-बेनॅ्-इ-फ़िश्'-अ-रि-*n.* one who receives anything as a free gift. माफ़ीदार असामी आदि, धर्मस्व प्राप्तकर्ता, वह व्यक्ति जो कोई वस्तु दान या पुरस्कार के रूप में पाता है।

Benefit-बेनॅ्'-इ-फ़िट्-*n.* advantage, favour. लाभ, सुविधा, उपकार;-*v.t.&i.* to do good to, to profit, to gain advantage. अनुग्रह करना, उपकार करना, लाभ उठाना; **Benefit night** (a performance the proceeds of which are given to a society &c.) किसी सभा इत्यादि को दान देने के लिये नाटक इत्यादि का अभिनय; **Benefit of doubt** (assuming innocence rather than guilt.) अपराध न करने का सन्देह; **For public benefit** (for the good or advantage of the people at large.) सर्व-सामान्य के हित के लिये।

Benevolence-बि-नेॅ-व्र'-लेॅन्स्-*n.* desire to do good, goodwill. परोपकारिता, दया, कृपा, सुजनता।

Benevolent-बि-नेॅ-व्र'-लेॅन्ट्-*adj.* charitable, kind. हितैषी, परोपकारी, उदार, शुभचिन्तक; **Benevolently** (-लि)-*adv.* kindly. दयापूर्वक।

Benight-बि'-नाइट्'-*v.t.* to cover with darkness. अँधेरा करना।

Benighted-बि-नाइट्'-एॅड्-*adj.* overtaken by darkness. अन्धकार से आच्छादित।

Benign-बि-नाइन्'-*adj.* gentle, fortunate, kind. कृपालु, सुखप्रद, दयालु; **Benignly**(-लि) -*adv.* kindly. दयालुता से।

Benignant-बि-निग्'-नॅन्ट्-*adj.* kind, favourable, gracious. दयालु, कृपालु।

Benignity-बि-निग्'-नि-टि-*n.* kindliness, graciousness. कृपालुता, दया।

Benison-बेनॅ्'-इ-ज़न्-*n.* a blessing, benediction. वरदान. आशीर्वाद।

Benjamin-बेनॅ्'-जॅ-मिन्-*n.* the youngest child or son, an old-fashioned chester, a kind of fig tree and its gum. सबसे छोटा बालक या कनिष्ठ पुत्र, पुराने ढंग का ओवरकोट, एक प्रकार का अंजीर का वृक्ष तथा इसका गोंद।

Bent-बेन्ट्-*n.* inclination, tendency, reedy grass. झुकाव, रुचि, कड़े रेशे की घास;-*adj.* inclined. झुका हुआ।

Bent-बेन्ट्-*p. t. & p. p.* of Bend.

Benumb-बि-नम्'-*v. t.* to make powerless or insensible, to stupefy. सुन्न करना, शक्ति-हीन करना, ठिठुराना।

Benzene-बेनॅ्-ज़ीन्-*n.* a mixture of mineral oils &c. used for removing stains. दाग छुड़ाने का तेल।

Benzoin-बेनॅ्'-ज़ोइन्-*n.* a kind of fragrant aromatic resin. लोहबान।

Bepowder-बि-पाउ'-डर्-*v. t.* to sprinkle powder. बुकनी छिड़कना।

Bepraise-बि-प्रेज़्'-*v. t.* to extol, to praise very much. अति प्रशंसा करना।

Bequeath-बि-क्वीद्'-*v. t.* to leave by will. इच्छापत्र या वसीयत द्वारा सम्पत्ति छोड़ जाना।

Bequest-बि-क्वेॅस्ट्-*n.* property left by will, a legacy. इच्छापत्र द्वारा छोड़ी हुई सम्पत्ति, मरते समय इच्छापत्र द्वारा रिक्थदान, वसीयतनामा।

Bere-बिअर्-*n.* barley. जौ।

Bereave-बि-रीव्'-*v. t.* (*p. t.&p.p.* Bereft.) to deprive, to rob, to dispossess. अलग करना, विनाश करना, वियोग करना, छीन लेना; **Bereavement** (-मॅन्ट्) -*n.* deprivation of a relative (by death.) प्रियजन का (मृत्यु से) वियोग, विछोह; **Bereft** (-रेॅफ़्ट्)-*adj.* bereaved. वियोग में पड़ा हुआ।

Bergamot-बर्'-गॅ-मॉट्-*n.* a tree of orange or lemon kind. नारङ्गी या नीबू की जाति का एक वृक्ष।

Berhyme-बि-राइम्'-*v. t.* to celebrate in verse. (उत्सव के लिये) कविता बनाना।

Beri-beri-बेर्'-रि-बेर्-रि-*n.* a disease like dropsy. जलन्धर के प्रकार का एक रोग।

Berry-बेर्'-रि-*n. pl.* (Berries) any small juicy round fruit. कोई छोटा रसदार गोल फल, एक प्रकार का बेर।

Berth-बर्थ-*n.* a sleeping place in a ship, a proper place जहाज़ में सोने की कोठरी, उचित स्थान;-*v. t* to moor a ship, to provide sleeping place. जहाज़ का सुरक्षित स्थान में रखना, सोने के लिए स्थान का प्रबन्ध करना; **Berthage** (-एज़्)-*n.* money paid for the accommodation of a ship in a dock. बन्दरगाह में जहाज रखने का कर।

Beryl-बेर्'-रिल्-*n.* a pale-green precious stone. हरितमणि, बिल्लौर।

Beseech-बि-सीच्'-*v.t.*(*p.t.&p.p.* Besought). to ask earnestly, to entreat. प्रार्थना करना, विनती करना; **Beseecher** (-अर्)-*n.* a suppliant. प्रार्थी; **Beseeching** (-इङ्ग्)-*adj.* suppliant. प्रार्थना करनेवाला; **Beseechingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with entreaty. विनीत भाव से; **Beseechment** (-मॅन्ट्)-*n.* entreaty. प्रार्थना।

Beseem-बि-सीम्'-*v.t.* to suit or to be befitting to. योग्य होना, शोभा देना; **Beseemingly**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a beseeming manner. दिखावट से; Beseemly (-लि)-*adj.* becoming fit, suitable. योग्य, उचित।

Beset-बि-सेट्'-*v. t.* to surround, to encompass, to perplex, to hem in, to set upon. घेर लेना, व्याकुल करना, मुगजी लगाना, आक्रमण करना; Besetment (-मेन्ट्)-*n.* a besetting sin, a failing. पाप से घिर जाने की अवस्था, दोष।

Beshame-बि-शेम्'-*v. t.* to make ashamed. लज्जित करना।

Beshrew-बि-श्रू'-*v. t.* to think evil of, to curse. बुरा सोचना, शाप देना, कोसना।

Beside-बि-साइड्'-*prep.* at the side of, near, over and above, distinct from, out of. निकट, पास, समीप, अधिक, भिन्न, बाहर; Beside one's self (out of one's wit.) आपे से बाहर।

Besides-बि-साइड्स्'-*adv.& prep.* in addition to, else, otherwise. और भी (अधिक), सिवाय, अतिरिक्त।

Besiege-बि-सीज्'-*v. t.* to assail, to lay siege to. आक्रमण करना, घेर लेना; Besieger (-अर्)-*n.* one who lays a siege. घेरा डालनेवाला।

Beslaver-बि-स्लेवर्-*v.t.* to flatter very much. बड़ी चापलूसी करना, चाटुकारी करना।

Beslobber-बि-स्लॉब्'-अर्-*v.t.* to besmear with spittle, to kiss badly. लार पोतना, ऐसा चुम्बन करना कि थूक लिपट जाय।

Besmear-बि-स्मिअर्'-*v. t.* to smear over, to bebaub. लेप करना, पोतना।

Besmirch-बि-स्मर्च्'-*v. t.* to soil, to pollute, to make dim. मलिन करना, गन्दा करना, अन्धकार करना।

Besom-(-zom)-बी-ज़म्'-*n.* a kind of broom. एक प्रकार की बढ़नी, झाड़ू।

Besought-*p.t. & p. p.* of Beseech.

Bespatter-बि-स्पॅट्'-टर्-*v. t.* to spatter all over, to abuse, to defame. छितराना, गाली देना, अपमानित करना।

Bespeak-बि-स्पीक्'-*v. t.* (*p. t.* Bespoke, *p.p.* Bespoken) to engage beforehand. पहिले से स्थिर कर लेना।

Bespeed-बि-स्पीड्'-*v. t.* to hurry up. शीघ्रता करना, जल्दी करना।

Bespice-बि-स्पाइस्'-*v. t.* to season with spice. मसालेदार बनाना।

Besprinkle-बि-स्प्रिङ्क्'-कल्-*v. t.* to strew or scatter over. छिड़कना।

Best-बेस्ट्-*adj. & adv.* (*super.* of Good or Well) of the most excellent kind, in the most excellent way. सर्वोत्तम, सबसे अच्छी तरह या प्रकार;-*n.* hightest endeavour. अधिकतम प्रयत्न; At best (to the utmost degree of extent) पराकाष्ठा में, अत्युत्तम रूप से; To be at one's best (in the best state) सर्वोत्तम अवस्था में; Did it for the best (with best intentions.) अच्छे अभिप्राय से; To do one's best (to do all which one can do.) जितना हो सके उतना करना; To do for the best (to do with good intention.) अच्छे अभिप्राय से करना; To make the best of things (to be contented.) सन्तुष्ट होना; To make the best of one's way (to go as fast as possible.) जहाँ तक सम्भव हो तेज़ जाना; To the best of one's power (as far as one can do.) यथाशक्ति प्रयत्न; The best is the enemy of the good (too high standard obstructs progress.) बहुत ऊँचा आदर्श उन्नति में विघ्न डालता है।

Bestain-बि-स्टेन्'-*v. t.* to mark with spots or stains. धब्बा लगाना।

Bestead-बि-स्टेड्'-*v.t.&i.* to avail, to help, to assist. काम में लाना, उपयोग में लाना, सहायता देना।

Bestial-बेस्ट्'-इ-अल्*adj.* brutish, rude, barbarous. जंगली, गँवार, रूखा, अशिष्ट; Bestiality (-ऑल्'-इ-टि)-*n.* rudeness. अशिष्टता, असभ्यता, गँवारपन।

Bestill-बि-स्टिल्'-*v.t.* to make still or quiet. शान्त करना।

Bestir-बि-स्टर्'-*v. t.* (*p. t.* Bestirred.) to exert, to rouse into vigorous action. उद्यम करना, चेष्टा करना, व्यवहार करना, उसकाना।

Bestow-बि-स्टो'-*v. t.* to deposit, to confer upon. प्रतिपादन करना, देना; Bestowal (-अल्)-*n.* disposal. प्रतिपादन, दान; Bestower (-अर्)-*n.* one who bestows. दाता, दान देनेवाला।

Bestrew-बि-स्ट्रू'-*v.t.* to scatter about. छितराना, फैलाना, छींटना।

Bestride-बि-स्ट्राइड्'-*v. i.* to sit with legs astride, to get or sit upon. पैर फैलाकर बैठना, (घोड़े पर) सवार होना।

Bestud-बि-स्टड्'-*v. t.* to adorn with studs. नग जड़ना, नगीना बैठाना।

Bet-बेट्-*n.* stake, wager. पण, दाँव, बाजी;-*v.t.* (*p. t. & p. p.* Bet.) to stake, to wage on. दाँव लगाना, बाज़ी लगाना।

Beta-बी-टा-*n.* the second letter of the Greek alphabet. (B, β) ग्रीक वर्णमाला का दूसरा अक्षर।

Betake-बि-टेक्-*v. t.* (*p. t.* Betook, *p. p.* Be-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

taken) to commit oneself to, to convey oneself to. आश्रय लेना (अंगीकार करना), लगाना (लीन होना)।

Beteem-बि-टीम्'-*v. t.* to bring forth, to shed. उत्पन्न करना, बहाना।

Betel-बी-ट्रल्'-*n.* a climbing plant the leaves of which are chewed in India. ताम्बूल, पान, **Betel-nut** (the nut of areca palm.) पुँगीफल, सुपारी।

Bethink-बि-थिङ्क्'-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Bethought**) to recollect, to remind oneself, to consider. याद करना, विचारना, सोचना।

Bethrall-बि-थ्रॉल्'-*v.t.* to enslave. दास बनाना।

Bethrow-बि-थ्रो'-*v. t.* to twist. ऐंठना।

Bethump-बि-थम्प्'-*v. t.* to thrash. मारना, पीटना।

Betide-बि-टाइड्'-*v. t.* to happen, to befall. आ पड़ना, होना।

Betimes-बि-टाइम्स्-*adv.* early, in good time. प्रातःकाल, यथासमय।

Betise-बि-टीज़्'-*n.* a foolish remark or action. कुसमय की चर्चा, मूर्खता की बात या काम।

Betoken-बि-टोकन्-*v. t.* to suggest, to indicate ,to foreshadow. दरसाना, प्रस्ताव करना, सूचना देना।

Betook-बि-टुक्'-*p. t.* of **Betake.**

Betray-बि-ट्रे'-*v. t.* (*p. t.* **Betrayed**) to give up treacherously, to be disloyal, to lead astray. धोखे से शत्रु को पकड़ा देना, विश्वासघात करना, भण्डाफोड़ करना, भेद देना; **Betrayal** (-अल्) -*n.* breach of trust. विश्वासघात; **Betrayer** (-अर्) -*n.* a traitor. विश्वासघाती।

Betroth-बि-ट्रोद्'-*v. t.* to make a pledge for marrying. विवाह के लिये वचन देना, सगाई करना;**Betrothal** (-अल्)-*n.* an engagement to marry. सगाई; **Betrothment** (-मेन्ट्)-*n.* mutual contract for marriage. वाग्दान, सगाई; **Betrothed** (-ड्)-*adj. & n.* engaged for marriage. विवाह के लिये स्थिर, मँगेतर।

Better-बेट्'-टर्-*adj.* (*comp.* of **Good** or **Well**) more excellent, more desirable. उच्चतर, श्रेष्ठतर;-*adv.* to a higher degree, with more profit. अधिक लाभ से;-*v. t.* to amend, to improve, to surpass.सुधारना,उन्नति करना,बढ़ाना; **Betters**-*n. pl.* superiors. बड़े लोग, वृद्ध लोग; **Better half** (one's wife.) पत्नी; **Betterment** (-मेन्ट्)-*n.* improvement. उन्नति, सुधार; **Better part** (greater part.) अधिकांश; **Better than** (surpassing.) बढ़कर; **Hadbetter**(would find wiser.) अच्छा होगा कि; **No better than** (practically.) प्रायः, वस्तुतः; **To be better off** (to be very rich.) अधिक धनी होना ; **To betteroneself** (to improve.) उन्नति करना; **To get the better of** (to gain advantage or victory over.) विजय प्राप्त करना।

Better(-or)-बेट्'-टर् (-टॉर्)-*n.* one who bets. दाँव लगानेवाला (जुआरी)।

Betting-बेट्'-टिङ्ग्-*n.* proposing a wager. पण लगाना, पण क्रिया, दाँव लगाना, बाजी लगाना।

Between-बि-ट्वीन्' -*prep. & adv.* in, along, across, reciprocally, on the part of. मध्य में, बीच में, अन्तर में, परस्पर ; **Between devil and deep sea** (with no hope of life.) बचने की कोई आशा न रखते हुए; **Far between** (at a great distance.) बड़ी दूर का अन्तर ; **To stand between** (to be mediatory, to stand as arbitrator.) मध्यस्थ होना, पञ्च बनना।

Betwixt-बि-ट्विक्स्ट्'-*prep. & adv.* between, अन्तर में, बीच में।

Bevel-बेव्'- अल् - *n.* a tool for setting off angles. कोना बनाने का औज़ार;-*v. t.* to make a slope. तिरछा बनाना।

Bevel-gear- बेव्' - अल् - गिअर्-*n.* cogged wheels revolving in different directions. भिन्न दिशा में घूमनेवाला पहिया।

Bevel-gear.

Beverage-बेव्'- रिज़् - *n.* a drink, an agreeable liquor. मदिरा, शराब।

Bevy-बेव्'-इ-*n.* (*pl.* **Bevies**) a company of ladies, a flock of larks, roes and quails. स्त्रियों का समुदाय, लवा, हरिन और बटेर का झुण्ड।

Bewail-बि-वेल्' - *v. t. & i.* to mourn, to express grief. विलाप करना; शोक करना; **Bewailable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* lamentable. विलाप करने योग्य ; **Bewailing** (-इङ्ग्) -*n.* lamentation. विलाप, शोक।

Beware-बि-वेअर्'-*v. i.* to take heed, to be cautious. सावधान होना, सचेत होना।

Bewet-बि - वेट्'-*v. t.* to wet, to moisten. भिगोना, तर करना।

Bewilder-बिविल्डर्-*v. t.* to perplex, to confuse. व्याकुल करना, घबड़ा देना (भ्रम में डालना); **Bewildered** (-ड्)-*adj.* perplexed. व्यग्र, घबड़ाया हुआ;**Bewilderness** (-नेस्) -*n.* perplexity. व्याकुलता; **Bewilderingly** (-इङ्ग्' -लि)-*adv.* confusedly. भ्रम से, व्याकुलता से।

Bewitch-बि-विच्'-*v. t.* to put a spell on, to enchant, to delight exceedingly. जादू डालना,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लुभाना, अति प्रसन्न करना ; **Bewitching** (-इङ्ग्)-*adj.* fascinating, alluring. मोहिनी, लुभानेवाली; **Bewitchingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in an alluring manner. मोहित करके; **Bewitchment**(-मेंन्ट्) -*n.* fascination, allurement. मोहन, वशीकरण ।

Bewray-बि-रे - *v. t.* to reveal, to disclose. स्पष्ट करना, खोल देना ।

Beyond-बि-यॉन्ड्'-*prep.* at the farthest side, outside, besides, above. दूर (पार), बाहर, अतिरिक्त, ऊपर (बढ़कर); -*adv.* at a distance, yonder. दूर पर, पार ; **Beyond his means** (exceeding his income.) आय से अधिक व्यय करनेवाला; **Beyond measure** (exceeding limit.) अतिमात्र, सीमा से बाहर ; **To go beyond** (to exceed in anything.) सीमा से बाहर जाना, बढ़कर होना ।

Bezel-बेज़्'-ज़ल्-*n.* the sloped edge of a chisel, upper part of the collet of a ring. रुखानी की तिरछी धार, अँगूठी के नग जड़ने का ऊपरी भाग ।

Bezique-बि-ज़ीक्'-*n.* a game at cards. ताश का एक प्रकार का खेल ।

Bi-बाइ-*pref.* in the sense of, "twice, doubly, twofold". "दोहरा, दुबारा, दुगुना" अर्थ का उपसर्ग ।

Biangular-बाइ-ऑङ्ग्'- ग्यु- लर् -*adj.* having two angles. दो कोण का ।

Bias-बायस् -*n.* weight kept on one side of the bowl, prejudice, inclination. भार, पसँघा, पक्षपात, प्रवृत्ति, झुकाव;-*v.t.* to incline. प्रोत्साहन देना, प्रवृत्त करना; **Biased** (-ड्) -*adj.* partial, unfair. पक्षपाती ।

Biaxial-बाइ'-ऑक्स् - इ - अल् - *adj.* with two axes. दो धुरा (या अक्ष) वाला ।

Bib-बिब्-*v. i.* to drink frequently. बार बार मदिरा पीना; - *n.* a child's chincloth. बच्चे के गले में बाँधने की कपड़े की गद्दी ।

Bibber-बिब्'-बर्-*n.* one given to drinking. पियक्कड़ ।

Bible-बाइ'-बल्-*n.* the sacred book of the Christian Church. ईसाइयों की धर्म-पुस्तक, इञ्जील ;**Biblical** (बिब्'-लिकु-अल्)-*adj.* of the Bible. इञ्जील-सम्बन्धी ।

Bibliographer-बिब्-लिऑ-ग्रॉफर्-*n.* a compiler of a history of literary books. साहित्यिक ग्रन्थों का इतिहास-लेखक ।

Bibliography-बिब्-लि-ऑ-ग्रॉफ़ि - *n.* a history or list of books.पुस्तक विद्या, ग्रन्थ-सूची ।

Bibliolatry-बिब्-लि-ऑल्'-ऑ-ट्रि-*n.* worship of books. ग्रन्थ-पूजन; **Bibliomania** (-ओ-मे'-नि-आ)-*n.* carnest desire to collect books. पुस्तक संग्रह करने की तीव्र इच्छा; **Bibliophile** (-ऑ-फ़ाइल्)-*n.* a book-lover. पुस्तक का प्रेमी; **Bibliopole** (-ऑ-पोल्)-*n.* a seller of rare books. अलभ्य पुस्तकों को बेचनेवाला ।

Biblist-बिब्'-लिस्ट्-*n.* one who is conversant with the Bible. इञ्जील में निपुण ।

Bibulous-बिब्'-यू-लस्-*adj.* absorbent, spongy. जल सोखनेवाला ।

Bicameral-बाइ-कॉम्' - अर् - अल्-*adj.* having two chambers (of a legislative body.) द्विगृही, दोघरा ।

Bicentenary-बाइ-सेंन्'-टि-न्-अ-रि-*adj.* occurring after two hundred years. दो सौ वर्ष पर होनेवाला; **Bicentennial** (- टेंन्' - इ - अल्) -*adj.* occurring every two hundred years. प्रति दो सौ वर्ष पर होनेवाला (उत्सव इत्यादि) ।

Bicephalous-बाइ-सेफ़्' -अ - लस् - *adj.* two-headed. दो सिरवाला ।

Biceps-बाइ'-सेप्स्- *n.* a muscle having two heads. द्विशिरस्का पेशी, दो माथे का पुट्ठा ।

Bicker-बिक्'-अर् - *v. i.* to quarrel, to run quickly. कलह करना (विवाद करना), वेग से बहना; **Bickering** (-इङ्ग्) -*n.* a quarrel, a fight. कलह, युद्ध ।

Bicuspid-बाइ-कस्'-पिड्-*n.* a tooth with two cusps. दो नोकवाला दाँत ।

Bicycle-बाइ'-सि-कुल्-*n.* a two-wheeled vehicle propelled by feet. पैरों से चलाई जानेवाली दो पहियों की गाड़ी, पैर गाड़ी; **Bicyclist** (or **Cyclist**) -*n.* one skilled in bicycle-riding. बाइसिकिल चलानेवाला ।

Bid-बिड्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Bade** - बेड्, *p. p.* **Bidden, Bid**) to command, to offer, to proclaim, to invite. आज्ञा देना, नीलाम में बोली बोलना, घोषणा करना, निमन्त्रित करना ; **To bid goodbye** (to salute.) नमस्कार करना; **To bid welcome.** स्वागत करना ।

Biddable-बिड्'-ऍ-बल् -*adj.* ready to obey. आज्ञा माननेवाला ।

Bidder-बिड्'-अर्-*n.* one who bids. दाँव या बाजी लगानेवाला ।

Bidding-बिड्-डिङ्ग् - *n.* command, order. आज्ञा, आदेश ।

Bide-बाइड्-*v. i.* (*p. t.* **Bided**) to dwell, to remain, to await, to endure. रहना, ठहरना, प्रतीक्षा करना, सहना ।

Bidental-बाइ-डेंन्ट्'- अल् - *adj.* having two teeth. दो दाँतवाला ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Biennial-बाइ - ऍनिअल् - *adj.* recurring or happening every two years. दो-दो साल में होनेवाला।

Bier-बायर्-*n.* a movable frame to carry the dead to the grave. मुर्दा ले जाने की टिकठी, अरथी।

Bifacial-बाइ-फ़ेशियल्-*adj.* having two opposite faces alike. आमने-सामने के समान मुख या भागवाला।

Bifid-बाइ'-फ़िड्-*adj.* divided into two parts. दो भागों में विभक्त।

Bifold-बाइ'-फ़ोल्ड्-*adj.* folded into two. दो परत (तह) किया हुआ।

Bifurcate-बाइ'-फ़र्-केट्-*v. t.* to divide into two forks. दो फाँक करना; **Bifurcated** (-केट्'-ऍड्)-*adj.* divided into two prongs. दो फाँक किया हुआ; **Bifurcation** (-के'-शन्) -*n.* a division into two parts or branches. दो फाँक या खण्ड करने की क्रिया, द्विभाजन।

Big-बिग्-*adj.* (*comp.* **Bigger**, *sup.* **Biggest**) large, lofty, grown up, proud, full, pregnant, important. बड़ा, फूला हुआ, अभिमानी, महाकाय, स्थूल, गर्भवती, गौरवपूर्ण।

Bigamist-बाइग्-ऑ-मिस्ट्-*n.* one who has committed bigamy. दो पत्नीवाला मनुष्य या दो पतिवाली स्त्री; **Bigamous** (-अस्)-*adj.* इस दोष का अपराधी।

Bigamy-बाइग्'-ऑ-मि-*n.* the crime of having two wives or husbands at once. द्विपत्नीकरण, एक पत्नी या पति रहते दूसरा विवाह करने का अपराध।

Bigeminal-बाइ-जेम्'-इ-नल्-*adj.* arranged in two pairs. दो जोड़े के क्रम में प्रस्तुत किया हुआ।

Bigential-बाइ-जेन्'-शल्-*adj.* of two tribes. द्विजातीय, दो जाति का।

Bight-बाइट्-*n.* a loop, a curve or recess, a small bay. झूलन, घुमाव, छोटी खाड़ी।

Bigness-बिग्-नेस्-*n.* the quality of being big. बड़ापन, विपुलता।

Bigot-बिग्-ऑट्-*n.* a blind adherent of one's creed. अपने धर्म में हठधर्मी (कट्टर); **Bigoted** (-ऍड्)-*adj.* हठधर्मी; **Bigotry** (-ऑ-ट्रि)-*n.* narrow-minded zeal for one's creed or party. अपने मत का आग्रह, धर्मान्धता।

Bike-बाइक्-*abbr.* for **Bicycle**. बाइसिकिल शब्द का छोटा रूप।

Bilateral-बाइ-लॅट्'-अर्-अल्-*adj.* having two sides. दो छोर का।

Bilbo-बिल्'-बो-*n.* a sword. तलवार।

Bilboes-बिल्'-बोज़्-*n. pl.* long bars of iron for binding the feet of prisoners. कैदियों के पैर में बाँधने का लम्बा डंडा।

Bile-बाइल्-*n.* a bitter fluid secreted by the liver. पित्त।

Bilge-बिल्ज्-*n.* the bulging horizontal part of a ship's bottom or dust collecting there. जहाज़ की पेंदी का फूला हुआ चौड़ा भाग या वहाँ जमी हुई मिट्टी।

Biliary-बिलिअरि-*adj.* belonging to bile. पित्त सम्बन्धी।

Billingual-बाइ-लिङ्ग्गु-अल् -*adj.* spoken or written in two languages. दो भाषाओं में बोला या लिखा हुआ।

Bilious-बिलि - अस् - *adj.* pertaining to or affected with excess of bile, melancholic. पैत्तिक, चिड़चिड़ा।

Biliteral-बाइ-लिट्'-अर्-अल्-*adj.* consisting of two letters. दो अक्षरों का।

Bilk-बिल्क्-*v. t.* to cheat, to elude. धोखा देना, छलना।

Bill-बिल्-*n.* a bird's beak, draft of a proposed act, note of charge for goods, a placard, a kind of long-handled axe. चोंच, प्रस्ताव रूप में क़ानून, पुरज़ा (लेखा), इश्तिहार या विज्ञापन, एक प्रकार की लम्बे डंडेवाली कुल्हाड़ी; -*v. t.* to strike with bill. चोंच मारना;-*v. i.* to announce. सूचना देना; **Bill of exchange** (a business document for settlement of dues of parties concerned.) विनिमयपत्र; **Bill of fare** (a menu, list of food provided.) भोजन-सामग्री की सूची; **Bill of indemnity** (bill for security from loss or compensation for loss or damage.) परिहार-विधेयक, क्षतिपूर्ति बिल; **Bill of lading** (receipt to consignor by the shipmaster making himself responsible for the safe delivery of goods.) वहन पत्र; **Bill-poster** (one who sticks posters.) नोटिस, इश्तिहार या विज्ञापन चिपकानेवाला।

Billet-बिल्'-लिट्-*n.* a thick piece of wood, a small bar of metal, soldier's quarters. लकड़ी का कुन्दा, धातु का छोटा डंडा, सिपाहियों के ठहरने का स्थान;-*v. t.* to quarter or lodge soldiers. सिपाहियों को ठहराना।

Billiards-बिल्'-यर्ड्ज़्-*n. pl.* a game played on a table with ivory balls. हाथीदाँत के अण्टे का एक प्रकार का खेल जो मेज़ पर मुड़ी हुई बेंतों से खेला जाता है।

Billingsgate-बिल्'-इङ्ग्ज़्-गेट्-*n.* abuse, foul language. गाली, अपशब्द।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Billion-बिलि'-अन्-*n.* a million millions. दस खरब की संख्या।

Billow-बिल्-लो-*n.* a great wave of the sea. तरंग, बड़ी लहर;-*v. i.* to rise in big waves. तरंग उठना, लहराना; **Billowy** (-इ)-*adj.* of billows. तरंग सम्बन्धी।

Billy-cock-बिल्'-इ-कॉक्-*n.* a kind of felt hat, a bowler. एक प्रकार की अंग्रेज़ी टोपी, क्रिकेट के खेल में गेंद फेंकनेवाला।

Billy-goat-बिल्'-इ-गोट्-*n.* (*fem.* **Nanny-goat**) a male-goat. बकरा।

Bimensal-बाइ-मेंन्-सल्-*adj.* occurring once in two months. दो महीने में एक बार होनेवाला।

Bimetallic-बाइ-मे-टल्'-इक् - *adj.* consisting or composed of two metals, of two metals. दो धातुओं से निर्मित, दो धातुओंवाला।

Bimonthly-बाइ-मन्थ्'-लि-*adj.* once in two months, also twice a month. दो महीने में एक बार, महीने में दो बार।

Bin-बिन्-*n.* receptacle for corn, a place for storing coal or dust. खत्ती, मिट्टी कोयला आदि रखने का स्थान।

Binary-बाइ'-न-रि-*adj.* double, involving pairs. दोहरा (द्विगुण), जोड़ा।

Binate-बाइ'-नेट्-*adj.* in pairs. जोड़ेदार।

Bind-बाइन्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Bound**) to fasten, to attach, to restrain, to subject to legal obligation, to be obligatory, to impose restraint. बाँधना (गूँथना), सम्बन्ध करना, रोकना, प्रतिज्ञा करना, अनुगृहीत होना, हथकड़ी बेड़ी डालना; **To bind a book.** जिल्द बाँधना ; **Binder** (-अर्)-*n.* बाँधनेवाला, जिल्दसाज़।

Binding-बाइन्ड्'-इङ्ग्-*n. & adj.* fastening, covering, obligatory. बन्धन (आवरण), बाध्य करनेवाला।

Binnacle-बिन्'-अ-कल्-*n.* the compass box of a ship. जहाज़ पर कुतुबनुमा रखने का सन्दूक।

Binocular-बिन्-नॉक्-यु - लर् - *adj.* suited to both eyes. दोनों आँखों से देखने योग्य।

Binomial-बाइ-नो'-मि-अल्-*adj.* consisting of two terms, of two names. (बीजगणित के) द्विपद, दो नाम का।

Biogenesis-बायो-जेंन्'-ऍ-सिस्-*n.* the doctrine that life is derived from life. जीव की जीव से उत्पत्ति का सिद्धान्त।

Biograph-बायो-ग्रॉफ्-*n.* continuous photographic representation. फ़ोटो के चित्र की पंक्ति; see **Bioscope.**

Biographer-बायो-ग्रा-फ़र्-*n.* writer of a biography. जीवनी लिखनेवाला; **Biographical** (-ग्रॉफ़्'-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to biography. जीवनी सम्बन्धी; **Bioaphically** (-इक्-अल्-लि)-*adj.* like biography. जीवनी की रीति से।

Biography-बायो-ग्रॉफ़ि-*n.* written account or life of a person. किसी व्यक्ति का जीवन-वृत्तान्त।

Biological-बायो-लॉज्'-इकल्-*adj.* relating to biology. जीवविद्या सम्बन्धी।

Biologist-बायोल्-ऑ-जिस्ट्-*n.* one skilled in biology. जीवविद्या में निपुण।

Biology-बायोल्-ऑ-जि-*n.* the science of life in its various forms. जीव (प्राणि) विद्या।

Bioscope-बायो-स्कोप्-*n.* (same as **Biograph.**) a cinematograph. चलते-फ़िरते कार्य का चित्र लेना और इसी को परदे पर चलते-फ़िरते दिखलाना।

Biparous-बाइ-पेरस्-*adj.* bringing two at a birth. (युग्म सन्तति) दो बच्चे एक साथ जननेवाली।

Biped-बाइ-पेड्-*n.* a two-footed animal. दो पैरवाला पशु।

Bipedal-बाइ-पेड्ल्-*adj.* having two feet. द्विपद, दो पैरवाला।

Biplane-बाइ'-प्लेन्-*n.* a two-planed airship. दो तख्तेवाला वायुयान।

Bipolar-बाइ-पो-लर्-*adj.* with two poles. दो ध्रुववाला।

Biquadratic-बाइ-क्वॉड्-ऑट्'-इक्-*n.* the square of a square. द्विवर्गात्मक, चतुर्घातात्मक संख्या, यथा $(a^2)^2$.

Birch-बर्च्-*n.* a kind of smooth-barked tree, a bundle of its twigs used for flogging. भोजपत्र, बालकों को मारने का कोड़ा; -*v. t.* to flog. कोड़े से पीटना; **Birchen** (-ऍन्)-*adj.* pertaining to birch. भोजपत्र का।

Bird-बर्ड्-*n.* a feathered vertebrate. पक्षी, खग, चिड़िया;-*v. t.* to snare birds. चिड़िया फँसाना या पकड़ना; **Bird of Jove** (the eagle.) गरुड़; **Bird of Juno** (the peacock.) मयूर; **Bird of night** (the owl.) उल्लू; **Bird of peace** (the dove.) पेडुकी; **Birds of a feather** (people of similar tastes.) एक विचार के मनुष्य; **Birds of prey** (birds that hunt.) शिकारी चिड़ियाँ; **Little bird** (anonymous informant.) सूचना देनेवाला गुमनाम मनुष्य; **Old bird** (quarrelsome person.) लड़ाका; **To kill two birds with one stone** (to obtain tow objects by one attempt.) एक पन्थ दो काज।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Birdlime-बर्ड्'-लाइम्-*n.* a viscous stuff which is used in catching birds. चिड़िया पकड़ने का लासा।

Bird's eye - बर्ड्ज़्' - आइ - *adj.* seen from above, as by a flying bird. ऊँचे स्थान से देखा हुआ (दृश्य)।

Biretta-बि-रे'-टा-*n.* a kind of square cap. एक प्रकार की चौकोर टोपी।

Birth-बर्थ्-*n.* coming into the world, origin, beginning, inherited rank.जन्म,उदय,उत्पत्ति, आरंभ, उपाधि; **Birth control** (method of preventing undesired conception.) उत्पत्ति-अवरोध (जन्म-निरोध) की विधि; **Birthday** (the day on which one is born.) जन्म-दिवस, वर्षगाँठ; **Birthday honours** (titles conferred on king's birthday.) सम्राट के जन्म-दिवस पर बाँटी जानेवाली उपाधियाँ; **Birthmark** (congenital mark on a person' body.) चिह्न जो जन्म से ही शरीर में रहता है; **Birthplace** (the place of one's birth.) जन्मस्थान; **Birthrate** (the ratio of births to the population of a country.) जनसंख्या के अनुसार बच्चों की उत्पत्ति का अनुपात; **Birthright** (right acquired by birth). जन्मसिद्ध अधिकार।

Biscuit-बिस्'-किट्-*n.* a small thin hard cake or bread. बिस्कुट।

Bisect-बाइ-सेंक्ट्-*v.t.*to divide into two equal parts. समद्विभाग करना; **Bisection** (-सेंक्'-शन्)-*n.* a division into two equal parts. समद्विभाग; **Bisector** (-अर्)-*n.* the line which divides a thing into two equal parts. समद्विभाग करनेवाली रेखा (द्विभाजक)।

Bisexual-बाइ-सेंक्स्-यु-अल्-*adj.* having both sexes in one. स्त्री तथा पुरुष जाति के अङ्गों का एक ही व्यक्ति में होना, द्विलिङ्गीय।

Bishop-बिश्-अँप्-*n.* a consecrated clergyman, one of the pieces or men in chess, a tasteful hot drink mixed with red wine. बड़ा पादरी, शतरंज के मुहरों में से एक मुहरा या खेलाड़ियों में से एक खेलाड़ी, लाल शराब से मिला हुआ स्वादिष्ट गरम पेय; **Bishopric** (-रिक्)-*n.* the office of a bishop. पादरी का पद, इसका अधिकार।

Bismuth-बिस्' (ज़')-मथ्-*n.* a white brittle metal. काँसा, कसकुट, फूल, (धातु)।

Bison-बाइ'-सन् (-ज़न्) - *n.* a large wild animal like ox. जङ्गली साँड़।

Bisque-बिस्क्-*n.* unglazed white porcelain, a rich meat or fish soup. बिना पालिश की हुई चीनी मिट्टी, मांस या मछली का स्वादिष्ट झोल या रसा या जायकेदार शोरबा।

Bistoury-बिस्'-ट् - अर् - इ - *n.* a surgeon's narrow knife. ज़र्राह की पतली छुरी।

Bit-बिट् - *n.* a small piece, mouthpiece of bridle, morsel of food. खण्ड (टुकड़ा), लगाम, ग्रास (कवर);-*v. t.* to put the bit into the mouth of a horse, to restrain, लगाम लगाना, रोकना; **A bit of** (a little part.) लेश, थोड़ा अंश; **A bit rather** (not all.) थोड़ा-सा;**Bit by bit** (by degrees.) धीरे-धीरे; **Wait a bit** (wait for a short time.) थोड़ी देर ठहर जाइये।

Bitch-बिच्-*n.* female of a dog, fox or wolf. कुतिया, सियारिन, मादा भेड़िया।

Bite-बाइट्-*v. t.* (*p. t.* Bit, *p. p.* Bitten or Bit) to cut with teeth, to sting, to penetrate, to give pain to, to take a bait, to grip. कुतरना, दाँत से काटना, डङ्क मारना, घुसना, पीड़ा देना, लगाम लेना, चारा काटना, पकड़ लेना; -*n.* wound made by biting. दाँत काटने का चिह्न; **Bitten with** (infected with a disease) संक्रामक रोग से ग्रस्त; **To bite the ground** (to fall down and die.) गिरना और मर जाना।

Biter-बाइट्'-अर्-*n.* one who bites, a thief. काटनेवाला, ठग।

Biting-बाइट्'-टिङ्ग्-*adj.* pungent, stinging, severe, sarcastic. चरपरा, काटता हुआ, तीखा, ताना मारता हुआ; **Bitingly** (-लि)-*adv.* in a biting manner. काटते हुए, चुभते हुए।

Bitless-बिट्-लेंस्-*adj.* बिना लगाम का।

Bitter-बिट्'-टर्-*adj.* tasting hot and acrid, full of affliction, relentless, touching. कड़ुआ, तीता, कठोर, तीक्ष्ण, मर्मभेदी; **Bitter cold** (*i. e.* piercing.) तीखा जाड़ा; **To the bitter end** (finally.) अन्तिम सीमा तक; **To weep bitterly** (*i. e.* without a break.) फूट-फूटकर रोना; **Bitterness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being bitter, a kind of bitter ale. कड़ुवाहट, तीखापन, कठोरता, एक प्रकार की कड़ुवी शराब।

Bitterish-बिट्'-टर्-इश्-*adj.* somewhat bitter. कुछ कड़ुवा।

Bittern-बिट्'-टर्न्-*n.* a kind of marsh bird like heron. सारस या बगुला जैसा दलदली पक्षी।

Bitts-बिट्स्-*n. pl.* pair of posts for fastening cables. लोहे का रस्सा बाँधने के लिए जहाज़ का खूँटा।

Bitumen-बि-ट्यू'-मेंन्-*n.* mineral pitch.शिलाजीत (राल); **Bituminize** (-मिन्-आइज़्)-*v. t.* to impregnate with bitumen. वार्निश में राल मिलाना; **Bituminous** (-ट्यू-मिन्-अस्)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

-*adj.* like bitumen, mixed with bitumen. राल के समान, रालमिश्रित।

Bivalve-बाइ'-वॉल्व्-*adj.* with two valves. दो कपाटवाला, दो कोषवाला।

Bivouac-बिव्'-ऑक्-*v. i. & n.* to remain in encampment, additional guard at night. पड़ाव में ठहरना, रात्रि में रक्षा के लिए नियुक्त विशेष सैन्य।

Bi-weekly-बाइ-वीक्'-लि-*adj.* twice in every week. सप्ताह में दो बार, अर्ध-साप्ताहिक।

Bizarre-बि-ज़ार् - *adj.* odd, fantastic. झक्की, पागल।

Blab-ब्लॅब्-*v. t. & i.* (*p. t.* Blabbed) to talk foolishly, to reveal secrets. बड़बड़ करना, भेद खोल देना; **Blabber** (-बर्)-*n.* one who blabs, a tell-tale. गप्प हाँकनेवाला, छिछोर।

Black - ब्लॅक् - *adj.* dark-coloured, dirty, gloomy, wicked, dismal. काला (अँधेरा), गन्दा, मटमैला, दुष्ट, दुःखदायी;-*v. t.* to make black. काला करना (काली पालिश करना); **Black and blue** (livid.) पीटने से नीला-काला पड़ा हुआ; **Black and white** (written on paper.) पेंसिल या रोशनाई से लिखा हुआ या बना हुआ चित्र; **Black art** (magic.) जादू; **Blackbear** (object of fear.) भयप्रद पदार्थ; **Black board** (a board painted black, used to write on with chalk.) स्कूल के दर्जे का काला पट; **Black book** (list of suspicious persons.) शङ्काजनक पुरुषों की सूची; **Black death** (plague) प्लेग; **Black Maria.** कैदियों की गाड़ी; **Black mark** (mark of discredit.) धब्बा, कलंक; **Black market.** गुप्त रीति से सामग्री का बाजार, चोर बाजार; **Black marketeer.** चोर बाजारी से माल बेचनेवाला; **Black marketing.** चोर बाजारी; **Blackout.** हिफ़ाज़त के लिए शहर में अँधेरा करना; **Black sheep** (a person of bad character.) दुश्चरित्र मनुष्य, बदचलन आदमी, दुष्ट; **Blacksmith** (ironsmith.) लुहार।

Blacken-ब्लॅक्-ऍन्-*v. t.* to make black, to darken. काला करना।

Black-guard-ब्लॅक्'-गार्ड् - *n.* a scoundrel. दुराचारी, अधम; **Black looks** (hateful looks.) तिरस्कार की दृष्टि।

Blacking-ब्लॅक्'-इङ्ग्-*n.* a paste used for blacking shoes. जूता काला करने का लेप या मसाला।

Blackish-ब्लॅक्'-इश्-*adj.* somewhat dark or black. धुँधला, काला।

Blackmail-ब्लॅक्-मेल्-*n.* tribute paid to robbers for securing protection, hush-money. रक्षा के लिये डाकुओं को दिया हुआ उपहार, डरा धमका कर अवैध रूप से लिया गया पैसा।

Blackness-ब्लॅक्-नेस्-*n.* the quality of being black, darkness. कालापन।

Bladder-ब्लॅड्-डर्-*n.* membraneous bag containing urine, anything inflated, windbag, मूत्राशय (वस्ति), फूली हुई कोई वस्तु, हवा भरा हुआ पोला थैला।

Blade-ब्लेड्-*n.* leaf of grass, cutting part of a tool, flat part of an oar. घास की पत्ती, हथियारों का फ़ल, नाव के डाँड़े का चिपटा भाग।

Blain-ब्लेन्-*n.* an inflamed boil, a blister. व्रण, फफोला, छाला, फ़ोड़ा।

Blamable-ब्ले-मे - बल् - *adj.* deserving of blame. निन्दनीय; **Blamably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in a blamable manner. निन्दनीय ढंग से।

Blame-ब्लेम्-*v. t. & i.* to find fault with, to censure, to accuse. निन्दा करना, दोष लगाना, अपराधी ठहरना;-*n.* censure, fault. कलंक, दोष (अपराध); **Blameful** (-फुल्)-*adj.* deserving of blame. दोषयुक्त, अपराधी।

Blameless-ब्लेम्'-लेस् - *n.* innocent. निर्दोष, निष्कलंक; **Blamelessly** (-लेस्-लि)-*adv.* innocently. निष्कलंक रूप में; **Blamelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* innocence. अनिन्द्यता, दोष का अभाव, निर्दोषता।

Blameworthy-ब्लेम्'-वर्दि - *adj.* deserving censure. निन्दा के योग्य।

Blanch-ब्लांश्-*v. t. & i.* to make white by peeling. to grow pale with fear. छिलका उतारकर सफेद करना, भय से पीला पड़ जाना।

Bland-ब्लान्ड्-*adj.* gentle, polite, mild. नम्र, विनीत, मृदु (कोमल); **Bland in speech** (or gentle speech.) प्रियवादी; **Blandly** (-लि) -*adv.* in a gentle manner. विनीत भाव से; **Blandness** (-नेस्)-*n.* mildness. कोमलता

Blandish-ब्लॅन्ड्'-इश्-*v.t.* to flatter. मिथ्या प्रशंसा करना; **Blandishment** (-मेन्ट्) - *n.* flattery, soft speech. चाटूक्ति, चापलूसी, मीठे वचन।

Blandly-*adv.* see **Bland.**

Blandness-*n.* see **Bland.**

Blank-ब्लॅङ्क्-*adj.* not written upon, empty, void, white. लेख-रहित, रिक्त (छूँछा), सफ़ेद (कोरा);-*n.* an empty space, a ticket that wins no prize-*adj.* without meaning. रिक्त स्थान, बिना इनाम पाया हुआ टिकट, अर्थरहित; **Blank despair** (utter helplessness.) पूरी निराशा; **Blank verse** (rhymeless verse.) बिना अनुप्रास का छन्द; **To look blank** (to look

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

perplexed.) घबड़ाया हुआ देख पड़ना; **Blankly** (-लि) *-adv.* in a blank manner. शून्यता से।

Blanket-ब्लॅङ्क्'-इट्-*n.* a woollen sheet used for covering. कम्बल, धुस्सा, लोई; *-v. t.* to cover with a blanket. कम्बल से ढाँकना; **Wet blanket** (one who puts an end to conversation.) जो बात करना बन्द कर देता है।

Blare-ब्लॅअर् *-v. i.* to utter loudly. चिल्लाकर बोलना;*-n.* roar, a bellowing noise. चिल्लाहट, चिग्घाड़।

Blaspheme-ब्लॅस्'-फ़ीम् *-v. t.* to talk impiously. ईश्वर-निन्दा करना; **Blasphemer** (-अर्)-*n.* an impious person; **Blasphemous** (-फ़ी-मस्)-*adj.* containing profaneness. ईश्वर - निन्दक, पाखण्डी; **Blasphemously** (-अस्-लि) *-adv.* profanely. ईश्वर-निन्दारूप में; **Blasphemy** (-फ़ॅ-मि)-*n.* profane speaking, impious speech. ईश्वर-निन्दा।

Blast-ब्लास्ट्-*n.* a strong wind, sound of a wind instrument, explosive used in blasting, explosion. आँधी, बाजे का शब्द, बारूद, भभकन;*-v. t.* to blow up, to blight, to ruin. उड़ा देना, झुलसना, नाश करना।

Blatant-ब्ले'-टॅन्ट्-*adj.* vulgarly loud. जंगली की तरह कोलाहल करनेवाला।

Blatter-ब्लॅट्-टर्-*v. t.* to patter, to talk over much. बकझक करना।

Blaze-ब्ले'-ज़्-*n.* bright flame or fire, glow, white mark on cow's head, mark made on the bark of trees. प्रभा, चमक, गाय या घोड़े के माथे पर का टीका, वृक्ष की छाल पर खोदा हुआ चिह्न;*-v. t.* to burn with flame, to emit light, to proclaim. प्रज्वलित करना, भभकाना, घोषित करना; **Blaze of light** (glow of light.) किरणजाल; **Blazing** (-इङ्ग्) *-adj.* flaming. देदीप्यमान; **Blazing scent** (strong smell.) उग्र गन्ध; **To blaze abroad** (to spread news.) समाचार फैलाना।

Blazon-ब्ले'-ज़न्-*n.* coat of arms. कुल चिह्न युक्त ढाल या कवच या झंडा; *-v. t.* to display, to inscribe with arms. फैलाना, चिह्नों से विभूषित (अलंकृत) करना; **Blazonry** (-रि) *-n.* armorial bearing. युद्ध-चिह्न, कुल-चिह्न।

Bleach-ब्लीच् - *v. t.* to whiten. धोना, सफेद करना; **Bleacher** (-अर्)-*n.* धोबी, सफ़ेद करनेवाला।

Bleaching-ब्लीच्-इङ्ग्-*n.* the art of whitening cloth &c. वस्त्र इत्यादि सफेद करने की कला।

Bleak-ब्लीक्-*adj. & n.* bare, chilly, dreary, dull and cheerless, a small white river fish. खुला हुआ, अति शीत, रूखा, आनन्द-रहित, नदी की एक छोटी सफेद मछली।

Blear-ब्लिअर्-*v. t.* to make dull, to make dim sighted. मन्द करना, चौंधा देना।

Bleat-ब्लीट्-*v. i. & n.* to cry like a sheep, the cry of a sheep. मिमियाना, भेड़ी या बकरी का शब्द।

Bleb-ब्लॅब्-*n.* small blister or bubble on skin. फफोला।

Bleed-ब्लीड्-*v. t. & i.* (*p. t.* Bled.) to emit blood, to draw blood, to die by slaughter, to feel pity for. रक्त निकालना, रक्त बहाना, हत्या द्वारा मरना, तरस खाना; **Bleeding** (-इङ्ग्)-*n.* running of blood, haemorrhage. रुधिरस्राव।

Blemish-ब्लॅम्'-इश्-*n.* stain, flaw. दोष, कलंक; *-v. t.* to stain, to tarnish. मलिन करना, दूषित करना।

Blench-ब्लॅन्श्-*v. i.* to shrink or start aside, to flinch. चौंक उठना (आँखें बन्द करना), पराङ्मुख होना।

Blend-ब्लॅन्ड्-*v. t. & i.* to mix together, to mingle, to confound. मिलाना, मिलना;*-n.* a mixture. मिलावट।

Blent-ब्लॅन्ट्-*p. t. & p. p.* of Blend;*-adj.* mixed. मिश्रित।

Bless-ब्लॅस्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Blessed ब्लॅस्ड्, or Blest-ब्लॅस्ट्) to attribute blessings or good fortune to, to invoke God's favour upon, आशीर्वाद देना (मंगल करना), गुणगान करना; **God bless me!** (exclamation of surprise.) आश्चर्यसूचक अव्यय, या ईश्वर!

Blessed-ब्लॅस्'-ऍड्-*adj.* fortunate, prosperous, holy, happy.धन्य, भाग्यवान्, पवित्र, सुखी; **Blessedness** (-नॅस्) *-n.* happiness, enjoyment of God's favour. परम आनन्द, ईश्वर की कृपा।

Blessing-ब्लॅस्'-इङ्ग्-*n.* divine favour, gift of God. आशीर्वाद, ईश्वर की कृपा।

Blest-ब्लॅस्ट्-same as Blessed.

Blether (-Blather) ब्लॅद् (ब्लॅद्)-अर्-*v. i.* to talk nonsense. बड़बड़ (बकवाद) करना।

Blew-ब्लू-*p. t.* of Blow. बहा, उड़ा।

Blight-ब्लाइट्-*n.* a disease of plants, mildew rust. वनस्पति रोग, पाला, गेरुई; *-v. t.* make vain, to blast. विफल करना, पाला मारना।

Blimp-ब्लिम्प्-*n.* a kind of small airship. एक प्रकार का छोटा हवाई जहाज या वायुयान।

Blind-ब्लाइन्ड्-*adj.* without sight, without intelligence, heedless, inconsiderate, dark,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

obscure. अन्धा (नेत्रहीन), अज्ञान, लापरवाह, विचारहीन, अन्धकारमय, धोखे की टट्टी; -*n.* a window screen. झिलमिली (पर्दा); -*v. t.* to deprive of sight, to deceive, to darken. अन्धा करना, धोखा देना, अँधेरा करना; **Blind alley** (a lane unconnected with any road or street.) बन्द गली; **Blindborn** (born blind.) जन्मान्ध; **Blind door** (walled up door.) चुना हुआ दर्वाजा या द्वार; **Blind man's buff** (a kind of game.) आँखमुँदौवल का खेल; **Blind of one eye** (having one eye.) काना; **Blinded by rage** (deprived of judgement by anger.) क्रोधान्ध।

Blindage-ब्लाइन्ड्'-ऍज् - *n.* screen for troops. फ़ौज के लिए आच्छादन।

Blindfold-ब्लाइन्ड्' - फ़ोल्ड्'-*v. t.* to cover eyes with bandage so as not to see. आँखों पर पट्टी बाँधना।

Blindly-ब्लाइन्ड्'-लि-*adv.* in a manner as if blind, gropingly. टटोलते हुए।

Blindness-ब्लाइन्ड्' - नेस्-*n.* state of being blind, ignorance, a shade. अन्धता, अज्ञान, पर्दा।

Blinds-ब्लाइन्ड्स्-*n. pl.* a screen used in trenches for sheltering men. खाई में प्रयुक्त होनेवाला पर्दा।

Blink-ब्लिङ्क्-*v. t. & i.* to wink, to ignore. पलक मारना (आँखें छिपाना), तुच्छ समझना; -*n.* glance, glimmer, wink. झलक टिमटिमाहट, निर्मीलन।

Bliss-ब्लिस्-*n.* highest happiness or blessedness. परम सुख, धन्यता, मोक्ष; **Blissful** (full of bliss.) धन्य; **Blissfully** (-फुल्-लि) -*adv.* in a state of bliss. परम आनन्दपूर्वक।

Blister-ब्लिस्'-टर् -*n.* swelling on skin filled with serum. छाला, फफोला; -*v. t.* to raise a blister. फफोला पैदा करना।

Blithe-ब्लाइद्-*adj.* gay, joyous. प्रमुदित, प्रसन्नवदन; **Blithely** (-लि)-*adv.* in a blithe manner, merrily. प्रसन्नतापूर्वक; **Blithesome** (-सम्)-*adj.* merry cheerful. प्रफुल्लित, आनन्दमय।

Blizzard-ब्लिज़र्ड्-*n.* a blinding snow-storm. चौंधानेवाली बरफ़ की आँधी।

Bloat-ब्लोट्-*v. t. & i.* to inflate or swell, to puff out, to grow turgid. फुलाना, सूजना।

Blob-ब्लॉब्-*n.* a small round mass of wood or stone. काठ या पत्थर का गोल फूला हुआ भाग।

Blobber-lipped-ब्लॉब्-बर्-लिप्ड्-*adj.* having thick lips. मोटे लटकते ओठोंवाला।

Cane-केन्-*n.* a hollow reed or grass, a walking-stick. बेंत, बाँस की छड़ी; -*v. t.* to beat with a cane. बेंत से मारना; **Cane-apple** (mulberry.)-*n.* शहतूत; **Caning** (-इङ्ग्)-*n.* beating with a cane. बेंत की मार; **Cany** (-इ)-*adj.* full of canes, made of cane. बेंत की बनी हुई; **Sugar-cane**.-*n.* ईख, गन्ना।

Canicide-कॅन्-इ-साइड्-*n.* the killing of a dog. कुत्ते की हत्या।

Canine-केन्'-आइन्-*adj.* pertaining to or like a dog. कुत्ते का या कुत्ते के सदृश; **Canine teeth** (two sharp-pointed teeth in each jaw.) सुवा दाँत।

Canister-कॅन्'-इस्-टर्-*n.* a small box of metal. कनस्टर, टीन का पात्र।

Canker-कॅङ्क्-अर्-*n.* a disease of mouth, diseases of plants, corrupting influence. मुख का व्रण, फल नाश करनेवाला कीड़ा, कलंक; -*v. t.* to infect, to corrupt. दूषित करना; कलंकित करना, भ्रष्ट करना; **Cankered** (-अर्ड्)-*adj.* ill-natured. दुष्ट; **Cankerous** (-अस्)-*adj.* corroding like a canker. कीड़े की तरह खाता हुआ

Cannibal-कॅन्'-नि-बल्-*n.* & *adj.* a man who eats human flesh. मनुष्य का मांस खाने वाला नर (राक्षस), मनुष्य-भक्षी; **Cannibalism** (-इज़्म्)-*n.* murderous cruelty, practice of

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

eating human flesh. राक्षसपन, मनुष्य का मांस खाने का रिवाज।

Cannikin-कॅन्'-इक्-इन्-*n.* a small can or drinking-pot. धातु का छोटा पात्र।

Canniness-कॅन्' - नि-नेस् - *n.* shrewdness, gentleness. चतुराई, सीधापन।

Cannon-कॅन्-नन्-*n.* a big gun. तोप;-*v. i.* to come to collision. टक्कर खाना; **Cannon-ball** (ball thrown from a cannon.) तोप का गोला; **Cannon-clock** (cannon which is fired at noon by a convex lens.) मध्याह्न में उन्नतोदर ताल द्वारा गोला दागने की तोप।

Cannonade-कॅन्-नन्-एॅड्'-*n.* & *v. t.* continous gun-fire, to bombard. निरन्तर गोलों की वर्षा, निरन्तर गोला चलाना।

Cannot-कॅन्'-ऍट्-see-Can.

Cannula-कॅन्-न्यू-ला-*n.* a surgeon's metallic tube. धातु की जर्राही नली।

Cannular - कॅन्'-न्यू -लर्, **Cannulate** -लेट्-*adjs.* shaped like a tube, tubular. नली के आकार का।

Canny-कॅन्'-नि-*adj.* gentle, thrifty, shrewd. सीधा, मितव्ययी, चतुर; -*v. i.* to act cautiously. सावधानी से काम करना।

Canoe-कॅ-नू'-*n.* a narrow long boat. लम्बी सँकरी नाव, डोंगी; -*v. i.* to paddle a canoe. लत मारकर डोंगी चलाना।

Canon-कॅन्-ऍन्-*n.* a law or rule, a kind of type, church decree. विधि (नियम, व्यवस्था), एक प्रकार का टाइप, गिरजाघर की डिगरी।

Canonical-कॅन्-ऑन्-इक्-ऑल्-*adj.* appointed by law. नियमानुसार नियुक्त; **Canonical dress** (dress of a priest.) पादरी की पोशाक; **Canonically** (-ऑल्-लि)-*adv.* legally. विधिवत्।

Canonize-कॅन्'-ऑन्-आइज़्-*v. t.* to declare one as a saint. किसी को ऋषि घोषित करना।

Canopy-कॅन्'-ऍ-पि-*n.* a covering spread over a throne, bed or altar. चँदवा, आच्छादन; -*v. t.* (*p. t.* Canopied.) (to cover with a canopy. चँदवा बाँधना (छाया करना)।



Canopy.

Canorous- कॅन् - नोर्' - अस् - *adj.* melodious, tuneful. सुरीला, मीठे सुर का।

Cant-कॅन्ट्-*n.* a bevel or oblique face, tilted. movement, a jerk, peculiar language of a class, jargon, sale by auction. तिरछा कटाव, तिरछी गति, झटका, कल्पित शब्द (वाक्छल), कुभाषा, नीलाम द्वारा विक्री;-*v. t.* to turn over, to push, to sell by auction. उलटना, ढकेलना, नीलाम में बेचना; -*adj.* unreal, hypocrite, brisk, lively. असत्य, मायावी, फुर्तीला, तेज; [*Contr.* form of cannot.] cannot का छोटा रूप; **Cantphrase** (fashionable phraseology with no meaning.) निरर्थक शब्द-समूह, शब्दाडम्बर।

Cantab-कॅन्-टॅब्', **Cantabrigian** - कॅन् - टॅ-ब्रिज्-इ-अन्-*n.* & *adj.* (member) of Cambridge University. केम्ब्रिज विश्वविद्यालय का (सदस्य)।

Cantaloup-कॅन्-टॅ-लूप्-*n.* a kind of melon. एक प्रकार का खरबूजा।

Cantankerous-कॅन् - टॅङ्क्' - अर् - अस् *adj.* quarrelsome. झगड़ालू, लड़ाका।

Canteen-कॅन् - टीन्'-*n.* a soldier's water-vessel made of tin or wood, provision-shop in a camp. सिपाही का जल-पात्र, पल्टन का भोजनालय।

Canter-कॅन्ट्'-अर्-*n.* an easy gallop, a beggar. कदम चाल, भिखमङ्गा; - *v. t.* to move a horse at slow speed. घोड़े (या घुड़सवार) को कदम चाल से चलाना।

Cantharides-कॅन्-थॅर्-इ-डीज़् - *n. pl.* dried Spanish flies, causing blisters. फफोला पैदा करनेवाली सुखाई हुई स्पेन देश की एक प्रकार की मक्खियाँ।

Canticle-कॅन्-टि-कल् - *n.* a little song, a chant, a hymn. छोटा गीत, भजन।

Cantilever-कॅन्ट्'-इल्-ईव्-अर्-*n.* a bracket to support cornice, balcony. बरामदे का आधार, घोड़िया।

Canting - कॅन्ट्' - इङ्ग् - *adj.* hypocritical, whining. छली, कपटी।

Cantle-कॅन्'-टल्-*n.* a piece or slice cut off, hind part of a saddle. टुकड़ा, खण्ड, काठी का पिछला भाग।

Canto-कॅन्'-टो-*n.* (*pl.* Cantos.) division of a poem. कविता का खण्ड।

Canton-कॅन्-टॅन्-*n.* a small division of a country, a distinct state. किसी देश का छोटा विभाग, प्रदेश, भाग; -*v. t.* to divide into cantons. प्रदेशों में विभक्त करना।

Cantonment - कॅन् -टॅन्'-मॅन्ट - *n.* a lodging

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

assigned to troops (in India.) छावनी, सिकरौल।

Canvas- कॅन्'- वॅस् -*n.* a cloth of hemp or flax. टाट, किरमिच, तिरपाल; Under canvas (in a tent, with sails spread.) खेमे में, पाल फैलाये हुए।

Canvass- कॅन्'- वस्' - *v. t.* to examine, to discuss, to solicit votes. परीक्षा करना, शास्त्रार्थ करना, वोट के लिए सम्मति माँगना; Canvasser(- अर्) *n.* one who solicits votes. वोट माँगनेवाला।

Canyon- कॅन्'- यॉन्'-*n.* a deep gorge with stream. झरना, बहता हुआ पहाड़ी दर्रा।

Caoutchouc- काउ-शुक्'-*n.* raw rubber (India rubber.) कच्चा रबड़।

Cap- कॅप् -*n.* a head-dress, the top, cover, a wooden cup with two handles. टोपी, शिखर, ढकना, दो मुठियोंवाला लकड़ी का प्याला; -*v. t.* to put cap on, to confer a degree on, to complete. टोपी पहिनाना, उपाधि देना, पूर्ण करना; Cap in hand (in a polite manner.) विनीत भाव से; Capstone (top-stone.) सबसे ऊपर का पत्थर; Foolscap (the cap worn by a buffoon, size of paper 17×13½ inches.) मसखरे की टोपी, एक विशेष नाप का कागज; Steel cap (armour for head.) शिरस्त्राण; To set one's cap at (to attract.) मुग्ध करना।

Capability-के-पे-बिल्'-इट्-इ-*n.* capacity (*esp.* intellectual), undeveloped faculty. सामर्थ्य, शक्ति, योग्यता।

Capable- के'-पे-बल्-*adj.* qualified, gifted, able. गुण युक्त, समर्थ, योग्य, उचित; Capableness (-नेस्) -*n.* the quality of being capable. सामर्थ्य, योग्यता।

Capably-के'-पेब्-लि-*adv.* ably. योग्यता से।

Capacious-कॉ-पे-शस्- *adj.* roomy, spacious. विशाल (विपुल), लंबा-चौड़ा; Capaciousness (-नेस्) -*n.* the quality of being capacious. फैलाव।

Capacitate- कॉ-पॉस्- इट्-एट्-*v. t.* to qualify. गुणयुक्त करना।

Capacity-कॉ-पॉस्' -इट्- इ-*n.* holding power, cubic content, faculty, capability, ability, opportunity. समाई, घन-परिमाण, सामर्थ्य, योग्यता, अवसर।

Cap-a-pie - कॅप् -ॲ-पी- -*adv.* from head to foot सिर से पैर तक, नखशिख।

Caparison- कॉ-पॅर्'- इस्-ॲन-*n.* horse's trappings, equipment or outfit. घोड़े का ओहार, अलंकार, सामग्री; -*v. t.* to equip with trappings. अलंकार से भूषित करना।

Cape- केप् -*n.* short sleeveless cloak, promontory, a headland. बिना आस्तीन का लबादा, अन्तरीप।

Caper-के'- पर्-*n.* the flower-bud of a bush, a leap, a frolicsome movement, एक झाड़ी के फूल की कली, उछाल, कूद-फाँद; -*v. i.* to dance, to skip or jump about like a goat. नाचना, बकरी की भाँति कूदना, छलाँग मारना।

Capful-कॅप्-फुल्-*n.* a small quantity. थोड़ा परिमाण, अल्प मात्रा।

Capillarity- कॅप्-इल्- लॅर्'-इट्-इ-*n.* capillary attraction or repulsion. केशाकर्षणशक्ति।

Capillary-कॅप्-इल्-लॅ-रि-- *adj.* hair-like, thin as hair. केश के सदृश, बाल के समान सूक्ष्म; Capillary attraction. महीन नलियों द्वारा आकर्षण।

Capital - कॅप्' - इट् - अल् - the head of a pillar, principal thing, chief city in a state, a large letter (in Eng.), money invested in trade. खम्भे का मस्तक, प्रधान वस्तु, राजधानी, (अंग्रेजी वर्णमाला का) बड़ा अक्षर, मूलधन; -*adj.* pertaining to head, chief, principal, excellent. मस्तक सम्बन्धी, (मुख्य) प्रधान, उत्तम; Capital sentence (order for death.) मौत की सज़ा, मृत्युदण्ड; Capital value. मूलधन-मूल्य।


Capital

Capitalist-कॅप्'-इट्-ॲल्-इस्ट् -*n.* a rich man. साहूकार, महाजन; Capitalise (-आइज़्) -*v. t.* to convert into capital. मूलधन में परिणत करना।

Capitation- कॅप् -इट्- एं'-शन्-*n.* a number of every head, tax or fee per head. प्रत्येक व्यक्ति की गणना, व्यक्ति के अनुसार कर या शुल्क; Capitation tax-प्रतिव्यक्ति कर।

Capitulate-कॅ-पिट्' -यू-लेट्-*v. t.* to surrender on terms. किसी शर्त पर शत्रु के अधीन हो जाना; Capitulation (-ले'-शन्) -*n.* conditions to surrender. शत्रु के हाथ समर्पण होने की शर्त।

Capon-के'-पन्-*n.* a castrated male fowl, a fish, a letter. बधिया किया हुआ मुर्गा, मछली, पत्र; Caponize (-आइज़्) -*v. t.* to castrate a fowl. मुर्गे को बधिया करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0:In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri.

Capric-कीप्-रिक्-*adj.* obtained from butter or oil. मक्खन या तेल से निकाला हुआ।

Caprice-कीं-प्रीस्'-*n.* a fancy or freak. चपलता, मन की चञ्चलता।

Capricious- कीं- प्रिश्' - अस्-*adj.* inconstant, irregular. चपल, अस्थिर, अनियमित; **Capriciousness** (.-नेस्) -*n.* whimsicalness, inconstancy. चपलता, अस्थिरता।

Capricorn-कीप्' - रि - कॉर्न् -*n.* the tenth sign of the zodiac. मकर राशि।

Caprine-कीप्-रिन्-*adj.* of or like a goat. बकरे का या बकरे के समान।

Caprizant- कीं-प्रि- ज़ॉन्ट् - *adj.* leaping. कूदता हुआ।

Capsicum-कीप्'-सि-कम्-*n.* a kind of tropical plant. बड़ा लाल मिर्चा।

Capsize - कीप्' - साइज़्' - *v. t.* to upset, to overturn. उलट देना, उलटना।

Capstan - कीप्-स्टन् - *n.* a revolving barrel for winding cable. जहाज़ का पाल उठाने तथा रस्सा लपेटने का घुमौवा पहिया।


Capstan.

Capsular- कीप' - स्यूल् - अर् -*adj.* pertaining to capsule. बीजकोष-सम्बन्धी।

Capsule- कीप्' - स्यूल् -*n.* a membraneous sheath, a metallic top of bottle, seed-case. झिल्ली की पतली थैली, बोतल का धातु का ढपना (डट्टा), बीजकोष।

Captain-कीप्-टिन्-*n.* chief leader, commander of a ship. नायक, सेनापति (पोताध्यक्ष), कप्तान; -*v. t.* to be captain of, to lead. नायक बनना, मार्ग दिखलाना; **Captaincy** (-सि) -*n.* leadership. नायकत्व; **Captain General** (the supreme commander.) सबसे बड़ा सेनानायक; **Captainship** (- शिप्) -*n.* the post of a captain. कप्तान का पद।

Captation-कीप्'-टे'-शन्-*n.* appeal to popular feelings for obtaining applause. जनता को प्रसन्न करने का व्याख्यान।

Caption- कीप्'- शन्' -*n.* legal arrest. क़ानूनी गिरफ़्तारी।

Captious- कीप्' - शस्' - *adj.* critical, fault-finding, peevish. छिद्रान्वेषी, दोष ढूँढ़नेवाला; **Captiously** (-लि)-*adv.* in a captious manner. नुक्ताचीनी से; **Captiousness** (-नेस्) -*n.* fault-finding. विवादशीलता, नुक्ताचीनी।

Captivate- कीप-टिव्- ऐट् - *v. t.* to fascinate, to charm. मोहित करना, लुभाना; **Captivating** (-इङ्ग्)-*adj.* charming, fascinating. मनोहर, लुभानेवाला; **Captivation**(-ऐ'-शन्) -*n.* act of taking captive. दास बनाना।

Captive-कीप्'-टिव्-*adj.* & *n.* confined, kept in bondage, charmed, pertaining to captivity, a prisoner, a person or animal kept in confinement. बन्द, बन्दी बनाकर रखा गया, लुभाया गया, बन्धन से सम्बन्धित, बन्दी, कैदी, बन्धन में रखा गया व्यक्ति या पशु; **Captivity** (-टिव्' - इट् - इ) -*n.* confinement, subjection. बंधन, कारावास, कैद, अधीनता।

Captor- कीप्'- टॅर्-(*fem.* **Captress.**) -*n.* one who takes a captive or prize. बन्दी को पकड़नेवाला या इनाम लेनेवाला।

Capture - कीप्' - चर् -*n.* seizing, arrest, a prize. पकड़, गिरफ़्तारी, इनाम; -*v. t.* to take a prisoner, to arrest, to take as prize. पकड़ना, गिरफ़्तार करना, इनाम लेना।

Car-कार्-*n.* a wheeled vehicle, chariot. गाड़ी, छकड़ा, रथ; **Carman** (driver of a car.) गाड़ी हाँकनेवाला; **Motor-car.** मोटर गाड़ी; **Tram-car.** ट्राम गाड़ी।

Carack-कीर्'-ऑक्-*n.* a large ship of burden. बोझा ढोनेवाला बड़ा जहाज़।

Caracole-कीर्-ऑ-कोल्-*n.* the half turn of a horse. घोड़े की तिरछी चाल।

Carafe-कीं-राफ़्' -*n.* a glass water-bottle for table. शीशे की सुराही।

Carat-कीर् -अट् -*n.* a measure for precious stones which is about 3½ grains, measure of purity of gold (pure gold standard = 24 carats.) रत्नों के तौलने की नाप जो ३॥ ग्रेन होती है, सोने की शुद्धता की माप (बटर सोना २४ कैरट माना जाता है।)

Caravan - कीर्' -ऑ -व्हॅन् -*n.* a company of merchants or pilgrims. व्यापारियों या यात्रियों का समुदाय, काफिला, कारवाँ; **Caravansera** (- sary) -*ns.* resting-place for travelling merchants. सराय।

Caraway-कीर्' -ऑ-वे - *n.* a kind of spice, caraway-seed. अजमोदा।

Carbide-कार्'-बाइड्-*n.* a compound of carbon with other elements. दूसरे तत्त्वों के साथ कार्बन का यौगिक।

Carbine (*also* **Carabine.**)- कार्'- बाइन् -*n.* a short fire-arm. छोटी बन्दूक, कड़ाबीन

Carbolic- कार् - बॅलिक् -*n.* phenol, an anti-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

septic chemical. सड़ाहट या गन्दगी हटानेवाली एक दवा।

Carbon-कार्'-बन्-*n.* a non-metallic element. आलात द्रव्य, कोयला; **Carbon paper** (paper for taking copies.) एक कागज के लेख को दूसरे पर उतारनेवाला कागज; **Carbonaceous** (-एं'-शस्)-*adj.* composed of coal. कार्बन्-युक्त, कार्बन से बना हुआ; **Carbonize** (-आइज़)-*v. t.* to convert into carbon. कार्बन में परिणत करना या बदलना।

Carbonic-कार्-बॅनिक्-*adj.* pertaining to carbon. कार्बन सम्बन्धी।

Carboy-कार्'-बॉय्-*n.* a large globular glass bottle protected with wicker-work. करावा।

Carbuncle-कार्-बङ्-कुल्-*n.* ruby, a garnet, a malignant tumour. मानिक, विस्फोट, जहर-बाद; **Carbuncular** (-बङ्क्'-यू-लीर्)-*adj.* pertaining to carbuncle. जहरबाद का।

Carburate, Carburet-कार्'-ब्यूर्-ऍट्-*vs. t.* to combine an element with carbon. कार्बन से किसी तत्त्व को मिलाना।

Carburetter (or)-कार्'-ब्यू-रेट्'-टर्-*n.* the chamber in an oil-engine in which vapour is mixed with air. मिट्टी के तेल से चलनेवाले इञ्जन का वह बक्स जिसमें वाष्प वायु से मिलता है।

Carcase, Carcass-कार्-कॅस्, कार्'-कस्-*ns.* a dead body or corpse, worthless remains, a perforated bombshell. शव (लोथ, मुर्दा), निरर्थक पदार्थ, एक प्रकार का बम का गोला।

Card-कार्ड्-*v. t.* to cleanse wool or hemp. ऊन या पटुआ साफ करना, ऊन या रूई धुनना **Carding machine** (a machine for cleansing cotton, wool &c.) रूई या ऊन धुनने का यन्त्र।

Card-कार्ड्-*n.* a thick piece of stout paper used in playing, a piece of pasteboard. ताश, दफ़्ती; **House of cards** (insecure plan.) अरक्षित योजना; **To show one's cards** (to expose one's plans.) अपनी योजना को प्रत्यक्ष करना; **Admission card.** प्रवेशपत्र; **Card-sharper**-*n.* ताश के खेल में धूर्तता से जीतनेवाला; **Visiting Card.** भेंट करने का कार्ड; **Cardboard** (pasteboard)मोटा कागज, दफ़्ती।

Cardamom-कार्ड-मम्-*n.* an aromatic pungent spice. स्ला, इलायची।

Cardiac, (al)-कार्'-डि-ऑक्, (अल्)-*adjs.* pertaining to the heart. हृदय सम्बन्धी।

Cardialgia-कार्डि-ऑल्'-जि-ऑ-*n.* heart-burn. कलेजे का दाह।

Cardinal-कार्डिनल्-*n.* the chief of Roman Catholic Church. कैथोलिक धर्माध्यक्ष; -*adj.* fundamental, important. प्रधान(तत्त्व सम्बन्धी), मुख्य; **Cardinal number** (simple number.) गुणात्मक संख्या; **Cardinal points** (the four original points of the compass.) चार प्रधान दिशायें।

Cardiograph-कार्डि-ओ-ग्राफ़्-*n.* an instrument for registering the beats of pulse नाड़ी की धमक जानने का यन्त्र।

Care-केअर्-*n.* anxiety, heed or caution, protection, attention. चिन्ता, सावधानी, रक्षा, ध्यान;-*v. i.* to feel concern for, to provide food for, to feel regard for. चिन्तित होना, भोजन इत्यादि का प्रबन्ध करना, विचार करना; **Care of** (C/o.) द्वारा, बरमकान; **Careworn** (full of anxiety, troubled with care.) चिन्ताग्रस्त; **To take care of** (to take charge of.) सँभालना; **To care not a pin** (not to take care in the least.) लेश मात्र भी चिन्ता न करना।

Careen-की-रीन्'-*v.t.* to lay a ship on her side for repairing. मरम्मत करने के लिए जहाज को एक ओर झुकाना।

Career-की-रि-अर्'-*n.* course of life, way of making a livelihood, a race. चरित्र, जीवन-वृत्ति, घुड़दौड़;-*v. i.* to go swiftly. तेजी से जाना।

Careful-केअर्-फ़ुल्-*adj.* anxious, cautious. सचेत, सावधान; **Carefulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* cautiousness. सावधानी; **Carefully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* with caution. सावधानी से।

Careless-केअर्-लेस्-*adj.* heedless, thoughtless. असावधान, लापरवाह; **Carelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* heedlessness. असावधानी।

Caress-केअ-रेस्-*v. t.* to fondle, to embrace. लाड़ करना, आलिंगन करना;-*n.* a fondling touch. आलिंगन, दुलार; **Caressing** (-इङ्ग्)-*adj.* treating with affection. दुलार दिखलानेवाला।

Caret-कीर्-ऍट्-*n* a mark (∧) placed below a line to show that something is omitted छूटा हुआ शब्द दिखाने का यह (∧) चिह्न, काकपद।

Cargo-कार्-गो-*n.* freight of a ship, a ship's load. जहाज का भाड़ा, जहाज का भार।

Caricature-कीरिकेचर्-*n.* a grotesque representation of a person or thing. हास्यजनक चित्र;-*v. t.* to ridicule. हँसी उड़ाना; **Caricaturist** (-इस्ट्)-*n.* one who caricatures. ऐसा चित्र बनानेवाला।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Caries-केअर्-इ-ईज़्-*n.* decay of bones or teeth. हड्डियों या दाँतों का सड़ना।

Carious-केरि-अस् -*adj.* rotten, ulcerated. सड़ा हुआ, गलित।

Cark-कार्क्-*n.* care. चिन्ता;-*v. i.* to be careful. सचेत या सावधान होना।

Carking-कार्क्' - इङ्ग्-*adj.* distressing. कष्ट-कारक।

Carl-कार्ल्- *n.* a mean fellow, a rustic, a husbandman, a clown. नीच पुरुष, गँवार मनुष्य, किसान, खेतिहर, विदूषक, भाँड़।

Carline-कार्लिन् - *n. fem.* an old woman, a witch. बूढ़ी औरत, डाइन।

Carman-कार्'-मॅन्-*n.* a man who drives a cart. बैलगाड़ी हाँकनेवाला।

Carminative-कार्-मिन्'-ऍट्-इव्-*n. & adj.* curing flatulence. शरीर की वायु या वात विकार या बादी हटाने की दवा।

Carmine-कार्'-माइन-*n.* red-colouring matter. लाल रंग।

Carnage-कार्-निज्-*n.* great slaughter of men. संहार, हत्याकाण्ड।

Carnal-कार्-नल्'-*adj.* sensual, fleshy, worldly, not spiritual. विषयी, शारीरिक, सांसारिक; **Carnal pleasures** (sensual pleasures.) विषय-सुख; **Carnal desires** (sensual appetites.) विषय-वासना।

Carnality-कार्-नॅल्-इट्-इ-*n.* carnal state of mind. विषयासक्ति, कामुकता; **Carnally** (-लि) -*adv.* in a carnal manner. कामुक की तरह।

Carnation-कार्ने '-शन्-*n.* flesh-colour, rosy-pink colour. मांस का रंग, लोहित वर्ण।

Carnival-कार्नि-वल् - *n.* a riotous festival, revelry. आनन्द उत्सव।

Carnivora-कार्निवरा - *n. pl.* mammals that feed upon other's flesh. मांसभक्षी पशुओं की जाति; **Carnivore** (-वोर्)-*n.* flesh-eating animals. मांसाहारी पशु।

Carnivorous-कार्निवॅर्'-अस् - *adj.* feeding on flesh. मांसाहारी (पशु)।

Carol-कॅरॅल्'-*n.* joyous song. आनन्द का गीत, स्तोत्र;-*v. t.* to utter such songs. हर्ष के गीत गाना; **Caroller** (-अर्)-*n.* one who sings a joyous song. हर्ष के गीत गानेवाला।

Carousa-कॅ-राउज़्'-अल्-*n.* a noisy drinking-bout. मद्यपान का उत्सव।

Carouse-कॅ-राउज़्'-*v. t.* to drink deep. अधिक मदिरा पीना;-*n.* a drinking-bout. मद्यपान की मण्डली; **Carouser**(-अर्)-*n.* a reveller. मद्यपान करनेवाला।

Carp-कार्प्-*n.* a fresh-water fish. मीठे पानी की एक मछली;-*v. i.* to find fault. छिद्र खोजना, दोष निकालना।

Carpal-कार्-पल् - *adj.* pertaining to wrist. कलाई का।

Carpenter-कार्'- पॅन् - टर् - *n.* a worker in timber, a wood-worker. बढ़ई; **Carpentry** (-ट्रि)-*n.* working in wood. बढ़ईपन, बढ़ई का काम।

Carpet-कार्-पॅट्-*n.* a thick fabric for covering the floor. क़ालीन, गलीचा, दरी;-*v. t.* cover with a carpet. दरी बिछाना; **Carpet-bag** (a traveller's bag.) यात्री का झोला ; **Carpet-knight** (a soldier who stays at home.) घरेलू शूर; **On the carpet** (under discussion, under reproof.) विचाराधीन (विषय), निन्दित।

Carping-कार्प्'-इङ्ग्-*n.* cavilling, fault-finding. निन्दा, दोष निकालना।

Carpus-कार्-पस्-*n.* the bones that make up the wrist, the wrist. कलाई की हड्डियाँ, कलाई।

Carriage-कॅर्-रिज्-*n.* transport, bearing, deportment, wheeled vehicle, cost of conveying. परिवहन, गाड़ीभाड़ा, चौपहिया गाड़ी, पहुँचाने का किराया ; **Carriage-clock** (clock that can go in any position.) प्रत्येक स्थिति में चलनेवाली घड़ी ; **Carriage-stand** (place where carriages stand.) गाड़ियों के ठहरने का स्थान ; **Hackney-carriage** (carriage plied for hire.) भाड़े की गाड़ी।

Carriageable-कॅर्-रिज्' -ऍबल्-*adj.* able to be conveyed in carriages. गाड़ी में ले जाने योग्य।

Carrier-कॅर्'-रि-अर् -*n.* a person who plies for hire, part of a bicycle. किराया लेकर पहुँचानेवाला मनुष्य, बोझा ले जानेवाला, बाइसिकिल में बोझा ले जाने के लिए लगाया हुआ पटरा।

Carriole-कॅर् -रि-ओल्-*n.* a kind of small open carriage. छोटी खुली गाड़ी।

Carrion-कॅर्'-रि-ॲन्-*adj.* rotten, loathsome सड़ा हुआ, गन्दा;-*n.* dead putrefying flesh of an animal. सड़ा हुआ गन्दा मांस।

Carrot - कॅरॅट् - *n.* a plant with tapering red-coloured or yellow edible root. गाजर।

Carry-कॅर्-रि -*n.* range of gun, position of carrying. बन्दूक की गोली की पहुँच, ले जाने की स्थिति;-*v. t. & i.* (*p.t.* Carried.) to convey, to conduct, to extend, to transfer. ले जाना, मार्ग दिखलाना, बढ़ाना, बदलना ; **To carry away** (to remove.) हटा ले जाना; **To**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

carry fortress (to win fort, to capture.) किला जीतना; To carry forward (to carry accounts on another page.) हिसाब की रकम दूसरे पन्ने में ले जाना; To carry off (to remove.) हटाना; To carry on (to manage.) प्रबन्ध करना; To carry one's point (to possess.) ले लेना; To carry oneself (to behave.) आचरण करना; To carry out (to accomplish.) पूर्ण करना, आज्ञा पालन करना; To carry the hay (to be victorious.) विजयी होना; To carry through (to complete.) पूर्ण करना; To carry weight (to be influential.) प्रभावशाली होना; To carry with one (to remember.) स्मरण करना, याद करना।

Cart-कार्ट् - *n.* a two-wheeled vehicle for carrying goods. सग्गड़, छकड़ा; -*v.t.* to convey on a cart. छकड़े पर सामग्री ले जाना; Cartage. गाड़ी भाड़ा; Cartload (a large quantity of anything.) किसी पदार्थ का अधिक परिमाण; Cart-road (a rough road.) ऊँची-नीची सड़क; Cartwright (one who makes carts.) छकड़ा बनानेवाला; To put the cart before the horse (to reverse the order.) क्रम पलट देना।

Carte-de-visite-कार्ट-ड - विज़ीट् - *n.* a small photograph pasted on a card. कार्ड पर चिपकाया हुआ साढ़े तीन इञ्च लम्बा सवा दो इञ्च चौड़ा फोटो का चित्र।

Cartel-कार्टेल् - *n.* a written challenge to duel, an agreement for exchange of prisoners of war. द्वन्द्वयुद्ध करने के लिये ललकारनेवाला लिखित पत्र, युद्ध के कैदियों को बदलने का इकरारनामा।

Carter-कार्टर्-*n.* the man who drives a cart. गाड़ीवान्।

Cartilage-कार्टिलिज्-*n.* firm elastic tissue, gristle. कोमलास्थि, कड़ी लचीली हड्डी; Cartilaginous (ऍजिनस्) - *adj.* like a cartilage. कोमलास्थि के प्रकार का, लचीला।

Cartographer-कार्ट-ऑग्-रीफ़्-अर्-*n.* one who draws or makes maps. नकशा खींचने या बनानेवाला।

Cartography-कार्टो-ग्र-फि-*n.* map drawing. नक़शा खींचने की कला।

Carton-कार्टन्-*n.* a cardboard (paste-board) box for holding goods. सामान रखने का दफ़्ती का बक्स।

Cartoon-कार्टून्-*n.* a drawing on stout paper, comic illustration. मोटे पुष्ट कागज़ पर बना हुआ चित्र, हँसी उत्पन्न करनेवाला (हास्यकर) चित्र, व्यंग चित्र।

Cartouche-कार्टूश्-*n.* a case for holding cartridges. कारतूस रखने का बक्स।

Cartridge-कार्ट्रिज् - *n.* an explosive for firearms. कारतूस; Blank cartridge (empty cartridge.) बिना गोली की कारतूस; Cartridge-paper (a kind of stout drawing paper.) चित्र खींचने का पुष्ट कागज।

Caruncle-कॉर्'-रङ्-कल्-*n.* a kind of soft fleshy tumour. मांसग्रन्थि।

Carve-कार्व्-*v. t.* to cut, to cover, to adorn, to cut up meat, to sculpture. काटना, ढाँकना, सजाना, मांस काटना, मूर्ति बनाना; To carve out (to cut into parts.) विभाग करना; Carver (-अर्)-*n.* खोदकर मूर्ति बनानेवाला; Carvers (-अर्स्)-*n. pl.* carving knife. भोजन के समय प्रयुक्त होनेवाली छुरी।

Carving-कार्व्'-इङ्ग्-*n.* the act or art of cutting figures. नकाशी का कार्य या कला।

Cascade-कॉस्केड्'-*n.* a small waterfall. वारिप्रवाह, छोटा झरना।

Case-केस्-*n.* occurrence, position, condition, suit, (*gram.*) inflexion of nouns &c., box, outer covering, receptacle with compartments. घटना, स्थान, स्थिति, मुकदमा, (व्या०) संज्ञा के कारक, बक्स, बाहरी ढकना, गिलाफ़, खानेदार डिब्बा; If such be the case (if it happens.) यदि ऐसा हो; In any case (whatever may happen.) हर हालत में; In case if (lest.) ऐसा न हो कि, यदि; In case of (in the event of.) अवस्था में; In the present case (in existing circumstances.) प्रस्तुत विषय में; This being the case (in that circumstance.) ऐसा होते हुए; Upper case (English typecase for capital letters.) टाइप के बड़े अक्षर रखने का खाना।

Casein-के'-सि-इन्-*n.* the cheesy substance of milk. दूध में का ठोस भाग।

Casement-केस्-मेन्ट्-*n.* a hinged frame to hold windows. खिड़की का कब्जेदार पल्ला।

Caseous-के'-सि' - अस्-*adj.* having the qualities of cheese. पनीर के सदृश।

Cash-कॉश्-*n.* (*no plural*) ready money, species or bank notes. रोकड़, नगदी धन, कोष या बंक के नोट; Cash-book (account-book.) रोकड़ बही; Cash payment (payment in ready money.) नगद चुकौता; Cash price (ready money.) नगद दाम; Cash-register (an automatic machine that records the amount that is put into it.) एक यन्त्र जिसके द्वारा मुद्रा रक्खे जाने की संख्या का पता लगता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Cashier-कीश्'-इ-अर्-*n.* one who keeps accounts. रोकड़िया, खजाञ्ची; -*v. t.* to dismiss. नौकरी से हटाना।

Cashmere-कीश्'-मिअर्-*n.* fine woollen shawl. पशमीने का दुशाला।

Casing-केस्'-इङ्ग्-*n.* a covering. ढप्पन, ढकना।

Casino-की'-सी'-नो-*n.* a public music or dancing room. नाचघर।

Cask-कास्क्'-*n.* a wooden vessel for holding liquors. पीपा, कठवत।

Casket-कास्क्'-इट्-*n.* a small box used for keeping jewels, letter or cremated ashes. जवाहिरात, पत्र या शव की राख रखने का बक्स।

Casque-कास्क्'-*n.* a helmet. फ़ौजी टोपी।

Cassia-कीश्-या'-*n.* a coarser kind of cinnamon. मोटी दालचीनी; तेजपात।

Cassock-कीसॅक्-*n.* a long close tunic. गाउन के नीचे पहिनने का वस्त्र, गंजी।

Cast-कास्ट्-*n.* direction, a throw of dice, motion of the eye, guidance, chance. shape, mould, inclinatino. दिशा, पासे का फेंकना, आँख की चाल, निर्देश, अक्सर, आकृति, साँचा, रुचि, रुझान; -*v. t.* to throw, to fling, to give, to deposit, to mould, to calculate. फेंकना, देना, रखना, ढालना, गणना करना; **To cast a horoscope** (to prepare a horoscope.) जन्मपत्री बनाना; **To cast an eye** (to glance.) नजर डालना; **To cast aside** (to abandon.) त्याग देना; **To cast a spell** (to mystify.) जादू डालना; **To cast into prison** (to put into prison.) क़ैद करना; **To cast in one's teeth** (to upbraid.) गाली देना; **To cast lots** (to decide by lots.) चिट्ठी डालकर निर्णय करना; **With cast look** (with drooping eyes.) मुँह नीचा किये हुए; **To cast sloughs.** (सर्प का) केचुली छोड़ना।

Castaway-कास्ट्'-अ-वे-*n.* a ship-wrecked person. जहाज़ डूब जाने पर बचा हुआ मनुष्य; -*adj.* useless. निरर्थक।

Caste-कास्ट्-*n.* hereditary fixed class of society. वर्ण, जाति, कुल; **High caste** (high social status.) उच्च कुल; **Low caste** (low social status) हीन जाति; **Mixed caste** (hybrid.) वर्णसंकर, दोगला।

Castellan-कीस्-टॅल्-लॅन्-*n.* the governor of a castle. दुर्ग का अधिपति।

Castigate-कीस्-टिग्-ऍट्'-*v. t.* to chastise, to punish, to correct. ताड़ना देना, दण्ड देना; **Castigation** (-ए'-शन्)-*n.* chastisement. ताड़ना, दण्ड; **Castigator** (-ऍट्-अर्)-*n.* a chastiser. दण्ड देनेवाला।

Casting-कास्ट्'-इङ्ग्-*n.* a moulding. धातु को गलाकर ढलाई; **Casting vote** (the vote of a president in case the votes are equal.) बराबर राय होने पर निर्णय के लिये सभापति के निजी मत (वोट) का प्रयोग।

Cast-iron-कास्ट्'-आयरन्-*n.* iron melted and cast in moulds. कान्ती लोहा, ढला हुआ लोहा।

Castle-कीस्'-ल्-*n.* a stronghold, a piece in chess, a large ship of war. किला (गढ़, कोट), शतरञ्ज के खेल का हाथी, बड़ा जंगी जहाज़; -*v. t.* to enclose with a castle, to cover the king with a castle in chess. किलेबन्दी करना, (शतरञ्ज में) फ़ील को बादशाह के सामने लाकर शह देना; **To build castles in the air** (to form a visionary project.) हवा में पुल बाँधना, मन के लड्डू खाना।

Castor - कीस्ट्' - ऑर् -*n.* a substance obtained from beaver, condiment bottle, small wheel on legs of chair or table, an oil-seed. ऊदबिलाव से प्राप्त एक पदार्थ, मसालें की बोतल, कुरसी या टेबुल के पाये में लगा हुआ पहिया, रेंड़ी।


Castor.

Castor-oil-कीस्ट्'-ऑर्-ऑयल्-*n.* oil extracted from castor. रेंड़ी का तेल।

Castral-कीस्-ट्रल्-*adj.* pertaining or belonging to a camp. खेमे का।

Castrate-कीस्-ट्रेट्-*v. t.* to geld, to remove testicles. अण्डकोष निकाल देना, बधिया करना; **Castrated** (-ऍड्)-*adj.* gelded. बधिया किया हुआ; **Castration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* the act of castrating. पुंसत्व-हरण, बधिया करना।

Casual-कीज़्'-यू-अल्-*adj.* accidental, occasional, happening by chance, irregular, careless. आकस्मिक, सामयिक, अकस्मात् होनेवाला, नियमविरुद्ध, लापरवाह; **Casual labourer** (one who works periodically.) समय समय पर काम करनेवाला; **Casually** (-लि)-*adv.* accidentally. दैवयोग से; **Casualty** (-टि)-*n.* accident, mishap. दुर्घटना, आपत्ति; **Casualties** (-टीज़्)-*pl.* list of men killed or wounded. युद्ध में मरे हुए या घायल मनुष्यों की संख्या।

Casuist-कीज़्'-यू-इस्ट्-*n.* a sophist, a quibbler. धर्माधर्म-विचारक, प्रलाप।

Cat-कीट्-*n.* a small carnivorous domestic animal, a spiteful woman. मार्जार, बिड़ाल, बिल्ली, ईर्ष्यालु स्त्री; **Cat-burglar**-*n.* मकान पर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चढ़कर चोरी करनेवाला; Cat and dog life (quarrelsome life.) कलहपूर्ण जीवन; Cat's-eye (a kind of gem.) लहसुनिया (रत्न); See which away the cat jumps (see what comes next.) देखो अब क्या परिवर्तन होता है; To bell the cat (trying something impossible.) असम्भव को सम्भव करने का उद्योग; Tom-cat (male cat.) नर बिल्ली; To rain cats and dogs (to rain in heavy showers.) मूसलाधार वृष्टि होना; To turn cat in pan (to change sides.) रुख बदलना।

Cata-कॅट्'-ऑं-a *pref.* signifying 'back, against'. 'पीछे, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग।

Cataclysm-कॅट्'-ऑं-क्लिज़्म्-*n.* a great flood, deluge. प्रलय।

Catacomb-कॅट्'-ऑं-कोम् - *n.* a subterranean place for burying the dead, a wine-cellar, मुर्दा रखने का तहखाना, शराब रखने का तहखाना।

Catalepsy-कॅट्'-ऑं - लेप् - सि - *n.* a disease in which trances occur. अपस्मार, मिरगी रोग; **Cataleptic** (-लेप्ट्'-इक्)-*adj.* pertaining to catalepsy. अपस्मार रोग (मिरगी) सम्बन्धी।

Catalogue-कॅट्'-ऑं-लॉग्-*n.* an alphabetical list. वर्णक्रमानुसार सूचीपत्र; - *v. t.* to enumerate, to enter in a list. गणना करना, सूची में दर्ज करना।

Catamaran-कॅट्'-मॅं-ऑं-रॅन्-*n.* a raft or float of logs. लट्ठों का बेड़ा।

Cataplasm-कॅट्'-ऑं-प्लॅज़्म्-*n.* a poultice. फोड़े आदि पर बाँधने की पुलटिस।

Catapult-कॅट्'-ऑं-पल्ट्-*n.* a contrivance for discharging darts, stones &c. तीर, ढेला आदि को फेंकने का एक यन्त्र, ढेलबाँस।

Cataract-कॅट्'-ऑं-रॅक्ट्-*n.* a great fall of water, an eye-complaint. जल का बड़ा प्रपात, मोतियाबिन्द नामक आँख का रोग।

Catarrh-कॅट्-टार्' -*n.* inflammation of mucous membrane, cold. श्लेष्मा, सर्दी, जुकाम; **Catarrhal** (-अल्) - *adj.* pertaining to catarrh. कफ़ या जुकाम-सम्बन्धी।

Catastrophe-कॅट्-ऑस्ट्'-र-फ़ि-*n.* disastrous ruin. बड़ी आपत्ति, दुर्गति; **Catastrophic** (-रॉफ्'-इक्)-*adj.* pertaining to a sudden calamity. अकस्मात् आ जानेवाली विपत्ति संबंधी।

Catch-कॅच्-*v. t.&i.* to capture, to ensnare, to overtake, to take hold, to be entangled. पकड़ना, फँसाना, दौड़ाकर पकड़ लेना, फँसना; -*n.* act of seizing, advantage, deception, a door-latch. पकड़, सुविधा, छल, चटखनी (बिलैया); Catch me (surprise.) आश्चर्य! Catchpenny (a worthless thing.) भ्रष्ट पदार्थ; To catch ball (in a way that it may not touch earth.) पृथ्वी पर गिरे बिना गेंद को पकड़ लेना; To catch cold (to be affected with cold.) सर्दी लग जाना; To catch fire (to ignite, to be passionate or zealous.) आग लगना, कामुक होना, जोश से भर जाना; To catch a glimpse of (to have a momentary view of.) झलक पाना; To catch one's breath (to interrupt.) एकाएक रोकना; To catch red-handed (to catch hold of a person while committing a crime.) अपराध करते हुए पकड़ लेना: To catch train (to be in time for train.) रेलगाड़ी के समय से स्टेशन पर पहुँचना।

Catchable-कॅच्-ऍ-बल्-*adj.* able to be caught. पकड़ने योग्य; **Catcher** (-अर्)-*n.* one who catches. पकड़नेवाला।

Catching - कॅच्' - इङ्ग् - *adj.* infectious, charming. संक्रामक (रोग), आकर्षक।

Catch-word-कॅच्-वर्ड्-*n.* a word to catch attention, a cue. ध्यान आकर्षित करने के लिये (लिखे हुए) शब्द (जैसे इस कोश में पृष्ठ के ऊपर छपे हैं), नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द।

Catchy-कॅच्-इ-*adj.* attractive, deceptive. आकर्षक छलनेवाली।

Catechism-कॅटि'-किज़्म्-*n.* instruction by question and answer. प्रश्नोत्तर रूपमें शिक्षा; **Catechismal** (-अल्)-*adj.* pertaining to catechism. प्रश्नोत्तर-संम्बन्धी, प्रश्नोत्तर रूप का।

Catechize-कॅटि-काइज़्-*v. t.* to instruct by question and answer. प्रश्नोत्तर विधि से शिक्षा देने की प्रणाली।

Catechu-कॅट्'-इ-चू-*n.* a substance extracted from a certain bark. खदिरसार, कत्था, खैर।

Categorical-कॅटिगॅरिकल्-*adj.* absolute, explicit, positive, direct. पूर्ण, स्पष्टार्थ, नियत, सीधा; **Categorically** (-लि)-*adv.* in a categorical manner. स्पष्ट रूप से।

Category-कॅटिगरि-*n.* equal class or rank, definite notion. समान वर्ग, (श्रेणी, पद) निश्चित विचार।

Catenate-कॅटिनेट्-*v. t.* to connect like links. शृङ्खला (सिकड़ी) के समान बाँधना; **Catenation** (-ए'शन्) *n.* mutual connexion. परस्पर सम्बन्ध।

Cater-कॅ-टर् - *v. i.* to provide food or amusement. भोजन या मनोरंजन का प्रबंध करना; **Caterer** (-अर्)-*n.* भण्डारी; **Cater-cousin** (-कज़िन्)--*n.* a remote relation. दूर का सम्बन्ध।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Caterpillar-कैट्'-अर्-पिल्-लर्-*n.* the larva of a moth or insect, a rapacious person. कीड़ा, झिनगा, लोभी आदमी।

Caterpillar

Cates-केट्स्-*n.pl.* delicious food, dainties. स्वादिष्ट भोजन।

Catgut-कैट्'-गट् - *n.* twisted intestines of certain animals used as a string for instrument &c. ताँत, स्नायु।

Cathartic-कॅथार्टि-क् -*adj.* purgative. रेचक, दस्तावर (औषध)।

Cathedra-कॅथ्'-ड्रा-*n.* throne of a bishop, a professor's chair. पादरी का सिंहासन, प्राध्यापक का आसन।

Cathedral-कॅथ्' - ड्रल् - *n.* the principal church. बड़ा गिरजाघर।

Catherine-wheel-कॅथ्'-ऍर्-इन्- व्हील्-*n.* fire-work rotating like a wheel. आतिशबाजी की चरखी।

Catheter-कॅथ्-थिट्-अर्-*n.* a tubular instrument for passing into bladder. पेशाब कराने की सलाई।

Cathode-कॅथ्-ओड्-*n.* the negative pole of an electric battery. बिजली की धारा का जस्ते के डंडे से निकला हुआ ऋणात्मक छोर।

Catholic-कॅथ्-ऑ-लिक्-*adj.* universal, broad-minded, liberal, tolerant. सर्व साधारण, सार्वभौमिक, उदारचित्त, सहिष्णु ; **Catholicity** (-लिस्-इ-टि)-*n.* freedom from prejudice. निष्पक्षपात।

Catling-कैट्'-लिङ्ग्-*n.* a small cat, a surgeon's dismembering knife. छोटी बिल्ली, जर्राही छुरी।

Catoptric-कॅट्-ऑप-ट्रिक्-*adj.* pertaining to mirror or reflected image. दर्पण या प्रतिबिम्ब सम्बन्धी।

Cat's eye-कैट्स्' - आइ-*n.* an opalescent quartz. लहसुनिया रत्न।

Cattle-कैट्'-ट्ल्-*n.* livestock, beasts of pasture. गाय, बैल, चौपाया; **Cattle-keeper**-*n.* पशु-पालक; **Cattle-pound** (an enclosure for strayed animals.) काँजीहौस्।

Caudal-कॉड्'-अल्-*adj.* pertaining to or like tail. पूँछ का, पूँछ के सदृश।

Caudle-कॉड्'-ल्-*n.* warm gruel for invalids or for women in childbed. अछवानी, हरीरा, गर्भिणी का पथ्य।

Caught-कॉट्-*p. t. & p. p.* of Catch. पकड़ा।

Caul-कॉल्- *n.* the membrane enclosing foetus, a kind of cap: खेड़ी, टोपी।

Cauldron-कॉल्' - ड्रन्' - *n.* a large boiling vessel. कड़ाही, डेगची।

Cauliflower-कॉल्'-लि - फ्लावर् - *n.* cabbage with large fleshy flowerhead. फूलगोभी।

Cauliform-कॉल्'-इ-फ़ॉर्म् - *adj.* having the form of a stalk. डंठल के आकार का।

Caulk-कॉक्-*v. t.* to stop up seams of a ship. जहाज़ की झरी या दरार बन्द करना।

Causal-कॉ'-ज़ल् - *adj.* expressing cause. हेतुक, कारण बतलानेवाला।

Causality-कॉज़्'-ऑल्-इट्-इ-*n.* the agency of a cause, relation of cause and effect. कारणत्व, कारण और परिणाम का परस्पर सम्बन्ध।

Causation-कॉज़्-ए'-शन् - *n.* act of causing, relation between cause and effect. कारण उपस्थित करने का कार्य, कारण तथा परिणाम या कार्य का सम्बन्ध।

Causative-कॉज़े-टिव्-*adj.* expressing cause, productive of cause, (*gram.*) acting as cause. कारण सूचित करनेवाला, उत्पादक, व्याकरण में णिच् प्रयोग।

Cause-कॉज़्-*v.t.* to bring about, to produce. कोई कार्य कराना; -*n.* what produces an effect, ground, reason, motive for an action, lawsuit, occasion. कारण, हेतु, निमित्त, मूल (प्रयोजन), मुक़दमा, अवसर; **Cause of action.** वाद का कारण; **Cause list** (list of cases under decision.) विचाराधीन मुक़दमों की सूची; **Efficient cause** (cause which produces a thing.) मूल कारण; **Final cause** (the aim or purpose.) निमित्त; **First cause** (the Creator.); ब्रह्मा; **Formal cause** (definition.) परिभाषा; **Material cause** (cause out of which some matter is formed.) वह कारण जिससे कोई वस्तु पैदा होती है।

Causeless-कॉज़्'-लेस् -*adj.* without a cause. अकारण, निष्कारण; **Causelessly** (-लेस्'-लि)-*adv.* without reason. निष्प्रयोजन, बिना कारण के।

Causerie-कोज़्'-अ-री-*n.* a short informal essay in a newspaper. समाचारपत्रों में विनोद के लेख का कॉलम या स्तम्भ।

Causeway-कॉज़्'-वे-*n.* a raised road over water or through a marsh. बाँध, पुल; -*v. t.* to pave. फर्श लगाना, रास्ता बनाना।

Caustic-कॉस्ट्'-इक् - *adj.* burning, biting, corroding, sarcastic. जलानेवाली, काटनेवाली, ताना मारनेवाली।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Cauterisation-कॉ-टर्'-आइज़्-एं'-शन्-*n.* act of burning or searing. दागने की क्रिया।

Cauterise-कॉ-टर्'-आइज़्-*v. t.* to scar with hot iron. तपे लोहे से दागना।

Caution-कॉ'-शन्-*n.* prudence, warning, avoidance of rashness. दक्षता, सावधानी, चौकसी; **Caution money** (money which is paid as security.) जमानत का रुपया।

Cautionary-कॉ'शनरि-*adj.* given as a pledge. पण के रूप में दिया हुआ।

Cautious-कॉ'-शस्-*adj.* careful. सचेत,सावधान; **Cautiously** (-शस्'-लि) - *adv.* carefully. सावधानी से; **Cautiousness** (-शस्-नेस्) -*n.* watchfulness, prudence. सावधानी, दक्षता।

Cavalcade-कॉव्'-ऑल्-केड्'-*n.* a company of persons on horseback. घुड़सवारों की पंक्ति या बारात।

Cavalier-कॉव्'-ऑ-लिअर्' -*n.* a horseman, a gallant. अश्वारोही, घुड़सवार ; - *adj.* brave, haughty. वीर, अभिमानी।

Cavalry-कॉव्'-ऑल् - रि -*n.* horse-soldiers. अश्वारोही सेना, घुड़सवार लोग।

Cavation-कॉ-वे'-शन्-*n.* digging of earth for the foundation of a building. इमारत बनाने के लिये नींव खोदना।

Cave-केव्-*n.* an underground place in earth, a den. गुफा,कन्दरा,खोह;-*v. t.* to hollow out, to withdraw opposition, to submit. पोला करना, विरोध छोड़ देना, आत्म समर्पण करना।

Cavern-कॉव्' -अर्न् - *n.* an underground hollow. कन्दरा; **Caverned** (-इ) - *adj.* inhabiting a cavern. गुहा-निवासी; **Cavernous** (-अस्)-*adj.* full of caverns, hollow. गुहाओं से परिपूर्ण, खोखला।

Cavil-कॉव्'-इल् -*v. t.* to raise captious objection. झूठी निन्दा करना, दोष निकालना, झूठा झगड़ा करना; -*n.* a frivolous objection. झूठा आक्षेप।

Cavity-कॉव्'-इट्-इ-*n.* (*pl.* Cavities.) a hollow or empty space within a solid body. छेद, बिल, खोह।

Caw-कॉ-*n.* & *v. i.* the cry of a crow or raven, to cry like a rook. कौवे का शब्द, काँव-काँव करना।

Cayenne-के-येन्' -*n.* a very pungent red pepper. बहुत तीता लाल मिरचा।

Cease-सीस्-*v. i.* & *t.* to stop, to desist from, to come or bring to an end. रुकना, समाप्त होना या करना, रोकना; **To cease fire** (to stop firing.) बन्दूक चलाना बन्द करना।

Ceaseless-सीस्-लेस्-*adj.* continuous. निरन्तर, लगातार; **Ceaselessly** (-लेस्-लि)-*adv.* continuously. नित्य, निरन्तर; **Ceaselessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* continuity. नित्यता।

Ceasing-सीस्'-इङ्ग्-*n.* pause. रुकावट।

Cecity-सी-सिट्-इ-*n.* loss of sight, blindness. अन्धता, अन्धापन।

Cedar-सी'-डर्-*n.* a kind of tree. देवदार का वृक्ष; **Cedarn** -*adj.* made of cedar. देवदार की लकड़ी का बना हुआ।

Cede-सीड्-*v. t.* to give up, to submit, to yield, to surrender. परित्याग करना, वश में लाना, सौंपना, आत्मसमर्पण करना।

Ceil-सील्'-*v. t.* to cover the roof of a room. कमरे की ऊपरी छत बनाना।

Ceiling-सील्'-इङ्ग्-*n.* the inner roof of a house. घर की भीतरी छत।

Celebrate-सेल्-इ-ब्रेट् - *v. t.* to praise, to publish, to make famous, to perform religious ceremony. प्रशंसा करना, प्रचलित करना,प्रसिद्ध करना,उत्सव मनाना; **Celebrated** (-एड्) -*adj.* famous. प्रसिद्ध; **Celebration** (-ब्रे'-शन्)-*n.* कीर्तन, अनुष्ठान, प्रशंसा।

Celebrity-सि-लेब्'-रिट्-इ-*n.* fame, renown. कीर्ति, प्रसिद्धि, प्रशंसा, यश।

Celerity-सि-लेर्'-इट्-इ-*n.* speed, quickness. वेग (तीव्र गति), शीघ्रता।

Celeste-सि-लेस्ट्'-*adj.* sky-blue. आकाश के समान नीले रंग का।

Celestial-सि-लेस्ट्'-यॉल-*adj.* heavenly,divine, beautiful. दिव्य, स्वर्गीय, सुन्दर;-*n.* an inhabitant of heaven. स्वर्गवासी; **Celestial damsel** (a nymph.) अप्सरा, परी; **Celestial world** (heaven.) सुरलोक, स्वर्ग।

Celibacy-सेल्-इब्'-ऑस्-सि-*n.* unmarried life. अविवाहित जीवन, कुँआरापन, ब्रह्मचर्य।

Celibate-सेल्'-इब्-एट्-*n.*& *adj.*an unmarried person, unmarried. अविवाहित व्यक्ति, कुँवारा, ब्रह्मचारी।

Cell-सेल्-*n.* a small room in a monastery or prison, compartment in a bee's comb, an electrical apparatus, enclosed cavity in an organism, underground room. मठ या कैदखाने की कोठरी, मधुमक्खी के छत्ते में का खाना, बिजली उत्पन्न करने का यन्त्र, जीवित पदार्थ का सूक्ष्म भाग, कोशिका, तहखाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Cellar-सेलर्-*n.* an underground room. भूमि के भीतर का घर, तहखाना।

Cellular-सेल्'-ल्यू-लर् - *adj.* having small cavities. छोटे छिद्रवाला, जालीदार।

Celluloid-सेल्'-ल्यु - लॉइड्-*n.* an artificial substance like ivory. कचकड़ा।

Cellulose-सेल्' - ल्यु - लोस्-*adj.* containing cells. सेल (सूक्ष्म छिद्र) पूर्ण, कोशमय।

Cement-सि-मेन्ट्'-*n.* strong mortar of calcinated lime and clay, anything used for sticking things. सिलमिट, चिपकाने का पदार्थ; -*v. t.* to unite with cement. सिलमिट से जोड़ना, साटना; **Cementation** (-एं'-शन्) -*n.* the act of cementing. संयोग, जुटाव।

Cemetery-सेमिट्रि -*n* a place for burials. श्मशान, प्रेतभूमि, क़ब्रिस्तान।

Cenotaph-सेन्' - ओ - टॉफ्-*n.* a monument erected in memory of a person who is buried elsewhere. अन्य स्थान पर मरे हुए व्यक्ति के स्मरणार्थ स्तम्भ इत्यादि का निर्माण।

Cense-सेन्स्-*v. t.* to perfume with burning incense. धूप देना।

Censor-सेन्-सर्-*n.* a vessel in which incense is burnt. धूपदानी, धूपपात्र।

Censor-सेन्-सर्-*n.* a licensing officer, a harsh critic. दोष-निरीक्षक, गुण-दोष-विवेचक; -*v. t.* to exercise such control. ऐसा निरीक्षण करना।

Censorial-सेन्-सोर'-इ-यल्-*adj.* critical, full of censure. निरीक्षक सम्बन्धी, निन्दायुक्त।

Censorious-सेन्-सोर्'-इ-अस्-*adj.* fault-finding. दोष निकालनेवाला।

Censorship-सेन्-सर्'-शिप्-*n.* the office of a censor. लाइसेन्स देनेवाले का पद।

Censual-सेन्-सु - अल - *adj.* pertaining to census. मनुष्य-गणना सम्बन्धी।

Censurable-सेन्-शर्-ऍ-बूल्-*adj.* deserving of censure. निन्दनीय।

Censure-सेन् - शर् - *n.* expression of disapproval, reproof, reprimand. निन्दा, झिड़की, कलङ्क;-*v. t.* to blame, to reprove, to criticize. दोष लगाना, झिड़कना, निन्दा करना।

Census-सेन्'-सस्-*n.* an official numbering of population. जनगणना।

Cent-सेन्ट्-*n.* a hundred, a coin which is the hundredth part of a dollar. सौ, एक सिक्का; **Per cent** (rate by the hundred.) प्रति सैकड़ा।

Centaur-सेन्'-टॉर्-*n.* a mythological figure half-man and half-horse. एक पौराणिक प्राणी जिसका कमर से नीचे का भाग घोड़े का तथा ऊपरी भाग मनुष्य के समान माना जाता था।

Centenarian-सेण्टिनेरियन्-*n.* a man who is hundred years old. सौ वर्ष का वृद्ध पुरुष।

Centenary-सें-ण्टिन-रि-*n.* commemoration after one hundred years. शतवर्षीय समारोह, शतवार्षिकी, सौ सालाना जल्सा।

Centennial-सेन्ट्-ऍ - नि - यल् - *adj.* & n. occurring once in a hundred years, a hundredth anniversary. सौ वर्ष में एक बार आने या होनेवाला, सौवीं वर्षगाँठ।

Center-सेन्-टर्-*n.* a waist-belt. कमरबन्द, कमर की पेटी।

Centesimal-सेन्ट्-ऍस्-सिम्-अल्-*adj.* reckoned by hundredths. सौ सौ करके गिना हुआ; -*n.* hundredth part. सौवाँ हिस्सा।

Centigrade-सेन्ट्'-इ-ग्रेड्-*adj.* divided into a hundred degrees. सौ अंशों या भागों में विभाजित।

Centigramme-सेण्टिग्रॉम्-*n.* weight which is the hundredth part of a gramme. एक ग्राम का सौवाँ भाग।

Centillion-सेन्-टि-लियन्-*n.* the hundredth power of a million. एक अरब की संख्या—१,०००,०००,०००।

Centipede-सेन्ट्-इ-पीड् -*n.* a many-footed crawling insect. गोजर, कनखजूरा।

Centipede.

Central-सेण्ट्रल्- *adj.* leading, principal. मध्य, केन्द्रीय, प्रधान; **Central Intelligence Bureau.** केन्द्रीय गुप्त वार्ता विभाग; **Centralization** (-आइज़्-ऍ-शन्)-*n.* act of bringing to the centre. केन्द्रीकरण।

Centralize-सेण्ट्रल्-आइज़्-*v. t.* to draw to a centre. केन्द्र में करना।

Centre(Center) सेन्-टर्-*n.* the middle point, pivot, axis, source, organizer, leader. मध्य भाग, केन्द्र, धुरा, बीच, उद्गम, प्रचारक, नेता; -*v. t.* to place on a centre. केन्द्र पर रखना; **Centre bit** (a boring tool.) बरमे की डाँस; **Centre of attraction** (the point to which bodies tend by force of gravity.) आकर्षण-केन्द्र; **Centre-piece** (ornament for the middle of a table.) टेबुल के मध्यभाग की सजावट।

Centreless-सेन्-टर्-लेस्-*adj.* without centre. बिना मध्य या केन्द्र का।

Centrifugal-सेन्-ट्रिफ्'-यू-गॉल्-*adj.* tending to fly off from centre. केन्द्र से हट जानेवाली (प्रवृत्ति)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Centripetal-सेंण्ट्रिपिटल्-*adj.* tending towards centre (*opp.* of centrifugal). केन्द्र की ओर जानेवाली।

Centuple-सेंन्'-ट्यू-पल्-*n.* & *adj.* hundred-fold. सौगुना।

Century-सेंन्'-चु-रि-*n.* a hundred of something, one hundred successive years. सौ वर्ष, शताब्दी।

Cephalic-सेंफ़ैल्'-इक्-*adj.* pertaining to the head. मस्तक सम्बन्धी; -*n.* a medicine for headache. सरदर्द की दवा।

Ceramics-सेंरैम्-इक्स्-*n.* the art of pottery, objects made of clay. कुम्हारी विद्या, मिट्टी के पात्र।

Cerated-सीर्'-एट्-एड्-*adj.* covered with wax. मोम से ढँका हुआ।

Cereal-सिर्-इ-अल्-*adj.* of corn. अन्न सम्बन्धी। **Cereals**-*n. pl.* grains used as food. मनुष्य के खाने योग्य अन्न।

Cerebellum-सेंरि-बेंल्' - लम् - *n.* the little brain. छोटा मस्तिष्क (दिमाग)।

Cerebral-सेंर् - रि - ब्रल् - *adj.* pertaining to cerebrum. प्रधान मस्तिष्क सम्बन्धी।

Cerebration-सेंर्-रि-ब्रे'शन्-*n.* the action of cerebrum, working of the brain. प्रधान मस्तिष्क का कार्यक्रम।

Cerebrum-सेंरि-ब्रम्-*n.* the brain proper. मस्तिष्क का प्रधान भाग।

Ceremonial-सेंर्-रि-मोन्' -इ-अल् -*adj.* with ceremony or ritual, formal. विधिपूर्वक, शिष्टाचार सहित, दिखावा;-*n.* formality. रीति, विधि, चाल, शिष्टाचार, दिखाव।

Creremonious-सेंर्'-रि-मोन्'-इ-अस्-*adj.* according to prescribed form, punctilious. व्यावहारिक,अति सभ्य; **Ceremoniously** (-लि)-*adv.* with formality. शिष्टाचार (आदर) से; **Ceremoniousness** (-नि-अस्-नेंस्) -*n.* formality. शिष्टाचार, अति सौजन्य।

Ceremony-सेंरि-मनि -*n.* (*pl.* Ceremonies) a religious or solemn observance, formality. धार्मिक रीति, शिष्टाचार; **Occasional ceremony** (ordinary formality.) सामान्य शिष्टाचार; **Without ceremony** (without formality.) बिना शिष्टाचार के।

Ceres-सीर् -ईज़्-*n.* the Roman goddess of growth. रोम की उपज की देवी।

Cerography-सी- रॅ-ग्र - फ़ि -*n.* the art of engraving on wax. मोम पर खुदाई का काम करना।

Certain-सर्ट्न्-*adj.* settled, assured, reliable, sure, indisputable. स्थिर; निश्चित, विश्वस्त, अचूक, निर्विवाद; **A certain person** (any person.) कोई मनुष्य;**For certain** (certainly.) अवश्य, निश्चितरूप से।

Certainly-सर्ट्न्-लि-*adv.* confidently, admittedly. अवश्य, निःसन्देह

Certainty-सर्ट्न् - टि - *n.* undoubted fact, assurance. असंशय, निश्चय।

Certificate- सर्टिफ़िकेट् - *n.* testimony in writing, voucher, acquirement. प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र;-*v. t.* to give a certificate. प्रमाण पत्र देना।

Certifier-सर्'-टि-फ़ाइ'-अर्-*n.* one who certifies. प्रमाणित करनेवाला मनुष्य।

Certify-सर्'-टिफ़्-आइ -*v. t* (*p. t.* Certified) to attest formally, to assure. प्रमाण देना, प्रमाण सहित कहना।

Certiorari-सर्शि-ओ-रे-राइ-*n.* a writ to remove a case from the lower court to a high court. उत्प्रेषण-आदेश, छोटी अदालत से ऊँची अदालत में मुकदमा हटाने का आदेश।

Certitude-सर्' -टि-ट्यूड् - *n.* assurance, certainty. दृढ़ निश्चय।

Cerumen-सि-रू'-मेंन्-*n.* wax secreted by the ear. कान का खूँट।

Ceruse-सी-रूज़् - *n.* white lead, carbonate of lead. सफेदा।

Cervical-सर्-व्रा-इ-क्-अल् - *adj.* pertaining to the neck. ग्रीवा (गरदन) सम्बन्धी।

Cervine-सर्'-व्राइन -*adj.* relating to or like deer. हरिण के समान।

Cess-सेंस्-*n.* a local rate. उपकर, चुङ्गी; -*v. t.* to lay tax on. कर लगाना।

Cessation-सेंस्-सें'-शन् - *n.* ceasing, rest, pause. रुकावट (अवरोध), ठहराव।

Cession-सेंशन्-*n.* giving up, yielding. परित्याग, समर्पण।

Cesspool-सेंस् - पूल् - *n.* a well sunk for drainage. चहबच्चा, नाबदान।

Cestoid-सेंस्ट्'-ऑएड्-*n.* a ribbon-like worm. चिपटा केंचुआ।

Chafe-चेफ़्-*v. t.* & *i.* to rub, to irritate, to make angry, to fret. रगड़ना, रगड़ जाना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना, क्रुद्ध होना; -*n.* friction, state of irritation. रगड़, क्रोध।

Chaff-चाफ़्-*n.* & *v. t.* grain-husk, worthless stuff, to befool, to joke. भूसा (चोकर, छिलका),निरर्थक पदार्थ, मूर्ख बनाना,हँसी उड़ाना; **Caught with chaff** (one who is easily

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

deceived.) सहज में धोखा खानेवाला; **Chaff-cutter or chaff-engine.** भूसा काटने की कल; **Chaffy** (-इ) *-adj.* full of chaff. भूसा भरा हुआ।

Chaffer-चॉफ़-फ़र्-*v. i. & t.* to haggle about price, to bargain. मोल चाल करना, सौदा करना; **Chafferer** (-अर्) *-n.* one who makes a bargain. सौदा करनेवाला।

Chaffing-dish-चफ़ॅ'-इङ्ग्-डिश्-*n.* a vessel for cooking by burning coal. कोयले की अँगीठी पर पकाने की देगची।

Chagrin-शॉ-ग्रिन्'-*n.* vexation, acute disappointment. क्लेश, तीव्र निराशा;-*v. t.* to vex. खिजलाना, क्लेश देना।

Chain-चेंन्-*n.* a connected series of links, fetters, necklace, a length of 66 feet. जंजीर (शृङ्खला), सिकड़ी, बेड़ी या हथकड़ी, गले की सिकड़ी, ६६ फ़ीट की, नाप;-*v. t.* to connect to enslave. बाँधना, जकड़ना, दास बनाना; **Chain-armour** (armour made of iron chains.) लोहे की जंजीर का बना हुआ कवच; **Chain-stitch** (a simple method of sewing.) सामान्य सिलाई।

Chainless-चेंन्'-लेस्-*adj.* without chain, free. जंजीर रहित, स्वतन्त्र।

Chainlet-चेंन्'-लेट्-*n.* a small chain. छोटी जंजीर या सिकड़ी।

Chain-wheel-चेंन्'-ह्वील्-*n.* a toothed wheel on which a chain runs. दाँतेदार पहिया जिस पर जंजीर चलती हो।



Chainwheel.

Clapper-क्लॉप्'-पर्-*n.* one who claps, the tongue of a bell. ताली बजानेवाला, घण्टे का लटकन ।

Clapperclaw-क्लॉप्'-पर्-क्लॉ-*v. t.* to scratch and fight, to scold. बकोटना और लड़ना, बुरा भला कहना, झिड़कना ।

Claptrap-क्लॉप्'-ट्रॉप्-*n.* a language to catch applause or win favour. प्रसन्न करने के लिये शब्दों का प्रयोग ।

Clarence-क्लॉर्'न्स्-*n.* a four-wheeled closed carriage. चौपहिया बन्द गाड़ी ।

Claret-क्लॉर्-रेट्-*n.* a kind of French wine of light-red colour. एक प्रकार की फ्रान्स देश की लाल मदिरा ।

Clarification-*n.* स्पष्टीकरण ।

Clarify-क्लॉ-रि-फ़ाइ-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Clarified.) to make clear, to free from im-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

purities. शुद्ध करना (स्वच्छ करना), मैल हटाना ; **Clarification** (-फ़िकेशन्) *-n.* method of cleansing. मल साफ करने की विधि, स्पष्टीकरण।

Clarinet-क्लॅरिनेट् - *n.* (also Clarionet.) a wooden single reed musical instrument. शहनाई, अलगोजा।

Clarionet.

Clarity-क्लॅ-रिट्' - इ - *n.* purity, clearness. सफाई, स्वच्छता, शुद्धता।

Clash-क्लॅश्-*v. i. & t.* to make loud broken sound, to encounter, to conflict. टकराने का शब्द करना, झगड़ना, विरोध करना ; - *n.* encounter, disagreement. मुठभेड़, विरोध; **Clashing** (-इङ्ग्)-*adj.* opposing. विरोधी।

Clasp-क्लास्प्-*n.* a contrivance for fastening, embrace, reach. अँकुरा (बलकस), आलिङ्गन, पहुँच; -*v. t.* to fasten, to encircle, to embrace. बाँधना, लपेटना, आलिंगन करना; **To clasp hands** to shake hands.) हाथ मिलाना।

Class-क्लास्-*n.* a rank or order of society, a scientific division, a set of students taught together. वर्ग, श्रेणी या जाति, छात्र-समूह (कक्षा); -*v. t.* to place in a class. किसी श्रेणी या कक्षा में रखना; **Class-book** (book taught in a class.) कक्षा में पढ़ाई जानेवाली पुस्तक; **Class-fellow** -*n.* सहपाठी; **Of the same class.** एकवर्गी; **To take a class** to gain honours.) उत्तम श्रेणी में आना, प्रतिष्ठा प्राप्त करना।

Classic-क्लॅ-सिक्-*adj.* of the first class, of standard, excellence; प्रथम श्रेणी का, अत्युत्तम; **Classics** (-स्)-*n. pl.* classical studies. उच्च कोटि के ग्रन्थों का (अध्ययन); **Classical** (-अल्) -*adj.* of standard literature. उच्चकोटि के साहित्य का; **Classicalism** (-इज़्म्)-*n.* classical scholarship. शास्त्रीय पांडित्य; **Classicize** (-सि-साइज़्') -*v. t.* to imitate the classic style. उच्च कोटि की साहित्यिक रचना का अनुकरण करना।

Classifiable-क्लॅसिफ़ायेबॅल् - *adj.* capable of being classed or arranged in classes. वर्गीकरण के योग्य।

Classification-क्लॅसिफ़िकेशन् - *n.* arrangement into classes. वर्गीकरण, श्रेणीविभाजन।

Classify-क्लॅस्-इफ़्-आइ-*v. t.* (*p. t.* Classified.) to arrange in classes. क्रमबद्ध करना, श्रेणी में रखना।

Clatter-क्लॅटर्-*v. i. & t.* to make a confused rattling sound, to talk fast and idly. झनझनाना, बकबक करना;-*n.* a noisy talk. बकबक; **To clatter down** (to fall with a clattering noise.) धड़धड़ाकर गिर पड़ना।

Clatterer-क्लॅटरर् - *n.* a babbler बड़बड़िया, बकवादी।

Clause-क्लॉज़् - *n.* subordinate sentence, a single act or article in law. (पद) उपवाक्य, कानून की धारा।

Clavate-क्लॅ-वेट्-*adj.* shaped like a club. मुद्गर की आकृति का।

Clavicle-क्लॅव्'-इ - कुल्-*n.* the collar bone. हँसुली, हँसिया।

Clavicular-क्लॅ-विं-क्यूलर्-*adj.* pertaining to the collar-bone. हँसिया का।

Claviform-क्लॅव्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* of the orm of a club. गदा के आकार का।

Claw-क्लॉ-*n.* the thorny nail of a beast. नख, चङ्गुल, पञ्जा;-*v. t.* to scratch or seize by claw. पञ्जे से खरोंचना या पकड़ना; **Clawback** -*n.* (a flatterer.) चापलूस; **Claw-hammer** (a hammer used to draw out nails.) काँटी निकालने का हथौड़ा (जमूरा)।

Clay-क्लें-*n.* tenacious earth, human body. मिट्टी, कीचड़, भौतिक देह; **Clayey** (-ई) -*adj.* consisting of or like clay. मिट्टीदार, मिट्टी के समान; **Claypipe** (a tobacco-pipe of clay.) हुक्का, गौरैया।

Claymore - क्लें'-मोर्-*n.* a two-edged broad sword. दोधारी चौड़ी तलवार।

Clean-क्लीन्-*adj.* free from dirt or blemish, clear, pure, guiltless, holy. निर्मल, निष्कलङ्क, स्वच्छ, शुद्ध, निर्दोष, पवित्र;-*adv.* quite, entirely. बिलकुल, पूर्णरूप से ;-*v. t.* to purify, to cleanse. पवित्र करना, शुद्ध करना, साफ करना ; **Clean-fingered** (without taking bribe.) बिना घूस लिये; **Cleanhanded** (innocent.) निर्दोष ; **To clean out** (to vacate.) खाली करना; **To show a clean pair of heels** (to run away quickly.) सरपट भागना; **Cleanable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be cleansed. शुद्ध करने योग्य ; **Cleaner** (-अर्)-*n.* one who cleans. साफ करनेवाला; **Cleaning** (-इङ्ग्) - *n.* the act of making clean. शोधन, सफाई का काम; **Cleanly** (-लि)-*adj.* habitually clean. स्वभावतः स्वच्छ; **Cleanly** (-लि)-*adv.* in a clean way. शुद्धता से, सफाई से।

Cleanse-क्लीन्ज़्-*v t.* to make clean, to purify. शुद्ध करना (निर्मल करना), साफ करना, पवित्र करना ; **Cleanser** (-अर्) - *n.* one who cleanses, a detergent. शोधक, शुद्ध करनेवाला पदार्थ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Clear-क्लिअर्-*adj. & adv.* unclouded, bright, lustrous, distinct, intelligible, manifest, decided, free, unobstructed, sharply, intelligent, quite. मेघहीन, चमकीला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, उज्ज्वल, निश्चित, मुक्त, अवरोध-रहित, तीक्ष्ण बुद्धिवाला, निःसन्देह (बिलकुल); -*v. t. & i.* to make bright, to remove, to free, to become clear. चमकाना, हटाना, मुक्त करना, स्पष्ट होना; **Clearcut** (clearly outlined.) साफ सुथरा बना हुआ; **Clear from debt** (free from debt.) ऋणमुक्त; **The road is clear** (there is no one on the road.) सड़क पर कोई नहीं है; **To clear away** (to remove.) हटाना **To clear land** (to cut down trees.) जमीन पर के पेड़ काट देना; **To clear one's throat** (*i. e.* by coughing) खाँसकर गला साफ करना; **To clear out** (to vacate, to empty.) खाली करना; **To clear up** (to purify, to put things tidy.) स्वच्छ करना, शुद्ध करना, सजाना।

Clearance-क्लिअरेन्स्-*n.* making clear, removal of obstruction, a certificate of clearing a ship at the customs house. सफाई, रुकावट हटाना, जहाज खाली होने का प्रमाणपत्र; **Clearing**(-इङ्ग्)-*n.* act of making clear, a piece of land cleared of trees for cultivation, a method of changing cheques & drafts in a bank. सफाई का काम, पेड़ काटकर खेती के लिए साफ की गई भूमि, चेकों और हुण्डियों का बैंक में लेन-देन का भुगतान; **Clearness** (-नेस्)-*n.* brightness. निर्मलता, शुद्धता।

Cleat-क्लीट्-*n.* a wedge or piece of wood for fastening. फन्नी, डट्टा।

Cleavable- क्लीव्ह्'-बल् - *adj.* that may be broken up, divided or split. अलगाने या काटने योग्य।

Cleave-क्लीव्-*v. t.* (*p. t.* Clove or Cleft. *p. p.* Cloven or Cleft.) to split, to break, to chop. फाड़ना, तोड़ना, चीरना; -*v. i.* to stick fast. चिपकना।

Cleft-क्लेफ्ट् -*n.* a fissure, a crack, a split. फाँक, फटन, दरार।

Clemency-क्लेम्'-एन् - सि' -*n.* mildness of temper. नम्रता, सरलता; **Clement**-क्लम्'-ऍन्ट् -*adj.* mild. नम्र, सरल, कोमल।

Clench- क्लेंञ्, **Clinch**-क्लिन्च्-*v. t.* to close tightly, to grasp firmly. मुट्ठी बाँधना, कसकर पकड़ना (जकड़ना)।

Clergy-क्लर्'-जि - *n.* the clerical order, the ministers of Gospel. पादरी लोग; **Clergyman**-*n.* (a man in holy orders.) धर्मशासक, पादरी।

Clerical-क्लेरिकल्-*adj.* pertaining to a clergy, pertaining to a writer or transcriber. पादरियों का, लेखक-संबंधी।

Clerk-क्लार्क् - *n.* an officer in charge of records, a secretary, a scribe. लेखक, मुन्शी, दफ्तर का बाबू; **Clerkship** (-शिप्)-*n.* office or situation of a clerk. लेखक या मुन्शी का पद।

Clever-क्लेव्'-अर्-*adj.* (*comp.* Cleverer, *sup.* Cleverest.) dexterous, skilful, ingenious. चतुर, कुशल, प्रवीण; **Cleverly** (-लि) - *adv.* dexterously, skilfully. कुशलता से, प्रवीणता से; **Cleverness** (-नेस्) -*n.* skill, dexterity. निपुणता, चतुराई।

Clew - क्लू - *n.* a ball of thread or yarn, the corner of a sail. डोरे की रील या गोली, पाल का कोना; -*v. t.* to coil up into a ball, to tie up a sail to the yard. डोरे की गोली बनाना, पाल को बल्ले में बाँधना।

Click-क्लिक् - *n.* a catch in machinery, a sharp short sound. खटका, चटखनी, खटके का शब्द; -*v. i.* to make a slight sharp sound, to tick. खटके या चटचटाहट का शब्द करना।

Client - क्लाइ'-ऍन्ट् - *n.* the employer of a lawyer, a customer. मोवक्किल, ग्राहक।

Cliff-क्लिफ् - *n.* a steep rock. चट्टान; **Cliffman** (one who climbs a cliff.) पहाड़ पर चढ़नेवाला मनुष्य; **Cliffy** (-इ) - *adj.* full of cliffs, steep. चट्टानों से पूर्ण, खड़ी ढालवाला।

Climate-क्लाइ'- मेट्-*n.* the condition of a region as regards temperature, dryness, wind &c. जलवायु, ऋतु; **Climatical** (-मेट्-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to climate. जलवायु संबंधी; **Climatize** (-आइज़्) -*v. t.* to inure to a new climate. किसी स्थान की जलवायु का अभ्यास कराना।

Climatology-क्लाइ-मे-टॅ-लॅ-जि-*n.* the science of climates, meteorology. जलवायु सम्बन्धी विद्या।

Climax-क्लाइ'-मॅक्स् - *n.* culmination, apex, ascending series of ideas. उत्कर्ष, शिखर, चढ़ाव, विचार की उत्तरोत्तर वृद्धि।

Climb-क्लाइम्ब्-*v. t.* to ascend, to mount. चढ़ना, ऊपर जाना; **To climb down** (to descend.) उतरना; **Climbable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be climbed. चढ़ने योग्य; **Climber** (-अर्) -*n.* one who climbs, a creeper. चढ़नेवाला, लता।

Clime-क्लाइम् - *n.* a tract or region of a country, climate. प्रदेश, देश, जलवायु।

Clinch-क्लिन्च्-see **Clench.**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Clincher-क्लिन्च्-अर् -*n.* remark, argument. आक्षेप, वाद-विवाद।

Cling-क्लिङ्ग्-*v. i.* (*p. t. & p. p.* Clung-क्लङ्ग्) to stick, to adhere to, to remain faithful to. चिपकना, लगना, वफ़ादार रहना।

Clingy-क्लिङ्गि-*adj.* adhesive. चिपचिपा।

Clinic-क्लिन्'-इक् -*n.* medical and surgical instruction at bed side. रोगी की शय्या के पास जाकर दी गई वैद्यक की शिक्षा; **Clinical** (-अल्) -*adj.* of the sick-bed. शय्याग्रस्त रोगी सम्बंधी; **Clinical-thermometer** (a thermometer for taking temperature of the body.) रोगी के शरीर का तापमान लेने का यन्त्र; **Clinically** (-अल्-लि)-*adv.* by the bed-side. रोगी के बिस्तर के समीप।

Clink-क्लिङ्क्-*n.* a sharp ringing sound, a prison. झन्झन् शब्द, कारागृह; -*v. t.* to cause to jingle. झनझनाना।

Clip-क्लिप् *n.* the wool of a season's sheep, shearing, a device for gripping or clasping or holding things together. भेड़ के कटे हुये बाल, बाल की कटाई या छँटाई, पकड़ने या चिपकाने या चीजों को दबा रखने का साधन; -*v. t.* (*p. t.* Clipped) to cut with shears or scissors, to trim, to embrace, to encircle, to hold firmly. काटना, कतरना, छाँटना, कलम करना, गले लगाना, घेरना, कसकर पकड़ना; **To clip one's wings** (to put a check on one's ambitious plans.) अभिलाषा पूर्ण होने में बाधा डालना; **Clipper** (-पर्)-*n.* one who or that which clips, a kind of boat, a small ship. बाल काटने की कैंची, छोटी नाव; **Clipping** (-पिङ्ग्) -*n.* a piece separated by cuttings. कतरन।

Clique-क्लिक्-*n.* a small exclusive party or action, a gang. दल, विरोधी पक्षवालों की मण्डली।

Cloak-क्लोक्-*n.* a loose upper garment, pretext. अँगरखा, बहाना; -*v. i.* to put on cloak. अँगरखा पहिनना।

Clock-क्लॉक्-*n.* a time-measuring instrument, an ornamental silk embroidery work on the upper border of a stocking. घड़ी (धरमघड़ी); मोजे के ऊपरी किनारे पर रेशमी कढ़ाई का सुन्दर काम; **Clock-maker** (one who makes or repairs clocks.) घड़ीसाज़; **Clock-tower**-*n.* (a tower with a big clock set on its top.) घण्टाघर; **Clockwise**-*adv.* (in a way the hands of a clock revolve.) बाईं से दाहिनी ओर जाते हुए; **Like a clock-work** (like a machine, systematically.) नियम से, यंत्र की तरह।

Clod-क्लॉड्-*n.* a lump of earth, a lout. मिट्टी का ढोंका, मूर्ख; **Cloddish** (-इश्)-*adj.* stupid. मूर्ख; **Cloddy** (-डि)-*adj.* earthly, gross. मिट्टी का, भद्दा।

Clog-क्लॉग्-*n.* an impediment, a wooden-soled shoe. विघ्न, लकड़ी की एँड़ी का जूता; -*v. t.* (*p. t.* Clogged.) to burden, to impede, to obstruct. बोझ रखना, रोकना; **Clogginess** (the state of being cloggy.) चिपचिपाहट; **Cloggy** (-गि) -*adj.* knotty, sticky. गठीला, चिपचिपा, लसलसा।

Cloister-क्लॉयस्ट्-अर्-*n.* a convent, a monastery, a covered walk, a nunnery. मठ, विहार (आश्रम), वृक्षों से ढका हुआ मार्ग; संन्यासिनियों का आश्रम; **Cloistered** (-अर्ड्)-*adj.* dwelling in cloisters. मठ-वासी।

Close-क्लोज़्-*n.* conclusion, end. परिणाम, अन्त; -*v. t.* to shut, to end, to fill up, to unite, to bring nearer. बन्द करना, समाप्त करना, भरना, जोड़ना, समीप लाना; -*adj.* & *adv.* shut up, confined, narrow, covered, near, secretly, densely. बन्द, सीमित, संकुचित, ढका हुआ, पास, गुप्त, घना; **Close examination** (minute examination.) सूक्ष्म परीक्षा; **Close grained** (compact.) ठस बिना हुआ; **Close handed** -*adj.* stingy. कंजूस; **To come in close quarters** (to come in direct contact with an enemy.) शत्रु के अति समीप पहुँच जाना; **Close of day** (evening.) सन्ध्या; **To close in** (to come near.) पास आना; **To close one's days** (to die.) मर जाना; **To close up** (to stop the current of electricity.) बिजली की धारा बन्द करना।

Closely-क्लोज़्'-लि-*adv.* secretly, attentively गुप्त रूप से, ध्यान लगाकर।

Closeness-क्लोज़्-नेस्-*n.* the quality of being close. छिपाव, समीपता।

Closet-क्लॉज़िट्-*n.* a private or small room. गुप्त कोठरी, छोटा कमरा; -*v. t.* to hold private cosultation, to conceal. गुप्त वार्ता करना, छिपाना।

Closure-क्लो' -ज़र् -*n.* act of closing, the stopping of debate by vote. बन्द करने का कार्य, मत द्वारा किसी विषय को बहस को बन्द करना।

Clot-क्लॉट्-*n.* a semi-solid lump. थक्का, पिण्ड, ढोंका; -*v.i.* to form into clots. पिंड बन जाना, थक्का होना; **Clot of hair** (locks of hair. जटा; **Clotted** (-टेड्)-*adj.* coagulated. घनीभूत

Cloth-क्लॉथ्-*n.* (*pl.* Cloths-क्लाथ्स्) woven stuffs. भिन्न प्रकार के वस्त्र; a woven stuff

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

used for dress. कपड़ा, वस्त्र; To lay the cloth (to prepare for feast.) भोज की तैयारी करना।

Clothe-क्लोद्-*v. t.* (*p. t.* Clothed or Clad) to furnish with clothes, to cover. वस्त्र-पहिनाना, ढाँकना; **Clothes** (-क्लोद्ज़्) -*n. pl.* articles of dress. पहिनने के वस्त्र, पोशाक; **Clothier** (यर्) -*n.* a dealer in clothes. वस्त्र-विक्रेता, बजाज; **Clothing** (-इङ्ग्) -*n.* garmento, dress. वस्त्र, परिधान।

Clotted-*adj.* coagulated. घनीभूत।

Cloud-क्लाउड्-*n.* condensed visible watery vapour. मेघ, बादल, घटा;-*v. t. & i.* to overspread, to darken, to become gloomy. ढाँकना, अँधेरा करना, उदास होना; **Clouded** (-ऍड्) -*adj.* gloomy, hidden by clouds. धुँधला, बादलों में छिपा हुआ; **Cloudless**(-लेस्) -*adj.* clear. बिना बादल का, स्वच्छ; **Cloudy** (-डि) -*adj.* overcast with clouds, obscure. मेघाच्छन्न, अस्पष्ट; In the clouds (out of sight, false.) अदृश्य, मिथ्या।

Clough-क्लफ्-*n.* a ravine. कन्दरा, गुफा।

Clout-क्लाउट्-*n.* a piece of cloth or leather for mending, a rag, an iron plate, nails for shoe soles, centre of target, a knock. मरम्मत करने के लिए चिथड़ा या चमड़े का टुकड़ा, पेवन, लोहे का पत्तर, जूते के तलों में लगाये जानेवाले काँटे, लक्ष्य का केन्द्र, धक्का; -*v. t.* to patch, protect with iron nails or plate, to knock or hit. पेवन लगाना, लोहे की कीलें या पत्तर लगाकर रक्षा करना, धक्का देना या मारना।

Clove, Cloven-see Cleave.

Clove-क्लव्-*n.* a kind of pungent, aromatic spice. लवङ्ग।

Clover-क्लो'-वर्-*n.* a kind of grass. तिनपतिया घास; To live in clover (to be in luxury.) ऐश्वर्य मे रहना।

Clown-क्लाउन्-*n.* a rustic, an ill-bred person, a buffoon. गवार; असभ्यजन, भाँड़, मसखरा; **Clownish** (-इश्) -*adj.* rustic, ill-bred बेढङ्गा, गँवार; **Clownishly** (-लि) -*adv.* in a clownish manner. गँवारपन से।

Cloy-क्लॉय्-*v. t. & i.* to overfeed, to disgust, to weary, to cause distaste, to become distasteful owing to excess. अति अधिक खिलाना, घृणा पैदा कर देना, थकाना, अरुचि पैदा करना, अधिकता के कारण अरुचिकर हो जाना।

Club-क्लब्-*n.* a heavy stick, thick at one end, a suit of cards, an association of persons, a room for such associations. गदा, ताश में चिड़ी, सभा, मण्डली, सभा का कमरा; -*v.t. & i.* (*p.t.* Clubbed) beat with a club, to combine together, to share in a common expense. गदा से मारना, सभा बनाना, किसी सम्मिलित कार्य के व्यय के लिए चन्दा इकट्ठा करना; **Clubbable** (-ऍ-बल्)-*adj.* suitable for club membership. सभासद होने के योग्य; **Club foot** (a short deformed foot.) स्थूल चरण; **Club-law** (government by physical force.) शक्तिपूर्वक शासन।

Cluck-क्लक्-*n.* the call of a hen to her chickens. मुर्गी की बोली;-*v. i.* to make such a sound. मुर्गी की तरह कुड़-कुड़ शब्द करना।

Clue-क्लू-*n.* a guiding principle, the thread of a story, train of thought. मार्गदर्शक सिद्धान्त, कथा का सूत्र, विचारक्रम; **Clueless** (-लेस्) -*adj.* without clue or trace. निराधार।

Clump-क्लम्प्-*n.* a cluster of trees or shrubs, a bunch. कुञ्ज, गुच्छा;-*v. i.* to tread heavily. जोर से पैर पटकना।

Clumsily-क्लम्-ज़ि-लि -*adv.* in an awkward manner. भद्देपन से, फूहरपन से; **Clumsiness** (-ज़ि-नेस्)-*n.* awkwardness. गँवारपन, फूहरपन; **Clumsy** (-ज़ि)-*adj.* awkward, ill-contrived. भद्दा, बेढङ्गा, फूहर।

Clung-क्लङ्ग्-*p. t. & p. p.* of Cling.

Cluster-क्लस्'-टर्-*n.* a bunch, group, crowd. गुच्छा, समूह (समुदाय), भीड़;-*v. i. & t.* to grow or collect in groups. एकत्र करना या होना, पिण्डीभूत करना।

Clutch-क्लच्-*v. t.* to seize eagerly, to grasp. to hold tightly. पकड़ना, जकड़ लेना, मुट्ठी में बाँधना;-*n.* a tight grasp, a brood of chickens. कसी हुई पकड़, मुर्गी के बच्चों का झुण्ड।

Clutter-क्लट्'-अर्-*v. t.* to run with confused noise. चिल्लाकर दौड़ना; -*n.* confused noise, bustle. कोलाहल।

Clyster-क्लिस्ट्-अर्-*n.* a liquid injected into the intestines. पेट में चढ़ाया जानेवाला पानी।

Co-को-*n.* an *abbr.* for Company. 'कम्पनी' शब्द का संक्षिप्त रूप; a prefix meaning together. 'एक साथ' के अर्थवाला उपसर्ग।

Coach-कोच्-*n.* a large four-wheeled carriage, a private tutor, a passenger railway train. चौपहिया गाड़ी, शिक्षक, यात्रियों की रेल-गाड़ी;-*v. i. & t.* to travel in a coach, to act as tutor. गाड़ी में यात्रा करना, पढ़ाना; **Coach-box** (the driver's seat on a coach.) गाड़ी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हाँकनेवाले के बैठने की जगह ; Coach-house a place for keeping a coach in.) गाड़ीघर; (Coaching (-इङ्ग्) -*n.* driving of a coach, instruction (*esp.* for examination.) गाड़ी हाँकना, पढ़ाना, शिक्षा देना (विशेषकर परीक्षा के लिये।

Coadjutant - को-अड्-जू-टन्ट् -*n.* an assistant or associate. सहायक।

Coadjutor- को -अड् - जू -टर् - *n.* (*fem.* Coadjutrix.) an assistant, a colleague. सहकारी, सहायक।

Coagulate-को-ऑग्-यू-लेट् - *v. t. & i.* to curdle, to solidify. जमाना, जम जाना; Coagulation (-लें-शन्) - *n.* the act of clotting. जमने की क्रिया।

Coak- कोक् -*n.* a hole in which pins are inserted. गुल्ली बैठाने का छिद्र ; *v. t.* to join by the aid of pins. गुल्लियों या गुल्लों द्वारा जोड़ना।

Coal- कोल् -*n.* a black mineral used as fuel. पत्थर का कोयला;-*v. t.* to put or supply coal. कोयला भरना;Coalfield (a coal-mine.) कोयले की खान; Coal-gas (gas produced from coal.) कोयले से उत्पन्न जलनेवाली गैस ; Coaltar. अलकतरा।

Coalesce-को-अ- लेस्'-*v. i.* to grow together, to combine, to unite. एक साथ उगना या बढ़ना, मिलना या मिलाना, एक होना ; Coalescence (-लेस् 'एन्स्) -*n.* union, fusion. संयोग, मिलाप ; Coalescent (-एन्ट्) -*adj.* uniting. संयोजक, एक होने वाला।

Coalition -को-अलिशन् - *n.* union, alliance. संयोग, मेल।

Coarse-कोर्स- *adj.* common, inferior, rough, unrefined, vulgar, large in texture. सामान्य, घटिया, भद्दा, असभ्य, अशिष्ट, मोटा; Coarsely (लि)-*adv.* roughly, vulgarly. रूक्षता से, भद्देपन से; Coarseness (-नेस्)-*n.* rough nature, vulgarity. रूखी प्रकृति, भद्दापन, असभ्यता, अशिष्टता।

Coast- कोस्ट् - *n.* the border of land on sea-coas., exterior limit of country. सीमा, समुद्रतट, देश की बाह्य सीमा ; *v. i.* to trade between ports on the same coast, to sail near the coast. एक ही किनारे के बन्दरगाहों पर व्यापार करना, समुद्र के किनारे पर जहाज चलाना; Coastal (-अल्) -*adj.* relating to coast. किनारे का; Coastwards-*adv.*(towards the coast. किनारे की ओर।

Coat -कोट्-*n.* a man's upper garment, a covering, skin, rind, a layer. मर्दाना कोट, ढपना, खाल, छिलका, तह; -*v. t.* to cover, to spread with a layer of something. ढाँकना, तह चढ़ाना; Coat of mail (armour.) जिरहबख्तर; Red-coat (a British soldier). अंग्रेज सिपाही; To dust one's coat (to beat.) पीटना; To turn one's coat (to abandon.) त्यागना; To wear the king's coat (to be a soidier.) सिपाही बनना; Petticoat (a loose under-skirt worn by females and little boys, a woman.) अंगिया, चोली, स्त्री।

Coating- कोटिङ्ग - a layer of paint, cloth for coats. रंग की तह, कोट बनाने का कपड़ा।

Coax- कोक्स्-*v. t.* to entice, to practise wheedling. फुसलाना, बहलाना; Coaxer (-अर्)-*n.* a flatterer, a wheedler. चापलूस, बहलानेवाला।

Cob- कॉब् -*n.* a stout short-legged horse, a round-headed loaf, a spider, a big man, a miser, a leader, a round heap or mass of any thing, the seeding head of corn, a black-backed sea-bird, a male swan, a basket for carrying arms, clay mixed with straw for making walls. टट्टू, गोल माथे की रोटी, मकड़ा, बड़ा आदमी, कंजूस, नेता, नायक, किसी वस्तु का गोल ढोंका या जमाव, अनाज का बीज पैदा करनेवाला गोल सिरा, काली पीठवाली समुद्री चिड़िया, नर हंस, गोलाबारूद ढोने की टोकरी, कच्ची दीवाल बनाने के लिये फूस और मिट्टी का मिश्रण।

Cobalt-को-बॉल्ट्-*n.* a metal like nickel. गिलट के समान एक सफेद धातु।

Cobble- कॉ'- ब्ल् - *v. t. & i.* to patch up, to work clumsily, to pave with round stone. चकती लगाना, भद्दे ढंग से काम करना, गोल पटिया का फर्श लगाना ; Cobbler (-ब्लर्) -*n.* mender of old shoes. फटे जूतों की मरम्मत करनेवाला मोची।

Cobby-कॉब्'-बि-*adj.* stout, brisk. पुष्ट, तीव्र।

Cobra-को'-ब्रा -*n.* a venomous hooded snake. नाग, विषैला सर्प, गेहुँवन साँप।

Cobra.

Cobweb - कॉब्' - वेब् -*n.* spider's network, mesh. मकड़े का जाला, महीन जाली।

Cocaine-को-केन्'-*n.* a drug producing local insensibility. कोकीन।

Coccyx-कॉक्'-सिक्स् -*n.* the triangular bone ending in spinal column. रीढ़ की सबसे नीचे की तिकोनी हड्डी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Cochlea- कॉक्लिआ -*n.* the spiral cavity in the inner part of ear. कान के भीतर का घोंघे के समान कोष्ठ।

Cock - कॉक् -*n.* (*fem.* Hen.) a male bird, male of a domestic fowl, tapped spout, lever in gun. नर चिड़िया, मुर्गा, टोंटी, बंदूक का घोड़ा;-*adj.* turning up. ऊपर को उठा हुआ; -*v. t.* to set erect. खड़े बल में रखना; -*v. i.* to strut. गर्व करना; **Cock-a-doodle-doo** (cry of a cock.) कुकुड़ूँकू; **Cock and bull story** (an exaggerated story.) अतिरंजित कथा; **That cock won't fight** (that plan will not do.) इस उपाय से काम न चलेगा; **Cock of the walk** (an eminent person.) प्रधान पुरुष; **To cock one's eye** (to wink.) आँख मारना; **To cock one's hat** (to put on hat in a slanting way.) टेढ़ी टोपी पहिनना; **To raise cock** (to lift the lever of a gun.) बंदूक का घोड़ा चढ़ाना।

Cockade-कॉक्-ऍड्-*n.* a rosette worn in hat. झब्बा, टोपी में लगाने का फ़ीता।

Cockatoo - कॉक्-अ-टू'- *n.* a kind of parrot with crest. काकातुआ।

Cockatoo.

Cockboat-कॉक्'-बोट्-*n.* a small boat.छोटी नाव।

Cockcrow- कॉक्- क्रो-*n.* the early morning, dawn. प्रातःकाल, अरुणोदय।

Cocker-कॉक्'-अर्-*v. t.* to pamper, to coddle.लाड़ करना, दुलार करना।

Cockerel-कॉक् - ऍर् - ऍल्-*n.* a young cock. छोटा मुर्गा।

Cock-eyed-कॉक्'-आइड्-*adj.* having a squint eye. ऐंची आँखवाला।

Cockle-कॉ'-कल्-*v. i.* to bulge, to pucker or wrinkle. फूलना, झुर्री पड़ना ; -*n.* a radiating stove, a cornfield weed, a mollusc, wrinkle. अँगीठी, अनाज के खेत की बेकार घास, घोंघा या सीपी, झुर्री।

Cockney-कॉक्'-नी-*n.* a contemptuous word for a resident of London. लण्डन नगरवासी (मूर्ख) मनुष्य।

Cockpit - कॉक् - पिट् -*n.* a pit where game-cocks fight. मुर्गा लड़ने का अखाड़ा।

Cockroach- कॉक्'-रोच्-*n.* the black beetle. झींगुर, कनखजूरा, चपड़ा, तेलचट्टा।

Cockscomb-कॉक्स्'- कोम्-*n.* the comb of a cock, fop, a dandy. मुर्गे की कलँगी, छैला, बाँका।

Cocksure-कॉक्-श्यूर्-*adj.* confidently certain. पूर्ण निश्चित।

Cocky- कॉक्' - इ- **Cocksy (Coxy)**-*adjs.* conceited. धृष्ट, घमंडी।

Coco-को' - को - *n.* (also **coco-nut palm, coco-palm, coco-tree.**) the cocoanut tree. नारियल का पेड़; **Coconut, Cocoanut** (-नट्) -*n.* the fruit of the tropical palm. नारियल का फल।

Cocoon-कॉ-कून्'-*n.* the silky case spun by a silk-worm. रेशम का कोवा ; **Cocoonery** (-अर्-इ)-*n.* the place where silkworms are reared. रेशम के कीड़ों को पालने का स्थान।

Coction-कॉक्'- शन् -*n.* the act of boiling or cooking. उबालने की क्रिया।

Cod-*n.* कॉड् -a large sea-fish. कॉड् नाम की समुद्री मछली ; **Codling** (-लिङ्ग्) -*n.* a small cod. छोटी कॉड् मछली; **Codliver oil**-*n.* oil of cod's liver. कॉड् मछली के जिगर का तेल।

Coddle- कॉ- डल्'-*v. t.* to nurse as an invalid, to treat tenderly, to fondle. रोगी की तरह परिचर्या करना, कोमलता से व्यवहार करना, दुलार करना।

Code- कोड् - *n.* a systematic collection of laws, a secret language. धर्म संहिता, कानून की किताब, गुप्त भाषा।

Codger-कॉज्'-अर्-*n.* an eccentric old person. झक्की वृद्ध पुरुष।

Codicil-कॉड्'- इस्-इल् -*n.* a supplementary addition to a will. वसीयतनामे को तोड़ने या बदलने का लेख।

Codifier - कोडिफ़ायर् -*n.* a codist, one who codifies. कानून बनानेवाला।

Codify- कोड्'-इफ़् -आइ-*v. t.* (*p. t.* **Codified**) to reduce to a code or digest, to systematise. कानून बनाना; **Codification** (-इफ़ि-के-शन्)-*n.* the process of codifying. कानून बनाने की क्रिया।

Co-education-को' - ऍड्- यु- के -शन् - *n.* the education of boys and girls together. लड़के-लड़कियों को साथ पढ़ाने की व्यवस्था या क्रम, सहशिक्षा।

Coefficient-को - ऍफ़् - इश्' - अन्ट् -*n.* a joint factor, a number or quantity that multiplies another number. गुणक, गुणा करनेवाली संख्या।

Co-equal-को-ई-क्वल्- *adj.* of the same rank or dignity. बराबरीवाला।

Coerce-को-अर्स्-*v. t.* to constrain or compel. रोकना, विवश करना; **Coercion** (-अर् - शन्) -*n.* controlling by force. बलपूर्वक अधीन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करना;Coercive(-अर्स्-इव्)-*adj.* compulsory. अनिवार्य;Coercive measures-क्रूर उपाय।

Coeval-को-ई'-वल्-*adj.* of the same age or duration. समकालीन (समवयस्क), एक अवस्था या समय का;-*n.* one of equal or same age. समकालीन या समवयस्क व्यक्ति।

Co-executor-को-ऍक्जि-क्यू-टर्-*n.* an executor with another person. दूसरे के साथ नियम इत्यादि बनानेवाला व्यक्ति।

Coexist-को-ऍक्जिस्ट्'-*v. i.* to exist at the same time. एक ही काल में होना;Coexistence(-ऍन्स्) -*n.* existence at the same time. एक ही काल का जीवन; Coexistent (-ऍन्ट्)-*adj.* existing at the same time. एक ही समय होनेवाला।

Coextensive-को-ऍक्स्-टेंन्'-सिव्-*adj.* extending over the same space or time. एक ही स्थान या समय में व्यापक।

Coffee-कॉफ़्-फ़ि - *n.* a drink made from the seeds of a shrub. कहवा, काफ़ी।

Coffer-कॉफ़्-फ़र् - *n.* a box for valuables, (*pl.*) treasury. पेटी, कोष, (व० व०) तिजोरी।

Coffin-कॉफ़्-फ़िन् - *n.* a chest in which a dead body is enclosed. बक्स जिसमें शव (मुरदा) रक्खा जाता है; To drive a nail into one's coffin (to hasten death.) मृत्यु बुलाना।

Cog-कॉग्-*n.* the catch or tooth of a wheel by which it drives another wheel. पहिये का दाँता ; Cogged (-ग्ड्) - *adj.* toothed. दाँतेदार।

Cogence- कोजन्स् - *n.* (also Cogency) convincing power. विश्वस्त या निश्चित शक्ति।

Cogent-को'-जन्ट् -*adj.* forcible, convincing, powerful. प्रबल, निश्चित, विश्वस्त, बलवान्; Cogently (-लि) -*adv.* in a convincing manner. विश्वस्त या निश्चित रूप से।

Coggery-कॉगरि-*n.* trickery, cheating. छल, कपट।

Cogitable-कॉजिटेंब्-ल्-*adj.* thinkable, conceivable. विचारणीय।

Cogitate-कॉज्'-इट्- ऍट् - *v. i.* to ponder, to meditate. ध्यान देना, विचार करना; Cogitative (-इव्) - *adj.* meditative. विचार-मग्न, ध्यानावस्थित।

Cogitation-कॉज्-इट्-ऍ-शन्-*n.* deep thought, meditation. गम्भीर चिन्ता या विचार।

Cognate-कॉग्-नेट् - *adj.* akin in origin, related or allied to. सगोत्री, सम्बन्धी।

Cognation-कॉग्-नेंशन् - *n.* affinity, kindredness. बन्धुता, सम्बन्ध।

Cognition-कॉग्-निशन्'-*n.* perception, sensation, knowledge. बोध, अनुभव, ज्ञान; Cognitive- (-निट्' - इव्)-*adj.* pertaining to cognition. ज्ञान या अनुभव सम्बन्धी।

Cognizable-कॉग्-नि-ज़ें-ब्ल्-*adj.* perceptible, recognizable. विचार के योग्य; जानने योग्य, Cognizably (-ब्-लि)-*adv.* in a cognizable manner. जानने योग्य ढंग से।

Cognizance-कॉग्-निज़्-अन्स्-*n.* knowledge, sphere of observation. ज्ञान चेतना; To have cognizance of (to have knowledge of.) जानकारी प्राप्त करना।

Cognizant-कॉग्' - निज़् - अन्ट् - *adj.* having knowledge of. ज्ञानवान्, सचेत।

Cohabit-को-हॉब्'-इट् -*v. i.* to dwell together as husband and wife. पति-पत्नी के समान सहवास करना; Cohabitation (-ए'-शन्) coition. सहवास, मैथुन।

Coheir-को'-ऍअर्-*n.* (*fem.* Coheiress.) a joint heir. हिस्सेदार, पट्टीदार।

Cohere-को-हिअर्'-*v. i.* to stick together, to remain united, to be consistent. चिपटना, संयुक्त (संबद्ध) होना ; Coherence (-ऍन्स्)-*n.* consistency. संयोग, सन्दर्भ; Coherent-(-ऍन्ट्) -*adj.* connected, consistent. संबद्ध, अनुरूप।

Cohesion-को-ही-ज़न्'-*n.* the act of sticking together, connection. संयोग, लगाव।

Cohesive-को-ही'-सिव्-*adj.* producing union. एकता लानेवाला, संयुक्त होनेवाला।

Cohibit-को-हिब्'-इट्-*v. t.* (*p. t.* Cohibited) to restrain. अवरोध करना, रुकावट करना या रुकावट डालना।

Coif-कॉइफ़्-*n.* a cap or covering for the head. टोपी, टोप।

Coign-कॉइन् - *n.* a place affording a good view, a wedge. अच्छा दृश्य दिखानेवाला स्थान, फन्नी।

Coil-कॉइल्-*n.* arrangement in concentric circles. चक्कर, गेंडुरी ; - *v. t.* to twist in a circular shape. लपेटना, गेंडुरी बनाना;Mortal coil (the human body.) नश्वर शरीर।

Coin-कॉइन् - *n.* metal money. मुद्रा, सिक्का, रुपया-पैसा;-*v. t.* to make money by stamping metal, to invent. सिक्का बनाना या गढ़ना, नई कल्पना करना; False coin (counterfeit coin.) जाली या खोटा सिक्का; The coin of one's own brain (fabrication, invention.) मनगढ़न्त कल्पना; To pay one in his own coin (to retaliate.) बदला चुकाना; Coinage (-ऍज़्) - *n.* the act of

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

coining, pieces coined, fabrication. मुद्राढलाई, सिक्के, कल्पना; Coiner (-अर्) -*n.* one who coins money. सिक्का बनानेवाला।

Coincide-को-इन्-साइड्'-*v. i.* to occupy the same position in space, to agree. समान या अनुरूप होना, ठीक-ठीक बैठना, सहमत होना; **Coincidence** (-इन्-सिड्-ऍन्स्)-*n.* agreement. अनुरूपता, मेल ; **Coincident** (-ऍन्ट्) -*adj.* coinciding. अनुरूप; **Coincidental** (-अल्) -*adj.* agreeing. एक साथ होनेवाला; **Coincidently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* with coincidence. अनुरूपता से।

Co-inhere-को - इन् - हिअर् - *v. i.* to exist or inhere together. एक साथ होना।

Co-inheritance-को-इन्-हेर्-रिट्-ऑन्स्-*n.* joint inheritance. संयुक्त उत्तराधिकार।

Co-interest-को-इन्'-टर्-ऍस्ट् - *n.* mutual interest. समानाधिकार।

Coir-कॉइर् - *n.* coconut fibre which is used for making ropes, matting &c. नारियल की जटा जो रस्सी, चटाई आदि बनाने के लिये काम में लाई जाती है।

Coition-को - इशन्' - *n.* sexual intercourse, cohabitation. मैथुन, रति।

Coke-कोक् - *v. t.* to convert coal into solid substance. पत्थर के कोयले को ठोस बनाना;-*n.* a kind of coal. बुझा हुआ पत्थर का कोयला।

Colander-कॅलण्डर् - *v. t.* to pass through a perforated vessel. चलनी में चालना; -*n.* a sieve. चलनी।

Colcothar-कॉल्'-को-थार्-*n.* red eroxide of iron. लाल रंग की कौसीस।

Cold-कोल्ड्-*n.* catarrh. जुकाम, सर्दी; - *adj.* of low temperature, chill, wanting zeal or ardour, indifferent, reserved, spiritless, not violent. कम तापक्रम का, ठंढा, उत्साहहीन, उदासीन, अतीव्र; **Cold colours** (blue, grey &c.) भूरा, नीला इत्यादि रंग; **Cold-cream** (a cooling ointment for skin.) चमड़े को ठंढा करनेवाला लेप; **Cold-hearted** (cruel, indifferent.) निर्दय, उदासीन; **Coldly** (-लि) -*adv.* indifferently. उदासीनता से; **Coldness** (-नेस्)-*n.* chilliness, indifference. ठंढक, रुखाई, उदासीनता; **Cold-steel** (sword.) तलवार; **In coldblood** (without excitement.) बिना उत्तेजना के; **To throw cold water** (to discourage.) उत्साहहीन करना।

Colic-कॉल्'-इक् -*n.* griping pain in belly. उदर-शूल, उदर-पीड़ा।

Collaborate-कॉल् - लॅ - बरेट्'-*v. i.* to work conjointly. साथ साथ काम करना; **Collaboration** (-ए-शन्) - *n.* joint labour. सहकायता; **Collaborator** (-अर्) - *n.* an associate in labour. साथ काम करनेवाला मनुष्य।

Collapsible-कॅ-ल्-लॅप्स्'-इ - बूल् - *adj.* able to be pressed down. सिकुड़ने या दबने योग्य।

Collapse-कॅ-ल्'-लॅप्स् - *n.* a breakdown, loss of courage. क्षय, सन्निपात, शक्ति का ह्रास;-*v. i.* to break down. क्षय को प्राप्त होना, शक्तिहीन होना।

Collar-कॉलर् - *n.* a neckband, a connecting band. माला, कण्ठा, गले का पट्टा, बन्धन की पट्टी;-*v t.* to seize by collar. गरदन पकड़ना; **Collar-bone** (clavicle) हँसिया, हँसुली।

Collate-कॉल्-लेट्'-*v. t.* to compare in detail. विस्तारपूर्वक तुलना करना या मिलाना; **Collation** (-लें'-शन्)-*n.* the process of examination. संशोधन, परीक्षा।

Collateral-कॉल्-लॅट्'-अर्-अल् - *adj.* side by side, contributory, of common descent, corresponding. समानान्तर, समानोदक, सपिण्ड, एक ही पुरखों का ; **Collateral security** (security for payment of money besides the principal security.) जमानत के अतिरिक्त जमानत; **Collaterally** (-लि)-*adv* - side by side, indirectly. पास-पास, अप्रधान रूप से।

Collation-*n.*see **Collate.** संशोधन, परीक्षा।

Colleague-कॅल्'-लीग् - *n.* a co-worker, an associate, a partner of joint office. सहाय. साथी, समान व्यापार का।

Collect-कलॅक्ट्-*v. t. & i.* to assemble, to accumulate, to secure, to concentrate, to recover, to infer. संग्रह करना, एकत्र करना, केन्द्रीभूत करना, प्राप्त करना, अनुमान करना;-*n.* a short prayer. छोटी प्रार्थना; **To collect oneself** (to compose oneself.) सचेत होना, होश में होना।

Collectable (-ible)-कलॅक्टॅबूल् (-इ-बूल्)-*adj.* able to be collected. संग्रह करने योग्य।

Collected-कलॅक्टॅड् - *adj.* composed, cool, firm. शान्त, दृढ़; **Collectedly** (-ऍड्-लि) -*adv.* in a collected manner. संग्रह रूप में।

Collection-कलॅक्शन्-*n.* accumulation, heap, mass, assemblage. समूह, समुदाय, संग्रह (चन्दा)।

Collective-कलॅक्टिव् - *adj.* aggregate, common. एकीकृत, इकट्ठा किया हुआ, सामान्य ; **Collectively** (-इव् - लि)-*adv.* in a mass. एकत्र, एक साथ; **Collective noun.** समुदायवाचक संज्ञा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Collector-कलॅक्टर् - *n.* one who collects, the chief officer of a district. इकट्ठा करनेवाला, जिलाधीश ; **Collectorate** (-अरेट्) -*n.* a collector's office. कलक्टर का दफ्तर; **Collectorship** (शिप्)-*n.* (the office of a collector.) जिलाधीश का पद ।

College-कॉल्- इज् - *n.* the institution for higher education affiliated to a university. उच्च विद्यालय, कालिज; **Collegian** (-लीज्-इ-अन्)-*n.* the member of a college. विद्यार्थी, कालिज का छात्र; **Collegiate** (-लीज्'-इ-ऍट्)-*adj.* of a college. विद्यालय सम्बन्धी ।

Collet-कॉल्' - इट् - *n.* a band or socket for jewel. नगीने की बैठकी ।

Collide-कॅल्-लाइड्'-*v. i.* to be in conflict, to strike or dash against each other. भिड़ना, टक्कर खाना ।

Collier-कॉल्' -इअर्-*n.* a coal-miner. कोयला खोदने या ले जानेवाला ; **Colliery** (-इ) -*n.* a coal-mine, a coal-ship. कोयले की खान, कोयला ले जानेवाला जहाज़ ।

Colligate-कॉल्-लिग्-ऍट्- *v. t.* to bind together. संबद्ध करना ।

Collinear-कॉल्-लिन्'-इ-अर् -*adj.* in the same straight line. एक ही रेखा में, एक रैखिक ।

Collision-कॅल् - लि'- ज़न्-*n.* conflict, opposition. विरोध, टक्कर, मुठभेड़ ।

Collocate-कॉल्'-लो -केट्- *v. t.* to place together, to arrange. इकट्ठा करना, क्रम में रखना ; **Collocation** (-के-शन्)-*n.* position, arrangement. स्थान, प्रबन्ध

Collocution-कॉ-लो-क्यू'-शन्-*n.* a conference. सभा ।

Collocutor-कॉ-लो-क्यू-टर् - *n.* a partaker in talks. साथ में बोलनेवाला ।

Collodion-कॉलोडि-अन्-*n.* a gluey solution of gun-cotton. तेज़ाबी रूई का चिपचिपा घोल ।

Collop-कॉलप्-*n.* a slice of meat (fried or unbaked.) मांस का बिना भूना या भूना हुआ टुकड़ा ।

Colloquial-कॅलो-क्वि - अल् -*adj.* conversational. बोलचाल का; **Colloquialism** (-इज़्म्) -*n.* a colloquial expression. बोलचाल का प्रयोग; **Colloquially** (-लि) - *adv.* बोलचाल की रीति से ।

Colloquy-कॅलक्वि-*n.* conversation, dialogue. संभाषण, बातचीत ।

Collotype- कॉ' - लो-टाइप् -*n.* a process of printing in photography. फ़ोटो का चित्र छापने की एक विधि ।

Collude-कॉ-ल्यूड्'-*v. i.* to conspire in fraud. जाल रचना, ठगना ।

Collusion-कॉ-ल्यू'-ज़न्- *n.* a secret compact for a fraudulent purpose, deceit. जाल, कपट, दलबन्दी ।

Collyrium-कॉ-लिर्'- इ-अम् -*n.* a salve for eyes. आँखों का आँजन, काजल, सुरमा ।

Colocynth-कॉलो-सिन्थ्-*n.* a kind of bitter apple. एक प्रकार का कड़ुआ सेव, इन्द्रायण ।

Colon-को-लन्-*n.* the large intestine, a punctuation mark (:). बृहदन्त्र, बड़ी आँत, विसर्ग चिह्न (:) ।

Colonel-कर्नल्-*n.* the highest regimental officer. सैन्यदल का अध्यक्ष, पलटन का कर्नल : **Colonelship** (-शिप्) -*n.* colonelcy. कर्नल का पद ।

Colonial-कॅ-लो'-नि - अल्-*adj.* pertaining to a colony. उपनिवेश सम्बन्धी, नई बस्ती का ।

Colonist-कॅलॉनिस्ट्-*n.* a settler in a colony. नई बस्ती में रहनेवाला ।

Colonization-कॉलॉनाइज़ेशन् -*n.* the act or practice of colonizing. नई बस्ती बसाने का कार्य, उपनिवेशन ।

Colonize-कॉलॉनाइज़- *v. t.* to establish a colony. नई बस्ती बसाना; **Colonizer** (-अर्) -*n.* one who establishes a colony. नई बस्ती बसाने वाला व्यक्ति ।

Colonnade-कॉलॅनेड्-*n.* a series or range of columns, a row of trees. खम्भों या वृक्षों की पंक्ति ।

Colony - कॉलॅनि' - *n.* (*pl.* **Colonies**) an independent city or state founded by emigrants, settlers in a new country. वासित प्रदेश, उपनिवेश, नई बस्ती ।

Colophony - कॉलफ़ो-नि -*n.* dark coloured resin. रजन, राल ।

Coloration-कलरेशन्-*n.* the art of colouring. रँगने की कला या कार्य ।

Colorific-कलरिफ़िक्-*adj.* able to give colour or tint to other bodies. दूसरे पदार्थों में रंग लाने योग्य ।

Colossal-कॉ-लो'-सल्-*adj.* huge, very large, gigantic. बड़ा, दीर्घकाय ।

Colossus-कॉल्'-लॉ-सस्-*n.* a gigantic statue. दीर्घकाय या बड़ी मूर्ति ।

Colour-कलर्-*n.* a particular hue, appearance, pretence. (वर्ण) रङ्ग, आकृति, बहाना; **Colours** (*pl.*) a flag or standard. (ब०व०) झंडा, पताका; -*v. t.* to paint, to disguise.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रँगना, छिपाना; **Complementary colours** (colours which when combined make white.) वे रंग जिनको मिलाने से सफेद रंग बन जाता है; **Primary or simple colours** (those that cannot make up white.) लाल, हरा तथा बैंगनी इत्यादि रङ्ग जो मिलकर सफेद रङ्ग नहीं बनाते; **Secondary colours** (mixture of two primary colours.) उक्त एक या अनेक रङ्गों का मेल ; **To change colour** (to turn pale.) पीला पड़ जाना; **To come off with flying colours** (to become victorious.) विजयी होकर आना; **Under colour of** (on pretext of.) बहाने से; **Coloured** (-ड्)-*adj.* (having colour, of deep colour.) रँगा हुआ, गहरे रंग का।

Colour-bar-कलर्-बार्-*n.* a social distinction existing between people of different colours. गोरे और काले मनुष्यों का सामाजिक भेद; **Colour-blind** (-ब्लाइन्ड्) - *adj.* having an imperfect sense of distinguishing colour. आँख का रोगी जिसे रङ्ग स्पष्ट नहीं देख पड़ते।

Colouring-कलरिङ्ग्-*n.* a beautiful appearance, any thing used to give colour, manner of applying colours. सुन्दर आकृति, रङ्ग देने का सामान, रँगने का ढंग।

Colourist-कलरिस्ट्-*n.* a painter, one who colours. रङ्गसाज।

Colourless-कलर्-लेस्-*adj.* without colour, transparent, impartial. बिना रङ्ग का, पारदर्शक, निष्पक्ष।

Colt-कोल्ट्-*n.* (*fem.* **Filly.**) the young of a horse, an inexperienced person, an automatic pistol. बछेड़ा, अनुभवहीन मनुष्य, अनेक गोलियों की अपने आप छूटनेवाली पिस्तौल।

Colter-कोल्टर्-*n.* the cutting iron of a plough. हल का फार।

Column-कॉ' - लम्-*n.* a cylindrical pillar, support, mass, vertical division of a page, body of troops. खम्भा, आश्रय, परिमाण, पृष्ठ (पन्ने) का स्तम्भ, सेना की टुकड़ी; **Columnar**(नॉर्) -*adj.* like a column. स्तम्भ (खम्भे) के सदृश।

Coma-को'-मा-*n.* stupor, unnatural heavy sleep, lethargy, a tuft of soft silken hair over some seeds, the head of tree, the nebulous envelope round a comet. शिथिलता (सुस्ती), अप्राकृतिक निद्रा, आलस्य, कुछ बीजों के ऊपर के मुलायम रेशमी रेशों या बालों की चोटी, वृक्ष का सिरा; धूम्रकेतु के चतुर्दिक् धुँधला घेरा।

Co-mate-को'-मेट्-*n.* a fellow mate or companion. साथी, सहचर।

Comb-कोम्-*n.* an instrument for arranging and cleaning hair, fleshy crest of fowl. कंघी, मुर्गे की चोटी; -*v. t.* to dress hair. कंघी करना, बाल सँवारना; **To comb out** (to separate.) अलग करना, अलगाना।

Combat-कम्'-बॅट्-*v.t.* to struggle, to contest, to fight. भिड़ना, लड़ाई करना; -*n.* a battle. युद्ध, संग्राम; **Combatant** (-अन्ट्)-*n.* a fighter. लड़नेवाला, योद्धा।

Comber-कोम्'-अर्-*n.* one who combs, one who combs wool, a kind of fish. बाल सँवारनेवाला, ऊन को कंघे से साफ करनेवाला, एक प्रकार की मछली।

Combination-कम्बिनेशन्-*n.* union, collection. सन्धि (संयोग, संसर्ग), जुटाव; -*pl.* close-fitting undergarments reaching from shoulders to knees. (ब० व०) शरीर के ऊपरी तथा निचले भाग को ढँकने का एक वस्त्र।

Combine-कम्बाइन्'-*v. t.* to join together, to unite. मिलाना, एक करना; -*v. i.* to co-operate. मिलना, जुट जाना।

Combiner-कम्बाइनर् - *n.* he, who or that which combines. मिलानेवाला व्यक्ति या पदार्थ।

Combustible-कॉम्बस्टि-ब्र्-ल्- *adj.* capable of being burnt, excitable. ज्वलनशील, उत्तेजक।

Combustion-कॉम्-बस्टयन्-*n.* destruction by fire. दाह, ज्वलन।

Come-कम्-*v. i.* (*p. t.* **Came**, *p. p.* **Come.**) to arrive to a point, to happen, to arrive at a certain state or condition, to appear. आना, होना, प्रकट होना, पहुँचना ; **Come along** (make haste.) जल्दी करो; **Light come, light go** (what is easily won is easily lost.) सहज में मिला, सहज में गया; **To come about** (to happen.) घटना होना; **To come across** (to meet with.) भेंट करना; **To come at** (to arrive, to reach.) पहुँचना; **To come back** (to return.) वापस आना; **To come by** (to acquire.) प्राप्त करना; **To come down upon** (to punish.) दण्ड देना; **To come home to** (to affect deeply.) अधिक प्रभाव डालना; **To come in** (to enter.) प्रवेश करना; **To come in one's way** (to interrupt) विघ्न डालना; **To come into** (to acquire.) प्राप्त करना; **To come into sight** (to be visible.) दृष्टिगोचर होना; **To come off** (to be detached.) अलग होना; **To come out** (to be successful) सफल होना; **To come round** (to regain health.) चंगा होना; **To come short** (to fail.) असफल होना; **To come to a point** (to taper.)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नोकीला होना; To come to an end (to terminate.) समाप्त होना; To come to blows (to quarrel.) लड़ जाना; To come to light (to be revealed.) प्रत्यक्ष होना; To come to pass (to happen.) घटना होना; To come up (to ascend) चढ़ना; To come upon (to make a sudden attack.) एकाएक आक्रमण करना; Come what may. जो चाहे सो हो; Coming (-इङ्ग्)-*adj.* भविष्य का, आगामी।

Comedian-कमीडिअन्, **Comedist** (-डिस्ट्) *ns.* the writer of a comedy. सुखान्त नाटक लिखनेवाला, हँसानेवाला।

Comedy-कॉमिडि-*n.* (*pl.* Comedies-डीज़) a stage play with happy ending. सुखान्त नाटक।

Comeliness-कम्'-लि-नेस्-*n.* attractiveness. सुन्दरता, खूबसूरती।

Comely-कम्'-लि-*adj.* pleasant to look at, graceful. सुन्दर, स्वरूपवान्।

Comer-कम्'-अर्-*n.* one who comes. आनेवाला।

Comet-कॉमिट्-*n.* a heavenly body with a tail of light moving round the sun in eliptical course. पुच्छल तारा; **Cometary** (-अ-रि), **Cometic** (-ऍ-टिक्)-*adjs.* pertaining to a comet. पुच्छल तारा सम्बन्धी।

Comfit-कम्'-फ़िट्-*n.* a sweetmeat, sugar-plum, confection. मिठाई, लायचीदाना, मेवों की मिठाई।

Comfort-कम्फ़र्ट्-*n.* satisfaction, content, relief in affliction, consolation. सन्तोष, सुख, आश्वासन;-*v. t.* to cheer, to soothe, to console. आनन्द देना, सान्त्वना देना, सुख देना; **Comfortable** (-ऍ-बल्)-*adj.* free from hardship, at ease. आनन्द या सुख देनेवाला, सुखी; **Comfortably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in a comfortable manner. सुख से; **Comforter** (-अर्)-*adj.* & *n.* a woollen wrapper for the neck, one who comforts. ऊनी गुलूबन्द, सुखदायी, सन्तोष देनेवाला व्यक्ति; **Comfortless** (-लेस्)-*adj.* without comfort. आनन्द रहित।

Comic-कॉम्-इक्-*adj.* of a comedy, producing mirth, funny. हास्यकर, हँसी लानेवाला; **Comical** (-अल्)-*adj.* laughable, odd. हास्यजनक, ठिठोलिया; **Comically** (-अल्-लि)-*adv.* in a comical manner. हँसी से।

Coming-कम्-इङ्ग्-*n.* approach. पहुँच; -*adj.* expected to come. आगामी।

Comity-कॉम्-इट्-इ-*n.* courtesy, civility. शिष्टाचार, भलमनसी।

Comma-कॉमा-*n.* a punctuation mark (,). अंग्रेज़ी में छोटे विराम का चिह्न (,); **Inverted commas** (" "). दोहरे चिह्न जो किसी उक्ति के आरंभ और अन्त में लगाये जाते हैं (" ")।

Command-क-माण्ड्'-*v. t.* & *i.* to order, to have control over, to be supreme, to restrain, to have at disposal. आज्ञा देना, अधिकार रखना, शासन करना, अधिकार में लाना, अधीन करना;-*n.* order, bidding, exercise of authority, control. आज्ञा, अधिकार, शक्ति, प्रभुत्व; At command (available for use.) प्रयोग के लिये प्राप्त।

Commandant-कम्-आण्ड्-ऑन्ट्-*n.* the commanding officer of a fortress. किले का अधिकारी।

Commander-कम्-माण्ड्' - अर् - *n.* the commanding officer. आज्ञा देनेवाला अध्यक्ष, नायक; **Commander-in-chief** (one who has supreme command in the army.) सेना का सबसे बड़ा अफ़सर, जंगी लाट; **Commandership** (-अर्-शिप्)-*n.* office of a commander. जंगी लाट का पद।

Commanding-कम्-माण्ड्-इङ्ग्-*adj.* exalted, dignified. रोबदार।

Commandment-कम्-माण्ड्' - मेंन्ट् - *n.* command, precept. आज्ञा, उपदेश।

Commemorate-कमेंमरेट्-*v. t.* to celebrate, to preserve in memory. स्मरणार्थ उत्सव मनाना; **Commemoration** (-ऍ'-शन्)-*n.* celebration. स्मरणोत्सव; In commemoration of (in remembrance of.) स्मरणार्थ; **Commemorative.** (-टिव्)-*adj.* serving to commemoiate. स्मरण दिलानेवाला।

Commence-कमेंन्स-*v. t.* & *i.* to begin, to set up. आरम्भ करना, प्रवृत्त होना; **Comencement** (-मेंन्ट्)-*n.* beginning, origin. आरम्भ, उत्पत्ति।

Commend-कमेंण्ड-*v. t.* to entrust, to praise. (अर्पण करना) सौंपना, प्रशंसा करना, स्तुति करना; Commend me to (remember me to.) कृपापूर्वक मेरी याद दिलाना।

Commendable-कमेंण्डेबल्-*adj.* praise-worthy. प्रशंसनीय, स्तुति के योग्य; **Commendably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in a commendable manner. प्रशंसापूर्वक; **Commendableness** (-नेस्)-*n.* the state of being commendable. स्तुति की योग्यता; **Commendation** (-ए-शन्) -*n* praise, स्तुति, प्रशंसा, सिफ़ारिश।

Commensal-कमेंन्सल्-*adj.* & *n.* one who eats at the same table. एक ही पंगत (पंक्ति) में भोजन करनेवाला, सहभोजी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Commensurable-कमेन्सुरेबल्-*adj.* having a common measure, proportionate to. सपरिमाण, अनुरूप (तुल्य), सदृश; **Commensurableness** (-नेस्)-*n.* proportion. अनुरूपता; **Commensurably** (-एब्-लि)-*adv.* in a common measure. एक ही परिमाण से।

Commensurate-कमेन्सुरेट्-*adj.* coextensive. समान, तुल्य, बराबर; **Commensurately** (-लि) -*adv.* proportionately. समानानुपात से।

Comment-कॉम्-मेन्ट्-*n.* explanatory remarks, criticism, observation, illustration. टीका, व्याख्या, समालोचना, उदाहरण; -*v. t.* (-कम्-मेन्ट्') to write explanatory notes. टीका लिखना, व्याख्या करना, आलोचना करना; **Commentary** (-अरि)-*n.* set of running comments on a book. टीका, टिप्पणी, भाष्य; **Commentation** (-एं'-शन्)-*n.* the making of comments. टिप्पणी करने की क्रिया; **Commentator** (-एट्'-अर्)-*n.* an annotator. टीका लिखनेवाला, भाष्यकार।

Commerce-कॉम्'-मर्स्-*n.* exchange of merchandise. वाणिज्य, व्यवसाय, क्रय-विक्रय; **Commercial** (-मर्-शल्)-*adj.* pertaining to trade, mercantile. वाणिज्य सम्बन्धी; **Commercialist** (-इस्ट्)-*n.* one engaged in commerce. व्यवसायी; **Commercially** (-शॉल्-लि)-*adv.* in a commercial manner. व्यवसायिक रूप से।

Commingle-कमिङ्ग्ल्-*v. t. & i.* to mix or mingle together. मिश्रित करना, एकीभूत होना, मिलना।

Comminute-कॉम्'-मिन्-यूट्-*v.t.* to reduce to podwer. बुकनी करना।

Commiserate-कम्-मिज़्'-अर्-एट्-*v. t.* to feel or show pity for. दया करना, करुणा दिखाना; **Commiseration** (-एं'-शन्)-*n.* compassion. दया, कृपा; **Commiserative** (-एट्'-इव्)-*adj.* compassionate. दयालु।

Commissariat-कॉमिसेरिअट्-*n.* the department for the supply of provisions &c. to army. सेना को रसद पहुँचाने का दफ्तर, कमसरियट्।

Commissary-कॉम्'-मि-स-रि-*n.* a deputy, an officer charged to supply provisions. डिपटी, रसद भेजनेवाला अफ़सर।

Commission-कमिशन्-*n.* command, authority, warrant, conferring authority, percentage on an amount, a committee of enquiry. आज्ञा, अधिकार, आज्ञा-पत्र, दस्तूरी आयुक्त; -*v. t.* to authorize. अधिकार देना, नियुक्त करना; **Commission-agent** -*n.* a merchant who buys or sells on a commission basis. अढ़तिया; **Commissioned** (-ड्)-*adj.* authorized. अधिकार दिया हुआ; **Commissioned officer**-*n.* an officer appointed by a commission. राजा से नियुक्त अधिकारी; **Commissioner** (-अर्)-*n.* one who is appointed by commission, supreme authority in a district. किसी कार्य सम्पादन के लिये नियुक्त किया हुआ अफ़सर, कई ज़िलों का हाकिम (कमिश्नर), आयुक्त।

Commissure-कॉम्-मि'-श्योर्-*n.* a place where two bodies unite. दो पदार्थों का मिलन-स्थल।

Commit-कमिट्'-*v. t.* (*p. t.* Committed) to entrust, to consign, to perpetrate a crime. समर्पण करना, सौंपना, अपराध करना; **To commit to memory** (to learn by heart.) रटना; **To commit to prison** (to send to jail.) जेलखाने भेजना; **Commitment** (-मेन्ट्)-*n.* pledging, imprisonment. सौंपना, जेलखाने भेजना; **Committal** (-टल्)-*n.* act of committing. आत्मसमर्पण, जेलखाने जाना।

Committee-कॅमिटी-*n.* body of persons appointed to manage any business. समिति, नियुक्त पुरुष, सभा, पंचायत; **Select Committee.** प्रवर समिति; **Standing Committee** स्थायी समिति।

Commix-कमिक्स्-*v. t. & i.* to mix together. साथ मिलाना या मिलना।

Commode-कमोड्-*n.* a chest of drawers, a night-stool, a tall head-dress for ladies, a procuress. दराजदार बक्स, मल-मूत्र त्याग करने का पात्र, औरतों की ऊँची टोपी, कुटनी।

Commodious-कमोडिअस्-*adj.* suitable, convenient. उपयुक्त, सुविधा का; **Commodiously** (-लि)-*adv.* conveniently. सुविधा से; **Commodiousness** (-नेस्)-*n.* suitableness. सुविधा।

Commodity-कमॉड्'-इ-टि-*n.* (*pl.* Commodities.) an useful thing, an article of trade. उपयोगी वस्तु (सामग्री), द्रव्य (जिन्स)।

Common-कॉमन्-*adj.* belonging equally to, general, public, of ordinary occurrence, vulgar. साधारण, सामान्य, सार्वलौकिक, ग्राम्य; -*n.* a land for public use. सर्वसामान्य का मैदान; **Common divisor** (the number which divides two or more numbers without a remainder.) समापवर्तक; **Common gender** (*i. e.* masculine or feminine.) उभयलिंग; **Common good** (public welfare.) सार्वजनिक कल्याण; **Common noun** (name applied to any one of a class)

Gasconade-गॅस्कनेड्-*n.* boasting, bragging. आत्मश्लाघा, शेखी;-*v. i.* to brag. शेखी हाँकना।

Gaselier-गॅस्'-अ-लिअर् (also Gasalier.)-*n.* a gas-lamp with several burners. अनेक बत्तियों की गैस का लैम्प या वाष्प-दीप।

Gash-गॅश्-*n.* a long and deep cut, a cleft. गहरा घाव, फटन; -*v. t.* to make a deep cut. गहरा घाव करना।

Gasification-गॅ-सिफ-इक्-ए'-शन्-*n.* the act of turning into gas. गैस या वाष्प में (वायु रूप में) परिवर्तन।

Gasify-गॅस्-इ'-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Gasified.) to convert into gas. वाष्प या वायुरूप में परिणत करना (बदलना)।

Gasiform-गॅस्-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of gas. गैस की आकृति का, वाष्परूपी।

Gasket-गॅस्किट्-*n.* a small cord for fastening sails &c. पाल इत्यादि बाँधने की डोरी।

Gasoline-गॅसॅ-लीन्-*n.* an inflammable liquid obtained by distilling petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ शीघ्र जलनेवाला अर्क या द्रव।

Gasometer-गॅसॅ-मीटर्-*n.* a storage tank for gas. गैस संचित रखने का पीपा।

Gasp-गॉस्प्-*v. t.* to catch breath with open mouth. हाँफना, दम लेना;-*n.* convulsed effort to catch breath. मुँह बाकर हाँफने की क्रिया; Gasping (-इङ्ग्)-*adj.* हाँफता हुआ; Gaspingly (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a gasping manner. हाँफते हुए; To gasp out (to utter in a gasping tone.) हाँफते-हाँफते बोलना।

Gastrologer-गॉस्ट्रॅ-लॉजर्, **Gastrologist**-गॉस्ट्रो-लॉजिस्ट्-*ns.* a cook. पकानेवाला, रसोईदार।

Gastrology-गॉ-स्ट्रॅ-लॅ-जि-*n.* the science of cookery. पकाने की विद्या, पाक-शास्त्र।

Gastronome-गॉस्'-ट्रॅ-नोम्-*n.* a judge of cookery. पाक-विद्या का न्यायाधीश।

Gastronomer-गास्ट्रॅनोमर्-*n.* an epicure. पेटू, भुक्खड़।

Gastronomy-ग्रास्ट्रॅ-नॅमि-*n.* the art of good eating. दिव्य भोजन करने की कला, उदर-सेवा।

Gate-गेट्-*n.* an opening for entrance or exit, mountain pass, passage, way, framework hung on hinges. द्वार, फाटक, मार्ग, पहाड़ी दर्रा, दरवाजा, कपाट; Gate-keeper (a gateman.) पहरुआ, द्वारपाल; Gate-post (a post for hanging door leaves.) किवाड़ लटकाने का खम्भा; Gateway (a passage.) द्वारपथ, तोरण।

Gather-गॅदॅ'-अर्-*v. t.* to bring together, to amass, to collect, to acquire, to deduce, to draw together, to pick up, to develop. इकट्ठा करना, बटोरना, संग्रह करना, प्राप्त करना, अनुमान करना, एक करना, चुनना, उन्नति करना; Gatherable (-ऍ-बल्) -*adj.* that may be amassed. इकट्ठा करने योग्य; Gatherer (-अर्) -*n.* one who gathers. संग्रह करनेवाला; Gathering (-इङ्ग्) -*n.* an assembly, an abscess. जनसमूह, सभा, फोड़ा; To gather breath (to have respite.) दम लेना।

Gatling-gun-गॅट्'-लिङ्ग्-गन्-*n.* a machine-gun. ऐसे यंत्र की बन्दूक जिसमें से लगातार गोलियाँ छूटती हैं।

Gauche-गोश्-*adj.* left-handed, awkward, clumsy. बयँहत्था, भद्दा, फूहड़।

Gaud-गॉड्-*n.* something showy, gaudy ornament. सजावट का पदार्थ, आडम्बर, आभूषण; -*adj.* showy, brilliant. भड़कीला, उज्ज्वल।

Gaudery-गॉ-डर्-इ-*n.* ornaments. आभूषण।

Gaudily-गॉड्'-इ-लि-*adv.* in a gaudy manner. सजावट के साथ।

Gaudiness-गॉड्'-इ-नॅस्-*n.* the quality of being gaudy. अति शोभा, भड़कीलापन।

Gaudy-गॉड्'-इ-*adj.* (*comp.* Gaudier, *sup.* Gaudiest) gay, showy. भड़कीला, दिखौवा।

Gauge-गेज्-*n.* (also Gage.) a standard of measure, capacity, extent, distance between rails, a graduated instrument. स्थिर या प्रामाणिक नाप, विस्तार, रेल की लाइन के बीच का अन्तर, नापने का यन्त्र;-*v. t.* to measure exactly. ठीक-ठीक नापना, पैमाना बनाना।

Gaugeable-गेजॅबल्-*adj.* that may be gauged. नापने योग्य।

Gauger-गेजर्-*n.* one who gauges. नापनेवाला।

Gaul-गॉल्-*n.* the name of ancient France. फ्रान्स देश का प्राचीन नाम।

Gaunt-गॉन्ट्-*adj.* lean, thin, haggard. दुर्बल, पतला, कृश (क्षीण); Gauntness (-नस्)-*n.* the state of being thin. दुर्बलता, दुबलापन।

Gauntlet-गॉन्ट्'-लॅट्-*n.* armoured glove. हस्त त्राण, लोहे का दस्ताना; To take up the

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

gauntlet (to accept a challenge.) बीड़ा उठाना, युद्ध स्वीकार करना; To throw down the gauntlet (to challenge to combat.) युद्ध के लिये ललकारना; Gauntleted (-लेट्-ऍड्) -*adj.* wearing a gauntlet. लोहे का दस्ताना पहिने हुए।

Gauze-गॉज़्-*n.* a thin fabric of silk, cotton, fine wire &c. महीन रेशमी कपड़ा या महीन तार की जाली; Gauzy (-इ) -*adj.* thin as gauze. जालीदार।

Gave-गेव्-*p. t.* of Give. दिया।

Gavel-गॅ-व्ल्-*n.* an auctioneer's hammer, a tribute or rent. नीलाम करनेवाले की मुँगरी, भूमि का लगान या कर।

Gawk-गॉक्-*n.* an awkward person, a fool. भद्दा मनुष्य, मूर्ख; Gawky (-इ) -*adj.* awkward, clownish. भद्दा, ठिठोलिया।

Gay-गे-*adj.* (*Comp.* Gayer, *sup.* Gayest.) sportive, lively, light-hearted, merry, showy, mirthful, brilliant, finely dressed. खिलाड़ी, आनन्दचित्त, प्रफुल्ल, प्रसन्न, विलासी, दिखौवा, चमकीला, सुन्दर वस्त्र पहिने हुए; Gayness (-नेस्) -*n.* gaiety, merriment. आनन्द, प्रसन्नता; Gaysome (-सम्) -*adj.* full of gaiety or mirth आनन्दपूर्ण, प्रसन्न।

Gaze-गेज़्-*v. i.* to look steadily at. घूरना, टकटकी लगाकर देखना; -*n.* a fixed look, look of admiration. निर्निमेष दृष्टि, टकटकी; Gazer (-अर्) -*n.* one who gazes. देखनेवाला, घूरनेवाला।

Gazebo-ग-ज़ी'-बो-*n.* a structure from which the view of a distant object may be had. दूर का दृश्य देखने का मचान।

Gazelle-ग-ज़ल्'-*n.* a small beautiful antelope. छोटा सुन्दर बारहसिंघा।

Gazette-ग-ज़ेट्'-*n.* an official news-sheet. गज़ट, सरकारी समाचारपत्र; -*v. t.* to publish in a gazette. सरकारी अखबार में प्रकाशित करना।

Gazetteer-गज़्-ऍट्-टियर्'-*n.* a geographical dictionary. भूगोल-सम्बन्धी शब्दों का कोष।

Gazogene-गॉज़-जीन्-*n.* a machine for preparing aerated water. सोडा वाटर, लेमनेड इत्यादि बनाने की कल।

Gear-गियर्-*n.* equipment, appliances, tools &c., arrangement connecting a motor with its parts. उपकरण, सामग्री, सामान, चलनेवाले इंजन या पुरज़े का अन्य पुरज़ों से मिलान; -*v. t.* to put machinery in gear. दाँतेदार पहिये को यन्त्र के पुरज़े पर धरना; Gear-wheel (a wheel which is fitted with cogs.) दाँतेदार पहिया; To put out of gear (to disarrange wheel-work.) पहियों का क्रम बिगाड़ना।

Gearing-गियर्'-इङ्ग्-*n.* harness, a train of toothed wheels. बर्तनभाँड़ा, दाँतेदार पहियों का क्रम।

Gecko-गेक्'-ओ-*n.* a house-lizard. घरेलू छिपकली।

Gee-जी-*n.* a horse; -*interj.* word of command to horse to go on; -*v.i.* to move on, to get on well. घोड़ा, घोड़े को चलाने के लिये प्रयुक्त शब्द, आगे बढ़ना, भली भाँति दिन बिताना।

Geese-गीज़्-*n. pl.* of Goose.

Gelatine-जे'लेटीन्-*n.* a transparent animal substance obtained from skins, tendons &c. पशुओं के चमड़े इत्यादि से प्राप्त चिपचिपी वस्तु, सरेस।

Gelatinize-जे'-लेट्'-इन्-आइज़्-*v. t.* to apply gelatine. सरेस लगाना।

Gelatinous-जे'लेटिनस्-*adj.* of the nature of gelatine. माँड़ के सदृश, पतला, चिपचिपा।

Gelation-जे'लेशन्-*n.* making solid by freezing. ठंढा करके ठोस करने का कार्य।

Geld-गेल्ड्-*v. t.* to deprive of generative organs, to castrate. बधिया करना, नपुंसक बनाना, आख्ता करना।

Gelding-गेल्ड्'-इङ्ग्-*n.* the act of castrating, a castrated animal. नपुंसककरण, आख्ता किया हुआ पशु।

Gelid-जेल्'-इड्-*adj.* chilly, cold. ठंढा, तर; Gelidity (-इ-टि)-*n.* extreme cold. बड़ी ठंढ; Gelidly (-लि)-*adv.* very coldly. बड़ी ठंढक से।

Gelsemium-जेल्-सीम्'-इ-अम्-*n.* a kind of American jasmine. एक प्रकार की अमेरिका की चमेली।

Gem-जेम्-*n.* a precious stone, object of great worth, choicest part. रत्न, मणि, जवाहिर, बहुमूल्य पदार्थ, श्रेष्ठ अंश; -*v. t.* (*p. t.* Gemmed.) to adorn with gems. रत्नों से सुशोभित करना।

Geminate-जे'मिनेट्-*v. t.* to repeat, to arrange in pairs. दोहराना, जोड़े में रखना; Gemination (-ए'-शन्) -*n.* repetition. दोहराव।

Gemini-जे'-मिनि-*n.* the third sign of the Zodiac, the twins. मिथुन राशि, जुड़वाँ।

Gemma-जेमा-*n.* (*pl.* Gemmae) a leaf-bud. पण या पत्र कली; -*v. i.* to put forth buds. कलियाँ निकलना; Gemmate (-मेट्) -*adj.* having buds. कलीदार।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Gemmy-जेंमि - *adj.* full of gems. रत्नों से पूर्ण, रत्नजटित।

Gender-जेंन्-डर्-*n.* grammatical classification of sexes. व्याकरण का जाति-विभाग, लिङ्ग;-*v. t.* & *i.* to beget, to copulate. पैदा करना, मैथुन करना।

Genealogical-जीनिऑल्'-ॲजिकल्-*adj.* pertaining to genealogy. वंशपरम्परा (वंशावली) सम्बन्धी; **Genealogically** (-लि) -*adv.* in a genealogical manner. वंशक्रम से।

Genealogist-जीनिऑ-लॅजिस्ट्-*n.* one who is versed in genealogies. वंशपरम्परा का वर्णन करनेवाला।

Genealogize-जीनिऑ-लॅजाइज़्-*v.* . to inquire into the history of descents. वंश-परम्परा का अन्वेषण करना।

Genealogy-जीनिऑल्'-ॲजि-*n.* the account of descent from ancestors, pedigree, lineage. वंशावली, पीढ़ी, वंश-श्रेणी, वंश-परम्परा।

Genera-जेंन्'-ऍर्-रा-*pl.* of Genus.

General-जेंन्'-अ-रल्-*adj.* relating to a whole class, widespread, usual, not limited, ordinary, not special, vague, belonging to all. जाति सम्बन्धी, विस्तृत, सामान्य, असीम, साधारण, अप्रधान, अस्पष्ट, व्यापक (प्रचलित);-*n.* chief, head, commander of an army. प्रधान, प्रमुख, सेनापति; **General opinion** (current opinion.) बहुमत; **General rule** (ordinary rule.) सामान्य नियम; **In general** (in the ordinary way.) सामान्यतः, सामान्य रूप में; **The general** (ordinary people.) सर्वसामान्य जनता।

Generalissimo-जेंनरलिसि'-मो-*n.* the chief commander of an army. सेनाध्यक्ष, प्रधान सेनापति।

Generality-जेंन्'-अर्-ऑल्-इट्-इ-*n.* the quality of being general. प्रधानता, सामान्यता।

Generalization-जेंनरलाइज़ेशन्-*n.* the act or result of generalizing. सामान्य अनुमान।

Generalize-जेंन्'-अ-रलाइज़्-*v. t.* to infer a general principle from particular instances. विशिष्ट उदाहरणों से साधारण नियम का अनुमान करना।

Generally-जेंनरलि - *adv.* usually, most frequently, extensively. प्रायः, साधारणतया, बहुधा।

Generalness-जेंनर-ल्-नेंस्-*n.* the quality of being general. व्यापकत्व, सामान्यता।

Generalship-जेंनरल्-शिप् *n.* the rank of a general. सेनापतित्व।

Generant-जेंन्'-अर्-ऑन्ट्-*n.* that which generates. उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला।

Generate-जेंनरेट्-*v. t.* to bring into existence, to beget, to produce, to evolve. उत्पन्न करना, उपजाना।

Generation-जेंन्'-अर्-ए'-शन्-*n.* production, the body of men born about the same time, race, age. उत्पादन (जन्म), पीढ़ी, पुरुष (पुरखा), युग; **Former generations** (ancestors.) पुरखे।

Generative-जेंन्-अर्-ऍट्'-इव्-*adj.* having power of generating or propagating. उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला; **Generative organ** (organ of generation.) लिङ्ग, योनि।

Generator-जेंन्-अर्-ऍट्'-अर्-*n.* he who or that which generates. जन्मदाता, उत्पन्न करनेवाला।

Generic-जेंनरिक् - *adj.* comprehending a genus or class, general, not special. जातिगत, सामान्य, साधारण, व्यापक; **Generic property** (property of a genus.) जातिधर्म, स्वभाव, लक्षण।

Generically-जेंनरि-कलि-*adv.* with regard to a genus. लक्षण से।

Generosity-जेंन्-अर्-ऑस्-सिट्-इ-*n.* liberality, nobleness. उदारता, दानशीलता, सज्जनता।

Generous-जेंनरस्-*adj.* magnanimous, free in bestowing gifts, nobleminded, liberal. उदार, दानी, उदारचरित, मुक्तहस्त; **Generously** (-लि) -*adv.* in a generous manner. उदारता से; **Generousness** (-नस्)-*n.* liberality, nobloness. उदारता, सुजनता।

Genesis-जेंन्-इस्-इस्-*n.* (*pl.* Geneses-ईज़्) the first book of the Old Testament, origin. ईसाइयों की धर्म-पुस्तक का पहिला काण्ड, उत्पत्ति, जन्म।

Genet-जेंन्'-ऍट् - *n.* a kind of civet cat. एक प्रकार की रोवेंवाली बिल्ली।

Genetic-जेंन्'-ऍट्'-इक्-*adj.* pertaining to the origin. उत्पत्ति-सम्बन्धी; **Genetically** (-अलि) -*adv.* in a genetic manner. उत्पत्ति के रूप में।

Genetics-जेंन्'-ऍट्-इक्स्-*n. pl.* the science of heredity. उत्पत्ति-विषयक शास्त्र।

Genial-जी'-नि - अल्-*adj.* kindly, cheering, jovial. दयालु, सुखप्रद, आनन्ददायक; **Geniality** (-इट्-इ) -*n.* cheerfulness. प्रसन्नता; **Genially** (-लि) -*adv.* in a genial manner. आनन्दपूर्वक; **Genialness** (-नेंस्) -*n.* cheerfulness. प्रसन्नता, रम्यता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Geniculate-जेनि-इक्'-यु-लेट्-*adj.* having joints like the kene. घुटने की तरह के जोड़ का; **Geniculated** (-ऍड्) -*adj.* having joints. जोड़युक्त।

Geniculation-जेनि-इक्'-यू-लेशन्-*n.* the state of having knots. गाँठपन।

Genital-जेनि'-इट् - अल् - *adj.* pertaining to generation. जनन-सम्बन्धी; **Genitals** (-स्) -*n. pl.* the external organs of generation. बाह्य जननेन्द्रियाँ (शिश्न और भग)।

Genii-जी'-नि - आइ-*n. pl.* of Genius, evil spirits. भूत, प्रेत, पिशाच।

Genitive-जेनि'-इट्-इव्-*adj.* possessive (case). षष्ठी विभक्ति, सम्बन्ध-सूचक।

Geniture-जेनि'-इचर्-*n.* birth. उत्पत्ति, जन्म।

Genius-जी'-नि-अस्-*n.* (*pl.* Geniuses.) great natural ability, mental endowments, a person having special intellectual powers. अपूर्व बुद्धि, कल्पनाशक्ति, अपूर्वबुद्धि का मनुष्य।

Genius-जी'-नि-अस्-*n.* (*pl.* Genii) spirit, a demon. प्रेत, पिशाच ; **Evil genius** (evil spirit supposed to preside over the destiny of man.) दुर्दैव; **Good genius** (good spirit.) सुदैव।

Genteel-जेनि'-टील्-*adj.* belonging to well-bred persons, fashionable, elegant. विनीत, सभ्य, सुशील; **Genteelness** (-नेस्)-*n.* elegance. सुशीलता; **Genteelly** (-लि)-*adv.* in an elegant manner. सुशीलता से।

Gentian-जेन्शयन्-*n.* a kind of blue-flowered plant. किरात, भूनीम।

Gentile-जेनि'-टाइल्-*n.* a person not of Jewish race, a heathen. यहूदियों से भिन्न जाति का व्यक्ति, नास्तिक व्यक्ति।

Gentility-जेन्-टिल्'-इट्-इ-*n.* politeness of manners. शिष्टाचार।

Gentilize-जेन्-टिल्-आइज़्-*v. t.* to render gentlemanly. शिष्ट बनाना।

Gentle-जेन्-ट्ल् - *adj.* honourable, noble, courteous, mild, moderate. प्रतिष्ठित, सज्जन, विनीत, सौम्य (सभ्य), (भला) धीमा; **Gentle breeze** (soft breeze.) मन्द समीर; **Gentle laugh** (quiet smile.) मन्द मुसकान; **Gentle sex** (women.) स्त्री-जाति; **Gentlewoman** (a woman of good family.) कुलीन स्त्री; **Gentlewoman-like** (befitting a gentle woman.) शिष्ट स्त्री के समान; **Gentle words** (sweet words.) प्रिय वचन।

Gentleman-जेन्'-ट्ल्-मॅन्-*n.* (*pl.* Gentlemen, *fem.* Gentlewoman.) a man of good birth. भद्रपुरुष (महानुभाव), शिष्ट मनुष्य; **Gentleman-at-arms** (sovereign's bodyguard.) राजा का शरीर-रक्षक; **Gentlemanhood** (position of being a gentleman.) शिष्टता; **Gentleman-like** (gentlemanly.) -*adj.* सभ्य, सुशील; **Gentlemanliness** (-लि-नेस्)-*n.* (behaviour of a well-bred man.) शिष्टता, सभ्यता; **Gentlemanly** (-लि) -*adj.* (like a man of good breeding.) कुलीन पुरुषवत्, सुविनीत; **Gentlemanship**-*n.* (the character of a gentleman) भद्रता।

Gentleness-जेन्-ट्ल्-नेस्-*n.* the quality of being gentle, kindness. कोमलता, सभ्यता, दयालुता, शिष्टता, भलमनसी।

Gently-जेन्ट्'-लि-*adv.* nobly, courteously. कोमलता से, मृदुता से।

Gentry-जेन्'-ट्रि-*n.* (*pl.* Gentries.) the class of people below the nobility and above the vulgar. कुलीन जन, आर्य लोग।

Genual-जेन्'-यू-अॅल्-*adj.* pertaining to the knee. घुटना-सम्बन्धी।

Genuflect-जेन्'-यू-फ्लेक्ट्-*v. t.* to bend the knee in worship. पूजा करने के लिए घुटना मोड़ना।

Genuflector-जेन्'-यु-फ्लेक्ट्-अर्-*n.* one who bends the knee. पूजा करते समय घुटना मोड़नेवाला व्यक्ति।

Genuflection, genuflexion.-जेन्-यु-फ्लेक्'-शन्-*n.* the bending of the knee in worship. आराधना करने में घुटना मोड़ने की क्रिया।

Genuine-जेन्'-यू-इन्-*adj.* real, pure, unadulterated. यथार्थ, शुद्ध, सच्चा, पवित्र; **Genuinely** (-लि)-*adv.* in a genuine manner. सत्यता से, निष्कपटता से; **Genuineness** (-नेस्)-*n.* the quality of being genuine. सत्यता, शुद्धता, यथार्थता, खरापन, सचाई।

Genus-जी'-नस्-*n.* (*pl.* Genera.) a class including several species, animals or plants possessing characteristic distinctions, kind, class. जाति, प्रकार, वर्ग, गण।

Geocentric, Geocentrical-जी-ऑ-सेन्ट्'-रिक् (-अल्)-*adjs.* considered having earth as centre. पृथ्वी को केन्द्र मानकर विचार किया हुआ; **Geocentrically** (-अलि)-*adv.* in a geocentric manner. इस प्रकार से।

Geocyclic-जी-ऑ-साइक्'-लिक्-*adj.* pertaining to the revolution of the earth. पृथ्वी की परिक्रमा-सम्बन्धी।

Geodesy-जीऑ'-डिसि-*n.* the science of measuring the earth. भूमण्डल नापने का शास्त्र।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Geognosy-जी-ऑग्'-नॅसि-*n.* a study of the materials of the earth's substance. भू-तत्त्व-विज्ञान ।

Geogony-जी-ऑ-गॅ-नि - *n.* the doctrine of the formation of the earth. भू-रचना-शास्त्र ।

Geographer, Geographical-see **Geography.**

Geography-जी-ऑग'-रफ़ि-*n.* the science of the earth's surface, physical features, climate, population &c. भूगोल शास्त्र, भूगोल विद्या; **Geographer** (-अर्)-*n.* one who is versed in geography. भूगोल शास्त्रज्ञ; **Geographical** (-इकल्)-*adj.* pertaining to geography. भूगोल-विषयक; **Physical geography** (geography which deals with natural features.) प्राकृतिक भूगोल ।

Geolatry-जी - ऑल्'-ऑट्रि-*n.* earth worship. पृथ्वी-पूजन ।

Geological, Geologist-see **Geology.**

Geology-जीऑल-ऑजि-*n.* the science of the earth's crust. भूगर्भशास्त्र, भूतत्त्व विद्या ; **Geological** (-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to geology. भूतत्त्व विद्या विषयक; **Geologist** (-इस्ट्)-*n.* one who is versed in geology. भूतत्त्व विद्या का जाननेवाला ।

Geomancer-जी-ओ'-मॅन्स्-अर्-*n.* one who is versed in geomancy. शकुन विद्या में निपुण ।

Geomancy-जी-ओ'-मॅन्-सि-*n.* divination by figures, dots or lines. रेखा, बिन्दु इत्यादि खींचकर शकुन बतलाना ।

Geometer-जीऑम्'-इटर्-*n.* one who is skilled in geometry. रेखागणित में निपुण ।

Geometric - जी-ऑ-मॅट्' - रिक्- **Geometrical** (-अल्)-*adjs.* pertaining to or according to geometry. रेखागणित-सम्बन्धी, रेखागणित के अनुसार; **Geometrical progression** (when quantities increase by a common multiplier.) गुणोत्तर श्रेणी (यथा १,२,४,८,१६ अथवा १६,८,४,२,१ इत्यादि) ।

Geometrician-जीऑम'-ऍट्रिश्यन्-*n.* one who is skilled in geometry. रेखागणित में प्रवीण ।

Geometrize-जीऑम्'-ऍट्राइज़्-*v. t.* to perform geometrically. रेखागणित की रीति से आकार बनाना ।

Geometry-जी-ऑम'-ऍट्रि-*n.* the science of magnitude in general. रेखागणित, ज्यामिति; **Plane geometry** (the geometry of plane figures.) समतल ज्यामिति; **Solid geometry** (the geometry of solid figures.) पिण्ड (घन) ज्यामिति ।

Geonomy-जी-ऑन्'-ऑ-मि-*n.* the science of the physical conditions of the earth. प्राकृतिक भूगोल ।

Geophagist-जी-ऑ-फ़जिस्ट्-*n.* one who eats clay or earth. मिट्टी खानेवाला ।

Geophagy-जी-ऑ-फ़जि-*n.* earth-eating. मिट्टी खाने का कार्य ।

Geoponic-जी-ऑ-पॉन्'-इक्-*adj.* pertaining to agriculture. कृषि सम्बन्धी ।

Germ-जर्म्-*n.* a rudimentary form of a living plant or animal, a plant ovary, that from which a disease springs, elementary principle, origin, reproductive element. सजीव वनस्पति या जन्तु का मौलिक रूप, पौधे का गर्भाशय, रोगोत्पादक जीवाणु या कीटाणु, मूल, प्रभव, बीज (अंकुर), कीटाणु;-*v. i.* to germinate. उत्पन्न होना ।

German-जर्मन्-*adj.* pertaining to Germany, its language or inhabitants. जर्मनी देश की भाषा या वहाँ के निवासी सम्बन्धी; **German-silver** (an alloy of copper, zinc and nickel). एक प्रकार की सफेद धातु ।

Germanic - जर्मनिक् - *adj.* pertaining to Germany. जर्मनी सम्बन्धी ।

Germanity-जर्मनिटि - *n.* the special quality of the Germans. जर्मन जाति के विशिष्ट गुण ।

Germen-जर्म्'-ऍन्-*n.* the rudiment of a seed vessel. प्रारम्भिक बीजयोनि का गर्भाशय ।

Germicidal-जर्म्-इस्-आइड्'-अल्-*adj.* pertaining to the destruction of germs. अंकुर को नष्ट करने से सम्बन्धित ।

Germicide-जर्म्-इस्-आइड्-*n.* & *adj.* having the power of destroying germs. अंकुर का नष्ट करने की शक्ति से युक्त या शक्ति का ।

Germinal-जर्मिनल्-*adj.* pertaining to a germ. जीवाणु या कीटाणु-सम्बन्धी ।

Germinate-जर्म-इन्-ऍट्'-*v. i.* & *t.* to sprout, to shoot up, to develop. बीज फूटना, या अंकुरित होना, उत्पन्न होना या करना, उगना ।

Germination-जर्म-इन्-ऍ'-शन् - *n.* the time when seeds vegetate. अँखुवा फूटने का समय ।

Germinative-जर्मिनेटिव्-*adj.* pertaining to germination, germinal. उत्पन्न करनेवाला ।

Germinator-जर्मिनेटर्-*n.* that which germinates. उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति या जन्तु या पौधा ।

Gerontocracy-जॅर्-ऑन्ट्-ऑक्रसि-*n.* government by old men. वृद्ध पुरुषों से शासित राज्य ।

Gerund-जॅर्'-रन्ड्-*n.* English verbal nouns ending in 'ing'. अँग्रेजी भाषा के क्रियापद में 'ing' प्रत्यय लगी हुई संज्ञा; **Gerundial** (-इ-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अल्)-*adj.* pertaining to or like a gerund. ऐसे पद का।

Gestation-जेंस्-टे'-शन्-*n.* the act of carrying the young in the womb, pregnancy. गर्भ धारण करने की स्थिति।

Gestic-जेंस्ट्'-इक्-*adj.* legendary. पौराणिक, प्राचीन कथा-सम्बन्धी।

Gesticulate-जेंस्-टिक्'-यु-लेट्-*v. i.* to use expressive motion of the body. हावभाव दिखलाना, नाटक करना।

Gesticulation-जेंस्-टिक्-यु-ले'-शन-*n.* the act of gesticulating. चेष्टा, हावभाव।

Gesticulator-जेंस्-टिक्-यु-ले-टर्-*n.* one who gesticulates. हावभाव दिखलानेवाला पुरुष।

Gesticulatory-जेंस्-टिक्-यु-ले-टरि-*adj.* representing gestures. चेष्टा दिखलानेवाला।

Gestural-जेंस्-चरल्-*adj.* pertaining to gesture. चेष्टा या भाव सम्बन्धी।

Gesture-जेंस्-च-र्-*n.* a motion of limb or body expressing sentiments. चेष्टा, भाव, संकेत;-*v. t.* to accompany with gesture. हावभाव दिखलाना।

Get-गेट्-*v. t.&i.*(*p. t.* Got, *p. p.* Got, Gotten-*in comb.*) to gain possession of, to beget, to learn, to prevail on, to go, to arrive, to become. प्राप्त करना, जनना, सीखना, प्रेरित करना, जाना, पहुँचना, होना; To get about (to go from one place to another.) एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना; To get abroad (to expand.) विस्तृत होना, फैलना; To get ahead (to lead.) अग्रसर होना; To get along (to advance.) आगे बढ़ना; To get at (to obtain, to reach.) प्राप्त करना, पहुँचना; To get away (to run away.) भाग जाना; To get the better of (to gain victory.) विजय प्राप्त करना; To get beyond (to surpass.) अतिक्रमण करना; To get clear of (to get rid of.) मुक्त होना; To get down (to descend.) उतरना; To get in (to enter.) प्रवेश करना; To get into (to enter.) पड़ जाना; To get off (to put off, to escape.) उतारना, निकल भागना; To get on (to draw or pull on, to ascend.) चढ़ना, सवार होना; To get over (to surmount.) निपटना; To get round (to remove.) हटाना; To get through (to terminate.) अन्त करना; To get to (to begin.) आरम्भ करना; To get up (to rise esp. from bed.) उठना, जागना; To get upon (to ascend.) चढ़ना।

Gettable-गेटेबल्-*adj.* obtainable. प्राप्त करने योग्य।

Getting-गेट्'-टिङ्ग्-*n.* gain, acquisition. लाभ प्राप्ति।

Get-up-गेट्-अप्-*n.* style, costume. बनावट, ठाठ)

Gewgaw-ग्यू'-गॉ-*n.* a showy plaything, a trifle. खिलौना, अल्प मूल्य का पदार्थ, निःसार वस्तु।

Geyser-गे'-सर्' या गी'-जर्-*n.* a hot spring throwing up intermittent stream of water. गरम पानी का झरना, उष्ण जल स्रोत।

Ghastliness-गास्ट्'-लि-नेंस्-*n.* see Ghastly.

Ghastly-गास्ट्'-लि-*adj.* horrible, death-like, pale, frightful. भयंकर, प्रेततुल्य, पीला, डरावना; Ghastliness (-नेंस्)-*n.* dreadfulness, frightfulness. विकटता, भयंकरता।

Ghost-गोस्ट्-*n.* an apparition, spectre, spirit, shadowy outline. भूत, पिशाच, प्रेत, छाया; To give up the ghost (to die.) मृत्यु प्राप्त करना, मरना।

Ghost-like-गोस्ट्' - लाइक्-*adj.* like a ghost. प्रेतवत्, भूत के समान।

Ghostly-गोस्ट्'-लि-*adj.* spiritual, pertaining to a ghost. आत्माविषयक, प्रेत-सम्बन्धी, प्रेत का।

Giant-जाइ'-अॅन्ट्-*n.* a man with superhuman stature, an abnormally tall being. अलौकिक या असाधारण उच्च शरीरधारी मानव, राक्षस, दानव; Giantess (-ऍस्)-*n. fem.* a female giant. राक्षसी; Giant-like-*adj.* huge, gigantic. महाकाय, प्रकाण्ड, असुरवत्।

Gibber-जिब्'-बर् (-गिबर्')-*v. i.* to chatter like an ape, to speak quickly and indistinctly. बड़बड़ाना, गलबल-गलबल बोलना; Gibberish (-इश्)-*n.* unmeaning words. अर्थ-रहित शब्द।

Gibbet-जिबिट्-*n.* the gallows, death by hanging. फाँसी देने की टिकठी, फाँसी देकर मृत्यु;-*v. t.* to hang on a gibbet. फाँसी पर लटकाना।

Gibble-gabble-गिब्'-बल्-गॉब् - बल् -*n.* noisy foolish talk. व्यर्थ की बकवाद, बड़बड़।

Gibbon-गिबन्-*n.* a kind of long armed ape लम्बे हाथवाला बन्दर, लँगूर।

Gibbosity-गिब्-बॉस्'-सिट्-इ-*n.* protuberance. उभाड़।

Gibbous-गिब्'-बस्-*adj.* convex, protuberant, hunchbacked. उन्नतोदर, उभड़ा हुआ, कुबड़ा; Gibbously (-लि) -*adv.* in a gibbous form. कुबड़ेपन से (टेढ़े से); Gibbousness (-नेंस्) -*n.* protuberance. उभाड़, कुबड़ापन।

Gibe-जाइब्-*v. i.* to flout, to jeer at, to mock. हँसी करना, चिढ़ाना, ताना मारना; -*n.* taunt, scoff. ताना, हँसी, ठट्ठा; Giber (-अर्) -*n.* one

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

who gibes. चिढ़ानेवाला; **Gibingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* tauntingly. ताना मारते हुए।

Giblets-जिब्'-लेट्स्-*n. pl.* liver, gizzard &c. of fowl cut off before cooking. पक्षियों का यकृत्, पित्त इत्यादि जो पकाने के पहिले काटकर निकाल लिया जाता है।

Gibus-जाइ'-बस् -*n.* an opera hat. उत्सव में पहिनने की अंग्रेजी टोपी।

Giddily-गिड्'-डि-लि-*adv.* in a giddy manner. भ्रम या चपलता से।

Giddiness-गिड्'-डि-नेस्-*n.* the state of being giddy. भ्रम, चपलता, चक्कर, घुमरि।

Giddy-गिड्-डि-*adj.* (*comp.* Giddier, *sup.* Giddiest.) dizzy, frivolous, inconstant, unstable. भ्रमिक, चक्कर लानेवाला, अस्थिर, चञ्चल (चपल); -*v. t.* to make unsteady. अस्थिर करना, चक्कर में डालना; **Giddy-head** (a thoughtless person.) विचारहीन पुरुष।

Gift-गिफ्ट्-*n.* giving, present, donation, natural endowment, talent. दान, उपहार, भेंट, ईश्वरीय शक्ति, अनुपम बुद्धि; -*v. t.* to bestow. दान देना ; **Gifted** (-एँड्) -*adj.* endowed with intellectual gifts. मेधावी, गुणी।

Gig-गिग्-*n.* a light two-wheeled carriage drawn by one horse, a rowing boat. टमटम, हलकी नाव।

Gigantic-जाइ-गैन्'-टिक् -*adj.* mighty, giant-like. विशाल, बड़ा, राक्षस-तुल्य; **Gigantically** (-अलि)-*adj.* in a gigantic manner. विशाल रूप में।

Giggle-गिग्'-ग्ल्-*v. t.* to laugh like a silly person, to have suppressed laughter. मूर्ख की तरह हँसना, खिसियाना; -*n.* a silly laugh. खीस।

Giggler-गिग्' - ग्लर् - *n.* one who giggles. ठट्ठा करनेवाला, हँसोड़िया।

Giglet-गिग्-लेट् - *n.* (also **Giglot**) a lewd woman. कामातुर स्त्री।

Gild-गिल्ड् - *v. t.* (*p. t. & p. p.* Gilt) to cover with a thin layer of gold. सोने का मुलम्मा करना; **Gilder** (-अर्) -*n.* one who gilds. मुलमची; **Gilding** (-इङ्ग्) - *n.* the practice of overlaying with gold. मुलम्मा।

Gill-गिल् - *n.* the organ of respiration in fishes, a deep ravine, a brook. मछली का गलफड़ा, गहरी कन्दरा, नाला।

Gillaroo-गिल-रू-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Gilt-गिल्ट् -*p. t. & p. p.* of Gild gilded, gold-coloured. सोने का मुलम्मा किया हुआ, सुनहले रंग का।

Gimcrack-जिम्'-क्रैक्-*n.* an useless ornament, a toy. निरर्थक अलंकार, खिलौना; **Gimcrackery** (-अर्-इ) -*n.* a worthless show. निरर्थक दिखावा या आडम्बर।

Gimlet-गिम्'-लेट्-*n.* a kind of boring tool. छेद करने की वर्मी।

Gimp, Gymp-गिम्प्-*ns.* a kind of trimming stiffened by wire, a neckerchief worn by nuns. तार से पुष्ट किया हुआ फ़ीता, संन्यासिनियों द्वारा पहना जानेवाला गलेबन्द रुमाल।

Gin-जिन्-*n.* a net, trap, a machine for separating seeds of cotton, spirit distilled from malt. जाल, फन्दा, चरखी, बिनौला निकालने का यन्त्र, जव की शराब; -*v. t.* to clear cotton pods of its seeds. बिनौला निकालना; **Gin-shop** (a liquor shop.) शराब की दूकान।

Ginger-जिन्'-जर् - *n.* a plant with its spicy hot root. अदरख; Dry ginger. शुंठी, सोंठ।

Gingerade-जिन्'-जर्-एँड्-*n.* an aerated drink with ginger taste. अदरख के स्वाद का शर्बत।

Gingerly-जिन्'-जर्-लि-*adv.* gently, cautiously with soft step. धीरे से, सावधानी से, हलके कदम से।

Gingery-जिन्'-जर्-इ-*adj.* resembling ginger in taste. अदरख के स्वाद का।

Gingham-गिङ्ग्'-म् -*n.* cotton cloth dyed in stripes, an umbrella. छींटदार सूती कपड़ा, छाता।

Gingival-जिन् - जाइ' -वल्-*adj.* pertaining to gums. मसूड़े का।

Ginglymus-जिङ्ग्'-ग्लिमस् - *n.* a hinge-like joint in the body. शरीर का कब्जे के प्रकार का जोड़।

Ginning-जिन्'-निङ्ग् -*n.* the operation by which cotton is separated from its seeds. बिनौले में से कपास निकालने का कार्य।

Gipsy-जिप्-सि-*n.* (*pl.* Gipsies.) a wandering race living on basket-making, horse dealing &c. कञ्जर जाति।

Giraffe-जि'-राफ् - *n.* an African quadruped with a long neck and spotted skin, a camelopard. अफ्रीका देश का एक बड़ा ऊँचा चौपाया, लकड़हरना।

Giraffe.

Girandole-जिरन्-डोल्-*n.* a revolving firework or jet of water. आतशबाजी की चरखी, पानी की धारा की चरखी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Gird-गर्ड्-*v. t.* (*p. t.* Girded or Girt.) to bind with a belt &c., to fasten on, to encircle, to put round. बाँधना, लपेटना, घेरना, पेटी से बाँधना।

Girder-गर्डर्-*n.* iron or steel beams supporting the joint of a floor. धरन, शहतीर।

Girdle-गर्ड्'-ल्-*n.* a belt, bony support, a ring round a tree. मेखला, कटिसूत्र, करधनी, कमरबन्द, परिखा; -*v. t.* to bind with a girdle, to enclose. कमरबन्द बाँधना, वृक्ष के चारों ओर खाई बनाना।

Girl-गर्ल्-*n.* (*mas.* Boy.) an unmarried woman, a female child, daughter, sweetheart. कुमारी, कन्या, बालिका, पुत्री, प्रेमिका; **Girlhood** (-हुड्)-*n.* state of being a girl. कुमारीत्व, कुमारीपन, कौमार्य।

Girlish-गर्लिश्-*adj.* like a girl. कन्यावत्; **Girlishness** (-इश् - नेस्)-*n.* girlish character. लड़कीपन, कन्यात्व।

Girt-गर्ट्-*n.* measurement across the surface. ऊपरी नाप;-*v. t.* to measure with a girt, to surround. इस प्रकार की नाप करना, लपेटना, घेरना।

Girth-गर्थ्-*n.* the band tightened round the body of a horse, measurement round a cylindrical object. घोड़े के साज की पेटी (चाल), किसी गोल पदार्थ की गोलाई की नाप; -*v. t.* to bind with a girth. पेटी कसना।

Gist-जिस्ट्-*n.* the real point or ground, substance or pith of a matter. तात्पर्य, निष्कर्ष, भाव।

Give-गिव्-*v. t.* (*p. t.* Gave, *p. p.* Given.) to estow, to hand over, to impart, to pay, bo bequeath, to deliver, to entrust, to communicate, to pay in exchange, to dedicate, to produce, to show, to ascribe. अर्पण करना, सौंपना, देना, चुकाना, वसीयत करना, हवाले करना, बताना, बदले में देना, समर्पण करना, उत्पन्न करना, दिखलाना, आरोपित करना; To give away (to transfer.) सौंपना; To give back (to return.) वापस करना; To give chase (to follow.) अनुसरण करना, पीछा करना; To give ear to (to attend to.) ध्यान देना, सुनना; To give forth (to publish.) प्रकाशित करना; To give ground (to run away.) छोड़कर भागना; To give in (to yield.) हार मान लेना; To give offence. अपराध करना; To give out (to utter publicly.) बात फैलाना; To give over (to abandon.) त्यागना; To give place (to yield.) जगह देना; To give oneself up to (to despair, to abandon.) निराश होना, त्यागना; To give up (to abandon.) त्यागना; To give utterance (to pronounce.) उच्चारण करना; To give way (to fall back.) शिथिल पड़ना, हट जाना।

Given-गिव्'-न्-*adj.* bestowed. दिया हुआ।

Giver-गिव्'-अर्-*n.* one who gives. देनेवाला, दाता।

Giving-गिव्'-इङ्ग्-*n.* conferring. दान, अर्पण।

Gives-जाइज़्-*n. pl.* fetters for the feet. पैर की बेड़ियाँ।

Gizzard-गि'-ज़र्ड्-*n.* the second stomach of birds and fishes. पक्षियों तथा मछलियों का द्वितीय आमाशय; To fret one's gizzard (to vex, to harass.) कष्ट देना, व्यग्र करना।

Glabrous-ग्लेब्रस्-*adj.* without hair, smooth-skinned. बिना रोम का, चिकने चमड़े का।

Glace-ग्लेश्'-*adj.* having a smooth and polished surface. चिकनी तथा चमकदार सतह का।

Glacial-ग्ले'-श्यल्-*adj.* of ice, icy. हिमरूप, बर्फ़ीला; **Glacially** (-लि)-*adv.* like ice. हिमरूप में।

Glaciated-ग्ले'-शि-एट्-एड्-*adj.* polished by the action of ice. बरफ़ की गति से चिकना किया हुआ; **Glaciation** (-ए'-शन्)-*n.* the action of ice in polishing. बरफ़ का चिकना करने का कार्य।

Glacier-ग्लेश्'-यर्-*n.* a slowly moving field of ice. बरफ़ की धीरे-धीरे चलनेवाली या सरकनेवाली चट्टान।

Glacis-ग्ले'-सिस्, ग्ला'-सी-*n.* a sloping bank. ढालुआँ किनारा।

Glad-ग्लैड्-*adj.* (*comp.* Gladder; *sup.* Gladdest.) pleased, cheerful, full of joy. प्रसन्न (हर्षित), आनन्दित, खुश।

Gladden-ग्लैड्'-इन्-*v. t.* to cheer, to make glad. आनन्दित करना, प्रसन्न करना, खुश करना; **Gladdening** (-डेन्-इङ्ग्)-*adj.* cheering. हर्षक।

Glade-ग्लेड्-*n.* an open space between trees in a forest. वनमार्ग, जङ्गल में खुला मैदान।

Gladiate-ग्ले'-डि-एट्-*adj.* of the form of a sword. तलवार के आकार का।

Gladiator-ग्लैड्'-इ-एट्-अर्-*n.* a fighter with a sword, controversialist. तलवार चलानेवाला, वाद-विवाद करनेवाला; **Gladiatorial** (-ऍ-टोर्'-इ-अल्)-*adj.* of a gladiator. तलवार चलाने

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाले का; **Gladiatorship** -*n.* the work of a gladiator. तलवार चलाने का कार्य।

Gladly-ग्लॉड्'-लि-*adv.* with pleasure. प्रसन्नता-पूर्वक, खुशी से।

Gladness-ग्लॉड्'-नेस्-*n.* the state of being glad. हर्ष, आनन्द, खुशी।

Gladsome-ग्लॉड्-सम्-*adj.* joyful, cheerful. प्रसन्न, खुश।

Gladstone-bag- ग्लॉड्'-स्टोन्-बॅग् -*n.* a light bag. एक प्रकार का हलका झोला।

Glair-ग्लेअर्-*n.* the white of an egg, mud. अण्डे की सफेदी, कीचड़;-*v. t.* to smear with glair. अण्डे की सफेदी पोतना;**Glairy** (-इ)-*adj.*of the nature of glair. अण्डे की सफेदी के समान।

Glamour-ग्लॅमर्-*n.* magic, enchantment. जादू, टोना; -*v.t.* to enchant. जादू डालना; **Glamorous** (-अस्)-*adj.* filled with glamour. जादूपूर्ण, जादू डाला हुआ।

Glance-ग्लान्स्-*v. t.* to pass quickly over, to flash, to gleam, to cast a momentary look at. निगाह डालना, चमकना, जगमगाना, क्षणिक दृष्टिपात करना;-*n.* a gleam, a sudden flash, a quick momentary view. प्रभा, झलक, क्षणिक दृष्टिपात, **Sidelong glance** (oblique look.) कटाक्ष; **To glance over** (to look cursorily.) सरकारी तौर से देखना।

Glancingly-ग्लान्स्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a glancing manner. तिरछी नजर से।

Gland-ग्लॅन्ड्-*n.* a simple or complex organ in animals secreting constituents of blood. गिल्टी, ग्रंन्थि, गाँठ।

Glandiform- ग्लॅन्ड्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a gland. गिल्टी के आकार का।

Glandless-ग्लॅन्ड्'-लेस्-*adj.* without glands. बिना गाँठ का।

Glandular-ग्लॅन्ड्'-यू-लर्-*adj.* pertaining to glands. गिल्टी-सम्बन्धी।

Glandule-ग्लॅन्ड्'-यूल-*n.* a small gland. छोटी ग्रन्थि।

Glare-ग्लेअर्-*n.* a strong fierce light, brilliance. उग्र(चौंधानेवाला)प्रकाश, चमक;-*v. i. & t.* to shine with a dazzling light. चौंधना, चौंधाना;-*adj.* glassy. शीशे के समान।

Glaring-ग्लेअर्'-इङ्ग्-*adj.* with dazzling light. देदीप्यमान; **Glaringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a glaring manner. चौंधाते हुए; **Glaringness** (-इङ्ग्-नेस्)-*n.* brilliance. चमक।

Glary-ग्लेअर्'-इ - *adj.* dazzling, brilliant. चकाचौंध करनेवाला, चमकीला।

Glass-ग्लास्-*n.* a hard and brittle usually transparent substance, a vessel of glass, a mirror. काँच, शीशा, शीशे का बर्तन, दर्पण; **Glasses** *n. pl.* spectacles, lenses. चश्मा,ताल; -*v. t.* to cover with glass. शीशा लगाना; **Glass-blower**-*n.* शीशे को फूँककर इसके पात्र आदि बनानेवाला; **Glass-eye** (artificial eye.) बनावटी आँख; **Glass-like** (-लाइक्)-*adj.* resembling glass. काँच के समान; **Glassware** (articles made of glass.) काँच के बने पदार्थ; **Glassy** (-इ)-*adj.* resembling glass, having the properties of glass. शीशे के समान।

Glaucoma-ग्लॉ-को'-मा-*n.* a disease of the eye. आँख का एक रोग।

Glaucous-ग्लॉ'-कस्-*adj.* of dull blue colour. हलके नीले रंग का।

Glaze-ग्लेज़्-*v. t.* to fit with glass, to give a lustrous coating to. शीशा लगाना, शीशे की तरह चमकाना;-*n.* glassy coating, bright polish. शीशे का आवरण, चमकीला वार्निश या रोगन।

Glazier-ग्लेज़्यर्-*n.* one whose business is to glaze windows. खिड़कियों में शीशा जड़नेवाला।

Glazing-ग्लेज़्'-इङ्ग्-*n.* the act of setting glass to the windows etc. खिड़कियों आदि में काँच बैठाने का कार्य।

Glazy-ग्लेज़्'-इ-*adj.* shiny. चमकीला।

Gleam-ग्लीम्-*n.* dim light, beam of light, temporary show of some quality. मन्द प्रभा, प्रकाश की किरण, क्षणज्योति;-*v. i.* to shine with interrupted brightness. जगमगाना, क्षणमात्र के लिये प्रकाश डालना।

Gleaming-ग्लीम्'-इङ्ग्-*adj.* emitting gleams. चमकनेवाला।

Gleamy-ग्लीम्'-इ-*adj.* shedding beams of light. कम्पित प्रभा या क्षणज्योति फेंकनेवाला।

Glean-ग्लीन्-*v. t. & i.* to gather ears of corn left by reapers. लवन के बाद छुटा हुआ अन्न बटोरना;-*n.* that which is gleaned. इस प्रकार बटोरा गया अन्न।

Gleaner-ग्लीन्'-अर्-*n.* one who gathers. बटोरनेवाला।

Gleaning-ग्लीन्'-इङ्ग्-*n.* the act of gathering after reaping. बटोरने का कार्य।

Glebe-ग्लीब्-*n.* clod, earth, a land attached to a church. मिट्टी, भूमि, गिरजे से लगी हुई भूमि।

Glee-ग्ली-*n.* mirth, cheerfulness, delight, song sung by three or more men. आनन्द, प्रसन्नता, प्रफुल्लता, तीन या अधिक मनुष्यों का मिलकर गाया गया गीत।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Gleeful-ग्ली-फ़ुल् (-some)-(-सम्)-*adjs.* joyous, gay. आनन्दपूर्ण; **Gleefully** (-फ़ुलि)-*adv.* in a joyous manner. आनन्दपूर्वक।

Gleet-ग्लीट्-*n.* a morbid discharge from a sore or wound. मवाद, पीप, घाव से बहनेवाला पंछा; **Gleety** (-इ)-*adj.* thin. पतला।

Glen-ग्लेन्-*n.* a narrow valley. कंदरा, घाटी, दर्रा।

Glenoid-ग्ली'-नॉ-यॅड् - *n. adj.* pertaining to the small cavity of a bone. हड्डी में के छोटे गड्ढे से सम्बन्धित।

Glib-ग्लिब्-*adj.* smooth, slippery, fluent, voluble. चिकना, फिसलनदार, बकवादी, बड़-बड़िया; **Glibly** (-लि)-*adv.* in a glib manner. चिकनाई से; **Glibness** (-नेस्)-*n.* the quality of being glib. वाक्-चपलता।

Glide-ग्लाइड्-*v. i.* to slide, to pass gently. सरकना, खिसकना, धीमे-धीमे बहना;-*n.* the act of gliding. सरकन।

Glider-ग्लाइड्'-अर् - *n.* one who glides, an engineless aeroplane. चुपके से जानेवाला, बिना इञ्जन का हवाई जहाज।

Glidingly-ग्लाइड्'-इङ्ग्-लि-*adv.* in a gliding manner. घिसकते हुए।

Glimmer-ग्लिम्'-मर्-*n.* a faint or dim light, an inkling. क्षीण प्रकाश, प्रभा, चमक; -*v. i.* to shine faintly. टिमटिमाना, जगमगाना; **Glimmering** (-इङ्ग्)-*n.* unsteady beam of light, faint idea. मन्द प्रकाश, अस्पष्ट विचार।

Glimpse-ग्लिम्प्स्-*n.* a sudden flash, momentary or transient view. क्षणिक चमक या दृष्टि, झलक;-*v. t. & i.* to see or appear as a glimpse. झलक पड़ना।

Glint-ग्लिण्ट्-*v.i.* to flash, to sparkle. चमकना, झलकना।

Glissade-ग्लिसे' - ड्-*v. i.* to slide on ice. बरफ पर सरकना।

Glisten-ग्लिस्'-स्-न्-*v. i.* to shine, to sparkle. चमकना, दमकना; **Glistening** (-इङ्ग्)-*adj.* shining. चमकदार।

Glister-ग्लिस् - टर्-*v. i.* to sparkle. चमकना; **Glistering** (-इङ्ग्)-*adj.* sparkling with light. प्रकाश से चमकता हुआ; **Glisteringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a glistering manner. चमकते हुए, जगमगाते हुए।

Glitter-ग्लिट्'-टर्-*v. i.* to gleam, to sparkle. चमकना, प्रकाश फेंकना;-*n.* brilliancy, lustre. चमक-दमक, दीप्ति; **Glittering** (-इङ्ग्)-*adj.* shining. चमकता हुआ।

Gloaming-ग्लोम्'-इङ्ग्-*n.* twilight specially of evening. सन्ध्या का मन्द प्रकाश, गोधूलि वेला का प्रकाश।

Gloat-ग्लोट्-*v. t.* to stare lustfully or avariciously. बुरी दृष्टि या लालच की निगाह से देखना, घूरना; **Gloatingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a gloating manner. घूरते हुए।

Globate-ग्लोब्'-एट्-*adj.* of the form of a globe, globular. गोलाकार।

Globe-ग्लोब्-*n.* a spherical body, the earth. गोल, गोल पदार्थ, पृथ्वी।

Globoid- ग्लोब्'- ऑइड् -*adj.* of the form of a globe. वर्तुल, गोलाकार।

Globosity- ग्लोब्-ऑस्-सिट्-इ-*n.* the state of being globulous. गोलापन।

Globular - ग्लॉब्यूलर्-*adj.* spherical. गोलाकार।

Globe.

Globule-ग्लॉब्'-यूल्-*n.* a small globe, a pill. छोटा गोला, गोली।

Glomerate-ग्लॉम्'-मर्-एट्-*adj.* clustered compactly together. पिण्ड किया हुआ, इकट्ठा किया हुआ।

Glomeration-ग्लॉम्-अर्-ए'- शन्-*n.* the act of gathering into a ball. इकट्ठा होकर गोलाकार हो जाना।

Glomerous-ग्लॉ-मर्-अस्-*adj.* gathered into a round mass. गोला बनाया हुआ।

Glomerule-ग्लॉम्-मरू-ल् - *n.* a cluster of small glomers, tissues &c. छोटे फूल इत्यादि का गुच्छा।

Gloom-ग्लूम्-*n.* darkness, obscurity, despondency. अन्धकार, धुँधलापन, विषाद;-*v. t. & i.* to make or be obscure. अन्धकार करना या होना; **Gloomily** (-इल्-इ)-*adv.* in a gloomy manner. उद्वेग (विषाद) सहित; **Gloominess** (-इ-नेस्)-*n.* the state of being gloomy. खेद, उद्विग्नता।

Gloomy-ग्लूम्'-इ-*adj.* dusky, dismal, melancholy. अन्धकारमय (मलिन), खिन्न, उद्विग्न।

Glorification-ग्लोर्-इफ्-इक्- ए'- शन्-*n.* exaltation to honour and dignity. गुण-कीर्तन, प्रशंसा।

Glorify- ग्लोर्'-इफ्-आइ-*v. t.* (*p. t.* Glorified.) to make glorious, to praise, to honour, to exalt, to invest with beauty. प्रकाशित बनाना, प्रशंसा करना, आदर देना, गौरवान्वित करना, सुन्दरता प्रदान करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Gloriole-ग्लोर्'-इ-ओल्-*n.* a halo, a circle of light. प्रभा-मण्डल।

Glorious-ग्लोर्'-इ-अस्-*adj.* illustrious, splendid, honourable, magnificent. यशस्वी, तेजस्वी, प्रतापी, उत्तम (श्रेष्ठ); **Gloriously** (-लि) -*adv.* in a glorious manner. शान से, तड़क-भड़क के साथ।

Glory-ग्लोर्'-इ-*n.* (*pl.* Glories.) brightness, renown, fame, pride, splendour, ornament, magnificence. कीर्ति, यश, प्रताप, गर्व, शोभा, आभूषण, महत्त्व;-*v. i.* to pride oneself. शेखी करना; **Vainglory** (false pride, vanity.) मिथ्या अभिमान, अहङ्कार।

Gloss-ग्लॉस्-*n.* explanation, comment, glossary, superficial lustre. टीका, भाष्य, व्याख्या, बाह्य (कल्पित) शोभा;-*v. t.* to make glossy, to give lustre to, to explain. चमकीला करना, चमकाना, व्याख्या करना।

Glossal-ग्लॉसल्-*adj.* of the tongue. जिह्वा का।

Glossary-ग्लॉस'रि-*n.* a vocabulary. पारिभाषिक शब्द-कोष।

Glossily-ग्लॉस्-इ-लि-*adv.* in a glossy manner. चमक-दमक से।

Glossiness-ग्लॉस्'-इ-नेस्-*n.* the state of being glossy. चमक।

Glossy-ग्लॉस्'-सि-*adj.* smooth and shining, polished. चिकना, चमकीला।

Glottal-ग्लॉटल्-*adj.* pertaining to glottis. घाँटी-सम्बन्धी।

Glottis-ग्लॉट्'-टिस्-*n.* the opening at the upper part of the windpipe. उपजिह्वा, घाँटी।

Glove-ग्लव्-*n.* a covering for the hand. हस्त-त्राण (दस्ताना), हाथ का मोजा;-*v. i.* to cover with a glove. दस्ताना पहनना; **Glove-fight** (a fight with fists.) मुक्की की लड़ाई; **To take up the glove** (to accept challenge.) लड़ना स्वीकार करना; **To throw down the glove** (to challenge to single combat.) बीड़ा उठाना, अकेले की लड़ाई के लिये ललकारना।

Glow-ग्लो-*v. i.* to throw light and heat without a flame, to shine with heat, to show warm colour, to burn with bodily heat. (आग से) लाल होना, प्रज्वलित होना, चमकना, तपना;-*n.* a shining heat, ardour of passion. तेज, चमक, लाली, ताव।

Glower-ग्लो'-अर्-*v. i.* to scowl. तिरछी निगाह से देखना।

Glowing-ग्लो'-इङ्ग्-*adj.* shining with heat. प्रज्वलित, देदीप्यमान; **Glowingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* with great brightness or heat. दीप्ति से।

Glow-worm-ग्लो'-वर्म्-*n.* an insect which glows at night. खद्योत, जुगनू।

Gloze-ग्लोज़्-*v. t.* to flatter. चापलूसी करना -*n.* flattery. चापलूसी; **Glozer** (-अर्)-*n.* a flatterer. चापलूसी।

Glucose-ग्लू'-कोस्-*n.* grape-sugar. अंगूर से निकाली हुई शक्कर।

Glue-ग्लू-*n.* gelatine obtained from hides and hoofs of animals. सरेस; -*v. t.* to join with glue. सरेस से जोड़ना या चिपकाना।

Gluey-ग्लू'-इ-*adj.* glutinous. चिपचिपा, लसलसा; **Glueyness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being gluey. लसलसापन, चिपचिपाहट।

Glum-ग्लम्-*adj.* looking sullen or displeased अप्रसन्न, मलिनमुख।

Glume-ग्लूम्-*n.* husk of grain. भूसा।

Glut-ग्लट्-*v. t.* (*p. t.* Glutted.) to overload the stomach with food, to swallow greedily, to satiate, to fill to excess. भकोसना, अत्यन्त भोजन करना, ठूँसना;-*n.* an oversupply, superabundance. अति तृप्ति, बहुलता।

Gluten-ग्लू'-टेन्-*n.* a sticky substance. लसलसा पदार्थ।

Glutinize-ग्लू-टिन्'-आइज़्-*v. t.* to make sticky. लसलसा या चिपचिपा बनाना।

Glutinous-ग्लू-टिन्-अस्-*adj.* viscous. चिपकनेवाला; **Glutinously** (-लि)-*adv.* in a glutinous manner. चिपकाते हुए।

Glutton-ग्लट्'-टन्-*n.* an excessive eater, a person with great appetite. भुक्खड़, पेटू, खाऊ; **Glutttonish** (-इश्), **Gluttonous** (-अस्)-*adjs.* given to gluttony. भक्षक, लोभी; **Gluttonously** (-लि)-*adv.* in a gluttonous manner. लोलुपता (लालच) से; **Gluttony**-*n.* voracity. लोलुपता, लालच, पेटूपन।

Glycerine-ग्लिस्'-सर्-इन्-*n.* a colourless sweet liquid which is obtained from oils. ग्लिसरीन, तेल या चरबी से निकाला हुआ एक सत्त्व।

Glycogen-ग्लाइ'-को-जेन्-*n.* a substance producing sugar in animal tissue. शरीर रचना में शक्कर उत्पन्न करनेवाला एक पदार्थ।

Glyphography-ग्लिफ़्'-ऑ-ग्रॉफ़ि-*n.* a process of making raised copy on engraved plates. नकाशी किये हुए चद्दर पर उभड़ी हुई प्रतिलिपि बनाने की विधि।

Glyptography-ग्लिप्ट्-ऑ-ग्रॉफ़ि-*n.* the science of engraving on gems. रत्नों पर नकाशी करने की कला।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Gnarl-नार्ल्-*v. i.* to growl, to snarl. गरजना, गुर्राना।

Gnarled-नार्ल्ड्, **Gnarly** (-इ)-*adjs.* twisted, knotty. ऐंठा हुआ, ग्रन्थियुक्त।

Gnash-नैश्-*v. i.* to grind teeth together. दाँत पीसना या कड़कड़ाना; **Gnashing** (-इङ्ग्) -*n.* grinding of teeth in rage. क्रोध में दाँत पीसना; **Gnashingly** (-लि) -*adv.* दाँत पीसते हुए।

Gnat-नैट्-*n.* a small two-winged fly. मच्छर, वनमक्खी, कुटकी, पिस्सू।

Gnathic-नैथ्'-इक्-*adj.* pertaining to jaws. दाढ़ सम्बन्धी।

Gnaw-नॉ-*v.t.* to bite persistently, to corrode, to torture. दाँत से काटना, खा जाना, कष्ट देना।

Gnawer-नॉ'-अर्-*n.* a rodent animal. कुतरकर खानेवाला जन्तु या पशु।

Gnawing-नॉ' - इङ्ग् -*n.* chewing, biting. चबाना, काटना; **Gnawingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a gnawing manner. दाँत से काटते हुए।

Gnome-नोम् -*n.* a maxim, goblin, dwarf. कहावत, परी, बौना।

Gnomic-नोम्'-इक्-*adj.* pertaining to maxims, sententious. कहावत सम्बन्धी।

Gnomon-नो-मॉन्-*n.* a pin or plate of sun-dial, part of a parallelogram left when a similar one is removed from its corner. सूर्यघड़ी की कील, रेखागणित की एक आकृति।

Gnostic-नॉस्'-टिक्-*adj.* relating to knowledge. ज्ञान-सम्बन्धी।

Gnosticism- नॉस्'-टिस्-सिज़्म् -*n.* theosophic philosophy. ब्रह्मज्ञान का सिद्धान्त।

Gnu-नू-*n.* an ox-like antelope. बैल की आकृति का वारहसिंगा।

Go-गो-*v. i.* (*p. t.* Went-वेन्ट् *p. p.* Gone-गॉन्) to move, to depart, to circulate, to advance. चलना, जाना, प्रस्थान करना, घुमाना, बढ़ाना; **Go-ahead** -*adj.* energetic, active. फुर्तीला; **Go-between**-*n.* (an intermediary.) मध्यस्थ; **To go about** (to set oneself in business, to seek, to endeavour.) कार्य आरम्भ करना, तलाश करना, कोशिश करना; **To go ahead** (to advance.) आगे को बढ़ना; **To go at** (to attack.) आक्रमण करना; **To go behind** (to examine again.) पुनः परीक्षा करना; **To go by** (to pass near and beyond.) आगे-पीछे जाना; **To go down** (to sink.) डूबना; **To go for nothing** (to have novalue.) विफल होना; **To go off** (to die, to fly, to leave, to explode, to fade. मरना, उड़ना, छोड़ना, उड़ाना, मुर्झाना; **To go round.** प्रदक्षिणा करना; **To go through** (to accomplish, to examine in order, to undergo.) पूर्ण करना, क्रम से परीक्षा या जाँच करना, सहन करना; **To go with** (to be equal to.) बराबर होना।

Goad-गोड्-*n.* a pointed stick used for urging cattle, a stimulus. अंकुश, उसकाव;-*v. t.* to drive with a goad, to drive forward. अंकुश लगाना, आगे बढ़ाना (उद्यत करना)।

Goal-गोल्-*n.* the end of a race, destination, aim, purpose, final end. दौड़ का छोर, पहुँच, लक्ष्य, निमित्त, अन्त; **Goal-keeper**-*n.* the player whose duty is to guard the goal. खेल में सीमा स्थान का रक्षक; **Goal-post** -*n.* a post stuck on the goals. सीमा स्थान में गाड़ा हुआ डंडा।

Goat-गोट्-*n.* a horned ruminant quadruped. अज, बकरा; **Goatherd** (one who tends goats.)अज पालक,बकरों को पालनेवाला, गड़ेरिया।

Goatish-गोट्'-इश्-*adj.* resembling a goat. बकरे के समान; **Goatishly** (-लि) -*adv.* lustfully. कामुकता से; **Goatishness** (-इश्-नेस्)-*n.* lustfulness. कामुकता।

Goatling-गोट्- लिङ्ग्-*n.* a one or two-year old goat. एक या दो बरस का बकरी का बच्चा।

Gob-गॉब्-*n.* a clot of slimy matter, spittle. थूक, खखार।

Gobbet-गॉब्'-बेट्-*n.* a small piece. छोटा टुकड़ा या खण्ड; -*v. t.* to swallow in bits, to divide in bits. टुकड़े करके घोंटना, टुकड़ों में विभक्त करना।

Gobble-गॉब्'-ब्ल्-*v. t.* to eat hurriedly with noise. शब्द करते हुए जल्दी-जल्दी खाना।

Gobbler-गॉब्'-लर्-*n.* one who swallows in haste. जल्दी से निगलनेवाला।

Goblet-गॉब्-लेट्-*n.* a drinking cup without handles. बिना हत्थे या हथवड़ का पानी पीने का प्याला या कटोरा।

Goblin-गॉब्-लिन् -*n.* a mischievous evil spirit. भूत, पिशाच।

Go-cart- गो' - कार्ट् - *n.* a wheeled-appliance to teach babies to walk. बच्चोंको चलना सिखलाने की गाड़ी।

Go-cart.

God-गॉड्-*n.* (*fem.* Goddess-डेस्) a divinity,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

image possessing divine power, the Supreme Being. देव, देवता, परमेश्वर; *-v. t.* to deify. देवता-तुल्य बनाना; **Goddess** (-डेस्) *-n. fem.* a female deity. देवी, देवपत्नी; **Godfather** (the person who becomes sponsor for a child at baptism.) धर्मपिता; **Godhead** (-हेड्) *-n.* divine nature. ईश्वरत्व; **Godless** (-लेस्) *-adj.* with no fear of God, ungodly. नास्तिक, अनीश्वरवादी; **Godlike** (-लाइक्)*-adj.* resembling a god. देवता-तुल्य; **Godliness** (-लि-नेस्) *-n.* the quality of being godly. (धर्मसेवा) देव-भक्ति; **Godly** (-लि)*-adj.* righteous. ईश्वर-भक्त (पुण्यात्मा, धार्मिक); **Godsend** (-सेन्ड्) *-n.* an unexpected acquisition of good fortune. आकस्मिक धन-प्राप्ति; **Godship**(-शिप्) *-n.* divinity. देवत्व ।

Godown-गो'-डाउन्-*n.* a warehouse or store-room. गुदाम ।

Goer-गो'-अर् *-n.* a go-between, one who walks. मध्यस्थ, चलनेवाला ।

Goffer-गॉ'-फ़र्-*v. t.* to make edges wavy by means of heated iron. गरम लोहे से किनारी में झालर बनाना ।

Goggle-गॉग्-ग्ल्-*v. i.* to turn eyes sideways, to squint. तिरछी नजर फेरना, आँख मारना ।

Goggles-गॉग्-ग्ल्स्-*n. pl.* spectacles for protecting the eyes from glare, dust &c. धूप का रंगीन चश्मा ।

Goglet-गॉग्'-लेट्-*n.* a long-necked earthen vessel. सुराही, झंझर ।

Going-गो'-इङ्ग्-*n.* act of walking, departure. गमन, प्रस्थान ।

Goitre-गॉइट्'-अर् *-n.* a morbid-swelling of thyroid gland. गण्डमाला ।

Goitrous-गॉइ-ट्रस्-*adj.* pertaining to goitre. गण्डमाला सम्बन्धी ।

Gold-गोल्ड् *-n.* a precious yellow metal, wealth. सुवर्ण, सोना, धन (सम्पत्ति); **Gold amalgam** (composition of gold and mercury.) पारा और सोने का मिश्रण; **Gold-beater** (one who prepares gold foils.) सोने का तबक बनानेवाला ; **Gold-field** (a region where gold is found.) जिस स्थान में (खोदने से) सोना मिलता है; **Gold-foil** (a very thin sheet of gold.) सोने का तबक; **Gold-smith** (one who works in gold.) सोनार; **Gold-thread.** कलाबत्तू ।

Golden-गोल्ड्'-इन्-*adj.* made of or consisting of gold, shining, valuable. सोने का (सुवर्णमय), चमकीला, बहुमूल्य; **Golden age** (happy period.) स्वर्णयुग; **Golden opinion** (high esteem.) अति प्रतिष्ठा; **Golden wedding** (the fiftieth anniversary of a marriage.) विवाह की पचासवीं वर्षगाँठ ।

Golf-गॉल्फ़् *-n.* a game played with small hard ball and clubs. गेंद और डंडे का खेल ; **Golfer** (-अर्)*-n.* a player at golf. ऐसा खेल खेलनेवाला ।

Gondola-गॉन्'-डॅला-*n.* a kind of light boat. एक प्रकार की हल्की नाव ; **Gondolier** (-लिअर्) *-n.* a man who rows a gondola. इस प्रकार की नाव खेनेवाला ।

Gone-गॉन्-*p. p.* of Go. गया हुआ ।

Gong-गॉङ्ग्-*n.* a heavy metal disk giving resonant note when struck with a mallet. घंटा, घड़ियाल ।

Hermetic, Hermetical-हर्-मेट्'-इक्, (-अल्) -*adjs.* belonging to alchemy, magical, perfectly closed. कीमियागिरी-सम्बन्धी, जादू का, भली भाँति बन्द किया हुआ; **Hermetically sealed** (perfectly closed and airtight.) दृढ़ता से बन्द किया हुआ जिसमें वायु प्रवेश न कर सके।

Hermit-हर्-मिट्-*n.* a person living in solitude, a recluse. तपस्वी, संन्यासी, फ़कीर।

Hermitage-हर-मिट्'-ऍज्-*n.* a hermit's dwelling or cell, a solitary abode. आश्रय, कुटी।

Hernia-हर्'-नि-आ-*n.* rupture. अण्डकोष में आँत उतरने का रोग; **Hernial** (-अल्)-*adj.* pertaining to hernia. इस रोग से सम्बन्धित।

Hero-ही'-रो-*n.* (*pl.* **Heroes.**) a man of superhuman power, a demi-god, a very brave man, the chief person in a play. पराक्रमी पुरुष, अर्ध देवता, महावीर, नाटक का नायक (कथापुरुष); **Hero-worship** (worship of heroes.) महात्माओं का पूजन।

Heroic-ही'-रो-इक्-*adj.* worthy of a hero. वीरता का (पराक्रम-युक्त); **Heroically** (-अलि) -*adv.* in the manner of a hero. वीरता से।

Heroify-ही-रो'-इ-फ़ाइ, **Heroize** (-आइज़्)-*v. i.* to make a hero of. वीर बनाना।

Heroine-ही'-रो-इन्-*n. fem.* a female hero, principal female actor. वीराङ्गना, नायिका, अभिनेत्री।

Heroism-ही'-रो-इज़्म्-*n.* the qualities of a hero. शूरत्व, पराक्रम।

Heron-हेरॅन्-*n.* a long-legged wading bird. सारस, बगुला; **Heronry** (-रि)-*n.* a place where herons breed. सारसों के बच्चा देने का स्थान।

Herpes-हर्'-पीज़्-*n.* a disease of the skin characterised by patches, nettlerash. जुलपित्ती नामक रोग।

Herring-हे'-रिङ्ग्-*n.* a small sea-fish much used for food. एक प्रकार की खाई जानेवाली समुद्री मछली; **Herringbone stitch** (a kind of cross-stitching.) नीचे-ऊपर की सिलाई।

Hers-हर्ज़्-*pron.* possessive case of 'she' used

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

after auxiliary verbs; *-adj.* उस स्त्री का, इसका प्रयोग क्रिया इत्यादि के बाद में किया जाता है; यथा—It is hers. इत्यादि।

Herself-हर्'-सेल्फ्-*pron.* reflexive form of she and her. स्वयं स्त्री का, स्वयं स्त्री ने; She is not herself (she is not in her normal state of body or mind.) वह स्त्री आपे में नहीं है।

Hesitant-हेज़्-इट्'-आँन्ट्-*adj.* hesitating. हिचकिचाता हुआ, हिचकनेवाला।

Hesitate-हेज़्'-इट्-एट्-*v. i.* to speak or act with indecision, to waver, to be doubtful. हिचकिचाना, आगा-पीछा करना।

Hesitating-हेज़्'-इट्-एट्'-इङ्ग्-*adj.* irresolute. द्विविधा का, अनिश्चित, सन्देह-पूर्ण; Hesitatingly (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a hestitating manner. आगा-पीछा करते हुए (सन्देह में)।

Hesitation-हेज़्'-इट्-ए-शन्-*n.* the act of hesitating. सन्देह, संशय, द्विविधा।

Hesitative-हेज़िटे टिव्-*adj.* showing hesitation. सन्देह दिखलाता हुआ या दिखलानेवाला।

Hesitator-हेज़िटेटर्-*n.* one who hesitates. आगा-पीछा करनेवाला मनुष्य।

Hesperian-हेस्पीरिअन्-*adj.* western. पाश्चात्य।

Hesperus-हेस्परस्-*n.* the Evening Star. सन्ध्या का तारा।

Hessian-हे-सि-अन्-*n.* a strong coarse cloth of hemp or jute. सन या पटुवे का बना हुआ टाट।

Hest-हेस्ट्-*n.* a behest or command. आज्ञा, हुक्म।

Hetero-हेटरो-*pref.* in the sense of other, different. 'विपरीत या भिन्न' अर्थ सूचक उपसर्ग;

Heterodox-हेटरो-डॉक्स्'-*adj.* not orthodox. धर्म-विरुद्ध, नास्तिक।

Heterodoxy-हेट'-अर्-ओ-डॉक्-सि-*n.* a doctrine contrary to orthodox. नास्तिकता।

Heterogeneous-हेट्-टर्-ओ-जीन्'-इ-अस्-*adj.* of diverse character. भिन्न अथवा विरुद्ध जाति का (बेमेल); Heterogeneity (-इट-इ), Heterogeneousness, (-नेस्)-*ns.* the state of being heterogeneous. भिन्नता, विपर्यय; Heterogeneously-हेट-टर्-ओ-जीन्'-नि-अस्-लि-*adv.* in a heterogeneous manner. भिन्नता से।

Heterogenesis-हेट-टर्-ओ-जेन्'-इस्-इस्-*n.* production of offspring different from the parents. माता-पिता से भिन्न संतति की उत्पत्ति।

Heteronym-हेटरो-निम्-*n.* a word spelt like another but with a different sound and meaning. एक ही अक्षर-विन्यास का परन्तु भिन्न उच्चारण व अर्थ का शब्द।

Heugh-ह्यूह्-*n.* a ravine. दर्रा।

Heuristic-ह्यूर्-रिस्ट्'-इक्-*adj.* serving to find out. अन्वेषण करनेवाला, पता लगानेवाला।

Hew-ह्यू-*v. t. & i.* (*p. t.* Hewed, *p. p.* Hewn) to cut or chop with an axe or sword, to deal cuts. काटना, गढ़ना, टुकड़े करना। Hewer (-अर्)-*n.* one who hews. काटनेवाला।

Hexa-हेक्सा'-*pref.* in sense of 'six'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'छः' होता है।

Hexagon - हेक्सा-गॉन्-*n.* a figure of six angles and sides. षट्कोण, षड्भुज; Hexagonal (-अल्)-*adj.* having six sides. छः पहल का।

Hexameter-हेक्सामिटर्-*n.* a verse which consists of six metrical feet. षट्पदी श्लोक या कविता।

Hey-हे-*interj.* expressive of joy. आनन्द-सूचक, अव्यय अहाहा!

Heyday-हे'-डे-*interj.* of frolic or wonder. हर्ष या आश्चर्य-सूचक अव्यय; Heyday of youth (vigour of youth.) नवयौवन; Heydey (-डे)-*n.* full bloom or vigour. पूर्ण विकसित अवस्था।

Hi-हाइ-*interj.* used to call attention. ध्यान आकृष्ट करने के लिये प्रयुक्त अव्यय।

Hiatus-हाइ-एट्'-अस्-*n.* a break in continuity, an opening, a gap or chasm. भंग (फटन, भेद), छेद, दरार।

Hiccup-हिक्'-अप्-*n.* an involuntary contraction of diaphragm with sudden closure of glottis. हिक्का, हिचकी; Hiccough (-अप्)-*n.* a hiccup. हिचकी।

Hickory-हिकरि-*n.* an American tree allied to walnut. अखरोट की जाति का अमेरिका का एक वृक्ष।

Hid-हिड्-*p. t. & p. p.* of Hide.

Hidden-हिड्'-इन्-*p. p.* of Hide; *-adj.* concealed. छिपा हुआ।

Hide-हाइड्-*n.* the skin of an animal. पशु का चमड़ा, खाल।

Hide-हाइड्-*v. t.* (*p. t.* Hid, *p. p.* Hidden, Hid) to keep out of sight, to conceal, to keep secret. गुप्त रखना, छिपाना; Hide and seek (a kind of children's game.) बच्चों का आँखमुँदौअल का खेल; Hidebound (preventing movement.) गति रोकनेवाला; Hider (-अर्)-*n.* one who conceals. छिपानेवाला; Hiding (-इङ्ग्)-*n.* act of concealing. छिपाने का कार्य।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Hideous-हिड्'-इ-अस्-*adj.* repulsive, frightful. भयंकर, डरावना; **Hideously** (-लि) -*adv.* in a frightful manner. विकराल रूप से; **Hideousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being frightful. उग्रता, करालता।

Hie-हाइ-*v. i.* to go quickly, to hasten. जल्दी से भागना।

Hiemal-हाइ' -ऍमल् - *adj.* wintry, pertaining to winter. शीत ऋतु-सम्बन्धी।

Hierarch-हाइ'-अरार्क्-*n.* a chief priest, a ruler in holy matters. प्रधान पुरोहित, धर्म-शासक।

Hierarchical-हाइ'-अरार्किकल्-*adj.* pertaining to hierarch. प्रधान पुरोहित-सम्बन्धी।

Hierarchy-हायर्' -आर्क् - इ -*n.* the order of angels, priestly government. देवदूतों का समूह, पुरोहितों का शासन।

Hiero-हाइ'-अर्-ओ-*pref.* in sense of priestly. 'पुरोहित-सम्बन्धी' अर्थ का उपसर्ग।

Hieroglyph-हाइ-अर् -ओ -ग्लिफ् - *n.* a sacred symbol, a picture-writing. बीजाक्षरों के लिये चित्र की लिखावट; **Hieroglyphic** (-ग्लिफ्'-इक्)-*adj.* & *n.* written in such symbols. गूढ़ाक्षरों में लिखित, बीजाक्षर-सम्बन्धी।

Higgle- हिग्' - गल् -*v. i.* to dispute about terms, to chaffer. सौदे के विषय में झगड़ना, फेरी करके बेचना।

Higgledy-piggledy- हिगल्डि- पिगल्डि-*n.* an utter confusion. गोलमाल, गड़बड़ी; -*adv.* in confusion. व्यग्रता में।

High-हाइ-*adj.* (*comp.* **Higher**,*sup.* **Highest.**) -*n.* an elevated place. ऊँचा स्थान ; -*adj.* powerful, strong, intense, lofty, tall, loud, honourable, dear in price, elevated in rank, arrogant. शक्तिमान्, पुष्ट, तीव्र, ऊँचा, लम्बा, तेज, प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ, महँगा, उच्च कोटि का, धृष्ट, ढीठ;-*adv.* far up, eminently. बहुत ऊपर से, उच्चता से;**Of high family** (of noble birth.) उच्च कुल का, कुलीन; **Highnoon** (mid-day.) ठीक दोपहर; **High and low** (people of all ranks.) सब जाति के लोग; **From on high** (from the sky.) आकाश से।

High-born-हाइ'-बॉर्न् - *adj.* of noble birth. उच्च कुल का।

High-bred-हाइ'-ब्रेड्-*adj.* refined.कुलीन, शिष्ट।

High-coloured - हाइ' - कलर्ड् - *adj.* with a glaring colour. तेज रंग का।

High-day-हाइ'-डे-*n.* a holiday.उत्सव का दिन।

High-fed-हाइ' - फ्रेड् -*adj.* fed luxuriously. उत्तम् भोजन से पोषित।

High-flier-हाइ'-फ्लाइ-अर्-*n.* an adventurous person. साहसी पुरुष।

High-flown-हाइ'-फ्लोन्-*adj.* proud, turgid. गर्वी, उन्नत।

High-handed-हाइ'- हैण्ड् -ऍड्- *adj.* violent. उच्छृङ्खल, उद्धत।

High-hearted-हाइ'-हार्टेड्-*adj.* courageous. साहसी।

Highland- हाइ- लैन्ड् -*n.* a hilly country. पहाड़ी प्रदेश; **Highlander** (-अर्) -*n.* पर्वती प्रदेश का निवासी।

Highly-हाइ'- लि-*adv.* in a high manner. बहुत, अति, परम।

High-minded-हाइ'-माइन्ड्-ऍड् -*adj.* magnanimous. उदारचित्त, महात्मा।

Highness- हाइ' - नेस् -*n.* loftiness, a title of honour given to princes and kings. ऊँचाई, राजपुत्रों तथा राजाओं की उपाधि, महाराज।

High-priest- हाइ- प्रीस्ट् - *n.* a chief priest. प्रधान पुरोहित।

High-sounding - हाइ'- साउण्ड्' - इङ्ग् -*adj.* pompous. आडम्बरी, दिखौवा।

High-spirited-हाइ'- स्पिर्- रिट- ऍड्-*adj.* rash, adventurous. उद्दण्ड, वीर, साहसी।

High-time-हाइ'- टाइम्-*n.* a full time, proper time. पूर्ण काल या समय, उचित समय।

High-water-हाइ'-वॉ-टर्-*n.* high tide. बाढ़ में जहाँ तक जल ऊपर होता है।

Highway- हाइ'- वे-*n.* a public (much frequented) road. सर्वसामान्य के आने-जाने का मार्ग, प्रधान सड़क; **Highwayman** (-मॅन्)-*n.* one who robs on the public road. दिन दहाड़े डाका डालनेवाला ठग, डाकू, लुटेरा।

Hilarious- हिल् - ले - रि - अस् -*adj.* merry, mirthful. आनन्दमय, आनन्दपूर्ण, खुशदिल; **Hilariously** (-लि)-*adv.* joyfully. आनन्द से, प्रसन्नता से, खुशी से।

Hilarity-हि-लॅर्-इट्- इ-*n.* merriment, mirthfulness. आनन्द, प्रसन्नता, खुशी।

Hill-हिल्-*n.* an elevation of the earth's surface, a small mountain, a mound. उच्च भूमि, पहाड़ी, टीला।

Hillock-हिल्'-लॉक्-*n.* a small hill.छोटी पहाड़ी।

Hilly- हिल्' - लि-*adj.* abounding with hills पहाड़ियों से पूर्ण।

Hilt-हिल्ट् -*n.* the handle of a sword or dagger. तलवार या कटार की मुठिया, मूठ।

Him- हिम्- *pron.* objective case of 'He'.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उस (पुरुष) को; **Himself** (-सेल्फ़्)- *pron.* reflexive form of 'He'. वह स्वयं, वह आपही; **By himself** (alone.) एकाकी, अकेला ।

Hind-हाइन्-ड्-*n.* a steward, a rustic fellow, female of stag. दास, देहाती, हिरनी; -*adj.* situated at the back. पिछला; **Hinder** (-अर्) -*comp. deg.*, **Hindmost** (-मोस्ट्), **Hindermost** (-अर्-मोस्ट्)-*sup. deg.* furthest behind. सबसे पिछला ।

Hinder- हिन्' - डर् - *v. t.* to obstruct, to prevent, to retard. रोकना, अटकाना, विघ्न डालना; **Hinderer** (-अर्) -*n.* he who or that which hinders. प्रतिबन्धक, रोकनेवाला ।

Hindmost- हाइन्ड्'- मोस्ट् - *adj.* -*sup. deg.* of Hind. सबसे पिछला ।

Hindrance-हिन्'-ड्रॅन्स्-*n.* obstruction. बाधा, विघ्न, अवरोध, रुकावट ।

Hindu- हिन्डू' - *n.* a member or race of Hindustan. हिन्दू ।

Hinge-हिन्ज् -*n.* the movable joint of a door, a main principle. कब्जा (चूल), सिद्धान्त; -*v. t. & i.* to furnish with hinges, to turn on hinge. चूल या कब्जा लगाना, चूल पर घूमना; **Off the hinges** (to be in a state of disorder.) मानसिक तथा शारीरिक घबड़ाहट में ।

Hinny-हिन्'- नि -*n.* an offspring of she-ass by a horse. खच्चर ।

Hint-हिन्ट्-*n.* a slight indication, suggestion. सूचना, संकेत; -*v. t.* to bring to mind, to imply, to allude to. याद दिलाना, इशारा करना, संकेत करना ।

Hip-हिप्-*n.* the thigh-joint. चूतर, कूल्हा;-*v. t.* (*p t.* **Hipped.**) to make low-spirited. उत्साहहीन बनाना ; **Hipbath** (a bath by dipping up to hip only.) केवल कमर डुबाकर जल में स्नान; **To have a person on the hip** (to have advantage over a person.) किसी मनुष्य पर अधिकार पाना ।

Hip-hip-hurrah-हिप्' - हिप्-हूर्-रा'-*interj.* an exclamation of joy. एक साथ मिलकर आनन्द का यह शब्द बोलना, हर्ष, हर्ष, हर्ष; जय, जय, जय ।

Hippiatric-हिप्-पि-ॲट्- रिक् -*adj.* pertaining to the treatment of the diseases of horses. घोड़ों की चिकित्सा सम्बन्धी ।

Hippodrome- हिप्'-पॅ-ड्रोम् -*n.* a race course for chariots and horses. रथ या घोड़ों की दौड़ का मैदान ।

Hippology- हि- पॅ- लॅ- जि-*n.* knowledge or science of horses. अश्वविद्या, शालिहोत्र ।

Hippopotamus - हि-पॅ'-पॅ-टॅ-मस्-*n.* the riverhorse. दरियायी घोड़ा, करियाद ।

Hippopotamus.

Hircine-हर्'-साइन् -*adj.* goatlike. अजवत्, बकरे के समान ।

Hire-हायर्-*n.* payment for use of a thing, wages. किराया भाड़ा; - *v. t.* to employ for wages. भाड़े पर रखना ।

Hireable-हायर्'-ऍ - ब्ल्-*adj.* that may be hired. किराया के योग्य ।

Hireling-हायर्' -लिङ्ग् -*n.* one engaged on hire. भाड़े का आदमी ।

Hirer-हायर्-अर्-*n.* one who hires or lets on hire. किराये पर देने या लेनेवाला ।

Hirsute-हर्'-स्यूट्-*adj.* hairy, rough with hair. रोवें से भरा हुआ, रूखा ।

His-हिज़्-*pron.* possessive case of 'He'. उस (मनुष्य) का ।

Hisk-हिस्क्-*v. i.* to breathe with difficulty. कठिनता से साँस लेना ।

Hiss-हिस्-*v. i.* to make a sharp hissing sound. फुफकारना सिसकारना - *n.* a hissing noise. फूत्कार; **To hiss off** (to condemn by hissing.) सी-सी करके असन्तोष प्रकट करना ।

Hist- हिस्ट् -*interj.* demanding silence and attention. चुप कराकर ध्यान आकृष्ट करने का अव्यय, शान्त होकर सुनो ।

Historian- हिस्- टोर्- इ - अन्-*n.* a writer of history. इतिहास लिखनेवाला ।

Historic-हिस्-टॉर्'-इक्, **Historical** (-रिक्-अल्) -*adjs.* pertaining to history. इतिहास-सम्बन्धी, ऐतिहासिक; **Historically**(-लि)-*adv.* according to history, ऐतिहासिक रीति से ।

Historicity-हिस्'-टॉ - रि-सि - टि-*n.* inclination towards history. ऐतिहासिक प्रवृत्ति ।

Historiographer - हिस्टोरिॲ' - ग्रॉफ़र् - *n.* an official historian. सरकारी इतिहास-लेखक ।

History- हिस्टरि -*n.* (*pl.* **Histories.**) a continuous narrative of public events, events connected with persons or things, past events, narration of facts. इतिहास, चरित्र-वर्णन, प्राचीन कथा ।

Histrion- हिस्' - ट्रि - ॲ न्-*n.* a stage-player.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाटक-पात्र ; **Histrionic** (- ऑन् - इक्)-*adj.* pertaining to theatre or actors. नाटक-सम्बन्धी, नाटक के पात्र का।

Hit-हिट्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Hit.) to strike, to deliver a blow at, to get at, to fall in with. मारना, पीटना, पहुँचना, भिड़ जाना ; -*n.* a blow, a stroke of good luck, chance. प्रहार, टक्कर, संयोग, घटना; **Hitter** (-टर्) -*n.* one who hits. मारनेवाला।

Hitch-हिच्-*v. t. & i.* to move with jerk, to fasten with a loop, to become fastened. झटके से हटाना, फन्दा बाँधना, इस प्रकार बँध जाना; -*n.* an impediment. बन्धन, रुकावट ; **To hitch up** (to fasten horses in carriage.) गाड़ी में घोड़ा जोतना।

Hither-हिद्'-अर्-*adv.* towards this place. इधर, इस ओर; **Hither and thither** (to this place and that, in all directions.) सर्वत्र, सब दिशाओं में।

Hithermost हिद्'-अर्'-मोस्ट्--*adj.* on this side, nearest. इस ओर, सब से समीप।

Hitherto- हिथ्'- अर्-टुं-*adv.* till now. अब तक, यहाँ तक।

Hive-हाइव्-*n.* the habitation of bees. मधुकोष, मधुमक्खी का छत्ता;-*v. t.* to reside in a body (collectively.) मधुमक्खी की तरह झुककर रहना।

Ho-हो-*interj.* expressing surprise, admiration. &c. अरे ! अहा।

Hoar-होर्-*adj. & n.* grey-haired, white with age, hoariness. सफेद बालोंवाला, बुड्ढा, सफेदी; **Hoar-frost** (white particles of dew.) तुषार; **Hoariness**(-इ-नेस्) -*n.* greyness of hair. बालों की सफेदी ; **Hoary** (-इ) -*adj.* white with age.बुढ़ौती से श्वेत, वयोवृद्ध, जईफ़।

Hoard-होर्ड्-*n.* a store, a treasure. संग्रह (ढेर), खज़ाना;-*v. t.* to amass, to treasure up.संचय करना, इकट्ठा करना।

Hoarse-होर्स् - *adj.* rough, having a harsh sound. रूक्ष, कर्कश शब्द का; **Hoarsely** (-लि) -*adv.* in a hoarse manner. रूक्ष स्वर से; **Hoarseness** (-नेस्)-*n.* the state of being hoarse, harshness. रूक्षता, स्वरभंग।

Hoax-होक्स्-*v. t.* to deceive in joke. हँसी में छलना; -*n.* a deceptive trick. हँसी का धोखा, दिल्लगी।

Hob-हॉब्-*n.* a projection on the side of a fireplace, a rustic. अँगीठी का उभाड़, देहाती; **Hobnail**(-नेल्) -*n.* a nail used in heavy boots. जूते की एँड़ी में ठोंकने की काँटी।

Hobble-हॉब्'-बल् -*v. i.* to walk limpingly, to tie the legs of animals so that they may not run away. लँगड़ाकर चलना, पशुओं का भागना रोकने के लिये टाँग बाँधना; -*n.* an awkward situation, difficulty. भद्दी अवस्था, कठिनाई।

Hobbledehoy-हॉब्ल्'-डि-हॉय्-*n.* an awkward youth. भद्दा युवा पुरुष।

Hobby-हॉब्'-बि-*n.*(*pl.* Hobbies.) a favourite occupation apart from one's main business, a small, active horse, an early form of bicycle, a small falcon. प्रिय व्यापार, छोटा, फुर्तीला या तेज़ घोड़ा, प्राचीन काल की पैरगाड़ी, एक छोटा बाज़ पक्षी; **Hobbyhorse** (a wooden horse used by children to rid e on.) बच्चों के खेल में सवारी करने का लकड़ी का घोड़ा।

Hobgoblin-हॉब्-गॉब्'-लिन्-*n.* a bugbear, an apparition. भूत, राक्षस।

Hobnob-हॉब्-नॉब्-*v, i.* to drink together, to have familiar intercourse. एक साथ मदिरा पीना, संग-साथ करना; -*n.* a friendly conversation. मित्रों की तरह बातचीत।

Hock-हॉक्-*n.* joint of a quadruped's hinder leg.चौपाये या चतुष्पद जन्तु के पिछले पैर का जोड़।

Hockey-हॉक्'-कि-*n.* a game played with a ball and sticks curved at one end. एक सिरे पर टेढ़े डण्डे से खेला जानेवाला गेंद का एक प्रसिद्ध खेल।

Hocus-हॉ'-कस्-*v. t.* (*p. t.* Hocussed.) to stupefy a man with drugs. दवा देकर किसी को बेहोश करना।

Hocus-pocus-हो'-कस्-पो'-कस्-*n.* a deception, a jugglery. मन्त्र-तन्त्र, इन्द्रजाल; - *v. t.* to cheat. धोखा देना।

Hod-हॉड्-*n.* a trough for carrying mortar &c. मसाला ढोने की कड़ाही।

Hodman-हॉड्-मीन्-*n.* a man who carries a hod. सुरखी चूना ढोनेवाला आदमी।

Hodge-podge-हाज्'-पॉज्-*n.* a confused mass. अनेक द्रव्यों का मिश्रण, खिचड़ी।

Hoe-हो-*n.* a tool for loosening soil. कुदाली, फावड़ा; -*v. t.* to dig with a hoe. कुदाली से खोदना।

Hog-हॉग्-*n.* a swine, a castrated boar. शूकर, (सुअर), बधिया किया हुआ सुअर; -*v. t.* (*p. t.* Hogged.) to cut hair short, to bend. बाल छोटा करना, घुमाना।

Hoggish-हॉग्'-गिश् -*adj.* like a hog, filthy, सुअर के समान, गन्दा।

Hogshead-हॉग्ज्'-हेड्-*n.* a liquid measure or

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

52 gallons, a large cask. ५२॥ गलन तरल वस्तु की नाप, एक बड़ा पीपा।

Hoick, Hoik-हॉ'-इक्-*vs. t. & i.* to turn an aeroplane upwards. हवाई जहाज को ऊपर की ओर उठाना।

Hoiden-हॉय्'-डन्-*n.* a rude bold girl, romp. धृष्ट कन्या।

Hoist-हॉ-इस्ट्'-*v. t.* to lift, to raise aloft, to elevate, to heave. ऊपर को उठाना, उभाड़ना।

Hoky-poky, Hokey-pokey-होक्'-इ - पोक्-इ-*n.* cheap icecream sold by street-vendors. सस्ती बरफ की कुल्फी जो फेरीवाले बेचते हैं।

Hold-होल्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Held.)to keep fast, to grasp, to contain, to occupy, to engross, to consider, to celebrate, to believe, to convene. पकड़ना, थामना, रखना, धरना, ग्रस्त होना, विचारना, उत्सव मनाना, विश्वास करना (प्रचलित करना), सभा करना या बुलाना;-*n.* a grasp, custody, interior cavity of a ship. पकड़, बन्धन, जहाज का भीतरी भाग; **Hold** -*interj.* (stop !)ठहरो ! **Hold your tongue** (stop talking.) चुप रहो; **To hold back** (to stop.) ठमकना, रुकना; **To hold by** (to accept.) स्वीकार करना, मानना; **To hold dear** (to regard with affection.) प्रेम से मानना; **To hold forth** (to offer, to speak publicly.) समर्पण करना, सबके सामने बोलना;**To hold him of no value** (to think him worthless.) उसको निकम्मा समझना; **To hold in** (to restrain.) रोकना ; **To hold in esteem** (to respect.) आदर करना; **To hold it good** (to think advisable.) उचित विचारना;**To hold one's head high** (to show pride.) गर्व दिखलाना; **To hold out** (to stretch.) फैलाना; **To hold over** (to postpone.) टालना, स्थगित करना; **To hold up** (to sustain.) सहारा देना।

Hold-all-होल्ड्'-ऑल्-*n.* a canvas bag with pockets to hold bedding &c. बिस्तरा आदि बाँधने का किर्मिच का बस्ता।

Holder-होल्ड्' -अर् - *n.* one who holds, a tenant, a pen with contrivance to hold a nib. पकड़नेवाला, असामी, काश्तकार, निब लगा कर लिखने की कलम।

Holding-होल्ड्'-इङ्ग् -*n.* a tenure of land. खेतीवारी, ठीके की जमीन।

Holdback-होल्ड्-बैक्-*n.* hindrance, check. अवरोध, रुकावट।

Holdfast-होल्ड्'-फास्ट्-*n.* a contrivance for securing nail &c. काँटी, बोल्टू इत्यादि कसने का साधन।

Hole-होल्-*n.*a hollow place, an excavation, an animal's burrow, a pit, a mean abode. गर्त, गुहा, बिल, जानवर की माँद, गड्ढा, तुच्छ गृह; -*v.t.* to make holes in. छेद करना;**To pick holes in** (to find fault with.) दोष खोजना; **Hole and corner** (secret.) रहस्य, गुप्त बात।

Holiday-हॉ-लि-डे-*n.* (*pl.* Holidays.) a day of recreation or festival, vacation. उत्सव, त्योहार, अनध्याय का दिन, छुट्टी का दिन।

Holily, Holiness-see Holy.

Holla-हॉल्'-ला-*interj.* same as Hollo. अरे।

Holland-हॉल्'-लन्ड्-*n.* a kind of linen.एक प्रकार का मलमल।

Hollo-हॉल्-लॉ-*v. t. & i.* to shout, to call. चिल्लाना, पुकारना, ललकारना।

Hollow-हॉ-लो-*adj.* excavated, empty,vacant, false, insincere. पोला, खोखला, छूछा (निःसार), खाली, झूठा, बेईमान; -*n.* a cavity or depression, hole or den. पोला स्थान, पेड़ का खोड़र, गड्ढा;-*v. t.* to excavate. खोदना, गड्ढा करना; -*adv.* completely. पूर्ण रूप से; **Hollow-hearted** (insincere.) बेईमान; **Hollowness** (-नेस्) -*n.* insincerity. शून्यता, असत्यता, बेईमानी;**Hollow-ware**(- वेयर्) -*n.* cooking pots &c. पकाने के पात्र।

Holly-हॉल्-लि-*n.* an evergreen shrub with prickly leaves. सर्वदा हरी रहनेवाली एक काँटेदार झाड़ी।

Hom-होम्-*n.* an inlet in a river. नदी के बीच का टापू।

Holocaust-हॉलो-कॉस्ट् - *n.* a wholly burnt sacrifice, a disastrous fire. पूर्ण आहुति, प्रचण्ड अग्नि।

Holster-होल्'-स्टर्-*n.* a leather case for pistol fixed to saddle. पिस्तौल रखने की चमड़े की जेब जो घोड़े की काठी में लगी होती है।

Holt-होल्ट्-*n.* a wood, a wooded hill. जङ्गल, जङ्गल लगी हुई पहाड़ी।

Holy-हो'-लि-*adj.* (*comp.* Holier, *sup.* Holiest,) sacred, pious, free from sin, perfect, devoted to God. पवित्र, धार्मिक, पापरहित, शुद्ध; **Holily**(-इ-लि)-*adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Holiness** (-नेस्) -*n.* piety, devotedness. पवित्रता, धार्मिकता; **Holy Land** (a sacred place.) पुण्यभूमि ; **Holy place** (a place of pilgrimage.) तीर्थस्थान; **Holy study** (a study of sacred texts.) वेदों का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अध्ययन; Holy wisdom (a krowledge about self.) ब्रह्मज्ञान; Holy writings (sacred writings.) वेद, श्रुति।

Homage-होम्'-एँज्-*n.* acknowledgement of allegiance, dutiful reverence. पूजा, उपासना (सेवा), प्रभुभक्ति।

Home-होम्' - *n.* a dwelling-place, a fixed residence or household, a native land, a place of rest. घर, वासस्थान, जन्मभूमि,आश्रय-स्थान; *-v. t. & i.* to come home. घर आना; *-adv.* closely. पूर्ण रूप से; **Home Charges** (expenses defrayed in Great Britain from India's income.) भारत के रुपये से इँगलैंड में होनेवाला खर्च; **Home industry** (industry carried on in one's own country.) देश का व्यापार; **Homeless** (-लेस्) *-adj.* without a home. गृहहीन, बिनाघर का, निराश्रय; **Homely** (-लि) *-adj.* domestic. गृहस्थी-सम्बन्धी; **Home Member** (Home Secretary.) गृह-सचिव; **Home office** (department of the Secretary of State for home affairs.) गृह-सचिव का घरेलू कार्य के विषय का कार्यालय; **Home Rule** (self- government.) प्रजातन्त्र राज्य, स्वराज्य; **Homesick** (sorry for being absent from home.) घर से बाहर रहने से खिन्न; **Homespun** (cloth spun at home.) खद्दर, घर का बना वस्त्र; **Homestead** (a building with outhouses.) बड़ी इमारत; **Homeward** (-s) (towards home.) घर की ओर, घर की तरफ; **At home** (free as at one's own home.) अपने घर की भाँति स्वतंत्र; **The thrust went home** (*i. e.* exactly to the point aimed at.) निशाना ठीक लगा; **Words went home to his heart** (*i. e.* were piercing.) बातें उसके दिल में बैठ गईं।

Homeopath (also **Hemoeopath**) होमिओ-पैथ्-*n.* one who practises homeopathy. होमियोपैथी चिकित्सक: **Homeopathically** (-इक-लि)-*adv.* in a homeopathic manner. होमियोपैथिक रीति से; **Homeopathist** (-इस्ट्) *-n.* one who practises homeopathy. इस विधि का चिकित्सक; **Homeopathy** (-इ)-*n.* Hahnemann's system of curing diseases by minute doses of drugs. होमियोपैथिक चिकित्सा।

Homicidal-*adj.* see **Homicide.**

Homicide-हॉम्'-इस्-साइड्-*n.* man slaughter, one who kills a human being. मनुष्य की हत्या, मनुष्य-घातक; **Homicidal** (-सिडल्)-*adj.* pertaining to homicide. मनुष्य-वध-सम्बन्धी।

Homily-हॉम्'-इल्-इ-*n.* a sermon, a moralising discourse. धार्मिक उपदेश, धर्मवाक्य।

Hominy-हॉम्'-इन् - इ-*n.* maize hulled and boiled in water. दलिया, महेरा।

Homo-हॉ-मो-*pref.* in the sense of, the same, common. 'सदृश अथवा सामान्य' अर्थ का उपसर्ग।

Homogeneal-हॉ-मो-जीन्'-इ-अल्, **Homogeneous**-हॉ-मो-जीन्'-इ-अस्-*adjs.* of the same kind. समान जाति का, एक ही प्रकार का।

Homologous-हॉ-मोल्'-अँ - गस् - *adj.* having the same relation or relative position. तुल्य परिमाण का।

Homonym-हॉ-मो-निम्-*n.* words of the same form but differing in sense. एक ही रूप किन्तु भिन्न अर्थवाले शब्द।

Homonymic-हॉ-मो-निम्'-इक्, **Homonymous** (-अस्)-*adjs.* equivocal. अनेकार्थ शब्द-सम्बन्धी।

Homy-होम्'-इ-*adj.* home-like. गृहवत्, घर के समान।

Hone-होन्-*n.* a whetstone. सान, सिल्ली; *-v. t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर हथियार तेज करना।

Honest-ऑन्'-ऍस्ट्-*adj.* fair and upright in dealings, sincere, faithful. निष्कपट, ईमानदार, सच्चरित्र, सच्चा; **Honestly** (-लि) *-adv.* in an honest manner. ईमानदारी से, सचाई से।

Honesty-ऑन्'-ऍस्ट्'-इ-*n.* uprightness, integrity. सत्यता, खरापन, ईमानदारी; **Honesty is the best policy** (maxim of self-interested morality.) सत्यता या ईमानदारी ही सबसे उत्तम मार्ग है।

Honey-हन्'-इ-*n.* the sweet fluid collected by bees, sweetness. मधु (शहद), मधुरता; **Honey-bee** (a bee that gathers honey.) मधुमक्खी।

Honeycomb-हन्'-इ-कोम्-*n.* the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs. मधुकोष, शहद की मक्खी का छत्ता।

Honeycomb.

Honeymoon-हन्' - इ-मून् - *n.* a month's holiday spent by newly married couple after marriage. विवाह के बाद दम्पति का आनन्द पूर्णमिलन-मास।

Honeysuckle-हन्'-इ-सक् - कल्-*n.* name of sweet-scented flower of clover. तिनपतिया के सुगन्धित फूल का नाम।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Honk-हॉङ्क्-*n.* the cry of a wild goose, sound of a motor-horn. जंगली बतख का शब्द, मोटर के भोंपे का शब्द।

Honorarium-ऑनरेरिअम्-*n.* the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क या पारिश्रमिक, शुकराना।

Honorary - ऑनररि - *adj.* conferred as an honour, serving without pay, holding a title without performing any services. सम्मानार्थ प्रदत्त, अवैतनिक, बिना तनख्वाह का, बिना किसी सेवा के ही पदवी धारण करनेवाला।

Honorific- ऑनरिफ़िक् - *adj.* implying or conferring respect. मान या प्रतिष्ठा सूचक।

Honour-ऑन्'-अर्- *n.* dignity, high respect, good name, reverence, nobleness of mind, chastity. सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता;-*v. t.* to venerate, to respect, to accept and pay (draft &c.) when due, to confer honour. प्रतिष्ठा करना, हुन्डी आदि सकारना, उपाधि देना; **Your honour, His honour.** श्रीमान्।

Honourable-ऑनरेबल्-*adj.* worthy of honour, illustrious, upright. माननीय, आदरणीय, सच्चरित्र ; **Honourably** (-ऍब्-लि)-*adv.* in an honourable manner. मानपूर्वक, न्यायपूर्वक, इज्जत के साथ।

Hood-हुड्-*n.* a covering for the head, cowl, a badge worn over a university gown. सिर ढाँकने का वस्त्र (कंटोप), विश्वविद्यालय के उपाधि-सूचक महावस्त्र के ऊपर का विशेष अलङ्कार;-*v. t.* to cover with a hood. ढँकना लगाना, ढाँकना; **Hooded** (-ऍड्) -*adj.* covered with a hood. ढकना लगा हुआ।

Hoodwink-हुड्-विङ्क्'-*v. t.* to blind by covering the eyes, to deceive. आँखों को वस्त्र से ढाँकना, धोखा देना।

Hoof-हूफ़्-*n.* (*pl.* **Hoofs, Hooves.**) the horny part of a beast's foot. खुर;-*v. i.* to walk as cattle. खुर मारना, पशु की तरह चलना; **Hoof-pad** (a pad for the hoof of horses.) घोड़े के पैर में बाँधने की गद्दी।

Hook-हुक् - *n.* a bent piece of metal, bent wire used for catching fishes, a snare. कुलाबा, काँटा, मछली फँसाने की बंसी, जाल; -*v. t. & i.* to catch with a hook, to bend. कँटिया में फँसाना (मछली पकड़ना), झुकाना; **By hook or by crook** (by right or wrong means.) किसी भी उपाय से; **To hook on** (to draw as with a hook.) कँटिया से फँसाना।

Hooked-हुक्ड्, **Hookt**-हुक्ट्-*adj.* shaped like a hook. ऐंठा, टेढ़ा।

Hooker-हूक्'-अर्-*n.* a kind of sailing ship एक प्रकार का छोटा जहाज़।

Hooligan-हू-लिगन्-*n.* a cruel ruffian. गुण्डा, बदमाश।

Hoop-हूप्-*n.* a circular band of metal, a wooden or iron circle. चक्कर, घेरा, गोल पट्टा;-*v. t.* to encircle. ऐसे पट्टे से बाँधना।

Hoop-हूप्-*v. i. & n.* to utter a hooping sound. हू-हू का शब्द करना, ऐसा शब्द; **Hooping cough** (a kind of cough in which the patient whoops.) कुक्कुरखाँसी, सूखी खाँसी।

Hoot-हूट्-*v. i.* to make a loud sound especially in contempt, to drive away by hooting. घृणा से धिक्कारना, छी-छी करना;-*n.* a sharp cry, a shout in contempt. कर्कश शब्द, असन्तोष का शब्द।

Hooter-हूट्'-अर्-*n.* one who hoots, a steam-whistle. चिल्लानेवाला, भाफ़ से बजनेवाली सीटी (जो कारखानों में काम आरम्भ या समाप्त करने के लिए बजाई जाती है)।

Hop-हॉप् - *n.* a kind of perennial creeper, hopping, spring, dance. एक प्रकार की चिर-स्थायी लता, कूदफाँद, उछाल, नाच;-*v. i.* (*p. t.* **Hopped.**) to spring on one leg, to spring on all fours, to depart suddenly. एक पैर के बल या चारों पैरों से कूदना, तुरत प्रस्थान करना; **Hop-o'my-thumb** (a man of small stature.) नाटा, छोटा मनुष्य, बौना।

Hope-होप् *n.* a desire combined with expectation, anticipation. आशा (इच्छा), मनोरथ (भरोसा);-*v. t. & i.* to look with expectation, to expect and desire. आशा करना, भरोसा करना।

Hopeful - होप्' - फुल् - *adj.* full of hope, encouraging. आशायुक्त, आशाजनक (होनहार); **Hopefully** (-फ़ु-लि) -*adv.* in an encouraging manner. आशा से; **Hopefulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the quality of being hopeful आशापूर्णता।

Hopeless-होप्' - लेस् - *adj.* devoid of hope. आशाहीन; **Hopelessly** (-लि) *adv.* without hope. निराशा से; **Hopelessness** (-नस्)-*n.* despair. निराशा, लाचारी।

Hopple-हॉप् - पल्-*v. t.* to tie together the legs of a horse. घोड़े के पैरों को एक साथ बाँधना।

Horary-हो'-ररि-*adj.* hourly, occurring every hour. प्रति घण्टे का, घण्टे-घण्टे पर होनेवाला।

Horde-होर्ड्-*n.* a band of nomads, a gang, multitude. घुमक्कड़ों का जत्था, संघ, झुण्ड।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Horizon-हॉराइज़न्-*n.* the line at which the earth and the sky seem to meet, experience, limit. क्षितिज, अनुभव, परिधि।

Horizontal-हॉराइज़ण्टल्-*adj.* parallel to the horizon, at right angles to the vertical level. क्षितिज के समानान्तर, समतल; **Horizontally** (-लि)-*adv.* in a horizontal direction. क्षितिज की दिशा में, पड़े बल से।

Hormone-हॉर्'-मोन्-*n.* a chemical secretion from certain glands of the body. शरीर के भीतर का एक पुष्टिकर रासायनिक तत्त्व, न्यासर्ग।

Horn-हॉर्न्-*n.* a hard and pointed substance on the head of cattle usually in pairs, a drinking vessel, a powder flask, a kind of wind instrument, antennae of insects. सींग, प्याला, बारूद रखने का डिब्बा, सिंगा (भोंपा), फतिंगों की मूँछ;-*v. t.* to furnish with horns. सींग लगाना।

Horner-हार्न्'-अर्-*n.* one who deals in horns. सींग के पदार्थ बनाने और बेचनेवाला।

Hornet-हार्न्'-ऍट्-*n.* a large wasp. बर्रे की जाति का एक कीड़ा, हड्डा।

Hornless-हार्न्-लेस्-*adj.* destitute of horns. बिना सींग का।

Horny-हार्न्'-इ-*adj.* callous, hard as horn. सींग की तरह कड़ा।

Horologe-हॉर्' - अ - लॉज्-*n.* a timepiece or clock. छोटी या बड़ी घड़ी।

Horology-हॉर्'-अ-लॅ-जि-*n.* the art of making clocks. घड़ी बनाने की विद्या।

Horoscope - हॉर्'-अ-स्कोप्-*n.* observation of planets at a person's birth. जन्मपत्रिका; To cast a horoscope (to prepare a horoscope.) जन्मपत्रिका बनाना।

Horoscopical-हॉर्'-स्कोपिकल्-*adj.* pertaining to a horoscope. जन्मपत्री सम्बन्धी।

Horrible-हॉ-रि'-बल्-*adj.* fit to excite horror, dreadful, unpleasant, hideous. भयानक, विकराल, डरावना।

Horribly-हॉ - रिब्' - लि - *adv.* in a dreadful manner. भयङ्कर रूप से।

Horribleness-हॉ-रि-बल्-नेस्-*n.* the state of being horrible, dreadfulness. भयंकरता, डरावनापन।

Horrid-हॉ-रिड्-*adj.* terrible, horrible, frightful. भयङ्कर, विकट, डरावना; **Horridly** (-लि) *adv.* in a terrible manner. विकट रूप से; **Horridness** (-नेस्)-*n.* the quality of being horrible, frightfulness. भयङ्कर रूप।

Horrific-हॉ-रिफ़्' -इक् -*adj.* causing horror. भयङ्कर, डरानेवाला।

Horrify-हॉ-रि'-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Horrified) to excite terror. डराना।

Horripilation-हॉरिपिलेशन्-*n.* a bristling of the hairs of the body. शरीर भर के रोंवें खड़े होना, रोमाञ्च।

Horror-हॉरर्-*n.* a dreadful shivering, shuddering, great dislike. कँपकँपी (भय), अति घृणा।

Horse-हॉर्स्-*n.* a solid-hoofed quadruped used as a beast of burden or for riding, cavalry. अश्व, घोड़ा, घुड़सवार;-*v. i.* to mount on a horse. घोड़े पर सवार होना; **Horse-breaker** (one who trains a horse.) अश्व-शिक्षक, घोड़ा फेरनेवाला; **Horsechestnut** (a kind of tree.) एक प्रकार का अखरोट; **Horse-cloth** (a cloth for covering a horse.) घोड़े का ओहार; **Horse-fly** (a fly that stings horses.) किलनी; **Horse-laugh** (a loud boisterous laugh.) ठट्ठा, ठहाके की हँसी; **Light horse** (artillery with light guns.) हलके शस्त्र धारण किये हुए घुड़सवार; **Pack-horse** (a horse of burden.) लद्दू घोड़ा; **To horse** (to ride on a horse.) घोड़े पर सवारी करना।

Hortative-हॉर्टिटिव् -*adj.* serving to exhort. उत्साह दिलानेवाला।

Horticultural-हॉर्टिकल्चरल्-*adj.* pertaining to the culture of gardens. उद्यानविद्या (बाग़बानी) सम्बन्धी।

Horticulture-हॉर्टिकल्चर् -*n.* the art of cultivating gardens. उद्यानविद्या, बाग़बानी; **Horticulturist** (-इस्ट्) -*n.* one skilled in the art of horticulture. बाग़बानी में निपुण।

Hose-होज़्-*n.* (*pl.* Hose) stockings, a flexible tube for watering plants. मोज़ा, पौधों पर पानी छिड़कने की नली।

Hosier-होज़्'-यर्-*n.* one who deals in hosiery. मोज़े का व्यापारी; **Hosiery** (-इ)-*n.* a manufactory of hoses &c. सूई से बीने हुए वस्त्र।

Hospice-हॉस्'-पिस्-*n.* a home for the sick, a house of rest for travellers. बीमारों के रहने का स्थान, सराय।

Hospitable - हॉस्पिटेबल् - *adj.* disposed to entertain strangers. आतिथ्यकारी, अतिथि-सत्कार करनेवाला; **Hospitably** (-ब्लि)-*adv.* with kindness to strangers. आदर-सहित, सत्कार-सहित।

Hospital-हॉस्पिटल्-*n.* an institution for the

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

care of the sick and wounded, an almshouse. आरोग्यशाला, चिकित्सालय, अस्पताल।

Hospitality-हॉस्पिटॅलिटि-*n.* kindness to strangers, a friendly reception of strangers and guests. आतिथ्य, अतिथि-सत्कार।

Host-होस्ट्-*n.* a large number, an army, one who entertains or lodges another, an innkeeper. समुदाय, सेना, आतिथ्य करनेवाला, यजमान, आतिथेय, मेज़बान।

Hostage-होस्ट्'-एज्-*n.* a person delivered as a pledge to the enemy. प्रतिभू (ज़मानत) के रूप में शत्रु को प्रदत्त व्यक्ति।

Hostel-हॉस्टल्-*n.* an inn, a house for the residence of students. सराय, विद्यार्थियों के रहने का स्थान, छात्रावास; **Hostelry** (-रि)-*n.* an inn. धर्मशाला, सराय।

Hostess-होस्ट्'-ऍस्-*n. fem.* a female host. अतिथि-सत्कार करनेवाली स्त्री।

Hostile-हॉस्'-टाइल्-*adj.* unfriendly, opposed, adverse. विरुद्ध, वैरी, विपरीत; **Hostilely** (-लि)-*adv.* in a hostile manner, adversely. विरुद्धता से।

Hostility-हॉस्टिलिटि-*n.* enmity, opposition. शत्रुता, विरोध।

Hostler-ऑस्'-लर्-same as **Ostler.**

Hot-हॉट्-*adj.* (*comp.* **Hotter**, *sup.* **Hottest.**) very warm, feeling heat, eager, pungent, passionate, violent, angry, exciting. उत्तप्त (बहुत गरम), गरमी का अनुभव करनेवाला, उत्सुक, तीता, कामातुर, उग्र, क्रुद्ध, उत्तेजक;-*adv.* eagerly, angrily. उत्साहपूर्वक, क्रोध से; **Give it him hot** (to punish.) दण्ड देना; **Hot-bed** (a manured field.) खाद डालकर तैयार की हुई ज़मीन; **Hot-blooded** (excitable.) प्रचंड, साहसी; **Hot-house** (a glass-house for sheltering tender plants.) कोमल वनस्पतियों को गरम रखने का शीशे का मकान; **Hetpress** (a machine for pressing paper.) कागज़ इत्यादि को दबाने का चाँप कल।

Hotly-हॉट्'-लि-*adv.* in a hot manner. प्रचंडता से, क्रोध से।

Hotness-हॉट्'-नेस्-*n.* the quality of being hot. उष्णता, उग्रता, तीक्ष्णता।

Hotchpot-हॉच्'-पॉट्-*n.* a mixture of ingredients. मिलाव, मिश्रण।

Hotchpotch-हॉच्'-पॉच्-*n.* a confused mass of ingredients mixed together. खिचड़ी, गड़बड़झाला।

Hotel-हो-टेल्'-*n.* an inn, a house for travellers. सराय (धर्मशाला), भोजनालय, होटल।

Hottentot-हॉ-टन्-टॉट्-*n.* one of a native race of South Africa. दक्षिणी अफ्रिका की एक जाति।

Hough-हॉक्-*n.* the joint of the hind leg of an animal, the ham. पशु की जंघास्थि।

Hound-हाउन्ड्-*n.* a dog of chase. शिकारी कुत्ता;-*v. t.* to hunt. शिकार करना।

Hour-अवर्-*n.* a duration of 60 minutes, a short time, an occasion. घंटा, घड़ी, अवसर; **At all hours** (always.) सर्वदा; **At the eleventh hour** (at the last stage.) अन्तिम क्षण में; **Hour-glass** (an instrument for measuring intervals of time by running sand through a narrow neck.) बालूघड़ी; **Hour-hand** (the hand which shows the hour on a clock or watch.) घड़ी की घंटा दिखाने वाली छोटी सूई।

Houri-हू'-रि-*n.* a nymph, an extremely beautiful woman. स्वर्ग कन्या (अप्सरा), दिव्य स्त्री।

Hourly-अवर्'-लि-*adv.* every hour. प्रति घण्टे; **In a good hour** (on a good occasion.) सुअवसर में; **In an evil hour** (in bad time.) अशुभ काल में; **The question of the hour** (the question of the time.) इस समय का प्रश्न, प्रस्तुत विषय।

House-हाउस्-*n.* a dwelling-place, a building, an assembly, a household, a family or race, dynasty. घर, भवन, समुदाय, गृहस्थी, परिवार या जाति, वंश;-*v. t.* (हाउज़्) to shelter. आश्रय देना; **House-breaker** (one who breaks into a house.) सेंध मारकर चोरी करनेवाला; **Housekeeper** (the head of a household.) गृह-स्वामी; **Housemaid** (a maid-servant.) दासी, दाई; **House of God** (a church.) गिरजाघर; **House-surgeon** (a physician resident in a hospital.) अस्पताल में सर्वदा रहनेवाला चिकित्सक या डाक्टर; **To keep open house** (to arrange for the reception of all guests.) सभी पाहुनों के स्वागत का प्रबन्ध करना।

Household-हाउस्'-होल्ड्-*n.* the persons who dwell under the same roof and form a family. कुटुम्ब, परिवार, कुनबा; **Household gods** (family gods.) कुलदैवता; **Householder** (the head of a household.) गृहस्वामी।

Houseless-हाउस्'-लेस्-*adj.* destitute of house or dwelling. गृहहीन।

Housewife-हाउस्-वाइफ़्'-*n.* the mistress of a family. गृहिणी, घरनी, मालकिन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Housing-हाउज़्'-इङ्ग्-*n.* a horse's covering for protection, a saddle-cloth. घोड़े का ओहार, काठी के नीचे का नमदा।

Hove-होव्-*p. t.* of Heave.

Hovel-हॉव्'-ऍल्-*n.* an open shed for sheltering cattle, an out-house, a cottage. पर्णशाला, छप्पर, कुटी।

Hover-हॉव्र्'-*v. i.* to hang in or float in the air, to loiter. हवा में घूमना, बहकना; -*n.* a walk. परिभ्रमण, टहलान; **Hovering** (-इङ्ग्) -*n.* a loitering. चक्कर मारना।

How-हाउ-*adv.* in what manner or way, to what extent? किस रूप से, किस प्रकार से, कैसे? **Howbeit** (however.) तथापि; **How do you do?** (how do you fare?) आपका क्या हाल-चाल है? **Howelse** (otherwise how.) नहीं तो कैसे; **However** (in whatever manner, nevertheless.) किसी प्रकार, किन्तु; **How is corn?** (what is the price of corn?) अन्न का क्या भाव है? **How long?** (up to what time?) कब तक? **How much?** (to what extent?) कितना; **How now?** (why is this so?) ऐसा क्यों है? **Howsoever** (although, however.) कैसे ही, किसी प्रकार से।

Howitzer-हाउ'-इट्ज़्-अर्-*n.* a kind of short gun. एक प्रकार की छोटी बन्दूक।

Howl-हाउल्-*v. i.* to roar, to utter a loud doleful cry, to cry like a dog or wolf. गर्जना, गुर्राना, जोर से चिल्लाना;-*n.* the cry of a dog or wolf. कुत्ते या भेड़िये की गुर्राहट।

Howler-हाउल्'-अर्-*n.* one who roars, a kind of American monkey. गुर्रानेवाला, एक प्रकार का अमेरिका का बन्दर।

Howling-हाउल्' -इङ्ग्- *n.* a roaring cry. चिल्लाहट, गरजने का शब्द।

Hoy-हॉय्-*n.* a kind of small boat. एक प्रकार की छोटी नाव; -*interj.* ho! अहो! अरे! हो!

Hoyden-हॉय्'-डन्-*n.* a boisterous woman. कुलटा स्त्री।

Hub-हब्-*n.* the central part or nave of a wheel. पहिये की नाभि, धुरा।

Hubble-bubble-हब्'-बल्' - बब् - बल् - *n.* an Indian tobacco-pipe, a confused talk. हुक्का, अस्पष्ट वार्ता।

Hubbub-हब्' - बब् - *n.* a confused cry, an uproar. कोलाहल, कलकल शब्द।

Huckaback-हक्-अ-बॅक्-*n.* a coarse cloth of rough surface for towels &c. तौलिया इत्यादि बनाने का एक प्रकार का मोटा रूखा कपड़ा।

Huckle-हक्'-कल्-*n.* the hip, hunch. पुट्ठा, जाँघ, चूतड़; **Huckle-backed** -*adj.* (hunch-backed.) कुबड़ा।

Huckster-हक्स्ट्र्'-अर्-*n.* a pedlar or hawker. फेरीवाला, बिसाती;-*v. t. & i.* to sell in small quantities. फुटकर माल बेचना; **Hucksterer** (-अर्) -*n.* a retailer of small articles. फुटकर माल बेचनेवाला।

Huddle-हड्'-डल्-*v.t.* to amass in a confused manner, to hurry over. ढेर लगाना (भीड़ लगा देना), शीघ्रता करना;-*n.* a crowd, tumult, confusion. भीड़, गड़बड़ी, शोर-गुल।

Hue-ह्यू-*n.* colour, tint. रङ्ग, छवि; **Hue and cry** (confusion, outcry.) कोलाहल, शोरगुल।

Huff-हफ्-*v. t. & i.* to offend, to bully. चिढ़ाना, क्रोध करना, शेखी करना; -*n.* anger. क्रोध, रोष।

Huffer-हफ्'-अर्-*n.* a blusterer. शेखीबाज़।

Huffish-हफ्-इश्-*adj.* petulant. क्रोधी, धृष्ट।

Hug-हग्-*v. t.* (*p. t.* **Hugged**) to embrace closely, to delight in, to hold fast, to cling to. आलिङ्गन करना, चपकाना, आनन्द लेना; -*n.* a close embrace. गाढ़ आलिङ्गन।

Huggery-ह-गर्-इ-*n.* action of hugging. आलिङ्गन।

Huge-ह्यूज्-*adj.* very large, immense, enormous. बहुत बड़ा, विशाल, बहुत भारी; **Hugely** (-लि) -*adv.* enormously. विशालता से; **Hugeness** (-नेंस्) -*n.* bigness, enormous bulk. विशालता, भारीपन।

Hugeous-ह्यू-जि-अस्-*adj.* huge, enormous. विशाल, बड़ा भारी।

Hugger-mugger-हग्'-गर्-मग्-गर्-*n.* secrecy, confusion. रहस्य (गुप्त बात), गड़बड़ी;-*v. t.* to conceal, to suppress. छिपाना, दबा देना।

Hulk-हल्क्-*n.* the body of a dismantled ship. टूटे हुए जहाज़ का ढाँचा।

Hulking-हल्क्'-इङ्ग्-*adj.* bulky, clumsy. भारी, भद्दा।

Hull-हल्-*n.* the outer covering of a fruit, the frame of a ship. फल का छिलका, जहाज़ का पेटा;-*v. t.* (*p. t.* **Hulled**) to strip off covering, to pierce the hull of a ship. छिलका हटाना, जहाज़ के पेटे में गोला मारना।

Hullabaloo-हल्-अ-बलू'-*n.* an uproar. कोलाहल, शोर-गुल।

Hullo (-loa)-ह-लो, (-लो-आ) -*interj.* denoting confusion. आहो! अरे!

Hum-हम्-*v. i.* (*p. t.* **Hummed.**) to make

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

murmuring sound. भनभनाना, गुनगुनाना; -*n.* a murmuring sound. भनभनाहट, गुनगुनाहट; -*interj.* denoting surprise. सन्देह-सूचक अव्यय ।

Human-ह्यूँ'-मन्-*adj.* pertaining to man, of man as opposed to God. मनुष्य-जाति का, मानवी; **Human being** (mankind.) मनुष्य जाति, मनुष्य, मानव ।

Humane-ह्यूमेंन्-*adj.* kind, tender. दयालु, कोमल ।

Humanism-ह्यूँ'-मनिज़्म् -*n.* the service of humantiy. मनुष्य-जाति की सेवा ।

Humanist-ह्यूँ' - मनिस्ट् -*n.* a student of human nature. मनुष्य की प्रकृति का अध्ययन करनेवाला ।

Humanitarian-ह्यूमनिटेरिअन् -*n.* a philanthropist. मनुष्य-जाति से प्रेम करनेवाला ।

Humanity-ह्यूँ'-मीन्-इट्-इ-*n.* the quality of being human, mankind, a kind feeling, benevolence. मानवता, मनुष्य जाति, दया, कृपालुता ।

Humanize-ह्यूँ'-मन्-आइज़् - *v. t.* to show humanity. शिष्टाचार करना, दयालु बनाना ।

Humanness-ह्यूँ'-मन्-नेंस् -*n.* benevolence. मनुष्यत्व, कृपालुता ।

Humble-हम् ब्ल् -*adj.* of lowly condition, modest, meek, submissive. निम्न, नीच, विनीत, नम्र (गर्वरहित), दीन ;-*v. t.* to lower, to abase. नीचा दिखाना (घमण्ड तोड़ना), नम्र करना; **Humble-bee** (the humming bee.) भौंरा; **Humbled** (-इ)-*adj.* conquered. जीता हुआ; **Humbleness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being humble. नम्रता ।

Humbling-हम्'-ब्लिङ्ग्-*n.* victory. विजय ।

Humbly-हम्ब्'-लि - *adv.* modestly, in a humble manner, submissively. दीनता से, नम्रतापूर्वक; **In humble day** (in times of adversity.) आपत्ति के समय में ।

Humbug-हम्-बग् -*n.* a fraud, deception, nonsense. छल (कपट), धोखा, पाखण्ड;- *v. t.* (*p. t.* **Humbugged**) to deceive, to hoax. धोखा देना, ठगना ।

Humdrum-हम्-ड्रम्-*adj.* & *n.* trite, commonplace, dull, a stupid fellow. सामान्य, साधारण, नीरस, मन्द, मूर्ख मनुष्य; **Humdrumness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being stupid. मूर्खता, सिड़ीपन ।

Humeral-ह्यूँ'-मर्-ल् -*adj.* belonging to the shoulder. स्कन्ध-सम्बन्धी ।

Humerus-ह्यूँ'-मर्-अस् -*n.* the round bone of the upper arm. प्रगण्डास्थि, भुजा की गोल हड्डी ।

Humid-ह्यूँ'-मिड्-*adj.* damp, moist. गीला, तर ।

Humidity-ह्यूँ-मिडिटि -*n.* moisture. आर्द्रता, तरी ।

Humiliate-ह्यूँ'-मिल्-इ-एट्-*v. t.* to lower the dignity of, to mortify, to depress. गर्व तोड़ना, नीचा करना, दबाना; **Humiliation** (-एँ'-शन्) -*n.* the act of humiliating. दर्प-दमन, दीनता ।

Humility-ह्यूँ-मिलिटि-*n.* meekness, modesty, humbleness. विनय, नम्रता, दीनता ।

Humming-हमिङ्ग्-*adj.* murmuring. भनभनाता हुआ ;-*n.* act of humming. भिनभिनाहट

Hummock-हमॉक्-*n.* a small hill, a rising ground. छोटी पहाड़ी, टीला ।

Humoral-ह्यूँ' - मरल् - *adj.* pertaining to humours. त्रिदोष-सम्बन्धी ।

Humorist-ह्यूँ'-मरिस्ट् -*n.* a man of playful fancy. हँसी करनेवाला मनुष्य, (ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़ ।

Humorous-ह्यूँ'-मरस्-*adj.* full of humour. विनोदी, रसिक, हँसी का; **Humorously** (-लि) -*adv.* in a humorous manner. विनोद के रूप में या ढंग से; **Humoursome**-ह्यूँ'-मर-सम् -*adj.* humorous, whimsical. रसिक, विनोदी ।

Humour-ह्यूँ'-मर्-*n.* a turn of mind, inclination, comicality, wit, an animal fiuid. मन की भावना, प्रकृति (प्रवृत्ति), रसिकता, चित्त-तरंग (लहर), शरीर के त्रिदोष (वात, पित्त, कफ); -*v. t.* to comply, to gratify. अनुरोध करना, सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना; **Good humour** (humour neatly expressed.) सुशीलता; **Joyous humour** (pleasing wit.) आनन्द-वृत्ति; **Out of humour** (out of temper.) अप्रसन्न, क्रुद्ध ।

Hump-हम्प्-*n.* the protuberance on the back of an animal, hunch. ककुद्, कूबड़; -*v. t.* to depress, to annoy. कुढ़ाना, चिढ़ाना; **Hump-backed** (with a hump on the back.) कुबड़ा; **Humpless** (-लेंस्) -*adj.* without humps. बिना कूबड़ का; **Humpy** (-इ) - *adj.* with many humps. अनेक कूबड़ोंवाला ।

Humph-हम्फ्'-*interj.* denoting doubt or dissatisfaction. सन्देह अथवा असन्तोष सूचक अव्यय ।

Humpty-dumpty-हम्'-टि-डम्'-टि-*n.* a puny person. नाटा छोटा मनुष्य ।

Humpy-हम्प्'-इ-*n.* a kind of Australian hut. आस्ट्रेलिया की एक प्रकार की झोपड़ी ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Hunch-हन्च्-*n.* a hump. कूबड़;-*v. t.* to bend. मोड़ना; **Hunchbacked** -*adj.* having a humpback. कुबड़ा।

Hundred-हन्-ड्रेड्-*n.* ten times ten. सौ; **By hundreds.** सौ-सौ करके; **Hundredth** (-थ्) -*adj.* one of a hundred equal parts. सौवाँ; **Long (great) hundred** (one hundred and twenty.) एक सौ बीस।

Hundredfold-हन्-ड्रेड्-फ़ोल्ड्-*adj.* a hundred times. सौगुना।

Hundredweight-हन्-ड्रेड्-वेट्-*n.* a weight of 112 lbs. एक सौ बारह पाउंड (५६ सेर) का वज़न।

Hung-हङ्ग्-*p. t. & p. p.* of **Hang.** 'हैंङ्ग्' धातु का लटकाने के अर्थ में भूतकाल का रूप।

Hunger-हङ्ग्'-गर् -*n.* an uneasy sensation caused by want of food, an earnest desire. क्षुधा, भूख, तीव्र अभिलाषा;-*v. i.* to have a keen appetite. भूख लगना;-*v. t.* to long for. इच्छा करना; **Hunger-strike** (refusal to take food.) अनशन-व्रत, भूख हड़ताल।

Hungrily-हङ्ग्'-ग्रि-लि-*adv.* in a hungry state. भूख की अवस्था में; **Hungriness** (-नेस्)-*n.* the state of being hungry. क्षुधा, भूख।

Hungry-हङ्ग्-ग्रि-*adj.* having hunger, lean, greedy. क्षुधा-पीड़ित, भूखा, दुबला, लोभी।

Hunk-हङ्क्-*n.* a clumsy piece. भद्दा टुकड़ा; -(*pl.*) a miser. कृपण, कंजूस।

Hunt-हन्ट्-*v. i. & t.* to chase a wild animal, to chase for food, to seek after, to pursue. मृगया करना, शिकार करना, भोजन के लिये पीछा करना, खोजना, पीछा करना; -*n.* a chase of wild animals. मृगया, शिकार; **To hunt out** (to search for.) पता लगाना; **To hunt up** (to seek.) अन्वेषण करना, खोजना।

Hunter-हन्ट्'-अर्-*n.* (*fem.* **Huntress** -रेस्) one who hunts. शिकारी, शिकार करनेवाला मनुष्य।

Hunting-हन्ट्'-इङ्ग् -*n.* the act of chasing wild animals. आखेट, मृगया।

Huntsman-हन्ट्स्'-मॅन्-*n.* a hunter, a man in charge of hounds. शिकारी, शिकारी कुत्तों का निरीक्षक।

Hurdle-हर्ड्ल् - *n.* wooden sticks woven together for temporary frame. टट्टी, टट्टर; -*v. t.* to cover with hurdles. टट्टी में बन्द करना; **Hurdler** (-अर्) -*n.* a maker of hurdles, a runner of hurdle races. टट्टी बनानेवाला, टट्टी-फाँद दौड़नेवाला।

Hurdy-gurdy - हर्डि - गर्डि-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Hurl-हर्ल्-*v. t.* to throw violently, to dash with force, to whirl. वेग से फेंकना, उछालना, चक्कर देना; -*n.* a violent throw, tumult. झटके की फेंकान, उपद्रव; **Hurling** (-इङ्ग्)-*n.* the act of throwing. उछाल (फेंकान)।

Hurley-हर्लि-*n.* a hockey-stick. हॉकी की छड़ी।

Hurlyburly-हर्लि-बर्लि-*n.* a tumult, an uproar, a bustle. कलकल शब्द, कोलाहल।

Hurrah-हुर्'-र्-आ-*interj.* expressing exultation. आनन्दसूचक अव्यय, वाह-वाह! शाबाश!

Hurricane-ह-रि-केन्-*n.* cyclone, a violent wind. प्रचंड वात, चक्रवात; **Hurricane-lamp** (a lamp which a wind cannot extinguish.) आँधी में न बुझनेवाला लम्प।

Hurry-ह-रि-*n.* a great haste, eagerness, confusion. शीघ्रता (जल्दी), आकुलता;-*v. i. & t.* (*p. t.* **Hurried.**) to hasten, to remove. जल्दी से जाना या हटाना।

Hurry-skurry-हरि - स्करि-*n.* confusion. घबड़ाहट; **Hurry up** (be quick.) जल्दी करो।

Hurst-हर्स्ट्-*n.* a hillock, a sandbank. पहाड़ी, बलुआ किनारा।

Hurt-हर्ट्-*n.* an injury, a wound, harm. आघात, घाव, चोट, क्षति, अपकार; -*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Hurt.**) to give pain, to damage. दुःख देना, चोट पहुँचाना, नष्ट करना।

Hurtful-हर्ट्-फुल्-*adj.* injurious, mischievous. पीड़ाकर, घातक, दुष्ट; **Hurtfully** (-लि)-*adv.* in an injurious manner. क्षति या चोट पहुँचाते हुए।

Hurtle-हर्ट्ल्-*v. t.* to strike against, to hurl swiftly. टकराना, वेग से घुमाना।

Hurtless-हर्ट्-लेस्-*adj.* receiving no injury. बिना घाव का।

Husband -हज़्'-बन्ड्-*n.* (*fem.* **Wife.**) a man to whom a woman is betrothed, a married man. पति, दुलहा, शौहर, विवाहित पुरुष;-*v. t.* to manage economically. कम खर्च में प्रबन्ध करना (किफ़ायत करना); **Brother of husband.** देवर; **Husbandhood** (-हुड्) -*n.* the state of being a husband. पतित्व; **Husbandlike** (-लाइक्) -*adj.* like a husband. पति के समान; **Husband's sister.** ननद; **Husbandry** (-रि)-*n.* the occupation of a farmer. कृषिकर्म, किसानी।

Hush-हश्-*n.* silence, stillness. शान्ति, चुप्पी; -*v. t.* to calm, to silence. शान्त करना, चुप करना; -*interj.* चुप! शान्त; **Hush-money** (bribe given for hiding a crime.) किसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपराध को छिपाने के लिये दिया हुआ घूस ; To hush up (to suppress.) दबा देना ।

Husk-हस्क्-*n.* the dry outer covering of seeds or fruit, the worthless part of a thing. छिलका, भूसा, निरर्थक अंश; - *v. t.* to strip husk from. छिलका या भूसी हटाना; Husked (-ड्) -*adj.* stripped of husks. भूसा हटाया हुआ ।

Huskily-हस्क्'-इ-लि-*adv.* roughly. रूक्षता से; Huskiness (-नेस्)-*n.* the state of being husky. भूसापन ।

Husky-हस्क्'-इ-*adj.* abounding with husks. भूसा भरा हुआ ।

Hussar-हू-ज़ार्-*n.* a soldier of light cavalry. घुड़सवार सिपाही ।

Hussy, Huzzy-ह-सि, हज़ि-*ns.* a woman of worthless character. पापिनी, दुष्टा स्त्री ।

Hustings-हस्'-टिङ्ग्ज़्-*n. pl.* the proceedings of an election. चुनाव का कार्यक्रम ।

Hustle-हस् - सल् - *v. t. & i.* to thrust hastily, to push roughly. ढकेलना, धक्का देना ; -*n.* bustle. शोर गुल ।

Hut-हट् -*n.* a small house, a cottage. कुटी, झोपड़ी; -*v. t. & i.* to place or lodge in huts. झोपड़ी में रखना या बसना ।

Hutch - हच् -*n.* a small hut. an enclosure for rabbits &c., a coop. कुटी, खरहे का घेरा या बाड़ा ।

Huzza-हु(इ)-ज़्'ज़ा-*interj.* of applause or encouragement. हर्षनाद, जय जय की ध्वनि ।

Hyacinth-हाइ'-अ- सिन्थ्-*n.* a bulbous plant with bell-shaped flowers. एक प्रकार का फूलदार पौधा ; Hyacinthine (-आइन्)-*n.* a kind of gem. एक प्रकार का रत्न ।

Hyades-हाइ'-अ - डीज़् - *n.* a cluster of five stars. (वर्षासूचक) पाँच तारों का समुदाय ।

Hyaena-हाइ-ईना-*n.* a carnivorous animal. लकड़बग्घा; see Hyena.

Hyaline-हाइ'-अ - लिन्, **Hyaloid**-हाइ-अ-लॉइड्-*adjs.* glassy, transparent. काँच की तरह का, पारदर्शक ।

Hybrid-हाइ'-ब्रिड्-*n. & adj.* an offspring of two different species or varieties, heterogeneous. दो भिन्न जाति की सन्तति, वर्णसङ्कर, दोगला; Hybridism (-इज़्म्)-*n.* the state of being hybrid. वर्णसंकरत्व; Hybridization (-आइज़्-ऍ'-शन्) -*n.* the act of hybridizing. वर्णसंकरी करण, वर्णसंकर बनाना ।

Hybridize-हाइ'-ब्रिड्-आइज़्-*v. t.* to procreate by hybrids. दो जातियों के योग से एक नई जाति उत्पन्न करना, वर्णसंकर पैदा करना ।

Hybridous-हाइ'-ब्रिड्-अस्-*adj.* produced from different species. विभिन्न जातियों से उत्पन्न ।

Hydra-हाइ' - ड्रा-*n.* serpent with many heads, a water-snake, a tubular branched water animal. अनेक फनवाला सर्प, जलसर्प, बहुशाखी नलाकार जलजन्तु ।

Hydrant-हाइ'-ड्रॅन्ट्-*n.* a pipe with a nozzle for drawing water. पानी निकालने का बम्बा ।

Hydrate-हाइ'-ड्रेट्-*n.* a compound of water with another element. किसी पदार्थ का पानी में घोल ;-*v. t.* to combine with water. जल-युक्त करना; Hydration (-ड्रे'-शन्)-*n.* घोल की क्रिया ।

Hydraulic-हाइ-ड्रॉ-लिक्-*adj.* worked by the pressure of water. जलचाप या भार से चालित; Hydraulician (-इ-श्यन्) -*n.* one versed in hydraulics. जलचाप विद्या में प्रवीण; Hydraulics (-ड्रॉल्'-इक्स्)-*n.* the science of converting fluids into motion. जलगति शास्त्र ।

Hydric-हाइ'-ड्रिक्-*adj.* pertaining to or containing hydrogen. जलीय वायु या उदजन-सम्बन्धी, इस वायु से पूर्ण ।

Hydro-हाइ'-ड्रो-*pref.* for 'water' 'जल' अर्थ का उपसर्ग ।

Hydrocele-हाइ-ड्रो-सील्-*n.* a morbid collection of fluid in the testicle. अण्डकोष में पानी उतरने का रोग, अण्डवृद्धि ।

Hydrochloric (acid.) - हाइड्रो - क्लोर् - इक् (ऑसिड्)-*n.* नमक का तेज़ाब, लवणाम्ल ।

Hydroelectric-हाइ'-ड्रो -इलॅक्ट्रिक्-*adj.* electricity generated by a strong current of water. जल की धारा से उत्पन्न बिजली, जल-विद्युत् ।

Hydrogen-हाइड्रोजन्-*n.*the lightest colourless gas. सबसे हलका वायुरूप तत्त्व, उदजन;Hydrogenate (-ऍट्')-*v. t.* to combine with hydrogen. इस वायुरूप तत्त्व से मिश्रित करना ।

Hydromel-हाइ'-ड्रॉ-मेल्-*n.*a mixture of honey and water. जल और मधु का घोल ।

Hydrometer-हाइ-ड्रो-मिटर् -*n.* an instrument for measuring the density of liquids. तरल पदार्थों का घनत्व (भारीपन या हलकापन) नापने का यन्त्र ।

Hydropathic-see Hydropathy.

Hydropathy-हाइ-ड्रो-पॅथि-*n.* a treatment of diseases with cold water. जल-चिकित्सा,ठण्डे जल से रोग हटाने की विधि; Hydropathic (-इक्) -*adj.* pertaining to hydropathy. जल-चिकित्सा-सम्बन्धी ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Hydrophobia-हाइ-ड्रो-फ़ो'-बि-आ-*n.* aversion to water, rabies, canine madness. जलत्रास, जलातङ्क, वह रोग जिसमें जल से डर लगता है, पागल कुत्ते के काटने पर होनेवाला रोग।

Hydroplane-हाइ'-ड्रो-प्लेन्-*n.* a kind of aeroplane which makes its start on water. एक प्रकार का हवाई जहाज जो जल पर दौड़कर हवा में उड़ता है।

Hydrostatic-हाइ'-ड्रॅ-स्टॅ-टि-क्-*adj.* pertaining to the equilibrium of liquids. तरल पदार्थों की समतलता-संबन्धी।

Hydrostatics-हाइ'-ड्रो-स्टॅ-टिक्स्-*n.* (*pl.*) the science of the pressure and equilibrium of liquids at rest. स्थिर तरल पदार्थों के दबाव तथा समतलता या संतुलन का विज्ञान।

Hydrotic-हाइ'-ड्रॉ-टि-क्-*adj.* producing phlegm. कफ उत्पन्न करनेवाला।

Hydrous-हाइ'-ड्रस्-*adj.* containing water. जलपूर्ण।

Hydrus-हाइ'-ड्रस्-*n.* a water-snake. जलसर्प।

Hyemal-हाइ'-इ-मल्-*adj.* pertaining to winter. शीत ऋतु-सम्बन्धी।

Hyeno (Hyaena)-हाइ'-ईना-*n.* a carnivorous quadruped. तरक्ष, लकड़बग्घा।

Hyena.

Hyeto- हाइ'-ऍ-टो-*pref.* in sense of 'rain.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'वर्षा' है।

Hyetography-हाइ-ऍ-टो-ग्रॅफ़ि-*n.* the science of rainfall in different regions. भिन्न प्रदेशों की वर्षा का परिमाण जानने की विद्या।

Hygeia-हाइ-जी'-आ-*n.* the goddess of health. स्वास्थ्य की देवी; **Hygeian** (-अन्)-*adj.* relating to health. आरोग्य या स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Hygiene-हाइ'-जीन्-*n.* the science of health, principles of health. आरोग्य शास्त्र, स्वास्थ्य-विद्या, स्वास्थ्य के सिद्धान्त।

Hygienic-हाइ'-जीनिक्, **Hygienical** (-इक्-अल्)-*adjs.* pertaining to hygiene. आरोग्य-विद्या-सम्बन्धी; **Hygienically** (-अलि)-*adv.* in a hygienic manner. आरोग्य शास्त्र की दृष्टि से।

Hygrometer-हाइ-ग्रो-मिटर्-*n.* an instrument for measuring moisture in air. वायु में जल की मात्रा नापने का यन्त्र।

Hymen-हाइ'-मॅन्-*n.* the god of marriage, विवाह के देवता; **Hymeneal** (-इ-अल्) - *adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाहसंबंधी।

Hymn-हिम्-*n.* a song of praise to God. स्तोत्र (स्तुतिगीत), भजन; -*v. t.* to praise in song. ईश्वर का भजन करना; **Hymnal** (-नल्) -*adj.* pertaining to hymns. स्तोत्र-सम्बन्धी; **Hymnist** (-निस्ट्)-*n.* a composer of hymns. भजन बनानेवाला; **Hymnodist** (-न-डिस्ट्) -*n.* a writer of hymns. स्तोत्र-लेखक; **Hymnody** (-नडि) -*n.* a singing of hymns. स्तोत्र-गायन; **Hymnographer** (-ग्रॉफ़-अर्)-*n.* a composer of hymns. भजनों का रचयिता; **Hymnology** (-न-लॅ-जि) -*n.* the study of hymns. स्तोत्र का अध्ययन।

Hyp-हिप्-same as Hip.

Hypaethral-हिपीथ्रल्-*adj.* roofless, without a roof, open. बिना छतका, आकाश की ओर खुला हुआ।

Hypallage-हिपॅलजि-*n.* reverting the natural relations in a proposition, a rhetoric figure. किसी कथन में प्राकृतिक सम्बन्ध को बिना अर्थ बदले हुए उलट देना, वाक्यालङ्कार विशेष।

Hyper-हाइ'-पर्-*pref.* in sense of "over, above, in excess." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग।

Hyperbola-हाइ-पर्'-बॅ-ला-*n.* one of the conic sections. एक विशिष्ट प्रकार का चाप (रेखागणित में), अतिपरवलय; **Hyperbolic** (-इक्) - *adj.* pertaining to a hyperbola. अतिपरवलीय।

Hyperbole-हाइ-पर्'-बॅ-लि-*n.* an exaggerated statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति।

Hyperbolic- हाइ-पर्' - बॅलिक्, **Hyperbolical** (-इ-कल्)-*adjs.* of the nature of a hyperbole. अतिशयोक्ति से पूर्ण; **Hyperbolically** (-इ-कलि) -*adv.* with exaggeration. अत्युक्ति से।

Hyperbolize-हाइ-पर्'-बलाइज़्-*v. t.* to speak with exaggeration. अत्युक्ति या अतिशयोक्ति-पूर्वक वर्णन करना।

Hyperborean-हाइ'-पर्-बो-रिअन्-*n.* & *adj.* an inhabitant of the extreme north of the earth. पृथ्वी के उत्तरी छोर पर रहनेवाला मनुष्य।

Hypercritic-हाइ'-पर्-क्रिट' -इक् -*n.* an overcritical person. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी मनुष्य; **Hypercritical** (-अल्) - *adj.* overcritical. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी; **Hypercritically** (-अ-लि)*adv.* in a hypercritical manner. सूक्ष्म छिद्रान्वेषण द्वारा; **Hypercriticism** (-इस्-इज़्म्)- *n.* excessive criticism. अति छिद्रान्वेषण (नुक्ताचीनी); **Hypercriticize** (-साइज़्)-*v. t.* to overcriticize. अत्यधिक छिद्रान्वेषण करना।

Hypermetropia-हाइ'-पर्-मि-ट्रोप्'-इया-*n.* long-sightedness. दूर दृष्टि (केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट देख पड़ना, समीप का अस्पष्ट देख पड़ना); **Hype-**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

rmetropic (-ट्रॉप्-इक्)-*adj.* very long-sighted. दूरदृष्टिवाला।

Hypertrophy-हाइ-पर्'-ट्रॉ-फ़ि-*n.* the excessive enlargement of an organ. किसी अंग की अधिक वृद्धि (बढ़ जाना)।

Hyphen-हाइ'-फ़ेन्-*n.* the sign (-) used for joining words or syllables. चिह्न (-) जो शब्दों या शब्दखण्डों के बीच में प्रयुक्त होता है।

Hypnosis-हिप्-नो'-सिस्-*n.* an artificial sleep. कृत्रिम निद्रा।

Hypnotic-हिप्-नॉट्'-इक् - *adj.* pertaining to hypontism, one under the influence of hypnotism. कृत्रिम निद्रा-सम्बन्धी, मोहावस्था; **Hypnotism** (-इज़्म्)-*n.* an artificially induced sleep. मोहनिद्रा; **Hypnotist** (-इस्ट्) -*n.* one who induces artificial sleep. निद्रा-प्रेरक; **Hypnotize**- (आइज़्)-*v. t.* to induce artificial sleep. कृत्रिम निद्रा बुलाना।

Hypochondria-हइ-इ-पॅ-कॉण्ड्रिआ -*n.* a kind of nervous malady. पित्तोन्माद; **Hypochondriac** (-अक्), **Hypochondrical** (-कल्) -*adj.* pertaining to hypochondria. पित्तोन्मादी।

Hypocrisy-हिपॉक्रिसि -*n.* (*pl.* Hypocrisies.) a false pretension, concealment of true character. छल, पाखण्ड, मिथ्या-चरित्र, दम्भ।

Hypocrite- हिपॉ - क्रिट्-*n.* a pretender. छली, कपटी, पाखण्डी; **Hypocritical** (-इ-कल्) -*adj.* concealing one's real motive. दम्भी, छली; **Hypocritically** (-इक-लि)-*adv.* in a hypocritical manner. छल से, कपट से, पाखण्ड रूप में।

Hypodermic-हाइ'-पॅ-डर्म-इक्-*adj.* sub-cutaneous, introduced beneath the skin. अन्तर्त्वचा का, त्वचा की भीतरी तह में डाला हुआ या प्रवेश किया हुआ।

Hypostrophe-हाइ-पॅस्ट्र-फ़ि -*n.* a relapse of illness. रोग का दुबारा होना (पुनराक्रमण)।

Hypotenuse-हाइ-पॉ-टिन्यूस्-*n.* the side opposite to the right angle of a triangle. त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा, कर्ण।

Hypothecate-हाइपॉ-थिकेट्-*v. t.* to pledge, to mortgage. बन्धक रखना, रेहन करना।

Hypothecation-हाइ'-पॉथिकेशन् -*n.* the act of pledging. रेहन की क्रिया।

Hypothecator-हाइ-पॉ-थिकेटर् - *n.* one who pledges. रेहन रखनेवाला मनुष्य।

Hypothesis-हाइ(-हि)-पॉ-थिसिस्-*n.*(*pl.* Hypotheses-(ऍ-सीज़्) a supposition, that which is used as a basis of reasoning, assumption. अनुमान, प्रतिज्ञा, कल्पना।

Hypothetic- हाइ-पॉ - थिटिक्, **Hypothetical** (-अल्) -*adjs.* founded on hypothesis. कल्पित, माना हुआ; **Hypothetically** (-अ-लि)-*adv.* by way of hypothesis. कल्पित रूपसे, कल्पना द्वारा।

Hypothesize-हाइ-पॉ'-थि-साइज़्-*v. i.* to form assumptions. कल्पना करना।

Hysteria-हिस्टीरिआ -*n.* a nervous disorder characterized by anaesthesia, a convulsion &c. वातोन्माद, मूर्छा, बदहोशी।

Hysteric-हिस्टॅरिक्, **Hysterical** (-इक्-अल्) -*adjs.* pertaining to hysteria. मूर्छा-सम्बन्धी; **Hysterically** (-इक-लि) -*adv.* in a hysterical manner. मूर्छा के रूप में या ढंग से।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

I-आइ-the ninth letter of the English alphabet, it is sounded as short or long 'i' or like the sound of the letter itself. In Roman numerals I represents 'one'; in Chemistry I represents iodine. अंग्रेज़ी वर्णमाला का नवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'इ' 'ई' तथा 'आइ' होता है; रोम की संख्या-माला में यह 'एक' का सूचक होता है; रसायनशास्त्र में यह 'आयडिन' के लिये प्रयुक्त होता है; *-adv.* ay, yea, yes, indeed. हाँ, अवश्य, यथार्थ में, सचमुच; *-prep.* a form of 'in'. 'में' 'अन्दर' के अर्थ में प्रयुक्त; -आइ-*pron.* first person *sing.* मैं।

Iambic-आइ-ऑम्'-बिक् *-adj.* pertaining to iambus, a metrical foot in a verse. पद्य में एक लघु तथा एक गुरु अक्षरवाले पद से संबन्धित।

Ibex-आइ'-बेक्स् *-n.* the wild goat of Alps. आल्पस् पर्वत का जंगली बकरा।

Ibex

Ibid-आइबिड्-*adv. abbr.* of ibidem-आइ-बिड्-ऍम्-in the same place. उसी स्थान पर, उसी स्थान में।

Ibis-आइ'-बिस्-*n.* a bird like stork. सारस के प्रकार का एक पक्षी।

Ice-आइस् *-n.* frozen water. जमा हुआ पानी, बरफ़; *-v. t.* to cover with ice, to chill. बरफ़ से ढाँकना, ठण्डा करना; **Ice-berg** (a mass of floating ice.) बहता हुआ हिमखंड; **Ice-cream** (flavoured congealed cream.) मलाई बरफ़; **Iceman** (a walker on ice, a dealer in ice, an attendant of skaters.) बरफ़ पर चलनेवाला मनुष्य, बरफ़ का व्यापारी, स्केटिङ्ग करनेवालों का नौकर; **To break the ice** (to make the first attempt.) नया काम आरम्भ करना।

Ichneumon-इक्-न्यू'-मन् *-n.* a small quadruped allied to mongoose. एक प्रकार का नेवला।

Ichor-आइ'-कॉर्-*n.* a watery humour. मवाद, रस; **Ichorous** (-अस्)-*adj.* thin, serous. पतला, द्रवयुक्त।

Ichthyoid-इक्थि-ऑइड् *-adj.* having the form of a fish. मछली के आकार का।

Icicle-आइ-सि-कल्-*n.* a tapering mass of ice. बरफ़ की लटकती हुई नुकीली चट्टान।

Icon-आइ'-कॉन् *-n.* an image, a statue. मूर्ति, प्रतिमा।

Iconic-आइ-कॉन्'-इक् *-adj.* pertaining to an image. मूर्ति-सम्बन्धी।

Iconoclast-आइ-कॉनो'-क्लास्ट् *-n.* a breaker of images. मूर्ति तोड़नेवाला।

Icosahedron-आइ'-कॉस-ही'-ड्रन् *-n.* a solid of twenty faces. बीस पहल की ठोस आकृति।

Icy-आइस्'-इ-*adj.* abounding or covered with ice, very cold. बरफ़ से पूर्ण या ढँका हुआ, बहुत ठण्डा।

Ide-आइड्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Idea-आइ-डी'-आ-*n.* a conception, plan, a notion, fancy, a vague thought, impression, opinion. आशय, अभिप्राय, भावना, कल्पना, प्रभाव, विचार।

Ideal-आइ-डी'-अल् *-adj.* mental, visionary, phenomenal. मानसिक, मनःकल्पित, भावनात्मक; *-n.* a perfect type. आदर्श, ध्येय; **Idealism** (-इज़्म्) *-n.* theory of ideals denying the existence of matter. माया या कल्पनावाद।

Idealistic-आइ-डी-अलिस्टिक्-*adj.* pertaining to idealists or to idealism. मायावाद सम्बन्धी।

Ideality-आइ-डी-ऑ'-लिटि-*n.* an ideal state or quality. आदर्श चरित्र की स्थिति या उसका गुण।

Idealize-आइ-डी-अल्'-आइज़्-*v.t.* to give ideal character to. आदर्श बनना।

Ideally-आइ-डी-अ-लि-*adv.* in an ideal manner. आदर्श रूप में या ढंग से।

Ideate-आइ-डी'-एट-*v. t.* to form a conception or idea. कल्पना करना।

Ideation-आइ-डी-ए'-शन् *-n.* the power of forming ideas. कल्पना-शक्ति, विचार-शक्ति।

Idem-आइ'-डेम् (*abbr.* id.) in the same. उसीमें।

Identical-आइ-डेन्'-टिकल् *-adj.* the very same; not different. अभिन्न, अनुरूप, समान (तत्सम); **Identically**(-लि)-*adv.* in the same manner. समान रूप में; **Identicalness**(-नेस्)-*n.* the state of being identical. समानता, अनुरूपता, एकरूपता।

Identifiable-आइ-डेन्-टि-फ़ाइ'-ऍ-बल्-*adj.* that may be identified. पहिचानने योग्य।

Identification-आइ-डेन्-टि-फ़िकेशन् *-n.* the act of making identical. समीकरण, एकरूपता।

Identify-आइ-डेन्-टि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Identified.) to treat a thing as identical with, to prove to the same, to recognize. समीकरण करना, तुल्य सिद्ध करना, पहिचानना।

Identity-आइ-डेन्'-टि-टि- (*pl.* Identities.) sameness, individuality, equality. ऐक्य, एकरूपता, समानता; **Identity of thoughts** (sameness of thoughts.) एकचित्तता।

Ideograph-इड्'-इ (-आइडि-) - ओ-ग्राफ़्-*n.* a

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

symbol for an idea. किसी आशय या कल्पना के लिये विशिष्ट संकेत।

Idiocy-इड्-इ-अ-सि -*n.* perfect imbecility, madness. पूर्ण अज्ञानता, पागलपन।

Idiom-इड्-इ-अम् -*n.* a specific form of expression of a language. भाषागतविशेषत्व, मुहावरा।

Idiomatic-इड्'-इ-ओ-मॅटि' इक् -*adj.* of a peculiar mode of expression in a language. भाषागत विशेषोक्ति का, मुहावरेदार; **Idiomatically**(-अ लि) -*adv.* in an idiomatic manner. वाग्विशेषोक्तिक के रूप में।

Idiosyncrasy-इडि-ओ-सिङ्क्र- सि -*n.*(*pl.* Idiosyncrasies.) peculiarity of mental constitution. मानसिक गठन या प्रवृत्ति की विशेषावस्था।

Idiosyncratic-इड्'-इ-ओ-सिङ्-क्रॅटि' - इक् - *adj.* of temper peculiar to an individual. विशेष जाति, स्वभाव या प्रकृति का।

Idiot-इ-डि-अ-ट् -*n.* one who is deficient or weak in intellect, a perfect fool. पूर्ण मूर्ख व्यक्ति, निर्बुद्धि (पागल)।

Idiotic- इड्-इ-ऑटिक् -*adj.* foolish. मूर्ख; **Idiotically**(-इक-लि) -*adv.* in an idiotic manner. मूर्खता या पागलपन से।

Idle-आइ'- इल् - *adj.* lazy, indolent, useless, worthless, trifling. आलसी, निरुद्योगी, निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा, तुच्छ; -*v. i & t.* to spend time in inaction. आलस्य में समय गँवाना; **Idle talk** (useless gossip.) व्यर्थ की बकवाद।

Idleness-आइ-इल्-नेस् - *n.* absence of work, inaction. आलस्य, बेकारी, कार्य-हीनता।

Idler-आइ'-इलर् - *n.* one who spends his time in idleness. निर्व्यापार, बेकार समय बितानेवाला।

Idly- आइड्' - लि -*adv.* in an idle manner. आलस्य से।

Idol-आइ'- इल् -*n.* an image of a deity used for worship, the object of devotion or worship. प्रतिमा (मूर्ति), आराध्य वस्तु।

Idolater-आइ-डॅ-लेटर् -*n.*a worshipper of idols. मूर्तिपूजक।

Idolatress-आइ-डॅ-लेट्रेस् -*n. fem.* a female idolater. मूर्ति-पूजा करनेवाली, मूर्त्ति-पुजारिन।

Idolatrous- आइ-डॅ'-लेट्रस् -*adj.* of the nature of idolatry. मूर्ति-पूजन के समान।

Idolatry-आइ'-डॅ-लेट्रि -*n.* the worship of idols. मूर्ति-पूजा।

Idolize-आइ-ड-लाइज़् -*v. t.* to make an idol of, to adore. मूर्ति बनाना, पूजा करना।

Idolum- आइ-डो'- लम् -*n.* (*pl.* Idola-ला) a mental image, an idea or conception. मानसिक अनुमान, कल्पना।

Idyl, Idyll-आइ'-डिल्-*ns.* a short description of rustic life in prose or verse. गद्य या पद्य में ग्रामीण जीवन का संक्षिप्त वर्णन।

If-इफ् *conj.* on condition that, whether, supposing that. मानो; If not (otherwise.) नहीं तो; If so (in case that.) यदि ऐसा है तो।

Igloo-इग्'-लू-*n.* an Eskimo hut. टुण्ड्रा-वासी एस्किमो की झोपड़ी।

Igneous- इग्'-नि-अस् - *adj.* pertaining to or containing fire. अग्नि सम्बन्धी या अग्निमय।

Ignis Fatuus-इग्'-निस् - फॅट्-यु- अस् -*n.* (*pl.* Ignes fatui.) will-o'-the wisp, a delusive hope, a light often seen over marshes which misleads travellers. मिथ्या प्रकाश, लूक, मायापूर्ण आशा, पिशाचदीपिका।

Ignitable-इग्-नाइटॅ-बल् -*adj.* see Ignite.

Ignite-इग्-नाइट्' -*v. t.&i.* to make extremely hot, to set fire to, to take fire. बहुत गरम करना, आग लगाना, सुलगना; **Ignitable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be ignited. सुलगाने योग्य।

Ignition- इग्-नि-शन्-*n.* the act of igniting. ज्वलन, सुलगाने का कार्य।

Ignoble-इग्-नो'-बल्-*adj.* of low birth, base, worthless, dishonourable. अकुलीन, नीच, अधम, अप्रतिष्ठित; **Ignobleness** (-नेस्) -*n* the quality of being ignoble, baseness. नीचता; **Ignobly**(- ब्लि)-*adv.* in an ignoble manner, नीचता से।

Ignominious-इग्-नो-मिन्'-इ-अस् -*adj.* despicable. निन्द्य, कलङ्की; **Ignominiously** (-लि) -*adv.* meanly. कलङ्कपूर्वक।

Ignominy-इग्'-नॅ - मिन् -इ -*n.* dishonour, public disgrace, infamy. अपमान, कलङ्क, तिरस्कार।

Ignoramus- इग्-नो-रे'- मस् -*n.* an ignorant person. मूर्ख पुरुष।

Ignorance- इग्-नॅर-न्स्-*n.* want of knowledge. अज्ञानता, अविद्या, मोह।

Ignorant-इग्-नॅर-न्ट् -*adj.* without knowledge. अज्ञानी, निर्बुद्धि; **Ignorantly** (-लि) -*adv.* unskilfully. अज्ञान (अबोध) पूर्वक।

Ignore-इग्-नोर्' -*v. t.* to set aside, to reject, to discard. हटा रखना, प्रत्याख्यान करना, स्वीकार न करना, न मानना, तुच्छ जानना।

Iguana- इग्-वा'-ना-*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Iliac-इल्-इ-अक्-*adj.* pertaining to the lower intestines. आँतों के नीचे के भाग से सम्बन्धित।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Iliad-इल्'-इ-अड्-*n.* an epic poem written by Homer. होमर कवि का इस नाम का महाकाव्य।

Ilium-इल्'-इ-अम्-*n.* hip bone. कूल्हे की हड्डी।

Ilk-इल्क्-*adj.* of the same. उसी का ;-*n.* the same. वही, एक।

Ill-इल्-*adj.* (*comp.* Worse, *sup.* Worst.) diseased, sick, unsound, bad. अस्वस्थ, रोगी, कुत्सित, बुरा;-*n.* wickedness, misfortune, disease. दुष्टता, दुर्भाग्य, रोग; Ill at ease (perplexed.) घबड़ाया हुआ; Ill-blood (enmity.) शत्रुता; Ill-bred (uncivil.) अशिष्ट, असभ्य; Ill-fame-*n.* (disrepute.) अयश ; Ill-fated (-फ़ेट्'-ऍड्) -*adj.* unfortunate. अभागा; Ill-favoured -*adj.* ugly. कुरूप; Ill-got-*adj.* not honestly gained. छल या बेईमानी से प्राप्त; Ill-natured-*adj.* peevish. बुरी प्रकृतिवाला; Ill-off (in bad condition.) बुरी अवस्था में ;Ill-starred (unfortunate.) अभागा; Ill-temper (anger.) रोष, क्रोध; Ill-turn-*n.* unkind act. दयाहीन कार्य; Ill-will (enmity.) ईर्ष्या, डाह; To do an ill (to do mischief.) बुराई करना; To speak ill (to defame.) बदनाम करना; To take ill (to be offended.) बुरा मानना।

Illation-इल्-लें'-शन्-*n.* conclusion, deduction, inference. परिणाम, अनुमान।

Illative-इल्-लें-टिव्-*adj.* that may be inferred. अनुमान करने योग्य।

Illaudable-इल्-लॉ'-डें-बल्-*adj.* blame-worthy; निन्द्य, गर्हणीय; Ill-audably (-लि)-*adv.* in a blaming manner. निन्दा करते हुए।

Illegal-इल्-ली'-गल्-*adj.* contrary to law. नियम (न्याय) विरुद्ध, अवैध, गैरकानूनी।

Illegality-इल् - लीगैलिटि - *n.* unlawfulness. अन्याय, अव्यवस्था।

Illegally-इल् - लीग - लि - *adv.* unlawfully. अन्याय से, अवैध (गैरकानूनी) ढंग से।

Illegibility-इल्-लेंज्'-इब्'-इल्' - इटि - *n.* see Illegible.

Illegible-इल्-लेंज्'-इ-बल्-*adj.* indistinct, not legible, that cannot be read.अस्पष्ट, गिचपिच, न पढ़े जाने योग्य; Illegibility (-इट्-इ) -*n.* illegibleness. अस्पष्टता; Illegibly (-लि) -*adv.* in an illegible manner. अस्पष्टता से।

Illegitimacy-इल्-लें - जिट्' - इम् - ऑस्-सि-*n.* the state of being a bastard. हरामीपन, दोगलापन।

Illegitimate-इल्-लें-जिट्' - इम्- ऍट् - *adj.* not genuine, unlawful, improper, bastard, abnormal, wrongly inferred. खोटा, अवैध, अनुचित, दोगला, विलक्षण, मिथ्या अनुमान का; -*v. t.* to render illegitimate. दोगला बनाना; Illegitimately (-लि)-*adv.* unauthorizingly. नीतिविरुद्धता से।

Illiberal-इल्-लि-बर-ल्-*adj.* vulgar, narrow-minded, stingy. फूहर, अनुदार, कंजूस, सूमड़ा; Illiberality (-अल्-इट्-इ) -*n.* narrowness of mind. कृपणता, अनुदारता; Illiberally (-लि) -*adv.* ungenerously. कंजूसी से, अनुदारता से।

Illicit-इल्-लि-सिट्-*adj.* unlawful, forbidden. नियम या व्यवहार विरुद्ध, अवैध; Illicitly (-लि) -*adv.* in an illicit manner, unlawfully. नियम-विरोध से, अवैध रूप में या ढंग से।

Illimitable-इल्-लिम्'इटें - बल् - *adj.* infinite, boundless. अनन्त, असीम ; Illimitableness (-नेंस्)-*n.* boundlessness. अनन्तता; Illimitability (-बि-लिटि)-*n.* infiniteness. असीमता; Illimitably (-ऍब्-लि)-*adv.* in an infinite manner. असीमता से।

Illision-इल्- लिझन् - *n.* a dashing against. टक्कर, धक्का।

Illiteracy-इल्-लि-ट-रॉं-सि-*n.* ignorance. निरक्षरता, मूढ़ता।

Illiterate-इल्-लिटरेंट्'-*adj.* & *n.* not learned, one unable to read and write. अशिक्षित,अपढ़; Illiterateness (-नेंस्)-*n.* want of learning. विद्याहीनता, निरक्षरता, अनपढ़ होने की अवस्था।

Illness-इल्'-नेंस्-*n.* sickness, a disease. रोग, बीमारी

Illogical-इल्-लॉज्'-इ-कल्-*adj.* contrary to the principles of logic. न्यायविरुद्ध, अतार्किक; Illogicality (-इ-टि)-*n.* the state of being illogical. न्यायविरुद्धता, तर्कहीनता; Illogically (-लि)-*adv.* in an illogical manner. तर्कहीन ढंग से।

Illude-इल्-ल्यूड्'-*v. t.* to deceive, to play artifice upon. धोखा देना, ठगना, चालबाज़ी करना।

Illume-इल्-ल्यूम्' - *v. t.* to make bright. चमकाना, चमकीला करना।

Illuminant-इल्-ल्यू'-मिन् -अन्ट्, Illuminator (-ऍ'-टर्)-*ns.* & *adjs.* that which brightens. प्रकाशक, दीपक।

Illuminate-इल्-ल्यूम्'-इन्-ऍट्-*v.t.*to enlighten, to light up, to embellish. प्रकाश-युक्त करना, सुसज्जित करना, उजागर करना।

Illumination-इल्-ल्य-मिन्-ऍ'-शन् -*n.* brightness, splendour. चमक, द्युति (जगमगाहट), सजावट।

Illuminative-इल्-ल्यू'-मि-नेंटि-व्-*adj* tending to brighten. प्रकाश करनेवाला।

Illumine-इल्-ल्यूम्'-इन्-*v. t.* to enlighten, to

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

brighten, to light up. प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना।

Illusion-इल्-ल्यू'-ज़न्-*n.* a false show, deception, conjuring trick. माया, छल, इन्द्रजाल; **Illusionism** (-इज़्म्) -*n.* principles of illusion, conjuring. माया का सिद्धान्त, इन्द्रजाल; **Illusionist** (-इस्ट्)-*n.* one given to illusion. मायाजाल में विश्वास करनेवाला।

Illusive-इल्-ल्यू'-सिव्-*adj.* deceiving by false show, fallacious. धोखा देनेवाला, मायावी, छली; **Illusively** (-लि) - *adv.* in an illusive way, deceitfully. छल से, माया से; **Illusiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being illusive. कपट, माया।

Illusory-इल्-ल्यू'-सरि-*adj.* illusive, fallacious. मायावी, छली।

Illustrate-इल्-लस्-ट्रेट्-*v.t.* to explain, to make clear by examples, to elucidate by drawings or pictures, to ornament. व्याख्या करना (समझाना), दृष्टान्त देकर स्पष्ट करना, चित्र इत्यादि से परिस्पष्ट करना, अलंकृत करना; **Illustrated** (-एड्)-*adj.* pictured. चित्र सहित।

Illustration-इल्-लस्-ट्रेशन्-*n.* explanation, a picture designed to explain. व्याख्या, उदाहरण, दृष्टान्तचित्र।

Illustrative-इल्-लस्-ट्रेटिव्-*adj.* exemplifying. दृष्टान्त देनेवाला, दृष्टान्तयुक्त; **Illustratively** (-लि)-*adv.* in an illustrative manner. व्याख्या करते हुए।

Illustrator-इल्-लस्-ट्रेटर्-*n.* one who illustrates. निर्देशक, व्याख्याता।

Illustrious-इ-लस्'-ट्रिअस्-*adj.* renowned, eminent, famous. प्रख्यात, प्रसिद्ध; **Illustriously** (-लि) - *adv.* in an illustrious manner. प्रसिद्धि से; **Illustriousness** (-नेस्) -*n.* greatness. प्रसिद्धि, महत्त्व।

I'm-आइ'-म्-contracted form of 'I am' "I am" का छोटा रूप; मैं हूँ।

Image-इ-मेज्-*n.* an imitation, likeness, form, semblance, metaphor, idea. प्रतिमा (मूर्ति), प्रतिबिम्ब, आकार, छाया, सादृश्य, रूपक, कल्पना; -*v. t.* to portray, to reflect, to represent to mental vision. चित्रित करना, प्रतिबिम्बित करना, मन में धारण करना।

Imageable-इ - मेजे - बल्-*adj.* that may be imaged. चित्त में धारण करने योग्य।

Imagery-इ-मेजरि-*n.* an appearance, form of fancy, mental picture. आकृति, मन की कल्पना या भावना।

Imaginable-इ-मीजिनें-बल्-*adj.* that may be imagined. विचार करने योग्य, चिन्तनीय।

Imaginary-इ-मीजिनरि-*adj.* existing in fancy or imagination only. काल्पनिक, अमूलक।

Imagination-इ-मीजिनेशन्-*n.* an idea, an image in mind. भावना, मन की कल्पना।

Imaginative-इ-मीजिनेटिव्-*adj.* full of fancies. कल्पनापूर्ण, कल्पनाशील; **Imaginativeness**-*n.* quality of being imaginative. कल्पनाशक्ति।

Imagine-इम्-मीज्-इन्-*v. t. & i.* to conceive, to form a mental image of. विचार करना, चिन्तन करना।

Imago-इमेगो - *n.* the perfect state of insect life. कृमि की प्रौढ़ अवस्था।

Imbecile-इम्'-बि-सिल् (-साइल्)-*adj.* weak in mind, stupid, physically weak. अल्पमति, मूर्ख, दुर्बल, अशक्त।

Imbecility-इम्बिसिलिटि-*n.* feebleness of mind or body. शरीर या मन की दुर्बलता।

Imbibe-इम्-बाइब्'-*v. t.* to drink in, to assmilate, to absorb. पी लेना, मन में धारण करना, सोखना।

Imbibition-इम्बिबिशन्-*n.* the act of imbibing. चित्तग्रहण।

Imbricate-इ-म्ब्रिकेट्'-*v. t.* to arrange in heaps. क्रम से ढेर लगाना; **Imbrication** (-ब्रि-केट्'-शन्) -*n.* a heap. ढेर; **Imbricative** (-इव्) -*adj.* pertaining to imbrication. ढेर लगाने का।

Imbroglio-इम्ब्रो'-ल्यो-*n.* (*pl.* **Imbroglios.**) a confused heap or mass. बिना क्रम का ढेर।

Imbrue-इम्-ब्रू'-*v. t.* to stain, to wet. धब्बा लगाना, गीला करना; **To Imbrue with blood** (to drench with blood.) लोहू से तर करना।

Imbue-इम्-ब्यू'-*v. t.* to dye, to permeate. रँगना, तर करना (प्रभाव डालना)।

Imitable-इ-मिटें-बल्-*adj.* able to be imitated. अनुकरण करने योग्य।

Imitate-इमिटेट्-*v. t.* to follow the examples of, to copy, to mimic. अनुकरण करना, नकल करना, भड़ैती करना।

Imitation-इमिटेशन्-*n.* resemblance. अनुकरण।

Imitative-इमिटेटिव्-*adj.* tending to imitate. अनुकरणशील; **Imitatively** (-लि) *adv.* in an imitative way. अनुकरण करते हुए; **Imitativeness** (-नेस्)-*n.* the quality of being imitative. अनुकरणशीलता।

Immaculate-इम्-मीक्'-युलेट्-*adj.* pure faultless, unstained, spotless. निर्मल, शुद्ध, निष्कलङ्क, निर्दोष, बेदाग; **Immaculateness** (-नेस्)-*n.*

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

innocence, purity. निर्दोषता, शुद्धता।

Immanence- इम्'- ऑन् - ऍन्स् -*n.* inherence. अन्तर्वर्ती अवस्था।

Immanent- इम्'- ऑन्- ऍन्ट्- *adj.* indwelling, inherent. अन्तरस्थ, भीतरी।

Immaterial-इम्-मॉ-टीरिअल्-*adj.*not corporeal, spiritual,unimportant. अमूर्तिमान्, आध्यात्मिक, अनावश्यक, निष्प्रयोजन ; **Immaterialism** (-इ-ज़्म्)-*n.* idealism, spiritualism. निराकारवाद ; **Immaterialist** (-इस्ट्) -*n.* one who professes spiritualism. निराकारवादी; **Immateriality** (-इट्-इ) - *n.* immaterialness. अशरीरता; **Immaterially** (-लि) -*adv.* in a spiritual manner. आध्यात्मिक रूप से।

Immature- इम्-मीं - ट्यूर् (च्योर्') - *adj.* not mature or ripe, not perfect, premature. अपरिपक्व, कच्चा, अधूरा, समय से पहले का।

Immaturity- इम्-मीं - ट्यूर् (च्योर्')-इट्'-इ -*n.* unripeness, the state of being immature. अप्रौढ़ता, अपरिपक्व अवस्था।

Immeasurable-इम्-मे-ज़रे-ब्ल्-*adj.* that cannot be measured, immense. अपरिमित (अथाह), बहुत बड़ा; **Immeasurableness** (- नेस्) -*n.* immensity. अपरिमितता, अथाहपन।

Immediate-इम्-मीड्'-इ-यट्-*adj.* not separated by an intermediary, direct, proximate, nearest. अति सन्निहित,अनन्तरित,अति समीप का।

Immediately-इम्-मी-डि-यट्'-लि-*adv.*instantly, proximately. तत्काल, तुरन्त, तत्क्षण, उसी दम; **Immediate neighbour**(the nearest neighbour.) सटा हुआ या बगल का पड़ोसी।

Immediateness- इम्-मी-डि- यट्'-नेस्-*n.* nearness. समीपता।

Immedicable-इम्-मे-डिके-ब्ल्-*adj.* unable to be healed.अचिकित्स्य,चिकित्सा न करने योग्य।

Immemorable-इम्-मे-मे-रे-ब्ल्-*adj.* not worth remembering.स्मरण न रखने योग्य, विस्मरणीय।

Immemorial - इम्-मे- मोरिअ-ल् -*adj.* beyond memory, very old.स्मरणसे बाहर,अति प्राचीन।

Immense - इम्- मेन्स्' -*adj.* very great, very huge. अमित, बहुत बड़ा; **Immensely** (-लि) -*adv.* in an immense degree. अतिमात्र, बेहद।

Immensity-इ - मे न्सिटि -*n.* the extent that cannot be measured. अनन्तता, महत्त्व।

Immerge-इ-मर्ज़्'-*v. t.* to plunge into a fluid. तरल पदार्थ में डुबाना।

Immerse-इ-मर्स्' -*v. t.* to plunge into liquid, to dip, to absorb. डुबाना, गोता देना, सोखना; **Immersed** (-ड्) - *adj.* engrossed. मग्न (व्यापृत), लीन।

Immersion- इ-मर्श-न् -*n.* the act of immersing. गोता, तत्परता।

Immethodical-इम्-मे-थॉ-डिक-ल्-*adj.* without method, irregular. क्रमविरुद्ध, अव्यवस्थित ; **Immethodically**(- लि) -*adv.* in an irregular manner. अव्यवस्था से।

Immigrant-इ-मि-ग्रॅन्ट् - *n.* one who immigrates. देशान्तर में बसनेवाला।

Immigrate- इ- मि-ग्रेट् - *v. t. & i.* to go (or send) to another country as settler. देशान्तर में बसना या बसाना।

Immigration- इ - मि- ग्रे - शन् -*n.* the act of immigrating. देशान्तरवास।

Imminence- इ-मि- नेन्स्-*n.* proximity, nearness. समीपता।

Imminent-इ- मि-नेन्ट् -*adj.* soon to happen impending, threatening. उपस्थित-प्राय, आसन्न, निकट, भयावह; **Imminently** (-लि) -*adv.* in an imminent manner. आसन्न, भयानक रूप या स्थिति में या ढंग से।

Immiscibility-इम्-मि-सिबिलिटि -*n.* incapacity for being mixed. अघुलनशीलता।

Immiseible-इम्-मि-सि-ब्ल् -*adj.* which cannot be mixed. अघुलनशील, न मिलने योग्य।

Immitigable - इमिटिगेबल् - *adj.* not to be mitigated. कम न होने योग्य।

Immixture-इम्-मिक्स्'-चर् -*n.* unmixed state, purity. अनमिल दशा, शुद्धता।

Immobile- इम् - मो' - बाइल् (बिल्) -*adj.* immovable, motionless. स्थिर, अचल, निश्चल।

Immobility - इम्- मो- बिलिटि -*n.* fixedness. निश्चलता।

Immobilization-इम्' -मो-बिलाइज़ेशन् -*n* the incapability of mobilization. स्थायीकरण।

Immobilize-इम्'-मो-बिल-आइज़्' -*v. t.* to fix immovably, to make immovable. अचल करना या बनाना।

Immoderate- इ-मॉडरेट्-*adj.* excessive, exorbitant, extravagant. अत्यन्त, अपरिमित, अमितव्ययी; **Immoderately** (-लि) -*adv.* to an excessive degree. बेहद, अधिकता से।

Immodest-इ-मॉडेस्ट्-*adj.* indecent, shameless, unchaste, obscene. अशिष्ट, निर्लज्ज, असभ्य, अशुद्ध, अश्लील ; **Immodestly** (-लि) -*adv.* without modesty. निर्लज्जता से, अश्लीलता से।

Immodesty-इ-मॉडे-स्टि-*n.* want of modesty अविनय, निर्लज्जता, धृष्टता।

Immolate-इमो-लेट् -*v. t.* to kill for sacrifice. यज्ञ के लिये मारना, बलिदान करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Immolation- इ- मो- लें'-शन् -*n.* a sacrifice. बलिदान ।

Immolator-इ-मो-लें'टर्-*n.* one who immolates. बलिदान देनेवाला ।

Immoral-इम्-मॉरल्-*adj.* morally evil, wicked, unjust, dissolute, licentious, दुश्चरित्र, दुष्ट दुराचारी, अनैतिक, अन्यायी, पापी, व्यभिचारी; **Immorality** (-इटि) -*n.* an immoral action. अधर्म, व्यभिचार ; **Immorally** (-लि) -*adv.* violating the rules of morality. अधर्म (पाप) से, अनैतिकता से ।

Immortal-इ- मॉर्टल्-*n.* & *adj.* incorruptible, deathless, divine, constant, eternal, imperishable, अविध्वंसी, अमर, अजर, नित्य, अविनाशी; -(*pl.*) the gods. देवता लोग; **Immortality** (-टैलिटि) -*n.* exemption from death. अमरत्व; **Immortalize** (-आइज़्)-*v. t.* to perpetuate. अमर करना ; **Immortally** (-लि) -*adv.* with endless existence. अनश्वरता या नित्यता से ।

Immovability -इ -मूव्रे- विलिटि -*n.* fixedness. स्थिरता, अचलता ।

Immovable-इ-मूवें-बल् -*n.* & *adj.* incapable of being moved, motionless, steadfast, firmly fixed. अचल, स्थिर, दृढ़, अटल; -(*pl.*) things which cannot be legally taken away in leaving a house. अचल सम्पत्ति ; **Immovably**(-ब्लि)-*adv.* in a fixed manner. स्थिरता से।

Immune-इ-म्यून्'-*adj.* secure against attack. आक्रमण से मुक्त ।

Immunity-इ-म्यूनिटि -*n.* freedom, privilege, मुक्ति, छुटकारा ।

Immunize-इ-म्यून्'-आइज़्-*v. t.* to render free. मुक्त करना, छुटकारा देना ।

Immure-इ-म्यूर्'-*v. t.* to confine, to imprison, to shut up oneself. बन्द करना, कारावद्ध (क़ैद) करना, अपने को बन्धन में डालना; **Immurement** (-मेंन्ट्)-*n.* confinement. बन्धन ।

Immutability-इ-म्यूटें -विलिटि-*n.* immutableness. नित्यता, स्थिरता ।

Immutable-इ-म्यूटें-बल्-*adj.* unchangeable,not variable.अपरिवर्तनीय,अचल, स्थिर; **Immutably** (-अब्-लि)-*adv.* unchangeably. स्थिरता से ।

Imp-इम्प् - *n.* a little devil, a mischievous child. छोटा प्रेत या पिशाच, दुष्ट बालक; *v. t.* to extend, to strengthen. फैलाना; पुष्ट करना ।

Impacable- इम्- पीकें - बल् -*adj.* not to be quieted. शान्त न करने योग्य ।

Impact-इम्'-पीकट्-*n.*a collision. समघात,टक्कर; -*v.t.* to press firmly together. कसकर दबाना ।

Impaction-इम्पॉक्शन्-*n.* collision. टक्कर ।

Impair-इम्- पेअर्'-*v. t.* to damage, to injure, to enfeeble, to diminish. क्षति या चोट या क्षीण करना, कम करना; **Impaired** (-इ) -*adj.* damaged, weakened. विनष्ट, कम किया हुआ ।

Impairing-इम्-पेअर्'-इङ्ग्-*n.* damage. क्षति ।

Impairment- इम्- पेअर्' -मेंन्ट् - *n.* action of impairing. क्षति या दुर्बलीकरण, कमी, घाटा ।

Impale-इम्- पेल्' -*v. t.* to put to death by spitting on stakes, to enclose with railings. सूली पर चढ़ाना, टट्टी से घेरना; **Impalement** (-मेंन्ट्) -*n.* death on a stake. इस प्रकार की हत्या ।

Impalpability-इम्-पॉल्'-पे-वि-लिटि-*n.*the quality of being impalpable. स्पर्श-ज्ञान-शून्यता ।

Impalpable-इम्-पॉल्'-पे-बल्-*adj.*not perceptible to the touch, intangible, not easily understood. स्पर्श द्वारा अननुभवनीय, अग्राह्य, न समझने योग्य ; **Impalpably** (-लि) -*adv.* in an impalpable manner. अग्राह्यता से, स्पर्श-ज्ञान-शून्यता से ।

Impanel-इम्-पॉन्-ऍल्- *v. t.* to enter or enroll as an inspector or jury. निरीक्षक या पंच की सूची में दर्ज करना ।

Imparadise, Emparadise-इम् (ऍम्)-पार्- ऑ-डाइज़् -*v. t.* to bring into a state of extreme happiness.अपूर्व आनन्द की अवस्था को पहुँचाना ।

Imparity-इम्-पॉ-रिटि-*n.* inequality, disproportion. असमानता, विषमता ।

Impark-इम्- पार्क्' -*v. t.* to enclose in a park. (पशु इत्यादि को) बगीचे में बन्द करना ।

Impart-इम्-पार्ट्'-*v.t.* to give share of, to disclose, to bestow, to communicate news &c. भाग देना, प्रकट या प्रदान करना, समाचार देना ।

Impartial-इम्पार्श-ल्-*adj.* unprejudiced, fair, disinterested. अपक्षपाती, न्यायी (समदर्शी), बिना भेदभाव का ।

Impartiality-इम्-पार्श्'-य-लिटि-*n.*disinterestedness, equitableness. अपक्षपात (उदासीनता); **Impartially** (-लि)-*adv.* equitably, in an impartial manner. बिना पक्षपात के ।

Impartible- इम्-पार्टि- बल् -*adj.* not divisible. भाग न करने (न बाँटने) योग्य ।

Impassable- इम्पार्से- बल् -*adj.* that cannot be traversed,impenetrable. अगम्य, दुस्तर (गहन); **Impassableness** (-नेंस्) -*n.* the state of being impassable. अगम्यता ।

Impasse-इम्पॉस्, (ऑन्-पास्) (*Fr.*) -*n.* a blind alley, a difficult situation. बन्द गली, कठिन स्थिति या अवस्था ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Impassible-इम्पासि-ब्ल्-*adj.* incapable of suffering injury. दुःख न सहने योग्य; **Impassibleness** (-नेस्)-*n.* impassibility. असहनशीलता।

Impassion-इम्-पॅशन्-*v. t.* to excite the passions strongly. मन के भावों को उत्तेजित करना, जोश दिलाना।

Impassive-इम्-पॅस्'-इव्-*adj.* without feeling, insensible of suffering. भावना-शून्य, दुःख के अनुभव से अचेत।

Impaste-इम्-पेस्ट्'-*v. t.* to make into a paste, to paint with thick colours. लेई बनाना, मोटा रंग पोतना।

Impatience-इम्-पे'-शेन्स्-*n.* want or lack of patience. अधीरता, बेसब्री।

Impatient-इम्-पे'-शेन्ट्-*adj.* restless, intolerant, not enduring with patience. अधीर, व्याकुल, व्यग्र; **Impatiently** (-लि)-*adv.* in an intolerant manner. अधीरता से, व्यग्रता से।

Impawn-इम्-पॉन्'-*v. t.* to deposit as security, to pledge. बन्धक रखना।

Impayable-इम्-पे'-ऍ-ब्ल्-*adj.* not to be paid for. न देने योग्य।

Impeach-इम्-पीच्-*v. t.* to accuse, to find fault with, to call to account, to call in question. अभियोग लगाना, दोष खोजना, अपराधी ठहराना; **Impeachable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be impeached. दोष लगाने योग्य; **Impeachment** (-मेन्ट्)-*n.* act of impeaching or accusing an officer of state. राज्यकर्मचारी पर दोषारोपण।

Impeccability-इम्पेक्'-ऍ-बिलिटि-*n.* the quality of being impeccable of sin. निर्दोषता।

Impeccable-इम्पेक्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* not liable to error or sin. पापरहित, निर्दोष; **Impeccably** (-ब्लि)-*adv.* in an impeccable (sinless) manner. पाप रहित ढंग से।

Impeccant-इम्पेकन्ट्-*adj.* sinless. पाप-रहित (निर्दोष)।

Impedance-इम्पीडन्स्-*n.* an obstruction. अवरोध, रुकावट।

Impede-इम्पीड्'-*v. t.* to retard, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना।

Impediment-इम्पेडिमेन्ट्-*n.* hindrance, obstruction. विघ्न (प्रतिबन्ध), रुकावट; **Impedimental** (-अल्)-*adj.* obstructing. प्रतिबन्धक।

Impel-इम्-पेल्'-*v. t.* (*p. t.* Impelled.) to drive to do, to force forward, to incite, to instigate. प्रवृत्त करना, बल द्वारा आगे बढ़ाना, प्रोत्साहन देना, उत्तेजित करना।

Impellent-इम्-पे-लेन्ट्-*adj.* having the quality of impelling. प्रेरक, प्रोत्साहक।

Impend-इम्-पेन्ड्'-*v. i.* to hang or be suspended, to be imminent. लटकना या लटकाया जाना, भावी अमंगल का भय दिखाना।

Impendence-इम्-पेन्ड्'-ऍन्स्-*n.* imminence. भावी संकट की आसन्नता।

Impendent-इम्-पेन्ड्'-ऍन्ट्-*adj.* imminent, near at hand. संकटासन्न, निकटवर्ती।

Impending-इम्-पेन्ड्-इङ्ग्-*adj.* threatening. भयकारी।

Impenetrability-see Impenetrable.

Impenetrable-इम्पेनिट्रे-ब्ल्-*adj.* that cannot be penetrated into, impervious. अभेद्य (अप्रवेश्य), अथाह; **Impenetrability** (-इट्-इ) **Impenetrableness** (-नेस्)-*ns.* obtuseness. अभेद्यता, अप्रवेश्यता; **Impenetrably** (-ब्लि)-*adv.* in an impenetrable manner. अप्रवेश्यता से।

Impenetrate-इ-म्पे नि-ट्रेट्-*v. t.* to penetrate deeply. गहरा धँसाना।

Impenitence-इ-म्पेनिटेन्स्-*n.* want or absence of penitence. निष्ठुरता, पश्चात्ताप का अभाव।

Impenitent-इ-म्पेनिटेन्ट्-*adj.* not sorry for one's sin, obdurate. पश्चात्तापहीन, क्षमा न चाहनेवाला; **Impenitently** (-लि)-*adv.* in an obdurate manner. निष्ठुरता से।

Imperative-इम्परेटिव्-*adj.* expressing command, authoritative, urgent, obligatory. आज्ञासूचक, नियोजक, आवश्यक, कर्त्तव्य-विधायक; **Imperatively** (-लि)-*adv.* in an imperative manner. आज्ञारूप में; **Imperative mood** (the form of a verb expressing command or advice.) आज्ञा या सलाह सूचक क्रिया।

Imperator-इम्परेटर्-*n.* a commander, an emperor. सेनानायक, राजाधिराज, सम्राट।

Imperceptible-इम्-पर्सेप्टि-ब्ल्-*adj.* not perceptible, very slight, subtle. अगम्य, अगोचर, अतिसूक्ष्म, तीक्ष्ण; **Imperceptibly** (-ब्लि)-*adv.* imperceivably. अलक्षित रूप में, अगोचर ढंगसे।

Impercipient-इ-म्पर्सिपि-ऍन्ट्-*adj.* lacking perception. अगोचर।

Imperfect-इम्-पर्फ़ेक्ट्-*adj.* incomplete, faulty, defective. अपूर्ण, अधूरा, दोषयुक्त।

Imperfection-इम्पर्फ़ेक्शन्-*n.* a defect or fault. दोष, त्रुटि, न्यूनता, ऐब, कमी।

Imperfectly-इम्-पर्-फ़ेक्ट्'-लि-*adv.* defectively. अपूर्णता से, अधूरे ढंग से।

Imperforate-इम्पर्फ़ेरेट्-*adj.* not perforated. अछिद्र, बिना छेद किया हुआ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Imperial-इम्पीरिअल् - *adj.* pertaining to an empire or emperor, supreme, majestic. राज्य अथवा महाराजाधिराज-सम्बन्धी, श्रेष्ठ, तेजस्वी; **Imperial paper** (size of paper 32×22 inches.) ३२ इञ्च लम्बा तथा २२ इञ्च चौड़ा कागज़; **Imperial preference** (levying duty on imports from Empire at lower rates than those from foreign countries.) परदेशी माल की अपेक्षा साम्राज्य के माल पर कम कर लगाने की रीति।

Imperialist-इम्पीरिअलिस्ट्-*n.* a supporter of the empire. साम्राज्य का समर्थक; **Imperialistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* pertaining to imperialism. साम्राज्यवाद-सम्बन्धी।

Imperialism-इम्पीरिअलिज़्म्-*n.* imperial rule, its principle & support. राजाधिराज का शासन, इसका सिद्धान्त तथा समर्थन।

Imperialize-इम्पीरिअलाइज़्-*v. t.* to render imperial. राजकीय या तेजस्वी बनाना।

Imperil-इम्-पे-रिल्-*v. t.* (*p. t.* Imperilled.) to put in danger, to endanger. आपत्ति में डालना, खतरे में डालना।

Imperious-इम्पीरिअस्-*adj.* overbearing, imperative. उद्धत, अभिमानी, ढीठ; **Imperiously** (-लि)-*adv.* in an imperious manner. ढिठाई से; **Imperiousness** (-नेस्)-*n.* arrogance, haughtiness. दर्प, धृष्टता, ढीठपन।

Imperishability-see **Imperishable.**

Imperishable-इम्पेरिशेबल्-*adj.* indestructible, that cannot perish. अनश्वर, अविनाशी; **Imperishability** (-बि-लिटि), **Imperishableness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being imperishable. अविनाशत्व, अमरत्व; **Imperishably** (-ब्लि) -*adv.* in an imperishable manner. अनश्वरता से, नष्ट न होते हुए।

Impermanence-इम्पर्मनेन्स्-*n.* want of permanence. अस्थिरता, अस्थायित्व।

Impermanent-इम्पर्मनेन्ट्-*adj.* not permanent. अस्थायी, गैरमुस्तकिल।

Impermeability-see **Impermeable.**

Impermeable-इम्पर्मिएबल्-*adj.* impenetrable. अप्रवेश्य; **Impermeability** (-बि-लिटि) - *n.* impenetrableness, अप्रवेश्यता।

Impermissible-इम्पर्मिसिबल्-*adj.* not permissible. आज्ञा न दिये जाने योग्य, अननुज्ञेय।

Impersonal-इम्पर्सनल्-*adj.* having no personality or personal reference. अकर्तृक, व्यक्तित्व-शून्य, भाववाचक; **Impersonally** (-लि)-*adv.* in an impersonal manner. भाव वाच्य में, **Impersonal verb.** भाववाच्य क्रिया।

Impersonate-इम्पर्स्-ऍनेट्-*v. t.* to assume the bodily form, to personify. शारीरिक रूप दिखलाना, भेस बदलना।

Impersonation - इम्पर्सनेशन् - *n.* the act of personating. वेष या व्यक्तित्व परिवर्तन।

Impersonative-इम्पर्सनेटिव्-*adj.* pertaining to personating. भेस (रूप) बदलने का।

Impersonator-इम्पर्सनेटर्-*n.* one who impersonates. भेस बदलनेवाला व्यक्ति।

Impertinence-इम्पर्टिनेन्स्-*n.* rudeness, impertinent action, incivility. धृष्टता, ढिठाई, अशिष्टता।

Impertinent-इम्पर्टिनेन्ट्-*adj.* insolent, out of place, absurd, rude. अशिष्ट, अविनीत, असङ्गत, निष्प्रयोजन, अनर्थक; **Impertinently** (-लि)-*adv.* in an insolent manner. धृष्टता से, ढिठाई से।

Imperturbability-इम्पर्टर्बेबिलिटि-*n.* the quality of being undisturbed, calm. शान्ति।

Imperturbable-इम्पर्टर्ब्-ऍ-बल्-*adj.* not excitable, not disturbed, calm. क्षोभ रहित, शान्त; **Imperturbably** (-ब्लि) -*adv.* in a calm manner. शान्ति से।

Impervious-इम्-पर्-वि-अस्-*adj.* not affording access, impenetrable. दुर्भेद्य, अगम्य, प्रवेश न करने योग्य; **Imperviously** (-लि) -*adv.* in an impervious manner. अगम्यता या अप्रवेश्यता से; **Imperviousness** (-नेस्) -*n.* the state of being impervious. अगम्यता, अप्रवेश्यता।

Impetrate-इम्पिट्रेट्-*v. t.* to get by request. प्रार्थना करके प्राप्त करना।

Impetration-इम्पिट्रेशन्-*n.* getting by request. प्रार्थना करने पर प्राप्त।

Impetuosity-इम्पिचुऑसिटि - *n.* vehemence, rashness. तीव्रता, प्रचण्डता।

Impetuous-इम्पिचुअस् - *adj.* rash, violent, vehement, furious. प्रबल, तीव्र, क्रोधी; **Impetuousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being violent. तीव्रता, प्रचण्डता; **Impetuously** (-लि) - *adv.* in a violent manner, vehemently. वेग से, तीव्रता से।

Impetus-इम्पिटस्-*n.* driving or moving force, momentum, impulse. गति, चलाने की शक्ति, प्रेरणा।

Impiety-इम्पाइटि-*n.* want of piety. अधर्म।

Impinge-इम्-पिन्ज्'-*v. t. & i.* to strike or fall against. टक्कर देना, टकराना।

Impious-इ-म्पि-अस्-*adj.* not pious, wicked, profane. अधर्मी, पापी, दुष्ट, भ्रष्ट।

Impiously-इ-म्पि-अस्'-लि-*adv.* with impiety. अधर्म से।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Impiousness-इम्पि-अस्' - नेस्-*n.* profanity. अधर्म, पाप, दुष्टता।

Implacability-इम् - प्लीक्' - ऍबिलिटि -*n.* the quality of being implacable or irreconcilable. अनमनीयता, अप्रशम्यता, निर्दयता।

Implacable-इम्प्लीक्'-ऍबल्-*adj.* that cannot be appeased. अप्रशाम्य, अनाराध्य, निर्दय ; **Implacably** (-ब्लि)-*adv.* cruelly. निर्दयता से।

Implant-इम्-प्लान्ट्'-*v. t.* to insert in, to ingraft. बैठाना, जमाना, कलम लगाना; **Implantation** (-ऍ'-शन्)-*n.* the act of implanting. जमावट, कलमबन्दी; **Implanted** (-ऍड्)-*adj.* grafted. कलम बाँधा हुआ।

Impledge-इम्-प्लेज्'-*v. t.* to pawn. बन्धक या गिरवी रखना, दाँव लगाना।

Implement-इ-म्प्ल-मेन्ट्-*n.* an article of dress or furniture ; -(*pl.*) tools, instruments. उपकरण, सामग्री;-(ब० व०) हथियार, औज़ार; -*v. t.* (-मेन्ट्) to fill up. पूर्ण करना; **Implemental** (-अल्) -*adj.* serving as an implement. शस्त्र की तरह का, प्रभावकारी।

Impletion-इम्-प्ली'-शन्-*n.* the act of filling. पूर्ण-करण, भरने की क्रिया।

Implex-इम्'- प्लेक्स् - *adj.* complicated, not simple. पेंचीला, असरल।

Implicate-इम्'-प्लिक्-ऍट्-*v. t.* to involve, to entangle. चक्कर में डालना, फँसाना।

Implication-इम्-प्लिक्-ऍ'-शन्-*n.* the act of implicating. लपेट, झंझट, फँसान।

Implicative-इम्-प्लि-केटिव् - *adj.* tending to implicate. फँसानेवाला।

Implicit-इम्-प्लि-सिट्-*adj.* implied, resting on another's authority, unquestioning. अनुमित, उपलक्षित, पराधिकाराधीन, शंकाहीन; **Implicitly** (-लि)-*adv.* virtually, assuredly. बिना संशय के, निःसन्देह; **Implicitness** (-नस्)-*n.* the state of being implicit or unreserved. शंकाहीनता।

Implied, Impliedly-see **Imply.**

Implore-इम्-प्लोर् -*v. t.* to beg earnestly, to entreat. आग्रह सहित माँगना, प्रार्थना करना।

Imploringly-इम्-प्लोर्' - इङ्ग - लि-*adv.* with earnest entreaty. साग्रह प्रार्थना के साथ; **Imploringness** (-इङ्ग्-नेस्)-*n.* the act of imploring, entreaty. साग्रह आराधना या प्रार्थना।

Imply-इम् - प्लाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Implied.**) to involve the truth of, to mean, to hint, to signify. अन्तर्भूत करना, अर्थ प्रकट करना, संकेत करना, सूचित करना; **Implied** (-इ)-*adj.* having implication, understood. उपलक्षित, सूचित ; **Impliedly** (-लि) -*adv.* by implication. उपलक्ष्य में।

Impolicy-इम्पॉलिसि-*n.* a bad policy. बुरी नीति, कूट व्यवहार।

Impolite-इम्'-पॅ - लाइट् -*adj.* uncivil, rude. अशिष्ट, अविनीत, असभ्य ; **Impolitely** (-लि) -*adv.* in a rude manner. असभ्यता से, रुखाई से; **Impoliteness** (-नेस्) -*n.* rudeness, want of politeness. असभ्यता, अशिष्टता।

Impolitic-इम्पॉलिटिक्-*adj.* not politic, improper. अनीतिज्ञ, अनुचित ; **Impoliticly**-(-लि) -*adv.* अनीतिज्ञ या अनुचित ढंग से।

Imponderable-इम्पॉण्डरेबल् - *adj.* incapable of being weighed, very light. न तौलने योग्य, बहुत हलका।

Impone-इम्पोन् -*v. t.* to stake, to impose. हार-जीत के लिये दाँव लगाना, प्रभाव डालना।

Imponent-इम्पोनेन्ट्-*adj.* competent to impose an obligation. प्रभाव डालने योग्य।

Import-इम्पोर्ट्' -*v. t.* to bring from a foreign country, to imply, to indicate, to signify. विदेश का माल देश में लाना, आयात करना, सूचित करना, अर्थ लगना; -*n.* drift, signification, that which is brought into a country. अर्थ, तात्पर्य, देश में आया हुआ विदेशी माल; -*n.* (*pl.*) commodities imported. विदेश से आये हुए माल, आयात।

Importable - इम्पोर्टेबल् - *adj.* what may be imported. देश में लाने योग्य।

Importation-इम्पोर्टेशन्-*n.* the act or practice of importing. विदेश से माल मँगाना, आयातन।

Importance-इम्पॉर्टेन्स्-*n.* weight, significance, dignity. आवश्यकता, प्रभाव, महत्त्व।

Important-इम्पॉर्टेन्ट् - *adj.* momentous, of great consequence. आवश्यक, प्रभावशाली ; **Importantly** (-लि) - *adv.* in an important degree. आवश्यक रूप में, गौरव (महत्त्व) से।

Importunate-इम्पॉर्चुनेट् - *adj.* pressing or persistent in solicitation. दृढ़ाग्रही, अधिक प्रार्थना करनेवाला, हठी; **Importunately** (-लि) -*adv.* with importunity. बड़े आग्रह से।

Importune-इम्पॉर्चुन्-*v. t.* to solicit pressingly. आग्रह के साथ प्रार्थना करना; -*adj.* untimely, inopportune, burdensome, unfit, urgent, importunate. असमय का, बेमौके का, भारस्वरूप, अयोग्य, आवश्यक, दृढ़ाग्रही।

Importunity-इम्पॉर्चुनिटि -*n.* urgent request. अतिप्रार्थना, आग्रह।

Impose-इम्-पोज़्'-*v. t. & i.* to lay on, to exert

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

influence. बैठाना, प्रभाव डालना; **Imposer** (-अर्)-*n.* प्रभाव डालनेवाला।

Imposing-इम्-पोज़्' - इङ्ग् -*adj.* impressive, commanding. प्रभावशाली (भव्य), रोबदार; **Imposingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in an imposing manner. गम्भीरता (रोब) से; **Imposingness** (-नेस्)-*n.* great influence. महत्त्व, अति प्रभाव, रोब।

Imposition-इम्पोज़िशन्-*n.* tax, duty, a piece of deception. कर, लगान, छल, कपट।

Impossibility-इम्पॉसिबिलिटि-*n.* the state of being impossible. असंभवता, असंभावना।

Impossible-इम्पॉसिबल् - *adj.* not possible, not easy, impracticable, not convenient, असंभव, कठिन, दुष्कर, असुविधा जनक; **Impossibly** (-ब्लि)-*adv.* in an impossible manner. असंभव रीति या ढंग से।

Impost-इम्'-पोस्ट्-*n.* duty, tax, a tribute, the upper portion of a pillar. महसूल, चुङ्गी, राज्यकर, खम्भे का ऊपरी भाग।

Impostor-इम्पॉस्टर्-*n.* one who assumes a false character. पाखण्डी, ठग, छली मनुष्य।

Imposture - इम्पॉस्चर्-*n.* fraud, deception. छल, कपट।

Impotence, Impotency-इम्'-पो-टेन्स्(-सि)-*ns.* state of being powerless. दुर्बलता, नपुंसकता।

Impotent-इम्'-पो-टेन्ट्-*adj.* powerless, lacking in sexual power, helpless. निर्बल (अशक्त), नपुंसक, असहाय; **Impotently** (-लि)-*adv.* in an impotent manner, helplessly. निर्बलता से।

Impound-इम्-पाउन्ड्'-*v. t.* to shut up, to take legal possession of, to confiscate. बाड़े में बन्द करना, जब्त करना, छीन लेना।

Impoverish-इम्पॉवरिश्-*v. t.* to make poor, to exhaust resources. निर्धन (दरिद्र) बनाना, साधनहीन करना; **Impoverished** (-ड्)-*adj.* made poor. निर्धन (दरिद्र) किया हुआ; **Impoverishment** (-मेन्ट्)-*n.* reduction to poverty. दरिद्रता।

Impracticable-इम्प्राक्टिकेबल्-*adj.* impossible in practice, unmanageable. असाध्य, अशक्य, दुष्कर।

Impracticability-इम्प्रीक्टिकेबिलिटि, **Impracticableness** (-नेस्)-*ns.* the state of being impracticable. असाध्यता, अशक्यता।

Impracticably-इम्प्रीक्टिकेब्लि-*adv.* in an impracticable manner. असाध्य रूप में या ढंग से।

Imprecate-इम्-प्रि-केट्' -*v. t.* to invoke evil upon. शाप देना, कोसना।

Imprecation-इम्प्रिकेशन्-*n.* a curse, an abuse. शाप, गाली।

Imprecatory - इम्प्रिकेटरि - *adj.* containing imprecation or curse. शापयुक्त।

Impregnability-see **Impregnable.**

Keystone-की'-स्टोन्-*n.* the central brick or stone of an arch, the main principle. मेहराब के बीच की ईंट या पत्थर (चाभी), प्रधान सिद्धान्त।



Keystone.

Khan-खान्-*n.* the title of the rulers of Afghanistan, an inn. अफ़गानिस्तान के राजा की उपाधि, सराय।

Khedive-के-डी-व्-*n.* the title of the viceroy of Egypt. मिस्र देश के बड़े लाट की उपाधि।

Kibble-कि-बल्-*n.* a hoisting bucket used in mines. खान में से सामान उठाने की बालटी; -*v. t.* to grind coarsely. मोटा पीसना।

Kibe-काइब्-*n.* chilblain of the feet. (पाद-विस्फोट) एँड़ी का फटना, बेवाय।

Kibosh-कि-बॉश्-*n.* nonsense, humbug. निरर्थक वार्ता।

Kick-किक्-*n.* a blow with the foot. लत्ती की मार; -*v. i. & t.* to strike with the foot, to show dislike. लत्ती मारना, घृणा दिखलाना; **Kick-starter** (a lever for starting a motor-cycle.) मोटर बाइसिकिल चालू करने का पावदान; **More kicks than half pence** (more harshness than kindness.) दया की अपेक्षा अधिक रूक्षता; **To kick off** (to throw off by kicking.) लात मारकर झटकारना।

Kicker-किकर्-*n.* a horse which kicks. लात चलानेवाला घोड़ा।

Kickshaw-किक्'-शॉ-*n.* a fancy dish, a toy, a trifle, अनोखा भोजन, खिलौना, तुच्छ पदार्थ।

Kid-किड्-*n.* the young of a goat, goat's skin, a small wooden tub. (छाग) बकरी का बच्चा, इसका चमड़ा, कठौता।

Kiddle-कि-डल्-*n.* a dam in a river with openings fitted with nets for catching fish. मछली पकड़ने के लिये नदी में लगाया हुआ बाँध।

Kiddy-किडि-*n.* (*pl.* **Kiddies.**) a small child, छोटा बच्चा।

Kidnap-किड्'-नॉप्-*v. t.* (*p. t.* **Kidnapped**) to steal or carry off a person by stealth. चोरी से किसी मनुष्यको भगा ले जाना या अपहरण करना; **Kidnapper** (-पर्)-*n.* a man-stealer. मनुष्य को भगा ले जानेवाला; **Kidnapping** (-पिङ्ग्)-*n.* stealing of a boy. बालक की चोरी, बालापहरण।

Kidney-किड्'-नि-*n.* (*pl.* **Kidneys.**) one of the pair of glands in the abdomen which secrete the urine. गुर्दा; **Kidney-bean-***n.* (a kind of bean of the shape of a kidney.) एक प्रकार की सेम, मूँग।

Kier-किअर्-*n.* a vessel in which cloth is boiled for bleaching. पात्र जिसमें धोने के लिए कपड़े उबाले जाते हैं।

Kill-किल्-*v. t. & i.* to put to death, to slay, to put an end to, to destroy. हत्या करना, मार डालना, समाप्त करना, नष्ट करना; -*n.* the act of killing, an animal killed (*esp.* by a sportsman.) मारने की क्रिया, मारा हुआ पशु (शिकार); **To kill two birds with one stone** (to accomplish two purposes together.) एक पन्थ दो काज।

Killer-किलर्-*n.* one who slaughters, a butcher. घातक, मारनेवाला, हत्यारा।

Killing-किलि-ङ्ग्-*n.* the act of slaughtering. हत्या, वध; **Killingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* मारते हुए।

Kill-joy-किल्'-जॉय्-*n.* a gloomy person. मनहूस मनुष्य।

Kiln-किल्न्-*n.* a furnace, an oven for baking or burning. भट्ठी, आवाँ; **Brick-kiln** (a kiln in which bricks are baked.) ईंट का पजावा।

Kilo-किलो-*pref.* in the Metrical system for one thousand. मेट्रिक नाप में "एक हजार" के लिए उपसर्ग।

Kilogram-कि-लो-ग्रा-म्-*n.* a thousand grammes. एक हजार ग्राम।

Kilt-किल्ट्-*n.* a skirt, the Highlander's dress, घाघरा, स्कॉटलैंड निवासियों का छोटा कोट; -*v. t.* to tuck up round the body. शरीर पर लपेटना; **Kilted** (-एँड्)-*adj.* wrapped. लपेटा हुआ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

 CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Kimbo-किम्बो-*adj.* arched, bent. मेहराबदार, घूमा हुआ।

Kin-किन् - *n.* kindred, family. (सजातीय) सम्बन्धी, नातेदार; **Kith and kin** (friends and relations.) नाते-गोते के लोग; **Kinless** (-लेस्)-*adj.* without kins. बिना नाते-गोते का।

Kinchin-किन्'-चिन्-*n.* a child. बालक।

Kind-काइन्ड्-*n.* race, sort, group of species, class, nature, character. जाति, वर्ग, श्रेणी, प्रकार, स्वभाव, चरित्र; **Nothing of the kind** (altogether a different thi g.) सर्वथा भिन्न पदार्थ; **Payment in kind** (*i. e.* in goods, not in money.) एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु देना; **Something of the kind** (something of the sort.) इसी तरह का कोई पदार्थ।

Kind-काइन्ड्-*adj.* benevolent, gentle, affectionate. कृपालु, दयालु (उपकारी), प्रिय (हितैषी); **Kind-hearted**-*adj.* (benevolent.) उपकारी, दयार्द्र, रहमदिल।

Kindergarten-किन्डगार्टेन्-*n.* an infant school in which the children are educated by toys, games and object lessons. खिलौने, खेल इत्यादि द्वारा बच्चों को शिक्षा देने का स्कूल।

Kindle-किन्'-डल्-*v. t. & i.* to set on fire, to light, to inflame, to catch fire, to become bright, to excite to action, to provoke, to animate. प्रज्वलित करना, जलाना, उत्तेजित करना, आग लगाना, चमकना, क्रुद्ध करना; **Kindler** (-डलर्) - *n.* one who kindles. प्रज्वलित करनेवाला।

Kindliness-काइन्ड्'-लि - नेस्-*n.* affectionate disposition. सुजनता।

Kindling-किन्'-डलिङ्ग्-*n.* faggot for lighting fire. आग जलाने की चैली।

Kindly-काइन्ड्'-लि-*adj.* congenial, pleasant, benevolent. कृपालु, उपकारी।

Kindness-काइन्ड्'-नेस्-*n.* goodness, sympathy. सुजनता, सहानुभूति।

Kindred-किन्'-ड्रेड्-*n. & adj.* relationship by blood, relatives, connected, similar, allied. सम्बन्धी, (बन्धुता) सम्बन्ध, सजातीय, सगोत्र, तुल्य, खून का रिश्ता।

Kine-काइन्'-*n. pl.* of Cow. 'काउ' (गाय) शब्द के बहुवचन का रूप।

Kinema, Kinematograph-किनिमीं,(-टो-ग्राफ्) same as **Cinema & Cinematograph.** चलते हुए चित्रों का पट।

Kinetic-काइ- नें '-टिक्-*adj.* pertaining to motion. गति-सम्बन्धी; **Kinetics** (-इक्स्)-*n. pl.* science of motion. गतिशास्त्र।

King-किङ्ग्-*n.* (*fem.* Queen.) a monarch, a male sovereign. नरपति, भूपाल, राजा:-*v. i.* to reign over. राज्य करना ; **King Emperor.** राजाधिराज, सम्राट्; **King of beasts** (lion.) पशुपति, शेर ; **King of Terrors** (God of death.) यमराज ; **King's-evil** (scrofula or struma, formerly held to be curable by the king's touch.) गण्डमाला रोग।

King-craft-किङ्ग्'-क्राफ्ट्-*n.* the business of kings. राजनीति।

Kingdom-किङ्ग्'-डम्-*n.*monarchy, rule,class राज, प्रभुत्व, जाति, वर्ग; **Kingdom of heaven** (dominion of nature.)प्रकृति का राज्य; **United Kingdom** (*i. e.* Great Britain and Ireland.) ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड का संयुक्त राज्य।

Kingfisher-किङ्ग्' - फिशर्-*n.* a kind of bird with bright plumage. रामचिरैया।

Kingless-किङ्ग्'-लेस्-*adj.* devoid of kings. बिना राजा का, नृपहीन।

Kinglet-किङ्ग्'-लेट्-*n.* a little or petty king. छोटा राजा।

Kinglike-किङ्ग्'-लाइक्-*adj.* like a king, royal राजा के समान, राजकीय।

Kingliness - किङ्ग्' - लि-नेस्, **Kingship**-किङ्ग्'-शिप्-*ns.* the state of being kingly. नृपत्व, प्रभुता, राजाधिकार।

Kingly-किङ्ग्' - लि-*adj.* royal, becoming a king. राजकीय, राजा सदृश।

Kink-किङ्क्-*n.* a twist in a rope. रस्से की पेंठन; -*v. t. & i.* to wind into a kink, to cough loudly. रस्से में पेंठन डालना, जोर से खाँसना।

Kinless-किन्'-लेस्-*adj.* without a kin. बिना परिवार का।

Kino-की'-नो-*n.* a vegetable exudation resembling catechu. खैर के प्रकार का वृक्षों से निकला हुआ एक पदार्थ।

Kinsfolk-किन्ज़्' - फ़ोक् - *n. pl.* relations by blood. भाई-बन्धु।

Kinship-किन्' - शिप्-*n.* blood relationship, alliance. नातेदारी, सम्बन्ध।

Kinsman-किन्स्'-मॅन्-*n.* (*fem.* Kinswoman, -वुमन्) a male relation. सम्बन्धी, बान्धव, सम्बन्धी पुरुष।

Kip-किप्-*n.* hide of a young beast or small animal, a pointed hill, a brothel. छोटे पशु की खाल, नोकीली पहाड़ी, वेश्यालय;-*v. i.* to go to bed, to lie. सोने जाना, लेटना।

Kirk-कर्क्-*n.* a church. गिर्जाघर।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Kirtle-कर्टल्-*n.* a woman's gown or outer petticoat. घाघरा।

Kiss-किस्-*v. t.* to touch with the lips in affection. चुम्बन करना, चूमना; - *n.* a salute given with lips, a caress given with lips. चुम्बन; **To kiss the book** (to make an oath by kissing the Bible.) बाइबल चूमकर क़सम खाना; **To kiss the ground** (to prostrate in saluting.) दण्डवत् करना; **To kiss the rod** (to accept chastisement submissively.) विनीत भाव से दण्ड स्वीकार करना।

Kisser-कि-सर्-*n.* one who kisses. चुम्बन करनेवाला, चुम्बक।

Kit-किट्-*n.* a small wooden tub, a soldier's knapsack, a shoemaker's outfit, a kind of small fiddle, short form of 'Kitten.' लकड़ी का कठौता, सिपाही का झोला, चिकारा (सारंगी), बिल्ली का बच्चा।

Kitchen-किच्'-न्-*n.* a room where food is cooked. पाकशाला, रसोईघर; **Kitchen-garden** (a garden for fruits and vegetables.) फल तथा तरकारी का बगीचा; **Kitchen-maid** (the female servant of a kitchen.) रसोईघर की नौकरानी; **Kitchen-stuff** (material used in kitchen.) पाकशाला में प्रयुक्त होनेवाले सामान।

Kitchener-किच्नर्-*n.* a cooking-range. चूल्हों की पंक्ति।

Kite-काइट्-*n.* a bird of prey similar to a falcon, a rapacious person, a child's paper toy for flying in air. चील, लुटेरा, पतंग, गुड्डी; -*v. i.* to fly like a kite. चील की तरह उड़ना; **To fly a kite.** पतंग उड़ाना।

Kith-किथ्-*n.* acquaintance and relative. संबंधी, परिचित मनुष्य।

Kitten-किट्न्-*n.* the young of a cat. बिल्ली का बच्चा।

Kittle-कि-टल्-*adj.* difficult to pacify. शान्त न करने योग्य।

Kitty-कि-टि-*n.* a pet name for kitten. बिल्ली का बच्चा।

Kloof-क्लूफ़्-*n.* a narrow valley, ravine. सँकरी (तंग) घाटी।

Knack-नॅक्-*n.* adroitness. dexterity, ingenious device, trick, skill of action or speech. कुशलता, चतुराई, युक्ति, काम करने या बोलने की कुशलता।

Knacker-नॅ-कर्-*n.* one who buys old horses for slaughter. वृद्ध घोड़ों को वध करने के लिए खरीदनेवाला मनुष्य।

Knag-नॅग्-*n.* a knot in wood. लकड़ी की गाँठ।

Knagginess-नॅ-गि-नेस्-*n.* the state of being knaggy. गाँठपन; **Knaggy** (-गि)-*adj.* knotty. गाँठदार।

Knap-नॅप्-*n.* a rising ground, summit. ऊँची भूमि, शिखर; -*v. t.* (*p. t.* **Knapped.**) to break stones by a hammer. हथौड़े से पत्थर तोड़ना।

Knapper-नॅ-पर्-*n.* a stone-breaker. पत्थर तोड़नेवाला।

Knapsack-नॅप्'-सॅक्-*n.* a leather or canvas bag. चमड़े या टाट का बेग।

Knar-नार्-*n.* a knot in the wood. लकड़ी की गाँठ।

Knarl-नार्ल्-*n.* a knot in wood. लकड़ी में की गाँठ।

Knave-नेव्-*n.* a rascal, a villain, a rogue. धूर्त, शठ (पाजी), दुष्ट।

Knavery-ने-व्र-रि-*n.* dishonesty, villainy. धूर्तता, शठता।

Knavish-ने-विश्-*adj.* dishonest, fraudulent. धूर्त, कपटी; **Knavishly** (-इश्-लि) -*adv.* in a fraudulent manner. धूर्तता (शठता) से; **Knavishness** (-इश्-नेस्)-*n.* fraud, कपट, छल।

Knead-नीड्-*v. t.* to work up into dough or paste, to blend together. आटा गूँधना, सानना।

Kneadable-नीडे-बल् -*adj.* that can be kneaded. गूँधने योग्य।

Kneader - नीडर् - *n.* one who kneads. साननेवाला।

Kneading-नी-डिङ्ग्-*n.* the act of working into a dough. गूँधने का काम, सनाई; **Kneading trough** (a trough for making dough.) आटा सानने का पात्र या कठवत।

Knee-नी-*n.* the joint between the lower leg and thigh. उरुसन्धि, घुटना; -*v. t.* to touch or fasten with knee. घुटने से छूना या बाँधना; **Knee-cap**-*n.* patella. घुटने की चक्की; **Knee-deep** (sunk to the knees.) घुटना भर (जल); **Knee-joint** (joint of knee.) घुटने का जोड़; **On one's knees** (kneeling.) घुटने के बल टेकते हुए; **To bring to knees** (to subjugate.) अधीन करना; **To give a knee to** (to support.) सहारा देना।

Kneel-नील्-*v. i.* (*p. t.* & *p. p.* **Knelt.**) to fall on knees in prayer, to bend the knees. प्रणाम करने में घुटना टेकना।

Knell-नेल्-*n.* the sound of a bell (*esp.* one rung at a funeral.) अरथी के साथ बजनेवाले घण्टे का शब्द; -*v. i.* & *t.* to sound a funeral

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

bell. मृत्युघण्टा बजाना, अशुभसूचक घण्टे का शब्द होना।

Knelt-नेल्ट्-*p. t. & p. p.* of Kneel.

Knew-न्यू-*p. t.* of Know. जान लिया।

Knickerbockers-निकर्-बॉकर्ज़्-*n. pl.* loose breeches gathered in at the knee. घुटने तक का ढीला पायजामा; also Knickers. (निक्-अर्स्)।

Knickknack, Knick-nack - निक्'-नॉक् -*n.* a simple dress or food, a trinket. साधारण वस्त्र या भोजन, क्षुद्र पदार्थ या गहना।

Knickery-निकरि-*n.* trivialness. तुच्छता।

Knife-नाइफ्-*n.*(*pl.* Knivest.) a cutting instrument. छुरी, चाकू; The knife (surgical operation.) जर्राही; To play a good knife and fork (to eat to the full.) पर्याप्त भोजन करना, पेटभर खाना।

Knight-नाइट्-*n.* a champion in war, a title of rank, a piece used in the game of chess. योद्धा, शूरवीर, अंग्रेजी (Sir) की उपाधि, शतरंज के खेल में 'वज़ीर'; - *v. t.* to confer knighthood on. 'नाइट्' की पदवी देना।

Knightage-नाइटेज्-*n.* the body of knights. नाइट् उपाधिधारियों का समुदाय।

Knight-errant-नाइट्'-ऍरन्ट्-*n.* (*pl.* Knights-errant.) a knight who travels in search of adventures. अपनी वीरता सर्वत्र दिखाने के लिये देश-देश में घूमनेवाला वीर।

Knighthood-नाइट्'-हुड्-*n.* the dignity of a knight. शूरवीर ('नाइट्') की पदवी।

Knightlike-नाइट्'-लाइक-*adj.* resembling a knight. शूरवीर की तरह।

Knightly-नाइट्'-लि-*adj. & adv.* pertaining to a knight, in a manner becoming a knight. नाइट् का, नाइट् के योग्य ढङ्ग से।

Knit-निट्-*v. t.* (*p. t.* Knitted.) to tie together, to contract, to join, to unite, to make compact. बाँधना, बुनना, सिकोड़ना, जोड़ना, मिलाना, इकट्ठा करना; To knit up (to fasten by knitting.) सीकर जोड़ना; Knitting (-टिङ्ग्)-*n.* a network formed by knitting. बिनावट की जाली; Knitting-needle (-नी'-इल्)-*n.* a needle used in knitting. जाली बीनने की सलाई या सूई।

Knob-नॉब्-*n.* a hard round protuberance. पिण्ड, गाँठ।

Knobbiness- नॉ - बि - नेंस् - *n.* the state of being knobby. गाँठपन।

Knobble - नॉ - ब्ल् -*n.* a small knob. छोटी गाँठ।

Knobby-नॉ-बि-*adj.* knotty, full of knots. गाँठदार।

Knock-नॉक्-*v. t. & i.* to strike with a blow, to clash, to wander. धक्का देना, पीटना (खटखटाना), घूमना, भटकना; -*n.* a blow. धक्का; To knock about (to strike repeatedly, to loiter aimlessly.) बारम्बार पीटना, बेकार घूमना; To knock down (to strike down.) मारकर गिरा देना; To knock off(to leave off work.) काम छोड़ देना; To knock out (to make empty.) खाली करना; To knock together (to put hastily together.) जल्दी से मिला देना; To knock under (to submit.) अधीन होना; To knock up (to lift with a blow.) धक्का देकर उठाना।

Knocker-नॉक-र् - *n.* one who knocks, a hammer or appendage fastened to a door. खटखटानेवाला, किवाड़ खटखटाने का कड़ा।

Knoll-नोल्-*n.* a small hill or mound, note of a bell. छोटी पहाड़ी, घण्टे का शब्द;-*v. t.* to ring a bell. घण्टा बजाना; same as Knell.

Knop-नॉप् -*n.* the bud of a flower. फूल की कली; same as Knob.

Knot-नॉट्-*n.* a tie, a nautical mile (6080 ft.), perplexity, difficulty, cluster, a joint in the stem or root of a plant, a group of persons. गाँठ, समुद्री (६०८० फ़ीट की) नाप, व्याकुलता, व्यग्रता, गुच्छा, पौधे की गाँठ, मण्डल (समूह); -*v. t. & i.* (*p. t.* Knotted.) to tie in a knot, to entangle, to perplex. व्यग्र करना, फँसाना, घबड़ाना, गाँठ बाँधकर झालर बनाना; Knotted (-टेड्)-*adj.* full of knots. ग्रन्थिल, गाँठदार; Knottiness (-टि-नेंस्) - *n.* the quality of being knotty. गँठीलापन।

Knotting-नॉट्'-इङ्ग् -*n.* formation of knots. गठबन्धन।

Knotty-नॉ-टि -*adj.* full of knots, perplexing. गँठीला, (गूढ़ार्थ) कठिन, पेंचदार।

Know- नो -*v. t.* (*p. t.* Knew, *p. p.* Known.) to perceive clearly, to recognise, to distinguish, to be acquainted with, to have personal experience of. भली भाँति जानना (समझना), परिचित होना, अनुभव होना; To know of (to be careful of.) सचेत होना।

Knowable-नो'-ऍ-ब्ल् - *adj.* that may be known. जानने योग्य; Knowability (नो-ऍ-बि-लि-टि), Knowableness (-ऍ-बल्-नेंस्)-*ns.* the quality of being knowable. जानने की योग्यता, जानकारी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Knower - नो' - अर् - *n.* one who knows. जाननेवाला।

Knowing - नो' - इङ्ग्-*n.* knowledge. ज्ञान; **Knowingly** (- लि) - *adv.* with knowledge. ज्ञानपूर्वक, जान-बूझकर; **Knowingness** (- नेस्) -*n.* the quality of being known. जानकारी।

Knowledge-नॉ- लेज् - *n.* learning, instruction, cognition, acquaintance, information. ज्ञान (बोध), विद्या, परिचय, सन्देश ; **It came to my knowledge** (it became known to me.) मुझे ज्ञात हुआ।

Known-नोन्-*adj.*(*p. p.* of Know.) possessed of knowledge, familiar, informed, famous. जाना हुआ, परिचित, सूचित, प्रसिद्ध।

Knuckle-नक्'-कल्-*n.* a joint in the finger-bone. अँगुली का जोड़, पोर;-*v. t.* to press or rub with fingers. अँगुली से दबाना या रगड़ना; **Knuckled** (-ड्) -*adj.* jointed. जुटा हुआ।

Knurl-नर्ल्-*n.* a knot or ridge. गाँठ, लट्टू।

Kodak-को'-डॅक्-*n.* a kind of photographic camera. फोटो उतारने का एक प्रकार का यन्त्र।

Koodoo-कू'-डू-*n.* a kind of African antelope with long spiral horns. लम्बी, घूमी हुई सींगों-वाला एक प्रकार का अफ्रीका का बारहसिंगा।

Kraal - क्राल् - *n.* an enclosure for cattle or sheep. चौपाये या भेड़ के रखने का स्थान या बाड़ा।

Kymograph-काइ'-मो-ग्राफ्-*n.* an instrument for recording blood pressure. रक्तचाप-मापक यंत्र।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

 CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

L-ऍल्-the twelfth letter of the English alphabet, a symbol for 50 in Roman numerals. अंग्रेज़ी वर्णमाला का बारहवाँ अक्षर, रोमन् संख्या में ५० के लिये संकेत।

La-ला-*n.* the sixth note of the octave. गायन में छठा स्वर (ध)।

Labarum-लॅबॅ' - अरम्-*n.* a Roman military standard. रूमी रण-पताका।

Labefaction-लॅबि-फ़ॅक्शन्-*n.* (also **Labifactation.**) a weakening, ruin. दुर्बलता, नाश।

Label-लें'-बल्-*n.* a strip of paper or metal for affixing to anything adhesive, stamp. लेबिल, चिप्पी, टिकट; -*v. t.* (*p. t.* **Labelled.**) to fix a label to. इस प्रकार का लेख पत्र चिपकाना।

Labial-लें-बिअल्-*adv.* pertaining to the lips. ओठ-सम्बन्धी।

Labiate-लें'-बि-ऍट्-*adj.* having two unequal lips. दो असमान ओठों वाला।

Labile-लेंबाइल्-*adj.* liable to change. परिवर्तनशील, बदलनेवाला।

Laboratorial-लॅबॅ'-ॲ-रें-टॅरिअल्-*adj.* pertaining to a laboratory. रसायनशाला या प्रयोगशाला सम्बन्धी।

Laboratory-लॅबॅ-ॲ-रें - टॅरि - *n.* a room or building in which chemists perform their experiments. रसायनशाला, प्रयोगशाला।

Laborious - लॅबॅरिअस् - *adj.* diligent, hard-working, toilsome. कष्टसाध्य, परिश्रमी, उद्योगशील; **Laboriously** (- लि) - *adv.* in a diligent manner. श्रम से, उद्योग से; **Laboriousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being laborious. उद्योग, व्यवसाय।

Labour-लें'-बर्-*n.* mental or bodily exertion, toil, laborious task, pains of childbirth. परिश्रम, उद्योग (व्यापार), मेहनत, प्रसव-पीड़ा; -*v. i.* to toil, to work hard. परिश्रम करना, उद्योग (व्यापार) करना; **Labour Party** (the party representing wage-earners.) मज़दूर दल।

Laboured-लें - बर्ड् - *adj.* bearing marks of labour or effort in the execution. परिश्रम-सूचक, श्रम द्वारा सम्पादित।

Labourer-लें'-बरर्-*n.* one who labours. कर्मकार, मज़दूर, श्रमिक, श्रमजीवी।

Labourite-लें-बराइट्-*n.* a member or adherent of a labour party. मज़दूर दल का सदस्य।

Laburnum-लॅबर्नम्-*n.* a small shrub with yellow flowers. पीले फूल का एक पौधा।

Labyrinth-लॅबि'-इर्-इन्थ्-*n.* a structure full of complicated winding passage, an intricate arrangement, a perplexity. भँवरजाल, भूल-भुलैया, अति गहन स्थान, गोरखधन्धा, व्याकुलता।

Labyrinthine-लॅबिरिन्थाइन् - *adj.* winding, intricate, perplexing. भँवरजाल का, पेचीला।

Lac-लॅक्-*n.* a resinous substance, a hundred thousand. लाह, लाख (संख्या)।

Lace-लेस्-*n.* a cord or strip of leather for fastening, a plaited string, a fine fabric of linen or silk. फीता, किनारी, गोटा, लेस; -*v. t.* & *i.* to fasten with a string, to adorn with a lace. (जूते में) फीता बाँधना, किनारी लगाना; **Lace-pillow** (a cushion with pins for making laces.) तकिया जिस पर आलपीन गाड़कर लेस बनाई जाती है।

Laceman-लेस्'-मॅन्-*n.* one who deals in lace. लेस बनाने या बेचनेवाला।

Lacerable-लॅसरें-बल् , **Lacerative** (-ए'-टिव्) -*adjs.* that may be torn or lacerated. फाड़ने या चीरा लगाने योग्य।

Lacerate-लॅसरेट्-*v. t.* to tear or rend, to afflict or distress. फाड़ना या टुकड़े-टुकड़े करना, पीड़ा देना, कष्ट देना; **Lacerated** (-ऍड्) -*adj.* rent into pieces. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ।

Laceration-लॅसरेशन्-*n.* the act of tearing. विदारण, फटन, छेदन।

Lacertian, Lacertine-लॅसर्शिअन्, (-टाइन्) -*adjs.* like a lizard. छिपकली के समान।

Lacet-लॅसेट्'-*n.* a work made of tape. फ़ीते का बना हुआ काम।

Laches-लॅचि (-शि)-ज़्-*n.* negligence in the performance of a legal duty. कानूनी कार्रवाई करने में अवहेलना (सुस्ती या ढिलाई)।

Lachrymal-लॅक्रिमल्-*adj.* pertaining to tears. अश्रु-सम्बन्धी।

Lachrymation-लॅक्रिमेशन्-*n.* burst of tears. आँसू बहना, अश्रु-प्रवाह।

Lachrymatory-लॅक्रिमेटॅरि-*adj.* causing tears to flow. आँसू बहानेवाला।

Lachrymose-लॅक्रिमोस्-*adj.* shedding tears, tearful. आँसू बहानेवाला, अश्रु-पूर्ण ; **Lachrymosely** (-लि) -*adv.* tearfully. आँसू भरे हुए।

Laciniate, Laciniated-लॅसि - सिनि-ऍट्, (-ऍड्) -*adjs.* cut into pieces, slashed. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ।

Lack-लॅक्-*n.* want, deficiency, need. अभाव, न्यूनता; -*v. i.* & *t.* to be deficient in. कमी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होना, रहित होना; **Lackbrain, Lack-wisdom** (a fool.) निर्बुद्धि, मतिहीन, मूर्ख; **Lack-lustre** (dull.) मन्द; **To feel lack of** (*i. e.* want of.) अभाव का अनुभव करना।

Lackadaisical - लॅक्'- ॲ - डे-ज़िकल् -*adj.* languishing. उत्कण्ठित, व्यग्र दुःखी।

Lack-a-day-लॅक्' - ॲ-डे *interj.* expressing sorrow. हाय-हाय ! अफसोस, शोक-सूचक अव्यय।

Lacker-लॅक्'-अर्-same as **Lacquer.**

Lackey-लॅकि-*n.* a foot-boy, a man servant. दास, अनुचर, टहलुआ; -*v. t.* to dance attendance on, to behave servilely to. हाजिरी बजाना।

Laconic-लॅकॉनिक्-*adj.* short, brief, concise. छोटा, अल्प, संक्षिप्त; **Laconically** (-अ-लि) -*adv.* in a laconic manner. संक्षेप में।

Laconicism - लॅ - कॉनिसिज़्म् - *n.* concise speech, a short pithy saying. संक्षिप्त उक्ति, मितभाषण।

Lacquer, Lacker-लॅकर्-*n.* a gold-coloured varnish for coating on brass. पीतल पर चढ़ाने की सुनहली वार्निश; -*v. t.* to smear or varnish with lacquer. ऐसी वार्निश लगाना।

Lactation - लॅक्टेशन् - *n.* act of suckling, secretion of milk in the mammary glands. स्तन्य-दान, स्तन में दुग्ध-संचय।

Lacteal-लॅ-क्टिअल्-*adj.* pertaining to milk. दुग्ध-सम्बन्धी; **Lactescence** (-टे-से-न्स्)-*n.* (milky appearance.) दूध की आकृति; **Lactescent** (-टे-से-न्ट्)-*adj.* of milky appearance, milky, दूध की आकृति का।

Lactic-लॅक्टिक्-*adj.* having the property of milk. दुग्ध के गुण का।

Lactiferous-लॅक्टिफ़ॅरस्-*adj.* yielding milk. दुग्धवाही, दूध देनेवाला।

Lactometer-लॅ-क्टॅ - मिटर्-*n.* an instrument for ascertaining the purity of milk. दूध की शुद्धता का परिमाण नापने का यन्त्र।

Lactose-लॅक'-टोस्-*n.* sugar of milk. दूध में की शर्करा, दुग्ध-शर्करा।

Lacuna-लॅ-क्यूना-*n.* (*pl.* Lacunae, Lacunas.) a missing or empty part, the cavity in a bone. पोला हिस्सा, हड्डी का पोला भाग।

Lad-लॅड्-*n.* (*fem.* Lass.) a boy, a young fellow. बालक, कुमार, छोकरा।

Ladder-लॅ-डर्-*n.* a frame with steps, rungs for ascending a building, means of rising. निसेनी, सीढ़ी, चढ़ने का साधन; -*v. t.* to furnish with a ladder. सीढ़ी लगाना; **Laddered** (-ड्)-*adj.* having a ladder. सीढ़ी लगा हुआ ; **To kick down the ladder** (to abandon helpers.) सहायक मित्रों को त्यागना।

Lade-लेड्-*v. t.* (*p. t.* Laden.) to load, to put cargo on a ship. भार रखना, जहाज पर लादना।

Lading-लेडिङ्ग्-*n.* load or cargo, freight. बोझ, माल-असबाब का भाड़ा।

Ladle-ले-डल्-*n.* a large spoon with a cup or bowl and a long handle. बड़ा चम्मच, करछुल; -*v. t.* to lift with a ladle. करछुल से उठाना; **Ladleful** (-फ़ुल्)-*n.* as much as a ladle can hold. करछुल भर।

Lady-ले-डि-*n.* (*pl.* Ladies.) a mistress, a woman of the upper class, a woman of refined taste and manners. गृहिणी, स्वामिनी, कुलीन स्त्री, भद्र महिला; **Ladybird, Ladycow** -*ns.* (a kind of beetle.) इन्द्रगोप, बीरबहूटी; **Lady-chair** (a contrivance for carrying invalids.) दो आदमियों का हाथ बाँधकर रोगी को इस पर बैठाकर ले जाने की विधि; **Ladyday** (the festival of 25th March.) पचीसवीं मार्च का उत्सव; **Ladyhood** (हुड्)-*n.* the character of a lady. स्त्रीत्व; **Lady-in-waiting**-*n.* (a handmaid of a king.) राजा की दासी; **Ladylike**-*adj.* (gentle, delicate.) सभ्य, शिष्ट; **Ladylove** (a sweethear mistress.) प्राण प्यारी, प्रियतमा; **Lady's finger** (a kind of vegetable.) रामतरोई, भिण्डी ; **Ladyship** (-शिप्) -*n.* an address to a lady of title. महाशया; **Lady's man** (a man who lives in the company of women.) स्त्रियों की मण्डली में रहनेवाला पुरुष; **Painted lady** (a kind of butterfly.) एक प्रकार की तितली; **Your good lady** (your wife.) आपकी पत्नी; **Your ladyship** (a title of courtesy for a woman of rank.) पदवीवाली स्त्री को पुकारने का शब्द।

Lag-लॅग्-*v. i.* (*p. t.* Lagged.) to go slowly, to fall behind. धीरे-धीरे चलना, पिछड़ जाना।

Laggard - लॅगर्ड् - *adj.* slow, backward, sluggish. विलंबी, मन्द, सुस्त।

Lagging-लॅ-गिङ्ग्-*adj.* loitering. ठमकता हुआ।

Lagoon-लॅ-गून्'-*n.* a marsh, a shallow lake. दलदल, छिछली झील।

Laid-लेड्-*adj.* prostrate, pressed down. लेटा हुआ, दबाया हुआ।

Lain-लेन्-*p. p.* of Lie.

Lair-लेयर्-*n.* a resting place of animals, an enclosure for cattle. पशुओं का वासस्थान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(माँद), बाड़ा;-*v. t.* to lie in a lair. माँद में रहना।

Laird-लें'-अ-र्ड्-*n.* a landlord. जमींदार; **Lairdship** (-शिप्)-*n.* the estate of a landlord. जमींदारी।

Laity-लें'-इ-टि-*n.* the people as distinguished from the clergy or the learned class. जनसामान्य।

Lake-लेक्-*n.* a stretch of water surrounded on all sides by earth, crimson colour. सरोवर, झील, एक प्रकार का गुलाबी रंग; **Lakeland** (-लैन्ड्)-*n.* Westmorland, Cumberland and Lancashire. इंगलैण्ड के उक्त प्रदेश; **Lakeless** (-लेस्) -*adj.* without a lake. बिना झील का; **Lakelet** (-लेट्) -*n.* a small lake. छोटी झील; **Lake Poets** (-poets of Lakeland.) झील प्रदेश में उत्पन्न इँग्लैंड के प्रसिद्ध कवि, यथा-Coleridge, Southey and Wordsworth.

Lama-ला'-मा -*n.* a Tibetan Buddhist priest. तिब्बत का बौद्ध भिक्षु; **Lamasery** (-सरि)-*n.* a Tibetan monastery. बौद्ध भिक्षुओं का मठ।

Lamb-लैम्-*n.* the young one of a sheep. भेड़ी का बच्चा, मेमना; **Like a lamb** (submissively.) सहिष्णुता से; **A wolf in lamb' skin** (a crafty person.) छली मनुष्य, धोखेबाज।

Lambency-लैम्ब्'-ऍ-न्सि-*n.* fickleness. चंचलता, कँपकँपाहट।

Lambent-लैम्ब्'-ऍ-न्ट्-*adj.* moving on surface only, flickering, softly, brilliant. चंचल, कंपमान, झलमलाता हुआ; **Lambently** (-लि) -*adv.* in a lambent manner. चंचलता से, हिलते हुए।

Lambrequin-लैम्'-ब्रि-किन्-*n.* a short piece of drapery over door or window. परदा, चिक।

Lame-लेम्-*adj.* crippled in a leg, hobbling, disabled, unsatisfactory, imperfect. पंगु, लँगड़ा, भग्न, असन्तोषदायक, अपूर्ण; -*v. t.* to make lame, to cripple. लँगड़ा या पंगु करना; **Lamely** (-लि) -*adv.* in a lame manner. लँगड़ाते हुए; **Lameness** (-नेस्) -*n.* the state of being lame. पंगुता, लँगड़ापन।

Lamella-लैं-मेला-*n.* (*pl.* Lamellae.) a thin layer of a bone. हड्डी की पतली परत; **Lamellar** (-लर्) -*adj.* composed of lamellae. पतली परत से बना हुआ; **Lamellated** (-लेट्'-ऍड्) -*adj.* lamellate. पतली परत किया हुआ।

Lament-लैं-मेन्ट्'-*v. t. & i.* to express grief, to regret, to weep. विलाप करना, शोक करना, रोना;-*n.* sorrow, an elegy. विलाप, शोक, रुलाई।

Lamentable-लैं - मेन्टे-बुल् - *adj.* mournful, pitiful. शोचनीय, विलाप के योग्य।

Lamentably-लैं-मेन्टे-ब्लि-*adv.* in a lamentable manner. शोक से।

Lamentation-लैं-मेन्टेशन्-*n.* the act of bewailing. विलाप, रुलाई।

Lamenter-लैं-मेन्ट्'-अर्-*n.* one who laments. विलाप करनेवाला।

Lamina-लैंमिना-*n.* (*pl.* Laminae.) a thin plate or layer of bone, metal &c. धातु या हड्डी की महीन परत, झिल्ली; **Laminar** (-अर्) -*adj.* consisting of thin plates. पतली परत का।

Laminate-लैंमिनेट्'- *v. t.* to fold in thin plates. महीन परत करना, तबक बनाना।

Lamination-लैंमिनेशन्-*n.* the state of being laminated. परतदार होना, परतयुक्तता।

Lamp-लैम्प्-*n.* an apparatus for giving light, a vessel with wick and oil to give light. दीपक, लम्प;- *v. t.* to illuminate. प्रकाशित करना; **Lampblack** (soot formed by smoke &c.) करखी, काजल; **Lampless** (-लेस्)-*adj.* without a lamp. बिना दीपक का; **Lamplighter** (one who lights lamps.) दीपक जलानेवाला; **Lamp-post** (a post on which a lamp is fixed.) लम्प लगाने का खम्भा; **Lamp-stand** (a frame on which a lamp is placed.) डीवट; **Spirit lamp** (a lamp in which spirit is lighted.) स्पिरिट से जलनेवाला लम्प।

Lampas-लैंम्'-पॉस्-*n.* a kind of floral silk. चीन का फूलदार रेशमी वस्त्र।

Lampoon-लैंम्-पून्'-*n.* a personal satire in writing. निन्दालेख, आक्षेप; **Lampooner** (-अर्), **Lampoonist** (-इस्ट्)-*ns.* one who writes a lampoon. निन्दालेख लिखनेवाला, आक्षेप करनेवाला।

Lamprey-लैंम्प्रि-*n.* an eel-like fish. एक प्रकार की मछली।

Lanary-लैंन्'-अरि-*n.* a place for storing wool. ऊन का गुदाम।

Lanate-लें'-नेट्-*adj.* covered with wool. ऊन से ढँका हुआ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

 CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Lance-लान्स्-*n.* a long spear used by horsemen. बर्छी, बल्लम, भाला; - *v. t.* to pierce with a spear, to open with a lance. भाला भोंकना, नश्तर लगाना ; **Lances** (-अर्)-*n.* a soldier armed with a lance. बल्लमधारी सैनिक।


Lance.

Lanceolate-लान्सिअॅलेट् - *adj.* shaped like a spear-head. भाले की धार के आकार का।

Lancet-ला-न्सें-ट्-*n.* a surgical knife. नश्तर, चीरने-फाड़ने की छूरी।

Lancinate-लान्सिनेट्-*v. t.* to cut open with a lancet. नश्तर से चीरना।

Lancinating--लान्सिनेटिङ्ग्-*adj.* of acute pain. तीव्र (कोंचने के समान) पीड़ा का।

Lancination-लान्सिनेशन्-*n.* laceration. नश्तर से चीरफाड़।

Land-लॅन्ड्-*n.* ground, soil, earth, estate, nation, country, भूमि, मिट्टी, पृथ्वी, जमींदारी, देश, राज्य; -*v. t. & i.* to go on shore, to reach, to come on earth, to disembark. तीर पर उतरना, पहुँचना, जमीन छूना, जहाज से उतरना; **Arable land** (land fit for cultivation.) जोतने-बोने योग्य भूमि; **Land of the living** (earthly existence.) संसारी जीवन।

Landau-लॅन्'-डॉ - *n.* (*pl.* **Landaus**-डॉज़्) a light carriage whose top as well as the front and back half can be removed. लण्डो गाड़ी; **Landaulet** (a small open motor car.) छोटी खुली मोटर गाड़ी।

Land-breeze-लॅन्ड्'-ब्रीज़्'-*n.* a current of air setting from the land towards the sea. समुद्र की ओर बहनेवाली हवा, स्थलीय समीर।

Landed-लॅन्-डॅ-ड्-*adj.* having an estate in land. भूमि सम्पन्न, भूमि-सम्बन्धी।

Landforce-लॅन्-न्ड्'-फ़ोर्स्-*n.* a military force serving on land, भूमि पर लड़नेवाली सेना।

Landgrave - लॅन्ड्'-ग्रेव्'-*n.* (*fem.* **Landgravine.**) a German nobleman. जर्मनी का धनी पुरुष या अमीर।

Land-holder-लॅन्ड्'-हो-ल्ड-र्-*n.* the proprietor or tenant of land. जमींदार अथवा काश्तकार।

Landing-लॅन्-डिङ्ग् - *n.* act of going on shore. समुद्र के किनारे पर (जहाज़ पर से) उतरना या अवतरण; **Landing-stage**-*n.* a floating platform. तैरनेवाला चबूतरा।

Landlady-लॅन्ड्-लॅ'-डि - *n. fem.* a woman having tenants, a woman keeping an inn, lodgings, boarding-houses &c. जमींदारिन, भठियारिन।

Landless-लॅन्ड्'-लॅस्-*adj.* destitute of land. बिना भूमि का।

Landlord-लॅन्ड्'-लॉर्ड्-*n.* a person of whom another holds any tenement, the keeper of an inn, lodgings &c. जमींदार, भठियारा।

Landmark-लॅन्ड्'-मार्क्-*n.* a mark for designating boundary. सीमा-चिह्न।

Landscape-लॅन्ड्'-स्केप्-*n.* the portion of land with its environs which they can view at a single glance. नयनगोचर प्रदेश, जितना स्थान एक बार में आँखों से देख पड़े; **Landscapist** (-इस्ट्)-*n.* a painter. प्राकृतिक दृश्य का चित्र खींचनेवाला।

Land-tax-लॅन्ड्'-टॅक्स्-*n.* a tax assessed on land. पृथ्वी या भूमि का कर।

Landward-लॅन्ड्'-वर्ड-*adv.* towards the land. पृथ्वी की ओर।

Lane-लेन्-*n.* a narrow street. पतली सड़क, गली; **It is a long lane that has no turning** (change will surely come to pass.) परिवर्तन अवश्य ही होगा।

Language-लॅ-ङ्ग्वेज्-*n.* the faculty of human speech, style, manner of expression. भाषा, वाग्व्यवहार, बोली; **Bad language.** गाली-गलौज; **Dead language** (the language which is no longer spoken.) जो भाषा अब बोली नहीं जाती; **Language master** (the teacher of a language.) भाषा का अध्यापक।

Languid-लॅङ्ग्विड्-*adj.* lacking in exertion, faint, spiritless, dull, weak, not interesting. शक्तिहीन, अस्पष्ट, शिथिल (खिन्न), मन्द, निबल, अरोचक, आलसी; **Languidly** (-लि) -*adv.* in a spiritless manner. म्लानता से; **Languidness** (-नेस्) - *n.* spiritlessness. शिथिलता।

Languish-लॅङ्ग्विश्-*v. i.* to grow feeble, to lose vitality, to grow dull, to droop, to pine. दुर्बल होना, निरुत्साह होना, मन्द होना, क्षीण होना, मुर्झाना।

Languishing-लॅङ्ग्विशिङ्ग् -*adj.* fading, becoming weak. निरुत्साह, क्षीणशक्ति; **Languishingly** (-लि) -*adv.* निरुत्साह से।

Languishment-लॅङ्ग्विश्-मॅन्ट्-*n.* the state of drooping. म्लानता।

Languor-लॅङ्ग्'-गर् - *n.* faintness, fatigue, lassitude. मन्दता, थकावट, दुर्बलता; **Languorous** (-अस्) - *adj.* dull, faint. मन्द, मूर्छित;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Languorously (-लि)-*adv.* in a dull manner. थकावट के साथ।

Laniary-ले निअ-रि-*adj.* & *n.* tearing, a canine tooth. फाड़नेवाला, अग्रदन्त, सुआ दाँत।

Laniferous-लॅ-निफ़रस्-*adj.* wool-producing. ऊन उत्पन्न करनेवाला।

Lank-लॅङ्क्-*adj.* thin, tall and lean, shrunken, slender. दुर्बल, दुबला, पतला, कोमल; **Lankiness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being lank. दुर्बलता; **Lanky** (-इ)-*adj.* tall and thin. लम्बा तथा दुबला।

Lanolin-लॅ-नो-लिन्-*n.* extract obtained from sheep's wool used in ointments. भेड़ के ऊन से निकाला हुआ सत्व जो मलहम में प्रयुक्त होता है।

Lantern-लॅन्टर्न्-*n.* a perforated case protecting the flame of a candle or lamp. लालटेन, कण्डील, दीपक; **Chinese lantern** (a lantern made of paper.) कागज़ की लालटेन; **Magic lantern** (an optical apparatus throwing magnified image of glass-picture on a screen.) एक प्रकार की लालटेन जिसमें रखे हुए चित्र का बड़ा अक्स पर्दे पर पड़ता है; **Lantern-jaws** (long thin jaws.) पतले लम्बे दाढ़।



Magic Lantern.

Lanthorn-लॅन्'-थॉर्न्-*n.* same as Lantern.

Lanyard-लॅन्'-यर्ड्-*n.* a short rope used as handle. छोटा रस्सा जो मुठिया की तरह प्रयुक्त होता है।

Lap-लॅप्-*n.* the loose part of a garment, part of a person from waist to knees, पल्ला, किनारा, अंचल, गोद; -*v. t.* (*p. t.* Lapped) to fold, to cover, to wrap, to encircle, to lick up. तह करना, लपेटना, मोड़ना, जीभ से चाटना; -*v. i.* to drink liquid by scooping with the tongue. जीभ से चट्चट् करके पीना।

Lap-dog-लॅप्'-डॉग्-*n.* a small pet dog. एक प्रकार का छोटा कुत्ता।

Lapel-लॅ-पेल्'-*n.* the inner facing on the breast of a coat. कोट के सीने पर के भाग का भीतरी मोड़।

Lapicide-लॅपि - साइड् - *n.* one who cuts inscriptions on stone. पत्थर पर नकाशी करनेवाला, संगतराश।

Lapidary-लॅपिडे-रि-*n.* a cutter or engraver on stone or gems, a dealer in precious stones. रत्नों पर या पत्थर पर खुदाई करनेवाला, जौहरी, रत्नों का व्यापारी।

Lapidate-लॅपि-डेट्-*v. t.* to stone to death. ढेला मारकर मार डालना।

Lapidify-लॅ-पि-डि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Lapidified) to prepare or make stone. पत्थर बनाना।

Lapis-lazuli-लॅप्'-इस्-लॅज़्'-यू-लाइ-*n.* a kind of blue precious stone. वैदूर्य, एक नीला बहुमूल्य रत्न।

Lappet-लॅप्'-पेट्-*n.* loose part of a garment, lobe of the ear. वस्त्र का झूलता हुआ भाग, कान के नीचे का भाग; -*v. t.* to cover with a lappet. झालर से ढाकना या झालर लगाना।

Lapse-लॅप्स्-*n.* a slip, a slight mistake, a falling or gliding. अतिक्रम, चूक, पतन, गिराव; -*v. t.* to pass by degrees. क्रम से होना, बीतना; **Lapse of time** (gliding away of time.) समय का बीतना या अतिक्रमण।

Lapsus-लॅप्'-सस्-*n.* slip of the tongue. ज़बान चूक जाना, ज़बान की चूक।

Lapwing-लॅप्'-विङ्ग्-*n.* the peewit, bird of plover family. टिटिहिरी।

Lar-लार्-*n.* (*pl.* Lares.) a household deity of the Romans. रोमन् लोगों के कुलदेवता।

Larboard-लार्-बोर्ड्-*n.* the left-hand side of a ship. (opposite to star-board.) जहाज़ का बायाँ भाग।

Larcener-लार्सनर्-*n.* (also Larcenist.) a thief, one who steals. चोर, ठग।

Larcenously-लार्सनसलि-*adv.* by way of theft. चोरी से।

Larceny-ला-र्स-नि -*n.* robbing the personal goods of others, theft. चोरी।

Larch-लार्च्-*n.* a kind of tree yielding turpentine. एक प्रकार का बबूल का वृक्ष।

Lard-लार्ड्-*n.* fat of pigs used in cooking. सुअर की चर्बी।

Lardaceous-लार्डेशस्-*adj.* of the nature of lard. सुअर की चर्बी के सदृश।

Larder-लार्डर्-*n.* a room for storing meat. मांस रखने का भण्डार घर।

Lardy-लार्डि-*adj.* full of hog's flesh. सुअर की चर्बी से भरा हुआ।

Large-लार्ज-*adj.* big, great, generous, abundant, liberal, unprejudiced. विशाल, बड़ा-दयालु, विपुल, उदार, अपक्षपाती; **At large** (at liberty, free.) स्वतन्त्र; **Gentleman at large** (one who has no occupation.) बेकार आदमी,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बिना धन्धे का; **Large-minded** (of comprehensive thoughts.) महात्मा ; **Largeness** (-नेस्) *-n.* the state or quality of being large. बड़प्पन; of large-nature (of charitable disposition.) उदार; **People at large** (ordinary people.) सर्वसामान्य।

Largely-लार्ज'-लि-*adv.* to a large or preponderating extent. विशेष करके।

Largess, Largesse-लार्ज्जेस्-*n.* a gift given on festivals, a donation, bounty. भेंट, नज़र, पारितोषिक, उपहार, दान।

Lark-लार्क्-*n.* a kind of small singing bird, भारद्वाज पक्षी, लवा;-*v. i.* to indulge in merry-making आनन्द मचाना; **To rise with the lark** (to rise early in the morning.) बड़े (तड़के) सवेरे उठना।

Larkspur-लार्क्'-स्पर्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पाधा।

Larum-लॅरम्-*n.* alarm, notice of danger. भय-सूचक संकेत; same as **Alarm.**

Larva-लार्व्वा-*n.* (*pl.* Larvas or Larvae.) an insect in the grub stage, a ghost. कीट-डिंब, कीड़े का अण्डे से बाहर निकलने पर का आकार, प्रेत; **Larval** (-अल्) *-adj.* pertaining to a larva. कीट डिंब-सम्बन्धी।

Laryngeal-लॅरिन्ज्'-इ-अल्-*adj.* (also **Laryngal.**) pertaining to the larynx. कण्ठनली-सम्बन्धी।

Laryngoscope-लॅरि-ङ्गो-स्कोप-*n.* an instrument for examining the larynx. कण्ठनली को स्पष्ट रूप से देखने के लिये विशिष्ट यंत्र।

Larynx-लॅरिङ्क्स्-*n.* the cavity in the throat holding vocal chords, the windpipe. कण्ठनली, हलक़।

Lascivious-लॅ-सि-व्हि' - अस्-*adj.* lustful, wanton. कामी, भोगी, लम्पट; **Lasciviously** (-लि) *-adv.* in a lustful manner. कामुक के सदृश; **Lasciviousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being lustful. कामुकता।

Lash-लॅश्-*v. i. & t.* to make a sudden movement, to strike violently, to rebuke, to fasten together. जल्दी जल्दी हिलाना, ज़ोर से मारना (चाबुक मारना), डाँटना, झिड़कना, एक साथ बाँधना; *-n.* a stroke with a whip. चाबुक की मार; **Lasher** (-अर्) *-n.* one who lashes or whips. चाबुक मारनेवाला।

Lashing-लॅश्-शिङ्ग्-*n.*chastisement. दण्ड, मार।

Lasque-लॅस्क्-*n.* an ill-formed diamond. भद्दे आकार का हीरा।

Lass-लॅस्-*n.* (*mas.* Lad.) a young girl, sweetheart. कन्या (कुमारी), प्रेमिका; **Lassie** (-इ) *-n.* a young lass. कुमारी के लिए प्रेम का शब्द।

Lassitude-लॅसि'-ट्यूड्-*n.* weariness, languor, heaviness. थकावट, (खेद) ग्लानि, भारीपन।

Lasso-लॅसो-*n.* a noose for catching cattle. पशुओं को पकड़ने का फन्दा।

Last-लास्ट्-*adj.* final, coming at the end, latest. अन्तिम, परम (उत्तम), पिछला;-*n.* a block upon which shoes are made. जूता बनाने का फ़र्मा; *-adv.* in the end, finally, अन्त में; *-v. i. & t.* to remain, to suffice. पर्याप्त होना, ठहरना; **Last Day** (Day of Judgement.) प्रलय का दिन; **Last half** (latter half.) उत्तरार्ध; **Last part** (remaining part.) शेषभाग; **Last Sunday** (*i. e.* which is past.) गत रविवार; **Last thing to do** (fixed intention.) स्थिर विषय; **My last** (my last letter.) मेरा अन्तिम पत्र; **Till the last** (up to the end.) अन्त तक; **To breathe one's last** (to die.) अन्तिम श्वास लेना, मृत्यु को प्राप्त होना; **Will last two weeks** (*i. e.* will suffice for two weeks.) दो सप्ताह के लिए पर्याप्त होगा, दो हफ़्ता चल जायगा।

Lasting-लास्टिङ्ग्-*adj.* continuing, permanent. स्थायी (नित्य), स्थिर।

Lastly-लास्ट्'-लि-*adv.* finally, in conclusion. अन्ततोगत्वा, अन्त में।

Latch-लॅच्-*n.* a contrivance for fastening a door or window. द्वार-बन्धिनी,अगरी, सिटकनी; *-v. t.* to fasten with a latch. अगरी या सिटकनी बन्द करना।

Latchet-लॅचिट्-*n.* a shoe-fastener. जूता बाँधने का तस्मा या फ़ीता।

Latch-key-लॅच्' - की-*n.* a door key. अगरी घुमाने की चाबी।

Late-लेट्-*adj.* (*comp.* Latter, Later, *sup.* Last, Latest.) after the usual time, backward, far on in the day or night, no longer alive. विलम्ब से आया हुआ, अति काल का, बहुत दिन या रात चढ़े, अतीत, गत, मृत; *-adv.* after the proper time, not long ago. उचित समय के बाद, विलम्ब से (चिरकाल से), हाल में; **Of late** (in time not long past.) अभी हाल में; **Sooner or later** (early or late.) आगे या पीछे।

Lately-लेट्'-लि-*adv.* recently, not long ago. थोड़े दिन हुए।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Latency-लेॅ'टे-न्सि-*n.* the state of being latent. अप्रसन्नता, अदृश्यता।

Latent-लेॅ'-टेन्ट्-*adj.* hidden, not manifest. गुप्त (अप्रत्यक्ष), छिपा हुआ, भीतरी; **Latent disease** (an internal disease of the body.) शरीर का अन्तर्गत या गुप्त रोग।

Latently-(लेॅ'-टेन्ट्-लि)-*adv.* in a latent manner. गुप्त भाव से, गुप्त रूप से।

Later-लेॅ'-टर्-*adj.* subsequent. उत्तर काल का, बाद का।

Lateral-लॉ'-टरल् - *adj.* towards the side, from the side. पार्श्व भाग का, बगल का।

Laterally (-लि)-*adv.* in a lateral manner. पार्श्व भाग (किनारे) में।

Latex-लेॅ'-टेक्स्-*n.* a milky juice of plants. पौधों का दूध या रस।

Lath-लॉथ् -*n.* a long thin and narrow piece of wood. तख्ते की चीर या पट्टी; - *v. t.* to cover with laths. ऐसी पट्टी लगाना; **Lathy** (-इ)-*adj.* like a lath. लम्बा, पतला।

Lathe-लेॅद् -*n.* a machine for turning metal or wood. चक्रयन्त्र, खराद; **Lathe-carrier** (a contrivance of fixing the object to be turned.) खराद में पदार्थ जमाने का साधन।

Lathe.

Lather-लॉदर् -*n.* froth made by soap and water. साबुन का फेन; -*v. t.* to spread over with lather. फेन से भरना, फेनदार बनाना; **Lathering** (-इङ्ग्) -*n.* foam. फेन; **Lathery** (-इ)-*adj.* frothy. फेनदार, झागदार।

Lathy-लॉथि-*adj.* see Lath.

Latin-लॉटिन् - *adj.* & *n.* pertaining to the ancient Romans, the old Roman language. प्राचीन रोमन-सम्बन्धी, इनकी भाषा।

Latitude-लॉटि-ट्यूड् -*n.* breadth, full extent, liberality, an angular distance from the equator. चौड़ाई, विस्तार, उदारता, अक्ष-रेखा; **Degree of latitude.** अक्षांश; **Latitude of a planet.** नक्षत्र का भोगांश।

Latitudinal-लॉट्'-इ-ट्यू'-डि-नल्-*adj.* pertaining to latitude. अक्षांश-सम्बन्धी।

Latitudinarian-लॉट्-इ -ट्यू'-डि-नेॅरिअन्- *n.* a person who holds liberal views in religion. धर्म में उदार मत रखनेवाला ; **Latitudinarianism** (-इज़्म्) -*n.* freedom of theological opinion. धार्मिक विचारों की स्वतन्त्रता।

Latitudinous-लॉट्'-इ- ट्यूड्'-इ -नस् - *adj.* of large extent. विस्तारवाला, महत्, सुविस्तृत।

Latrine-लॉ-ट्रीन्'- a privy or water-closet. पायखाना, टट्टी, सण्डास।

Latry-लॉ-ट्रि-*suf.* in sense of 'worship' 'पूजन' अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय, यथा-Idolatry इत्यादि।

Latter-लॉ-टर्-*adj.* belonging to the end, second mentioned (opposite to Former.) पिछला, हाल का, उपर्युक्त; **Former and latter.** पूर्वापर।

Latterly-लॉटर्लि-*adv.* in time not long past, lately, at last. थोड़े काल में, हाल में, अन्त में।

Lattice-लॉ-टिस्-*n.* an interlaced work of wood or metal made by intercrossing bars. लकड़ी या धातु की जाली, झँझरी, जालमार्ग; **Latticed** (-इ) -*adj.* furnished with a lattice. जालीदार बना हुआ।

Lattice.

Laud-लॉड्-*n.* praise, hymn, eulogy. प्रशंसा, स्तुति;-*v. t.* to praise, to celebrate. प्रशंसा करना, स्तुति करना।

Laudability-लॉडेबिलिटि - *n.* the quality of being laudable. प्रशंसनीयता।

Laudable - लॉडे - ब्ल् - *adj.* commendable, praiseworthy. स्तुतियोग्य, सराहने योग्य।

Laudably-लॉडे-ब्-लि-*adv.* in a laudable or praiseworthy manner. प्रशंसा करते हुए, स्तुति योग्य ढंग से।

Laudanum-लॉडेनम्-*n.* tincture of opium. अफ़ीम का सत्व।

Laudation-लॉ-डे-शन्-*n.* praise. प्रशंसा, स्तुति।

Laudative-लॉ-डे'-टिव्, **Laudatory**-लॉडेटरि -*adjs.* praiseworthy. प्रशंसनीय, स्तुतिपूर्ण।

Laudator-लॉ-डे'-टर् - *n.* one who praises. प्रशंसक (स्तुति करनेवाला)।

Laugh-लाफ़् -*v. i.* & *t.* to make sounds and movements of face so as to express merriment, to ridicule. हँसना, मुस्कुराना, हँसी करना;-*n.* expression of mirth. हँसी, मुस्कुराहट; **To laugh at** (to ridicule.) हँसी उड़ाना; **To laugh away** (to dismiss a subject with a laugh.) हँसी में किसी विषय को उड़ा देना; **To laugh down** (to silence with laughter.) हँस करके चुप करा देना; **To laugh in one's sleeve** (to be secretly

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

amused.) गुप्त रूप से मनोविनोद करना; To laugh off (to end in laughter.) हँसी में समाप्त करना ; To laugh over (to discuss with laughter.) हँसी में शास्त्रार्थ करना; To laugh violently (to laugh in a boisterous manner.) ठहाका मारकर या खिलखिलाकर हँसना।

Laughable-लाफ़्ॅ-ब्ल् -*adj.* ludicrous. हँसने या हँसाने योग्य।

Laughably-लाफ़्-ऍ'-ब्-लि-*adv.* with laughter, so as to excite laughter. हँसी के साथ, हँसानेवाले ढंग से।

Laugher-लाफ़र् - *n.* one who is fond of merriment, one who laughs, a breed of pigeon with a laughing note. मसखरा, हँसनेवाला व्यक्ति, हँसी की तरह बोलनेवाला कबूतर।

Laughing-लाफ़्'-इङ्ग्, **Laughter** (-टर्) -*ns.* convulsive merriment. हँसी, खिलखिलाहट; It is not a laughing matter (it is a serious matter.) यह गम्भीर विषय है।

Laughing-stock-लाफ़्' - इङ्ग् - स्टॉक्'-*n.* an object of ridicule. हँसी का पात्र।

Launch-लॉन्च्-*v. t. & i.* to discharge, to send forth, to spend money freely, to start off, to go on an enterprise, to go forth, to move in water. छोड़ना, फेंकना, धन उड़ाना, प्रस्थान करना, साहसिक कार्य में लगना, पानी में खिसकना;-*n.* the act of putting a vessel into the sea, the largest boat of a man-of-war. नये जहाज या नाव को पानी में उतारना, लड़ाई के जहाज की सबसे बड़ी नाव।

Launderer-लॉण्डरर्-*n.* a washerman. धोबी ; **Laundress** (-ड्रॅस्) - *n. fem.* a washerwoman. धोबिन।

Laundry-लॉन्-ड्रि-*n.* a place or room where clothes are washed. कपड़ा धोने का स्थान या घर।

Laureate-लॉ'-रि-ऍ-ट्-*adj. & n.* one who is decked with laurel, worthy of laurels. लारेल की पत्तियों से सुशोभित, हार पहिने हुए ; Poet-laureate (a writer of verses appointed by a king.) राजकवि; **Laureateship** (-शिप्) -*n.* the office of a laureate. राजकवि का पद।

Laurel-लॉ'-रॅल् - *n.* a kind of shrub with glossy leaves. चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा; -*v. t.* (*p. t.* Laurelled.) to decorate with laurel. इन पत्तियों से सजाना; To win laurels (to acquire renown.) यश प्राप्त करना।

Lava-ला'-व्ा-*n.* the melted matter flowing from a volcano. ज्वालामुखी पर्वत में से निकलनेवाला पिघला हुआ पदार्थ, भूराल।

Lavabo-लॉ-व्ॅ'-बो-*n.* washing of hands before religious rites. पूजन करने के पूर्व हाथ धोना।

Lavation-लॉ-व्ॅ'-शन् -*n.* the washing of hands. हाथ धोना।

Lavatory-लॉ-व्ॅटर्-इ-*n.* a place for washing hands and face. हाथ-मुँह धोने की जगह।

Lave-लेव्-*v. t.* to bathe, to wash, to flow out. नहलाना, धुलाना, बहाना।

Lavement-लेव्'-मॅन्ट्-*n.* injection. वस्ति, पिचकारी देना।

Lavender-लॉव्ॅन्डर्-*n.* a shrub with aromatic leaves and flowers, a pale-lilac colour. एक सुगन्धित पौधा, हलका पीला रंग;-*v. t.* to perfume clothes &c. with lavender leaves इसकी पत्तियों से वस्त्रों को सुगन्धित करना।

Laver-ले-व्र्-*n.* a vessel used for ablution. प्रक्षालन, (धोने का) पात्र।

Lavish-लॉव्रिश् -*adj.* profuse, extravagant, prodigal, wasteful. अतिव्ययी, खर्चीला, उड़ाऊ; -*v. t.* to waste money, to squander. अपरिमित व्यय करना, व्यर्थ खर्च करना (उड़ाना); **Lavisher** (-अर्)-*n.* one who is prodigal. अतिव्ययी (खर्चीला); **Lavishly** (-लि)-*adv.* in a prodigal manner. अपरिमित व्यय से; **Lavishment** (मॅन्ट्), **Lavishness** (-नॅस्)-*ns.* profusion, prodigality. अतिव्यय, उड़ाऊपन।

Law-लॉ-*n.* enacted rule recognized by a community, influence of such a rule, a statute, regulating principle. धर्मशास्त्र, स्मृति (आचार), व्यवहारविधि, कानून (सिद्धान्त); Code of laws (statutes.) धर्मशास्त्र; Criminal laws (laws relating to crimes.) दण्डनीति ; Law-book (a book on recognized laws.) धर्मशास्त्र की पुस्तक; Law-breaker (-ब्रेकर्) -*n.* one who violates the laws. नियम तोड़ने वाला; Law-giver (one who makes laws.) शास्त्रकार, नियम बनानेवाला; Lawsuit (an action in law.) नालिश, मुकदमा, अभियोग; Natural laws (laws of nature.) प्राकृतिक नियम; To go to law (to file a suit in a law-court.) मुकदमा दायर करना; To take the law into one's own hands (to redress wrongs by force.) शक्ति द्वारा बुराइयों या अत्याचारों को दूर करना; Versed in law (proficient in laws.) धर्मशास्त्र में दक्ष।

Lawful-लॉ-फ़ुल्-*adj.* legitimate, permitted by law, rightful. शास्त्रोक्त, धर्मसम्मत, जाब्ते का; **Lawfully** (-लि)-*adv.* in a lawful manner.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न्यायानुसार, धर्म से; **Lawfulness**(-नेस्)-*n.* the quality of being lawful. न्याय्यता, पाबन्दगी।

Lawk, Lawks-लॉक्, (-स्)-*interj.* denoting surprise. आश्चर्य-सूचक अव्यय।

Lawless-लॉ'-लेस्-*adj.* regardless of law, disobedient, licentious. धर्मविरुद्ध (अधर्मी), आज्ञा न माननेवाला, व्यभिचारी; **Lawlessly** (-लि)-*adv.* in a lawless manner. अधर्म से; **Lawlessness** (-नेस्)-*n.* the state of being lawless. आचारभ्रष्टता, स्वेच्छाचार।

Lawn-लॉन्-*n.* grass-covered land, a kind of fine linen. घास का मैदान, एक प्रकार का महीन कपड़ा, बारीक मलमल; **Lawn-mower** (a machine for mowing lawn.) घास काटने का यन्त्र; **Lawn-tennis** (a game played with a ball and rackets on a lawn.) घास पर खेलने का एक प्रकार का गेंद का खेल।

Lawny-लॉ-नि-*adj.* covered with lawn. घास से पूर्ण (ढका हुआ)।

Lawyer-लॉ-यर्-*n.* one versed in law, a man of the legal profession. न्यायनिपुण (धर्मज्ञ), वकील, मुख्तार।

Lax-लॉक्स्-*adj.* loose, flabby, careless, vague, not compact. शिथिल, असावधान, अस्पष्ट;-*n.* slackness, looseness. ढीलापन।

Laxation-लॉक्सेशन् - *n.* state of being slackened. ढीलापन।

Laxative-लॉक्सेटिव्-*adj.* & *n.* tending to loosen the bowels. रेचक (मल को मुलायम करनेवाली) औषधि।

Laxity-लॉक्सि-टि, **Laxness** (-नेस्)-*ns.* looseness, inexactness. शिथिलता, अस्पष्टता, **Laxly** (-लि) -*adv.* in a lax or loose manner. शिथिलता से।

Lay-ले -*n.* (*pl.* Lays.) a short narrative poem, a song or ballad, job, pursuit. छोटा गायन, उद्देश्य, कार्य।

Lay-ले-*p. t.* of Lie. 'लाइ' क्रिया का भूतकाल का रूप, पड़ा था।

Lay-ले-*adj.* non-professional, pertaining to the ordinary people. सामान्य, साधारण (पुरोहित से भिन्न); **Lay-brother, Lay-sister** (one received into a convent under vows of celibacy and obedience.) धर्म की दीक्षा पाकर जो नर-नारी मठ में ब्रह्मचर्य और अनुशासन का जीवन बिताते हैं; **Lay-clerk** (one who reads the church service.) गिरजाघर में धर्म-पुस्तक पढ़नेवाला मनुष्य; **Layman** (-मॉन्) -*n.* one who is not proficient in any art or science. सामान्य मनुष्य जो किसी विद्या या कला में निपुण नहीं है, अविज्ञ या अननुभवी व्यक्ति।

Lay-ले-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Laid, *p. p.* Lain.) to put down, to place in order, to prostrate, to deposit, to spread, to produce eggs, to place, to apply, to arrange, to bury.बैठाना, क्रम में रखना, दण्डवत् करना, जमा करना, फैलाना, अण्डा देना, रखना, लगाना, स्थापित करना, लक्ष्य करना, सजाना, गाड़ना; **To lay aside** (to discontinue.) रोक देना; **To lay away** (to put apart for future use.) भविष्य में काम आने के लिये अलग रख छोड़ना; **To lay bare** (to invent, to expose.) आविष्कार करना, स्पष्ट रखना; **To lay blame on** (to censure.) दोष लगाना; **To lay by** (to keep for future use, to put off.) भविष्य के लिये सञ्चित करना, अलग रखना; **To lay cloth.** कपड़ा फैलाना; **To lay down** (to place on ground.) पृथ्वी पर रखना; **To lay down arms** (to surrender, to relinquish.) आत्मसमर्पण करना, शत्रु के वशीभूत होना; **To lay down life** (to die.) प्राण त्यागना; **To lay hands on** (to seize.) अधिकार में करना ; **To lay in** (to store, to treasure.) सञ्चय करना; इकट्ठा करना; **To lay hold of** (to seize.) पकड़ना; **To lie in wait** (to lie in ambush.) घात में छिपा रहना; **To lay on** (to tax.) कर लगाना; **To lay open** (to make bare, to show, to expose.) उद्घाटन करना, खोलना; **To lay out** (to expand.) प्रचार करना, फैलाना; **To lay siege** (to besiege.) घेर लेना; **To lay trap** (to make contrivance for catching.) फन्दा लगाना; **To lay up** (to store.) इकट्ठा करना, बचाना; **To lay waste** (to devastate, to destroy.) नष्ट-भ्रष्ट करना, सत्यानाश करना।

Layer-ले - अर् - *n.* a stratum, bed, shoot embedded in earth. परत, तह, क्यारी, अँखुआ (दाब, टहनी); -*v. t.* to propagate by fastening shoots in earth. टहनी का दाब लगाकर पेड़ बढ़ाना।

Lay-figure-ले'-फ़िग्-अर्-*n.* a wooden figure or frame on which drapery &c. are hung, unreal character. मनुष्य की आकृति का ढाँचा जिसको दूकानदार वस्त्र पहिनाकर सजाते हैं, झूठा चरित्र।

Laying-ले'-इङ्ग्-*n.* the first coat of plaster, act or time of laying eggs, eggs laid, रंग का अस्तर, अंडा देने का कार्य या समय, दिये गये अंडे।

Lay-out-ले-आउट्-*n.* a plan, ground-plan निर्माण करने का खाका।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Lay-stall-लें'-स्टॉल्-*n.* a heap of dung, rubbish. कूड़ा-करकट।

Lazar-लैंज़र्-*n.* a diseased person, specially a leper. रोगी, कोढ़ी।

Lazaretto-लैंज़रेटो-*n.* (*pl.* **Lazarettos.**) a hospital for lepers. कोढ़ियों का अस्पताल।

Lazarus-लैंज़-रस्-*n.* a beggar, a poor man. भिक्षुक, दरिद्र मनुष्य।

Laze-लेज़्'-*v. i.* to spend time in laziness. आलस्य में समय नष्ट करना।

Lazuli-see **Lapis-lazuli.**

Lazily-लें-ज़ि'-लि-*adv.* in a lazy manner. मन्दता से, सुस्ती से; **Laziness** (-इ-नेस्)-*n.* indolence. आलस्य, मन्दता।

Lazy-लें-ज़ि-*adj.* (*comp.* **Lazier,** *sup.* **Laziest.**) indolent, idle, slothful, sluggish. आलसी, मन्द, अनुद्योगी; **Lazybed** (a bed of potatoes.) आलू इत्यादि की मेंड़ी; **Lazy-wheel** (the wheel between two revolving wheels &c.) यन्त्र में दो गतियुक्त पहियों के बीच का पहिया।

L'd-लड्-*abbr.* for 'Would'. 'वुड्' शब्द का छोटा रूप।

Lea-ली-*n.* a tract of grass-land, a meadow, a measure of yarn. चरागाह, सूत की लम्बाई की नाप।

Leach-लीच्-*v. t.* to make a liquid percolate through something, to wash by percolation. किसी पदार्थ में से तरल पदार्थ का रसकर टपकना।

Lead-लेड्-*n.* a heavy metal. सीसा, नाग(धातु); -*v. t.* to fit with lead, to widen space between printed lines. सीसा भरना या लगाना, छापे के बैठाये हुए टाइप के बीच में सीसे की पट्टी भरना; **An ounce of lead** (a gun-shot, a bullet.) बन्दूक की गोली; **Red lead** (oxide of lead.) सिन्दूर; **The lead** (pencil which is used for writing on paper.) काग़ज़ पर लिखने की पेन्सिल; **White lead** (carbonate of lead.) सफ़ेदा।

Lead-लीड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Led.**) to direct, to conduct, to guide, to go first, to allure. माग दिखाना, अग्रसर होना, ले चलना, आगे जाना, ललचाना;-*n.* guidance, an example, precedence. नायकत्व, उदाहरण, अग्रगामिता; **To give a lead** (to encourage.) उत्साहित करना; **To lead astray** (to tempt to sin.) बहकाना; **To lead away** (to induce to follow.) अनुसरण करने के लिये बाध्य करना; **To lead by the nose** (to induce to do a thing.) कोई व्यापार करने के लिये विवश करना; **To lead off** (to begin.) अगुआ होना; **To lead on** (to entice.) ललचाना; **To lead up to** (to introduce.) तैयार करना, प्रस्ताव करना।

Leadable-लीडें-बल्-*adj.* able to be led. मार्ग प्रदर्शन योग्य।

Leader-लीडर्-*n.* one who leads, a guide, a conductor, the editorial article in a newspaper, anything to guide the eye. मार्गदर्शक, नायक (अग्रसर), अगुआ, समाचार-पत्र का शीर्षक लेख।

Leaderette-ली-डरेट्-*n.* a short leading article in a newspaper. समाचारपत्र में सम्पादक की छोटी टिप्पणी।

Leaderless-ली-डर्-लेस्-*adj.* devoid of a leader. बिना अगुआ का।

Leadership-ली डर्'-शिप-*n.* the office of a leader. नायकत्व।

Leading-लीडिङ्ग्-*adj. & n.* chief, important. (पुरोगामी) मुख्य, प्रधान; **Leading article** (the editorial article in a newspaper.) समाचारपत्र का अग्रलेख; **Leading case** (a case which serves as a precedent.) कानूनी नज़ीर; **Leading question** (a prompting question.) अभिलषित उत्तर लानेवाला प्रश्न; **Leading-strings** (guiding strings.) आलम्ब-सूत्र; **Leading to happiness** (promoting happiness.) आनन्ददायक, आनन्द बढ़ानेवाला।

Leaf-लीफ्-*n.* (*pl.* **Leaves.**) thin extended part of a plant springing from a branch, a single thickness of a piece of folded paper, a very thin plate of metal. पत्ती, पत्ता, वर्क़, पन्नी; -*v. i.* to produce leaves. पत्तियाँ उत्पन्न होना; **Fall of the leaf** (the autumn.) पतझड़ की ऋतु; **Gold-leaf** (very fine sheet of gold.) सोने का वर्क़; **Leaf of door** (side of a door.) किवाड़ का पल्ला; **To turn over a new leaf** (to adopt a fresh method.) नई विधि अपनाना।

Leafage-लीफेज्-*n.* leaves collectively, foliage. पत्तियों का समुदाय।

Leafiness-लीफ़ि-नेस्-*n.* the state of being leafy. पत्तीपन।

Leafless-लीफ्'-लेस्-*adj.* devoid of leaves. पत्ररहित, बिना पत्ती का।

Leaflet-लीफ्'-लेट्-*n.* a young leaf, a small sheet of folded paper, a small pamphlet. छोटी पत्ती, पत्रक, छोटा पन्ना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Leafy-लीफ़्'-इ-*adj.* full of leaves. पत्तीदार, पत्तियों से भरा हुआ।

League - लीग् - *n.* an alliance for mutual protection or assistance, a measure of three miles. सङ्घटन, सन्धि, तीन मील की नाप; League of Nations (a union of the representatives of the free states of the world established in 1919, for the prevention of war.) राष्ट्रसंघ जो सन् १९१९ में स्थापित हुआ था।

Leaguer-लीगर्-*n.* one who unites in a league, a camp of a besieging army, a siege, an ambassador. सङ्घटन का सहकारी, आक्रमणकारी सेना का पड़ाव, घेरा, आक्रमण, राजदूत; -*v. t.* to besiege. घेरना, हमला करना।

Leak-लीक्-*n.* a hole which permits a liquid to pass. सन्धि, छेद, दरार; -*v. i.* to let a liquid pass from a vessel. छेद में से रसना, टपकना; Leaking of secret (disclosing of secrets.) रहस्य का प्रकट हो जाना; To leak out (to escape privately.) छिपे हुए भाग जाना।

Leakage-लीकेज् -*n.* allowance made for leaking. टपक जाने की छूट।

Leaky-लीकि-*adj.* having leaks. रसने या टपकनेवाला।

Leal-लील्-*adj.* loyal, faithful, honest. राजभक्त, ईमानदार।

Lean-लीन्-*adj.* not plump or stout, thin, slender. क्षीण, दुर्बल, कृश; -*n.* the fleshy part. मांसल भाग; -*v. i. & t.* to bend, to incline for support, to support. झुकना, आश्रित होना, टेक लगाना, सहारा देना।

Leaning-ली - निङ्ग्-*n.* inclination. झुकाव, भरोसा।

Leanness-लीन्-नेस्-*n.* thinness. दुर्बलता।

Leap-लीप्-*v. i. & t.* (*p. t.* Leaped or Leapt.) to jump, to spring, to cause to jump. कूदना, उछलना, कुदाना; -*n.* a jump or bounce. उछाल, कुदान; By leaps and bounds (with great speed.) बड़ी तेज़ी के साथ; To leap in the dark (to do an adventurous act.) साहस का कार्य करना।

Leapingly-ली-पिङ्ग्-लि-*adv.* by leaps. कूदते हुए, उछलते हुए।

Learn-लर्न्-*v. t. & i.* (*p. t.* Learned or Learnt.) to gain knowledge or skill, to acquire knowledge, to teach, to become aware of. ज्ञान प्राप्त करना, सीखना, पढ़ाना, मालूम होना; To learn by heart (to commit to memory.) कण्ठस्थ करना, रटना।

Learnable-लर्नेबल्-*adj.* that may be learnt. जानने या सीखने योग्य।

Learned-लर्नेड् - *adj.* deeply read, much informed, skilful. पढ़ा-लिखा, विद्वान्, पण्डित।

Learnedly-लर् - नेड् - लि-*adv.* in a learned manner. विद्वत्ता से।

Learner-लर्नर्-*n.* one who is learning. छात्र विद्यार्थी।

Learning-लर्निङ्ग् -*n.* knowledge, skill, scholarship. विद्या, ज्ञान, पाण्डित्य; Sacred learning (holy texts.) श्रुति, वेद।

Lease-लीस्-*n.* the contract of a house or land for a limited period on a fixed rent. पट्टा; -*v. t.* to let or hold on lease. पट्टा देना।

Lease-holder-लीस्'-होल्डर्-*n.* a tenant under a lease. पट्टेदार।

Leash-लीश्-*n.* a thong or band for tying hounds. शिकारी कुत्तों के बाँधने का चमड़े का पट्टा; -*v. t.* to connect. जोड़ना, बाँधना; To hold in leash (to bring under control.) अधीन करना।

Least-लीस्ट् - *adj.* smallest. सबसे छोटा; At least once (at the lowest once.) कम से कम एक बार; In the least (in the smallest degree.) किंचित् मात्र भी, थोड़ा भी।

Leat-लीट्-*n.* a water course for driving a mill. पनचक्की चलाने के लिये बनाया हुआ जलमार्ग।

Leather-लेदर्-*n.* a prepared and tanned skin of an animal. कमाया हुआ चमड़ा; -*pl.* leggings or breeches. (ब० व०) पैर में बाँधने की पट्टी; -*v. t.* to cover with leather. चमड़ा लगाना।

Leather-back-लेदर्-बैक्-*n.* a kind of turtle. एक प्रकार का कछुआ।

Leather-dresser - लेदर् - ड्रेसर्-*n.* one who dresses leather. चमड़ा कमानेवाला, मोची।

Leatherette - लेदरेट्-*n.* imitation leather. कृत्रिम चमड़ा।

Leather-head - लेद्' - र्-हेड् -*adj. & n.* a stupid, dull fellow. लण्ठ, मूर्ख।

Leathern-लेदर्न्-*adj.* made of leather. चमड़े का बना हुआ।

Leatheroid-लेदर् - ऑइड्-*n.* chemically prepared artificial hide. रासायनिक रीति से बनाया हुआ कृत्रिम चमड़ा।

Leathery - लेदरि - *adj.* resembling leather. tough. चमड़े के समान, चिमड़ा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Leave-लीव्-*n.* permission, liberty granted, departure, farewell. अनुमति, स्वीकृत स्वतंत्रता, अवकाश, छुट्टी, विदाई, -*v. t. & i.* (*p. t.* Left.) to depart, to abandon, to bequeath. चले जाना, प्रस्थान करना, त्यागना, छोड़कर मरना, दान-पत्र छोड़ जाना; He leaves to-morrow (he will start to-morrow.) वह कल प्रस्थान करेगा; Leave him alone (do not interfere with him.) उसको मत छेड़ो; To leave off (to desist from, to abandon.) परहेज़ करना, त्यागना; To take one's leave (to bid farewell.) विदाई लेना; To leave out (to omit.) त्यागना, छोड़ना; To leave over (to stop for a time.) कुछ समय के लिये रहने देना या रोक रखना; To take French leave (to do something without asking permission.) बिना आज्ञा के कोई काम करना।

Leaved-लीव्-ड्-*adj.* having leaves. पर्णयुक्त।

Leaven-लेव्न्-*n.* fermented dough. खमीर; -*v.t.* to ferment. खमीर उठाना।

Leaves-लीव्ज्-*n. pl.* of Leaf. पत्तियाँ।

Leavings-लीविङ्ग्ज़्-*n. pl.* that which is left after eating, relics, refuse. बचा-खुचा, शेष, जूठन।

Lecher-लेचर्-*n.* a debauchee. लम्पट, कामी, व्यभिचारी।

Lecherous-लेचरस्-*adj.* lustful. कामुक; **Lecherously** (-लि) -*adv.* lustfully. कामुकता से।

Lechery-लेचरि-*n.* lewdness. कामुकता।

Lectern-लेक्'टर्न्-*n.* a desk which is used for reading in a church. गिरजाघर में पढ़ने की मेज़।

Lection-लेक्शन्-*n.* different reading in a book. पुस्तक का पाठान्तर।

Lecture-लेक्चर्-*n.* a methodical discourse on a given subject, a formal reproof, a reprimand. किसी विषय पर व्याख्यान (उपदेश), झटकार के वाक्य; -*v. t.* to teach by instruction, to reprimand. व्याख्यान देना, डाँटना (सीख देना)।

Lecturer-लेक्'-चरर्-*n.* one who lectures. अध्यापक, उपदेशक।

Lectureship-लेक्'-चर्-शिप्-*n.* the office of a lecturer. अध्यापक या उपदेशक का पद।

Led-लेड्-*p. t. & p. p.* of Lead; -*adj.* under the control of a farm-holder. खेत के अधिकारी या काश्तकार के अधीन।

Ledge-लेज्-*n.* a projection on a mountain's side, a ridge of rocks, a shelf. शिलाफलक, चट्टान या पहाड़ का उभड़ा हुआ भाग, टाँड़; **Ledged** (-ड्) -*adj.* projected. उभाड़दार।

Ledger-लेजर्-*n.* the principal book in accounts, the horizontal beam in scaffolding. लेखाबही, मचान की आड़ी धरन।

Lee-ली-*n.* the quarter towards which the wind blows. वह दिशा जिस ओर वायु बहती है; Under the lee (defended from the wind.) आँधी से सुरक्षित।

Leech-लीच्-*n.* a physician, a blood-sucking worm, the perpendicular edge or side of a sail. चिकित्सक, वैद्य, जोंक, पाल का खड़ा भाग।

Leek-लीक्-*n.* a bulbous plant similar to the onion. प्याज़ के प्रकार का एक गाँठदार पौधा।

Leer-लिअर्-*v. t.* to glance obliquely. कटाक्ष मारना, तिरछी नजर से देखना; -*n.* sidelong look. कटाक्ष; **Leeringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a leering manner. कटाक्ष से।

Lees-लीज़्-*n. pl.* sediment which settles at the bottom of liquor, dregs. खूद, मैल।

Left-लेफ़्ट्-*p. t. & p. p.* of Leave.

Left-लेफ़्ट्-*adj.* opposed to the right. बायाँ; -*n.* the party opposed to the government in a legislative assembly. राज्य-परिषद् में गवर्नमेन्ट के विरुद्ध पक्ष का सदस्य; **Left-handed** (one who uses the left hand more easily than the right, awkward.) बयँहत्था, बायें हाथ से सर्वदा काम करनेवाला, भद्दा, फूहड़।

Leg-लेग्-*n.* the limb for support and locomotion in an animal, support of anything. टाँग, पैर, आश्रय (पाया); - *v. t.* (*p. t.* Legged.) to kick. पैर से मारना; Having a swelled leg (suffering from elephantiasis.) फ़ीलपाँव से पीड़ित; To keep one's legs (not to fall.) खड़े रहना, न गिरना; To pull one's leg (to befool a person.) किसी व्यक्ति को मूर्ख बनाना; To shake a leg (to dance.) नाचना; To stand on one's own legs (to be self-reliant.) अपने भरोसे रहना; To take to one's legs (to run away.) भाग जाना।

Legacy-लेग-सि-*n.* money given by a will, a bequest. उत्तरदान, मृत्युपत्र द्वारा प्राप्त धन।

Legal-ली'-गल्-*adj.* pertaining to law, lawful, required by law, in conformity with law. शास्त्रोक्त, व्यवहार के अनुरूप, नियमानुसार, क़ानूनी।

Legality-लीगैलिटि-*n.* lawfulness, conformity to law. न्याय्यता, धर्मानुसारता, कर्मनिष्ठा।

Legalization-लीगलाइज़ेशन्-*n.* acting in conformity with law. धर्म-व्यवस्था।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Legalize-लीगलाइज़्-*v. t.* to make lawful, to authorize. वैध बनाना, अधिकार देना।

Legally-लीगलि-*adv.* in a legal manner. कानूनी या वैध ढंग से।

Legate-लें-गें'-ट्-*n.* a deputy, an ambassador. दूत, एलची;-*v. t.*-(लि-गें'-ट्)to bequeath. दान-पत्र लिखना; **Legateship** (-शिप्)-*n.* the office of a legate. दूत का पद; **Legator** (-अर्)-*n.* one who legates. दानपत्र देनेवाला।

Legatee-लीगॅटी-*n.* one to whom a legacy is bequeathed. दानपत्र (वसीयतनामा) पानेवाला।

Legation-लि-गें'-शन्-*n.* embassy. दूतकर्म।

Legend-लें(-ली)-जें-न्ड्-*n.* a traditional or romantic story, a myth. उपाख्यान, पौराणिक कथा, अपूर्व कहानी।

Legendary - लें - जें - न्डरि -*adj.* fabulous, romantic. पौराणिक, कहावती।

Legendry-लें - जें - न्ड्रि - *n.* a collection of legends. उपाख्यान या पौराणिक कथा-संग्रह।

Legerdemain-लेंज-डि-मेंन्-*n.* a conjuring trick, sleight-of-hand, trickery. हस्तलाघव, हाथ की सफ़ाई, चालबाज़ी।

Leghorn-लेंग्'-हॉर्न्-*n.* a kind of domestic fowl. एक प्रकार का घरेलू मुर्गा।

Legibility - लें - जिबिलि - टि, **Legibleness** (-नेंस्)-*ns.* the quality of being legible. लिखने की स्पष्टता।

Legible-लें जिबल् - *adj.* capable of being read, clear and distinct. स्पष्ट अक्षर का, साफ़ साफ़, पढ़ने लायक।

Legibly-लें-जिब्लि-*adv.* clearly, distinctly. स्पष्टता से।

Legion-ली'-जन्-*n.* a body of soldiers. सेना, सैन्य दल; **Legionary** (-अ-रि) -*adj.* relating to a legion. सैन्य दल सम्बन्धी, सेना का।

Legislation-लें-जिस्लेशन्-*n.* enacting of laws. व्यवस्थापन, क़ानून निर्माण।

Legislate-लें - जिस्लें - ट्-*v. i.* to enact laws. विधि व्यवस्था करना, क़ानून बनाना।

Legislative-लेंजिस्लेटिव्-*adj.* pertaining to or done by legislation. नियम सम्बन्धी, नियमानुसार किया गया; **Legislatively** (-लि)-*adv.* in a legislative manner. व्यवस्था से, नियम रूप में।

Legislator-लें-जिस्लेटर्-*n.* one who makes laws. व्यवस्थापक, नियम या क़ानून बनानेवाला।

Legislatress, Legislatrix-लें - जिस्लें - ट्रेस् (-ट्रिक्स्)-*ns. fem.* a female legislator. नियम बनानेवाली स्त्री।

Legislature-लेंजिस्लेचर्-*n.* a legislative body व्यवस्थापक सभा, क़ानून बनाने की सभा।

Legist-ली'-जिस्ट्-*n.* a person skilled in law. स्मृति में निपुण, क़ानून जाननेवाला।

Legitimacy-लि-जिटिमी-सि-*n.* genuineness. यथार्थता, सचाई, खरापन।

Legitimate-लि-जिटि-मेंट्-*adj.* lawfully born, proper, regular, genuine, real, in accordance with law. औरस, यथायोग्य, नियम के अनुसार, उचित, खरा;-*v. t.* (-मेंट्') to make lawful. न्याययुक्त करना, सच्चा बनाना; **Legitimately** (-लि) -*adv.* in a lawful manner. न्यायपूर्वक, धर्मानुसार।

Legitimation-लि-जिटि-में'-शन्-*n.* the act of rendering legal. वैधीकरण, न्यायीकरण।

Legum-ली'-गम्-*adj.* of laws. न्याय-सम्बन्धी, कानूनी।

Legume, Legumen-लि(-लें-) ग्-यूम्,(-मेंन्)-*ns.* edible part of a fruit. फली, फल का गुद्दा।

Leguminous-लि (-लें-) ग्यूमिनस्-*adj.* pertaining to or consisting of pulse. दाल के सदृश या युक्त।

Leister-लीस्टर्-*n.* a kind of long spear. एक प्रकार का लम्बा बर्छा।

Leisure-लें (-ली-) ज़र्-*n.* unoccupied time, freedom from business, free time. अवकाश, विश्राम, छुट्टी, फ़ुरसत ; At leisure (not occupied, without hurry.) अवकाश में, फ़ुरसत में, खाली समय में।

Leisureless-लें(-ली-)ज़र्-लेंस्-*adj.* devoid of leisure. बिना फ़ुरसत का।

Leisurely-लें(-ली-) ज़र्लि-*adj.* not hasty. अवकाश का; -*adv.* not hastily. सावधानी से।

Leman-लीमन्-*n.* a lover, a mistress. प्रेमी या प्रेमिका।

Lemma-लेंमा-*n.* an assumed proposition used in an argument or mathematics. शास्त्रार्थ करने में स्वीकृत सिद्धान्त, निबन्धन।

Lemon-लेंमन्-*n.* an acid-juiced fruit of the orange kind. खट्टा नीबू; **Lemon-drop** (sugar plum flavoured with lemon.) नीबू का सत्त्व पड़ी हुई मिठाई; **Lemon-squeezer** (an instrument which is used for pressing the juice out of lemons.) नीबू निचोड़ने का यन्त्र।

Lemonade-लें'-मनेंह्-*n.* a drink consisting of lemon-juice, sugar and water. मीठे नीबू का शर्बत।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Lemony-लें-मनि-*adj.* pertaining to lemons. नीबू (के रस) का।

Lemur-ली'-मर्-*n.* a mammal resembling a monkey. एक प्रकार का बन्दर के समान पशु।

Lend-लेन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Lent.) to give on loan, to let for hire, to bestow, to grant. ऋण देना, किराये पर देना, उधार देना; To lend a hand to (to give assistance to.) सहायता देना ; To lend ear to (to attend, to hear.) कान लगाना, कान लगाकर सुनना।

Lendable-लें-न्डे-बल्-*adj.* that may be lent. उधार देने योग्य।

Lender-लेन्डर्-*n.* one who lends. उधार देनेवाला, महाजन।

Lending-लें-न्डि - ङ्ग्-*n.* the act of giving on loan. उधार या ऋण देने का कार्य।

Length-लेङ्ग्थ्-*n.* the extent of a thing from end to end, extension, detail, distance, stretch. लम्बान, फैलाव, विस्तार, अन्तर, सीमा, दूरी; At full length (to a great extent.) पूरे विस्तार से; At length (in full, finally.) विस्तारपूर्वक, अन्त में; To keep at arm's length (to avoid intimacy with.) घनिष्ठता न होने देना।

Lengthen-लेङ्ग्थ्-ऍन्'-*v.t. & i.* to extend, to elongate, to grow longer. बढ़ाना (तानना), लम्बा करना या होना।

Lengthily-लेङ्ग्थ्-इ-लि-*adv.* at great length. लम्बान में; Lengthiness (-इ-नेस्) -*n.* the state of being lengthy. फैलावट।

Lengthways - लेङ्ग्थ्'-वेज़्, **Lengthwise** (-वाइज़)-*adv.* in the direction of length. लम्बाई के बल।

Lengthy-लेङ्ग्थ्'-इ-*adj.* rather long, not brief. लम्बा।

Lenience-ली'-नि - ऍन्स्-*n.* mildness, gentleness, mercy. मृदुता, मुलायमियत, दया।

Leniency-ली'-नि - ऍ- न्सि-*n.* the quality of being mild or gentle. दयालुता।

Lenient-ली' - नि - ऍन्ट्-*adj.* tolerant, mild, relaxing, mitigating, gentle. मृदु, कोमल, कृपालु, दयावान् ; Leniently (-लि)-*adv.* सौम्यता से, अनुग्रह से।

Lenitive-लें'-निटिव्-*adj.* soothing, allaying pain. शान्ति देनेवाली, क्लेश हरनेवाली (औषध)।

Lenity-लें-नि-टि-*n.* mercy, favour, softness. दया, कृपा, मुलायमियत।

Leno-ली'-नो-*n.* a kind of cotton gauze used for window-curtains. खिड़की का पर्दा बनाने की सूती जाली।

Lens-लेन्ज़्-*n.* a piece of pebble or glass curved on both sides (or only on one side) by which rays of light are concentrated. ताल, चश्मे या दूरबीन का शीशा ; Concave lens (lens which has a cavity on each side.) नतोदर ताल; Convex lens (lens which bulges on both sides.) उन्नतोदर ताल ; Crystal lens. सूर्यकान्त मणि।



Lenses.

Lent-लेन्ट्-*p. t. & p. p.* of Lend.

Lent-लेन्ट्-*n.* a fast of forty days from Ash-Wednesday to Easter Eve. क्रिस्तानों का चालीस दिन का व्रत।

Lenten-लेन्ट्-ऍन्-*adj.* relating to Lent, sparing. लेन्ट् व्रत-सम्बन्धी, मितव्ययी; Lenten face (dismal look.) मुर्झाया हुआ (फीका) चेहरा।

Lenticular-लेन्-टिक्'-यु-लर्-*adj.* resembling a lentil (*i. e.* double convex.) मसूर के दाने के आकार का।

Lentiform-लेन्'-टि - फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a lentil. मसूर की आकृति का।

Lentil-लेन्'-टिल्-*n.* a leguminous plant and its seed. मसूर।

Lentisk-लेन्'-टिस्क्-*n.* the mastic tree. मस्तगी का वृक्ष।

Lentitude-लेन्' - टि - ट्यूड्-*n.* sluggishness. आलस्य, मन्दता, सुस्ती।

Lentoid-लेन्'-टॉ-इड्-*adj.* of the shape of a lens. ताल के आकार का।

Leo-ली'-ओ-*n.* the fifth sign of the Zodiac, the lion. सिंहराशि, सिंह।

Leonine-ली'-ओ-नाइन्-*adj.* of or like a lion. सिंह के समान।

Leopard-लें-पर्ड्-*n.* a carnivorous quadruped. चीता, तेंदुआ; Leopardess (-ऍस्) -*n. fem.* a female leopard. मादा तेंदुआ।

Leper-लेंपर् -*n.* a person affected with leprosy. कुष्ठ का रोगी, कोढ़ी।

Lepid-लें पिड्-*adj.* pleasant. मनोहर।

Leporine-लेंप-राइन्-*adj.* of the hare kind. खरहे की जाति का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Leprous-लेप्रस्-*adj.* infected with leprosy. कुष्ठ रोग से ग्रस्त।

Leprosy-लेप्रसि-*n.* a loathsome endemic disease. कुष्ठ, कोढ़, अपरस।

Lesbian-लेज़्ब्' - बि - अन्-*adj.* pertaining to unnatural crime. अस्वाभाविक अपराध-सम्बन्धी।

Lese-majesty-लीज़्'-मीं - जे - स्टि-*n.* treason. राज-विद्रोह।

Lesion-ली'-ज़्न्-*n.* damage, wound, injury. क्षति, अपकार, पीड़ा, चोट।

Less-लेस्-*adj.* (*comp.* of Little.) smaller, of lower rank. न्यून, अल्प, कम;-*adj.* in a smaller degree. अल्प मात्रा में;-*n.* a smaller portion. छोटा अंश; In less than no time (immediately.) बहुत शीघ्र; Nothing less (somewhat.) कुछ भी तो; May your shadow never be less (may you never be lean.) तुम दुबले कभी नहो; Still less (even less.) और भी कम।

-less-लेस्-*suf.* in sense of "devoid of, free from." "अभाव" अर्थ का प्रत्यय, यथा-countless, homeless. इत्यादि।

Lessee-लेस्-सी'-*n.* the person to whom a lease is given. ठीकेदार, पट्टेदार; Lesseeship (-शिप्)-*n.* the post of a lessee. ठीकेदारी।

Lessen-लेस्-न्-*v. i. & t.* to diminish, to decrease. न्यून होना, कम करना।

Lesser-लेस्-सर्-*adj.* (*comp.* of Little.) smaller. दो पदार्थों में न्यून या छोटा।

Lesson-लेस्-अ-न्-*n.* that which is learnt by a pupil, amount of teaching at a time, precept, example, punishment. पाठ, शिक्षा, उपदेश, उदाहरण, दण्ड; -*v. t.* to instruct, to rebuke. उपदेश देना, डपटना।

Lessor-लेस्-सॉर्-*n.* one who lets on a lease. पट्टा या ठीका देनेवाला।

Lest-लेस्ट्-*conj.* in order that, for fear that. नहीं तो, कदाचित, ऐसा न हो कि।

Let-लेट्-*v. t. & aux. verb.* to permit, to allow, to grant for hire, to cause to. अनुमति देना, आज्ञा देना, किराये पर देना, होने देना; Let him alone (allow him to remain without meddling.) उसकी चिन्ता मत करो; Let us go (allow us to depart.) हमको जाने दो; To let down (to lower.) नीचा करना, उतारना; To let fall (to cause to fall.) गिराना; To let go (to release from holding.) छोड़ देना; To let in (to permit to enter.) प्रवेश की आज्ञा देना; To let loose (to release or unchain.) छोड़ना, बंधन खोलना; To let off (to discharge.) जाने देना, क्षमा करना; To let on (to reveal a secret.) भेद खोलना; To let out (to allow to get free.) मुक्त करना।

-let-लेट्-diminutive suffix. अल्पार्थक प्रत्यय; यथा -Armlet, Ringlet, Rivulet. इत्यादि।

Lethal-ली'-थल्-*adj.* causing death. मृत्युकर, प्राणघातक।

Lethargic-लेथार्जि-क्-*adj.* apathetic, dull. जड़बुद्धि, निद्रालु; Lethargically (-क-लि) -*adv.* in a lethargic manner. जड़वत्।

Lethargize-लेथार्जा - इज़् - *v. t.* to make lethargic or dull. मतिमन्द करना।

Lethargy-लेथार्जि-*n.* unnatural drowsiness, torpor, dullness. आलस्य, निद्रालुता, तन्द्रा।

Lethe-ली'-थी - *n.* the river of the under world, water causing oblivion. वैतरणी नदी, विस्मृति (स्मृतिनाश) कारी जल; Lethean (-अन्) -*adj.* of Lethe, oblivious. वैतरणी नदी-सम्बन्धी, भूलनेवाला।

Letter-लेट्-टर्-*n.* symbol of a sound, a written message or communication. अक्षर, वर्ण, पत्र, लेख, चिट्ठी; -*pl.* literature, erudition. (ब० व०) साहित्य, पाण्डित्य; -*v. t.* to impress title &c. on a book. पुस्तक पर नाम लिखना या छापना; Letter-book (a book for keeping correspondence.) चिट्ठियों की सूची रखने की पुस्तक; Letter-box (a box in which letters are posted.) चिट्ठी डालने का डाकखाने का बक्स; Letter-lock (a lock which is opened by the combination of certain letters) अक्षरों का ताला; Letter-paper (a paper which is used for writing letters on.) चिट्ठी लिखने का कागज; Letter press (matter) printed from types, a copying press.) टाइप से छपी हुई पुस्तक, नकल करने की मशीन; Letter-writer (a book to teach letter-writing.) पत्र-लेखन सिखलाने की पुस्तक, पत्र बोध।

Lettered-लेट्-टर्ड् - *adj.* learned, educated. पण्डित, विद्वान्, पढ़ा-लिखा।

Lettuce-लेट्-टू-स्-*n.* a vegetable with crisp leaves. चुकन्दर।

Leucoderma-ल्यू'-को-डर्मा-*n.* whiteness of skin. चमड़े पर का सफेद दाग, श्वेत कुष्ठ।

Leucoma-ल्यू-को-मा-*n.* a disease of the eye. आँख का एक रोग।

Leucorrhoea-ल्यू'-को-री'-आ-*n.* the whites. श्वेत प्रदर नामक स्त्रियों का रोग।

Levant-लि-वैन्ट्'-*n.* the eastern part or coasts.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

of the Mediterranean Sea. भूमध्य सागर का पूर्वी भाग; *-v. i.* to run away without paying off a gambler's debt, to decamp. हारा हुआ धन बिना दिये भाग जाना।

Levator-लें-वे - टॉर् - *n.* the muscle which raises an organ. किसी इन्द्रिय को उठानेवाली मांसपेशी।

Levee-लि-वी'-*n.* the reception of visitors by a king, an assembly of visitors. राज-सभा, राजदरबार।

Level-लेंव्'-ल्'-*n. & adj.* an instrument for ascertaining the level of a spot, standard, even, flat, uniform. समतल जानने का यन्त्र, समता, तुल्यता, सपाट, चौरस, चिपटा; *-v. t.* (*p. t.* Levelled.) to make even or smooth, to aim. चौरस करना, निशाना लगाना; **On a level with** (in the same horizontal plane as.) चौरसाई में।

Leveller-लेंव्-लर्-*n.* one who would abolish all social distinctions, one who levels. सामाजिक अन्तरों को हटानेवाला, बराबर करनेवाला।

Levelling-लेंव्-लिङ्ग्-*n.* the work of reducing uneven surfaces to a level. समतल करने का कार्य।

Lever-ली'-वर्-*n.* a straight bar, one end of which is fixed on a point (called *fulcrum*) and on the other force (*weight*) is applied in lifting a weight. उत्तोलन दण्ड, टेक, रंभा, ढेकली, (इसकी तीनों अवस्थायें चित्र में दी गई हैं)।



Levers.

Leverage-ली'-वरेंज्-*n.* mechanical advantage gained by the use of levers. लीवर की क्रिया, किसी कार्य को सम्पादन करने में इनका प्रयोग।

Leveret-लें-व-रें-ट्-*n.* a young hare. शशशावक, खरहे का बच्चा।

Leviable-लें - वि-एँ - बुल्-*adj.* that may be assessed. कर लगाने योग्य।

Leviathan-लें-वाइ-अ-थन्-*n.* a big monster, a huge ship. बड़ा दैत्य, भारी जहाज।

Levigate-लें-वि-गेंट्-*v. t.* to reduce to a fine powder. महीन बुकनी करना; **Levigation** (-गें-शन्)-*n.* the act of levigating. महीन बुकनी करने का कार्य।

Levitate-लेंव्'-इ-टेंट्-*v. i.* to float in the air. हवा में तैरना; **Levitation** (-टें'-शन्)-*n.* buoyancy. हवा में तैराई।

Levity-लें - वि - टि - *n.* lightness, frivolity, fickleness, inconstancy. लघुता, चपलता, हलकापन, ओछापन।

Levy-लेंव्'-इ-*v. t.* (*p. t.* Levied.) to impose or raise a tax. कर लगाना, टिकट लगाना; *-n.* the act of collecting, the act of enrolling men for war &c. कर इकट्ठा करना; युद्ध के लिये सेना इकट्ठा करना; **To levy war** (to begin war, to attack.) युद्ध आरम्भ करना, आक्रमण करना।

Lewd-ल्यूड्-*adj.* licentious, profligate, indecent, not chaste. कामुक (लम्पट), फूहड़, अपवित्र; **Lewdly** (-लि) *-adv.* in a lewd manner. लम्पटता से; **Lewdness** (-नेंस्) *-n.* the quality of being lewd. कामुकता।

Lexical-लें-क्सि-कल्-*adj.* pertaining to the words of a language. भाषा के शब्द सम्बन्धी; **Lexically** (-लि) *-adv.* in a lexical manner. शब्द सम्बन्ध से।

Lexicographical - लेंक्सिकॅग्राफ़िकल् - *adj.* pertaining to lexicography. कोश-रचना सम्बन्धी; **Lexicography** (dictionary-making art.) कोश-रचना कला या शास्त्र।

Lexicon-लें क्सि-कन्-*n.* a word-book, a dictionary. शब्द-संग्रह, निघण्टु, कोश।

Lexigraphy-लेंक्सि-ग्र-फ़ि-*n.* the system of writing in which each symbol represents a word. ऐसी लिखावट जिसमें प्रत्येक शब्द के लिये एक विशेष चिह्न होता है।

Liability-लाइ-अ-बि-लि-टि-*n.* responsibility. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Liabilities** (-टीज़्) *-n. pl.* debts. ऋण।

Liable-लाइ-एँ - बुल्-*adj.* legally responsible for, under obligation, open to. उत्तरदाता, जवाबदेह, जिम्मेदार, अधीन; **Liable to fall** (subject to fall down.) पतनशील।

Liaison-ली-एँ'- ज़ून्-*n.* an illicit connexion between a man and a woman. स्त्री-पुरुष का अनुचित सम्बन्ध।

Liar-लाइ-अर्-*n.* one who speaks an untruth. मिथ्यावादी, असत्य (झूठ) बोलनेवाला।

Libation-लाइ-बें-शन्-*n.* an offering to a god. देवता को जल इत्यादि चढ़ाना, तर्पण।

Libatory - लाइ-बें - ट - रि-*adj.* pertaining to libation. तर्पण-सम्बन्धी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Libel-लाइ'-बेल्-*n.* a defamatory publication or writing, a false statement. निन्दापत्र, अपमान-लेख।

Libeller-लाइ-बे-लर्, **Libellist** (-लिस्ट्)-*ns.* one who libels. निन्दालेख लिखनेवाला, अपमान करनेवाला।

Libelious-लाइ-बे-लस्-*adj.* defamatory. अपमानकारी; **Libellously** (-लि)-*adv.* in a defamatory manner. अपमान या निन्दा करते हुए।

Liberal-लि-ब-रल्-*adj.* refined, open, abundant, generous, free, openhearted, unprejudiced. शिष्ट, उदार, दयालु, पक्षपातहीन; **Liberal education** (*i. e.* general development of mind.) ज्ञानोन्नति; **Liberal Party** (men of refined views.) स्वतन्त्र विचारवाले मनुष्यों का दल।

Liberalism-लिबरलिज़्म्-*n.* principles of the Liberal Party. स्वतन्त्र विचार का सिद्धान्त।

Liberalist-लिबरलिस्ट्-*n.* the follower of liberalism. स्वतन्त्र विचारवाला मनुष्य।

Liberality-लि-बरैं-लिटि-*n.* generosity, munificence, impartiality. दानशीलता, अपक्षपात।

Liberalization-लि-बर-लाइज़ेशन्-*n.* the act of making liberal. स्वतन्त्र विचार वाला बनाने का कार्य; **Liberalize** (-आइज़्)-*v. t.* to render liberal. स्वतन्त्र विचारवाला बनाना।

Liberally-लि-बर-लि-*adv.* bountifully, generously. उदारता से।

Liberate-लि-बरेट्-*v. t.* to set at liberty, to release from bondage. मुक्त करना, बन्धन से छुटकारा देना।

Liberation-लि-बरे-शन्-*n.* the act of liberating. मुक्ति, छुटकारा।

Liberator-लि-बरे-टर्-*n.* one who sets free. मुक्ति देनेवाला, निस्तार करनेवाला।

Libertine-लिबर्टि-न्-*n.* & *adj.* a religious free-thinker, a licentious person. धार्मिक विषयों में स्वतन्त्र विचारवाला, कामुक, विषयी मनुष्य।

Libertinism-लि-बर्टि-निज़्म्-*n.* lewdness, debauchery. कामुकता, लम्पटता।

Liberty-लिबर्टि-*n.* freedom from slavery or restraint, right to do as one pleases, privilege. स्वाधीनता, स्वतन्त्रता, स्वेच्छा, विशेष सुविधा; **At liberty** (unrestrained or free.) स्वतन्त्र, स्वेच्छाचारी; **I take the liberty to do** (I venture to do.) मैं ऐसा करने का साहस करता हूँ।

Libidinous-लि-बिडि-नस्-*adj.* licentious. कामी, व्यभिचारी; **Libidinously** (-लि)-*adv.* with lewdness. कामुकता से, व्यभिचार से।

Libra-लाइ'-ब्रा-*n.* a pound weight (lb.) or pound sterling (£), the seventh sign of the Zodiac. एक पाउन्ड का भार या सोने का सिक्का, तुला राशि।

Librarian-लाइ-ब्रे-रिअन्-*n.* one who is in charge of a library, the custodian of a library. पुस्तकालय का अध्यक्ष; **Librarianship** (-शिप्)-*n.* the office of a librarian. पुस्तकालयाध्यक्ष का पद।

Library-लाइ'-ब्रे-रि-*n.* (*pl.* **Libraries.**) a building or room in which books are kept, a collection of books. पुस्तक-संग्रह, पुस्तकालय; **Lending library** (a library which lends books for reading.) पुस्तक उधार देनेवाला पुस्तकालय; **Reference library** (a library in which books are consulted.) जिस पुस्तकालय में जाकर मनुष्य पुस्तकें पढ़ सकते हैं; **Walking library** (a very learned person.) बड़ा विद्वान् मनुष्य।

Librate-लाइ-ब्रेट्-*v. i.* to oscillate, to quiver, to balance. हिलाना, काँपना, तौलना; -*n.* a piece of iand worth a pound a year. एक पाउण्ड वार्षिक किराये की भूमि।

Libration-लाइ-ब्रे'-शन्-*n.* vibratory motion. कम्पन, हिलाव।

Libratory-लाइ-ब्रे'-ट-रि-*adj.* oscillating, balancing. हिलनेवाला।

Libretto-लिब्रेटो-*n.* the song-book of an opera. नाटक के गाने की पुस्तक।

Lice-लाइस्-*n. pl.* of Louse. जूँएँ।

Licence-लाइ'-सेन्स्-*n.* leave, permission, licentiousness, a writer's irregularity. आज्ञा, अधिकार, दुराचार, सनद, लैसन्स, लेखक का (व्याकरण, छन्द इत्यादि में) अनियम।

Licensable-लाइ-सेन्से-बल्-*adj.* able to be permitted. अनुमति देने योग्य।

License, Licence-लाइ'-सेन्स्-*v. t.* to allow complete freedom, to authorise. आज्ञा देना, अनुमति (अधिकार) देना।

Licensee-लाइ-सेन्सी-*n.* the holder of a licence. आज्ञाप्राप्त मनुष्य, लैसंसदार।

Licenser-लाइ-सेन्सर्-*n.* one who grants permission. आज्ञा (लैसंस) देनेवाला।

Licentiate-लाइ-सेन्'-शि-एट्-*n.* the holder of a licence from a university. विश्वविद्यालय से आज्ञापत्र (सनद) पाया हुआ मनुष्य।

Licentious-लाइ-सेन्'-शस्-*adj.* lewd, disorderly, immoral, dissolute. व्यभिचारी, लंपट,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनैतिक, दुराचारी; **Licentiously** (-लि) *-adv.* in an immoral manner. अनैतिक ढंग से; **Licentiousness**(-नेस्)-*n.* lewdness. लंपटता।

Lich-लिच् (*also* **Lych.**) *-n.* a dead body. मृतशरीर, शव।

Lichen-लाइकेन्-*n.* a kind of fungus. एक प्रकार की वनस्पति जो चट्टानों पर उगती है;-*v. t.* to cover with lichens. उक्त वनस्पति से ढाँकना।

Lick-लिक्-*v. t. & i.* to pass the tongue over a thing, to taste it, to lap. चाटना, जीभ से चट्चट् करना; **To lick one's boots or shoes** (to show submission.) दीनता दिखलाना; **To lick off** (to devour.) निगल जाना; **To lick the dust or earth** (to be defeated, to be slain.) हारना, मारा जाना।

Licking-लिकिङ्ग्-*n.*the act of licking, a smart blow with a cane. चाटना, बेंत की मार।

Lickerish, Liquorish-लिक-रि-श्-*adjs.* eager for dainty food, greedy. चटोरा, लालची।

Licorice, Liquorice - लिकॅ - रिस्-*ns.* the sweet root of a certain plant. जेठीमधु, मुलेठी, माधुरी।

Lid-लिड्-*n.* the cover for the top of something. आच्छादन, ढकना; **Eye-lid** (cover of the eye.) पलक; **With the lid off** (bringing all the horrors before view.) आपत्ति के सब दृश्य सामने लाते हुए।

Lie-लाइ-*n.* an untrue statement, a fiction, falsehood. मिथ्या वचन, असत्य, (झूठी) कथा, झूठ; *-v. i.* (*p. t.* **Lied.**) to utter falsehood, to deceive. झूठ बोलना, धोखा देना; **White lie** (a lie which is justified by motives.) सफ़ेद झूठ; **Lier** (लाइ'-अर्)-*n.* one who tells a lie. मिथ्यावादी, झूठ बोलनेवाला।

Lie-लाइ-*v. i.* (*p. t.* **Lay,** *p. p.* **Lain.**) to remain in a prostrate position, to rest, to abide, to consist, to be prostrate, to be at rest, to be spread out, to view, to be in grave. लेटना, विश्राम करना, फैलना, पड़े रहना, दृष्टिगोचर होना, कब्र में रहना; **As far as in me lies** (as far as lies in my power.) जहाँ तक मेरी शक्ति में है; **Lying-in-chamber or hospital** (a room for those about to become mothers.) सूतिका-गृह, सौरी का घर; **To lie by** (to rest.) आराम करना; **To lie down** (to lay the body on the ground.) लेट जाना; **To lie hard upon** (to oppress.) कष्ट देना; **To lie in** (to be in childbed.) बच्चा देना; **To lie in wait** (in ambush.) (to wait for in concealment). छिपकर घात में रहना; **To lie on** (to be dependent.) आश्रित होना।

Lief-लीफ्-*adv.* gladly, willingly. प्रसन्नतापूर्वक, इच्छा से।

Liege-लीज्-*adj.* faithful. स्वामिभक्त;-*n.* a lord or superior. स्वामी, प्रभु।

Lien-ली-अन्-*n.* right to retain possession of a property until debt is paid off. रेहन की हुई वस्तु को रुपया न अदा होने तक रखने का अधिकार।

Lieu-ल्यू-*n.* room. स्थान; **In lieu of** (in place of.) स्थान में, बदले में।

Lieutenant-लेफ्-टे-नन्ट्-*n.* a deputy acting for a superior, an officer in the army. प्रतिनिधि, सेनाध्यक्ष का प्रतिपुरुष; **Lieutenant-governor.** छोटा लाट; **Lieutenantship** (-शिप्)-*n.* the post of a lieutenant. उपसेनाध्यक्ष का पद।

Life-लाइफ्-*n.* (*pl.* **Lives.**) conscious existence, vitality, manner of living, period from birth to death, manner of living, narration of past life. जीवन (प्राणधारण), उत्साह, चेतना, आयुष्य, चरित्र-वर्णन; **Cat has nine lives** (is hard to kill.) बिल्ली जल्दी नहीं मरती; **Life and soul** (everything.) सर्वस्व; **Life assurance** (insuring one's life.) जीवनबीमा; **Life-blood** (blood necessary for life.) जीवन शक्ति देनेवाला रक्त या खून; **Life-boat** a boat that saves life in shipwreck. डूबनेवालों को बचानेवाली जहाज़ पर की नाव; **Life-breath** (inspiring influence.) उत्साह देनेवाला प्रभाव; **Life-guard** (body-guard.) शरीर-रक्षक; **Life-interest** (interest which lasts during one's life.) केवल जीवन भर के लिये रहनेवाला स्वत्व या अधिकार; **Life-like** *-adj.* resembling a living person. जीवित के समान; **Life-size** (as large as one living.) पूरे आकार का; **Low life** (worthless existence.) घृणित जीवन; **To bring to life** (to remove unconsciousness.) मूर्छा हटाना; **Upon my**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

life (a solemn assertion.) मेरे प्राणों की शपथ।

Life-belt- लाइफ़्' - बेल्ट् -*n.* a belt made of pith, cork &c. to float the body on water. जल में तैरने की पेटी।

Life-belt.

Lifeless-लाइफ़्'-लेस्-*adj.* devoid of life. निर्जीव, निःसत्व; Life-lessly (-लि)-*adv.* in a lifeless manner. निरुत्साह से।

Lifelong-लाइफ़्' - लॉङ्ग्-*adv.* throughout life. जीवनपर्यन्त।

Life-time-लाइफ़्-टाइम्-*n.* duration of life. जीवनकाल।

Lift-लिफ़्ट्-*v. t. & i.* to raise, to elevate, to exalt, to hoist, to rise, to disperse. उठाना, उभाड़ना, उठना, हट जाना ; -*n.* an apparatus for raising and lowering, an elevator or hoist. (इमारत में लगा हुआ) ऊपर उठाने या नीचे करने का झूला; To lift one's hand (to swear.)-क़सम खाना।

Liftable-लिफ़्टे-बल् -*adj.* that can be lifted. उठाने योग्य।

Lifter-लिफ़्टर्-*n.* he who or that which lifts a thing. उठानेवाला यन्त्र या पुरुष।

Ligament-लिग-मेन्ट्-*n.*a fibrous tissue which binds together bones. अस्थि-बन्धक-तन्तु।

Ligamental or Ligamentary -लिगीं-मेन्टल्, (-अरि), Ligamentous - लिगीं- मेन्टस्-*adjs.* binding. अस्थि-बन्धन करनेवाला।

Ligate-लाइ-गेट्-*v. t.* to tie up a bleeding artery. बहते रक्त को रोकने के लिये धमनी (रक्तवाहिनी नाली) को बाँधना।

Ligation - लाइ - गे' - शन्-*n.* the act of binding. बन्धन।

Ligature-लिगे-चर् -*n.* a bandage, a band used for tying a bleeding artery, two or more letters cast into one. बन्धन, पट्टी, छापे के एक में ढले हुए (जुड़वाँ) टाइप, यथा—*fl, ffl.* इत्यादि।

Light-लाइट्-*n.* the natural agent by which objects are rendered visible to the eye, brightness, daylight, candle, any object which emits light, knowledge, eminent person. प्रकाश, प्रभा, रोशनी, दीपक, प्रकाश देनेवाला पदार्थ, ज्ञान, प्रसिद्ध मनुष्य; -*v. t. & i.* (*p. t.* Lit *or* Lighted.) to give light to, to attend with a light, to set fire to, to become light or bright. प्रकाशित करना, प्रकाशित होना, जलाना, चमकीला या प्रकाशित होना; In the light of this (with the help of this.) इसकी सहायता से; Light of one's eyes (lovers.) प्रेमीजन; To bring to light (to publish, to reveal.) प्रकाशित करना; To light up (to lighten.) प्रज्वलित करना; To come to light (to be detected.) प्रकाशित होना; To see the light (to be born.) उत्पन्न होना; To shed light upon (to explain.) व्याख्या करना, समझाना।

Light-लाइट् -*adj. & adv.* not heavy, of little weight, elegant, graceful, easily digestible, trivial, light-coloured. हलका, अल्प परिमाण या भार का, सुन्दर, ललित, सहज में पचने योग्य, तुच्छ, शोभायुक्त, हलके रंग का; Light-armed (armed with light weapons.) हलका शस्त्र धारण किये हुए; Light-fingered (thievish.) चोर, ठग; Light food (easily digestible food.) सहज में पचनेवाला भोजन; Light-footed (nimble in walking.) तेज़ चलनेवाला; Light-handed(working with ease.)आसानी से काम करनेवाला; Light-headed (unsteady, thoughtless.) चपल बुद्धिवाला, विक्षिप्त; Light-headedness (state of being thoughtless.) मति-विभ्रम; Light-hearted (cheerful, merry.) प्रसन्नचित्त, आनन्दी; Light literature (interesting literature in easy language.)सरल आनन्ददायक साहित्य; Light-minded (unsteady.)अस्थिर; Light-o'-love (a prostitute.) वेश्या; Light railway (a railway for carrying light weights.) हलका बोझ ले जानेवाली रेल; Light-spirited (cheerful.) प्रसन्नचित्त; Of light fingers (clever in thieving.) चोरी करने में निपुण।

Lighten-लाइट्'-टन्-*v. t.* to reduce weight, to mitigate, to emit or shed light upon. भार कम करना, न्यून करना, हलका करना, प्रकाशित करना।

Lighter-लाइट्-अर्, Lightisth (-इश्) -*adjs.* somewhat light. कुछ हलका।

Lightly-लाइट्'-लि-*adv.* in a light manner carelessly. हलकेपन से, चपलता से।

Lightness-लाइट्'-नेस्-*n.* want of weight. हलकापन, चपलता।

Lightning-लाइट्'-निङ्ग्-*n.* an electric flash in the clouds. बिजली, विद्युत् ; Like lightning (very quickly.) अति शीघ्रता से, बहुत जल्दी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ligneous-लिग्नि-अस्-*adj.* like wood, woody. लकड़ी के आकार का, लकड़ी का बना हुआ।

Ligniform-लिग्'-नि-फ़ॉर्म्-*adj.* like wood. लकड़ी के रूप का।

Like-लाइक्-*adj.* similar, equal, resembling. सदृश, तुल्य, समान (बराबर); -*adv.* in the same manner, likely. सम्भवतः, उसी प्रकार से; -*n.* something resembling, a copy. समान पदार्थ, प्रतिलिपि; -*v. t. & i.* to be pleasing, to be agreeable. चाहना, पसंद करना (इच्छा करना); In like manner (in a similar way.) उसी प्रकार से; Like a shot (with desire.) इच्छापूर्वक; Like form (similar form.) तुल्यरूप।

Likeable-लाइक्'-ऍ-बल्-*adj.* that one can love. पसन्द के लायक; Likeableness (-नेस्)-*n.* the quality of being likeable. पसन्दगी।

Likelihood-लाइक्' - लि - हुड्-*n.* probability. सम्भावना।

Liken-लाइक्'-कन्-*v. t.* to compare, to find similarity in, to make like. उपमा देना, सदृश करना (मिलाना)।

Likeness-लाइक्-नेस्-*n.* resemblance, similarity, copy or portrait. समानता, उपमा, चित्र।

Likewise-लाइक-वाइज़्-*adv. & conj.* in like manner, also, moreover. इसी रीति से, भी, और भी।

Liking-लाइक्' -इङ्ग् - *n.* inclination, taste, fondness. रुचि, इच्छा, अनुराग।

Lilac-लाइ-लॉक्-*n.* a plant with fragrant flowers. बकायन।

Liliaceous-लिल्-इ-ए'-शस्-*adj.* of the kind of a lily. कुमुदिनी (कोई) के सदृश।

Lilliputian-लि-लि-प्यू'-श्यन्-*n.* a very small person or thing. बहुत छोटे क़द का (बौना) मनुष्य या पदार्थ।

Lilt-लिल्ट्-*v. i.* to sing melodiously. लय या सुर में गाना।

Lily-लि-लि-*n.* (*pl.* Lilies.) a plant with beautiful flowers. कुमुदिनी, कोई; Lily-livered (cowardly.) डरपोक; Lily-white (white as a lily.) कुमुदिनी के समान श्वेत; Water-lily (the lotus.) कमल का फूल।

Limation- लि - मे - शन्-*n.* act of filing or polishing. रेतने या चमकाने का कार्य।

Limb-लिम्-*n.* leg, arm or wing, branch of a tree, edge. अङ्ग, अवयव, शाखा, डाली, किनारा; Limbed (-ड्) -*adj.* having limbs. अङ्गवाला; Limbless (-लेस्) -*adj.* without limbs. अनङ्ग, बिना अङ्ग का; To escape with life and limb (to escape without being hurt.) बिना चोट लगे बचकर भाग जाना।

Limbate-लिम्ब् - एट्-*adj.* having different borders. भिन्न-भिन्न किनारे का।

Limber-लिम्'-बर्-*n.* the front part of a gun-cart. तोप गाड़ी का अगला भाग; -*adj.* flexible, nimble. लचीला, चञ्चल।

Lime-लाइम्-*n.* a sticky substance, white alkaline earth, a kind of lemon. लासा, चूना, जंभीरी नीबू; -*v. t.* to smear with viscous substance for catching birds, to cover with lime. लासा लगाकर चिड़िया पकड़ना, चूना लगाना; Lime-kiln (a furnace for preparing lime.) चूना फूँकने की भट्ठी; Quicklime (unslaked lime.) बिना बुझाया हुआ चूना; Slaked lime (lime mixed with water.) बुझाया हुआ चूना।

Limeless-लाइम्'-लेस्-*adj.* destitute of lime. बिना चूने का।

Limerick-लिम-रिक्-*n.* a meaningless verse. निरर्थक कविता।

Limit-लि-मिट्-*n.* a boundary line, border, restriction. अवधि, सीमा, किनारा, हद्द; -*v. t.* to set bounds to, to restrict, to confine with boundaries. सीमा बाँधना, सीमा में बाँधना, परिमित करना, घेरना।

Limitable-लि-मि- टे - बल्-*adj.* that may be limited or bounded. सीमाबद्ध।

Limitary-लि-मि-ट-रि-*adj.* placed at the limit. सीमा पर रक्खा हुआ।

Limitation-लि - मि-टे' - शन्-*n.* restriction, extent. परिमितता, हद्द, मियाद।

Limitative-लि - मि-टे - टिव्-*adj.* restricting. हद्द बाँधनेवाला।

Limited-लि-मि-टेड्-*adj.* narrow, restricted. संकुचित, परिमित, सीमित; Limited meaning (narrow sense.) सङ्कुचित अर्थ; Limited knowledge (knowledge only of a few subjects.) अल्प विषयक ज्ञान; Limited monarchy (monarchy which is subject to constitutional restrictions.) नियन्त्रित राज्य।

Limitless-लि - मिट्' - लेस्-*adj.* having no limits, boundless. बिना सीमा का, असीम, बेहद्द; Without limit (unlimited.) बिना सीमा अथवा किनारे का, अनन्त।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Limn - लिम्-*v. t.* to paint a picture. चित्र रँगना।

Limner - लिम'-नर् *n.* artist, a painter. चित्र रँगनेवाला।

Limnology-लिम्नॅ-लॉजि-*n.* study of lakes. सरोवर-अध्ययन।

Limous-लाइ'-मस्-*adj.* muddy, slimy. कीचड़ से युक्त, कँकड़ीला।

Limp-लिम्प्-*v. i.* to walk lamely, to halt. लँगड़ाकर चलना, ठमकना; -*n.* the act of limping. लँगड़ाहट; -*adj.* flexible. मुलायम, लचीला।

Limper-लिम्पर्-*n.* one who walks lamely. लँगड़ाकर चलनेवाला।

Limpid-लिम्पिड्-*adj.* pure, clear. शुद्ध, स्वच्छ; **Limpidity** (-इटि)-*n.* purity. शुद्धता।

Limpingly-लिम्प्-इङ्ग्-लि-*adv.* in a limping manner. लँगड़ाते हुए।

Limpness-लिम्प्-नेस्-*n.* the quality of being limp. मृदुता, मुलायमियत।

Limpkin-लिम्प् - किन्-*n.* a kind of crane. एक प्रकार का सारस।

Limy-लाइमि-*adj.* viscous. चिपचिपा।

Linament-लिन-मेंन्ट्-*n.* a lint for a wound. घाव पर बाँधने की पट्टी।

Linchpin-लिन्श्-पिन्-*n.* a pin fixed on the end of the axle to keep wheel on. धुरे पर लगी हुई कील जो पहिये को गिरने से रोके रहती है।

Linden-लिन्-डेंन्-*n.* the lime-tree. जंभीरी नीबू का वृक्ष।

Line-लाइन् - *n.* a fine cord, a series of points joined together, series, outline, a row, railroad, direction, wire, lineage, a verse, twelfth part of an inch. रस्सी, पतली रेखा, पंक्ति (श्रेणी), आकार, दिशा, तार, वंश, रेल की पटरी, कविता की पंक्ति, इन्च का बारहवाँ भाग; -*v. t. & i.* to apply something inside. परत लगाना (अस्तर लगाना), पंक्ति में रखना; **All along the line** (in all directions.) सब दिशाओं में; **By rule and line** (according to rule.) नियमानुसार ; **Fishing-line** (a cord used in fishing). बंसी की डोरी; **Hard lines** (hardship.) अभाग्य; **In regular line** (in regular order.) क्रम से; **Line-drawing** (a drawing with pen or pencil.) पेन्सिल या निब से चित्र बनाना; **Line of a stanza** (a piece of poetry.) पद्य का चरण; **Line of conduct** (form of character.) चरित्ररीति; **Line of family** (lineage.) वंशक्रम; **Line of study** (method of study.) अध्ययन-क्रम; **Line of troops** (regular regiment.) पंक्तिबद्ध नियमित सेना; **Railway line** (a single track of rails.) रेल की किसी कम्पनी की लाइनों का क्रम; **Out of line** (out of subject.) विषय के बाहर।

Lineage-लिनि - ऍज्-*n.* ancestry, race, pedigree. वंश, कुल (सन्तति), वंशपरम्परा; **Of royal lineage** (of royal descent.) राजकुल में उत्पन्न।

Lineal-लि-नि - अल्-*adj.* hereditary. परम्परा-प्राप्त, पैतृक; **Lineally** (-अ-लि) -*adv.* in a direct line. परम्परा या वंश-क्रम से।

Lineament-लिनिअमेंन्ट्-*n.* characteristic mark, feature. मुख की आकृति, चिह्न, (रूप, आकार)।

Linear - लिनि - अर् - *adj.* of lines, narrow. रेखा-सम्बन्धी, सीधी लकीर का (सङ्कुचित) ; **Linearly** (-लि)-*adv.* in a linear manner. एक रेखा में; **Lineation** (-ए'-शन्)-*n.* arrangement of lines. रेखा-क्रम, लकीरों से बना हुआ चित्र।

Linen-लि-नेंन्-*n.* cloth made of flax. सन का बना हुआ वस्त्र; **Linen-draper** (the person who deals in linen &c.) बजाज।

Liner-लाइ'-नर्-*n.* a ship belonging to a line. जहाजों की पंक्ति में का एक जहाज।

-ling-लिङ्ग्-*suf.* a suffix in sense of 'connection with', a diminutive. 'सम्बन्ध' अर्थ का तथा 'अल्पार्थक' प्रत्यय, यथा-sapling, duckling. इत्यादि।

Linger-लिङ्ग्-गर्-*v. i & t.* to delay, to stay about, to loiter, to stop departure. विलम्ब करना, कालक्षेप करना, देर तक ठहरना।

Lingerer-लिङ्ग - रर्-*n.* one who lingers. विलम्बकारी, दीर्घसूत्री।

Lingering-लिङ्ग-रिङ्ग-*adj.* slow in motion. विलम्बकारी, चिरकाल का; **Lingering disease** (a disease that stays for a long time.) शीघ्र न अच्छा होनेवाला रोग।

Lingeringly-लिङ्ग-रिङ्ग-लि-*adv.* in a lingering manner. ठमककर, विलम्ब करते हुए।

Lingo-लिङ्गो-*n.* contempt for everything foreign. परदेशी भाषा तथा मनुष्य से घृणा।

Lingua franca-लिङ्ग्'-वा-फ्रॉङ्का-*n.* a mixture of several languages, an international jargon. अनेक भाषाओं की खिचड़ी, अन्तर्राष्ट्रीय खिचड़ी भाषा।

Lingual-लिंग्वल्-*adj.* of the tongue. मूर्धन्य, जीभ से उच्चरित होनेवाला (शब्द)।

Linguiform-लिंग्वि - फॉर्म्-*adj.* of the shape of a tongue. जिह्वा के आकार का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Linguist-लिङ्ग्'-विस्ट्-*n.* a person who is skilled in many languages. भाषाप्रवीण, अनेक भाषाएँ जाननेवाला।

Linguistic-लिङ्ग्'-वि-स्टिक्-*adj.* pertaining to linguistics. बहुभाषी-सम्बन्धी; **Linguistically** (-अलि) -*adv.* in a linguistic manner. भाषा-प्रवीणता से।

Liniment-लिनि-मेन्ट्-*n.* an embrocation or ointment. पीड़ा के स्थान में मलने की औषध, लेप।

Lining-लाइन्'-इङ्ग्-*n.* the inner surface of anything. किसी पदार्थ का भीतरी आवरण, अस्तर; **Every cloud has a silver lining** (there is good in every evil.) सभी बुराई में कुछ न कुछ भलाई रहती है।

Link-लिङ्क्-*n.* one ring of a chain, bend in a river, 1/100 of a surveying chain (about 3 *in.*), connecting part, a torch. कड़ी, सन्धि, नदी का मोड़, उल्का, मशाल; -*v. t.* to join, to connect. जोड़ना, मिलाना, संयुक्त करना।

Link-boy-लिङ्क्'-बॉय्-*n.* (also **Link-man.**) a boy or man who carries a torch. मशालची।

Linked-लिङ्क्'-इ-*adj.* joined. सम्बद्ध।

Linn-लिन्-*n.* a waterfall, a ravine. जलप्रपात, कन्दरा।

Linnet-लि-नेंट्-*n.* a kind of song-bird. एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया।

Linoleum - लिनोलिअम्-*n.* a floor-cloth of canvas coated with linseed oil. अलसी का तेल पोता हुआ फ़र्श पर बिछाने का टाट।

Linotype-लाइन्'-ॲ-टाइप्-*n.* a machine for producing stereotyped lines of types. छापे की लाइन की लाइन टाइप ढालने का यन्त्र।

Lustiness-लस्टि - नेस् - *n.* pleasure, delight, vigour, lustfulness. सुख, सन्तोष, आनन्द, शक्ति, कामुकता।

Lustral-लस्ट्रल-*adj.* purifying. शुद्धिकर।

Lustrate-लस्ट्रेट्-*v. t.* to purify by sacrifices &c. यज्ञ, होम इत्यादि से शुद्ध करना।

Lustration-लस्ट्रेशन-*n.* the act of purifying. होम आदि से शुद्धिकरण।

Lustre-लस्टर्-*n.* gloss, brightness, brilliance, fame, radiant beauty, splendour. चमक, प्रकाश, प्रभा, यश, शोभा, कान्ति; **Lustreless** (-लेस्)-*adj.* devoid of lustre. प्रकाशहीन।

Lustrous-लस्ट्रस् - *adj.* luminous, shining, bright. दीप्तिमान्, चमकीला, प्रभापूर्ण।

Lute-ल्यूट्-*n.* a musical instrument like guitar. सितार, वीणा; -*v. i.* to play on a lute, to sound like a lute. सितार बजाना, सितार के समान स्वर निकालना।

Lutenist-ल्यू'- टिनिस्ट्-*n.* (also Lutanist.) one who plays on the lute. वीणा या सितार बजानेवाला मनुष्य।

Luteous-ल्यू'-टि-अस्-*adj.* of deep orange colour. गहरे नारङ्गी रङ्ग का।

Lute.

Lutestring-ल्यूट्'-स्ट्रिङ्ग्-*n.* a string of a lute, a kind of glossy silk. वीणा का तार, एक प्रकार का चमकीला रेशमी कपड़ा।

Lutose-ल्यू' - टोस् - *adj.* covered with mud. कीचड़ से ढका हुआ।

Luxate-लक्सेट् -*v. t.* to dislocate a joint, to displace. जोड़ या सन्धि हटाना, स्थान से हटाना।

Luxation-लक्सेशन्-*n.* dislocation. सन्धि-च्युति, स्थान-च्युति।

Luxuriance-लग्-ज़ू-रि- अन्स् -*n.* exuberance. समृद्धि, बहुतायत।

Luxuriant-लग्-ज़ू'-रि-अन्ट्-*adj.* profuse, abundant, exuberant. अत्यन्त, प्रचुर, अति समृद्ध।

Luxuriate-लग्-ज़'- रि-एट्' - *v. i.* to feed or live luxuriously. आनन्द मचाना, चैन करना।

Luxurious-लग्-ज़'- रि-अस् - *adj.* indulging in luxury. सुखभोगी, विलासी; **Luxuriously** (-लि) - *adv.* in a luxurious manner. अति सुख से, विलासपूर्वक; **Luxuriousness** (-नेस्) -*n.* the state or quality of being luxurious. विलासिता।

Luxurist-लक्श'-रिस्ट्, लक्सुरिस्ट्-*n.* one given to luxury. विलासी मनुष्य।

Luxury-लक्शरि-*n.* (*pl.* Luxuries) habitual use of rich food, dress &c., delicacy. विशिष्ट भोजन, वस्त्र इ० का प्रयोग, विलास, विषय-सुख।

Lycanthropy-लाइ-कॅन्'-थ्रॉ-पि-*n.* madness in which the patient thinks himself to be a beast. पागलपन जिसमें रोगी अपने को पशु समझता है।

Lychnis-लिक्'-निस् -*n.* a genus of plants. एक प्रकार के पौधे।

Lycopod, Lycopodium-लाइ'- कॅ-पॉड्, (- पो-डि - अम्) - *ns.* a kind of clubmoss. एक प्रकार की सेवार।

Lydian-लिडिअन्-*adj.* soft, effiminate. मृदुल, कोमल, जनाने ढंग का।

Lye-लाइ-*n.* a mixture of vegetable ashes and water. क्षारपूर्ण जल, सज्जीखार का घोल।

Lying-लाइङ्ग् -*n.* telling lies, *present participle* of "lie." झूठ बोलना, पड़े हुए; **Lyingly** (-लि) -*adv.* falsely, without truth. झूठ बोलते हुए।

Lyke-wake-लाइक्'-वेक्-*n.* watching a dead body at night. शव को रात्रि में अगोरना।

Lymph-लिम्फ्-*n.* a colourless fluid in the tissues of animal body. शरीर में का पंछा।

Lymphatic- - लिम्फॅटिक् -*adj.* pertaining to lymph. शरीर के पंछे से सम्बन्धित।

Lyncean-लिन्सिअन्-*adj.* keen-sighted. तीव्र दृष्टिवाला।

Lynch-लिन्ज्-*v. t.* to inflict punishment illegally. अन्याय युक्त दंड देना; - *n.* mob rule. मनमाना राज्य।

Lynx-लिङ्क्स्-*n.* a wild quadruped of the cat family. बिल्ली के कुल का एक जङ्गली पशु।

Lyrate-लाइ-रेट्-*adj.* of the form of a lyre. वीणा के आकार का।

Lyre-लायर्-*n.* a stringed musical instrument. वीणा, बीन।

Lyric-लिरिक्-*adj.* of the lyre, meant to be sung. वीणा का, गायन-सम्बन्धी; **Lyrically** (-अ-लि)-*adv.* in a lyric manner. गाने के रूप में; **Lyricism** (-रि-सिज़्म्)-*n.* a lyric composition. गायनरूप की कविता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

M-ऍम्-the thirteenth letter of the English alphabet, in Roman notation used for 1000. अंग्रेज़ी भाषा का तेरहवाँ अक्षर, रोमन अङ्कमाला में १००० के लिए प्रयुक्त अङ्क।

Ma-मा-*n.* childish contraction for 'Mamma'. 'Mamma' का छोटा रूप, मा, अम्मा।

Ma'am-मॅम् (मम्)-*n.* a contracted form of 'Madam.' 'मॅडम्' का छोटा रूप, महोदया।

Mab-मॅब्-*n.* the queen of the fairies. परियों की रानी।

Mac-मॅक्-*n. pref.* used in names meaning 'son of.' नामों में "पुत्र" अर्थ का उपसर्ग।

Macabre-मकाबर्-*adj.* horrible. भयंकर।

Macadamize-मॅकॅडमाइज़् - *v. t.* to cover a road with small pieces of broken granite. पत्थर के टुकड़ों को पीटकर सड़क बनाना; **Macadamization (-ऍ'-शन्)-*n.*** preparing road by this method. गिट्टी से सड़क बनाने का कार्य।

Macaque-मॅ-काक्'-*n.* an African ape. अफ्रीका का लंगूर।

Macaroni-मॅकरो'-नि-*n.* (*pl.* Macaronies) a wheaten paste in long tubes dried for food. खाने के लिये मैदे की लेई की सुखाई गई बत्ती, सेवईं।

Macaronic-मॅकरॉनिक् - *n. pl.* a mixture of languages अनेक भाषाओं का मिश्रण।

Macaroon-मॅकॅअ-रून्'-*n.* a sweet cake of almond, egg and sugar. बादाम, अण्डा तथा चीनी की एक प्रकार की मिठाई।

Macassar-oil-मकॉसर् - ऑइल् - *n.* a kind of scented hair-oil from Macassar town in Celebes Island. सिलिबीज़ द्वीप के मकासर नगर का एक प्रसिद्ध सुगन्धित तैल।

Macaw-मकॉ-*n.* a kind of parrot, a kind of palm. एक प्रकार का तोता, एक प्रकार का नारियल।

Mace-मॅस्-*n.* a heavy club, the outer covering of nutmeg. भारी गदा, जावित्री; **Mace-bearer** (one who carries a mace.) गदाधारी।

Macerate-मॅसरेट्-*v. t. & i.* to soften by steeping in water, to be reduced by fasting. भिगोकर मुलायम करना, व्रत करके दुर्बल होना; **Maceration (-ऍ'-शन्) -*n.*** act of softening by steeping in water. जल में भिगोकर मुलायम करने का कार्य।

Machiavel-मॅकिअवॅल्-*n.* a cunning statesman. धूर्त राजनीतिज्ञ; **Machiavellism (-इज़्म्) -*n.*** cunning statesmanship. कूटनीति।

Machinal-मॅ-शीनल्-*adj.* pertaining to machines. यन्त्र सम्बन्धी।

Machinate-मॅकिनेट्-*v.t.* to form an intrigue, to lay plots. कपट प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना।

Machination-मॅकिनेशन्-*n.* the act of scheming. कूट प्रबन्ध; **Machinator (-ऍ'-टर्)-*n.*** one who plans a scheme. कपट-प्रबन्ध रचनेवाला, षड्यन्त्र करनेवाला मनुष्य।

Machine-म-शीन्'-*n.* an apparatus for applying mechanical energy, one who acts without intelligence. यन्त्र, साधन, बिना बुद्धि के काम करनेवाला;-*v. t.* to work with a machine. यन्त्र द्वारा काम करना; **Machine-gun** (gun which keeps up continuous firing.) लगातार गोला छोड़नेवाली बन्दूक; **Simple machine** (a machine composed of a few simple parts.) यन्त्र जिसमें कम भाग या पुरज़े हों।

Machiner-मशीनर्-*n.* a horse that drives a machine, one who works a machine. यन्त्र (मशीन) को चलानेवाला घोड़ा, यन्त्र को चलानेवाला मनुष्य।

Machinery-मशीनरि-*n.* (*pl.* Machineries) the work of a machine, machines in general. यन्त्र का कार्य, यन्त्रों का समूह।

Machinist-मशीनिस्ट्-*n.* one who prepares or operates a machine. यन्त्र बनाने या चलानेवाला व्यक्ति।

Mackerel-मॅकरल्-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Mackintosh-मॅकिन्टॉश्-*n.* a waterproof cloth. बरसाती कपड़ा।

Macle-मॅ - कल् - *n.* a twin crystal. जुड़वाँ बिल्लौर का टुकड़ा।

Macrame-मक्रा - मि - *n.* a fringe of knotted thread. गाँठ दी हुई झालर।

Macrocosm-मॅ-क्रो'-कॉज़्म्-*n.* the entire universe. सम्पूर्ण संसार, त्रिभुवन।

Macrology-मॅ-क्रो'-लॉ-जि-*n.* verbosity. वाचालता, बड़बड़ाहट।

Macron-मॅक्रॉ'-रॅ-न्-*n.* a mark over a vowel to show that it is long. अंग्रेज़ी स्वर पर दीर्घ का चिह्न, यथा:-á,ê,î,ô,û.

Macrurous-मॅक्रूरस्-*adj.* having a long tail. लम्बी पूँछवाला।

Macula-मॅक्यू'-यू - ला-(*pl.* Maculae) *n.* the dark spot in the Sun, permanent mark on skin. सूर्य का कलङ्क, धब्बा, लाञ्छन; **Macular (-लर्)-*adj.*** spotted. कलङ्क-युक्त, धब्बेदार।

Maculate-मॅक्यूलेट्-*v. i.* to spot, to stain. धब्बा लगाना, कलङ्कित करना; -*adj.* spotted, stained. धब्बेदार।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Maculation-मॅक्यूलेशन्-*n.* spotting. लाञ्छन।

Mad-मॅड्-*adj.*(*comp.* Madder, *sup.* Maddest) insane, crazed, wildly excited, disordered in intellect. उन्मत्त, भ्रान्तचित्त, पागल, विकृत बुद्धिवाला;--*v. t. & i.* to make or become mad. पागल करना या होना; To go mad (to turn insane.) उन्मत्त होना।

Madam-मॅडम्-*n.* a polite form of address for a mistress or lady. महाशया, साहिबा, बीबी।

Madcap-मॅड'-कॅप्-*n.* an eccentric person. झक्की मनुष्य।

Madden-मॅ-डन्-*v.t. & i.* to make or become mad. उन्मत्त करना या पागल होना; Maddening (-इङ्ग्)--*adj.* causing madness, raging. पागलपन लानेवाला, भयङ्कर।

Madder-मॅ-डर्-*n.* a climbing plant. कालमेशी, मजीठ, छबीला।

Made-मेड्-*p. t. & p. p.* of Make.

Mademoiselle-मॅडम्व-ज़ॅल्-*n.* an unmarried woman. कुमारी कन्या।

Madhouse-मॅड्'-हाउस्-*n.* a lunatic asylum. पागलखाना।

Madia-मॉ'-डि-आ-*n.* a plant similar to sunflower. सूरजमुखी के प्रकार का पौधा।

Madly-मॅड्'-लि-*adv.* in a mad way. उन्मत्तता से, पागलपन से।

Madness-मॅड्'-नॅस्-*n.* the quality of being mad. पागलपन।

Madrigal-मॅड्रिगल्-*n.* a pastoral song. देहाती गीत (कजली, आल्हा); Madrigalian (-अन्)-*adj* pertaining to a pastoral song. ग्रामीण (देहाती) गायन-सम्बन्धी।

Maffick-मॅ-फ़िक्-*v.i.* to exult or rejoice in a riotous manner. उन्मत्त की तरह आनन्द मचाना

Mag-मॅग्-*n.* a half penny. अधेला।

Magazine-मॅगज़ीन्'-*n.* a place for storing arms, ammunition, provisions &c., a periodical publication. शस्त्र, बारूद, सामान इत्यादि का गोदाम, नाना विषय की पुस्तक या पत्रिका; Magazine-gun (a rifle which contains a supply of cartridges.) बन्दूक जिसमें अनेक कारतूस भरे होते हैं और पारी-पारी छूटते जाते हैं।

Mage-मेज़्-*n.* a magician, a learned man. जादूगर, पण्डित।

Maggot-मॅगॅट्-*n.* larva of a worm, whimsical fancy, whim. कृमि (कीड़ा), मौज (झक)।

Maggoty-मॅगॅ-टि-*adj.* full of maggots. (कीटपूर्ण) कीड़ों से भरा हुआ।

Magi-मेजाइ-*n. pl.* of Magus. a magician or a wise man of the East. प्राच्य (पूर्व) देशों का जादूगर या विद्वान्।

Magic-मॅजिक्-*n.* witchcraft, sorcery, enchantment. मन्त्र, इन्द्रजाल, जादूगरी; Magic lantern (see under Lantern.)

Magic square-मॅजिक्-स्क्वॅअर्-*n.* a big square divided into smaller ones, each square contains a number and they are so placed that the sums of them vertically, horizontally and diagonally are the same. अङ्कयंत्र।

8	1	6
3	5	7
4	9	2

Magic square.

Magical-मॅजिकल्-*adj.* pertaining to magic. ऐन्द्रजालिक, जादू का; Magically (-लि)-*adv.* in a magical way. जादूगरी से।

Magician-मॅजिशन्-*n.* a wizard, one skilled in magic. जादूगर।

Magisterial-मॅजिस्टीरिअल्-*adj.* pertaining to a magistrate. मैजिस्ट्रेट-सम्बन्धी, शासन का; Magisterially (-लि)-*adv.* in a magisterial manner. शासन के रूप से या में।

Magistracy-मॅजिस्ट्रॅ-सि-*n.* the office or dignity of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद, इनका समूह।

Magistrate-मॅजिस्ट्रेट्-*n.* a civil officer of the government invested with executive powers. जनपदाधीश, न्यायाध्यक्ष, मैजिस्ट्रेट; Magistrateship (-शिप्)-*n.* the office of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद।

Magna Charta-मॅग्ना कार्टा-*n.* the Great English Charter of 1215. सन् १२१५ का इङ्गलैण्ड देश का प्रसिद्ध राजकीय आज्ञापत्र।

Magnanimity-मॅग्ननिमिटि-*n.* greatness of mind, nobility. उदारता, महानुभावता।

Magnanimous-मॅग्ननिमस्-*adj.* having greatness of mind, highsouled, high-minded. महानुभाव, उदारचरित; Magnanimously (-लि)-*adv.* in a magnanimous manner. दानशीलता या महिमा से।

Magnate-मॅग्-नेट्-*n.* a wealthy or eminent personage. उच्चपदाधिकारी मनुष्य, रईस।

Magnesia-मॅग्-नी-शि-आ-*n.* a white alkaline earth used in medicines. एक प्रकार की दवा में पड़नेवाली क्षार-युक्त सफेद मिट्टी।

Magnesium-मॅग्-नीज़ि-अम्-*n.* a metallic

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

element. एक विशेष धातु जो जलाने से तीव्र प्रकाश देती है।

Magnet-मॉग्-नेट्-*n.* a piece of iron which has the property of attracting small bits of iron. लोहकान्तमणि, चुम्बक।



Magnet

Magnetic - मॉग्नेटिक् -*adj.* having the properties of a magnet, produced by magnetism. आकर्षक, खींचने की शक्तिवाला;-*n. pl.* science of magnetism. आकर्षणविद्या ; **Magnetic needle** (the light bar in mariner's compass which, being magnetised, points always to the north.) कुतुबनुमा की चुम्बकीय सूई जो उत्तर की दिशा दिखाती है ; **Magnetically** (-अलि) -*adv.* by magnetism. चुम्बकीय आकर्षण द्वारा।

Magnetism-मॉग्नेटिज़्म्-*n.* the natural agency producing attraction. आकर्षणशक्ति; **Terrestrial magnetism** (attractive force of the earth.) पृथ्वी की आकर्षणशक्ति।

Magnetization - मॉग्नेटाइज़ेशन् - *n.* the act of magnetizing, the state of being magnetized. आकर्षण संस्कार

Magnetize-मॉग्नेटाइज़्-*v. t.* to turn iron into a magnet. लोहे में आकर्षण-शक्ति उत्पन्न करना।

Magneto - मॉग् - नी' - टॅ-*n.* a generator of electric current. बिजली की शक्ति उत्पन्न करने का यन्त्र।

Magnifiable-मॉग्निफ़ाइ-ऍ-ब्ल् - *adj.* able to be magnified, worthy of being extolled. बढ़ाने योग्य।

Magnification-मॉग्निफ़िकेशन् - *n.* the act of magnifying. बृहत्तरकरण।

Magnificence-मॉग्-निफ़िसेन्स् - *n.* grandeur or splendour of appearance. तेज, महिमा, प्रताप, ऐश्वर्य।

Magnificent-मॉग्-निफ़िसेन्ट् - *adj.* splendid, pompous, stately, excellent. शोभमान, तेजस्वी, महाप्रतापी, देदीप्यमान; **Magnificently** (-लि) - *adv.* in a stately or magnificent manner. प्रताप (ऐश्वर्य) के साथ।

Magnifico-मॉग्निफ़िको-*n.* a grandee. यशस्वी, रईस।

Magnifier-मॉग्' - नि-फ़ायर् - *n.* one who magnifies. बढ़ाकर दिखलानेवाला।

Magnify-मॉग्'-नि-फ़ाइ-*v. t.*(*p. t.* **Magnified**) to exaggerate, to increase the size of, to extol. बढ़ाना, अधिक करना, अतिशय वर्णन करना।

Magnifying glass - मॉग्निफ़ाइङ् - ग्लास् - *n.* a convex lens, the objects seen through which have their apparent dimensions increased. बृंहणयन्त्र, आतशी शीशा, ताल।



Magnifying glass.

Magniloquence - मॉग्निलॅ - क्वेन्स् - *n.* a pompous speech. प्रौढ़ भाषण।

Magniloquent-मॉग्निलॅ-क्वेन्ट्-*adj.* bragging, speaking pompously, boastful. धृष्ट वाक्यवाला, शेखीबाज़; **Magniloquently** (-लि) -*adv.* in a boastful manner. प्रगल्भ वाणी से।

Magnitude-मॉग्'-निट्-यूड्-*n.* largeness, bulk, size, importance. परिमाण, मात्रा, आकार, महत्त्व; **Of the first magnitude** (of the greatest importance.) सबसे अधिक महत्त्व का।

Magnolia-मॉग्-नो'-लि-आ-*n.* a kind of large flowering tree. बड़े फूलवाला एक प्रकार का वृक्ष।

Magnum-मॉग्'-नम्-*n.* a bottle containing about eighty ounces of liquid. अस्सी आउन्स तरल पदार्थ रखने का बोतल।

Magnum bonum-मॉग्-नम्-बो'-नम्-*n.* a kind of large plum or potato. एक प्रकार की बड़ी बेर या आलू।

Magpie-मॉग्'-पाइ-*n.* a chattering bird with long tail and black and white plumes. नीलकण्ठ पक्षी।

Magus-मे'-गस्-*n.* an Eastern magician or wise man. पूर्वी देशों का जादूगर या विद्वान्।

Mahl-stick-माल्'-स्टिक्-*n.* a painter's hand-rest. चित्रकार की हाथ टेकने की तख्ती।

Mahogany-महॅग - नि - *n.* an American tree much used for furniture. महोगनी वृक्ष।

Maid-मेड्-*n.* (*mas.* **Bachelor**) a young unmarried woman, a girl, a female servant. कन्या, कुमारी, अविवाहिता युवती, दासी; **Maid of Honour** (a female attendant upon a queen.) रानी या राजकुमारी की सेविका या दासी।

Maiden-मेड्-इन्-*n.* & *adj.* a virgin, a maid, unused, fresh, new. युवती बालिका, कुमारी, कन्या, ताज़ी, नई, **Maidenhead** (virginity.) तारुण्य ; **Maiden-hood** (-हुड्)-*n.* virginity. तरुणता ; **Maidenly** (-लि)-*adj.* like a maid, modest, gentle. कुमारी के समान, विनीत, नम्र; **Maiden name** (surname of a girl before marriage) स्त्री का विवाह के पहिले का नाम ; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) वक्ता का पहिला व्याख्यान।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Mail-मेल्-*n.* an armour of chainwork, a bag for the conveyance of letters, the postal system, rent, payment, a protective covering of an animal, a spot caused by ironing cloth, a tribute paid to free booters, a person or carriage carrying letters. शरीर-त्राण, कवच, डाक का थैला, डाक विभाग, किराया, भुगतान, पशुओं का रक्षाआवरण, कपड़े पर इस्त्री का दाग, डाकुओं को घूस या कर, डाकिया या डाक-गाड़ी; -*v. t.* to send letters &c. by post. डाक द्वारा चिट्ठी इत्यादि भेजना।

Mailable-मेलेबल्-*adj.* able to be mailed. डाक से भेजने योग्य।

Mailcoach-मेल्-कोच्-*n.* (also Mail-drag or gig or Van.) a coach for carrying mail: डाक ले जाने की गाड़ी।

Mail-train-मेल्'-ट्रेन्-*n.* a train that carries the mail. डाकगाड़ी।

Maim-मेम्-*v. t.* to cripple, to mutilate. अङ्ग-हीन करना, काटना; -*n.* mutilation. हीनाङ्गता; **Maimed** (-ड्) -*adj.* crippled. हीनाङ्ग।

Main-मेन्-*n.* physical force, the ocean, a chief gas or water pipe or cable of electric current. शारीरिक बल, महासागर, गैस या पानी की प्रधान नली या बिजली की धारा ले जाने-वाला प्रधान तार; -*adj.* principal, chief, most important. मुख्य, प्रधान, सबसे अधिक महत्त्व-पूर्ण; **In the main** (chiefly.) प्रधान रूप से; **Mainland** (principal land.) महाद्वीप, महादेश; **Mainly** (-लि) -*adv.* principally, chiefly. प्रधान रूप से, विशेष करके; **Main mast** (the principal mast of a ship.) जहाज का प्रधान मस्तूल; **Main spring** (the principal spring of a watch or clock.) घड़ी की बड़ी कमानी; **Mainstay** (the principal support.) प्रधान आश्रय; **Main stock** (capital.) मूलधन; **With might and main** with full force.) सम्पूर्ण बल से।

Maintain-मेन्-टेन्-*v t.* to keep up, to hold, to support, to continue, to furnish, to uphold, to defend, to assert as true. अवलम्बन करना, प्रतिपादन करना, निर्वाह करना, सँभालना, धारण करना, रक्षा करना, किसी सिद्धान्त को स्वीकार करना।

Maintainable-मेन्-टे-नेबल्-*adj.* that may be supported. प्रतिपादन करने (सँभालने) योग्य।

Maintenance-मेन्टि-नेन्स्-*n.* subsistence, means of support. जीविका, रक्षा, निर्वाह।

Maize-मेज़्-*n.* Indian corn: मक्का, भुट्टा।

Maizena-मेज़ीना-*n.* maize starch. भुट्टे का आटा।

Majestic-मी-जेस्टिक्, **Majestical** (-अल्) -*adj.* splendid, sublime, stately. प्रभावशाली, ऐश्वर्यपूर्ण; **Majestically** (-अ-लि) -*adv.* in a majestic manner. गौरव के साथ, ऐश्वर्य से।

Majesty-मी-जे-स्टि (*pl.* Majesties) stateliness, sovereign power, greatness, grandeur, dignity. वैभव, राजप्रताप, गौरव, महिमा; **Your Majesty.** महाराज।

Major-मेजर्-*n.* an officer in rank above a captain, a chief, a person of full age. सैन्यदल का अध्यक्ष, प्रमुख, वयस्क, (बालिग); -*adj.* greater, more important. अधिक बड़ा या आवश्यक।

Majority-मे-जॉ-रि-टि-*n.* greater number, full age. अधिक संख्या, बहुमत, वयस्कता।

Majuscular-see **Majuscule.**

Majuscule-मी-जस्-क्यूल्-*n.* a capital letter. बड़ा अक्षर; **Majuscular** (-लर्)-*adj.* pertaining to majuscule. बड़े अक्षर-से संबंधित।

Make-मेक्-*v. t.* (*p. t. & p.p.* Made.) to construct, to frame, to draw up, to perform, to compose, to execute, to establish, to collect, to prepare, to compel, to reach. बनाना, गढ़ना, मसौदा बनाना, सम्पन्न करना, रचना करना, सम्पादन करना, स्थापित करना, इकट्ठा करना, तैयार करना, बाध्य करना, पहुँचना; -*n.* shape, structure. आकार, बनावट; **A selfmade man** (a person who has risen by his own exertions.) अपने बाहुबल से धन उपार्जन करनेवाला मनुष्य; **To make account of** (to esteem.) प्रतिष्ठा करना; **To make after** (to follow.) अनुकरण करना; **To make amends** (to compensate.) घाटा पूरा करना; **To make anything of** (to find a meaning of.) मतलब निकालना; **To make away** (to run away.) भाग जाना; **To make fire** (to light fire.) आग सुलगाना; **To make for** (to be fit for.) योग्य होना; **To make friends** (to form friendship.) मित्रता करना; **To make fun of** (to trifle with.) दिल्लगी करना; **To make light of** (to think of no importance.) तुच्छ समझना; **To make merry** (to feast.) उत्सव मनाना; **To make off** (to run away.) भाग जाना; **To make out** (to understand clearly.) समझना, पता लगाना; **To make over** (to transfer title of.) सौंपना; **To make room** (to give place.) जगह करना; **To make up** (to reconcile.) पूरा करना; **To make up one's mind** (to determine.) संकल्प करना; **To make way** (to improve.) उन्नति करना।

Make-believe-मेक्'-बि-लीव्-*n.* a pretence. बहाना; -*adj.* sham. बनावटी, झूठा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Make-peace-मेक्'-पीस्-*n.* a peacemaker. शांति स्थापन करनेवाला।

Maker-मेकर्-*n.* one who makes. रचनेवाला, बनानेवाला, कर्त्ता; Maker of pots (a potter.) कुम्हार।

Makeshift-मेक्'-शिफ़्ट्-*adj.* temporary, expedient. क्षणिक, आवश्यक।

Make-up-मेक्'-अप्-*n.* the part out of which a thing is made, arrangement of galleys of types into pages, one's character, temperament, mental qualities, painting and dressing of an actor or actress, outer appearance of a book. टुकड़ा जिससे कोई पूरी वस्तु बनती है, गेली के टाइप को यथास्थान रखकर पेज बाँधना, मनुष्य का चरित्र, प्रकृति, मानसिक योग्यता, अभिनेता या अभिनेत्री का साज, पुस्तक की बाहरी आकृति।

Makeweight-मेक्'-वेट्-*n.* that which is kept in the pan of a scale to make up the weight. पसँघा, धड़ा।

Making-मेकिंग्-*n.* workmanship, material. विधान, रचना, बनावट।

Mal-मॉल्-*pref.* in sense of 'bad'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'बुरा' है, यथा-Maladdress, Maltreatment. इत्यादि।

Malacca-मलाका-*n.* a town in Malaya Peninsula, dark brown cane of Malacca palm. मलाया प्रदेश का एक नगर, इस नगर की बेंत।

Maladjustment-मॉल्' - ॲड्- जस्ट्'-मेन्ट्-*n.* a faulty adjustment. बुरा प्रबन्ध।

Maladministration-मॉल्-ॲड् -मिनि-स्ट्रेशन्-*n.* a bad management. कुशासन, बुरा प्रबन्ध।

Maladroit-मॉल्-ॲ-ड्रॉइट्'-*adj.* clumsy. भद्दा, फूहड़; Maladroitly (-लि) -*adv.* clumsily. भद्देपन से; Maladroitness (-नेस्)-*n.* भद्दापन।

Malady-मॉलडि-*n.* (*pl.* Maladies.) sickness, disease. रोग, व्याधि।

Malaise-मॉल् - एज़् -*n.* bodily discomfort. शारीरिक क्लेश।

Malapert-मॉल्-अपर्ट्- *adj.* impudent, saucy. अविनीत, ढीठ; Malapertly (-लि)-*adv.* impudently. ढिठाई से; Malapertness (-नेस्))-*n.* impudence. धृष्टता।

Malaprop, Malapropism-मॉल्-ॲ-प्रॉप्,(-इज़्म) -*ns.* misusing a word in a ludicrous manner. भद्दी तरह से शब्द का प्रयोग करना; Malapropian (-इ-अन्)-*n.* ऐसा प्रयोग करनेवाला मनुष्य।

Malapropos-मॉलॉ-प्रॉ'-पो-*adv.* inopportunately, out of place. बुरे अवसर में, असमय में।

Malar-मेलर्-*adj.* pertaining to the cheek. गाल (की हड्डी) सम्बन्धी।

Malaria-मलेरिआ-*n.* a kind of fever caused by the bite of certain mosquitoes. एक प्रकार का ज्वर जो विषैले मच्छड़ों के काटने से उत्पन्न होता है; Malarial (-अल्), Malarious (-अस्) -*adjs.* pertaining to malaria. मलेरिया सम्बंधी।

Malcontent-मॉल्-कन्टेन्ट् - *n.* & *adj.* a discontented person, rebellious. असन्तुष्ट मनुष्य, अतृप्त; Malcontentedly (-ऍड्-लि)-*adv.* with discontent. असन्तोष से।

Male-मेल्-*n.* (*fem.* Female.) a male animal or plant. नर पशु या वनस्पति;-*adj.* pertaining to men or male animals, masculine. पुरुष-सम्बन्धी, पुँलिंग; Male child (a boy.) बालक, पुत्र; Male species (species of masculine sex.) पुरुष जाति।

Malediction -मॉलिडिक्शन्-*n.* a curse, evil-speaking. शाप, दुर्वचन; Maledictory (-टरि) -*adj.* of evil speaking. अभिशापक, दुर्वचन का।

Malefaction-मॉलिफ़ॅक्शन्-*n.* a curse. शाप, पाप

Malefactor-मॉलिफ़ॅक्टर्-*n.*(*fem.*Malefactress) an evil-doer, a criminal. पापी, अपराधी, कुकर्मी।

Malefic-मॉ-लि - फ़िक्-*adj.* harmful. हानिकर, नुकसान पहुँचानेवाला।

Maleficence-मॉ-लि-फि - सन्स्-*n.* evil-doing, ill-will. अपकार।

Maleficent-मॉ-लि - फि - सेन्ट्-*adj.* harmful, injurious. अपकारी।

Malevolence-मॉ-लेव्-लन्स्-*n.* ill-will, spitefulness. द्रोह, दुष्ट भाव।

Malevolent-मॉ- लेव्-लेन्ट् - *adj.* spiteful, envious. द्रोही, कुबुद्धि; Malevolently (-लि) -*adv.* spitefully. अहित की इच्छा से।

Malformation-मॉल्-फ़ॉर्म्'-ए-शन्-*n.*bad formation. भ्रष्ट रचना, बुरी बनावट; Malformed (-ड्)-*adj.* badly formed. भद्दी बनावट का।

Malice-मॉ-लिस्-*n.* ill-will, wrongful intention, spite. द्वेष, ईर्ष्या, डाह।

Malicious-मॉ-लि-शस्-*adj.* spiteful. द्रोही, पापात्मा; Maliciously (-लि)-*adv.* with ill-will, ईर्ष्या से, द्रोह से; Maliciousness (-नेस्) -*n.* the quality of being malicious. ईर्ष्या, द्वेष।

Malign-मॉ-लाइन्'-*v. t.* to speak ill of, to defame, to regard with hatred. कलङ्कित करना, बदनाम करना, दूषित करना, घृणा करना; -*adj.* injurious, malicious. घातक, ईर्ष्यालु।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Malignancy-मॉलिग्नन्सि *n.* unfavourableness. द्रोह, कपट।

Malignant-मॉलिग्नन्ट्-*adj.* harmful to life, malicious, showing ill-will. दुराशय, द्रोही, कपटी; **Malignantly** (-लि) -*adv.* द्रोह से, कपट से।

Malignity-मॉलिग्निटि-*n.* extreme ill-will or malice. बहुत बड़ा द्वेष या ईर्ष्या।

Malignly-म-लाइन्'-लि-*adv.* with malice or ill-will. ईर्ष्या से, द्रोह से।

Malingerer-मलिङ्गरर्-*n.* one who pretends illness to escape from duty. काम से भागने के लिये रोग का बहाना करनेवाला।

Malism-मॉलिज़्म्-*n.* the belief that there is more evil than good in this world. यह विश्वास कि संसार में भलाई की अपेक्षा बुराई अधिक है।

Malison-मॉ-लि-सन् -*n.* a curse. शाप।

Mall-मॉल्-*n.* a sheltered walk. टहलने का छायादार मार्ग, ठण्डी सड़क।

Mallard-मॉलर्ड्-*n.* the common wild duck. जङ्गली बत्तख।

Malleability-मॉलिऍबिलिटि, **Malleableness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being malleable. बढ़ने की योग्यता, आघात वर्द्धनीयता, लचीलापन।

Malleable - मॉलिऍब्ल् - *adj.* that can be extended by hammering without returning to its previous condition. पीटकर बढ़ाने योग्य, लचीला, आघात वर्द्धनीय।

Malleate-मॉलिऍट् - *v. t.* to extend a plate by hammering. हथौड़े से पीटकर चद्दर को बढ़ाना।

Mallet-मॉ-लेट्-*n.* a wooden hammer. लकड़ी का हथौड़ा, मुँगरी।



Mallet.

Malleus-मॉ-लि-अस्-*n.* the bone of the ear. कान में की हड्डी।

Mallow-मॉ-लो-*n.* a wild plant. एक प्रकार का जङ्गली पौधा।

Malm-माम्-*n.* soft chalky rock. मुलायम खड़िया मिट्टी की चट्टान।

Malnutrition-मॉल् - न्यू - ट्रिशन् - *n.* insufficient or unsuitable feeding or diet. अपर्याप्त पोषण।

Malodorous-मॉल्-ओ'-डर-स्-*adj.* foulsmelling. दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार।

Malpractice-मॉल्-प्रॅक्टिस् - *n.* evil practice, wrong doing, illegal practice. दुराचार, कुचरित्र, बुरी चाल।

Malt-मॉल्ट्-*n.* steeped barley or other grain prepared for brewing. भिगाया हुआ जव या दूसरा अन्न जो मदिरा बनाने के लिये तैयार किया जाता है; -*v. t.* to make into malt. जव का सत्व बनाना; **Malt-liquor** (liquor prepared from fermented malt.) जव की मदिरा।

Maltha-मॉल्था-*n.* a kind of cement. एक प्रकार का जोड़ने का मसाला।

Maltose - मॉल्ट्' - ओस् - *n.* sugar which is obtained from starch. स्टार्च से निकाली हुई चीनी।

Maltreat-मॉल्-ट्रीट्' - *v. t.* to treat badly, to abuse. बुरा व्यवहार करना, गाली देना; **Maltreatment** (-मॅन्ट्)-*n.* ill-treatment. अपकार, दुराचार, दुर्व्यवहार।

Malversation-मॉल्वर्स्-ऍ-शन् - *n.* fraudulent artifice, corrupt behaviour. दुष्ट व्यवहार, शठता, खोटा कार्य।

Mamma-म-मा-*n.* (also **Mama**) a familiar name for mother. माता, अम्मा; (मॉम्'-अ) -*n.* milkgland, breast. स्तन।

Mammal-मॉ-मल्-*n.* animal that suckles its young. अपने बच्चों को दूध पिलानेवाला प्राणी, स्तनीयजन्तु।

Mammalia-मॉमॅलिआ - *n. pl.* the highest form of vertebrates. अपने बच्चों के दूध पिलानेवाले पशुओं में श्रेष्ठ प्राणी।

Mammary-मॉमरि-*adj.* pertaining to the breast. स्तन-सम्बन्धी।

Mammilla-मॉ-मिला-*n.* the nipple of female breast. चूचुक, चूची; **Mammillary** (-रि) -*adj.* pertaining to the nipples. चूचुक-सम्बन्धी; **Mammillated** (-लेटेड्) -*adj.* of the form of a nipple, endowed with breast. चूचुकवत्, चूचुक-युक्त।

Mammon-मॉमन्-*n.* riches, wealth, god of wealth. धन, लक्ष्मी, कुबेर; **Mammonish** (-इश्)-*adj.* absorbed in the pursuit of riches. धनपरायण; **Mammonism** (-इज़्म्) -*n.* the pursuit of wealth. धनपरायणता।

Mammoth-मॉ-मथ्-*adj.* huge, very large. बहुत बड़ा, महान्।

Man-मॅन्-*n.* (*pl.* Men, *fem.* Woman.) a human being, male person, human race, male sex, male servant, adult, male individual, husband. मनुष्य, पुरुष, मनुष्यजाति, पुँल्लिङ्ग, नौकर, प्रौढ़, नर, पति; -*v. t.* (*p. t.* Manned) to furnish with men, to fill, to fortify. सेना से भरना, पूरित करना, पुष्ट करना; **All to a man** (every individual.)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रत्येक व्यक्ति; Little man (a small boy.) छोटा लड़का; Man and wife (husband and wife.) पति और पत्नी; Man-at-arms (a soldier.) योद्धा, सिपाही; Man-hole (a hole through which a man may enter a drain.) नाली में मनुष्यों के उतरने का छिद्र; Man in the street (the average man.) सामान्य मनुष्य; Man of letters (a scholar.) विद्वान् मनुष्य; Man of straw (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; Man-of-war (a ship of war.) लड़ाई का जहाज़।

Manacle-मॅन-कल्-*n.* a shackle for the hands, fetters. हथकड़ी; -*v. t.* to shackle. हथकड़ी पहिनाना।

Manage-मॅन्'-ऍज्-*v. t. & i.* to guide by the hand, to conduct carefully, to handle, to contrive. प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना, चलाना, साधना।

Manageability-मॅनॅ-जॅ-बिलिटि-*n.* the quality of being manageable. शासनीयता, व्यवस्था, प्रबन्ध।

Manageable-मॅनॅजेबॅल्-*adj.* easy to be managed. प्रबन्ध करने योग्य; **Manageableness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being manageable. प्रबन्ध करने की योग्यता।

Management-मॅन्'-ऍज्'-मॅन्ट्-*n.* dealing, administration. अनुशासन, प्रबन्ध।

Manager-मॅ-नॅ-जर्-*n.* one who manages. प्रबन्धकर्ता, प्रबन्धक, कारिन्दा।

Manageress-मॅनॅजरॅस्-*n. fem.* a female manager. प्रबन्धकर्त्री।

Managerial-मॅनॅजीरिअल्-*adj.* pertaining to management. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

Manciple-मॅन्'-सि-पल्-*n.* one who buys provisions for an inn. धर्मशाला या सराय के लिये सामान खरीदनेवाला।

Mandarin, Mandarine-मॅन्'-डॅ-रिन्,-रीन्-*n.* a small flat orange, orange-colour, a civil or military Chinese officer. एक प्रकार की छोटी चिपटी नारंगी, नारंगी रंग, चीन का दीवानी हाकिम या सेनाधिकारी।

Mandatary-मॅन्-डॅटॅरि-*n.* one to whom mandate is given. वह जिसे आज्ञापत्र दिया जाय।

Mandate-मॅन्'-डेट्-*n.* a judicial command or order. आदेश, आज्ञापत्र।

Mandatory-मॅन्-डॅटॅरि-*adj.* conveying a command. आज्ञा-सूचक, आदेशात्मक।

Mandible-मॅन्'-डि-बल्-*n.* the lower jaw in mammals. दूधपिलानेवाले जानवरों का नीचे का जबड़ा।

Mandola, Mandoline-मॅन्'-डो-लॅ,(-लिन्)-*ns.* a kind of stringed musical instrument. सारङ्गी की तरह का एक बाजा।

Mandragora-मॅन्ड्रॅगॅरा-*n.* a kind of poisonous plant. एक प्रकार का विषैला पौधा।

Mandrake-मॅन्'-ड्रेक्-*n.* a poisonous plant. एक विषैला पौधा।

Mandrel, Mandrill-मॅन्ड्रॅल्, (-ड्रिल्)-*ns.* the axis in a lathe to which work is fixed. खराद का धुरा।

Mane-मेन्-*n.* the long hair on the neck of certain animals. पशुओं की गर्दन पर के लम्बे बाल, अयाल; **Maned** (-ड्)-*adj.* having a mane. अयालदार; **Maneless** (-लॅस्)-*adj.* devoid of mane. बिना अयाल का।

Manege-मॅ-नेज्-*n.* art of training horses, a riding school. घोड़ों को सिखाने की कला, अश्वारोहण-शिक्षालय, घुड़सवारी का स्कूल।

Manes-मे-नीज़्-*n. pl.* souls of the departed ancestors. पितरों की आत्मायें।

Manganese-मॅङ्ग-नीज़-*n.* a black mineral. सुरमे के प्रकार की एक धातु।

Mange-मेन्ज्-*n.* a skin disease of animals. पशुओं का खुजली का रोग।

Manger-मेन्जर्-*n.* a trough to feed horses or cattle. घोड़े या चौपायों को खिलाने की नाँद।

Mangle-मॅङ्ग्'-ल्-*v. t.* to cut and hack, to mutilate. खण्ड-खण्ड करना, नष्ट करना, वध करना (बोटी-बोटी करना); **Mangler** (-लर्) -*n.* one who mangles. वध करनेवाला।

Mango-मॅङ्गो-*n.* (*pl.* Mangoes.) an Indian tree with sweet fleshy fruit. आम्र, आम।

Mangy-मेन्-जि-*adj.* shabby, squalid. रूक्ष, रूखा।

Mania-मे निआ-*n.* mental derangement, unreasonable or vehement desire for a thing. उन्माद, सनक, पागलपन, झक।

Maniac-मे-नि-अक्-*n.* a mad man. पागल मनुष्य; **Maniacal** (-अल्)-*adj.* affected with madness. उन्मत्त, झक्की; **Maniacally** (-अलि) -*adv.* with mania. झक में।

Manicure-मॅ-नि-क्योर्-*n.* the treatment of hands and finger-nails. हाथ तथा नखों की चिकित्सा;-*v. t.* to treat the finger-nails and hands. हाथ तथा नखों की चिकित्सा करना।

Manifest-मॅ-नि-फेस्ट्-*adj.* clear or evident,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

obvious, plain. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट; -*n.* the list of a ship's cargo. जहाज़ के माल की सूची; -*v. t. & i.* to show. plainly, to reveal. प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रकट करना; **Manifestable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be made evident. स्पष्ट (प्रकट) करने योग्य; **Manifestation** (-ऍ'-शन्)-*n.* revelation, disclosing. प्रकाशन, स्पष्टता; **Manifestative** (-ऍ'-टिव्)-*adj.* revealing. प्रकाशन करनेवाला; **Manifestly** (-लि)-*adj.* in an obvious manner. स्पष्ट रूप से।

Manifesto-मॅनिफ़ॅस्टो-*n.* (*pl.* Manifestos) a public declaration by a sovereign or a state. राजा या राज्य की सार्वजनिक घोषणा।

Manifold-मॅनि-फ़ोल्ड्-*adj.* of various forms or kinds, complicated. अनेक रूप तथा आकार का, पेचीला; **Manifold writer** (a contrivance for taking several copies of a letter &c.) अनेक प्रतिलिपि करने का साधन या यन्त्र; -*v. t.* to make several copies of letters etc. पत्र इत्यादि की अनेक प्रतिलिपि बनाना।

Manifoldly-मॅनि- फ़ोल्ड्-लि-*adv.* in a manifold manner. पेचीदगी से; **Manifoldness** (-नॅस्)-*n.* the state of being manifold, multiplicity. पेचीदगी।

Manikin- मॅन्' - इ- किन् -*n.* a little man, a pigmy, a dwarf, anatomical model of the human body. छोटा मनुष्य, नाटा आदमी, बौना, मनुष्य की छोटी मूर्ति।

Manila, Manilla - मनिला - *n.* a kind of fibrous material of which ropes, mats &c. are made. एक प्रकार का सन जिसके रस्से, टाट इत्यादि बनाये जाते हैं।

Manipulate-मॅनिप्यूलेट्-*v. t.* to handle with skill, to manage skilfully. कुशलता से हाथ से करना, चालाकी से करना।

Manipulation - मॅनिप्यूलेशन् - *n.* the act of manipulating, skilful use of the hands. हस्तव्यापार, दस्तकारी।

Manipulative-मॅनिप्यूलेटिव्-*adj.* tending to manipulate. दक्षता से करने की प्रवृत्तिवाला।

Manipulator-मॅनिप्यूलेटर्-*n* one who manipulates. कुशलता से कार्य करनेवाला।

Manna-मॅना-*n.* spiritual food, a purgative medicine. देवताओं का भोजन, एक प्रकार की मधुर रेचक औषधि।

Mannequin - मॅनिकिन्-*n.* a person who is employed to wear costumes. वस्त्र पहिनानेवाला नौकर।

Manner - मॅन-नर् - *n.* form, mode of life. method, style, outward bearing. प्रकार, रीति, ढंग, चाल, बाह्य आचरण; **Manners** (-अर्स्)-*n. pl.* modes of life, outward bearing, behaviour, morals, character. आचार, व्यवहार, चरित्र, नैतिक रीतियाँ; **Mannered** (-इ)-*adj.* having good manners. भले आचरण का; **Mannerism** (-इज़्म्)-*n.* a trick of style. ऐसी रीति का सेवन; **Mannerless** (-लॅस्)-*adj.* without manners, rude. अशिष्ट; **Mannerliness** (-लि-नॅस्)-*n.* the quality of being mannerly. शिष्टाचार; **Mannerly** (-लि)-*adj.* polite, respectful. शिष्ट, सुशील।

Mannikin-same as Manikin.

Manoeuvre-मॅनूवर्-*n.* dexterous movement of troops, ships &c., skilful plan, stratagem. युद्धरीति, कुशलता, कपट प्रयोग; -*v. i. & t.* to move the position of troops or of ships, to manage with art, to employ artifice. सेना अथवा जहाज़ों का स्थान बदलना, चतुराई के साथ प्रबन्ध करना, छल करना; **Manoeuvrer** (-अर्)-*n.* one who manoeuvres. कपट प्रयोग करनेवाला।

Manometer-मॅ- नॉमिटर्-*n.* an instrument for estimating the elastic force of gases. वायुरूप पदार्थों का लचीलापन नापने का यन्त्र।

Manor- मॅ- नर् -*n.* the territory of a lord. जागीर, ज़मींदारी; **Lord of the manor** (a person having rights of a manor.) ग्रामपति; **Manor-house** (the mansion of a manor.) जागीरदार का घर।

Manorial- मॅनोरिअल् -*adj.* pertaining to a manor. ज़मींदारी के सम्बन्ध का।

Manse-मॅन्स्'-*n.* a parsonage. पादरियों का घर।

Mansion-मॅन्शन्-*n.* a large residential house, a manor house, a large house. भवन, गृह, महल।

Mansuetude- मॅन्- स्वी'- ट्यूड्-*n.* meekness, gentleness, tameness. विनीतता, भलमनसी, सीधापन।

Mantel - मॅन्टल् -*n.* a structure around a fireplace (now *mantel-piece.*) अग्निपिधान, अँगीठी के चारों ओर की लकड़ी इत्यादि की बनावट; **Mantelpiece** (-पीस्)-*n.* ornamental shelf over a fireplace. अँगीठी के ऊपर की सजावटी टाँड़; **Mantelshelf** (the shelf in a mantel.) ऐसी बनावट में लगी हुई टाँड़।

Mantelet - मॅन्टलेट् -*n.* a shelf for defence. बन्दूक की गोली न लगने योग्य पर्दा।

Mantilla-मॅन्टिला - *n.* a large veil, a small mantle. बड़ी ओढ़नी, बुरका, छोटा लबादा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Mantis- मॅन्ट्'- इस् -*n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।

Mantissa-मॅन्टिसा-*n.* the decimal part of a logarithm. लघुगणक का दशमांश।

Mantle-मॅन्'-ट्ल्-*n.* a covering, a woman's cloak, a covering fixed round a gas jet, a cover. ढकना, ओढ़नी, गैसबत्ती के ऊपर की जाली; -*v. t. & i.* to disguise, to be coated, to be suffused. छिपाना, ढकना लगाना, ढाँकना, ओढ़ाना; **Mantlet** (-ऍट्) -*n.* a small mantle. छोटी ओढ़नी।

Manual-मॉन्'-यु- अल् -*adj.* pertaining to or done with the hands. हस्त-सम्बन्धी, हाथ से किया हुआ;-*n.* a small handy book. संक्षिप्त ग्रन्थ, छोटी पुस्तक; **Manual art.** कला, कौशल; **Manual dexterity** (skill of hands.) हस्तकला; **Manual exercise** (exercise of the body and arms.) व्यायाम, कसरत; **Sign-manual** (signature of person.) स्वहस्ताक्षर।

Manually- मॅन्-न्युअलि -*adv.* doing with the hand. हाथ से करते हुए।

Manufactory - मॅन्यूफ़ॅक्टरि - *n.* a factory. निर्माणशाला, कारखाना।

Manufacture-मॅन्यूफ़ॅक्चर्-*n.* preparation of things by hand or machinery on a large scale. शिल्पकर्म, दस्तकारी, कारीगरी; -*v. t.* to make from raw materials. दस्तकारी करना, शिल्प से बनाना।

Manufacturer - मॅन्यूफ़ॅक्चरर् -*n.* one who manufactures. शिल्पकार, कारीगर।

Manumission- मॅन्-यु-मि- शन्-*n.* liberation of a slave. गुलाम का मोक्ष, गुलामी से छुटकारा।

Manumit- मॅन्-यु- मिट्' -*v. t.* to set a slave free. दास को स्वतन्त्र करना।

Manure- मॅन्योर् -*n.* anything spread over soil for fertilizing it. खाद;-*v. t.* to fertilize by manuring. खाद देकर उपजाऊ बनाना।

Manurial - मॅन्योरिअल् - *adj.* pertaining to manure. खाद-सम्बन्धी।

Manuscript-मान्'-यु-स्क्रिप्ट्-*n.* (*abbr.* Mss.) a book or document written by hand. हस्तलेख, हाथ से लिखी हुई पुस्तक, हस्तलिपि।

Many-मेनि -*adj.* (*comp.* More, *sup.* Most.) numerous. बहुत, अनेक; -*n.* many people. बहुजन; **A good many** (a large number.) अधिक संख्या; **How many ?** कितने ? **In many places** (in several places.) अनेक स्थानों में; **Many a time and oft** (often.) बहुधा; **Many-sided** (of different qualities.) नाना प्रकार का, अनेक गुणों का; **Of many kinds** (of different kinds.) नाना प्रकार के; **The many** (several.) बहुतेरे।

Map - मॅप्-*n.* a drawing or representation of the earth's surface or part of it. आलेख्य-पत्र, नक़्शा (ख़ाका);-*v. t.* (*p. t.* **Mapped**) to draw on a map. नक़्शा बनाना, ख़ाका बनाना; **To map out** (to describe in detail.) विस्तार-पूर्वक प्रकट करना।

Maple-मे ॅ'-प्ल्-*n.* a kind of shady tree. एक प्रकार का छायादार वृक्ष।

Mar-मार्-*v. t.* (*p. t.* Marred.) to impair, to injure, to blemish, to ruin. न करना, दूषित करना, हानि करना, बिगाड़ना।

Marasmic - मरॅज़्मिक् - *adj.* pertaining to marasmus. शरीरक्षय-सम्बन्धी।

Marasmus-मरॅज़्मस्-*n.* wasting away of the body, emaciation. शरीर का क्षय होना।

Maraud-मरॉड्-*v. i. & t.* to make plundering attacks, to plunder. लूटने के निमित्त आक्रमण करना, लूटना; **Marauder** (-अर्) -*n.* a plunderer. लुटेरा।

Marble-मार्ब्ल्-*n.* any compact hard limestone capable of taking polish, a small ball of clay, glass &c. used by children in play. सङ्गमरमर, लड़कों के खेलने की गोली; **Marble-hearted** (hard-hearted.) निर्दय, क्रूर, कठोर हृदय।

Marcel-मार्'-सॅल्-*n.* the artificial curling of hairs. कृत्रिम रूप से बालों को घुँघराला करने का कार्य।

Marcescence - मार्-सॅ-सॅन्स् - *n.* withering. मुर्झाना।

Marcescent-मार्- सॅ-सॅन्ट् -*adj.* withering (of plants.) मुर्झानेवाला।

March-मार्च-*n.* the third month of the English year. अंग्रेज़ी साल का तीसरा महीना, मार्च; the movement of troops in order. सेना की नियमित गति; -*v. i.* to walk away. प्रस्थान करना, कूच करना; **Marches** (-ऍज़्)-*n. pl.* boundary between two countries. दो देशों के बीच की सीमा; **To march against** (to go against.) विमुख जाना।

Marchioness-मार्शॅनॅस्-*n. fem.* the wife of a marquis. मार्क्विस् (अंग्रेज़ी नवाब) की पत्नी।

Marchpane- मार्च - पॅन् - *n.* sweet paste of pounded almond. बादाम का मीठा हलुआ।

Marconigram - मार्कोनिग्राम् - *n.* a message sent by wireless on Marconi's system. बिना तार के समाचार भेजने की विधि।

Mare-मॅअर्-*n.* the female of a horse. घोड़ी।

Margarine-मार्गॅरिन्-*n.* imitation butter. बनावटी या नकली मक्खन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Margay- मार्'-गे-*n.* tiger-cat. एक प्रकार की जङ्गली बिल्ली।

Margin-मार्'-जि-न्-*n.* border, the space on a page between the edge & written matter, reserved amount. किनारा, पृष्ठ का अलिखित प्रान्त, हाशिया, सुरक्षित अंश;-*v. t.* to furnish with a margin. किनारा या प्रान्त या हाशिया बनाना।

Marginal-मार्'-जि-नल्-*adj.* pertaining to the margin. हाशिये या प्रान्त पर का, किनारे पर लिखा हुआ; **Marginalia** (नॅ-लिआ)-*n. pl.* marginal notes. पुस्तक के पत्र के किनारे पर लिखी हुई टीकाटिप्पणी।

Marginally-मार्'-जि-नलि-*adv.* in the margin. किनारे या हाशिये या प्रान्त पर।

Marginate-मार्'-जि-नेट्, **Marginated** (-एॅड्) -*adj.* having a margin. सीमा-युक्त, हाशियेदार।

Margosa-मार्गोसा-*n.* the Indian Neem tree. नीम का वृक्ष।

Margrave-मार्'-ग्रे-व्-*n.* a German governor. जर्मनी का शासक।

Margravine-मार्'-ग्रॉ-व्हीन्-*n.fem.*the wife of a Margrave. मारग्रेव् की पत्नी।

Marigold-मॅ रि-गोल्ड्-*n.* a plant with golden flowers. गेंदा, गेंदे का फूल।

Marinade-मॅरिनेड्'-*n.* a kind of pickle. एक प्रकार का अचार।

Marine-मॅरीन्' -*adj.* pertaining to the sea, naval. समुद्रीय, जहाजी; **Marine fight** (sea-fight.) जल-युद्ध।

Mariner-मॅ-रि-नर्-*n.* a sailor. नाविक, जहाजी मल्लाह।

Marinorama-मॅ-रि-नॅ-रामा-*n.* seaview. समुद्र का दृश्य।

Marionette-मॅरिअनेट्-*n.* a puppet worked by string. तागे से हिलने-डोलनेवाली कठपुतली।

Marital-मॅरिटल्-*adj.*pertaining to a husband, of marriage. पतिविषयक, विवाह सम्बन्धी; **Maritally** (-लि)-*adv.* in a marital manner. वैवाहिक रूप में या से।

Maritime-मॅरिटाइम्-*adj.* connected with the sea, situated near the sea. समुद्रीय, समुद्र-तट पर स्थित।

Marjoram-मार्जरॅम्-*n.* a kind of aromatic, herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति, कुठरा।

Mark-मार्क्-*n.* a target,a desired object,token, sign, seal, a written symbol, distinction, indication, numerical award assigned in an examination,conspicuous character.निशाना, लक्ष्य, लक्षण, चिह्न, मोहर, रेखा, अङ्क;-*v. t.* to make marks on, to note or observe. मोहर करना, निशान लगाना, लक्ष्य करना; **Beyond the mark** (not to the point.) अप्रस्तुत; **Person of mark** (an illustrious person.) प्रसिद्ध मनुष्य; **To mark off** (to separate.) अलगाना; **To mark out** (to trace out boundaries.) सीमा निश्चित करना; **Up to the mark** (up to the standard.) आदर्श के अनुकूल।

Marked-मार्क्ड्-*adj.* distinguished. चिह्नित, लक्ष्य किया हुआ; **Markedly** (-लि)-*adv.* in an unmistakable manner. विशेष रूप से; **Markedness** (-नॅस्)-*n.* peculiarity. विशिष्टता।

Marker-मार्कर्-*n.* one who marks. चिह्न लगानेवाला, गिननेवाला।

Market-मार्किट्-*n.* a place for purchase and sale. क्रय-विक्रय-स्थान, हाट, बाजार;-*v. t. & i.* to trade in a market. हाट में बिक्री-बट्टा करना; **Market-day** (a day of public market.) हाट का दिन ; **Market-place** (a place where goods are sold.) बाजार ; **Market-price** (current price.) बाजार दर ; **To put on the market** (to put for sale.) बिक्री के लिए सामग्री रखना।

Marketable-मार्-कॅ-टॅबल्-*adj.*saleable. बिक्री के योग्य; **Marketably** (- ब्लि) -*adv.* saleably. बिक्री में।

Marking-मार्क्'-इङ्ग्-*n.*colouring of feathers. परों की रँगाई ; **Marking-ink** (ink for marking clothes.) कपड़ों पर पक्का निशान लगाने की रोशनाई।

Marksman-मार्क्स्'- मॅन् -*n.* one skilled in shooting. लक्ष्यभेदी, निशानेबाज; **Marksman-ship** (- शिप्) - *n.* skill in shooting. निशानेबाजी।

Marl-मार्ल्-*n.* a kind of soil. चिकनी मिट्टी; **Marlite** (-आइट्)-*n.* a variety of marl. चिकनी मिट्टी जिस पर वायु का प्रभाव नहीं पड़ता।

Marmalade-मार्म-लेड्-*n.*a preserve of oranges and other fruits. नारंगी या अन्य फलों का मुरब्बा।

Marmoreal-मार्मो-रि-अल्-*adj.*made of marble, like marble. संगमरमर का बना हुआ, इसके सदृश।

Marmot-मार्मट्- *n.* a kind of squirrel. एक प्रकार की गिलहरी।

Maroon-मॅ-रून्'-*n.* crimson colour,firework. लाल रंग, पटाखा, आतशबाजी; -*v. t.* to leave a person on a desolate shore. (जहाज पर से उतारकर) मनुष्य को निर्जन स्थान में छोड़ देना।

Marplot-मार्'-प्लॉट्-*n.* one who destroys a design or plot. कार्यघातक, विघ्न उत्पन्न

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करनेवाला।

Marquee-मार्की-*n.* a kind of large tent. एक प्रकार का बड़ा खेमा।

Marquis-मार्क्विस्-*n.* (*fem.* Marchioness-शि-ऑन्-ऍस्) a title of nobility. इंग्लैंड के अमीरों की एक पदवी।

Marquois-मार्'-क्वॉ-इज़्-*n.* (Mathematical scale) an apparatus for drawing equidistant parallel lines. समानान्तर रेखाओं के खींचने का एक प्रकार का यन्त्र।

Marriage-मॅरिज्-*n.* the ceremony by which a man and woman become husband and wife, matrimony, wedlock. पति पत्नी सम्बन्ध, पाणिग्रहण, विवाह; Civil marriage (a marriage without religious rites.) विना शास्त्रीय विधि का विवाह।

Marriageable-मॅरिजेब्ल्-*adj.* fit to be married. विवाह करने योग्य।

Marrow-मॅ-रो-*n.* the soft fatty substance in the cavity of bones, essential part. (मज्जा) हड्डी के भीतर का गुद्दा, सार, तत्त्व; Vegetable marrow (a kind of cucumber.) एक प्रकार की ककड़ी या खीरा।

Marrowless-मॅ-रो-लेस्-*adj.* devoid of marrow. मज्जाहीन; Marrowy (-इ)-*adj.* full of marrow. सारपूर्ण।

Marry-मॅ-रि-*v. t. & i.* (*p. t.* Married.) to join persons in wedlock, to enter into the connubial state. विवाह करना, पाणिग्रहण करना।

Mars-मार्ज़्-*n.* the god of war, a planet. लड़ाई का देवता, मंगल ग्रह।

Marsh-मार्श्-*n.* a tract of low wet land, a swamp. कच्छ भूमि, दलदल।

Marshiness-मार्श्-इ-नेस्-*n.* swampiness. दलदली स्थिति।

Marshy-मार्श्'-इ-*adj.* boggy. दलदली।

Marshal-मार्शल्-*n.* an officer of the highest military rank. सेना का प्रधान अधिकारी;-*v. t.* (*p. t.* Marshalled) to arrange in a suitable manner. सजाना, क्रम में रखना; Knight-marshal (an officer of royal hous-hold.) राजा की गृहस्थी का सबसे बड़ा अफ़सर; Marshal of the air (an officer of air force.) हवाई सेना का प्रधान अध्यक्ष; Marshalship (-शिप्) -*n.* the rank of a marshal. सेनापति का पद।

Mart-मार्ट्-*n.* a market-place, a place of trade. हाट, बाजार।

Marten-मार्टन्-*n.* a kind of weasel. एक प्रकार का नेवला।

Martial-मार्शल्-*adj.* military, warlike. सेना-सम्बन्धी फ़ौजी, ; Martial Law (military government by which ordinary law is suspended.) फ़ौजी कानून, सामरिक विधान; Martial music (music played at the time of war.) रणवाद्य, फ़ौजी बाजा।

Martian-मार्श्यन्-*n.* an inhabitant of mars. मंगल ग्रह का निवासी।

Martin-मार्-टिन्-*n.* a kind of swallow. एक प्रकार की अबाबील चिड़िया।

Martinet-मार्-टिन्'-ऍट्-*n.* a strict disciplinarian. तीक्ष्ण शासक, नियम का बड़ा पक्का व्यक्ति।

Martingale-मार्' टिङ्ग्-गेल्-*n.* a strap fastened to a horse's girth. घोड़े का अधोबन्धन, जेरबन्द।

Martini- मार्- टि'- नि -*n.* (*also.* Martini-Henry.) a kind of rifle. एक प्रकार की बन्दूक।

Martlet-मार्ट्'-लेट्--*n.* a footless bird. बिना पैर की एक प्रकार की चिड़िया।

Martyr-मार्टर्-*n.* one who undergoes death for his cause. अपने सत्य या धर्म के लिये प्राण त्यागनेवाला, हुतात्मा, शहीद;- *v. t.* to put to death for one's belief. धर्म के लिये प्राण लेना; Martyrdom (-डम्)- *n.* the death of a martyr. इस प्रकार प्राणत्याग; Martyrize (-आइज़्) -*v. t.* to put to death for one's cause. इस प्रकार प्राणोत्सर्ग कराना ; Martyry (-इ) *n.* a shrine erected in honour of a martyr. इस प्रकार के प्राणत्यागी के लिए बनाया गया स्मारक।

Marvel-मार्'-वेल्- *n.* a wonderful thing, a miracle. (कौतुक) आश्चर्यजनक वस्तु, अचम्भा; -*v. i.* (*p. t.* Marvelled.) to wonder. चकित (आश्चर्ययुक्त) होना।

Marvellous-मार्वेलस्-*adj.* exciting wonder, astonishing. आश्चर्यजनक, अद्भुत; Marvellously (-लि) -*adv.* in a marvellous manner. आश्चर्य से ; Marvellousness (-नेस्) -*n.* wonderfulness. विचित्रता, विलक्षणता।

Mascot-मॅस्कट्-*n.* something that brings good luck, a talisman. सौभाग्य लानेवाला पदार्थ, यन्त्र, जन्तर, तावीज।

Masculine-मॅस्'-क्यु-लिन्-*adj.* of the male sex, manly, strong, vigorous. पुरुषजाति का, मर्दाना, वीरता का, पुष्ट; Masculine gender. पुंलिङ्ग; Masculineness (-नेस्) -*n.* the quality of being masculine. पुरुषत्व।

Mash-मॅश्-*n.* a mixture of boiled grain and bran for horses and cattle, a confused mixture. दलिया, (महेला) खिचड़ी;-*v. t.* to crush into a mixture. कुचलना, मिलाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Masher-मौश्-अर्-*n.* a dandy. छैला।

Mask-मास्क्-*n.* a covering for concealing the face, a disguise, a pretence, a dramatic performance. घूँघट (नक़ाब), बनावटी वेश का नाटक, बहाना; -*v. t. & i.* to hide or conceal, to be concealed. छिपाना, छिपना; To throw off the mask (to remove concealment.) प्रकट होना।

Masked-मास्क्इ-*adj.* disguised. कपट वेश धारण किये हुए, गुप्त।

Masker-मास्क्'-अर्-*n.* one who wears a mask. नक़ाब डाले हुए।

Mason-मे-सन्-*n.* a builder in stone, a freemason. थवई, राजमिस्त्री, राजगीर।

Masonic-मे-सनि-क्-*adj.* pertaining to freemasonry. राजमिस्त्री के कार्य से सम्बन्धित।

Masonry-मे-सन्-रि-*n.* the art of a mason. राजगीरी।

Masque-मास्क्-*n.* an entertainment in dumb show, a dramatic composition for this. कठपुतली का तमाशा।

Masquerade-मास्करेइ-*n.* a masked ball, a false show, pretence. छद्म-वेशी नृत्य, स्वाँग का जलसा, बहाना; -*v. i.* to join in a masquerade. स्वाँग बनना।

Mass-मास्-*n.* a lump of matter, a large number, unbroken expanse, a Roman Catholic service, assembly of people. पिंड, बड़ी संख्या, ढेर, पुंज, ईसाइयों का धर्मसमाज, जनसंघ; -*v. t.* to collect in a heap. ढेर लगाना, इकट्ठा करना; A mass meeting (a large gathering.) एक बहुत बड़ी सभा।

Massacre-मौस'-कर्-*n.* a general slaughter of human beings, carnage. मनुष्य-संहार, खूनखराबा; -*v. t.* to murder with cruelty. निर्दयता से प्राण लेना (क़त्लआम करना)।

Massage-मौसाज़्-*n.* stroking or pressing the limbs for the relief of morbid conditions. बदन में मालिश करने का कार्य, अंगमर्दन।

Masseur-मौसर्-*n.* (*fem.* Masseuse-इज़्) -*n.* a massagist. मालिश करनेवाला मनुष्य।

Massive-मासिव्-*adj.* heavy, bulky. ठोस, भारी, बहुत बड़ा; Massively (-सिव्'-लि)-*adv.* heavily. स्थूलता से; Massiveness (-सिव्'-नेस्)-*n.* hugeness. बड़ा भार, स्थूलता।

Massy-मासि-*adj.* massive. ठोस, भारी।

Mast-मास्ट्-*n.* the long pole of a ship for supporting the sails. कूपदण्ड, जहाज़ आदि का मस्तूल।

Nonsensical-न-न्-सॅन्सिकल्-*adj.* unmeaning. अनर्थक; **Nonsensically** (-लि) -*adv.* in a nonsensical manner. असंगत रूप में।

Non-sequitur-नॉन्-सॅ क्विटर्-*n.* a conclusion that does not follow from the premises. निष्कर्ष या परिणाम जो अनुमान से नहीं निकलता है।

Nonsuch, Nonesuch-नॅन्'-सच्, (नन्'-सच्) -*ns.* an unrivalled or unique person. अद्वितीय अथवा अनुपम पुरुष।

Nonsuit-नॅ-न्'-सूट्-*n.* the stoppage of a law suit. किसी मुक़दमे का ख़ारिजा; -*v. t.* to drop a suit. मुक़दमा ख़ारिज करना या उठा लेना; **Nonsuited** (-एँड्)-*adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ।

Noodle-नू - डल् -*n.* a simpleton. मूर्ख, मूढ़; **Noodledom** (-डम्)-*n.* foolishness. मूर्खता, मूढ़ता।

Nook-नुक्-*n.* a corner, a secluded place. कोना, निर्जन स्थान।

Noon-नून्-*n.* midday, twelve o'clock in the day. मध्याह्न, मध्यकाल; -*adj.* pertaining to noon. मध्याह्न का; **Noon-day** (-ड) -*n.* midday. मध्याह्न काल।

Noose-नूज़्(-स्)-*n.* a loop with a running knot. सरकनेवाला फन्दा; -*v. t.* to ensnare, to catch in a noose. फन्दा लगाना, जाल में फंसाना।

Nor-नॉर्-*conj.* & *adv.* not either. न, न तो।

Norm-नॉर्म्-*n.* pattern, type, model. नमूना, आदेश (नियम), सिद्धान्त।

Normal-नॉर्मल्-*adj.* according to a standard, usual, perpendicular. यथाक्रम, प्राकृतिक, लम्बरूप; -*n.* natural condition. प्राकृतिक स्थिति; **Normal school** (a school for training teachers.) शिक्षकों को अध्यापन सिखलाने की पाठशाला।

Normalcy-नॉर्मलिस् -*n.* normal state. प्राकृतिक दशा।

Normality-नॉर्मलि-टि -*n.* perpendicular state. लम्बरूपता।

Normalization-नॉर्म - लाइज़ेशन्-*n.* standardization. सुव्यवस्थितिकरण।

Normalize-नॉर्मलाइज़्-*v. t.* to render normal. नियम बाँधना, नियमबद्ध करना।

Normally-नॉर्मलि-*adv.* in a normal manner. विधिवत्।

Norman-नार्मन्-*n.* an inhabitant of Normandy. नार्मन्डी देश का निवासी।

Norse-नॉर्स् -*n.* the Norwegian language. नॉर्वे देश की भाषा।

North-नॉर्थ्-*n.* the direction opposite to the south. उत्तर, उत्तर दिशा; **North-east** (the point between north and east.) पूर्वोत्तर का कोण, ईशान दिशा; **Northernmost** (-अर्न्-मोस्ट्)-*adj.* (also Northermost or Northmost.) most northerly. सबसे उत्तर का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Northing-नॉर्थ्-इङ्ग् - *n.* northward progress of a ship. उत्तर की ओर जहाज़ की गति।

North-pole-नॉर्थ्'-पोल् - *n.* the point in the heavens or beneath it on the earth's surface ninety degrees north of the equator. उत्तरी ध्रुव।

North-star-नार्थ्-स्टार् -*n.* the Polar star. ध्रुव-तारा।

Northward(-s)-नॉर्थ्-वर्ड् (-स्) -*adv.* towards the north. उत्तर की ओर।

North-west-नॉर्थ्-वेस्ट् - *n.* (also Norwest.) the point between north and west. पश्चिमोत्तर, वायव्य दिशा।

Norwegian-नॉर्-वी'-ज्यन् -*adj.* & *n.* a native of Norway, belonging to Norway. नॉर्वे देश का निवासी, नॉर्वे देश का।

Nose-नोज़्-*n.* prominent part of the face, the organ of smell, sense of smell, the projecting part of anything. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, सुगन्ध, नाक, किसी वस्तु का उभड़ा हुआ भाग;-*v. t.* to smell, to know by smelling. गन्ध का अनुभव करना (सूँघना), सूँघकर पता लगाना; Aquiline nose (pointed nose.) सुग्गे की ठोर के सदृश नाक; Nose of wax (an over-pliable person.) सहज में डिग जाने वाला मनुष्य; To follow one's nose (to go forward in a straight line.) नाक के सीधे जाना; To lead by the nose(to lead blindly.) नकेल पकड़कर ले चलना; To nose about (to investigate.) पता लगाना; To poke one's nose (to make interruption in other's work.) दूसरे के काम में दखल देना; To speak through the nose. नकियाकर बोलना।

Nose-bag-नोज़्' - बैग् - *n.* a bag tied to a horse's nose. तोबड़ा।

Nosed-नोज़्ड्-*adj.* having a nose. नाकदार।

Nose-dive-नोज़्'डाइव्-*n.* the plunging of an aeroplane towards the ground. हवाई जहाज़ का नीचे की ओर (भूमि पर) एकाएक उतरना।

Nose-flute-नोज़्'-फ़्लूट्-*n.* a musical instrument operated by the nose. नाक से बजाने का बाजा।

Nosegay-नोज़्-गे-*n.* a bunch of sweet scented flowers. सुगन्धित फूलों का गुच्छा।

Nose-less-नोज़्'-लेस् - *adj.* without a nose. बिना नाक का।

Nose-pin-नोज़्'-पिन्-*n.* a pin for the nose. नाक में पहिनने की कील, नकफूल।

Nose-ring-नोज़्'-रिङ्ग्-*n.* an ornament for the nose. नथुनी।

Nosing-नोज़्-इङ्ग्-*n.* the rounded edge of a step. सीढ़ी के डण्डे का गोल किनारा।

Nostalgia-नॅस्-टैल्'-जि - आ - *n.* home sickness. घर पर पड़े रहने की बीमारी।

Nostradamus-नॅस्-ट्रॅ-डे'-मस् - *n.* one who makes predictions. भविष्यवक्ता।

Nostril-नॅस्ट्रिल् - *n.* either of the apertures or openings in a nose. नासिका-छिद्र, नथुना।

Nostrum-नॅस्ट्रम् - *n.* a secret remedy or prescription. गुप्त औषध।

Nosy-नोजि-*adj.* having a big nose, inquisitive. बड़ी नाकवाला, कुतूहली।

Not-नॉट् - *adv.* a word expressing denial or negation. नहीं, न, मत; Not a few (many.) बहुतेरे; Not seldom (often.) प्रायः, कभी-कभी।

Nota bene-नो'-टा-बी'-नी-*v. imp. mood,(abbr.* N. B.) note what follows. नीचे लिखे विषय पर ध्यान दो।

Notability - नोटे - बिलिटि - *n.* notableness. प्रसिद्धि, ख्याति।

Notable-नो-टे-बल् - *adj.* remarkable, worthy of notice, striking, conspicuous, capable. स्मरणीय, प्रसिद्ध, उत्कृष्ट, योग्य;-*n.* a person or thing worthy of note, an eminent person. प्रसिद्ध पुरुष या पदार्थ।

Notably-नो-टे-ब्लि-*adv.* in a notable manner. प्रसिद्धि से।

Notarial-नोटे रिअल् - *adj.* pertaining to a notary. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाले अफसर से सम्बन्धित।

Notary-नोटरि - *n.* a public officer authorized to attest contracts &c. लिखित पत्रों को प्रमाणित करनेवाला अफ़सर।

Notation-नोटेशन्-*n.* the act or practice of representing numbers by symbols. अंक-विद्या, गणना।

Notch-नॉच् - *n.* a cut, a nick. दाँता, कटाव; -*v. t.* to cut hollows in. दाँतेदार बनाना; Notched (-ड्), Notchy (-इ) - *adjs.* indented. दाँतेदार।

Note-नोट् - *n.* a distinctive mark, token or sign, a short letter, a mark of censure, a brief record of facts, annotations to a book, observation, character in music, formal communication, written promise for payment, a comment, memorandum, receipt, written acknowledgement of a debt, notice, attention, importance, consequence, notability, intimation. विशिष्ट चिह्न, संकेत, छोटा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ण, लाञ्छन, संक्षिप्त लेख, पुस्तक की टीका, संगीत का स्वर, औपचारिक बात-चीत या लिखा-पढ़ी, चुकती की लिखित प्रतिज्ञा, व्याख्या, स्मृतिपत्र, रसीद, ऋण की लिखित स्वीकृति, सूचना, ध्यान, महत्त्व, परिणाम, ख्याति, जानकारी;-*v. t.* to annotate, to attend to, to set down in writing, to take notes, to observe, to mention, to set to music, to indicate. आलोचना करना, ध्यान देना, लिखना, विचारना, बताना, गाना प्रारंभ करना, इशारा करना; Noted (-ऍड्)-*adj.* renowned, marked, recorded, put in mind. प्रसिद्ध, अङ्कित, लिखित, ध्यान में रखा गया; Hand-note (a written promise to pay.) रुक्का, पुर्जा; High note (elevated voice.) ऊँचा स्वर।

Note-book-नोट्'-बुक् - *n.* a book in which notes are written. स्मरणार्थ विषय लिखने की छोटी पुस्तक।

Noteless-नोट्'-लेस्-*adj.* not attracting notice. अप्रसिद्ध, अनाकर्षक।

Notelet-नोट्'-लट्-*n.* a short note. पुस्तिका, छोटी स्मरणार्थ पुस्तक।

Notepaper-नोट्' - पे - पर् - *n.* a small-sized writing paper. चिट्ठी लिखने का कागज।

Noteworthy-नोट्'-वर्दि-*adj.* worthy of observation. विचार करने योग्य; Worthy of note (very famous, illustrious.) अति प्रसिद्ध, विख्यात।

Nothing-नथ्'-इङ्ग् - *n.* not anything, non-existence, a trifle, a cipher. अभाव, असत्त्व(कुछ भी नहीं), तुच्छ वस्तु, शून्य;-*adv.* in no degree. किसी भी रूप में नहीं; Can make nothing of (cannot understand.) नहीं समझ सकता; For nothing (uselessly.) अकारण, वृथा; That is nothing to you (it is of no concern to you.) आपसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं है; To come to nothing (to turn useless.) निष्फल होना; To dance on nothing (to be hanged.) फाँसी पड़ना; To make nothing of (to treat as a trifle.) तुच्छ जानना।

Nothingness-नथ्'-इङ्ग्- नेस् - *n.* non-existence. अभाव, शून्यता, अस्तित्वहीनता।

Notice-नो-टिस्-*n.* intimation, information, remark, warning, announcement, attention, consideration, treatment of respect. जानकारी, सूचना, चेतावनी, घोषणा, ध्यान, विचार, सत्कार;-*v. t.* to observe, to treat with attention, to mention. ध्यान देना, विचार करना, वर्णन करना; Notice-board (a board for pasting notices on.) सूचना-पट; Take notice (be careful.) सावधान हो जाओ; To come to notice (to attract attention.) ध्यान आकर्षित करना; Written notice (a notice in writing.) लिखित सूचना।

Noticeable-नोटिसेब्-ल्-*adj.* worthy of notice, remarkable. विचारणीय।

Noticably-नोटिसेब्लि - *adv.* remarkably. विचारपूर्वक।

Notifiable - नोटिफ़ायेब्ल् - *adj.* worthy of notice. सूचना देने योग्य।

Notification-नोटिफ़िकेशन् - *n.* the act of giving notice. सूचना, विज्ञापन।

Notify-नोटि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Notified.) to make known, to give notice to, to inform. सूचना देना, प्रकाशित करना, घोषणा करना, जताना।

Notion-नो'-शन्-*n.* idea, conception, view thought, opinion. कल्पना, भाव, अभिप्राय, विचार, मत; Under the notion (with the idea.) इस अभिप्राय या विचार से।

Notional-नो' - शनल् - *adj.* imaginary, fanciful. मन से गढ़ा हुआ, मनःकल्पित; Notionally (-अ-लि)-*adv.* fancifully. कल्पना से।

Notoriety-नॅ-टॅ-राइ' - इटि - *n.* notoriousness. प्रसिद्धि, दुर्नाम।

Notorious-नॅ - टोरि - अस् - *adj.* badly known, infamous. कुख्यात,लोकप्रसिद्ध, दुर्नाम; Notoriously (-लि) - *adv.* in a notorious manner. कुख्यात रूप से, प्रसिद्धि से; Notoriousness (-नेस्) - *n.* the state of being notorious. कुप्रसिद्धि।

Notwithstanding-नॉट्'-विद्- स्टॉन्ड्' - इङ्ग् - *prep., adv. & conj.* in spite of. तथापि, तो भी, ऐसा होते हुए भी, यद्यपि।

Nought-नॉट्-*n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य (०); To set at nought (to despise.) तिरस्कार करना।

Noumenal,Noumenally-see Noumenon.

Noumenon-नॅ (-नाउ) - मिनन् - *n.* (*pl.* Noumena.) an unknown or unknowable subject. अज्ञात अथवा ज्ञात न होने योग्य विषय; Noumenal (-अल) - *adj.* pertaining to noumenon. अज्ञात; Noumenally (-अलि) -*adv.* in an unknown manner. अज्ञात रूप से।

Noun-नाउन्-*n.* a word used as the name of a person, place or thing. नाम, संज्ञा।

Nourish-नरिश् - *v. t.* to nurture, to support, to sustain with food, to cherish, to promote growth. पालन-पोषण करना, पालना, बढ़ाना।

Nourisher - नरिशर् - *n.* he who or that which nourishes. पालन करनेवाला।

Nourishing-नरिशिङ्ग् - *adj.* promoting gro-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

wth, giving nourishment. बलबर्द्धक, पौष्टिक।

Nourishment-न - रिश् - मेंन्ट्-*n.* nutriment, food. पोषण, भोजन।

Novel-नॅ-व्रॅ' - ल्-*n.* a fictitious tale. कल्पित कथा, उपन्यास; -*adj.* strange, unusual, unknown before. अपूर्व, विलक्षण, अनोखा, अनूठा।

Novelette-नॅ-व्रॅ-लेट्-*n.* a small novel. छोटा उपन्यास, छोटी कहानी।

Novelist-नॅ-व्रॅ-लिस्ट्-*n.* a writer of novels. उपन्यास-लेखक; **Novelistic** (-इक्)-*adj.* of the nature of a novel. उपन्यास रीति का।

Novelize-नॅ-व्रॅ-लाइज़्-*v. t.* to relate in the form of a novel. (नाटक इत्यादि को) उपन्यास रूप में लिखना।

Novelty-नॅ-व्रॅ-ल्टि-*n.* (*pl.* **Novelties.**) a new strangeness, occurrences, newness. नवीन घटना, कौतुक।

November-नॅ-व्रॅम्बर्-*n.* the eleventh month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का ग्यारहवाँ महीना, नवम्बर।

Novennial-नोव्रॅ नि-अल्-*adj.* performed every ninth year. नववर्षीय, नौ-नौ वर्ष पर होनेवाला।

Novercal-नॅ-व्रकॅल्-*adj.* relating to or like a step-mother. सौतेली माता के समान, विमाता-सम्बन्धी।

Novice-नॅ-व्रिस्-*n.* a beginner, an inexperienced person, a probationer, a tiro. नवछात्र, अनभ्यस्त, नवसिखुआ।

Novitiate-नॅ-व्रिश्'-इ-एट्-*n.* the period of apprenticeship. विद्यारम्भ-काल।

Novocaine-नोव्रो-केन्-*n.* local anaesthesia. शरीर के किसी भाग की चेतनाशून्यता (सुन्न अवस्था)।

Now-नाउ-*adv.* & *n.* at the present time, the present time. अभी, अब, वर्तमान काल; **Just now** (at the present time, at once.) अभी, तुरन्त; **Now-a-days** (during these days.) आजकल, इन दिनों; **Now and then** (at one time or another.) कदाचित्, कभी कभी; **Till now** (even now.) अब तक।

Nowhere-नो'-व्हॅअर्-*adv.* in no place, not anywhere. कहीं नहीं।

Noxious-नॉक्'-शस्-*adj.* harmful, injurious, pernicious. हानिकारक, अहितकारी; **Noxiously** (-लि) -*adv.* perniciously, hurtfully. दुःख से; हानि से; **Noxiousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being noxious. अपकार, हानि।

Nozzle-नॉ-ज़ल्-*n.* the end piece of a hose, the nose. फौवारे का अग्रभाग, नाक का अगला भाग।

Nuance-नू-आन्स्'-*n.* nice or subtle difference. भाव तथा अर्थ इत्यादि में का सूक्ष्म अन्तर।

Nub-नब्, **Nubble**-न-ब्ल्-*ns.* a small knob. छोटी गाँठ; **Nubbly** (-ब्लि) -*adj.* (also **Nubby.**) in small lumps. ग्रन्थिमय, गाँठदार।

Nubile-न्यू'-बिल्-*adj.* marriageable. विवाह करने योग्य।

Nubility-न्यू-बि-लिटि-*n.* marriageable state. विवाह-योग्यता।

Nucleal, Nuclear, Nucleole-see **Nucleus.**

Nucleus-न्यू'-क्लि-अस्-*n.* (*pl.* **Nuclei.**) the central part of a thing, kernel. नाभिक, गर्भ (बीज), गुद्दा (गरी); **Nucleal** (-अल्), **Nuclear** (-अर्)-*adjs.* pertaining to a nucleus. बीज सम्बन्धी; **Nucleole** (-ओल्) -*n.* nucleolus. गर्भ (बीज) के भीतर का गर्भ (बीज)।

Nude-न्यूड्-*adj.* unclothed, naked. बिना वस्त्र का, नङ्गा; -*n.* the naked figure. नंगी मूर्ति; **Nudely** (-लि) -*adv.* in a nude manner. नग्नता से।

Nudge-नज्-*v. t.* to push gently with the elbow. केहुनियाकर संकेत करना।

Nudity-न्यूडिटि-*n.* nakedness. नङ्गापन।

Nugatory-न्यू-गॅटॅरि-*adj.* useless, trifling, futile, worthless. व्यर्थ, निरर्थक, निष्फल।

Nuggar-न-गर्-*n.* a kind of broad boat. एक प्रकार की चौड़ी नाव।

Nugget-न-गॅट्-*n.* a lump of unrefined gold. बिना स्वच्छ किये हुए सोने का पिण्ड।

Nuisance-न्यू'-सॅन्स्-*n.* anything offensive or injurious, annoying action, something disagreeable. उत्पात (कण्टक), बाधा (पीड़ा), क्लेशकारक पदार्थ; **Commit no nuisance** (do not defile a place.) (मल-मूत्र इत्यादि से) स्थान अशुद्ध मत करो; **Family nuisance** (a disturbance in the family.) गृह-कलह; **Public nuisance** (anything injurious to the community.) लोक-कण्टक।

Null-नल्-*adj.* invalid, useless, amounting to nothing. अप्रमाणित, निष्फल, व्यर्थ।

Nullification-न - लिफ़िकेशन्-*n.* the act of nullifying. निष्फलीकरण।

Nullify-नलि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Nullified.**) to render void, to annul, to neutralize. विफल करना, निरर्थक करना।

Numb-नम्-*adj.* deprived of feeling, stupefied, without motion. स्तब्ध, चेतना-शून्य, गति-शून्य; -*v. t.* to deaden. चेतना-शून्य करना।

Numbly-नम्'-लि-*adv.* in a numb manner. स्तब्धता या चेतना-शून्यता से।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Number-नम्बर्-*n.* unit, sum, multitude, aggregate, verse, figure, grammatical inflexion. इकाई, संख्या, समूह, योग, कविता, गणना, गिनती, (व्याकरण में) वचन;-*v. t.* to mark with a number, to count, to settle. अंकित करना, गणना करना, निश्चित करना;-(*pl.*) verses, poetry. कविता, गीत; A number of men (a multitude of men.) बहुत से मनुष्य; He is not our number (he does not belong to our society.) वह हमारी मण्डली का नहीं है; His days are numbered (he is soon to die.) वह शीघ्र ही मरेगा; In numbers (in order.) क्रम से, अनेक; Numberless (-लेस्)-*adj.* countless. असंख्य, अनगिनती; One's number goes up (*i. e.* dies.) मर जाता है; Science of number (arithmetic.) अंकगणित; Without number (innumerable.) असंख्य, अनगिनती।

Numerable-न्यू-मरे - बल्-*adj.* that can be numbered. गणना करने योग्य, गिनने योग्य।

Numeral-न्यू'-म-रल्-*adj.* pertaining to number, expressing number. अंक या संख्या सम्बन्धी; Numerally (-लि) -*adv.* according to number. संख्या के अनुसार।

Numeration-न्यू-म-रेशन्-*n.* calculation, the act of numbering. गणना, गिनती।

Numerator-न्यू - म - रेटर्-*n.* a person who numbers, the term in a vulgar fraction showing the parts taken. गिननेवाला, साधारण भिन्न का अंश।

Numeric-न्यू-मरिक्-*n.* a number whether whole or fractional. पूर्ण या अपूर्ण संख्या।

Numerical-न्यू-मरिकल्-*adj.* denoting number. संख्या-सूचक; Numerically (-लि) -*adv.* with respect to number. संख्या रूप में, संख्यानुसार।

Numerous-न्यू'-म - रस्-*adj.* comprising of several units. बहुत, अनेक; Numerously (-लि)-*adv.* in great numbers. अनेक संख्या में; Numerousness (-नेस्)-*n.* the quality of being numerous. बाहुल्य।

Numismatic-न्यू - मिज़्मॅटिक्-*adj.* pertaining to coins. मुद्रा-सम्बन्धी; Numismatically (-अ-लि)-*adv.* मुद्रा के विषय में; Numismatics (-स्)-*n.* the science of coins. मुद्राशास्त्र।

Nummet-न-मेंट्-*n.* lunch. सबेरे का भोजन।

Numskull-नम्' - स्कल् - *n.* a blockhead, a foolish person. मूर्ख मनुष्य, लण्ठ।

Nun-नन्- (*mas.* Monk.) a woman leading a religious and secluded life. तपस्विनी (मठ-वासिनी), भक्तिन।

uncio-नन्शिओ - *n.* messenger from the Pope. ईसाइयों के धर्माध्यक्ष का दूत।

Nunnery-ननरि-*n.* house for nuns. वैरागिनियों की कुटी।

Nuptial-नप्-शल्-*adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह-सम्बन्धी; (*pl.*) Marriage. (ब० व०) विवाह संस्कार; Nuptial ceremony. विवाह संस्कार।

Nurse-नर्स्-*n.* a woman who tends a child, that which fosters, a woman who takes care of the sick. धाय (उपमाता), परिचारिका, रोगियों की रेखदेख करनेवाली स्त्री;-*v.t.* to suckle a child, to foster, to manage with care, to cherish, to keep in good humour. दूध पिलाना, पालना, अच्छा प्रबन्ध करना, प्रसन्न रखना, पौधों को सँभालना; Dry nurse (a nurse who does not suckle but simply takes care of a baby.) केवल परिचर्या करनेवाली धाय; Nursesong (a song for children.) शिशुगीत; Wet nurse (a nurse who suckles babies.) बच्चे को दूध पिलानेवाली धाय।

Nursery-नर्सरि-*n.* (*pl.* Nurseries.) a room for children and their nurses, a plot of ground for the rearing of plants. धायघर, बच्चों का कमरा, पौधाघर (बग़ीचा)।

Nursling, Nurseling - नर्स्लिङ्ग् - *ns.* an infant. स्तनपान करनेवाला बच्चा; -*v. t.* to nourish, to bring up. शिक्षा देना, पालन-पोषण करना।

Nut-नट्-*n.* a fruit consisting of an edible kernel with a hard shell, the adjusting screw for a bolt. कड़े छिलके का खाने योग्य फल, ढिबरी; A hard nut to crack (a difficult undertaking.) कठिन समस्या।

Nut-crackers-नट्' - क्रॉ-कर्स्-*n.* an appliance for breaking nuts. सरौता।

Nutrient-न्यू'-ट्रि-अन्ट्-*adj.* serving as nourishment, promoting growth. पालन-पोषण करनेवाला, बलवर्द्धक।

Nutriment-न्यू'-ट्रि-मेंन्ट्-*n.* a nourishing food. पुष्टि देनेवाला आहार; Nutrimental (-मेंन्ट्-अल्) -*adj.* pertaining to nutriment. पुष्टिकर भोजन से सम्बन्धित।

Nutrition-न्यू-ट्रि- शन् - *n.* nutriment. पालन-पोषण, आहार।

Nutritious-न्यू'-ट्रि-शस्-*adj.* nourishing. पुष्टिकर, पौष्टिक; Nutritiously (-लि) - *adj.* in a nutritious manner. पौष्टिक रूप में; Nutritiousness (-नेस्)-*n.* the quality of being nutritious. पौष्टिकत्व।

Nutritive-न्यू'-ट्रि-टिव्-*adj.* nourishing. पुष्टिकर।

Nutshell-नट्'-शेल्-*n.* the hard covering of

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

 CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

fruits, briefest possible way of expressing something. फल का ऊपरी कड़ा छिलका, किसी बात को संक्षिप्त रूप में कहने का ढंग।

Nutting-नटिङ्ग्-*n.* the gathering of nuts. सुपारी इत्यादि एकत्रीकरण।

Nutty-न-टि-*adj* full of nuts. कड़े छिलकेवाले फलों से पूर्ण।

Nux vomica-नक्स्-वॅ-मिका-*n.* a tree yielding a poisonous fruit. कुचला नामक विष।

Nuzzle-न-ज़ूल्-*v. t.* to press with the nose, to nestle, to foster. नाक से घिसना, नाक लगाना, पालन-पोषण करना।

Nyctalopia-निक्ट-लो'-पि-आ-*n.* night blindness. रतौंधी।

Nymph-निम्फ्-*n.* a semi-divine being, a lovely young girl. अप्सरा (परी), सुन्दर स्त्री।

Nymphish-निम्फ़िश्-*adj.* relating to nymphs. अप्सरा-सम्बन्धी; **Nymph-like** (-लाइक्) -*adj.* like a nymph. अप्सरा-तुल्य।

Nymphomania-निम्फ़ॅ-मेनिआ-*n.* uncontrollable sexual desire in women. स्त्रियों में रति की उत्कट इच्छा।

Nystagmus-निस्टॅग्मस्-*n.* a kind of eye disease. एक प्रकार का चक्षु रोग।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

O--ओ--the fifteenth letter of the English alphabet, symbol for oxygen Chemistry. अंग्रेजी वर्णमाला का पन्द्रहवाँ अक्षर, रसायनशास्त्र प्राणवायु' (ऑक्सिजन् या उद्जन) के लिये सांकेतिक अक्षर।

O, Oh-ओ-*interj.* an exclamation of wonder, pain or fear. आश्चर्य, पीड़ा या भय सूचक अव्यय—अरे ! अहो ! वाह !

O'-ओ-*prep.* short form of 'Of'. अनेक शब्दों में 'Of' के छोटे रूप में प्रयुक्त होता है, यथा; o'clock = of clock, man-o'-war. = man of war. इत्यादि।

Oaf-ओफ़्-*n.* a foolish child, an idiot. मूर्ख बच्चा, जड़मति, कूढ़मग्ज़।

Oak-ओक्-*n.* a forest-tree and its wood. सिन्दूर वृक्ष, बलूत का पेड़; Oak-apple (oak-gall.) माजूफल।

Oaken-ओक् - ऍन् - *adj.* made of oak. बलूत वृक्ष का बना हुआ।

Oaklet-ओक्'-लॅट्-*n.* a small oak. छोटा बलूत का वृक्ष।

Oakum-ओक्'-अम्-*n.* loose fibres of rope. खण्डित रज्जु, रस्से के टुकड़े या रेशे।

Oar-ओर्-*n.* a long shaft or pole with a blade attached at one end used in propelling boats. नौकादण्ड, नाव का डाँड़ा;-*v. t.* to impel by rowing. डाँड़े से नाव चलाना; Pulls a good oar (is a good sailor.) अच्छा मल्लाह है; To put in one's oar (to interrupt, to interfere.) विघ्न डालना; To rest on one's oars (to cease to work.) विश्राम करना, सुस्ताना।

Oarage-ओ-रेंज्-*n.* the number of oars. डाँड़ों की संख्या।

Oarless-ओर्'-लॅस्-*adj.* without an oar. बिना डाड़े का।

Oarsman-ओर्ज़्'-मॅन्-*n.* one who rows with an oar. मल्लाह, नाव खेनेवाला; Oarsmanship (skill in rowing.) मल्लाही विद्या।

Oasis-ओ-ऍ'-सिस्-*n.* (*pl.* Oases-सीज़्) a fertile spot in a sandy or barren desert. नखलिस्तान, मरूद्यान, मरुदेश में हरियाली भूमि।

Oast-ओस्ट्-*n.* a kiln for drying hops. शराब बनाने में काम आनेवाले 'हॉप' के फल को सुखाने की भट्ठी।

Oat-ओट्-*n.* a hardy cereal. जई; Oaten (-ऍन्)-*adj.* of the oat seed. जई का।

Oath-ओथ्-*n.* a solemn appeal to God or a revered person as a testimony to the truthfulness of a statement. शपथ, सौगन्ध; To take an oath. सौगन्ध खाना।

Oatmeal-ओट्'-मील्-*n.* the meal prepared from oats. जई का आटा।

Obduracy-ऑब्'-ड्यूरसि-*n.* hardness of heart. कठोरहृदयता।

Obdurate-ऑब्' - ड्यूर - ऍट्-*adj.* impenitent, hard-hearted, stubborn. दुराग्रही, कठिन, कठोरहृदय, हठी; Obdurately (-लि) -*adv.* stubbornly, hard-heartedly. हठपूर्वक, हृदय की कठोरता से; Obdurateness (-नॅस्) -*n.* stubbornness, hard-heartedness. हठता, हृदय की कठोरता।

Obeah-ओ'-बि-आ, **Obi**-ओ'-बि-*ns.* a sorcery of the Negroes. हब्शियों का जादू।

Obedience-ॲ-बीड्'-इ-ऍन्स्-*n.* submitting to another's order, dutifulness. आज्ञापालन, कर्तव्य-पालन।

Obedient-ॲ - बीड्' - इ - ऍन्ट् - *adj.* obeying, dutiful, submissive, आज्ञाकारी, कर्तव्य-परायण, विनयग्राही (वश्य); Obediently (-लि) -*adv.* with obedience. आज्ञानुसार।

Obedientiary-ॲ-बी-डी-ऍन्'- शीर् - इ -*n.* the obedient holder of an office in a convent. मठ का आज्ञाकारी सेवक।

Obeisance-ओ-बे'-सॅन्स्-*n.* a bow or courtesy, homage, salutation. नमस्कार, प्रणाम, अभिवादन; To make an obeisance (to salute by bowing.) दण्डवत् करना, प्रणाम करना।

Obelisk-ॲ-बे'- लिस्क् - *n.* a tapering quadrangular pillar with a square or rectangular base. सूच्याकार स्तंभ, चौकोर नोकदार मीनार।

Obelus-ॲ-बिलस्-*n.* a sign (—) or (÷) used in ancient manuscripts to mark suspected, wrong or useless words or passages, a dagger sign (†) used in printing to refer to footnotes. प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकों में (—) या (÷) का संकेत जो सन्दिग्ध, अशुद्ध या अनावश्यक शब्दों या वाक्यों को बताने के लिये प्रयुक्त होता था, छपी पुस्तकों के पृष्ठ के नीचे की टिप्पणी को बताने के लिये प्रयुक्त छुरे का संकेत (†)।

Obese-ओ-बीस्'-*adj.* fat, corpulent. स्थूलकाय, मोटा-ताजा।

Obesity-ओ-बॅसू'-इट्-इ-*n.* fatness, corpulence. स्थूलता, मोटापा।

Obey-ॲ-बे'-*v.t.* (*p. t.* Obeyed.) to execute a command, to perform the bidding of.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

to perform as one is bidden. आज्ञापालन करना, कहना मानना, आज्ञानुसार करना ; Obeyer (-अर्) -*n.* one who obeys. आज्ञापालन करनेवाला; Obeyingly (-इङ्ग्-लि) - *adv.* obediently. आज्ञानुसार।

Obfuscate-ऑब्'-फ़स्-केट्-*v. t.* to darken, to obscure. अँधियारा करना, छिपा देना; Obfuscation (-के'-शन्) -*n.* act of darkening. अँधेरा करने का कार्य।

Obi-ओ'-वि-*n.* witch-craft, charm, a Japanese sash. जादू-टोना, तंत्र-मंत्र, जापानी रूमाल।

Obituarist-ऑ-बिट्-यु-अर्-इस्ट् - *n.* a writer of obituaries. मृत्युलेख लिखनेवाला मनुष्य।

Obituary-ऑ-बिट्'-यु-अर्-इ -*n.* notice of a person's death, an account of a dead person. मृत्यु-समाचार, मरे हुए मनुष्य का वृत्तान्त।

Object-ऑब्' - जेक्ट् -*n.* anything presented before sense, a pitiable person or thing, end, purpose,(*gram.*) a noun governed by a transitive verb or a preposition. इन्द्रिय-विषय (द्रव्य, वस्तु), दयनीय पदार्थ या व्यक्ति, उद्देश्य, प्रयोजन, व्याकरण में कर्म कारक; - *v. t. & i.* to oppose, to offer reasons against. विरोध करना (खण्डन करना), छेदना, रोकना, तर्क करना; Direct object (primary object.) प्रधान कर्म; Indirect object (secondary object.) गौण कर्म।

Object-glass-ऑब्-जेक्ट्' - ग्लास् -*n.* the lens placed at the end of a microscope. अणु-वीक्षण यन्त्र का वह ताल जो अणुवीक्षण यंत्र के निचले भाग पर लगा रहता है।

Objectification-ऑब्'-जेक्ट्-इफ्-इक्-ए'-शन्-*n.* expression in concrete form. प्रत्यक्ष उपस्थिति।

Objectify-ऑब्'-जेक्ट्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* to present objectively. प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित करना।

Objection-ऑब् - जेक्' - शन् - *n.* adverse statement, expression of disapproval, thing objected. विरोध, विरुद्ध हेतु, आक्षेप।

Objectionable-ऑब्-जे-क्शनें-ब्ल-*adj.* unpleasant, undesirable, worth objecting. अनुचित, आशंकनीय, आपत्ति के योग्य; Objectionably (-ऍब्-लि)-*adv.* in an objectionable manner. आपत्ति करते हुए।

Objective-ऑब्-जेक्ट्'-इव् -*adj. & n.* external to mind, dealing with outward things, symptoms observed by somebody else, not by the patient. मन से बाहर का, बाह्य पदार्थ विषयक, रोग के वे लक्षण जो रोगी स्वयं अनुभव नहीं करता परन्तु वैद्य देख लेता है; Objectiveness (-नेस्)-*n.* the state of being objective. पदार्थ-विषयता, स्थूलदृष्टि।

Objectivity-ऑब्-जेक्ट्'- इव्'- इट् - इ - *n.* the thing objected, the condition of being objective. कर्म-विषयता, स्थूलता।

Objectless-ऑब् - जेक्ट् - लेस् -*adj.* without specific aim. निष्प्रयोजन।

Object-lesson-ऑब्-जेक्ट्-लेस्'-सन् -*n.* a lesson taught from a concrete object. प्रत्यक्ष, पदार्थ द्वारा शिक्षा; Object-teaching -*n.* प्रत्यक्ष पदार्थों की सहायता से शिक्षण; Object of confidence (object of faith.) विश्वासपात्र; Object of dispute (subject under discussion.) विवाद-विषय।

Objector-ऑब् - जेक्ट्' - अर् - *n.* one who objects. विरोध या खंडन करनेवाला।

Objuration-ऑब्-जूर् -ए' - शन् -*n.* swearing. शपथ, कसम।

Objurgate-ऑब्'-जर्-गेट्-*v. t.* to scold. झिड़की देना, डाँटना, बिगड़ना।

Objurgation-ऑब्-जर्-गे'-शन्-*n.* chiding or reproof, reprehension, a blaming. तिरस्कार, धिक्कार, झिड़की, डाँट-फटकार।

Objurgatory-ऑब्-जर्-गेट्'-अर्-इ - *adj.* containing reproof. तिरस्कारपूर्ण।

Oblate-ऑब्-लेट् -*n.* one who dedicates his life to religious work. धर्म-कार्य में जीवन अर्पण करनेवाला; -*adj.* flattened and depressed at the poles. ध्रुवों पर चिपटा या दबा हुआ।

Oblation-ऑब्'-ले'-शन् -*n.* anything offered to God. बलि, आहुति,नैवेद्य; Oblational(-अल्) -*adj.* pertaining to oblation. बलि-सम्बन्धी।

Obligate-ऑब्-लिग्-एट्-*v. t.* to bind a person to do something legally. नियम के अनुसार किसी मनुष्य को कोई कार्य करने के लिये बाध्य करना।

Obligation-ऑब्-लिग् - ए' - शन् - *n.* binding power, written bond, legal or moral binding, duty, a benefit done or received. बन्धन, लिखित प्रतिज्ञा, वैधानिक या नैतिक बन्धन, कर्तव्य, अनुग्रह या उपकार; Religious obligation ((devotedness.) व्रत, नियम, धार्मिक बन्धन या कर्तव्य; Under obligation (obliged.) अनुगृहीत, कृतज्ञ, अहसानमन्द।

Obligatory-ऑब्-लिग्-ऍट्'-अ-रि-*adj.* binding. आवश्यक, बाध्यकारी।

Oblige-ऑ-ब्लाइज्-*v. t.* to make indebted to, to bind, to compel, to please. कृतज्ञ करना, नियम अथवा प्रतिज्ञा से बाँधना, विवश करना, प्रसन्न करना।

Obligee-ऑ-ब्लाइज्'-ई-*n.* a person to whom

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

another is bound. जिसके प्रति कोई व्यक्ति बद्ध या कृतज्ञ रहता है।

Obliging-ॲ-ब्लाइज्'-इङ्ग् - *adj.* courteous, complaisant. अनुग्रहकारी, उपकारी, दयावान्, सुशील; **Obligingly** (- लि) - *adv.* in an obliging manner. अनुग्रहपूर्वक; **Obligingness** (- नेस्) -*n.* courteousness. उपकार, सुजनता, सुशीलता।

Obligor-अ-ब्लाइज्' - अर् - *n.* one who binds himself to another. अपने को बद्ध करनेवाला।

Oblique-ॲ-ब्-लीक्'-*adj.* slanting, diverging from the right line, indirect, not perpendicular. वक्र, कुटिल, तिरछा, झुका हुआ; Of oblique sight (squint-eyed.) ऐंचा; Oblique speech (indirect speech.) वक्रोक्ति।

Obliquely-ॲ-ब्-लीक्-लि -*adv.* in an indirect manner. कुटिल रीति से, टेढ़ेपन से।

Obliqueness-ॲ-ब्-लीक्'-नेस्-*n.* the state of being oblique. वक्रता, कुटिलता, टेढ़ापन।

Obliquity-ॲ-ब्-लिक्'-विट्-इ -*n.* obliqueness. वक्रगति, टेढ़ी चाल।

Obliterate-ॲ-ब्-लिट्'-अर्-एट्-*v. t.* to efface, to erase, to destroy. पोंछना, मिटाना, नाश करना।

Obliteration-ॲ-ब्-लिट्'-अर्-ए-शन्-*n.* the act of obliterating. लोप, हटाव, नाश।

Oblivion-ॲ-ब्-लिव्'-इ-अन्-*n.* disregard, forgetfulness. विस्मृति, भूल जाना; To fall into oblivion (to be forgotten.) चित्त से हटा दिया जाना, भुला देना।

Oblivious-ॲ-ब्-लिव्'-इ - अस् -*adj.* forgetful, inducing oblivion. भूल जानेवाला, भुलक्कड़, स्मृति हरण करनेवाला, भुलानेवाला; **Obliviously** (-लि)-*adj.* forgetfully. भुलाते हुए; **Obliviousness** (-नेस्)-*n.* forgetfulness. स्मृति हरण, भूलने की आदत।

Oblong-ॲ-ब्-लॉङ्ग् -*adj.* & *n.* rectangular but with adjacent sides unequal, greater in length than breadth. आयताकार; **Oblongness** (-नेस्)-*n.* the state of being oblong. आयताकार स्थिति।

Obloquy-ॲ-ब्-लॅ-क्वि -*n.* abuse, reproach. गाली, निन्दा (अपवाद)।

Obmutescence-ॲब्-म्यूट्-ऍस्'-सेन्स्-*n.* loss of speech, deliberate silence. गूँगापन, हठपूर्वक मूकता; **Obmutescent** (-सेन्ट्) -*adj.* silent with obstinacy. हठ-सहित मूक (चुप रहनेवाला)।

Obnoxious-ॲब्-नॅ-क्-शस्-*adj.* objectionable, hateful, despised, disliked. आपत्तिजनक, घृणित अनिष्ट, तिरस्कार योग्य, अप्रिय; **Obnoxiously** (-लि) -*adv.* in a hateful manner. घृणा से, तिरस्कार से; **Obnoxiousness** (-नेस्) -*n.* the state of being obnoxious. अप्रियता, घृणा।

Obnubilate-ऑब्'-न्यू'-विल्-एट्-*v.i.* to obscure, to cloud. छिपाना, ढाँकना, अन्धकार करना।

Obnubilation-ऑब्-न्यू-विल्-ए'-शन् -*n.* confused condition. व्यग्र अवस्था, घबड़ाई हुई स्थिति।

Oboe-ओ'-बो(-बॉइ)-*n.* a wooden wind-instrument, a hautboy. शहनाई।

Obscene-ऑब्-सीन्'-*adj.* indecent, filthy, ill-omened, loathsome, disgusting, lewd. अश्लील, कुत्सित, अलक्षण, निर्लज्ज, फूहड़; **Obscenely** (-लि)-*adv.* in an obscene manner. अश्लीलता से; **Obsceneness** (-नेस्)-*n.* the quality of being obscene, disgust. निर्लज्जता, अश्लीलता, फूहड़पन।

Obscurant-ॲ-ब्स्-क्यूर्'-अन्ट् -*n.* an opposer of inquiry or reform. अन्वेषण या सुधार का विरोधी; **Obscurantist** (-इस्ट्)-*n.* an obscurant. सुधार-विरोधी; **Obscurantism** (-इज़्म्) -*n.* the principles of an obscurant. सुधार के विरोध का सिद्धान्त।

Obscuration-अ-ब्स्'क्यूर्'-ए'-शन्-*n.* the act of darkening. अँधेरा करने का कार्य।

Obscure- ॲब्-स्क्यूर्' - *adj.* indistinct, dim, hidden, obscene, unknown to fame, full of doubts. अस्पष्ट, अन्धकारपूर्ण, दुर्बोध, गूढ़, व्याख्या-रहित, अप्रसिद्ध, संदेह युक्त या पूर्ण; -*v. t.* to conceal. छिपाना; **Obscurely** (-लि) -*adv.* in an obscure manner. अस्पष्टता से; **Obscurity** (-इट्-इ), **Obscureness** (-नेस्) -*ns.* the state of being obscure. अन्धकार की स्थिति।

Obsecrate-ॲ-ब्'-सि-क्रेट्' -*v. t.* to entreat, to beseech. प्रार्थना करना; **Obsecration** (-क्रे' -शन्)-*n.* entreaty. विनयपूर्वक प्रार्थना।

Obsequial-ॲब्सीक्विअल् - *adj.* pertaining to funeral rites. प्रेतकर्म-सम्बन्धी।

Obsequies-ॲ-ब्-सि-क्विज़्-*n. pl.* funeral rites. अन्त्येष्टिक्रिया, प्रेत-कर्म।

Obsequious-ॲ-ब्-सी'-क्वि-अस्-*adj.* obedient, dutiful, servile. आज्ञाकारी, विनीत, चापलूस; **Obsequiously** (-लि) -*adv.* in an obedient manner. बड़े अनुरोध से; **Obsequiousness** (-नेस्)-*n.* the state of being obsequiots अति अनुरोध की स्थिति।

Observable-ॲब्-ज़र्व्'-ऍ-ब्ल् -*adj.* remarkable, worthy of observation. दृष्टिगोचर, ध्यान देने योग्य।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Observance-ऑब्-ज़र्व्'-ऑन्स्-*n.* the act of observing, performance of a religious or ceremonial act, a customary rite. (आचरण) विधान, व्यवहार, रीति; **Observancy** (-ऑन्-सि) -*n.* customary rites. आचार कर्म।

Observant-ऑब् - ज़र्व्' - ऑन्ट्-*adj.* attentive, heedful, diligent, obedient. सावधान, चैतन्य, विवेकी, आज्ञाकारी; **Observantly** (-लि)-*adv.* attentively, heedfully. ध्यान से, सावधानी से।

Observation-ऑब्-ज़र्व्'-ऍ-शन् -*n.* perception, accurate viewing, remark. निरीक्षण, निरूपण (वाक्य), विचार।

Observational-ऑब् - ज़र्व्' - ऍ - शन्-अल्-*adj.* consisting of remarks. निरीक्षण-सम्बन्धी।

Observationally (-अल्-लि)-*adv.* carefully. विचारपूर्वक।

Observatory-ऑब् - ज़र्व्' - ऍट् - अर्- इ-*n.* (*pl.* **Observatories.**) a building where astronomical observations are made. वेधशाला, ग्रह इत्यादि के भली भाँति निरीक्षण करने का स्थान।

Observe-ऑब्-ज़र्व्'-*v. t. & i.* to adhere to or follow, to perceive, to remark, to examine, to take notice of, to celebrate. मानना या अनुसरण करना, ध्यान देना, मन्तव्य प्रकट करना, परीक्षा करना, उत्सव मनाना।

Observer-ऑब्-ज़र्व्'-अर्-*n.* one who observes, a spectator, a person carried in an aeroplane to note enemy's position &c. प्रेक्षक, माननेवाला, उत्सव मनानेवाला, देखनेवाला, हवाई जहाज में उड़कर शत्रु की स्थिति देखनेवाला।

Observing-ऑब्-ज़र्व्'-इङ्ग्-*adj.* attentive. ध्यान से निरीक्षण करनेवाला; **Observingly** (-लि) -*adv.* attentively. ध्यानपूर्वक।

Obsess-ऑब्-सेस्-*v. t.* to harass, to trouble. कष्ट देना, पीड़ा देना (सताना)

Obsession-ऑब्-सेश्'-अन्-*n.* delusion by an evil spirit. प्रेत-बाधा।

Obsolescence-ऑब्-सॅ - लेस्' - सेन्स्-*n.* passing into disuse. प्रयोग से हटना, अप्रचलन।

Obsolescent-ऑब्' - सॅ - लेस्' - सेन्ट् -*adj.* going out of use. प्रयोग से हटनेवाला, अप्रचलित।

Obsolete-ऑब्'-सॅ-लीट् -*adj.* discarded, disused, old fashioned. अप्रचलित, लुप्तप्रयोग, पुरानी रीति का; **Obsoleteness** (-नेस्)-*n.* the state of being obsolete, indistinctness. अप्रचलितता, अस्पष्टता।

Obstacle-ऑब्'-स्टॅ-कल्-*n.* impediment, hindrance; obstruction. (प्रतिबन्ध) विघ्न, बाधा (रुकावट)।

Obstetric, Obstetrical-ऑब्-स्टेट्'-रिक्, (-अल्) -*adjs.* pertaining to midwifery or childbirth. प्रसव-सम्बन्धी।

Obstetrics-ऑब् - स्टेट्' - रिक्स्-*n.* the art of midwifery. गर्भमोचन विद्या, प्रसव-कला।

Obstetrician-ऑब्-स्टेट्-रिश्' - अन्-*n.* one who is skilled in midwifery. प्रसव कराने में प्रवीण।

Obstinacy-see **Obstinate.**

Obstinate-ऑब्'-स्टिन्-ऍट्-*adj.* stubborn, refractory, self-willed. दुर्दम, दुःसाध्य, हठी, स्वेच्छाचारी; **Obstinacy** (-अस्-सि), **Obstinateness** (-नेस्)-*ns.* stubbornness, resolution. प्रतीपता, हठ; **Obstinately** (-लि)-*adv.* in a refractory manner. हठ से।

Obstreperous-ऑब् - स्ट्रे - पर्-अस्-*adj.* noisy, clamorous. कोलाहल करनेवाला, झगड़ालू; **Obstreperously** (-लि) - *adv.* in a noisy manner. कोलाहल मचाते हुए; **Obstreperousness** (-नेस्) - *n.* the act of being clamorous. कोलाहल।

Obstruct-ऑब्-स्ट्रक्ट्-*v. t. & i.* to block up, to retard, to impede. विघ्न डालना, रोकना, अवरोध करना।

Obstruction-ऑब् - स्ट्रक्' - शन्-*n.* the act of obstructing, an impediment. प्रतिबन्ध, रुकावट; **Obstructionist** (-इस्ट्)-*n.* one who obstructs. विघ्नकारी।

Obstructive-ऑब्-स्ट्रक्ट्'-इव्-*adj.* tending to obstruct. प्रतिबन्धक; **Obstructively** (-इव्-लि) -*adv.* in an obstructive manner. अवरोध से; **Obstructiveness** (-नेस्) -*n.* interruption. प्रतिबन्ध, रुकावट।

Obtain-ऑब्-टेन्'-*v. t. & i.* to get possession of, to acquire, to procure, to get, to continue in use. प्रतिपादन करना, प्राप्त करना, प्रवृत्त होना; **Obtainable** (-ऍ-बल्)-*adj.* that may be obtained. पाने योग्य; **Obtainer** (-अर्)-*n.* one who obtains. प्राप्त करनेवाला; **Obtaining** (-इङ्ग्)-*adj.* acquiring. प्रचलित; **Obtainment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of obtaining. लाभ, प्राप्ति।

Obtest-ऑब्-टेस्ट्'-*v. t. & i.* to supplicate, to protest. प्रार्थना करना, आग्रह करना; **Obtestation** (-ऍ-शन्)-*n.* entreaty. विनती, प्रार्थना।

Obtrude-ऑब्-ट्रूड्'-*v. t.* to thrust forward, to urge importunately. हठपूर्वक प्रवेश करना, इच्छा के विरुद्ध करना; **Obtruder** (-अर्)-*n.* one who obtrudes. अवरोध करनेवाला।

Obtruncate-ऑब्'-ट्रङ्ग्'-केट्-*v. t.* to lop off the top, to cut off the head. सिरा छाँटना मस्तक काटना।

Obtrusion-ऑब्-ट्रू'-ज़न्-*n.* the act of obtrud-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ing, entering without being invited. बलपूर्वक प्रवेश, बिना बुलाये जाना।

Obtrusive-ऑब् - ट्रू' - सिव्-*adj.* disposed to obtruding. बलपूर्वक प्रवेश करनेवाला (धृष्ट, ढीठ); **Obtrusively** (-लि) -*adv.* by way of obtrusion. हठ से; **Obtrusiveness** (-नेस्) -*n.* importunity. धृष्टता, हठ।

Obtund-ऑब्-टन्ड्'-*v. t.* to blunt or deaden sense. मन्दबुद्धि बना देना।

Obturate-ऑब्-ट्यूर्-रेट्'-*v. t.* to stop up, to seal. रोकना (बन्द करना), मुहर लगाना; **Obturation** (-ऐ'-शन्) - *n.* the act of stopping up. बन्धन मुहर; **Obturator** (-ऐ'-टर्)-*n.* that which stops up. बन्द करनेवाला।

Obtuse-ऑब्-यूट्स्'-*adj.* dull, blunt, stupid, of an angle greater than a right angle. मन्द, भुथरा, मूढ़, अधिक (समकोण से बड़े) कोण का; **Obtusely** (-लि)-*adv.* bluntly. स्थूलता (जड़ता) से; **Obtuseness** -*n.* bluntness. मूढ़ता, मन्दता।

Obtusion-ऑब्-ट्यू'-ज़न्-*n.* the act of making blunt. भुथरा करने का कार्य।

Obverse-ऑब् - व्रर्स्' - *adj.* having the base narrower than the top, opposite, inverted. शिखर की अपेक्षा सँकरी पेंदीवाला, विपरीत, उलटा हुआ; -*n.* the head of a coin. मुद्रा का अग्रभाग जिस ओर मूर्ति बनी होती है; **Obversely** (-लि) -*adv.* in an obverse form. अग्रभाग की ओर या उलटी ओर।

Obvert-ऑब्-व्रर्ट्-*v. t.* to turn towards the front. अभिमुख करना, सामने की ओर फेरना।

Obversion-ऑब्-व्रर्'-शन्-*n.* the act of obverting. अभिमुखीकरण, उलटा करने का काम।

Obviate-ऑब्-व्रि-एट्'-*v. t.* to get rid of, to remove, to neutralize. निवृत्त करना, हटाना (टालना), प्रतिरोध करना।

Obvious-ऑब्'-व्रि-अस्-*adj.* clear to the mind, clear, palpable, evident. स्पष्ट, स्फुट, प्रत्यक्ष; **Obviously** (-लि)-*adv.* evidently. स्पष्ट रूप से; **Obviousness** (-नेस्) -*n.* the state of being obvious. स्पष्टता।

Ocarina-ऑकरीना - *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Occasion - ऑकेज़न् - *n.* opportunity, an incident, ground, need, justification. अवसर, घटना, हेतु (कारण), आवश्यकता, प्रसङ्ग;-(*pl.*) business affairs. व्यापार;-*v. t.* to produce, to influence. उत्पन्न करना, प्रेरणा करना; **According to the occasion** (at a favourable time.) यथाकाल, समयानुसार।

Occasional-ऑकेज़नल् - *adj.* occurring at times. प्रासङ्गिक, समय-समय पर होनेवाला; **Occasionality** (-अल्'-इ-टि)-*n.* probability. सम्भावना; **Occasionally** (-अल्-लि)-*adv.* in an occasional manner, now and then. प्रसङ्गवश, कदाचित्, कभी-कभी।

Occasioned-ऑकेज़न्ड्-*adj.* produced. उत्पन्न।

Occident-ऑक्'-सिड्-ऐन्ट्-*n.* the west. पश्चिम दिशा; **Occidental** (-अल्) -*adj.* western. पाश्चात्य, पश्चिमी; **Occidentalism** (-इज़्म्) -*n.* the life and civilization of the west. पाश्चात्य जीवन तथा सभ्यता; **Occidentally** (-अल्-लि)-*adv.* according to western fashion. पाश्चात्य प्रणाली के अनुसार।

Occipital-ऑक्-सिप्' - इट्-अल्-*adj.* pertaining to the back of the head. मस्तक के पिछले भाग का।

Occiput-ऑक्'सि-पुट्-*n.* the back of the head. मस्तक का पिछला भाग।

Occlude-ऑक्-क्लूड्'-*v. t.* to stop, to obstruct. रोकना, अवरोध करना।

Occlusion-ऑक्-क्लू'-ज़न्-*n.* a shutting up. रुकावट।

Occlusor-ऑक्-क्लू'-सर्-*n.* that which shuts up. रोकनेवाला।

Occult-ऑक्-कल्ट्'-*adj.* secret, mysterious, mystic, supernatural. गुप्त, रहस्यमय, अलौकिक, जादू का;-*v.t.* to conceal from view by passing in front. सामने खड़े होकर दृष्टि से रोकना।

Occultation-ऑ-कल्ट्-ऐ'-शन्-*n.* concealment. आच्छादन, रुकावट, छिपाव।

Occultism-ऑ-कल्ट्'-इज़्म्-*n.* mysticism. गूढ़ता, जादूगरी।

Occultist - ऑकल्ट्' - इस्ट् - *n.* believer in occultism. जादूगर, तांत्रिक।

Occultly-ऑ-कल्ट्' - लि -*adv.* in an occult manner. छिपी रीति (गुप्तता) से।

Occultness-ऑ-कल्ट्'-नेस् - *n.* concealment. भेद, रहस्य।

Occupancy-ऑक्'-क्यु-पॅन्-सि-*n.* & *adj.* possession, possessing. भोग (अधिकार), अधिकारी, अधिकार में रखनेवाला; **Occupancy tenant** (a person holding land for more than twelve years.) दखीलकार काश्तकार।

Occupant-ऑक्'-क्यु - पॅन्ट्-*n.* a person who holds a property in actual possession, occupier. भोग करनेवाला, अधिकारी, मालिक।

Occupation-ऑक्-क्यु-पे' - शन्-*n.* a holding, tenure, possession, an employment, business, vocation, pursuit. वृत्ति, जीवन, उपाय,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रवृत्ति, अधिकार, व्यवसाय, व्यापार; Occupation road (a road open only for occupiers of the land &c.) केवल भूमि के अधिकारियों के लिये सड़क।

Occupied, Occupier-see Occupy.

Occupy-ॲ-क्यु'-पाइ-*v. t.* (*p. t.* Occupied.) to take possession of, to fill, to reside in, to busy, to hold office. अधिकार या भोग करना, भरना, बसना, व्यस्त या काम में लगा होना, पद धारण करना; Occupied (-इ)-*adj.* busy. व्यस्त; Occupier (-अर्)-*n.* one who occupies. रहनेवाला, धारण करनेवाला।

Occur-ऑक्-कर्'-*v. i.* (*p. t.* Occurred.) to happen, to come into mind, to be found, to appear. घटित होना, मन में आना, पाया जाना, उपस्थित होना।

Occurrence-ऑक्-कर्-रॅन्स्-*n.* incident, event. घटना, वृत्तान्त, व्यापार।

Occurrent-ऑक्-कर्'-रॅन्ट्-*adj.* incidental. घटित होनेवाला।

Ocean-ओ'-शन्-*n.* the biggest body of water surrounding the globe. महासागर, बहरे आज़म; Ocean-lane (a track for steamers.) जहाज़ का मार्ग; Oceanwards (-वर्ड्स्)-*adv.* towards the ocean. महासागर की ओर।

Oceanic-ओशिॲनिक्-*adj.* relating to the ocean. महासागरीय।

Ocellated-ॲ-स्-सॅ-लेट्'-ऍड्-*adj.* resembling an eye. आँख के सदृश।

Ocellus-ॲ-स्-सॅल्-अस्-*n.* (*pl.* Ocelli.) a patch of colour surrounded by a ring of some other colours. दूसरे रंग से घिरा हुआ रंग का पिण्ड।

Ocelot-ओ-सिलॅट्-*n.* a kind of American leopard. अमेरिका देश का एक प्रकार का चीता।

Ochlocracy-ॲ-क्लॅ-क्र'-सि-*n.* government by the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य।

Ochlocrat-ॲ-क्लॅ'-क्रॉट्-*n.* a ruler of the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य का अधिनायक; Ochlocratic (-क्रॉट्'-इक्)-*adj.* pertaining to the government by the mob. अनियंत्रित प्रजातन्त्र राज्य-सम्बन्धी।

Ochre-ओ'-कर्-*n.* a yellowish orange colour, a kind of clay. गेरुआ या नारङ्गी रंग, एक प्रकार की मिट्टी; Ochrous (-अस्)-*adj.* of pale brownish colour. गेरुआ रंग का; Red ochre (ruddle.) गेरू।

O'clock-ओ - क्लॉक्'- an *abbr.* for "of the clock" = of the time. घड़ी में।

Octachord-अ - क्'- ट् - अ-कॉर्ड्-*n.* a musical instrument with eight strings. आठ तार की वीणा ; Octachordal (-अल्)-*adj.* of eight strings. आठ तारोंवाली।

Octad-ॲ-क्'-टॅड्-*n.* a group of eight. आठ का समुदाय।

Octagon-ॲ-क्'-ट्-अ-गॉन्-*n.* a plane figure of eight sides. अष्टभुज, अठपहल; Octagonal (-अल्)-*adj.* having eight sides. अठपहल; Octagonally (-अल्-लि)-*adv.* in an octagonal manner. अठपहल रूप में।

Octahedron-अक् - ट् - अ-हीड्' - रॅन्-*n.* a solid figure containing eight plane faces or sides. अठपहल ठोस आकृति।

Octangular-ॲक्-टॅङ्ग्'-ग्युल्'-अर्-*adj.* having eight angles. आठ कोणों की आकृतिवाला।

Octant-ॲक्'-टन्ट्-*n.* the eighth part of a circle an arc of a circle which is 1/8 of the circumference. वृत्त का अष्टमांश, वृत्त का चाप जो परिधि का अष्टमांश हो।

Octarchy-ॲक्'- टर्-कि - *n.* an aggregate of eight small kingdoms. आठ छोटे-छोटे राज्यों का समुदाय।

Octave-ॲक्'-टॅव्-*n.* a group of eight, stanza of eight lines, a device which connects the keys of a musical instrument, the eighth day after a church festival. अष्टक, आठ चरणों का पद्य, बाजे का पर्दा, गिरजा के त्योहार के बाद का आठवाँ दिन।

Octavo-ॲक्-टॅव्'-ॲ-*adj.* having eight sheets. आठ परतों की; - *n.* (*pl.* Octavos.) the size of a book in which paper is folded into eight sheets. पुस्तक का वह आकार जिसमें कागज आठ पन्नों में मुड़ा होता है।

Octennial-ॲक् - टॅन् - नि - अल्-*adj.* recurring every eight years. आठ वर्ष में होनेवाला।

Octillion-ऑक्-टिल्'-यन्-*n.* the eighth power of a million. अड़तालीस शून्य लगी हुई संख्या।

October-ॲक्'-टो'-बर्-*n.* the tenth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का दसवाँ महीना, अक्टूबर।

Octodecimo-ॲक्-टॅ-डॅस्'- सिम्-ॲ-*n.* the size of a book made by folding paper into eighteen leaves. कागज की अठारह परतों में मोड़कर बनाई हुई पुस्तक।

Octodentate-ॲक् - टॅ-डॅन्ट्' - ऍट्-*adj.* having eight teeth. आठ दाँतोंवाला।

Octogenarian-ॲक्'-टॅ-जिन्-ऍअर्'-इ-अन्-*n.* an eighty-year-old person. अस्सी वर्ष की वय का मनुष्य, अस्सी साल की उम्र का आदमी।

Octonarian-ॲक्टॅनेरिअन्-*adj.* a line of poetry having eight feet. कविता का आठ गण का चरण।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Octonocular-ॲक्'-टॅ-नॉक्'-युल्-अर्-*adj.* having eight eyes. आठ आँखोंवाला।

Octopod-ॲक्-टॅ-पॉड्-*adj.* having eight feet. आठ पैरोंवाला।

Octosyllable-ॲक्-टॅ-सिल्'-लॅ-बल्-*adj.* & *n.* of eight syllables, a word of eight syllables. आठ शब्दखण्ड का (शब्द,) अष्टाक्षर।

Octroi-ॲक्'-ट्रॉइ (-ट्रवा)-*n.* duty on goods which enter a town. चुङ्गी, नगर-प्रवेश का कर।

Octuple-अक्'-ट्यु-पल्-*adj.* eightfold. अठगुना।

Ocular-ॲ-क्'-युल्-अर्-*adj.* pertaining to the eyes, visual. आँख या दृष्टि सम्बन्धी, आँख का, प्रत्यक्ष; **Ocularist** (-इस्ट्)-*n.* one who prepares artificial eyes. कृत्रिम आँख बनानेवाला; **Ocularly** (-लि)-*adv.* by an actual view. प्रत्यक्ष प्रमाण से।

Oculist-ॲक्'-युल्-इस्ट्-*n.* a doctor who is proficient in the diseases of the eye. नेत्रवैद्य; **Oculistic** (-इक्)-*adj.* pertaining to an oculist. नेत्रवैद्य-सम्बन्धी।

Od-ॲड्-*n.* the power pervading in nature which produces chemical action &c. रासायनिक क्रिया इत्यादि की उत्पन्न करनेवाली प्राकृतिक शक्ति।

Odd-ऑड्-*adj.* not even, peculiar, unconnected, incalculable, singular, strange, queer. अयुग्म (ताख), अद्भुत, असंबद्ध, असंगत, विचित्र, अनोखा; **Forty thousand odd** (a few hundred more than forty thousand.) चालीस हज़ार से कुछ सौ ऊपर; **Four rupees odd** (a few annas more than four rupees.) चार रुपये से कुछ आना पाई अधिक; **He picks up odd jobs** (he takes up unconnected work.) वह फुटकर काम करता है।

Oddish-ॲ-ड्'-इश्-*adj.* peculiar. विचित्र।

Oddity-ॲ-डिट्'-इ, **Oddness** (-नॅस्)-*ns.* strangeness, singularity, peculiarity. विचित्रता, अपूर्वता।

Oddly-ऑड्'-लि-*adv.* strangely, in an odd manner. विलक्षणता से।

Odds-ऑड्स्-*n. pl.* inequality, strife, probability. विषमता (अधिकता), कलह, सम्भावना; **Odds and ends** (remaining parts.) अवशिष्ट, बचे हुए या फुटकर पदार्थ; **To make odds even** (to make equal.) समता करना; **To take odds** (to accept a favour.) सुविधा स्वीकार करना।

Ode-ओड्-*n.* a poem which is intended to be sung. छोटा गीत, गान।

Odeum-ॲ-डी'-अम्-*n.* a hall or theatre for a musical performance. गाने-बजाने का स्थान, नाटकघर।

Odious-ओ-डि'-अस्-*adj.* hateful, offensive, detestable, repulsive. घृणित (अप्रिय), घिनौना, द्वेषकारी, उदासीन; **Odiously** (-लि)-*adv.* hatefully. घिनौनेपन से; **Odiousness** (-नॅस्)-*n.* hatefulness, disgust. घिनौनापन।

Odium-ओ'-डि-अम्-*n.* hatred, hatefulness, dislike. द्वेष, घृणा।

Odontalgia-ॲ-डॅन्-टॅल्'-जि-ॲ-*n.* toothache. दाँतों का दर्द; **Odontalgic** (-जिक्)-*adj.* pertaining to toothache. दाँतों का दर्द-सम्बन्धी।

Odontoid-ॲ-डॅन्'-टॉइड्-*adj.* with serrated edges. दाँतेदार।

Odontology-ॲ-डॅन्-टॅल्'-ॲज्-इ-*n.* the science which treats of teeth. दन्तशास्त्र, दाँत का शास्त्र।

Odontoloxia-ॲ-डॅन्-टॅल्-ॲक्स्'-इ-ॲ-*n.* irregularity of teeth. दाँतों की विषमता।

Odoriferous-ओडॅरिफ़रस्-*adj.* diffusing perfume, fragrant. सुगन्ध फैलानेवाला, सुगन्धित; **Odoriferously** (-लि)-*adv.* fragrantly. सुगन्ध फैलाते हुए।

Odorous-ओ-डॅर्'-अस्-*adj.* fragrant. सुगन्धित; **Odorously** (-लि)-*adv.* fragrantly. सुगन्धित ढंग से।

Odour-ओ'-डर्-*n.* smell, scent, pleasant or unpleasant fragrance. किसी प्रकार की गन्ध, सुगन्ध; **Bad odour** (foul smell.) दुर्गन्ध; **Fragrant odour** (sweet scent.) सुगन्ध; **Odourless** (-लॅस्)-*adj.* without odour. गन्धहीन, बिना गन्ध का।

Oecist-ईसिस्ट्-*n.* the founder of a colony. किसी उपनिवेश की स्थापना करनेवाला।

Oecology-ईकॅ-लॅजि-*n.* a branch of biology dealing with the effect of environments on organisms. प्राणिशास्त्र की शाखा जिसमें प्राणियों पर वातावरण के प्रभाव का अध्ययन होता है।

Oedema-ई-डि'-मा'-*n.* local dropsy. किसी अङ्ग का जलीय शोथ; **Oedematic** (-मॅटि'-इक्)-*adj.* pertaining to dropsy. ऐसी शोथ-सम्बन्धी।

Oedipus-ई'-डिप्-अस्-*n.* one who solves riddles. कठिन प्रश्नों को सुलझानेवाला, पहेली बूझनेवाला।

O'er-ओर्-short form of 'over'. 'over' का छोटा रूप।

Oesophagus-ईसॅ-फ़ॅगस्-*n.* (*pl.* **Oesophagi**) the gullet. गले की नली, हलक़।

Of-ऑव्-*prep.* from, by, about, out of. का, में, पर, विषय में, लिये, वास्ते; **A fool of a man** (a simpleton.) मूर्ख व्यक्ति; **Blind of an eye** (one eye being blind.) एक आँख का काना; **For the sake of** (in order to.) वास्ते, लिये;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

I never heard of it (I never heard in regard to this.) इस विषय में मैंने कुछ नहीं सुना; In spite of (notwithstanding.) ऐसा होते हुए भी, बावजूद इसके; Man of intelligence (an intelligent person.) बुद्धिमान् मनुष्य; Of old (ancient.) प्राचीन; On the point of death (about to die.) मरणासन्न; Sick of delay (disgusted with delay.) विलम्ब से परेशान; Swift of foot (quick in going.) तीव्र गति का; To ask of (to make a request to.) प्रार्थना करना, माँगना; To bring to bed of (to give birth to.) सन्तान उत्पन्न करना; To take ill of (to think improper about.) बुरा मानना।

Off-ऑफ़्-*adv., prep. & adj.* at a distance, away, remote, far, towards, vanished, unfortunate. दूर का, बढ़ा हुआ, दूर, ओर, लुप्त, अभागा; Badly off (in bad circumstances.) आपद्ग्रस्त; Fell off the ladder (fell at a distance from the ladder. सीढ़ी पर से छटक कर दूर गिर पड़ा; Get off ! (obtain release from.) दूर हटो; He broke off (he stopped speaking.) उसने बोलना बन्द कर दिया; His hat is off (his hat has dropped down.) उसकी टोपी गिर गई; Leave off work (abandon work.) काम छोड़ दो; Off-hand (without previous forethought, carelessly.) बिना पूर्वविचार के, असावधानी से; Off the point (removed from the main subject.) प्रधान विषय से दूर; Off with his head (cut off his head.) उसका सिर काट लो; The joint was off (*i. e.* was dislocated.) जोड़ उखड़ गया; To make off(to depart.) प्रस्थान करना; We are off now (we have just started.) हम लोगों ने अभी प्रस्थान किया है; Well off (rich.) सम्पन्न, धनी।

Offal-ऑफ़ल्-*n.* refuse, waste product. कूड़ा, मल, उच्छिष्ट (शेष भाग); - (*pl.*) rubbish. (ब० व०) तलछट।

Offence-ऑफ़्-फ़ेन्स्'-*n.* an aggressive action, displeasure, annoyance, injury. अपराध (दोष), रोष, असन्तोष, तंग करनेवाली बात, क्षति।

Offenceless-ऑफ़्-फ़ेन्स्'-लेस्-*adj.* unoffending. दोष-रहित, निरपराध।

Pyracanth-पाइर - कॅन्थ् - *n.* an evergreen thorny shrub. एक प्रकार की काँटेदार बारहमासी वनस्पति।

Pyramid-पिरॅ-मिड्-*n.* a solid monumental structure of stone with square base and tapering sides, a solid of this shape with base of three or more-sides. सूच्याकार पत्थर का खम्भा, शुण्डाकार स्तम्भ; **Pyramidal** (-अल्) - *adj.* relating to pyramids. ऐसे स्तम्भ का; **Pyramidically** (-इक्-अलि) - *adv.* in the form of a pyramid. ऐसे खम्भे की तरह का; **Pyramidwise** (-वाइज़्)-*adv.* in the form of a pyramid. ऐसे स्तम्भ के आकार में।



Pyramid.

Pyramidist-पिरॅमिडिस्ट् - *n.* a student of the structure and history of Egyptian pyramids. मिस्र देश के प्रसिद्ध सूच्याकार खम्भों का अध्ययन करनेवाला।

Pyre-पायर् - *n.* a heap of wood used for burning a corpse. चिता, मुर्दा जलाने के लिये लकड़ी का ढेर।

Pyretic-पाइ-रॅ'टिक्-*adj.* pertaining to fever or for fever, a medicine for curing fever. ज्वर-सम्बन्धी, ज्वर के निमित्त (औषध), ज्वर हटाने की औषध।

Pyrexia-पायरॅ'क्सिआ-*n.* fever. ज्वर, बुखार।

Pyrexial-पाइरॅ'क्सिअल्, **Pyrexical** (-इ-कल्) -*adjs.* feverish, pertaining to pyrexia. ज्वर सम्बन्धी।

Pyrheliometer-पिर्-हीलि-ॲ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the heat produced by the sun. सूर्य की उष्णता (गरमी नापने) का यन्त्र।

Pyridine-पाइरि-डाइन्-*n.* a liquid perparation obtained from bone-oil used for asthma. हड्डी से निकाला हुआ एक तरल पदार्थ जो श्वास रोग में प्रयुक्त होता है।

Pyriform-पि-रि-फ़ॉर्म् - *adj.* having the shape of a pear. नाशपाती के आकार का।

Pyrites-पाइ - राइटीज़् - *n.* a combination of sulphur with other metals. सुवर्णमाक्षिक, सोनामक्खी; **Pyritic** (-रिटिक्) -*adj.* pertaining to pyrites. इस धातु से सम्बन्धित।

Pyro-पाइ - रॅ - *pref.* in sense of 'fire'. 'अग्नि' अर्थ का उपसर्ग।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Pyrogenic-पाइरॅ-जेनिक्-*adj.* producing heat. उष्णता उत्पन्न करनेवाला।

Pyrogenous-पाइ-रॅ-जेनॅस् -*adj.* produced by fire. अग्नि से उत्पन्न।

Pyrogram-पाइ'-रॅ - ग्राम् - *n.* a kind of fire-work. एक प्रकार की आतिशबाजी।

Pyrography-पाइ - रॅ - ग्रॉफ़ि -*n.* the art of drawing on wood with red-hot point. तपी हुई सूई से लकड़ी पर चित्र बनाने की कला।

Pyrolatry-पाइ-रॅ'-लट्रि - *n.* worship of fire. अग्निपूजा।

Pyrologist-पाइरॅ'-लॅजिस्ट्-*n.* one who is versed in the science of heat. अग्नि विद्या में निपुण।

Pyrology-पाइरॅ-लॅ-जि-*n.* the science of heat. उष्णता की विद्या।

Pyromancy-पाइरॅ-मीन्सि - *n.* divination by fire. अग्नि द्वारा शकुन बतलाने की रीति।

Pyrometer-पाइ-रॅ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the expansion of bodies by heat. उष्णता के कारण वस्तुओं का प्रसार नापने का यन्त्र।

Pyrometry-पाइ-रॅ-मॅ ट्रि-*n.* measurement of heat by expansion. किसी वस्तु के फैलने से उष्णता की नाप।

Pyronomics-पाइरॅ - नॉमिक्स् - *n.* the science of heat. उष्णता की विद्या।

Pyrophanous-पाइरॅ-फ़ॅनस्-*adj.* made transparent by heat. उष्णता से पारदर्शक बनाया हुआ।

Pyrophorous-पाइ-रॅ - फ़ - रस् - *n.* substance which takes fire by exposure to air. हवा लगने से जल उठनेवाला पदार्थ।

Pyrosis-पाइ-रो'-सिस् - *n.* indigestion accompanied by a burning sensation and diarrhoea. पेट में जलन और अधिक दस्त युक्त बदहज़मी।

Pyrotechnic-पाइ-रॅ'-टॅ क्निक्-*adj.* of the nature of fireworks. आतिशबाजी के ढंग का; **Pyrotechnics** (-स्)-*n.* the act of making fireworks. आतिशबाज़ी बनाने की विद्या; **Pyrotechnical** (-अल्)-*adj.* pertaining to pyrotechnics. इस विद्या का ; **Pyrotechnically** (-अलि)-*adv.* in the way of pyrotechnics. आतिशबाज़ी की विद्या के ढंग से।

Pyrotechnist-पाइ-रॅ'-टॅक्'-निस्ट् - *n.* a maker of fireworks. आतिशबाज़ी बनानेवाला।

Pyrotic-पाइ-रॅ-ट्'-इक्-*n.* a caustic medicine. जलानेवाली एक औषधि।

Pyroxylin-पाइरॅ - क्सिलिन् - *n.* a kind of explosive. एक प्रकार की बारूद।

Pyrrhic-पिरिक् - *n.* a metrical foot of two short syllables. छन्द में दो लघु वर्णों का गण।

Pyrrhonic-पि-रॅ - निक् - *adj.* pertaining to pyrrhonism. नास्तिक मत से सम्बन्धित।

Pyrrhonism-पिरॅ - निज़्म् - *n.* sceptic philosophy. नास्तिक मत; **Pyrrhonist** (-निस्ट्)-*n.* a sceptic. नास्तिक।

Pyrus-पाइरस् - *n.* a kind of tree. एक प्रकार का वृक्ष।

Pythian-पिथिअन् - *adj.* of Apollo's oracle. डेल्फ़ाई की भविष्यवाणी का।

Python-पाइथॅन्-*n.* a very huge snake, a spirit, one possessed by a spirit, an utterer of oracles. बहुत बड़ा सर्प (अजगर), प्रेत, भूत, प्रेत के वश में पड़ा हुआ व्यक्ति, भविष्यवक्ता।

Pythoness-पाइथॅनॅस् - *n. fem.* a priestess, witch. अपोलो देवता की पुजारिन, जादूगरनी।

Pythonic-पाइ-थॅ - निक् - *adj.* pertaining to prophecy or a huge snake or a spirit. भविष्यवाणी या अजगर या प्रेत से सम्बन्धित।

Pythonist-पाइ-थॅ-न् - इस्ट् - *n.* a magician, a foreteller. जादूगर, भविष्यवक्ता।

Pyx-पिक्स् - *n.* a box in which specimen coins are kept. सिक्कों के नमूने रखने का बक्स।

Pyxis-पिक्स्'-इस् - *n.* a small box. छोटी पेटी (बक्स)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Q -क्यू-the seventeenth letter of the English alphabet, this letter was absent in the Anglo-Saxon alphabet, it is always followed by 'u' in English words, Roman numeral for 500. अंग्रेजी वर्णमाला का सत्रहवाँ अक्षर, अंग्रेजी की प्राचीन लिपि में इसका प्रयोग न था. *kw* से इस अक्षर का उच्चारण प्रकट होता था, अंग्रेजी के शब्दों में Q के बाद सर्वदा 'u' आता है, रोमन संख्या में ५०० के लिये संकेत।

Q-boat-क्यू'-बोट्-*n.* a warship distinguished as a merchant ship. व्यवसायी पोत (तिजारती जहाज) का रूप धारण किये हुए लड़ाई का जहाज।

Qua-क्वे-*conj.* in the capacity of. योग्यता से या योग्यता के रूप में।

Quack-क्वॉक्-*v. t.* to make a harsh sound like a duck, to boast. बत्तक की तरह टर्राना, शेखी मारना; *-n.* the cry of a duck, an empty pretender of skill in medicine, a charlatan. बत्तख का शब्द, कुवैद्य, मिथ्या चिकित्सक, ठग-विद्या करनेवाला।

Quackery-क्वॉकरि - *n.* the pretensions or practices of a quack in medicine. चिकित्सा का ढोंग या झूठा या धोखे का इलाज करने का बहाना या अभ्यास।

Quackish-क्वॉक्'-इश्-*adj.* like a quack. झूठे या बुरे वैद्य के समान; **Quackism** (-इज़्म्) - *n.* quack pretence. शेखी का बहाना।

Quacksalver-क्वॉक्' - सॉल् - वर् -*n.* a quack doctor. कूटवैद्य, ढोंगी चिकित्सक।

Quadra-क्वॉड्रॉ-*n.* a square border or frame. चौकोर किनारा या ढाँचा।

Quadragenarian-क्वॉड्रजिने-रिअन्-*adj. & n.* a forty-year old person. चालीस वर्ष की आयु का मनुष्य।

Quadragesimal-क्वॉड्रजे सिमल् - *adj.* lasting forty days. चालीस दिन का (उपवास, व्रत इत्यादि)।

Quadrangle-क्वॉड्-रॉङ्ग्'-ल् - *n.* a four sided figure, an enclosed courtyard in a building. चतुर्भुज क्षेत्र, भवन का चौकोर आँगन।

Quadrangular-क्वॉड्रॉङ्गुलर्-*adj. & n.* having four angles and sides. चतुष्कोण; **Quadrangularly** (-लि) - *adv.* in a quadrangular manner. चतुष्कोण रूप में।

Quadrant-क्वॉड्रन्ट् - *n.* one-fourth of a circle's circumference, an instrument shaped like this for taking angular measurements. वृत्त का चतुर्थ भाग, इस आकार का यन्त्र जो कोण नापने में प्रयुक्त होता है; **Quadrantal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a quadrant, वृत्त पाद का।



Quadrant.

Quadrate-क्वॉ-ड्रेट्-*adj.* square, rectangular, सम चतुर्भुज के आकार का, चतुर्भुज; *-n.* a rectangular block or plate. चौकोर टुकड़ा या चद्दर; *-v. t. & i.* to square. चौकोर करना या बनाना।

Quadratic-क्वॉड्रीटिक् - *adj.* of a square, involving only a second power of an unknown quantity. चतुर्वर्गीय, वर्गात्मक; **Quadratic equation** (-ई-क्वे'-शन्)-*n.* an equation in which the unknown quantity is no higher than square. वर्ग समीकरण।

Quadrature-क्वॉ-ड्रे-च (त्य) र्- *n.* the finding of sqaure, the point at which the moon is exactly at 90° from the sun. वर्ग निकालना, (आकाश में का) वह स्थान जहाँ चन्द्रमा सूर्य ठीक समकोण पर हो।

Quadrel-क्वॉड्रेल्-*n.* a square tile. चौकोर पत्थर (चौका)।

Quadrennial-क्वॉ-ड्रे - निअल् - *adj.* occurring every four years. प्रत्येक चौथे वर्ष होनेवाला।

Quadri-क्वॉड्रि-*pref.* in the sense of "four". उपसर्ग जिसका अर्थ "चार" होता है; **Quadricorn** (-कॉर्न्)-*n.* an animal with four horns. चार सींगवाला पशु; **Quadricostate** (-कॉस्'-टेट्) -*adj.* having four ribs. चार पसलीवाला; **Quadridentate** (-डेन्ट्'-एट्) - *adj.* having four teeth. चार दाँतवाला; **Quadrifoliate** (-फ़ोल्'-इ-एट्)-*adj.* having four leaves. चार पत्तीवाला; **Quadrigenarious** (-जे ने रिअस्) -*adj.* consisting of four hundred. चार सौ का।

Quadriga-क्वॉड्राई'-गी-*n.* (*pl.* **Quadrigae.**) a chariot with four horses abreast. रथ जिसमें एक पंक्ति में चार घोड़े जुते होते हैं।

Quadrilateral-क्वॉड्रिलीटरल्-*adj. & n.* having four sides, a foursided figure. चार भुज का, चतुर्भुज क्षेत्र।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Quadrilingual-क्वॉड्रिलिङ्गुअल्-*adj.* of four languages. चार भाषा का।

Quadriliteral-क्वॉड्रिलिटरल्-*adj.* consisting of four letters. चार अक्षरों का।

Quadrille-क्वॉ-ड्रिल्-*n.* a game of card played by four persons, a kind of dance. चार मनुष्यों के खेलने का एक ताश का खेल, एक प्रकार का नाच।

Quadrinomial-क्वॉड्रिनोमिअल्-*adj.* consisting of four terms. (बीजगणित में) चार अंक का।

Quadripartite-क्वॉड्रिपार्टाइट्-*adj.* divided ino four parts. चार भाग किया हुआ; **Quadripartition** (-पार्टिशन्)-*n.* a division into four equal parts. चार बराबर अंशों का विभाग।

Quadripennate-क्वॉड्रिपेंनेट-*adj.*having four wings. चार पंखवाला।

Quadrisyllable-क्वॉड्रिसिलेबल्-*adj.* consisting of four syllables. चार अक्षर या स्वर का।

Quadrumanous-क्वॉड्रु-मेंनस्-*adj.* four-handed. चतुर्भुजी, चार हाथ का; **Quadruped** (क्वॉड्'-रु-पेड्)-*n.* a four-footed animal. चतुष्पद, चौपाया; **Quadrupedal** (-अल्)-*adj.* relating to a quadruped. चौपाया सम्बन्धी।

Quadruple-क्वॉड्रु-पल्-*adj.* & *n.* fourfold. चतुर्गुण, चौगुनी संख्या; -*v. t.* to make four times. चौगुना करना; **Quadruply** (-प्लि)-*adv.* in a fourfold manner. चतुर्गुण रीति से।

Quadruplet-क्वॉड्रु-प्लेट्-*n. pl.* four children born together, four things working together. चार बच्चों का एक साथ जन्म लेना, चार मनुष्यों या वस्तुओं का एक साथ काम करना।

Quadruplicate-क्वॉड्-रु-प्लि-केट्-*v. t.* to multiply by four. चतुर्गुण करना।

Quadruplication-क्वॉड्रु-प्लिकेशन्-*n.* the act of making fourfold. चतुर्गुण करने का कार्य।

Quadruplicity-क्वॉड्रु-प्लिसिटि-*n.* fourfoldness. चौगुनापन।

Quaere-क्वी'रि-*v. t.* to enquire. अन्वेषण करना, पता लगाना; -*n.* a question. प्रश्न।

Quaff-क्वॉफ़्-*v. i.* & *t.* to drink copiously or in long draughts. बड़े-बड़े घूँट करके पीना, खूब पीना; **Quaffer** (-अर्)-*n.* one who quaffs. बड़े-बड़े घूँट पीनेवाला।

Quag-क्वॉग्-*n.* a marshy spot, a bog. दलदल; **Quaggy** (-इ)-*adj.* boggy. दलदली।

Quagga-क्वॉग्'-गी-*n.* quadruped of Africa like the zebra. गोरखर के सदृश अफ़्रीका का एक चौपाया।

Quagmire-क्वॉग्'-मायर्-*n.* a fen, a marshy ground. धँसाव, दलदल।

Quail-क्वेल्-*n.* a bird allied to the partridge. लवा, बटेर; -*v. i.* & *t.* to lose heart. साहस छोड़ना।

Quaint-क्वेन्ट्-*adj.* old fashioned, peculiar, nicely odd. पुराने ढंग का, विलक्षण, विचित्र; **Quaintly** (-लि)-*adv.* in a quaint manner. विलक्षणता से; **Quaintness** (-नेस्)-*n.* the quality of being quaint. विलक्षणता, अनोखापन।

Quake-क्वेक्-*v. t.* to shake, to shudder, to tremble. काँपना, हिलना, थर्राना; -*n.* a shudder, trembling. कँपकँपी, थरथराहट।

Quaker-क्वेकर्-*n.* (*fem.* **Quakeress**. a member of the Society of Friends who advocated peace. शान्ति-प्रचारक मण्डली का (एक प्राचीन) सभासद; **Quakerdom** (-डम्)-*n.* the office of a quaker. उक्त सभासद का पद; **Quakeress** (-एस्)-*n. fem.* a female quaker. महिला सभासद या उक्त सभासद की पत्नी; **Quakerish** (-इश्)-*adj.* like a quaker. उक्त सभासद के समान।

Quaking-क्वेकिङ्ग्-*n.* a shudder. कम्प; **Quakingly** (-लि)-*adv.* in a quaking manner. काँपते हुए; **Quaky** (क्वेकि)-*adj.* pertaining to quaking. कम्प सम्बन्धी।

Qualifiable-क्वॉलि-फ़ाइ-ए-बल्-*adj.* able to be qualified or modified. अनुकूल करने योग्य।

Qualification-क्वॉलिफ़िकेशन्-*n.* modification, legal ability or power, quality fitting a person for a post, attribution of a quality. योग्यता, नैतिक शक्ति, गुण, विशिष्टता, मर्यादा; **Qualificative** (-केटिव्)-*adj.* serving to qualify. निरूपण करने योग्य; **Qualificatory** (केटरि)-*adj.* relating to qualification. योग्यता का।

Qualified-क्वॉलिफ़ाइड्-*adj.* competent, modified. योग्य, गुणसम्पन्न, मर्यादायुक्त।

Qualifier-क्वॉलि'-फ़ाइ-अर्-*n.* one who qualifies. योग्य बनने या बनानेवाला।

Qualify-क्वॉलि-फ़ाइ-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Qualified.**) to attribute a quality to, to make legally competent, to fulfil a condition, to modify, to make less. योग्य करना, नियम के अनुकूल बनाना, प्रतिबन्ध पूरा करना, कम करना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Qualitative-क्वॉलिटेटिव् - *adj.* relating to quality. जातिस्वभाव या गुण-सम्बन्धी।

Quality-क्वॉलिटि -*n.* a distinguishing attribute, character, degree of excellence, faculty, skill, high rank, accomplishment. विशिष्ट लक्षण या गुण, आचरण, उत्तमता, शक्ति, हुनर, ऊँचा पद, गुणपूर्णता; **Bad quality** (bad character.) दुर्गुण; **Good quality** (good disposition.) सद्गुण; **Man of quality** (a man of superior rank.) कुलीन पुरुष।

Qualm-क्वॉम्,-क्वाम् -*n.* momentary feeling of sickness, feeling of nausea, scruple of conscience. बीमारी की क्षणिक भावना, वमन इच्छा, ओकाई, मन का ताप, पछतावा, आंतरिक ज्ञान का सिद्धान्त।

Qualmish-क्वामिश् - *adj.* affected with nausea. ओकाई के रोग से पीड़ित।

Quandary-क्वॉण्डरि -*n.* a state of perplexity, a difficult situation. व्याकुलता, आशङ्का (घबड़ाहट)।

Quantitative-क्वॉन्टिटेटिव् - *adj.* concerned with quantity. परिमाण सम्बन्धी; **Quantitatively** (-लि) - *adv.* in a quantitative manner. परिमाण रूप में।

Quantity-क्वॉन्टिटि - *n.* (*pl.* Quantities.) amount, extent, bulk, measure. परिमाण, मात्रा, अंश, राशि; **A great quantity** (a great sum.) बहुत अधिक धन; **Known quantity** (a fixed sum.) निश्चित धन; **Negative quantity** (a minus quantity) ऋण राशि; **Positive quantity** (a plus quantity.) धन राशि; **Small quantity** (a small amount.) अल्पभाग; **Unknown quantity** (a quantity which is not known.) अव्यक्त राशि।

Quantum-क्वॉन्टम्-*n.* the amount or portion required. परिमाण, मात्रा।

Quaquaversal-क्वेक्वव्रर्सल् -*adj.* pointing in every direction. प्रत्येक दिशा में दिखानेवाला।

Quarantine-क्वॅरन्टीन् - *n.* a prohibition imposed on persons infected with contagious diseases for mixing with other people. संक्रामक रोग से ग्रस्त लोगों के लिये दूसरों से मिलने की रुकावट।

Quarrel-क्वॅर्ल् -*n.* a brawl, a petty fight, a dispute. कलह, विवाद, झगड़ा; -*v. t.* (*p. t.* Quarrelled.) to dispute, to disagree, to squabble, झगड़ा करना, लड़ाई करना; **To pick a quarrel** (to begin a dispute.) झगड़ा आरम्भ करना; **To quarrel with one's bread and butter** (to leave off one's occupation.) अपना व्यवसाय त्याग देना; **Quarreller** (-अर्) -*n.* one who quarrels. झगड़नेवाला; **Quarrelling** (-इङ्ग्) -*n.* disputing with angry words. लड़ना, झगड़ना; **Quarrelsome** (-सम्) -*adj.* quarrelling, irritable. विवादी, झगड़ालू, लड़ाका; **Quarrelsomely** (-लि) -*adv.* in a quarrelsome manner. झगड़ालूपन से; **Quarrelsomeness** (नेस्) - *n.* the quality of being quarrelsome. झगड़ालूपन।

Quarry-क्वॅरि -*n.* (*pl.* Quarries.) a victim, prey, a place where excavations are made for stone. शिकार, मारा हुआ पशु, वह स्थान जहाँ पत्थर निकालने के लिये खुदाई होती है; -*v. i.* (*p. t.* Quarried.) to dig from a quarry. उक्त खुदे हुए स्थान से पत्थर निकालना; **Quarryman** (-मॅन्) - *n.* a worker in quarry. खान से पत्थर निकालनेवाला।

Quart-क्वॉर्ट् -*n.* a quarter of a gallon or two pints. चौथाई गेलन, प्रायः तीन पाव तरल पदार्थ की नाप; -*v. t.* to draw back. पीछे को हटाना।

Quartan-क्वॉर्टन् - *n.* a paroxysm of fever &c occurring every fourth day. चौथिया ज्वर, चौथे दिन आनेवाला बुखार।

Quartation-क्वॉर्ट्टेशन् -*n.* mixing one part of gold with three parts of silver for purifying gold. सोना छानने के लिये, इसमें तिगुनी चाँदी का मेल देने की क्रिया।

Quarter-क्वॉर्टर् -*n.* a fourth part, one of the four parts into which a thing is divided, region, place, fourth part of a hundredweight, shelter given to an enemy. चतुर्थांश, चतुर्थ भाग, प्रदेश, मण्डल, स्थान, दिशा, अट्ठाईस पाउण्ड (चौदह सेर) का वजन, शत्रु को दी हुई शरण; **Quarters** -*n.* (*pl.*) lodgings, abode. (ब० व०) निवासस्थान, रहने की जगह; - *v. t.* & *i.* to divide into four equal parts, to separate. चार बराबर भागों में विभक्त करना, अलग करना; **From all quarters** (from all directions.) चारों ओर से; **Guardian of a quarter.** दिक्पाल; **Headquarters** (the office of the commander-in-chief.) सेनापति का स्थान, सदर; **In every quarter** (in every direction.) हर दिशा में; **Quarter of century** (twentyfive years.) पचीस वर्ष; **Quarter of an hour** (fifteen minutes.) पन्द्रह मिनट का समय; **Quarter past four**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(fifteen minutes past four.) सवा चार बजे; Quarter plate (a quarter size photographic plate.) फोटो का प्लेट जो सवा चार इञ्च लम्बा और सवा तीन इञ्च चौड़ा होता है; Quarter to three (fifteen minutes to three o' clock.) पौने तीन बजे; To come to close quarters (to come in collision.) मुठभेड़ करना।

Quarterage-क्वॉर्टरेज़ - *n.* quarterly allowance. त्रैमासिक भत्ता या भुगतान।

Quartering-क्वॉर्टरिङ्ग् - *n.* assignment of quarters to soliders. सिपाहियों को ठहरने का स्थान देने का काम।

Quarterly-क्वॉर्टर्लि-*adj.,adv. & n.* occurring every quarter of a year, a periodical published, every quarter of a year. त्रैमासिक, तीसरे महीने होनेवाला, त्रैमासिक पत्रिका।

Quartermaster-क्वॉर्टर्-मास्टर्-*n.* a commissioned officer of an army. सेना का प्रधान अफसर।

Quartern-क्वार्टर्न्-*n.* the fourth part of a pint. पाइन्ट का चौथाई भाग।

Quarto-क्वॉर्'-टॅ-*n.* (*pl.* Quartos.) (written 4 to) a book consisting of sheets folded in four parts. चार तह किये हुए कागज़ पर छपी हुई पुस्तक।

Quartz-क्वॉर्ट्-ज़्-*n.* a rock crystal. एक प्रकार का चमकीला पत्थर, बिल्लौर।

Quash-क्वॉश्-*v. t.* to subdue, to make void, to put an end to, to annul. जीतना, दबाना, समाप्त करना, मिटा देना।

Quasi-क्वे'-साइ-*pref.&conj.* that is to say, as if, almost. अर्थात्, मानो, प्रायः।

Quassation-क्वॉ - सें -शन्- *n.* act of shaking. कम्प, हिलने का कार्य।

Quassia-क्वॉश्या-*n.* a kind of tree whose bark is used for medical purposes. एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि में प्रयुक्त होती है।

Quatern-क्वॉ-टर्न्-*adj.* four-fold. चौगुना।

Quaternary-क्वॉटर्नरि-*adj.* of four parts. चार भाग का;-*n.* a group of four things. चार अङ्कों का समुदाय।

Quaternion-क्वॉ - टर्नि - अन्-*n.* a set or group of four. चतुष्क, चार का समुदाय।

Quaternity-क्वॉ-टर्निटि-*n.* a combination of four. चार का समूह।

Quatrain-क्वॉट्रेन्- *n.* a stanza of four lines with alternate lines rhyming. चतुष्पदी श्लोक, जिसके पहिले-तीसरे तथा दूसरे-चौथे चरण में अनुप्रास रहता है।

Quatre-foil-कॉटर्-फॅइल्-*n* an architectural opening resembling four leaves of a flower. इमारत में चौपतिया छिद्र।

Quatre-foil.

Quaver-क्वे-व्र्-*v.t.* to vibrate, to tremble, to shake, to sing in a trembling tone. काँपना, थर्राना, हिलाना, काँपते हुए स्वर में गाना; -*n.* rapid vibration of voice. स्वर का तीव्र कम्पन, थरथराहट, गिटकिरी; Quavering (-इङ्ग्)-*adj.* trembling or vibrating. काँपता हुआ; Quaveringly (-इङ्ग्-लि)-*adv.* tremblingly, काँपते हुए; Quavery (-इ)-*adj.* shaky, tremulous. कम्पमान, काँपनेवाली।

Quay-की-*n.* a landing place in the sea, wharf. समुद्र के किनारे जहाज़ से उतरने की जगह, घाट।

Quayage-की'-ऍज्-*n.* dues of a quay. घाट पर उतराई का भाड़ा।

Queachy-क्वीचि-*adj.* trembling under the feet. पैर के नीचे हिलता हुआ।

Quean-क्वीन्-*n.* an ill-behaved girl, a prostitute. भ्रष्टचरित्र लड़की, वेश्या, पतुरिया।

Queasiness-क्वीज़ि-नेस्-*n.* delicateness. सुकुमारता, नज़ाकत।

Queasy-क्वीज़ि-*adj.*tending to sickness, weak of digestion, delicate. रोगी होनेवाला, कमज़ोर हाज़मे (पाचनशक्ति) वाला, कोमल (नाज़ुक)।

Queen-क्वीन्-*n.* (*mas.*King.) a king's wife, a female monarch, an adorned female, a sweetheart, the best example of a thing, a piece in chess. राजपत्नी, महारानी, सजाई हुई स्त्री या औरत, दुलारी या प्राणप्यारी, किसी वस्तु का सर्वोत्तम नमूना, शतरञ्ज में का फ़र्ज़ी; -*v. t. & i.* to make a queen of, to act as a queen. रानी बनाना, शतरञ्ज में फ़र्ज़ी बनाना, रानी के समान व्यवहार करना ; Queen-bee (the female bee of a hive.) रानी मधुमक्खी; Queen-consort (the wife of a ruling king.) शासन करनेवाले राजा की स्त्री ; Queen-dowager (the widow of a king.) मृत राजा की पत्नी ; Queenhood (- हुड्) -*n.* queenly character. रानीपन; Queen-like (-लाइक्)-*adj.* like a queen. रानी के समान; Queenly (-लि) -*adj.* like a queen. रानी के समान; Queen-mother (the mother of a reigning king.) राजा की माता ; Queen's metal (an alloy of tin, lead &c.) काँसा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Queer-क्वीअर्-*adj.* strange,peculiar,eccentric, odd, singular. विलक्षण, अद्भुत, झक्की, सनकी, अपूर्व, विचित्र, अनूठा; **Queerish** (-इश्)-*adj.* somewhat peculiar. कुछ अनोखा; **Queerly** (-लि)-*adv.* in a strange manner. विलक्षण रूप से; **Queerness**(-नेस्)-*n.* singularity. विलक्षणता।

Quell-क्वेल्-*v. t.* to suppress, to crush, to subdue, to quiet. दबाना, कुचलना, जीतना, वश में करना, शान्त करना।

Queller-क्वे-लर्-*n.* one who subdues. वश में करनेवाला।

Quench-क्वेन्श् (न्च्)-*v. t.* to extinguish, to suppress, to allay, to silence. बुझाना, दबाना, ठण्ढा करना, चुप करना, शान्त करना; **Quenchable** (ऍ--बल्)-*adj.* extinguishable. शान्त करने योग्य; **Quencher** (-अर्)-*n.* a drink. पीने की वस्तु; **Quenching** (-इङ्ग्)-*n.* suppression. शमन, शान्ति; **Quenchless** (-लेस्)-*adj.* unextinguishable. न बुझाने योग्य।

Quenelle-क-नेल्-*n.* a ball of meat reduced to paste. पीसा हुआ मांस का लोंदा।

Querent-क्वीरेन्ट्-*n.* an enquirer. अन्वेषक, जाँच-पड़ताल करनेवाला।

Querimonious-क्वे रि-मो'-नि-अस्-*adj.*querulous. झगड़ालू।

Querist-क्वीरिस्ट्-*n.* a person who asks questions. प्रश्न पूछनेवाला।

Quern-क्वर्न्-*n.* a stone hand-mill for grinding corn. जाँता, चक्की।

Querulous-क्वे-र्युलस्-*adj.*habitually complsining, peevish. सर्वदा शिकायत करनेवाला, विलापी, दुःखी; **Querulously** (-लि)-*adv.* in a querulous manner. शिकायत करते हुए; **Querulousness** (-नेस्)-*n.* complaining disposition. शिकायत करने की आदत।

Query-क्वे रि-*v. t. & i.* (*p. t.* Queried.)to make an enquiry, to ask a question. जाँच करना, प्रश्न पूछना; -*n.* (*pl.* Queries.) a question, the mark of interrogation. प्रश्न, प्रश्नवाचक चिह्न (?)।

Quest-क्वेस्ट्-*n.*a search, a request, an official inquiry, an examination. अन्वेषण, खोज, प्रार्थना, अनुसन्धान, परीक्षा;-*v.i. & t.* to make a search for. खोजना, खोज में जाना।

Question-क्वेस्ट्'-यन्-(क्वेश्चन्)-*n.* an interrogation, inquiry, doubt, examination, a problem requiring a solution. प्रश्नवाचक शब्द या प्रश्न, अनुसन्धान, जाँच, सन्देह, परीक्षा, विवाद का विषय;-*v. t.* to ask a question, to interrogate, to doubt. प्रश्न करना, सन्देह उत्पन्न करना; **Out of question** (certainly, undoubtedly.) अवश्य, निःसन्देह; **Out of the question** (not to be considered.) न विचारा जानेवाला; **Popping the question** (proposing for marriage.) विवाह का प्रस्ताव करना; **The topic in question** (the matter of debate.) प्रस्तुत विषय; **To beg the question** (to take for granted what has to be proved.) सिद्ध करने के विषय को मान लेना; **To call in question** (to raise objections.) आपत्ति (एतराज़) उठाना।

Questionable-क्वेश्चनेबल्-*adj.* suspicious, doubtful. सन्देहयुक्त, अनिश्चित; **Questionably** (-लि)-*adv.* in a questionable manner. शंकायुक्त; **Questionary** (क्वेश्चन्-अरि)-*n.* a series of questions.प्रश्नोंका क्रम; **Questioner** (-अर्)-*n.* one who asks questions. प्रश्न पूछनेवाला; **Questioningly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a questioning manner. प्रश्न करते हुए; **Questionless** (-लेस्)-*adj.* doubtless. निःसंशय, निःसन्देह।

Questionnaire-क्वेस्ट्य (श्च) नेअर्-*n.* a series of questions submitted for answer. उत्तर देने के लिये प्रश्नों का समूह।

Questor-क्वेस्टर्-*n.* a treasurer. कोषाध्यक्ष, खजानची; **Questorship** (-शिप्)-*n.* the office of the treasurer. कोषाध्यक्ष का पद।

Questuary-क्वेस्ट्'-यु-अरि-*n.* he who is employed to collect profits. मुनाफे की रकम इकट्ठा करने के लिये नियुक्त पुरुष।

Queue-क्यू-*n.* tail of hair, a file of persons awaiting their turn for taking something, the tail of a beast. चुटिया, चोटी, किसी वस्तु को पाने की प्रतीक्षा (इन्तेज़ार) करनेवालों की पंक्ति (क़तार), जानवर की दुम;-*v. t. & i.* to arrange in a line, to stand in a line, to trace like a dog. लाइन या पंक्ति में खड़ा करना या खड़ा होना, कुत्ते की तरह पैर का निशान देखकर पीछा करना।

Quibble-क्वि-बल्-*n.* an evasion, a play on words, equivocation. वाक्छल, वक्रोक्ति;-*v. i.* to play upon words. वाक्छल करना; **Quibbler** (-अर्)-*n.* one who plays on words. प्रलापी; **Quibbling** (-इङ्ग्)-*n.* a pun, an evasion. बकवाद, बात बनाना।

Quick-क्विक्-*adj.*living, sprightly,sharp,pregnant with child,vigorous,sensitive, prompt to act. सजीव, फुर्तीला, तीव्र, गर्भवती, शक्तिशाली, सूक्ष्मग्राही, काम करने में प्रस्तुत;-*n.* a living part of the body. शरीर का मर्मस्थान;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

adv. without delay, rapidly, nimbly, soon. अविलम्ब, शीघ्रता से, तेजी से, फुर्ती से, तुरन्त; Be quick (make haste.) जल्दी करो; Piercing to the quick (penetrating the living flesh.) मर्म-भेदी; Quick-tempered (of irritable temper.) जल्दी क्रुद्ध होनेवाला; Quick with child (pregnant with child.) चलितगर्भ, गर्भवती।

Quicken-क्विकन्-*v.t.* to vivify, to sharpen, to excite, to make quick or alive. तीव्र करना, सचेत करना, उत्तेजित करना, सजीव करना; Quickener (-अर्)-*n.* he who or that which quickens. तीव्र या उत्तेजित करनेवाला; Quickening (-इङ्ग्)-*adj.* reviving. उद्दीपक, फिर जिलानेवाला।

Quick-eyed-क्विक्'-आइड्-*adj.* having acute sight. तीव्र दृष्टिवाला।

Quick-firer-क्विक्'-फ़ायरर्-*n.* a quickfiring gun. तेजी से गोली छोड़ने की बंदूक।

Quicklime-क्विक्'-लाइम्-*n.* unslaked lime. बिना बुझाया हुआ चूना।

Quickly-क्विक्'-लि-*adv.* speedily, without delay. तीव्रता से, झटपट; Quickness (-नेस्) -*n.* sharpness, alertness, swiftness. तीव्रता, वेग, जल्दी।

Quicksand-क्विक्' - सैन्ड् - *n* watery sand. कछारी बालू।

Quickset--क्विक्'-सेट्-*n.* a living plant. हरी वनस्पति।

Quick-sight-क्विक्'-साइट्-*n.* acute vision. तीक्ष्ण दृष्टि।

Quicksilver-क्विक्'-सिल्वर्-*n.* mercury. पारद, पारा।

Quick-witted-क्विक्'-व्हि-टेड्-*adj.* having a ready wit. हाजिर दिमागवाला, तत्काल बुद्धिवाला।

Quid-क्विड्-*n.* chewing tobacco, a sovereign. खाने की सुर्ती, अशर्फी।

Quidam-क्वाइ-डैम्-*n.* somebody. कोई व्यक्ति।

Quiddity-क्वि'-डिटि-*n.* essence of a thing. quibble subtlety. किसी पदार्थ की सूक्ष्मता, तत्त्व, पाखण्ड।

Quiddle-क्वि-डल्-*v. t.* to waste time, to twiddle. समय नष्ट करना, तुच्छ कार्य में समय लगाना।

Quidnunc-क्विड्'-नङ्क्-*n.* a person given to gossip, a newsmonger. बकवादी, समाचार फैलानेवाला।

Quiescence-क्वाइ-ऍ'-सेन्स्-*n.* repose, rest. शान्ति, विश्राम।

Quiescent-क्वाइ-ऍ - सेन्ट् - *adj.* silent, calm, motionless, inert. निश्चल, स्थिर, अचल, मौन; Quiescently (-लि) -*adv.* in a quiescent manner. स्थिरता से।

Quiet-क्वाइ-अट्, क्वायट्-*n.* tranquillity, silence, stillness, repose, peace of mind. स्थिरता, शान्ति, विश्राम, आनन्द (सुख); -*adj* still, calm, uninterrupted, tranquil, retired. शान्त, निश्चल, निर्विघ्न, निश्चित, चुपचाप; -*v. t.* to allay, to calm. शान्त करना, स्थिर करना।

Quieten-क्वायट्न्-*v. t.* & to make or become quiet. शान्त करना या होना।

Quietly-क्वायट्'-लि-*adv.* in a quiet manner. शान्ति पूर्वक, चुपचाप; Quietness (-नेस्), Quietude (-ट्यूड्)-*ns.* tranquillity, state of rest. शान्ति, सन्तोष, स्थिरता (वैराग्य)।

Quietus-क्वाइ'-ई'-टस्-*n.* final settlement, death. अन्तिम निर्णय, मृत्यु।

Quill-क्विल्-*n.* the hollow stem of a feather, a large feather, musical pipe made of hollow stem, a pen made of this, the spine of a porcupine. पंख की खोखली डाँड़ी, बड़ा पर, बाँसुरी की नली, पंख की कलम, साही का काँटा; -*v. t.* to pleat. मोड़ना, गूँथना; Quilling (-इङ्ग्)-*n.* pleating. गुथन।

Quillet-क्वि-लेट्-*n.* nice distinction, quibble. सूक्ष्म अन्तर, वाक्छल।

Quilt-क्विल्ट्-*n.* a padded cover for a bed. गद्दा, तोशक (रजाई); -*v. t.* to stitch in the manner of quilt. तोशक या रजाई बनाना, दो तहों को जोड़ना।

Quilting-क्विल्ट्-इङ्ग्-*n.* material employed to make quilt. तोशक या रजाई बनाने का सामान।

Quinary-क्वाइनरि-*adj.* consisting of five things, of five. पाँच वस्तुओंवाला, पाँच का।

Quinate-क्वाइ-नेट्-*adj.* composed of five leaves. पाँच पत्तियों का, पँचपतिया।

Quince-क्विन्स्-*n.* a kind of pear-shaped fruit. श्रीफल, शरीफा।

Quincuncial-क्विन्' - कन्' - शल्-*adj.* of the form of a quincunx. पञ्जे का।

Quincunx-क्विन्'-कङ्क्स्-*n.* five at dice or cards. ताश या पासे का पञ्जा।

Quindecagon-क्विन्-डेकी-गॉन्-*n.* a figure of fifteen sides. पन्द्रह भुजाओं का क्षेत्र।

Quingentenary-क्विन्-जेन्टिनरि-*adj.* of the

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

500th year. पाँच सौवें वर्ष का; -*n.* 500th anniversary. पाँच सौवें वर्ष का उत्सव।

Quinine-क्विनीन्, क्विनाइन्-*n.* an alkaloid found in the cinchona bark. कुनेन की दवा।

Quinquagenarian-क्विन्क्वजिनेरिअन्-*adj.* of fifty years of age. पचास वर्ष का; **Quinquagenary** (-अरि)-*adj.* relating to the fiftieth year. पचासवें वार्षिकोत्सव का।

Quinqua-क्विन्'-क्वीं-*pref.* in the sense of 'five'. 'पाँच' अर्थ का उपसर्ग।

Quinquangular-क्विन्-क्वॉङ्ग्'-युलर्-*adj.* having five angles. पाँच कोण का।

Quinquedentate-क्विन्-क्वि-डेंन्टेट्-*adj.* with five teeth. पाँच दाँतवाला।

Quinquefoliated-क्विन्-क्वि-फ़ो'-लि-एटेड्-*adj.* having five leaves. पँचपतिया।

Quinqueliteral-क्विन्-क्वि-लिटरल्-*adj.* consisting of five letters. पञ्चाक्षरी, पाँच अक्षरों का।

Quinquennial-क्विन्-क्वेंनिअल्-*adj.* occurring once in five years. पञ्चवार्षिक, पाँच बरस का।

Quin-quennium-क्विन्-क्वें-नि-अम्-*n.* a period of five years. पाँच वर्ष की अवधि।

Quinsy-क्विन्'-ज़ि-*n.* an inflammation of the tonsils. घाँटी की सूजन, कण्ठमाला।

Quintal-क्विन्ट्'-ल्-*n.* a weight of 100 kilograms. एक सौ किलोग्राम का वजन (२ मन २७½ सेर)।

Quintan-क्विन्टन्-*n.* & *adj.* a fever occurring every fifth day. प्रति पाँचवें दिन पर आनेवाला ज्वर।

Quintessence-क्विन्टेंसेन्स्-*n.* most essential part, extract. सार, तत्त्व (हीर)।

Quintessential-क्विन्टेसेन्शल्-*adj.* consisting of quintessence. तत्त्व या सारयुक्त।

Quintet-क्विन्-टेट्'-*n.* a series of five. पञ्चक।

Quintuple-क्वि-न्ट्यु-प्ल्-*adj.* fivefold. पँचगुना;-*v. t.* to make fivefold. पँचगुना करना।

Quintuplicate-क्विन्'-ट्यु-प्लि-केट्-*v. t.* to fold five times. पाँच तह करना।

Quintuply-क्विन्'-ट्यु-प्लि-*adv.* in a five fold manner. पँचगुने रूप में।

Quip-क्विप्-*n.* a sarcastic remark, taunt. ताना, ठट्ठा;-*v. t.* (*p. t.* Quipped) to taunt. ताना मारना।

Quire-क्वायर्-*n.* a batch of twentyfour sheets of paper, old spelling of *choir*. (=a band of singers.) एक दिस्ता (चौबीस तख्ता) काग़ज़, गायकगण।

Quirk-क्वर्क्-*n.* a quibble or trick, a flourish in writing. व्यवहार में छल, लिखावट का मोड़-तोड़।

Quit-क्विट्-*v. t.* (*p. t.* Quitted) to get rid of, to abandon, to leave, to repay. त्यागना, छोड़ना, छुटकारा देना, ऋण चुकाना;-*adj.* free, clear. स्वतन्त्र, शुद्ध, स्वच्छ; **Quittance** (-टन्स्) -*n.* discharge from debt. मुक्ति, निस्तार।

Quite-क्वाइट्-*adv.* wholly, perfectly, entirely. सर्वथा, पूर्ण रूप से, बिलकुल; **Quite other** (very different.) बिलकुल भिन्न; **Quite so** (exactly so.) बहुत ठीक (मैं स्वीकार करता हूँ)।

Quittable-क्विटेबुल्-*adj.* able to be vacated. खाली करने लायक।

Quitter-क्विटर्-*n.* one who quits. छोड़नेवाला।

Quits-क्विट्स्-*n.* on equal terms by retaliation. चुकती, बदला; **To cry quits** (to agree, to stop further quarrel.) मेल कर लेना, झगड़ा तय करना।

Quiver-क्विवर्-*n.* a case for holding arrows. तूणीर, तरकस;-*v. t.* & *i.* to tremble or vibrate. काँपना, फड़कना।

Quiveringly-क्वि-वरिङ्ग्-लि-*adv.* with trembling. काँपते हुए; **Quiverish** (-क्विवर्-इश्) -*adj.* trembling. काँपता हुआ।

Quivive-क्वि-वीव्'-*v. i.* to be on the alert. सचेत होना, चैतन्य होना।

Quixotic-क्विक्सॉटिक्-*adj.* visionary, romantic, absurd. अद्भुत, विलक्षण, कल्पनायुक्त; **Quixotically** (-अलि)-*adv.* in a visionary manner. कल्पनायुक्त ढंग से।

Quixotism-क्विक्सॉटिज़्म्-*n.* absurd and romantic notion. विवेकहीन विलक्षण विचार।

Quixotry-क्विक्सॅट्रि-*n.* absurd notion. विवेकहीन कल्पना।

Quiz-क्विज़्-*n.* an eccentric person, ridicule, an old fellow, a hoax. झक्की आदमी, पुरानी चाल-ढाल का मनुष्य, मसखरा;-*v. t.* to puzzle, to mock. व्याकुल करना, हँसी उड़ाना।

Quizzable-क्विज़ेबुल्-*adj.* comical. हँसी के योग्य।

Quizzically-क्विज़िकलि-*adv.* comically. ठिठोलियापन से।

Quod-क्वॉड्-neuter of Latin word=which. जो; **Quod erat demonstrandum** (Q.E.D.) (which was the thing to be proved.) जो सिद्ध

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करना था; Quod erat faciendum (Q. E. F.) (which was the thing to be done.) जो निर्माण करना था। (इन शब्दों का प्रयोग रेखा गणित में होता है।)

Quoin-कॅइन्-*n.* the external angle of a building, wedge. इमारत का बाहरी कोना, फन्नी; **Quoining** (-इङ्ग्)-*n.* internal corner of a room. कमरे का भीतरी कोना।

Quoit-क्वॅइट्-*n.* a heavy circular iron ring thrown to encircle an iron peg. लोहे का चक्र जो निशाने पर फेंका जाता है;-*v. t.* to fling like a quoit. ऐसा चक्र फेंकना।

Quondam-क्वॅन्'-डॅम्-*adj.* & *adv.* former, sometime. पहिले का, प्राचीन।

Quorum-क्वोर्'-अम्-*n.* (*pl.* Quorums) a fixed number of members required to be present in a meeting to pass a resolution. किसी कार्य को स्थिर करने के लिये सभासदों की निर्दिष्ट संख्या।

Quota-क्वो'-टॉ-*n. pl.* (*sing.* Quotum.) fixed proportion, share assigned to each. अंश, भाग।

Quotable-क्वोटॅबल्-*adj.* able to be quoted. उद्धरण योग्य।

Quotation-क्वो-टे-शन्-*n.* a passage quoted, current price. ग्रन्थ का प्रमाण (उद्धरण), किसी पदार्थ का प्रचलित मूल्य; **Quotation marks** (inverted commas used at the beginning and end of a quotation.) निर्धारित वाक्य के आगे-पीछे लगे हुए चिह्न " "।

Quotative-क्वो-टे'-टिव्-*adj.* pertaining to a quotation. उद्धरण सम्बन्धी।

Quote-क्वोट्-*v. t.* to cite, to repeat, to state the price of. किसी ग्रन्थ से उद्धरण करना, दुहराना, दाम बतलाना; -*n.* a passage quoted from a book. किसी ग्रन्थ से उद्धृत अंश।

Quoth-क्वोथ्-*v. t.* (*used only in past tense*) said, spoke. कहा, बोला।

Quotidian-क्वॉटिडिअन् -*adj.* of everyday, daily, occurring each day. दैनिक, प्रतिदिन होनेवाला।

Quotient-क्वो'-शन्ट्-*n.* the number resulting from the division of one quantity by another. भजनफल, लब्धि।

Quotum-क्वो'-टम् -*n.* (*pl.* Quota.) share, proportion. अंश (भाग), हिस्सा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

R-आर्-the eighteenth letter of the English alphabet, Roman numeral or 80. अँग्रेजी वर्णमाला का अठारहवाँ अक्षर, अस्सी संख्या के लिये सङ्केत; The three R's (*reading, writing and arithmetic.*) पढ़ना, लिखना तथा अङ्कगणित—ये तीन "आर्स्" कहलाते हैं।

Ra-रा-*n.* the Egyptian sun-god. मिस्र वासियों के सूर्य देवता।

Rabbet-रैबेट्-*n.* a joint. जोड़;-*v.t.* (*p.t.* Rabbeted.) to fix with a joint. जोड़ बैठाना।

Rabbi-रैबि,-रैबाइ-*n.* (*pl.* Rabbis) a Jewish doctor of law. यहूदी धर्माधिकारी; **Rabbinate** (-बिनेट्)-*n.* the office of a Rabbi. यहूदी धर्माधिकारी का पद; **Rabbinical** (-बिनिकल्)-*adv.* pertaining to a Rabbi. यहूदी धर्माधिकारी सम्बन्धी; **Rabbinically** (-लि)-*adv.* in a Rabbinic manner. यहूदी धर्माधिकारी के रूप में।

Rabbit-रैं-बिट्-*n.* a rodent of the hare family. शशक, खरहा;-*v.t.* to hunt rabbits, to confuse or confound. खरहों का शिकार करना, घबड़ा देना, विकल कर देना।

Rabbitry-रैं-बिट्रि-*n.* an enclosure for rabbits. खरहा रखने का स्थान।

Rabble-रैं-ब्ल्-*n.* disorderly crowd, mob, the lowest class of people, a confused stream of words, a charcoal-burner's shovel. उपद्रवी मनुष्यों का समूह, भीड़भाड़, सबसे नीच वर्ग के लोग, निरर्थक शब्दों का प्रयोग, लकड़ी का कोयला फूँकनेवाले का विशेष प्रकार का फावड़ा;-*n.* a tool for skimming molten iron. गलाये हुए लोहे के हिलाने का डण्डा।

Rabblement-रैं-ब्ल्'-मेन्ट्-*n.* tumultuous conduct, disturbance. उपद्रव का व्यवहार, गोलमाल।

Rabid-रैबिड्-*adj.* violent, headstrong, furious, mad. उन्मत्त, हठी, विक्षिप्त, बावला; **Rabidity** (-इटि)-*n.* the state of being rabid. उन्मत्तता, बावलापन; **Rabidly** (-लि)-*adv.* in a furious manner. उन्माद से; **Rabidness** (-नेस्)-*n.* madness. उन्माद।

Rabies-रे-बि-ई-ज़्-*n.* hydrophobia. पागल कुत्ते के काटने से उत्पन्न जलातङ्क (पानी से डरने) का रोग।

Race-रेस्-*n.* rapid current in the sea or river, course of life, career, channel, progress, contest of speed, family, tribe, breed, descent, kindred, root, a running. समुद्र या नदी की तीव्र धारा, जीवन-क्रम, जीविका, नाली, उन्नति, गति का द्वन्द्व, कुल, जाति, सन्तति, सन्तान, कुटुम्ब, मूल, दौड़;-*v. i. & t.* to run swiftly to run wildly. घुड़दौड़ करना, तेजी से दौड़ना, शीघ्र भागना; **Race-course**(-कोर्स्)-*n.* a circular track on which a race is run. घुड़दौड़ का गोलाकार पथ; **Race-ground** (-ग्रॉउन्ड्)-*n.* the open ground on which a race is held. घुड़दौड़ का मैदान; **Racehorse** (-हॉर्स्)-*n.* a horse bred for racing. घुड़दौड़ का घोड़ा।

Raceme-रसीम्-*n.* a flower cluster. फूल का गुच्छा।

Racemose-रीसिमोस्-*adj.* growing in clusters. गुच्छों में उगनेवाला।

Racer-रेसर्-*n.* a competitor in a race, a racing horse. दौड़नेवाला, घुड़दौड़ का घोड़ा।

Rachis, Rhachis-रे'-किस्-*ns.* (*pl.* Rachides.) the stem of a plant in which flowers grow. पौधे की वह डाली जिसमें फूल उगते हैं।

Rachitis-रैं-काइटिस्-*n.* rickets. अदृढ़ सन्धि, शिथिल सन्धि।

Racial-रे'-श्यल्-*adj.* pertaining to race. कुल या वंश सम्बन्धी; **Racialism** (-इज़्म)-*n.* characteristics of a race. किसी जाति की विशिष्टता; **Racially** (-लि)-*adj.* in a racy manner. वंश में।

Racily-रे सि-लि-*adv.* in a racy manner, strongly. दौड़ते हुए, मजबूती से; **Raciness** (-नेस्)-*n.* pungency. तीक्ष्णता।

Rack-रैक्-*n.* a frame for holding fodder, a framework for keeping articles, a cog-wheel, an instrument of torture, driving clouds, horse's trot, a young rabbit's soft skin. पशुओं को घास खिलाने का कठरा, सामान रखने का टाँड़, दाँतेदार पहिया, सिकन्जा, बादल का टुकड़ा, दुल्की चाल, खरहे के बच्चे का नरम चमड़ा;-*v. t.* to fill with straw, to stretch joints, to harass, to amble as a horse. कठरे में घास भरना, जोड़ तानना, अत्यन्त पीड़ा देना, दुल्की चलना; **Racker** (-अर्)-*n.* one who tortures. सतानेवाला व्यक्ति।

Rack-rent-रैक्'-रेन्ट्-*n.* high rent. अधिक लगान।

Racket, Racquet-रैकेट्-*ns.* a bat used in playing tennis, disturbance, uproar. टेनिस खेलने का बैट, शोर-गुल, कोलाहल;-*v.i.* to make an uproar. कोलाहल मचाना; **Racket press** (an appliance for pressing a racket. टेनिस के बैट का दाब (शिकंजा)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Racoon-रॅ-कून्' - *n.* a kind of American carnivore. अमेरिका देश का एक प्रकार का पशु।

Racy-रेस्'-इ-*adj.* of high degree, strong, of distinctive quality, spirited. तीक्ष्ण, उग्र, विशिष्ट, उत्तेजित।

Raddle-रॅ-डल्-*n.* red ochre. गेरू;-*v. t.* to colour with raddle. गेरू से रँगना।

Radial-रे - डिअल् - *adj.* of the rays. किरण-सम्बन्धी, किरणों की तरह क्रम में रक्खी हुई।

Radialization-रेडि-अलाइज़ेशन् - *n.* state of being radialized. किरण-क्रम ; **Radialized** (-अलाइज़्ड्)-*adj.* arranged like the rays. किरण-क्रम में रक्खा हुआ; **Radially** -*adv.* in a radial manner. किरणक्रम से।

Radian-रे'-डि-अन्-*n.* angle at the centre of a circle subtending an arc the length of which is equal to the radius. वृत्त के केन्द्र पर अर्द्धव्यास के तुल्य चाप से बना हुआ कोण।

Radiance-रे'-डि-अन्स्-*n.* the quality of being radiant, splendour. कांति (प्रकाश), चमक।

Radiancy-रे-डि-अन्सि-*n.* brilliant lustre. तीव्र प्रकाश।

Radiant-रे'-डि - अन्ट्-*adj.* giving out rays, shining, beaming with joy &c. किरणें फैलानेवाला, दीप्तिमान्, आनन्द इत्यादि से प्रफुल्लित;-*n.* point from which light radiates. वह बिन्दु जहाँ से प्रकाश फैलता है ; **Radiantly** (-लि)-*adv.* in a radiant manner. प्रकाश फैलाते हुए।

Radiate-रे-डि-एट्-*v. i. & t.* to emit rays of light, to spread from a central point, to sparkle. किरण फेंकना, केन्द्र से फलना, जगमगाना; **Radiation** (-ए-शन्)-*n.* diffusion of rays of light.प्रकाश, ज्योति;**Radiative**(-ए-टिव् -*adj.* having power of radiating, प्रकाश फैलानेवाला; **Radiator** (-ए-टर्)-*n.* a part of a heating apparatus for a room, that which radiates. कमरे में गर्मी फैलानेवाले यन्त्र का एक भाग, ज्योतिर्मय पदार्थ।

Radical-रॅडि-इकल्-*adj.* essential, original, fundamental, primary.तत्त्वरूप,मौलिक स्वाभाविक, आदि का;-*n.* a main principle, a root or primitive word or letter. मौलिक सिद्धान्त, मूल शब्द ; **Radicalism** (- इज़्म्) - *n.* radical principles in politics. राजनीति का मौलिक सिद्धान्त; **Radicalization** (-आइज़्-ए'-शन्)-*n.* the act of radicalizing. मौलिककरण; **Radicalize** (-आइज़्)-*v. t.* to cause to become radical. मौलिक बनाना; **Radically**(-लि)-*adv.* in a radical manner. मौलिक रूप से, जड़ से।

Radicate-रॅ-डि-केट्-*adj.*deeply rooted.गहरी जड़वाला; **Radication** (-शन्)-*n.* the act of taking deep roots. गहरी जड़ फेंकने का काम।

Radicel-रॅडिसेल्-*n.* a small root. छोटी जड़।

Radicle-रॅडिकल्-*n.* a rootlet. पौधे की महीन जड़; **Radicular** (-क्युलर्)-*adj.* pertaining to a radicle. महीन जड़ का।

Radio-रे'-डि-ओ-*n.* wireless telegraphy and telephony, X-rays and their applications. बिना तार की तारबर्की या टेलिफ़ोन, शरीर के भीतर का चित्र खींचने का यन्त्र ;-*v. t.* to transmit by wireless telegraphy, to take X-ray photographs. बिना तार से समाचार भेजना, शरीर के भीतर का चित्र उतारना।

Radio-रे'-डि-ओ-*pref.* in sense of "of radius or radium". उपसर्ग जिसका अर्थ "अर्धव्यास अथवा रेडियम सम्बन्धी" होता है; **Radio-active** (-ऑक्ट्-इव्)-*adj.* having the property of radium. रेडियम का प्रभाव डालनेवाला; **Radiograph** (-ग्राफ़)-*n.* an X-ray photograph. एक्सरे द्वारा उतारा हुआ चित्र; **Radiotelegram** (-टेल्-इ-ग्राम्)-*n.* a telegram transmitted by wireless. बिना तार के सन्देश भेजने की क्रिया या काम या भेजा गया सन्देश।

Radish-रॅडिश्-*n.* a point with pungent edible root. मूली, मुरई।

Radium-रे'-डि - अम् - *n.* a valuable metal which emits rays and produces electrical effect. एक बहुमूल्य धातु जिसमें से किरणें निकलती हैं और वैद्युतिक प्रभाव डालती हैं।

Radius-रे'-डि-अस्-*n.*(*pl.* Radii) the shorter bone in the forearm of human beings, the straight line from the centre of a circle to its circumference, the spoke of a wheel. बाहु की छोटी पुष्ट अस्थि, व्यासार्ध, त्रिज्या, पहिये की तीली।

Radix-रे'-डिक्स्-*n.*(*pl.*Radices.) primitive word, source, origin. मौलिक शब्द, उद्गम, मूल।

Raff-रॅफ्-*n.* riff-raff, the rabble. नीच मनुष्यों का समुदाय, भाँड़भाड़।

Raffia-रॅ'-फ़ि-आ-*n.* a kind of palm. एक प्रकार का नारियल या खजूर।

Raffish-रॅ-फ़िश्-*adj.* of bad reputation. दुर्नाम का, अपयश का; **Raffishly** (-लि)-*adv.* in a dissipated manner. दुर्नाम से; **Raffishness** (-नेस्)-*n.* dissipation, ill-repute. दुर्नाम, अपयश।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Raffle-रॅफ़्ल्-*n.* the sale of an article by realising entrance fee from a number of persons and finally assigning it on one by casting lots, rubbish, refuse. चिट्ठी डालकर माल बेचने का ढंग, कूड़ा-करकट;-*v. t. & i.* to dispose by raffle. चिट्ठी डालकर वस्तु बेचना।

Raft-रॅफ़्ट्-*n.* a fleet made of logs or casks, a float of timber. लट्ठों का या पीपों का बेड़ा; -*v. t.* to transport by means of a raft. बेड़े पर माल-असबाब ले जाना, बेड़े पर नदी पार करना।

Rafter-रॅफ़्टर् -*n.* one who makes a raft, a framework of beams on which slates &c. of a roof are laid. बेड़ा बनानेवाला, धरन, बल्ला;-*v. t.* to furnish with rafters, to plough land. बल्ला बैठाना, हल जोतना।

Rafty-रॅफ़्'-टि-*adj.* dampy, musty. तर, गीला।

Rag-रॅग्-*n.* a torn piece of woven material, remnant, fragment, a scrap, roofing stone or tile. वस्त्रखंड, चीर, चिथड़ा, लत्ता, खपरैल; -*v. t.* (*p.t.* Ragged) to tease, to play rough jokes upon. कष्ट देना, भद्दी हँसी करना; **Rag-fair**(-फ़ॅअर्)-*n.* a market of old clothes. पुराने कपड़ों का बाजार; **Rag-paper** (-पे-पर्)-*n.* paper manufactured from rags. चिथड़ों से बना हुआ कागज; **Rag-tag** (-टॅग्)-*n.* the lowest orders in society. समाज में सबसे नीच लोग।

Ragamuffin-रॅग्अ-म-फ़िन्-*n* a ragged mean fellow. चिथड़ा पहिने दरिद्र मनुष्य; **Ragamuffinly** (-लि)-*adv.* like a ragamuffin. चिथड़ा पहिने हुए दरिद्र मनुष्य के समान।

Rage-रेज्-*n.* violent anger, violence, vehement desire, great fury. भीषण क्रोध, उत्पात, प्रबल इच्छा (लालसा), रोष; -*v. t* to be angry. क्रोध करना; **Rageful** (-फुल्)- *adj.* full of rage. क्रोधपूर्ण।

Ragged-रॅग्'-ड्-*adj.* rough, shabby, rent, of uneven surface. रूक्ष, जीर्ण, फटा-पुराना, खुरखुरा; **Ragged school** (a school for poor boys.) गरीब लड़कों की पाठशाला; **Raggedly** (-लि) - *adv.* in a rough manner. रूक्षता से, जीर्णता से; **Raggedness** (-नेस्)-*n.* the state of being ragged. खुरखुरापन, जीर्णता।

Raging-रे जिङ्ग्-*adv.* violent, furious. उग्र, प्रचण्ड; **Ragingly** (-लि) - *adv.* furiously. क्रोध से।

Ragman-रॅग्'-मॅन्-*n.* a man who collects rags, a devil. चिथड़ा इकट्ठा करनेवाला, शैतान।

Ragout-रॅ-गू'-*n.* a highly seasoned dish of meat and vegetables. मसालेदार चटपटी तरकारी (मांसयुक्त);-*v. t.* to cook food in this way. ऐसा भोजन बनाना।

Raguled-रॅग्-ग्यूल्ड्-*adj.* notched. दाँतेदार।

Raid-रेड्-*n.* a hostile expedition, surprise incursion, sudden attack. आक्रमण, चढ़ाई, धावा; -*v. t.* to make an attack. धावा करना।

Raider-रे डर्-*n.* one who takes part in a raid. धावा करनेवाला।

Rail-रेल्-*n.* a horizontal piece of iron or wood, iron line for running railway tracks, a barrier in a garden or race-course. लोहे या लकड़ी की अरगनी, लोहे की पटरी जिस पर रेलगाड़ी चलती है, बाग या घुड़दौड़ के मैदान का लोहे के छड़ों का घेरा-*v. t.* to travel by rail, to furnish with rails, to enclose or separate with rails, to send by railway. रेलगाड़ी द्वारा यात्रा करना, (पीपे में) पटरी जड़ना, लोहे के बेड़े से घेरना या अलग करना, रेलपथ द्वारा भेजना; **By rail** (by railway) रेल द्वारा; **Off the rails** (disorganised.) क्रमहीन।

Rail-रेल्-*v. i. & t.* (*p. t.* Railed) to use bad language, to scoff. निन्दा करना, गाली देना, ताना मारना; **Railer** (-अर्)-*n.* one who insults or scoffs. ताना मारनेवाला; **Railing** (-इङ्ग्)-*n.* a fence of rails, an iron fencing. कठघरा, ढले हुए लोहे की आड़; - *adj.* scoffing. ताना मारनेवाला; **Railingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a railing manner. ताना मारते हुए।

Raillery-रे- लरि- *n.* banter, good humour, ridicule. हँसी, ठट्ठा, दिल्लगी।

Railless-रेल्-लेस्-*adj.* without a rail. बिना रेल या लोहे की पटरी का।

Railway-रेल्'-वे-*n.* road laid with rails for heavy waggons &c. भारी गाड़ियों के चलाने के लिए लोहे की पटरियों को बिछाकर बनाई गई सड़क, रेलपथ; **Railway-bridge** (a bridge on which railways run.) रेलगाड़ी के चलने का पुल।

Raiment--रे'-मॅन्ट्-*n.* clothing, dress. वस्त्र, पोशाक; **Food and raiment** (food and clothing.) अन्न-वस्त्र।

Rain-रेन्-*n.* drops of water which fall from the sky. वृष्टि, वर्षा; (*pl.*) showers of rain. (व० व०) वर्षा की झड़ी;-*v.i.&t.* to pour down showers of rain. वर्षा होना या करना; **The**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

rains (the rainy season.) वर्षाऋतु; To rain in torrents, To rain cats and dogs (to rain in violent showers.) मूसलधार वृष्टि होना।

Rainbow-रेन्-बो-*n.* an arch of prismatic colours seen in the sky. इन्द्रधनुष; Lunar rainbow (a rainbow caused by the moon's rays.) चन्द्र-बिम्ब से उत्पन्न धनुष;-*v. t.* to brighten as a rainbow, to produce something like a rainbow. इन्द्रधनुष के समान चमकाना, इन्द्रधनुष के समान कोई वस्तु पैदा करना।

Raincoat-रेन्'-कोट्-*n.* a waterproof coat. बरसाती (पानी से बचानेवाला) कोट।

Raindrop-रेन्'-ड्रॉप्-*n.* one drop of rain, the dropping of rain, rain-water. वर्षा की एक बूँद, वर्षा का गिरना या होना, वर्षा का जल।

Rainfall-रेन्'-फ़ॉल्-*n.* a shower of rain. वर्षा।

Raingauge-रेन्'-गेज्-*n.* an instrument for measuring rainfall. वर्षा का जल नापने का यन्त्र।

Raininess-रेनिनेस्-*n.* the state of being rainy. बरसातीपन।

Rainless-रेन् -लेस् - *adj.* destitute of rain. बिना वृष्टि का; Rainproof (-प्रूफ्)-*adj.* impervious to rain. वर्षा का प्रभाव न पड़नेवाला; Rain-water (-वॉ-टर्)-*n.* water collected from rain. बरसाती पानी; Rainworm (-वर्म्) -*n.* earthworm. केंचुआ।

Rainy-रेनि-*adj.* in which rain is falling, showery. वृष्टिमान्, बरसाती, बरसात का; To provide against a rainy day (to store up for times of emergency.) आपत्काल के लिये बचा रखना।

Raise-रेज़्-*v. t.* to lift upright, to rouse, to restore to life, to exalt, to increase, to construct, to cause disturbance, to breed, to elevate, to extract, to promote. खड़ा करना, उठाना, जागृत करना (जिलाना), ऊँचा करना, बढ़ाना, बनाना, निर्माण करना, उपद्रव खड़ा करना, उत्पन्न करना, ऊपर उठाना, निकालना, उन्नति करना; To raise cry (to make a broil.) शोर गुल मचाना; To raise a dust (to cause turmoil.) उपद्रव खड़ा करना; To raise a laugh (to make others laugh.) दूसरों को हँसाना; To raise a siege (to remove a besieging army.) घेरनेवाली सेना को हटाना; To raise one's voice (to shout on the top of one's voice.) ज़ोर से चिल्लाना; To raise bread (to make yeast for making bread.) रोटी के लिये खमीर उठाना, To raise one's hat (to salute by raising hat.) टोपी उतार तथा उठा कर अभिवादन करना; To raise the wind (to procure money for some purpose.) किसी कार्य के लिये धन इकट्ठा करना।

Raisin-रे-ज़्-न्-*n.* partially dried grape. दाख, मुनक्का, किशमिश।

Raising-रेज़िङ्ग्-*n.* act of lifting. उठाने का कार्य।

Rake-रेक्-*n.* an implement with comblike end attached to a pole used for smoothing loose soil, a wheeled instrument with long teeth for gathering hay, a fashionable man of loose character. भूमि बराबर करने का औजार (हेंगी), सूखी घास बटोरने का लंबे दाँतोंवाला पहियेदार यंत्र, शौक़ीन व्यसनी पुरुष; -*v. t. & i.* to gather with a rake, to search minutely. हेंगी से बराबर करना, रत्ती-रत्ती ध्यान से ढूँढ़ना; To rake off (to plane off by a rake.) हेंगी से चौरस करना।

Rakehell-रेक्'-हेल्-*n.* a lewd fellow. व्यसनी मनुष्य।

Raking-रकिङ्ग्-*n.* collection with a rake, हेंगी से बटोरा हुआ पदार्थ।

Rakish-रेक्'-इश्-*adj.* debauched. व्यसनी, लम्पट; Rakishly (-लि)-*adv.* in a rakish manner. लम्पटता से; Rakishness (-नेस्)-*n.* debauchery. विषय-सुख, लम्पटता।

Rale-राल्-*n.* a rattling sound heard in an unhealthy lung. रोगी के फेफड़े में खड़खड़ाहट का शब्द।

Rallicart-रीलिकार्ट्-*n.* a kind of carriage. एक प्रकार की फ़िटिन गाड़ी।

Reconcile - रेकन्साइल् - *v. t.* to settle a quarrel, to heal up, to conciliate, to bring to agreement, to harmonize. झगड़ा मिटाना, सन्धि कराना, सन्तुष्ट करना, एकता करना; **Reconcilability** (-ऍब्-इल्-इट्-इ), **Reconcilement** (-मन्ट्), **Reconciliation** (-सिलि-ऍ-शन्) -*ns.* the state of being reconciled. समाधान, विरोध की शान्ति; **Reconciliatory** (-सिलि-ऍट्'-अरि)-*adj.* tending to reconcile. विरोध शान्त करनेवाला, झगड़ा मिटानेवाला।

Recondense-री-कन्डेन्स्-*v. t.* to condense again. फिर से जमाना या ठोस करना।

Recondite-रेकन्डाइट्-*adj.* abstruse, hidden, obscure. गूढ़, गुप्त, छिपा हुआ; **Reconditely** (-लि)-*adv.* obscurely. गुप्त रीति से; **Reconditeness** (-नेस्)-*n.* the quality of being obscure. गूढ़ता।

Recondition-रीकन्डिशन्-*v. t.* to overhaul, to fit again. फिर से बैठाना या ठीक करना।

Reconditory-रीकॉन्डिटरि-*n.* a storehouse. भण्डारघर।

Reconduct-री-कन्डक्ट्-*v. t.* to conduct again. फिर से मार्ग दिखलाना।

Reconfirm-री-कन्फर्म्-*v. t.* to confirm again. फिर से स्थिर या पुष्ट करना।

Reconjoin-री-कन्जॉइन्-*v. t.* to join afresh. फिर से संयुक्त करना या जोड़ना।

Reconnaissance-रि-कॅ-नि-सन्स्-*n.* preliminary survey, military or naval examination of a tract. अनुसन्धान, किसी स्थान की सैनिक परीक्षा।

Reconnoitre-रेकॅ-नॉयटर्-*v. t. & i.* to make a survey, to learn the condition. अन्वेषण, निरीक्षण या जाँच करना; **Reconnoitrer** (-अर्) -*n.* one who surveys निरीक्षण करनेवाला।

Reconquer-री-कॉङ्'-कर्-*v. t.* to regain, to conquer again. पुनः प्राप्त करना, फिर से जीतना।

Reconquest-री - कॉङ्' - क्वेस्ट्-*n.* conquest anew. नई जीत।

Reconsider-री-कन्सिडर्-*v.t.* to review. फिर से देखभाल करना; **Reconsideration** (-ऍ-शन्) -*n.* a second consideration. दुबारा देखभाल।

Reconstitute-री-कन्'-स्टि-ट्यूट्-*v.t.* to reconstruct. पुनर्निर्माण करना; **Reconstitution** (-शन्)-*n.* the act of constituting afresh. पुनर्निर्माण।

Reconstruct-री-कन्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* to rebuild. फिर से मरम्मत करना या बनाना; **Reconstruction** (- शन्)-*n.* act of constructing again. पुनर्निर्माण, दुबारा की बनावट; **Reconstructive** (-टिव्)-*adj* able to construct again. पुनर्निर्माण के योग्य।

Reconvene-री-कन्-व्हीन्'-*v.t.* to call together again. फिर से एकत्रित करना या बटोरना।

Reconversion- री - कन्व्हर्शन् - *n.* a second conversion. दुबारा का परिवर्तन।

Reconvert-री-कन्व्हर्ट्-*v. t.* to convert again. फिर से पलटना।

Reconvey-री-कन्व्हे-*v.t.* (*p.t.* Reconveyed.) to convey back. फिर से ले जाना।

Reconveyance-रीकन्व्हे ऍन्स् - *n.* the act of reconveying. वापसी।

Record-रेकर्ड्-*n.* the state of being recorded, official report of proceedings, remembrance, a public document, facts known, the plate of gramophone. ज्ञात-प्रमाण, लेख-प्रमाण, यादगार, सरकारी कागज, ज्ञात तथ्य, ग्रामोफोन बाजे का तवा;-*v. t.* (रिकॉर्ड्) to register, to represent in a permanent form. रजिस्टर में लिखना, प्रमाणित करना।

Recordable - रिकार्डॅबुल् - *adj.* able to be recorded. प्रमाणित करने योग्य।

Recorder - रिकार्डर् - *n.* one who records. लेखक, दफ़्तर का कागज रखनेवाला।

Recount-री-काउन्ट्'-*v. t.* to relate, to tell in detail, to count again. वर्णन करना, विस्तार सहित कहना, फिर से गिनना।

Recountal-रिकाउन्टल्-*n.* a narration. वर्णन, बयान।

Recoup-रि-कूप'-*v. t. & i.* to make a deduction, to make good, to compensate. कम करना, पूरा करना, हानि की पूर्ति करना।

Recoupment-रि- कूप' - मेन्ट् - *n.* the act of recouping. हानि की पूर्ति।

Recourse-रि-कोर्स्-*n.* resort to a possible help, thing resorted, helper, a flow or running-back, return, opportunity or passage to return. आश्रय, आलम्ब (सहायता), सहायक, पीछे की ओर बहाव या चाल, वापसी। वापस होने का मौका या रास्ता; To have recourse to (to adopt as helper.) सहारा लेना।

Re-cover-री-कवर्-*v. t.* to cover again. दुबारा ढाँकना।

Recover-रि-कवर्-*v. t. & i.* to regain possession of, to cure, to reclaim, to secure,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

to regain health or consciousness, to get over. फिर से प्राप्त करना, रोग से विमुक्त होना, चंगा होना, सँभालना, पूर्व-स्थिति पर पहुँचना, होश में आना।

Recoverable-रिकवरेबल् - *adj.* able to be recovered or restored. आरोग्य होने योग्य, पुनः प्राप्त करने योग्य; **Recoverableness** (-नेस्)-*n.* the state of being recoverable. पुनः प्राप्ति; **Recovery** (-इ)-*n.* the act of recovering, restoration from illness. पुनर्लाभ, आरोग्य-प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ।

Recreancy - रे - क्रिअन्सि - *n.* cowardliness. भीरुता।

Recreant-रे-क्रिअन्ट् - *adj.* & *n.* cowardly, apostate, false, amean-spirited wretch. डरपोक, धर्मभ्रष्ट, झूठा, पतित, नीच; **Recreantly** (-लि)-*adv.* in a cowardly manner. डर से।

Recreate-रे-क्रिएट्-*v.i.* & *t.* to reanimate, to refresh, to amuse, to entertain, to occupy agreeably, to create again. सचेत करना, ताजा करना, आनन्द करना, मनोरञ्जन करना, सन्तुष्ट करना, फिर से उत्पन्न करना; **Recreation** (-ए-शन्)-*n.*refreshment after labour. विश्राम, मनोरंजन; **Recreative** (-इव्)-*adj.* tending to refresh. आनन्द देनेवाला, मनोरंजक; **Recreatively** (-इव्-लि)-*adv.* in a way to recreate. सन्तुष्ट करते हुए; **Recreativeness** (-इव्-नेस्) -*n.*the quality of being recreative. आश्वासन, सन्तोष, मनोरञ्जकता।

Recrement-रे - क्रि - मन्ट्-*n.* waste product, refuse, fluid which is separated from the blood and is again absorbed in it. तलछट, खाद, पित्त, लार इत्यादि जो रुधिर से अलग होता तथा फिर इसमें मिल जाता है।

Recremental-रे-क्रिमेन्टल्-*adj.* (also **Recrementitious.**) pertaining to recrement. तल छट-सम्बन्धी।

Recriminate-रिक्रिमि-नेट् - *v. i.* to indulge in mutual charges, to accuse in return. उलटा दोष या कलंक लगाना, परस्पर अभियोग लगाना।

Recrimination-रिक्रिमिनशन्-*n.* indulging in mutual charges. परस्पर दोष का आरोपण।

Recriminative-रिक्रिमिनेटिव् - *adj.* retortive. वादी का प्रतिवादी पर दोष लगाने का।

Recriminator-रिक्रिमिनेटर्-*n.* one who accuses an accuser with a like crime. दोष लगाने पर वही दोष दूसरे पर लगानेवाला व्यक्ति; **Recriminatory** (-टरि)-*adj.* retorting. वादी परप्रतिवादी का दोष लगानेवाला।

Recross-री'-क्रॉस्-*v t.*to cross a second time, to cross-examine again. दुबारा पार करना, दुबारा जिरह करना।

Recrudesce-री-क्रु-डेस्-*v. i.* to break out again. फिर से उभड़ आना या निकल आना।

Recrudescence(y)-री-क्रु-डे-सेन्स् (-इ)-*ns.* a state of becoming sore again. आरोग्य होकर फिर से रोगी होने की अवस्था।

Recrudescent-रीक्रु डे सेन्ट्-*adj.*breaking out again. फिर से उभड़नेवाला।

Recruit-रि-क्रूट्-*n.* a newly enlisted soldier, a tiro. नया सिपाही, नवसिखुआ (रंगरूट):-*v. t.* & *i.* to enlist as a recruit, to recover in health, to re-invigorate, to refresh. नये सैनिक भर्ती करना, स्वस्थ होना, नया बल प्राप्त करना, ताजा करना; **Recruital** (-अल्)-*n.* enlistment. सेना में नई भर्ती करने का कार्य; **Recruiter** (-अर्)-*n.* one who recruits. नये सैनिक भर्ती करनेवाला; **Recruiting** (-इङ्ग्); **Recruitment** (-मेन्ट्)-*ns.* the act of enlisting men in an army. रँगरूट की भर्ती।

Rectal-रेक्टल्-*adj.* pertaining to the rectum. गुदा-सम्बन्धी

Rectangle-रेक्ट्'-टैङ्ग्-ल्-*n.* a rectilineal figure of four sides, the opposite sides of which are equal and parallel and all the four angles are right angles. आयत।

Rectangular-रेक्टैङ्ग्युलर् - *adj.* having the shape of a rectangle. समकोण चतुर्भुज के आकार का, आयताकार; **Rectangularity** (-इटि) -*n.* the quality of being a rectangle. आयताकारिता; **Rectangularly** (-लि)-*adv.* in a rectangular form. आयताकार रूप में।

Rectifiable-रेक्टिफ़ा-इ-ऐबल्-*adj.* that may be rectified. शुद्ध करने योग्य।

Rectification-रेक्टिफ़िकेशन्-*n.* the act of rectifying. समाधान, शुद्धि; **Rectified** (-फ़ाइड्)-*adj.* re-distilled. दुबारा छाना या अर्क उतारा हुआ; **Rectifier** (रेक्टि-फ़ायर्) -*n.* one who or that which rectifies. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला।

Rectify-रेक्ट्'-टि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Rectified.**)to correct, to put right, to adjust, to get rid of. शुद्ध करना, ठीक करना, समाधान करना, छुटकारा पाना।

Rectigrade-रेक्ट्'-टि-ग्रेड्-*adj.* walking straightforward. सामने चलनेवाला।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Rectilineal, Rectilinear-रेक्टिलिनिअल्, (-अर्) -*adjs.* bounded by or made up of straight lines. सीधी रेखाओं से घिरी या बनी हुई; **Rectilinearity** (-इटि)-*n.* rectilinear form. सीधी रेखावाली आकृति; **Rectilinearly** (-लि) -*adv.* in a rectilinear form. सीधी रेखा की आकृति के रूप में।

Rect ude-रेक्ट्-टि-ट्यूड् - *n.* rightcousness, correctness, honesty. सदाचार, सचाई, ईमानदारी।

Recto-रक्ट्-अ-*n.* the right-hand page of an open book. खुली हुई पुस्तक का दाहिना पृष्ठ।

Rector-रेक्टर्-*n.* a clergyman, the head of a university or college. पादरी, विश्वविद्यालय का अध्यक्ष।

Rectorate-रेक्टॅ-रेट्, **Rectorship** (-शिप्)-*ns.* the office of a rector. अध्यक्ष का पद।

Rectorial-रेक्टोरिअल् - *adj.* pertaining to a rector. अध्यक्ष-सम्बन्धी।

Rectory-रेक्टरि-*n.* the residence of a rector. पादरी या अध्यक्ष का घर।

Rectress-रेक्ट्रेस्-*n. fem.* a female rector. स्त्री अध्यक्ष।

Rectum-रेक्ट्'-टम्-*n.* the end of the large intestine. बड़ी आँत का अन्तिम छोर जो गुदा में मिला होता है, बड़ी आँत, मलाशय।

Recumbation-रि-कम्बेशन् - *n.* leaning or lying condition. झुकान, लेटी हुई हालत।

Recumbency-रि-कम्बे-न्सि-*n.* the state of being recumbent. झुकाव, लेटी हुई स्थिति।

Recumb-रि-कम्'-*v. i.* to recline, to repose. लेटना, विश्राम करना।

Recumbense-रि-क-म्बेन्स्-*n.* act of reposing. विश्राम करने का कार्य।

Recumbent-रे-क-म्बेन्ट् - *n. & adj.* reclining, reposing, lying down. झुका हुआ; **Recumbently** (-लि) - *adv.* in a leaning posture. झुकी हुई अवस्था में।

Recuperable-रिक्यूपरेबल् - *adj.* recoverable. पुनः स्वास्थ्य प्राप्त करने योग्य।

Recuperate-रि-क्यू-परेट्-*v. t. & i.* to recover from illness, to regain pecuniary loss. रोग-निवृत्त होना, धन की हानि पुनः प्राप्त करना; **Recuperation** (-शन्)-*n.* recovery from illness. रोग-निवृत्ति, आरोग्य; **Recuperative** (-टिव्)-*adj.* pertaining to recovery from illness. आरोग्य-सम्बन्धी।

Recur-रे-कर्-*v. i.* (*p. t.* Recurred.) to go back in thought, to come up again in the mind. फिर से ध्यान में आना, स्मरण होना।

Recurrence-रि-क-रेन्स्, **Recurrency** (-रेन्'-सि)-*ns.* return. पुनरागमन, फिर से आवृत्ति।

Recurrent-रि-क-रेन्ट्, **Recurring** (-रिङ्ग) -*adjs.* returning again. बार-बार होनेवाला आवर्तक; **Recurrently** (-लि) - *adv.* in a recurrent manner. आवर्तक रूप में।

Recurvate-रीकर्'-वेट्-*v. t.* to curve again. फिर से मोड़ना, पीछे का झुकाव।

Recurvature-री-कर्वेचर्-*n.* a bending backwards. दुबारा मुड़ान।

Recurve-री-कर्व्-*v. i. & t.* to curve or bend backwards. पीछे की ओर घूमना या घुमाना।

Recurvous-रीकर्वस्-*adj.* bent backward. पीछे की ओर झुका हुआ।

Recusance-रि-क्यूज़न्स्-*n.* obstinacy. विरोध, हठ; **Recusant** (-ज़न्ट्) -*n.* one who refuses to submit to authority, obstinate in refusing. अधिकार का विरोधी, अस्वीकार करने में हठी।

Recusation-रे-क्यु-ज़े'-शन् - *n.* the act of challenging a judge. न्यायाधीश की आज्ञा का विरोध।

Red-रेड्-*adj.* (*comp.* Redder, *sup.* Reddest.) of the colour of blood. लाल रंग का, रुधिर के रंग का; **Red Admiral** (a kind of butterfly.) एक प्रकार की तितली; **Red flag** (a sign of danger.) भय-सूचक चिह्न; **Red Indian** (the copper-coloured Indian of North America.) उत्तरी अमेरिका के प्राचीन निवासी; **Red with anger** (flushed in the face.) क्रोध से मुख लाल किये हुए; **With red hands** (stained with blood.) हत्या करनेवाला, हाथ में रुधिर लगाये हुए।

Redact-रि-डॅक्ट्'-*v. t.* to arrange for publication, to edit. प्रकाशित करने के लिये क्रम में रखना, संपादन करना; **Redaction** (-शन्)-*n.* preparing for publication, new edition. प्रकाशन के लिये तयारी, संग्रह, नवीन संस्करण।

Redan-रि-डॉन्'-*n.* a projection in the wall of a fort. किले की दीवार का उभाड़।

Redd-रेड्-*v. t.* to arrange, to settle. क्रम में करना, स्थिर करना।

Redden-रे-ड्न्-*v. t, & i.* to make or become red. लाल करना या लाल होना।

Reddish-रे-डिश्-*adj.* somewhat red. कुछ लाल; **Reddishness** (-नेस्)-*n.* moderate redness. थोड़ी लाली।

Reddition - रे - डि' - शन् - *n.* surrender. आत्मसमर्पण।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Redditive-रें - डि - टिव् - *adj.* answering a question. प्रश्न का उत्तर देनेवाला।

Reddle-रें-ड्ल् -*n.* red ochre. लाल खड़िया, गेरू; -*v. t.* to colour with red ochre. गेरू से रँगना।

Rede-रीड् -*n.* advice, counsel. सलाह; -*v. t.* to advise. सलाह देना।

Redeem-रि-डीम्-*v.t.* to buy back,to ransom, to rescue, to make amends for. फिर मोल लेना, धन देकर छुड़ाना, बचाना, बदला देना; **Redeemable** (-ऍब्ल्) - *adj.* capable of redemption. मुक्त करने योग्य; **Redeemer** (-अर्)-*n.* one who redeems. मुक्त करनेवाला।

Redeliberate-री-डे-लि-बरेट्' -*v. t.* to consider again. फिर से विचार करना।

Redeliver-री-डि-लि-व्हर् -*v. i.* to deliver a second time. फिर से सौंपना, मुक्त करना या छोड़ना; **Redeliverance** (-ऑन्स्)-*n.* a second deliverance. पुनर्मुक्ति; **Redelivery** (-इ)-*n.* liberation a second time. पुनरुद्धार।

Redemand-री-डि-मान्ड्'-*v. t.* to demand a second time. दुबारा माँगना।

Redemise-रीडिमाइज़्-*n.* work of conveying again. दुबारा ले जाने का कार्य।

Redemption-रि-डेम्प्शन्-*n.* deliverance from sin by atonement, ransom, repurchase. प्रायश्चित्त द्वारा पाप से मुक्ति, धन देकर मुक्त करने का साधन या कार्य, दुबारा मोल लेने का काम।

Redemptive-रि-डेम्प्' - टिव् - *adj.* delivering. छुटकारा देनेवाला।

Redingote-रें डिङ्गोट्-*n.* a woman's overcoat. स्त्रियों का सबसे ऊपर पहनने का लम्बा कोट।

Redintegrate-रेंड्-इन्टिग्रेट-*v. t.* to restore to perfect state, to renew. पूरा करना, नया करना; **Redintegration** (-शन्) -*n.* renovation. नवीनता; **Redintegrator** (-टर्) -*n.* one who renews. नया करनेवाला।

Redirect-री-डाइ-रेंक्ट्'-*v. t.* to direct again. फिर से निर्दिष्ट करना, सन्धान करना।

Rediscover-री-डिस्कवर् -*v. t.* to find out again. फिर से पता लगाना।

Redistribute-री-डिस्ट्रिब्यूट्-*v. t.* to distribute a second time. फिर से बाँटना; **Redistribution** (-शन्) -*n.* a second distribution. दुबारा वितरण।

Redivide-री-डिव्राइड्' -*v. t.* to divide again. फिर से भाग करना।

Red-letter-day-रेंड् लें-टर्-डे-*n.* a festive or a memorable lucky day. उत्सव या सौभाग्य का दिन।

Redly-रेंड्'-लि-*adv.* in a red manner. लाली से;

Redness (-नेस्) -*n.* the state of being red. लालपन, लाली।

Redolence-रेंड्'-ॲ - लेन्स् - *n.* sweetness of scent. सुगन्ध।

Redolent-रेंड्-ॲ-लेन्ट्-*adj.* fragrant, possessing a sweet smell. सुगन्धित, अच्छी गन्ध का; **To make redolent** (to make fragrant. सुवासित करना, बासना।

Redouble-री-ड-ब्ल् -*v. t. & i.* to multiply, to repeat again. दुगुना करना, दुहराना।

Redoubt-रि-डाउट्'-*n.* a small temporary fort, an outwork. गढ़ क़िला, धुस्स, कोट; -*v. t.* to fear. डरना।

Redoubtable-रें-डाउटेबल्-*adj.* terrible, formidable. भयंकर, उग्र ; **Redoubted** (-टेंड्) -*adj.* terrible, mean. कुत्सित, नीच।

Redound-रि-डाउन्ड्-*v.i.* to make contribution in the end, to come as a final result. अन्त में सम्पादन करना, परिणाम के रूप में निकलना।

Redraft-री-ड्राफ़्ट्' - *v. t.* to draft again. फिर से खाका बनाना; -*n.* a new draft or copy. दुबारा बना हुआ खाका।

Red-rag-रेंड्'-रॉग्-*n.* anything which excites anger. क्रोध उत्पन्न करनेवाला पदार्थ।

Redraw-री-ड्रॉ' -*v. t.* (*p. t.* Redrew, *p. p.* Redrawn.) to draw a second time. दूसरी बार खींचना या उतारना।

Redress-रि-ड्रेस-*v. t.* to remedy, to readjust, to set right, to rectify, to repay, to compensate. औषधि करना, दुबारा दुरुस्त करना, ठीक से बिठाना या जमाना, संस्कार करना, बदला देना, टोटा पूरा करना; -*n.* deliverance from oppression. कष्ट या पीड़ा से मुक्ति; **Redresser** (-अर्) -*n.* one who gives redress. कष्ट से छुटकारा देनेवाला।

Redressible-रिड्रें- सिब्-ल् - *adj.* able to be redressed. संस्कार करने योग्य, छुटकारा देने योग्य, दुरुस्त करने योग्य।

Redressive-रिड्रें सिव् -*adj.* affording redress. बदला या छुटकारा देनेवाला।

Redsear-रेंड्'-सिअर् -*v. i.* to break a thing when red-hot. किसी वस्तु को लाल गरम होने पर तोड़ना।

Red-short-रेंड्'-शॉर्ट्-*adj.* breaking when red-hot, brittle. तपाने पर टूटनेवाला, कुड़कीला।

Redstreak-रेंड्'-स्ट्रीक्-*n.* (also Red-strake.) a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Red-tape-रेंड्' - टेप् - *n.* one who makes

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

excessive use of formalities. आचार में अधिक ध्यान देनेवाला; **Red-tapism**-*n.* a strict adherence to official formalities. सरकारी दफ्तरों के कानूनों, क़ायदों की कड़ी पाबन्दी, लालफीते की कार्यवाही।

Reduce-रि-ड्यूस्'-*v. t.* to bring back to original position, to make suitable, to subdue, to weaken, to diminish. पूर्व स्थिति में पहुँचाना, योग्य बनाना, अधीन करना, निर्बल करना, कम करना; **Reduced circumstances** (extreme poverty.) दरिद्र अवस्था; **Reduced in body** (lean and thin.) क्षीणशरीर, दुर्बल; **to reduce to ashes** (to turn to ashes.) भस्म करना; **To reduce to a system** (to restore to a systematic condition.) व्यवस्था करना; **To reduce to a skeleton** (to turn to a skeleton.) ठठरी बना देना; **Reducement** (-मेन्ट्) -*n.* act of reducing. न्यून करने का कार्य; **Reducent** (-सेन्ट्) -*adj.* tending to reduce. कम करनेवाला; **Reducer** (-अर्)-*n.* he who or that which reduces. कम करनेवाला; **Reducibility** (-इ-बिलिटि) -*n.* the quality of being reducible. न्यूनीकरण, कम करने की योग्यता; **Reducible** (-इ-ब्ल्) -*adj.* able to be reduced. कम करने योग्य।

Reduction-रिडक्शन् -*n.* the act of reducing, diminution, subjugation. न्यूनता, कमी, पराभव; **Reductive** (-टिव्) -*adj.* tending to reduce. कम करनेवाला; **Reductively** (-लि) -*adj.* by reduction. कम करते हुए।

Redundance-रिडन्डेन्स् -*n.* excess, superfluity. अधिकता, बहुतायत; **Redundancy** (-इ) -*n.* excess. अधिकता, व्यर्थता; **Redundant** (-डेन्ट्) -*adj.* excessive, superfluous, copious. अतिशय, अतिरिक्त, अधिक; **Redundantly** (-लि) -*adv.* excessively, superfluously. अधिकता से।

Reduplicate-री-ड्यू'-प्लिकु-एट -*v. t.* to double, to repeat. दुहराना, पुनरावृत्ति करना; **Reduplication** (-शन्) -*n.* the act of doubling again. दुहराव; **Reduplicative** (-टिव्) -*adj.* doubling again. दुहरानेवाला।

Re-echo-री'-ऍकु-ओ -*v. t. & i.* to echo again, to resound. फिर शब्द उत्पन्न करना या होना, गूँजना; -*n.* an echo of an echo. पुनर्ध्वनि।

Reed-रीड्-*n.* the stalk of a marshy plant, a musical pipe, an arrow. नरकट, मुश्कबत, बाँसुरी, तीर; -*v. t.* to thatch with reeds. नरकट का छप्पर बनाना; **Broken reed** (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; **To lean on a reed** (to put trust in something weak.) दुर्बल पदार्थ का सहारा लेना।

Re-edify- री-ऍ-डि-फ़ाइ' - *v. t.* (*p. t.* **Reedified.**) to build up again. फिर से मकान बनाना।

Reediness-री-डि-नेस-*n.* slenderness. दुर्बलता, दुबलापन।

Re-edit-री-ऍडिट्-*v. t.* (*p. t.* **Re-edited.**) to edit again. दुबारा (शुद्ध करके) प्रकाशित करना।

Reedy-री-डि -*adj.* made of reed, weak, slender, not clear. नरकट का बना हुआ, दुर्बल अस्पष्ट।

Reef-रीफ़्-*n.* (*pl.* **Reefs.**) portion of sail, mass of rock or shingle just above water. पाल का वह भाग जो लपेटा जा सकता है, चट्टान का वह भाग जो समुद्र में पानी के समीप हो; -*v. t.* to shorten sails. पाल लपेटना।

Reefer-रीफ़र्-*n.* a double-breasted coat worn by sailors. मल्लाहों के पहनने की मिरजई।

Reefy-री-फ़ि-*n.* full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Reek-रीक् - *n.* vapour, smoke, foul odour. वाष्प, धुवाँ, दुर्गन्ध; -*v. i.* to emit vapour or smoke, to smell strongly. भाप या धुवाँ फेंकना, तेज दुर्गन्ध निकालना; **Reeking** (-इङ्ग्') -*adj.* of disagreeable odour. दुर्गन्ध फेंकता हुआ; **Reeky** (-इ) -*adj.* smoky, foul. वाष्पमय, दुर्गन्धयुक्त।

Reel-रील्-*n.* a frame on which thread, paper &c. are wound, revolving part of a machine, a kind of dance. चर्खी, घिरनी (गड़ारी), किसी यन्त्र का चक्कर खाता हुआ भाग, एक प्रकार का नाच; -*v. i. & t.* to stagger, to wind on a reel. लड़खड़ाना, चक्कर खाना, चर्खी पर लपेटना; **Off the reel** (without pause, rapidly.) बिना रुकावट के, शीघ्रता से; **Reelingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* with a stagger. चक्कर खाते हुए, लड़खड़ाते हुए।

Re-elect-री - इलेक्ट्' -*v. t.* to elect again. दुबारा चुनाव करना; **Re-election** (-शन्) -*n.* election a second time. दुबारा चुनाव।

Re-eligible-री-ऍ-लिजि-ब्ल् -*adj.* capable of being elected again. दुबारा चुने जाने योग्य।

Re-embark-री-ऍम्बार्क् -*n.* to put on board a ship again. दुबारा जहाज़ पर लादना।

Re-embarkation-री'-ऍम्बार्-केशन् -*n.* the act of embarking again. दुबारा जहाज़ लादने का कार्य।

Re-emerge-री'-इमर्ज्- *v. i.* to emerge again. दुबारा जल में से निकलना, दुबारा जहाज़ पर लादना।

Re-enable-री-ऍने-ब्ल्'-*v. t.* to enable again. फिर से योग्य करना।

Re-enact-री - ऍ नीक्ट्-*v. t.* to enact again. किसी नियम का पुनः प्रचार करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Re-enforce-री-इन्फ़ोर्स्'-*v. t.* to strengthen again. फिर से शक्ति प्रदान करना; **Re-enforcement** (- मेंन्ट्) - *n.* assistance, additional force of troops. सहायता, नई सेना का बनाना।

Re-engage-री-इङ्गेज्'-*v. t.* to appoint again. फिर से नियुक्त करना।

Re-engine-री-ऍन्' - जिन्-*v. t.* to attach an engine again. फिर से इन्जन लगाना या जोड़ना।

Re-enlist-री - ऍन्' - लिस्ट्-*v. t.* to take into service again. दुबारा नौकर रख लेना; **Re-enlistment** (-मेंन्ट्)-*n.* the act of re-enlisting. दुबारा नौकर रखने का कार्य।

Re-enter-री-ऍन्टर्-*v. t.* to enter again. फिर से प्रवेश कराना या घुसाना; **Re-entrance** (-ट्रॅन्स्)-*n.* the act of entering again. पुनः प्रवेश; **Re-entrant** (-ट्रॅन्ट्)-*n.* & *adj.* inwardly inclining angle, of such an angle. भीतरी ओर के मुखवाला कोण, ऐसे कोण का; **Re-entry** (-ट्रि) -*n.* re-entrance. पुनःप्रवेश, दुबारा प्रवेश करने का कार्य।

Re-establish-री-ऍस्टॅब्लिश्-*v.t.* to confirm or establish again. फिर से स्थिर या स्थापित करना; **Re-establishment** (-मेंन्ट्) -*n.* the act of re-establishing. पुनर्नियुक्ति, दुबारा स्थापन।

Reeve-रीव्-*n.* the chief magistrate of a town, a governor. किसी नगर का प्रधान अधिकारी, राज्यपाल ;-*n. fem.* of Ruff. मादा अवार्बाल; -*v. t.* to fasten with a rope. रस्से से बाँधना।

Re-examine-री-ऍग्ज़ॅमिन् -*v. t.* to examine again. फिर से परीक्षा करना या जाँचना।

Re-exist-री-ऍग्ज़िस्ट्-*v. t.* to come into being again. फिर से शरीर धारण करना।

Re-export-री-ऍक्स्'-पोर्ट्-*v.t.* to export again. अपने देश में आई हुई वस्तु को फिर से बाहर भेजना।

Re-fashion-री-फ़ीशन्-*v. t.* to change again the form of. फिर से सुधारना या दुरुस्त करना।

Refection-रिफ़ॅक्शन्-*n.* a small repast, refreshment. अल्प आहार, लघु भोजन, जलपान।

Refective - रिफ़क्टिव् - *adj.* refreshing. ताज़ा करनेवाला।

Refectory-रिफ़ॅक्टरि-*n.* a room where meals are taken. भोजनगृह।

Refer-रॅ-फ़र्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Referred.**) to send back, to submit for information or decision, to assign, to have relation, to allude, to appeal, to quote as instance. वापस भेजना, निर्णय या सूचना के लिए भेजना, आरोपण करना, सम्बन्ध रखना, निर्देश करना, अपील करना, प्रमाण देना।

Referable-रॅ-फ़रॅ-बल्-*adj.* able to be referred. निरूपण करने योग्य।

Referee-रॅ-फ़री-*n.* an arbitrator, an umpire in a game. प्रमाण-पुरुष, निर्णयकर्ता।

Reference-रॅफ़रॅन्स्-*n.* an act of referring relation, allusion, respect. निर्देश, सन्दर्भ, सम्बन्ध, उल्लेख, संकेत; **Book of reference** (a book of consultation.) निर्देश-पुस्तक; **Cross reference** (referring to another passage in the same book.) एक ही पुस्तक के अनेक स्थलों का संदर्भ।

Referendary-रॅफ़रॅन्डरि-*n.* a referee. निर्देशक, प्रमाणपुरुष।

Referendum-रॅफ़रॅन्डम्-*n.* the practice of referring political questions to the electorate for decision. किसी राजनीतिक विषय को निर्वाचित सदस्यों के सम्मुख स्थिर करने के लिए प्रस्तुत करना।

Referential-रॅफ़रॅन्शल्-*adj.* having reference to something. किसी से सम्बन्ध रखता हुआ।

Referentially-रॅफ़रॅन्शलि-*adv.* in the way of reference. सम्बन्ध के रूप में।

Re-ferment-री-फ़र्-मेंन्ट् - *v. t.* to ferment again. दुबारा उफान लाना।

Refill-री'-फ़िल्-*v. t.* to fill again. फिर से भरना; -*n.* something ready to be filled in place of another. पुनः भरने की वस्तु।

Refind-री-फ़ाइन्ड्'-*v. t.* (*p. t.* **Refound.**) to find again. पुनः प्राप्त करना।

Refine-रि-फ़ाइन्'-*v.i.* to purify, to free from defects, to make elegant, to polish manners, to improve upon. शुद्ध करना, विमल करना, सुधारना, आचार विमल करना, उन्नति करना।

Refined-रि-फ़ाइन्ड्'-*adj.* polished, elegant, made fine. मलरहित, संस्कार किया हुआ, अति सूक्ष्म।

Refinement-रिफ़ाइन्मेंन्ट्-*n.* act of refining, fineness of taste or feeling, purity of taste &c., polish of language or manner, elegance. शुद्धता, शिष्टता, विनय, शृङ्गार; **Refinement of manners** (polished manners.) शिष्टाचार; **Refiner** (-अर्)-*n.* one who refines. (धातु इत्यादि को) शुद्ध करनेवाला; **Refinery** (-अरि) -*n.* a place or apparatus for refining. किसी पदार्थ को स्वच्छ या शुद्ध करने का स्थान या यन्त्र।

Refit-री-फ़िट्'-*v.t.* (*p.t.* **Refitted.**) to repair again. फिर से मरम्मत करना या सुधारना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Reflect-रि-फ़्लेक्ट्-*v.t.& i.* to throw back the image, to consider seriously, to meditate. प्रतिबिम्ब डालना, चिन्तन करना (विचारना), ध्यान करना; **To reflect on** (to cast censure.) भर्त्सना करना।

Reflectant-रि-फ़्लेक्ट्-टॅन्ट् - *adj.* flying back. पीछे की ओर उड़नेवाला।

Reflected-री-फ़्लेक्ट्'-टेड्-*adj.* thrown back. प्रतिबिम्बित।

Reflectible-रि-फ़्लेक्टिबल् - *adj.* able to be thrown back. पीछे की ओर फेंके जाने योग्य।

Reflecting-रि-फ़्लेक्टिङ्ग्-*adj.* throwing back, given to reflection. प्रतिबिम्ब फेंकने या डालनेवाला, ध्यान करनेवाला; **Reflectingly** (-लि)-*adv.* in a reflecting manner. ध्यान करते हुए।

Reflection, Reflexion-रिफ़्लेक्शन्-*ns.* act of reflecting or being reflected, contemplation, censure, reconsideration, reproach. परावर्तन, प्रतिबिम्ब, निक्षेप, प्रतिच्छाया, निन्दा, पुनर्विचार, भावना, तिरस्कार; **Reflectional** (-अल्)-*adj.* per aining to reflection. प्रतिबिम्ब-सम्बन्धी; **Reflectionless** (-लेस्)-*adj.* without reflection. बिना विचार का, बिना प्रतिबिम्ब का।

Reflective-रिफ़्लेक्टिव् - *adj.* reflected, concerned in thought. प्रतिबिम्बित, विचार से सम्बन्ध रखनेवाला; **Reflectively** (-लि)-*adv.* in a reflective manner. विचार में; **Reflectiveness** (-नेस्) - *n.* the power of reflecting. विचार शक्ति।

Reflector-रिफ़्लेक्टर्-*n.* a body which reflects rays of light, a mirror. प्रतिबिम्ब फेंकनेवाला पदार्थ, प्रतिक्षेपक, दर्पण।

Reflex-री-फ़्लेक्स्-*n.* reflected-light. प्रतिबिम्ब, छाया; -*adj.* directed back upon itself, produced in reflection, introspective. पलटा हुआ, चित्त में विचार किया हुआ; **Reflex action** (work produced in reaction.) इच्छा के बिना किया हुआ कार्य, प्रतिक्षेप-क्रिया।

Reflexed-री-फ़्लेक्सड्-*adj.* curved back. पीछे की ओर मुड़ा हुआ।

Reflexibility-री-फ़्लेक्सिबिलिटि, **Reflexion** -फ़्लेक्शन्)-*ns.* the quality of being reflected. प्रतिबिम्बित होने की शक्ति; **Reflexible** (-इ-बल्)-*adj.* capable of being reflected. प्रतिबिम्बित होने योग्य; **Reflexity** (-इट्-इ) reflexible quality. प्रतिबिम्बित होने योग्य गुण।

Reflexive-री - फ़्लेक्सिव्-*adj.* implying the action of the agent upon himself, referring to the subject. पूर्व - सम्बन्धी, कर्ता-सम्बन्धी; **Reflexively**(-लि)-*adv.* in a reflexive manner. कर्तरि प्रयोग में।

Reflexly-रि - फ़्लेक्स्' - लि-*adv.* in. a reflex manner. प्रतिबिम्ब रूप में।

Refloat-री'-फ़्लोट्'-*v. t.* to float again. फिर से तैरना।

Reflow-री'-फ़्लो'-*v. i.* to flow back. पीछे की ओर बहना।

Refluctuation-री-फ़्लक्' - ट्यु - ए' - शन्-*n.* a flowing back. पीछे की ओर का बहाव।

Refluence-रेफ़्-लु'-ऍन्स्-*n.* a floating back. पीछे का बहाव, उलटा बहाव।

Refluent-रेफ़्'-लु-ऍन्ट्-*adj.* flowing back. पीछे की ओर बहनेवाला।

Reflux-री'-फ़्लक्स्-*n.* a running back, ebb. प्रतिस्पन्दन, भाटा; **The flux and reflux** (ebb and flow.) ज्वार-भाटा।

Refold-री-फ़ोल्ड्'-*v. t.* to fold again. दुबारा मोड़ना या तह करना।

Reform-रि-फ़ॉर्म्'-*v. t. & i.* to form again, to make or become better, to correct, to amend, to improve, to cure. फिर से मरम्मत करना, शुद्ध करना, दोष हटाना, पापों से निवृत्त करना, शोधना, सुधारना; - *n.* improvement, removal of defects, amendment. सुधार, दोष-निवृत्ति, संशोधन, परिवर्तन।

Reformation-रि'-फ़ॉर्'-मेशन् - *n.* the act of reforming, the state of being reformed. सुधार; **The Reformation** (Martin Luther's religious revolt of the sixteenth century.) यूरोप का सोलहवीं शताब्दि का धार्मिक विप्लव; **Reformational** (-अल्)-*adj.* pertaining to reform. सुधार-सम्बन्धी; **Reformative**(-ए-टिव्), **Reformatory** (-ए-टरि)-*adjs. & n.* improving, an institution for reclaiming youths and children who have been convicted of crime. संशोधन करनेवाला, कम उम्रवाले अपराधियों को सुधारने का स्थान।

Reformed-रि-फ़ॉर्म्ड्'-*adj.* restored to a good condition. संशोधित।

Reformer-रि - फ़ॉर्मर् - *n.* one who effects reformation. संशोधक, सुधारक।

Reformist-रि-फ़ॉर्मिस्ट्-*n.* a reformer. संशोधक, सुधारक।

Refortify-री-फ़ॉर्टि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Refortified**) to fortify again. दुबारा क़िलाबन्दी करना।

Refound-री-फ़ाउण्ड्'-*v. t.* to re-establish. पुनः स्थापित करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Refract-रि-फ़्रैक्ट्'-*v. i.* to deflect the course of the rays of light when passing through different mediums. एक आधार से दूसरे आधार में जाने पर प्रकाश की किरणों का तिरछा होना, प्रत्यावर्तित होना; **Refracted** (-टॅड्) - *adj.* turned from a direct course. निर्धारित मार्ग से पलटा हुआ; **Refraction** (-शन्)-*n.* the bending of rays of light. किरणों की वक्रता, प्रत्यावर्तन; **Refractional** (-शनल्), **Refractive** (-टिव्) -*adjs.* pertaining to refraction. प्रत्यावर्तन सम्बन्धी; **Refractor** (-टर्)-*n.* the refracting lens of a telescope. दूरबीन का किरण घुमानेवाला या प्रत्यावर्तक ताल; **Refractorily** (-टरि-लि)-*adv.* in a stubborn manner. हठ से; **Refractoriness** (-टरि-नेस्)-*n.* perverseness, obstinacy. दुःशीलता, हठ; **Refractory** (-टरि) -*adj.* perverse, stubborn, difficult to deal with, obstinate, unmanageable. अविनीत, हठी, अनिवार्य, वश में न आनेवाला;-*n.* an obstinate person. हठी मनुष्य।

Refrain-रि-फ़्रेन्-*n.* a phrase or line recurring at the end of a verse or song. गीत के अन्त के शब्द जो दुहराये जाते हैं (टेक);-*v. t. & i.* to hold back, to put restraint upon, to curb, to abstain from doing something. अड़ना, रोकना, रुकना, विराम करना।

Reframe-री'-फ़्रेम्-*v. t.* to frame again. फिर से चौखटा जड़ना।

Refrangibility-रिफ़्रैंजिबिलिटि-*n.* the quality of being refracted. प्रतिबिम्ब करने की शक्ति।

Refrangible - रिफ़्रैंजिबल् - *adj.* capable of being refracted. प्रतिबिम्बित होने योग्य।

Refrenation-रे-फ़्रे-नेश्'-शन्-*n.* restraint. अवरोध, रुकावट।

Refresh-रि-फ़्रेश्'-*v. t. & i.* to cool again, to reinvigorate, to make fresh again, to renew, to revive. फिर से ठण्डा करना, बल तथा तेज की पुनर्वृद्धि करना, फिर ताजा बनाना, नया करना; **Refreshed** (-शूड्) -*adj.* revived, reinvigorated. विश्रान्त, ताज़ा; **Refresher** (-अर्)-*n.* that which refreshes, an extra fee paid to a counsel. ताज़ा करनेवाला, वकील या बैरिस्टर के अधिक परिश्रम की फ़ीस; **Refreshing** (-इङ्ग्)-*adj.* invigorating, reanimating, relieving fatigue. आनन्द देनेवाला, श्रम हटानेवाला; **Refreshingly** (-लि)-*adv.* in a refreshing manner. विश्रान्त या ताज़ा करते हुए; **Refreshment** (-मेन्ट्)-*n.* drink or food that gives fresh strength and vigour, food or drink. विनोद, विश्रान्ति, अल्प आहार, जलपान।

Refrigerant-रिफ़्रिजरन्ट्-*adj.* cooling, allaying heat. ठण्डा करनेवाला।

Refrigerate-रिफ़्रिजरेट्-*v. t. & i.* to cool or become cool, to preserve in cold. शीतल (ठण्डा) करना, गर्मी हटाना; **Refrigerator** (-अर्)-*n.* an ice-chest. बरफ़ रखने का बक्स; **Refrigeratory**(-अरि)-*n.*a cooling apparatus. भाप जमाने का यन्त्र, तापहर या प्रशीतक यंत्र।

Reft-रेफ़्ट्-*p. t. & p. p.* of Reave ; - *adj.* robbed. लूट लिया गया।

Refuge-रेफ़्'-यूज्-*n.* protection from danger, a place of shelter, a person or thing that gives shelter. शरण लेने का स्थान, शरण देनेवाला;-*v. t. & i.* to shelter, to take refuge. शरण देना, शरणागत होना; **House of refuge** (a charitable home for the homeless.) असहाय का शरणस्थान (अनाथालय)।

Refugee-रेफ़्-यू-जी'-*n.* one who flees for shelter. शरण लेने के लिये (स्वदेश से) भागनेवाला शरणार्थी।

Refulgence-रिफ़ल्जेन्स्-*n.* a flood of light. तेज़ चमक, ज्योति; **Refulgent** (-जेन्ट्)-*adj.* shining, splendid, excessively bright. देदीप्यमान, उज्ज्वल, चमकदार ; **Refulgently** (-लि)-*adv.* in a shining manner. उज्ज्वलता से, चमकते हुए ढंग से।

Refund-रि-फ़न्ड्'-*v. t.* to pay back what is received, to reimburse. लौटाना, फेर देना, वापस करना;-*n.* refundment. वापसी; **Refunder** (-अर्)-*n.* one who repays. वापस करनेवाला; **Refundment** (-मेन्ट्)-*n.* the act of refunding. वापसी।

Refurnish-री-फ़र्न्'-इश्-*v. t.* to furnish again. फिर से सजाना।

Refusable-रिफ़्यूज़ेबल्-*adj.* able to be refused. अस्वीकार करने योग्य।

Refusal-रिफ़्यूज़ल्-*n.* a denial of something offered, rejection. अस्वीकृति, प्रतिषेध।

Refuse-रेफ़्यूस्-*n.* thing rejected as worthless or of no value. (अविशिष्ट) असार वस्तु (मल), जूठन;-(रिफ़्यूज़्)-*v. t.* to make refusal, not to comply, to deny, to reject, to fuse again. अस्वीकार करना, प्रतिषेध करना, न मानना, फिर से मिलना; **Refuser** (-अर्)-*n.* one who refuses. अस्वीकार करनेवाला।

Refutable-रिफ़्यूटेबल्-*adj.* that may be refuted. खण्डन करने योग्य।

Refutal-रिफ़्यूटल्, **Refutation** (-टेशन्)-*ns.* act of refuting, rebuttal. खण्डन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Refute-रि-फ्यूट्'-*v. t.* to disprove, to rebut by argument. खण्डन करना, शास्त्रार्थ से झूठा ठहराना।

Regain-री-गेन्'-*v. t.* to recover, to gain possession anew. पुनः प्राप्त करना, प्रतिपादन करना।

Regal-रि-गल्-*adj.* pertaining to a king, magnificent. राजकीय, महत्त्वपूर्ण।

Regale-रि-गेल्'-*n.* a feast of dainty food. स्वादु भोजन;-*v. t. & i.* to entertain with delicious food, to give delight to. स्वादिष्ठ भोजन कराना, प्रसन्न करना; **Regalement** (-मेन्ट्)-*n.* an entertainment, refreshment, gratification. उत्सव, आनन्द, विश्राम।

Regalia-रिगेलिआ-*n. pl.* insignia of royalty, privileges of a king, insignia of an order, a kind of cigar. राजचिह्न, राजकीय अधिकार, किसी पदवी का चिह्न, एक प्रकार का बड़ा सिगार (चुरुट)।

Regalism- रीगलिज़्म्-*n.* undue exercise of royal authority, supremacy of a king in church matters. राजा का अनन्य अधिकार, राजा का धर्म पर अधिकार; **Regality** (-इट्-इ)-*n.* sovereignty, royalty. राज्याधिकार, राजकीय अधिकार के गुण; **Regally** (-लि) -*adv.* in a royal manner. राजकीयता से, महत्त्व से।

Regard-रिगार्ड्-*v. t. & i.* to pay attention to, to esteem, to take into account, to consider, to care for. ध्यान देना, आदर करना, विचार करना, मानना, यत्न करना; -*n.* respect, repute, consideration. मान, प्रतिष्ठा, आदर, विचार; **Regardable** (-ऍ-बूल्) -*adj.* worthy of notice. आदरणीय, विचार करने या ध्यान देने योग्य; **Regardful** (-फ़ुल्) -*adj.* heedful. सावधान, सचेत; **Regardfully** (-फ़ुलि) -*adv.* with regard. मान-मर्यादा से; **Regardfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the quality of being regardful. सावधानी, सचेतनता; **Regarding** (-इङ्ग्)-*prep.* concerning. विषय में, सम्बन्ध में; **Regardless** (-लेस्) -*adj.* not attending, heedless. असावधान; **Regardlessly** (-लेस्-लि)-*adv.* without regard. उदासीनता या असावधानी से; **Regardlessness** (-लेस्-नेस्) -*n.* heedlessness. असावधानी, लापरवाही।

Regather-री'-गीदर्-*v. t.* to gather up again. फिर से इकट्ठा करना या बटोरना।

Regatta-रि-गो-टा -*n.* a meeting for boat races. नाव दौड़ानेवालों की मण्डली की बैठक।

Regelate-री-जे-लेट्-*v. i.* to be fused into one mass. जमकर एकदिल हो जाना।

Regelation-रीजेलेशन्-*n.* the act of regelating. फिर जम जाने की क्रिया।

Regency-री'-जेन्-सि-*n.* the office of a regent, a body entrusted with vicarious government. राजप्रतिनिधि का मण्डल, प्रतिनिधित्व।

Regenerate-रे-जेनरेट्-*v. t. & i.* to generate again, to improve moral nature, to reproduce, to convert. फिर से उत्पन्न करना, आचरण सुधारना, फिर से जन्म देना, शिष्य बनाना, धर्म-परिवर्तन कराना;-*adj.* reproduced. दुबारा जन्मा हुआ; **Regeneration** (-शन्)-*n.* reproduction. पुनर्जीवन, नया जन्म; **Regenerative** (-टिव्)-*adj* reproducing. पुनर्जन्म का; **Regenerator** (-टर्)-*n.* a device for obtaining high temperature in a furnace. भट्ठी में अग्नि का तापमान बढ़ाने का साधन।

Regenesis - रीजेनसिस् - *n.* reproduction. पुनर्निर्माण, पुनर्उत्पादन।

Regent-री'-जेन्ट्-*n.* a ruler, one who governs a kingdom during the minority of the sovereign. शासक, राजा के अप्राप्तवयस्क (नाबालिग) रहने पर शासन करनेवाला; **Regentship** (-शिप्) -*n.* the office of a regent. उक्त शासक का पद।

Regerminate-री-जर्मिनेट्-*v. i.* to grow up again. फिर से उगना; **Regermination** (-शन्) -*n.* a sprouting anew. दुबारा अंकुरण।

Regicidal - रे-जिसाइडल् - *adj.* pertaining to regicide. राजवध-सम्बन्धी।

Regicide-रे जिसाइड्'-*n.* the murder of a king, one who kills a sovereign. राजवध, राजा की हत्या करनेवाला।

Regild-री-गिल्ड्'-*v. t.* to gild up again. फिर से मुलम्मा करना।

Regime-रे-ज़ीम्'-*n.* a form or method of government, administration, prevailing system. शासनपद्धति, राज्यक्रम, प्रचलित विधि।

Regimen-रेजिमेन्-*n.* a system of government, a prescribed course of diet &c. शासन की प्रणाली, पथ्य के नियम।

Regiment-रे जि-मेन्ट्'-*n.* a unit of army commanded by a colonel. सैन्यदल, पलटन, एक कर्नल के अधीन सेना; -*v. t.* to form into a regiment. पलटन तैयार करना; **Regimental** (-अल्)-*adj.* pertaining to a regiment. सेना (पलटन) सम्बन्धी; **Regimentally** (-अलि)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

-*adv.* in a regimental manner. सेना की रीति से; **Regimentals** (-अल्स्)-*n. pl.* uniform worn by soldiers of a regiment. वस्त्र, फौजी पोशाक; **Regimentation** (-ए'-शन्)-*n.* a division into regiments. सेना-क्रम।

Regina-रिजाइना -*n.* a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी; **Reginal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी से संबंधित।

Region-री'-जन्-*n.* a tract of land, a country, a separate part of the world. प्रदेश, मण्डल, राष्ट्र, भूतल का भाग; **Lower region** (hades.) पाताल; **Region of the sky** (direction.) दिशा; **Upper region** (heaven.) आकाश, स्वर्ग; **Regional** (-अल्)-*adj.* pertaining to a region, topographical. धरातल के भाग से संबंधित, प्रादेशिक, माण्डलिक।

Register-रेजिस्टर्-*n.* a book in which regular accounts are kept or details entered, a recorder list. हिसाब बही, पंजिका, फ़िहरिस्त, रजिस्टर;-*v. t. & i.* to record or to enter in a register. बही में लिखना; **Registered** (-स्टर्ड्) -*adj.* recorded in a register. रजिस्टर में दर्ज किया हुआ, पंजीकृत, रजिस्ट्री किया हुआ।

Registrable-रेजि-स्ट्रेबल्-*adj.* able to be registered. रजिस्ट्री करने योग्य।

Registrar-रेजिस्ट्रार्-*n.* an officer charged with keeping registers. रजिस्ट्री करनेवाला, लेख्य पत्र का रक्षक, पंजीयक, प्रस्तोता; **Registrarship** (-शिप्) -*n.* the office of a registrar. प्रस्तोता का पद।

Registration-रेजिस्ट्रेशन्-*n.* the act of registering. रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य, पंजीकरण।

Registry-रेजिस्ट्रि -*n.* registration, a place where records and registers are kept. रजिस्ट्री, लेख्यपत्र रखने का स्थान।

Regius-री'-जि-अस्-*adj.* royal, appointed by the sovereign. राजकीय, राजा द्वारा नियुक्त।

Reglet-रे-ग्लेट्-*n.* a slip of wood used for separating lines of printing type. लकड़ी की फन्नी जो टाइपों के खाली स्थानों में भरी जाती है।

Regnal-रे-ग्नल्-*adj.* of a reign. राज्य-सम्बन्धी; **Regnal day** (anniversary of a king's accession.) राजा के अभिषेक का वार्षिकोत्सव।

Regnant-रेग्नन्ट्-*adj.* reigning, ruling, predominant. शासक, राज्य करनेवाला, प्रधान (विशिष्ट)।

Regorge-री-गॉर्ज्'-*v. t. & i.* to bring up again, to flow back, to swallow again. फिर से उठाना, पीछे की ओर बहना, फिर से निगलना।

Regraft-री-ग्रॉफ्ट्-*v. t.* to graft again. फिर से क़लम बाँधना।

Regrant-री-ग्रॉन्ट्'-*v. t.* to grant again. फिर से देना; -*n.* a renewed grant. दुबारा प्राप्त अधिकार।

Regrate-रि-ग्रेट्-*v. t.* to buy and sell provisions in the same market. भोजन के सामान खरीदकर फिर उसी बाजार में बेचना; **Regrater, Regrator** (-अर्)-*ns.* one who buys and sells provisions in the same market. जो एक बाजार में माल खरीदकर वहीं बेचता है; **Regrating** (-इङ्ग्)-*n.* renovating the old surface of hewn stone. गढ़े हुए पत्थर को चिकना करने का कार्य।

Regreet-री-ग्रीट्'-*v. t.* to greet again. दुबारा प्रणाम करना।

Regress-री'-ग्रेस्-*n.* the power of going back, backward tendency, return. परिवर्तन, लौटाव, निकासी;-*v. t.* to move backwards. पीछे की ओर हटना।

Regression-रि-ग्रेशन्-*n.* the act of returning. प्रतीप-गमन, लौटान; **Regressive** (-इव्) -*adj.* passing back. पीछे को जानेवाला; **Regressively** (-लि)-*adv.* in a regressive manner. पीछे की ओर जाते हुए; **Regressiveness** (-नेस्)-*n.* a passing back. लौटानी।

Regret-रि-ग्रेट्'-*v. i.* (*p.t.* Regretted.) to be sorry, to lament, to repent. दुःखी होना, खेद करना, पश्चात्ताप करना; -*n.* sorrow, dissatisfaction. खेद, दुःख, पछतावा; **Regretful** (-फुल्) -*n.* full of regret. दुःखाकुल, खिन्न; **Regretfully** (-फुलि)-*adv.* with regret. उद्वेग या दुःख से; **Regrettable** (-ऍबल्)-*adj.* worthy of regret. पछतावा करने योग्य; **Regretably** (-ऍब्लि)-*adv.* in a regretable manner. पछतावे से।

Regroup-री-ग्रूप्-*v. t.* to gather up again in a group. फिर से इकट्ठा करना।

Regulable-रे-ग्यु-ले-बल्-*adj.* capable of being regulated, governed by rule. शासन करने योग्य, नियमबद्ध।

Regular-रेग्युलर्-*adj.* following a principle, orderly, systematic, recurring uniformly, methodical, usual, formal, having the sides and angles equal. नियमानुसार, यथाक्रम, यथारीति, निश्चित काल पर होनेवाला, विधिवत्, सामान्य, व्यवस्थित, प्रचलित, समकोण तथा समभुज आकृतिवाला; -*n.* a soldier of permanent army, regular troops. स्थायी सेना का सिपाही, स्थायी सेना; -*pl.* regular

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

clergymen. (ब० व०) ईसाइयों की मंडली।

Regularity-रेग्युलॅरिटि-*n.* uniformity with law, method. नियम, व्यवस्था, क्रम (विधि)।

Regularization-रेग्युलराइज़ेशन्-*n.* the act of making regular. नियमित या व्यवस्थित बनाने का काम, नियमितीकरण।

Regularize-रेग्युलराइज़्-*v. t.* to make regular. क्रम में करना।

Regularly-रेग्युलर्लि-*adv.* in a regular manner. क्रम से।

Regulate-रेग्युलेट्-*v. t.* to adjust, to put in order, to arrange. व्यवस्था करना, क्रम में रखना, नियम का विधान करना; **Regulation** (-शन्)-*n.* the act of regulating, law. व्यवस्था, नियम; **Regulative** (-टिव्)-*adj.* tending to regulate. व्यवस्था करनेवाला; **Regulator** (-टर्)-*n.* one who or that which regulates the motion of a machine &c. प्रबन्ध करनेवाला, क्रम स्थापित करनेवाला।

Reguline-रेग्यु-लाइन्-*adj.* pertaining to regulus. धातु के शुद्ध भाग से सम्बन्धित।

Regurgitate-रीगर्जिटेट्-*v. i. & t.* to pour up again. फिर से उँड़ेलना; **Regurgitation** (-शन्) -*n.* bringing back. उलटी फेंकान।

Rehabilitate-री-हॅबिलिटेट् - *v. t.* to bring back to former position. पूर्व अवस्था में लाना; **Rehabilitation** (-शन्)-*n.* the act of restoring forfeited rights or privileges. पुनर्निवेशन, हृत अधिकारों या सुविधाओं का पुनः प्रतिष्ठापन।

Rehandle-री-हॅन्डल्-*v. t.* to grasp again. फिर से पकड़ना।

Rehang-री-हॅङ्ग्'-*v. t.* to hang again. दुबारा लटकाना या फाँसी देना।

Rehash-री'-हॅश्-*v. t.* to go over an old argument. पुराना शास्त्रार्थ आरंभ करना।

Rehear-री'-हियर्'-*v. t.* (*p. t.* **Reheard.**) to hear again, to try over again. फिर से सुनना, फिर से विचार करना।

Rehearsal-रि-हर्सल्-*n.* the act of rehearing, preparatory performance of a play. नाटक का दुबारा वर्णन, पूर्व-प्रयोग।

Rehearse-रि-हर्स्-*v. t.* to repeat from beginning to end. दुबारा वर्णन करना, आदि से अन्त तक पढ़ना।

Reheat-री'-हीट्-*v. t.* to heat again. दुबारा गरम करना!

Rehouse-री-हाउज़्'-*v. t.* to place in a house again. फिर से घर में रखना।

Reif-रीफ़्-*n.* plunder. चोरी, डकैती।

Reify-री'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Reified.**) to convert mentally into a material thing. भौतिक पदार्थ में मानसिक परिणत करना।

Reigle-री' - ग्ल् - *n.* a hollow or channel. गर्त, गड्ढा।

Reign - रेन्-*n.* sovereignty, rule, period of a king's rule, sway. शासन, अधिकार, राज्य, प्रबलता;-*v. t.* to rule as a king, to govern. शासन करना, राज्य करना; **Reigning** (-इङ्ग्) -*adj.* governing, prevailing. राज्याधिकारी।

Reignite-री'-इग्-नाइट्'-*v.t.* to ignite a second time. दुबारा आग लगाना।

Reillumination-री- इल्युमिनेशन् - *n.* act or state of being illuminated again. दुबारा प्रकाशित करने का कार्य या अवस्था।

Reillumine-री-इल्युमिन् -*v. t.* to enlighten again. पुनः प्रकाश करना, दुबारा रोशनी करना।

Reimburse-री-इम्-बर्स्' -*v. t.* to repay, to recompense. फिर अदा करना या चुकाना, बदला चुकाना या प्रतिफल देना; **Reimbursement** (-मॅन्ट्)-*n.* repayment. प्रतिपादन, वापसी।

Reimport-री-इम्पोर्ट्-*v. t.* to import again. परदेश का माल फिर से देश में मँगाना।

Reimpress - री-इम्-प्रेस्'- *v. t.* to impress again. दुबारा छापना; **Reimpression** (-शन्) -*n.* a second impression. दूसरी आवृत्ति।

Rein-रेन्-*n.* a long narrow strap attached to the bit of a bridle, means of control, government. लगाम, राज्यशासन का आधिकार, शासन;-*v. t.* to restrain, to control. संयम करना, अधीन करना, रोकना; **To take the reins** (to take the guidance.) अधिकार में लेना, सहारा देना।

Reincarnate - री-इन्-कार्-नेट्'- *v. i.* to embody again. दुबारा अवतार लेना; **Reincarnation**(-शन्)-*n.* reembodiment. दुबारा अवतार।

Reincite-री-इन्-साइट्'-*v. t.* to incite again. फिर से उत्तेजित करना।

Reincorporate-री'-इन्-कॉर्-पॅ - रेट्'- *v. t.* to incorporate again. दुबारा मिश्रित (या संयुक्त) करना।

Reincrease-री-इन्-क्रीज़्' - *v. t.* to increase again. फिर से बढ़ाना।

Reindeer-रेन्'-डियर्-*n.* a kind of deer. एक प्रकार का बारहसिंगा।

Reinforce-री-इन् - फ़ोर्स्-*v. t.* to strengthen by additional force, to enforce again. सेना की संख्या बढ़ाना, सहारा देना;-*n.* the thick part

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

of something. किसी पदार्थ का पुष्ट भाग; **Reinforced** (-ड्') - *adj.* strengthened. पुष्ट किया हुआ; **Reinforced concrete** (concrete with metal bars &c., embedded in it.) लोहे का छड़, गिट्टी इत्यादि डालकर पुष्ट किया हुआ मसाला; **Reinforcement** (-मेंन्ट्) -*n.* reinforcing. सेना की सामग्री, सेना में सैनिकों की भरती ।

Reins-रेंन्ज़्-*n. pl.* the kidneys, loins. वृक्क, गुर्दा, कमर ।

Reinsert-री-इन्सर्ट् -*v. t.* to insert again. फिर से बैठाना; **Reinsertion** (-शन्) - *n.* inserting again. पुनः प्रवेश ।

Reinspect-री-इन् - स्पेंक्ट्' - *v. t.* to make a second inspection. दुबारा जाँच करना; **Reinspection** (-शन्) - *n.* inspection a second time. दुबारा जाँच ।

Reinspire-री - इन् - स्पायर्' -*v. t.* to inspire again. फिर से उत्तेजित करना ।

Reinstall-री-इन्-स्टॉल्'-*v. t.* to install again. दुबारा स्थापित करना ।

Reinstate-री-इन्-स्टेट्' -*v. t.* to replace, to restore to health. फिर से स्थापित करना, स्वास्थ्य प्राप्त करना; **Reinstatement** (-मेंन्ट्) -*n.* act of reinstating, re-establishment. पुनः स्थापन करने का कार्य ।

Reinsure-री-इन्-श्योर्'-*v. t.* to insure again. फिर से बीमा करना ।

Reintegrate-री' - इन्टिग्रेट् - *v. t.* to renew. नया करना (सुधारना); **Reintegration** (-शन्) -*n.* restoration, a renewing. सुधार ।

Reinvest-री-इन्-व्रेंस्ट्' -*v. t.* to invest again, to lay out money again for profit. फिर से नियुक्त करना, लाभ के लिये धन लगाना ।

Reinvigorate-री-इन्विगरेट् -*v. t.* to invigorate or refresh again. फिर से बल देना या ताज़ा करना; **Reinvigoration** (-शन्) -*n.* the act of refreshing. पुनर्बल-प्राप्ति ।

Reissue-री-इ-शु-*v. t.* to issue again. दुबारा जारी करना; -*n.* second issue. दुबारा प्रकाशन ।

Reiterate-री-इट्'-अर्-रेट्-*v. t. & i.* to repeat an action, a request, a word or a statement, to walk over a place again, to repeat. कोई काम या प्रार्थना या शब्द या बयान दोहराना, किसी जगह पर फिर चलना; **Reiterated** (-एंड्) -*adj.* repeated. पुनरुक्त; **Reiteration** (-शन्)- *n.* repetition. पुनरुक्ति, दुहराव; **Reiterative** (-इव्) - *n.* part of a reduplicated word. दुहराया हुआ शब्द या शब्द-खण्ड ।

Reject-रि-जेंक्ट्'-*v. t.* to put aside, to discard, to throw away, to decline. त्यागना, फेंकना, अस्वीकार करना; **Rejectable** (-एंबल्) - *adj.* that may be rejected. अस्वीकार करने योग्य; **Rejection** (-शन्) -*n.* the act of rejecting, refusal. प्रत्यादेश, अस्वीकार; **Rejective** (-इव्) -*adj.* tending to reject. त्यागने में प्रवृत्त; **Rejector** (-अर्) -*n.* one who rejects. अस्वीकार करनेवाला ।

Rejoice-रि-जॉ-इस्'-*v. t. & i.* to make glad, to cheer up, to feel joy, to gladden. प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना; **Rejoicer** (-अर्) -*n.* one who rejoices. आनन्द करनेवाला; **Rejoicing** (-इङ्ग्) - *adj. & n.* producing joy, expression of joy. आनन्दकर, आनन्द; **Rejoicingly** (-लि) - *adv.* with joy. आनन्दपूर्वक ।

Rejoin-रि-जॉ-इन्'-*v t. & i.* to join again, to say in answer (to retort). फिर से मिलाना या जोड़ना, प्रत्युत्तर देना ।

Rejoinder-रि-जॉइन्'-डर्-*n.* what is said in reply, an answer, a retort. प्रतिवादी का उत्तर, प्रत्युत्तर ।

Rejoint-री-जॉ-इन्ट्' - *v. t.* to reunite joints. जोड़ों को फिरसे मिलाना ।

Rejolt-रि-जोल्ट्'-*n.* a shock. धक्का ।

Rejudge-री-जज् - *v. t.* to try or examine again. पुनर्विचार या परीक्षा करना; **Rejudgment** (-मेंन्ट्) - *n.* examining a second time. पुनर्विचार ।

Rejuvenate-रि-जू'-व्रिनेट्-*v. t. & i.* to make or become young again. फिर से युवा करना या होना; **Rejuvenation** (-शन्)-*n.* the act of rejuvenating. नई जवानी ।

Rejuvenescence-रि-जू-व्रिनेंसेन्स्-*n.* renewal of youth. नई युवावस्था, नई जवानी; **Rejuvenescent** (-सेंन्ट्) -*adj.* growing young again. दुबारा युवा होनेवाला ।

Rejuvenize-रि-जू' - व्रिनाइज़्- *v. t.* to make young again. फिर नया बनाना ।

Rekindle-री-किन्'-ड्ल्-*v. t.* to set on fire or kindle again. फिर से जलाना, फिर से बारना ।

Relabel-री-लें'-बल् - *v. t.* to put a new label on. नया लेबुल या चिप्पी लगाना ।

Reland-री-लॉन्ड्'-*v. t. & i.* to land again. फिर से स्थल पर उतरना या उतारना ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Relapse-रि-लैप्स्'-*v. i.* to fall back, to revert to error or illness &c. दुबारा गिरना, आरोग्य होकर फिर से रोगी होना;-*n.* a falling back to a bad state. बुरी दशा में पुनः पतन, पलटा।

Relapser-रि-लैप्स्'-अर्-*n.* one who falls into error again. दुबारा अशुद्धि में पड़नेवाला।

Resource-रिसोर्स्-*n* means of support, an expedient, quick intelligence, possibility of help. उपाय, कल्पना, युक्ति, साधन (सहारा); **Resources**-*n. pl.* means of raising money, a country's collective means for support and defence. (ब० व०) द्रव्यसाधन, देश की रक्षा का साधन; **Resourceful** (-फ़ुल्) *-adj.* expedient. साधनपूर्ण; **Resourcefulness** (-फ़ुल्-नस्)-*n.* the state of being resourceful. साधनपूर्णता; **Resourcefully** (-फ़ुलि) *-adj.* in a resourceful manner. साधनपूर्णता से ; **Resourceless** (-लेस्)-*aaj.* without resources. साधन-रहित; **Resourcelessness** (-लेस्-नेस्) *-n.* state of being without resource. साधन का अभाव।

Respect-रिस्'-पेक्ट् - *n.* honour, estimation, due attention, partiality, particular, detail, aspect, relation. प्रतिष्ठा, मूल्य, उचित ध्यान, पक्षपात, सम्मान, विषय, प्रकरण, सम्बन्ध, अपेक्षा; *-v. t.* to regard, to honour, to esteem. पूजा करना, प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना; **In all respects** (completely.) सर्वथा; **In respect of** (in regard to.) विषय में ; **Self-respect** (respect for one's self.) आत्मसम्मान, आत्मगौरव; **To pay one's respects to** (to salute.) प्रणाम करना।

Respectability-रिस्पेक्टे बिलिटि-*n.* respectableness. प्रतिष्ठा, कुलीनता ; **Respectable** (-ऍ-बुल्) *-adj.* deserving respect, holding a fair social status. पूज्य, माननीय, कुलीन ; **Respectably** (-ऍब्लि) *-adv.* in a respectable manner. प्रतिष्ठापूर्वक ; **Respectful** (-फ़ुल्) *-adj.* having respect. आदर-सहित, सम्मानपूर्वक; **Respectfully** (- फ़ुलि) - *adv.* with respect, in a respectable manner. प्रतिष्ठासहित ; **Respectfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the quality of being respectful. आदर, सम्मान ; **Respective** (-इव्)-*adj.* individual, several, particular, relating to. अपना, अलग-अलग, अन्योन्य, परस्पर-सम्बन्धी; **Respectively** (-इव्-लि)-*adv.* individually, relatively. क्रमानुसार प्रत्येक, हर एक ; **Respectless** (-लेस्) - *adj.* without respect. प्रतिष्ठाहीन।

Respell-री-स्पेल्'-*v. t.* (*p. t.* **Respelt**) to spell again. फिर से हिज्जे करना।

Resperse-रे-स्पर्स्-*v. t.* to sprinkle. छिड़कना।

Respersion-रेस्पर्शन्-*n.* the act of sprinkling छिड़काव।

Respirability-रिस्पाय-रे-बिलिटि- *n.* respirableness. साँस लेने की योग्यता : **Respirable** (- बुल्) - *adj.* fit to be breathed. साँस लेने योग्य।

Respiration-रे स्पिरेशन्-*n.* the act of breathing. श्वासोछ्वास, साँस लेने की क्रिया।

Respirator-रे स्पि-रे-टर्-*n.* an apparatus for filtering inhaled air. साँस लेने की वायु को शुद्ध करने का यन्त्र ; **Respiratory** (रिस्पाइरेटरि) *-adj.* pertaining to respiration. श्वास-सम्बन्धी ; **Respiratory organ** (the organ of breathing.) श्वासेन्द्रिय।

Respire-रिस्पायर् - *v. i. & t.* to breathe or inhale air. श्वास लेना।

Respite-रे स्पाइट् - *n.* delay, postponement, interval of rest. विराम, देर, विलम्ब, अवकाश: *-v. t.* to suspend the execution of, to postpone. दण्ड में विलम्ब करना, कुछ काल के लिए टालना।

Resplendence-रिस्प्लेन्डेन्स्, **Resplendency** (-डेन्सि)-*ns.* brilliance, lustre. तेज, ज्योति, चमक;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Resplendent (-डेन्ट्) - *adj.* brilliant, extremely bright. देदीप्यमान, बड़ा चमकीला; **Resplendently** (-लि)-*adv.* in a resplendent manner. चमकते हुए रूप में या ढंग से।

Re-split-री - स्प्लिट्' - *v. t.* to split again. दुबारा फाड़ना या चीरना।

Respond-रिस्पॉन्ड्-*v.i.* to make answer to, to reply, to correspond. उत्तर देना, प्रतिवादन करना, अनुकूल होना।

Respondence - रिस्पॉन्डेन्स् , **Respondency** (- इ) -*ns.* an answering. प्रतिवादन, उत्तर; **Respondent**(- डेन्ट्) - *adj.* & *n.* one who makes answer, a defendant. प्रतिवादी, उत्तर देनेवाला, मुद्दालेह।

Responsal - रिस्पॉन्सल् - *adj.* answerable. उत्तरदायी।

Response-रिस्-पॉन्स्'-*n.* an answer given, a reply or retort, feeling. उत्तर, प्रतिवचन, जवाब, अनुभव।

Responsibility-रिस्पॉन्सिबिलिटि-*n.* (*pl.* Responsibilities.) a charge for which one is responsible. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Responsible** (-बल्)-*adj.* answerable, trustworthy, famous. उत्तरदाता, जवाबदेह (विश्वस्त), प्रसिद्ध; **Responsibleness** (- बल्-नेस्) - *n.* the quality of being responsible. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Responsibly** (-ब्लि)-*adv.* in a responsible manner. जिम्मेदारी से।

Responsion - रिस्पॉन्शन् - *n.* a reply, an answer. उत्तर।

Responsions-रिस्पॉन्शन्ज़् - *n. pl.* the first of the three examinations for the B. A. degree at Oxford. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बी. ए. की उपाधि परीक्षा का प्रथम खण्ड।

Responsive-रिस्पॉन्सिव्-*adj.* answering, sympathetic. उत्तरदायी, सहानुभूति का; **Responsively** (-लि)-*adv.* in a responsive manner. जवाबदेही से; **Responsiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being responsive. उत्तरदायित्व।

Responsory - रिस्पॉन्सरि - *adj.* containing answer, relating to answering. उत्तर-युक्त, उत्तर देने की क्रिया से सम्बन्धित।

Rest-रेस्ट्-*v. i.* & *t.* to be still, to lie in sleep, to die, to cease temporarily, to give relief to, to depend, to be satisfied, to rely, to repose. स्थिर होना, सोना, मरना, ठहरना शान्ति देना, आश्रय लेना, सन्तुष्ट होना, भरोसा करना, विश्राम करना; - *n.* repose, faith, a short pause, ease, remainder. विश्राम विश्वास, स्थिरता, शांति, अवशेष।

Restagnate-री - स्टैग्नेट् - *v. t.* to remain stagnant. निश्चल रहना।

Restamp-री-स्टैम्प्' - *v. t.* to stamp again. दुबारा मुहर लगाना।

Restart-री'-स्टार्ट् - *v. t.* to start again. पुनः आरम्भ (जारी) करना।

Restate-री-स्टेट्-*v. t.* to state a second time. दुबारा वर्णन करना; **Restatement** (- मेन्ट्) -*n.* restating a thing. दुबारा वर्णन।

Restaurant-रेस्' - टॅरान् (Fr. रेस्तरां) - *n.* a place where refreshments are sold, an eating-house. होटल, भोजनालय।

Restful-रेस्ट्-फुल्-*adj.* free from disturbance उपद्रव-रहित; **Restfully** (-लि)- *adv.* quietly. शान्ति से; **Restfulness** (-नेस्)-*n.* quietness. विश्राम, शान्ति।

Restiform-रेस्-टि'-फॉर्म् - *adj.* formed like a rope. रस्से की बनावट का।

Resting-रेस्ट्'-इङ्ग्-*adj.* relying. आश्रित, स्थिर; **Resting-place** (a place of rest.) विश्राम-स्थान।

Restitute- रे स्टि - ट्यूट्' - *v. t.* & *i.* to make restiution for. बदला देना ; **Restitution** -शन्) - *n.* restoring a thing to its real owner. असली मालिक की वस्तु दे देना।

Restive, Restiff-रे स्टिव्, (-फ़्)-*adjs.* refusing to go forward, refractory, obstinate. अड़ियल, उद्धत, हठी; **Restively** (-लि)-*adv.* in a restive manner. हठ से; **Restiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being restive. अड़ियलपन, हठ।

Restless-रेस्ट्' - लेस्- *adj.* sleepless, uneasy, turbulent, unsettled. अशान्त, व्यग्र, चंचल, अस्थिर; **Restlessness** (-नेस्) -*n.* the quality of being restless. व्यग्रता।

Restock-री-स्टॉक्' - *v. t.* to store up again, भण्डारघर में फिर से रखना या भरना।

Restorable-रिस्टोरेबल्-*adj.* that may be restored. पूर्व अवस्था में लाने (सुधारने) योग्य।

Restoration-रेस्टो-रेशन्-*n.* recovery, renewal. पूर्वावस्था की प्राप्ति, आरोग्य; **Restorationism** (-इज़्म्) - *n.* the principle that animate beings finally attain happiness. यह सिद्धान्त कि प्राणिमात्र अन्त में आनन्द प्राप्त करते हैं; **Restorationist** (-इस्ट्) - *n.* a follower of restorationism. इस सिद्धान्त का अनुयायी।

Restorative रिस्टोरे टिव् - *adj.* & *n.* having power of renewing strength. पौष्टिक शक्ति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बढ़ाने की औषधि; **Restoratively** (-लि)-*adv.* in a restorative manner. बल बढ़ाते हुए।

Restore-रिस्टोर्-*v. t.* to bring back to original condition, to renew, to return, to re-establish, to cure, to revive, to replace. पूर्व अवस्था में पहुँचाना, नया करना, फेर देना, पुनः स्थापित करना, चंगा करना, पुनर्जीवित करना, स्थान पूर्ण करना।

Re-store-री'-स्टोर्-*v. t.* to store again. फिर से संग्रह करना; **Restorer** (-अर्')-*n.* one who restores. सुधारनेवाला, दुबारा संग्रह करनेवाला।

Restrain-रिस्ट्रेन्' - *v. t.* to keep in check, to put under control, to press, to confine, to limit. रोकना, अधीन करना, दबाना, प्रतिबन्ध करना, सीमा बाँधना।

Restrainable-रिस्ट्रेनेबल् - *adj.* capable of being restrained. रोकने योग्य।

Restrainedly-रिस्ट्रेन्ड्-लि-*adv.* with restraint. प्रतिबन्ध से; **Restrainer** (-अर्) -*n.* one who restrains. रोकनेवाला।

Restraint-रिस्ट्रेन्ट्- *n.* prohibition, stoppage, check. प्रतिरोध, (बाधा) रुकावट, बन्धेज; **Restraint of speech** (control over speech.) वाक्संयम; **Self-restraint** (self-control.) आत्मसंयम; **Without restraint** (freely.) स्वतंत्र रूप से।

Restrict-रिस्ट्रिक्ट्-*v. t.* to confine, to limit, to restrain within bounds. संयम करना, सीमाबद्ध करना, बन्धेज करना।

Restriction-रिस्ट्रिक्शन् - *n.* limitation, restraint. निरोध, मर्यादा (बन्धेज)।

Restrictive-रिस्ट्रिक्टिव् - *adj.* imposing restraint. रोकनेवाला; **Restrictively** (-लि) -*adv.* in a restrictive manner. रुकावट से।

Restuff-री-स्टफ्' - *v. t.* to fill up again. फिर से भरना।

Resty-रे - स्टि-*adj.* indolent, restive. आलसी, अड़ियल।

Result-रि-ज़ल्ट्'-*v. i.* to come out, to follow. परिणाम होना, निकल आना; - *n.* issue, effect, consequence, decision. परिणाम, नतीजा, फल, सिद्धि; **Resultant** (-टन्ट्) - *adj.* & *n.* following a result. परिणाम का, सिद्धान्त; **Resultful** (-फ़ुल्) - *adj.* full of result. परिणामपूर्ण; **Resultless** (-लेस्)-*adj.* effectless. निष्फल, व्यर्थ।

Resume-रि-ज़्यूम्' - *v. t.* & *i.* to recover, to reoccupy, to begin again. पुनः प्राप्त करना, फिर से लेना, दुबारा आरम्भ करना; -*n.* (-रेज़्यू-मे-) epitome, summary. संग्रह, सार, संक्षेप।

Resummon- री- समन् - *v. t.* to call again दुबारा बुलाना।

Resumption-रिज़म्प्शन्-*n.* resuming. पुनर्ग्रहण।

Resumptive-रिज़म्प्टिव् - *adj.* taking back. पुनर्ग्रहण करनेवाला; **Resumptively** (-लि) -*adv.* resumably. पुनर्ग्रहण करते हुए।

Resurge-रि-सर्ज्' - *v. i.* to rise again from death, to revive. मृत्यु से फिर जी उठना, स्वस्थ होना।

Resurgence-रिसर्ज़ेन्स्-*n.* the act of resurging. फिर से उद्गम; **Resurgent** (-एन्ट्) - *adj.* rising from death. मृत्यु से उठनेवाला।

Resurrect-रेज़रेक्ट् - *v. t.* to take out from grave. कब्र से निकालना; **Resurrection** (-शन्) -*n.* rising up again, revival from the grave. फिर से उठना, मृत्यु से उत्थान; **Resurrectional** (-शनल्)-*adj.* पुनर्जीवन-सम्बन्धी; **Resurrectionist** (-शनिस्ट्)-*n.* an exhumer and stealer of corpses, a dealer in dead bodies, one who revives after death or believes in the theory of rebirth. मुर्दा खोदकर चुरा ले जानेवाला, मुर्दों का व्यापारी, पुनर्जन्म लेनेवाला या पुनर्जन्म के सिद्धान्त को माननेवाला।

Resurvey-री-सर्-वे-*v. t.* (*p. t.* **Resurveyed.**) to make a survey again. फिर से निरीक्षण (पैमाइश) करना।

Resuscitate-रिसिसिटेट्-*v. t.* & *i.* to revive, to restore to life. पुनर्जीवित करना, फिरसे जिलाना; **Resuscitation**(-शन्)-*n.* the act of reviving. पुनर्जीवन; **Resuscitative** (-टिव्)-*adj.* revivifying. पुनर्जीवन-सम्बन्धी; **Resuscitator** (-टर्)-*n.* one who resuscitates. फिर से जिलानेवाला।

Ret-रेट्, **Rait, Rate**-रेट् - *v. t.* & *i.* to soften hemp or flax. पटुआ या सन का मुलायम करना।

Retable-री-टे'बल्-*n.* the frame at the back of an altar. वेदी के पीछे का चौखटा।

Retail-रि-टेल्' - *n.* sale of goods in small quantities. अल्पविक्रय, फुटकर बिक्री; -*v. t.* & *i.* to sell in small quantities, to relate details of. फुटकर बिक्री करना, ब्योरेवार वर्णन करना; **Retailer** (-अर्)-*n.* one who retails. खुदरा बेचनेवाला; **Retailment** (-मेन्ट्) - *n.* act of retailing. फुटकर बेचने का कार्य।

Retain-रि-टेन्'-*v. t.* to keep in possession, to reserve, to allow to remain, to keep in mind. अधिकार में रखना, स्थापित करना, धारण करना, चित्त में रखना; **Retainable** (-ऍ-बल्)-*adj.* capable of being retained. स्थापित करने योग्य;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Retainer (-अर्)-*n.* fee paid to a counsel, dependant, a follower. वकील की फ़ीस, सेवक, अनुगामी; **Retaining** (-इङ्ग्)-*adj.* keeping in possession. अधिकार में रखनेवाला।

Retake-री-टेक्'-*v. t.* (*p. t.* Retook, *p. p.* Retaken) to take back. फिर से ले लेना।

Retaliate-रिटैलिएट्-*v. t. & i.* to repay, to retort, to revenge. चुकाना, प्रतिकार करना, पलटा देना, बदला लेना; **Retaliation** (-शन्)-*n.* return of like for like. प्रतिक्रिया, बदला; **Retaliative** (-टिव्)-*adj.* returning like for like. प्रतिकार-सम्बन्धी; **Retaliator**(-टर्)-*n.* one who retaliates. बदला लेनेवाला; **Retaliatory** (-टरि)-*adj.* pertaining to retaliation. बदला-सम्बन्धी।

Retard-रिटार्ड्-*v. t. & i.* to make slow, to delay progress, to put off, to happen behind time. विलम्ब करना, देर करना, टालना, समय के बाद होना;-*n.* hindrance. रुकावट; **Retardation**(-ए-शन्)-*n.* hindrance, act of retarding. प्रतिबन्ध, रुकावट; **Retardative** (-ए-टिव्)-*adj.* delaying. विलम्ब करनेवाला;**Retarder** (-अर्)-*n.* one who delays. टालने या देर करनेवाला; **Retardment** (-मेन्ट्)-*n.* obstruction. अटकाव, रुकावट।

Retaste-री-टेस्ट्'-*v. t.* to taste again. फिर से स्वाद लेना।

Retch-रेच्-*v. i.* to make effort for vomiting, to strain. वमन करना, ओकाना; -*n.* the act of vomiting or sound of it. वमन, ओकाई।

Retecious-रे-टे'-शस्-*adj.* resembling a network. जाल के आकार का।

Retell-री-टेल्' -*v. t.* (*p. t.* Retold.) to tell again. फिर से कहना।

Retention-रिटेन्शन्- *n.* power of retaining, failure to secrete. धारणा-शक्ति (स्मृति), मल-मूत्र की रुकावट।

Retentive-रिटेन्टिव् - *adj.* having power of retaining. धारणा शक्तिवाला; **Retentively** (-लि)-*adv.* with retentiveness. धारणा-शक्ति से; **Retentiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being retentive. धारणा-शक्ति।

Retiary-रीशिअरि - *n.* a net-making spider. जाल बनानेवाला मकड़ा।

Reticence(y)- रेटिसेन्स् (इ) -*ns.* reserve in speech, taciturnity. मूकभाव (मौन), चुप्पी; **Reticent** (-सेन्ट्)-*adj.* taciturn. मौनव्रती, कम बोलनेवाला; **Reticently** (-सेन्ट्-लि) -*adv.* in a taciturn manner. मौनव्रत से।

Reticle-रेटिकल्-*n.* a network. जाल।

Reticular-रिटिक्युलर्- *adj.* of the form of a network. जाल के आकार का।

Reticulate-रेटिक्युलेट्-*v. t. & i.* to divide into a network. जालियों में विभक्त करना; **Reticulated** (-एड्) -*adj.* netted. जालीदार बना हुआ; **Reticulately** (-लि) -*adv.* in a reticular manner. जाल की तरह; **Reticulation** (-शन्)-*n.* network. जाली का काम।

Reticule-रेटिक्यूल्-*n.* a lady's netted bag. स्त्रियों का जालीदार बटुआ।

Reticulum-रेटिक्युलम्-*n.* (*pl.* Reticula.) a netlike structure. जाली की बनावट।

Retiform-रेटि-फ़ॉर्म् - *adj.* of the form of a net. जाल के समान (तरह)।

Retina-रेटिना - *n.* (*pl.* Retinae.) the layer at the back of the eyeball consisting of a fine network of optic nerves. आँख के पिछले भाग का चित्रपट; **Retinal** (-नल्)-*adj.* pertaining to the retina. चक्षु-चित्रपट सम्बन्धी।

Retinue-रेटिन्यू-*n.* a train of attendants upon some one. परिजन (भृत्यवर्ग), नौकर-चाकर।

Retire-रि-टायर्' - *v. i. & t.* to withdraw, to retreat, to go to bed, to seek shelter, to recede. अलग होना, पीछे को हटना, सोना, अधिकार इत्यादि त्यागना; To retire from the world (to withdraw from worldly affairs.) संसारी कार्यों से अलग होना, संन्यास लेना; **Retired** (-ड्) -*adj.* secluded from society, withdrawn from business, private. एकान्त, निर्जन, कर्म से अवकाश-प्राप्त, गुप्त, अलग; **Retiredness** (-नेस्) -*n.* the state of being retired. एकान्तता; **Retirement** (-मेन्ट्)-*n.* privacy, seclusion. एकान्त स्थान, एकान्तता; **Retiring** (-इङ्ग्) -*adj.* reserved, removing oneself from a public office or service. एकान्तप्रिय, उदासीन, सेवा कार्य से अलग होनेवाला; **Retiringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* reservedly. उदासीनता से; **Retiringness** (-नेस्)-*n.* seclusion. एकान्तता।

Retort-रिटॉर्ट्-*v. i. & t.* to turn, to throw back, to tell against. प्रत्युत्तर देना, उलटना, पीछे क फेंकना, कड़ा उत्तर देना ;- *n.* a ready reply. प्रत्युत्तर, कड़ा उत्तर।

Retort-रेटॉर्ट्-*n.* an apparatus for distillation. बकयन्त्र, अर्क खींचने का भबका, करमडेग;-*v. t.* to purify mercury. पारा शुद्ध करना।

Retort.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Retorter-रिटॉर्टर्-*n.* one who retorts. प्रत्युत्तर देनेवाला ; **Retortion** (- शन्) -*n.* act of retorting. प्रत्युत्तर ; **Retortive** (-टिव्)-*adj.* containing a retort. प्रत्युत्तर-युक्त ।

Retouch-री-टच्'(-श्')-*v. t.* to touch again, to improve by fine touches. फिर से छूना, महीन-महीन रेखाओं द्वारा चित्र इत्यादि को सुधारना ।

Retrace-रि-ट्रेस्'-*v. t.* to trace back, to look over again, to renew the outline of a drawing. खोजना, याद करना, फिर से नकशा उतारना; **Retraceable** (- ऍ-बल्) -*adj.* able to be retraced. खोजने योग्य ।

Retract-रि-ट्रैक्ट्'-*v. t. & i.* to draw back, to shrink back, to withdraw. पीछे को हटना, ठमकना, हटाना ; **Retractable** (- ऍ-बल्), **Retractible** (-इ-बल्)-*adjs.* what may be retracted. फेरने योग्य; **Retraction** (-शन्) -*n.* the act of driving back. त्याग, खिंचाव; **Retractive**(-इव्)-*adj.* retracting. लौटानेवाला; **Retractor** (-अर्) - *n.* one who retracts, a muscle for retracting. वापस लेनेवाला, खींचनेवाली पेशी ।

Retral-रि-ट्रल्-*adj.* hinder. पिछला, पीछे का ।

Retransfer-री'-ट्रान्स्-फ़र्'-*v.t.* (*p. t.* Retransferred.) to transfer again. फिर से बदलना ।

Retransform-री-ट्रान्स्'-फ़ॉर्म्-*v.t.* to transform again. फिर से रूप बदलना ।

Retranslate-री-ट्रान्स् - लेट्'-*v. t.* to translate again. दुबारा अनुवाद करना ।

Retransmission-री-ट्रान्स्-मिशन् - *n.* a transmission again. दुबारा सौंपना ।

Retraverse-री-ट्रॉवर्स्-*v. i.* to traverse again. फिर से यात्रा करना ।

Retread-री-ट्रेड्'-*v. t.* to tread again. फिर से कुचलना या चलना ।

Retreat - रि - ट्रीट्' - *v. i.* to go back, to recede, to relinquish a position. पीछे हटना, चले आना, स्थान छोड़ना;-*n.* a shelter, refuge, signal to withdraw, retirement, a place of privacy. शरण, आश्रय, हटने का संकेत, सेना का पीछे हटना, निर्जन स्थान ।

Retrench-रि-ट्रेन्श्'-*v. t. & i.* to cut off, to deduct, to reduce the amount of, to lessen, to shorten, to economize, to furnish with inner line of defence usually consisting of trench and parapet. काटना, कम करना (खण्डन करना), छोटा करना, अल्प व्यय करना, मोर्चाबन्दी करना ; **Retrenchment** (-मेन्ट्) -*n.* curtailment, a work constructed within another to prolong the defence. कमी, व्यय का घटाव, सेना की मोर्चाबन्दी ।

Retrial-री-ट्रायल्-*n.* a fresh trial. नये सिरे से अन्वेषण या मुकदमे का विचार ।

Retribute-रिट्रिब्यूट्-*v. t.* to pay back. फेर देना, पलट देना; **Retributer** (-अर्) - *n.* one who retributes. बदला देनेवाला; **Retribution**-*n.* recompense, vengeance. प्रतिकार, बदला; **Retributive** (-इव्)-*adj.* pertaining to retribution. प्रतिकार-सम्बन्धी; **Retributively**(-लि) -*adv.* in a retributive manner. प्रतिकार के ढंग से या रूप में ।

Retrievable - रिट्रीव्वेबल् - *adj.* recoverable. सुधारने योग्य ।

Retrieve-रि-ट्रीव्'-*v. t. & i.* to gain back, to recover by investigation, to restore, to regain possession of, to revive. पुनः प्राप्त होना, अन्वेषण से प्राप्त करना, चंगा करना, फिर से प्राप्त करना, मरम्मत करना ।

Retriever-रि- ट्रीव्'-र् - *n.* a dog trained to fetch game. शिकार पकड़कर लानेवाला कुत्ता ।

Retrim-री-ट्रिम्-*v. t.* (*p. t.* Retrimmed.) to trim up again. काट-छाँट करके फिर से सुधारना ।

Retro-रेट्रो, रीट्रो- *pref.* in the sense of "backwards", "behind". उपसर्ग जिसका अर्थ "पीछे को", "पिछली ओर" होता है; **Retroact** (-ऑक्ट्') -*v. i.* to act in opposition. विपरीत रूप में कार्य करना;**Retroaction**(-ऑक्शन्)-*n.* operation of the past. ऐसा कार्य; **Retroactive** (-ऑक्टिव्) -*adj.* retrospective. बीती हुई घटना पर कार्य करने वाला; **Retroactively** (-ऑक्टिव्-लि) -*adv.* ऐसा कार्य करते हुए; **Retroactivity** (-ऑक्टिविटि)-*n.* retrospection. इस प्रकार का कार्य; **Retrocede** (-सीड्)-*v. i.* to go back, to recede, to retire. पीछे हटना, अलग होना, स्थान त्यागना; **Retrocedence** (-सीडेन्स्)-*n.* a going back, receding. प्रत्यागमन, पीछे को हटाव; **Retrocedent** (-सीडेन्ट्)-*adj.* retiring, receding. पीछे हटनेवाला; **Retrocession** (-सेशन्)-*n.* a going back. पीछे को हटाव; **Retrocessive** (-इव्)-*adj.* receding. पीछे को हटानेवाला ।

Retroduct-रेट्रो-डक्ट्-*v. t.* to withdraw. पीछे को हटाना ; **Retroduction** (-शन्) -*n.* act of receding. पीछे को हटाव ; **Retroflected** (फ़्लेक्ट्'-ऍड्,) **Retroflexed** (-फ़्लेक्सड्)-*adjs.* turned backwards. पीछे की ओर मुड़ा हुआ; **Retroflexion** (-फ़्लेक्शन्'-अन्)-*n.* a bringing back. पीछे को मुड़ान ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Retrogradation-रे॑ट्रॅ-ग्रे॑डेशन्-*n.* backward motion of a heavenly body. किसी नक्षत्र की पिछली ओर की (उलटी) गति ।

Retrograde-रे॑ट्रॅ-ग्रे॑ड्-*adj.* retreating, inverted, tending backward. विपरीत, उलटा, पीछे को जानेवाला;-*n.* a degenerate person, backward tendency. नीच पुरुष, पिछली ओर जाने की रुचि;-*v. i.* (-ग्रे॑ड्') to go backwards. पीछे को जाना; **Retrogradely** (-लि)-*adv.* in a retreating manner. विपरीत भाव से ।

Retrogress-रे॑ट्रॅ-ग्रे॑स्-*v. i.* to move backward. पीछे की ओर चलना; **Retrogression** (-अन्)-*n.* backward motion, decline. विपरीत गमन, पलटा; **Retrogressive** (-इव्) -*adj.* moving backwards. पीछे की ओर चलनेवाला; **Retrogressively** (-इव्-लि)-*adv.* towards the back part. पीछे की ओर ।

Retroject-रे॑ट्रॅ-जेक्ट्-*v. t.* to cast back. पीछे को हटाना

Retropulsion-रे॑ट्रो-पल्शन्-*n.* external disease in inner parts of the body, a tendency to walk backwards in the paralysis. शरीर के भीतरी भाग में बाहर की ओर का रोग, लकवा के रोगी की पीछे की ओर चलने की प्रवृत्ति ।

Retrorse-रिट्रॉर्स्-*adj.* reverted. उलटा हुआ ।

Retrospect-रे॑(-रि)ट्रॉ-स्पेक्ट्-*n.* backward view, review of past time, survey of past events. पश्चात् दृष्टि, सिंहावलोकन, बीती हुई बातों की जाँच; **Retrospection** (-शन्)-*n.* act of looking back. पश्चाद् दर्शन; **Retrospective** (-इव्)-*adj.* looking back on past action. पश्चाद्दर्शी, बीती हुई बातों पर विचार करनेवाला; **Retrospectively** (-लि)-*adv.* with retrospection. पश्चात् दर्शन से ।

Retroversion-री-ट्रॅ-वर्शन्-*n.* a turning back, पीछे की ओर का घुमाव; **Retrovert** (-वर्ट्) -*v. t.* to turn backwards. पीछे को घुमाना या मोड़ना ।

Retrude-रिट्रूड्-*v. t.* to thrust back. पीछे को ढकेलना ।

Retruse-रिट्रूस्-*adj.* hidden. गुप्त, छिपा हुआ ।

Rettery-रे॑टॅरि-*n.* a place for softening hemp or flax. पटुआ या सन मुलायम करने का स्थान ।

Return-रि-टर्न्-*v. i. & t.* to come or go back, to bring, to send back, to retort, to mention, to say in reply. फिर जाना या आना, लाना, वापस करना, उलटना, पलट देना, पलटना, बताना, उत्तर देना;-*n.* the act of going back, renewal report or profit of business. पश्चात् (पीछे की ओर) गमन, वापसी, पुनर्नवीनीकरण, व्यापार का विवरण या लाभ; **Returns** (-स्) -*n. pl.* proceeds of profit. लाभ, मुनाफा; **Return ticket** (a ticket for journey onward and back.) वापसी टिकट ।

Return-रि-टर्न्'-*v. t.* to turn the edge, to make blunt. किनारा उलटना, भुथरा करना ।

Returnable - रि-टर्न्'-बल्-*adj.* able to be returned. फेरने योग्य ।

Returning-officer-रि-टर्न्-इङ्ग्'-ऑ-फ़िसर्-*n.* an officer who counts votes in an election. चुनाव की गणना करनेवाला अधिकारी ।

Returnless-रि-टर्न्-लेस्-*adj.* without returns. बिना वापसी या लाभ का ।

Retuse-रि-ट्यूस्'-*adj.* with broad end and central cavity. बीच में दबा तथा किनारे पर चौड़ा ।

Reunion-री-यूनिअन्-*n.* reunited condition, union after separation, social gathering. पुनः संयोग (समागम), दुबारा मेल, मण्डली; **Reunionism** (-इज़्म्)-*n.* reunionist theory. समागम, मेल; **Reunionist** (-इस्ट्)-*n.* a seeker of reunion. मेल करनेवाला या मेल की इच्छा रखनेवाला ।

Reunite-री-यू-नाइट्'-*v. t. & i.* to unite again, to join after separation. पुनः संयोग करना, दुबारा मिलना या मेल करना ।

Reurge-री-अर्ज्'-*v. t.* to urge again. पुनः प्रेरणा देना या उत्तेजित करना ।

Revaluation-री-व्हॅल्यु-ए'-शन्-*n.* the act of revaluing. दुबारा मूल्य निर्धारण ।

Revalue-री-व्हॅल्यू-*v. t.* to value again. फिर से मूल्य लगाना ।

Reveal-रि-व्हील्'-*v. t.* to make known in a supernatural manner, to disclose, to display. दैवी ढंग से प्रकाशित करना, प्रकट करना, दिखाना;-*n.* the inner opening of a door or window. खिड़की या दर्वाजे का भीतरी भाग; **Revealable** (-ऍ-बल्)-*adj.* able to be disclosed. प्रत्यक्ष करने योग्य; **Revealed** (-ड्)-*n.* disclosed. उद्घाटित; **Revealer** (-अर्)-*n.* one who reveals secrets. भेद खोलनेवाला ।

Reveille-रिवे॑लि-*n.* the bugle or drum call for the troops to get up in the morning. सिपाहियों को प्रातःकाल जगाने के लिये बिगुल या ढोल की आवाज़ ।

Revel-रे॑वेल्-*v. i. & t.* (*pl.* Revelled.) to be riotously festive, to carouse, to take keen delight in. मद्यपान का उत्सव मनाना,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पी-पीकर मतवाला होना, अति आनन्द लेना;-*n.* indulgence in merry-making. अति मद्यपान, मद्यपान का उत्सव।

Revelation-रेवेलेशन्-*n.* disclosing of knowledge by a supernatural agency. आकाशवाणी, दैवी प्रकाशन; **Revelational** (-अल्)-*adj.* pertaining to revelations. ईश्वरोक्ति या आकाशवाणी-सम्बन्धी; **Revelationist** (-इस्ट्)-*n.* a believer in revelation. ईश्वरीय वचन में विश्वास करनेवाला।

Revendication-रीवेन्डिकेशन्-*n.* claiming back in a formal way. नियमानुसार वापस माँगने की क्रिया।

Revenge-रिवेन्ज्'-*v. t. & i.* to retaliate, to return injury for injury. बैर साधन करना, बदला लेना;-*n.* the act of revenging. प्रतिद्रोह, बदला; **Revengeful** (-फुल्)-*adj.* full of revenge. प्रतिकार-परायण, बदला लेने में तत्पर; **Revengefully** (-फुलि)-*adj.* in a revengeful manner. बदला लेने के ढंग से; **Revengefulness** (-नेस्)-*n.* the quality of being revengeful. प्रतिकार या बदला लेने का गुण।

Revenue-रेविन्यू-*n.* state's annual income from different sources. राज्य की वार्षिक आय, सरकारी मालगुजारी।

Reverberate-रिवर्बरेट्-*v. t. & i.* to strike back, to rebound, to echo. उछलना, प्रतिध्वनि करना, गूँजना; **Reverberation** (-शन्) -*n.* the act of reverberating. प्रतिध्वनि, गुञ्जन; **Reverberative** (-इव्)-*adj.* reverberating. गूँजनेवाला; **Reverberator** (-अर्)-*n.* that which reverberates. प्रतिध्वनि करनेवाला; **Reverberatory** (-इ)-*adj.* vibratory. प्रतिध्वनि सम्बन्धी।

Revere-रिवीअर्'-*v. t.* to regard as sacred, to reverence. सत्कार करना, पूजा (आदर) करना।

Reverence-रेवरेन्स्-*n.* veneration, act of respect. आदर (मान), सत्कार; **Act of reverence** (salutation.) नमस्कार; **His Reverence** (a title of the clergy.) महामान्यवर, प्रभु; **Reverenced** (-रेन्स्ड्)-*adj* respected, esteemed. पूज्य, मान्य; **Reverend** (-रेन्ड्)-*adj. & n.* deserving reverence, a title of respect for the clergy. माननीय (पूजनीय), पादरी की उपाधि; **Reverent** (-रेन्ट्)-*adj.* expressing reverence. आदर दिखलानेवाला।

Reverential-रेवरेन्शल्-*adj.* proceeding from reverence. आदरपूर्वक, सम्मानपूर्ण; **Reverentially** (-लि)-*adv.* with esteem. सम्मान पूर्वक।

Reverently (-एन्ट्-लि) -*adv.* with reverence. आदरपूर्वक।

Reverie-रेवरि-*n.* (*pl.* **Reveries.**) musing, delusion, day-dreaming, a fantastic theory. चिन्तन, वृथा चिन्ता, मन की लहर, भावना।

Reversal-रिवर्सल्-*n.* the act of reversing. परिवर्तन, उलटाव।

Reverse-रि-वर्स्-*adj.* opposite, inverted. विपरीत, उलटा; -*n.* the contrary, the back surface, misfortune. परिवर्तन (उलटफेर), उलटा भाग, आपत्ति;-*v. t. & i.* to turn the other way, to invert, to annul. अधोमुख करना, उलटना, खण्डन करना; **Reversely** (-लि) -*adv.* in a contrary manner. उलटी ओर से।

Reversibility-रिवर्सिबिलिटि-*n.* the capacity of being reversed. व्यतिक्रम, उलटाव।

Reversible-रिवर्सिबल्-*adj.* able to be reversed. परिवर्तनीय, उलटने योग्य।

Reversing-रिवर्सिङ्ग्-*adj* turning in the opposite direction. पलटने वाला, प्रतिवर्ती; **Reversing-gear**-*n.* the gear by which the motion of an engine is reverted. इंजन की गति पलटने का साधन यन्त्र का भाग या दाँतेदार पहिया।

Reversion-रिवर्शन्-*n.* the right of succession. उत्तराधिकार; **Reversional** (-अल्)-*advs.* pertaining to a reversion. उत्तराधिकार सम्बन्धी; **Reversionally** (-अलि)-*adv.* in a reversionary manner. उत्तराधिकारित्व के साथ; **Reversionary** (-अरि)-*adj.* pertaining to a reversioner. उत्तराधिकारी से सम्बन्धित; **Reversioner** (-अर्)-*n.* one who is entitled to be an heir. उत्तराधिकारी बननेवाला।

Revert-रिवर्ट्-*v. i.* to turn back, to return to the original person, to fall back. पलटना, फिर आना, वापस जाना;-*n.* recurrence. उलटाव; **Reverter** (-अर्)-*n.* one who reverts. पलटनेवाला; **Revertible** (-इ-बल्)-*adj.* able to be reverted. पलटने योग्य।

Revest-रि-वेस्ट्'-*v. t.* to clothe again. फिर से वस्त्र पहिनाना।

Revet-रि-वेट्'-*v. t.* to face a wall with a harder material. दीवार पर पलस्तर करना; **Revetment** (-मेन्ट्)-*n.* the plastered wall of a fort. पलस्तर की हुई किले की दीवार।

Review-रि-व्यू'-*n.* revision, inspection of troops, fleet & c., a survey of the past, a periodical publication of articles and essays, retrospect. पुनर्निरीक्षण, सेना या बेड़े का निरीक्षण, अतीत पर पुनर्विचार, किसी विषय पर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सामयिक प्रकाशित लेख, गुण-दोष-निरूपण ;-*v. t.& i.* to examine critically, to revise. गुण-दोष-निरूपण करते हुए परीक्षा करना, फिर से विचार करना।

Reviewable-रिव्यूॲबल् - *adj.* that may be reviewed समालोचना के योग्य।

Reviewal-रि-व्यू'-अल्-*n* a reviewing. पुनर्विचार; **Reviewer** (-अर्) - *n.* one who reviews. समालोचना करनेवाला।

Revigorate-री-व्गिरेट्-*v. t.* to invigorate, to add new energy to. नई शक्ति देना, ताज़ा करना।

Revile-रि-व्राइल्'-*v. t. & i.* to call bad names, to abuse. बुरा भला कहना, निन्दा करना, गाली देना; **Revilement** (-मेन्ट्) - *n.* contemptuous language, rebuke. झिड़की, गाली; **Reviler** (-अर्)-*n.* one who reviles another. निन्दक, गाली देनेवाला; **Reviling** (-इङ्ग्)-*n.* raillery. निन्दा, अपवाद।

Revisable-रिव्राइज़ॅबल् - *adj.* able to be revised. संशोधन करने योग्य।

Revisal - रिव्राइज़ल्-*n.* revision. संशोधन, दोहराव।

Revise-रि-व्राइज़्'-*v. t.* to look over again, to re-examine, to reconsider and amend fauits. दुबारा विचार करना (दुहराना), दुबारा जाँचना, पुनः संशोधन करना ; - *n.* second correction. पुनर्निरीक्षण; **Reviser** (-अर्)-*n.* one who revises. संशोधन करनेवाला; **Revision**(रि-व्रिज़न्)-*n.* the act of re-examining. दुबारा परीक्षा, संशोधन; **Revisional** (-अल्)-*adj.* pertaining to revision. संशोधन सम्बन्धी।

Revisit-री-व्रिज़िट्-*v. t.* to visit again. फिर से दर्शन या भेंट करना।

Revisory-रि-व्राइज़रि-*adj.* having power to revise. पुनर्विचार का अधिकारी।

Revivable-रिव्राइवॅबल् - *adj.* what may be revived. ताज़ा करने लायक।

Revival-रिव्राइवल्-*n.* recovery to life. चेतना-प्राप्ति, पुनः स्वास्थ्य-प्राप्ति, उद्धार।

Revive-रि-व्राइव्'-*v. t. & i.* to bring to consciousness, to reanimate, to restore to natural form. फिर से जीवित करना, चेतना प्राप्त करना, पूर्ण रूप में लाना; **Reviver** (-अर्)-*n.* he who or that which revives. सचेत करनेवाला, ताज़ा करनेवाला।

Revivification-रिव्रिविफ़िकेशन्-*n.* restoration to life. पुनर्जीवन।

Revivify-रिव्रिविफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Revivified) to restore to life, to animate. पुनर्जीवित करना, फिर से जिलाना।

Reviviscence-रेव्रिविसन्स्-*n.* return to life. पुनर्जीवन प्राप्ति; **Reviviscent** (-सेन्ट्) - *adj.* restoring life. फिर से जिलानेवाला।

Revocable-रेव्रॅकॅबल्-*adj.* capable of being revoked. खण्डन करने (मेटने) योग्य।

Revocation-रेव्रॅकेशन्-*n.* the act of revoking, repeal. खण्डन, लोप।

Revocatory-रेव्रॅकेटरि-*adj.* revoking. खण्डन करनेवाला।

Revoke-रि-व्रोक्'-*v. t. & i.* to repeal, to withdraw, to annul. खण्डन करना, हटाना, तोड़ना; **Revokement** (-मेन्ट्) -*n.* a repeal. खण्डन।

Revolt-रि-व्रोल्ट्'-*v. i. & t.* to rise against a ruler, to rise to rebellion, to cast off allegiance. राजशासन के विरुद्ध (ख़िलाफ) उठना, बलवा करना, राजद्रोह करना; - *n* a rebellion, an insurrection. राजद्रोह बलवा; **Revolting** (-इङ्ग्)-*adj.* rebellious. राजद्रोही; **Revoltingly** (-लि) - *adv.* in a revolting manner. राजद्रोह से।

Revolute-रेव्रॅल्यूट्-*adj.* with edge rolled backwards. किनारा मुड़ा हुआ; **Revolution** (-शन्) - *n.* revolving round a centre, rotation, complete change, reversal of condition, fundamental change in the government of a country, a revolt. केन्द्र पर घूमना, परिभ्रमण, चक्कर, प्रतिवर्तन, उलटफेर, राज्य-परिवर्तन; **Revolutionary** (-शन्रि)-*n. & adj.* an instigator of a revolution, pertaining to revolution. क्रान्तिकारी, परिभ्रमण या राज्य-परिवर्तन सम्बन्धी।

Revolutionism-रेव्रॅल्यूशनिज़्म्-*n.* the principle of revolution. राज्य-परिवर्तन का सिद्धान्त।

Revolutionist-रेव्रॅल्यूशनिस्ट् - *n.* a revolutionary. राज्य-परिवर्तनवादी।

Revolutionize-रेव्रॅल्यूशनाइज़्-*v. t.* to effect a thorough change. पूर्ण परिवर्तन करना।

Revolve-रि-व्रॉल्व्'-*v.i.& t.* to turn round, to rotate, to cause to turn, to ponder over. चक्कर खाना, घूमना, घुमाना, मन में विचार करना।

Revolver-रिव्रॉल्वर्-*n.* a pistol with revolving mechanism by which several shots

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

can be fired without reloading. एक बार भरकर अनेक गोली चलाने की पिस्तौल।

Revulsion-रि-वल्शन्-*n.* a drawing away, sudden change of feeling, counter irritation. पीछे को खिंचाव, भाव में एकाएक परिवर्तन, विराग।

Revulsive-रिवल्सिव्-*adj.* causing to revulse. पीछे को खिंचाव लानेवाला।

Reward-रिवॉर्ड्-*n.* a return for services or for merit, recompense, retribution. पारितोषिक, इनाम, प्रतिफल, दक्षिणा;-*v. t.* to give for merit, to recompense. पारितोषिक या इनाम देना, प्रतिफल देना; **Rewardable** (-ऍबल्)-*adj.* able to be rewarded. पुरस्कार देने योग्य; **Rewardless** (-लेस्)-*adj* having no reward. बिना पारितोषिक का।

Rewin-री-विन्'-*v. t.* (*p. t.* Rewon) to win again. फिर से जीतना।

Rewrite-री-राइट्'-*v. t.* (*p. t.* Rewrote, *p. p.* Rewritten) to write again. फिर से लिखना।

Rex-*n.* a king. राजा।

Reynard-रेनर्ड्-*n.* proper name for a fox. लोमड़ी के लिये व्यक्तिवाचक शब्द।

Rhabdomancy-रॉब्'-डॅ-मॅन्-सि-*n.* discovering of subterranean water or ore by divine means. दैवी शक्ति से पृथ्वी के भीतर के जलस्रोत या खान का पता बतलाना।

Rhadamanthine-रॉड्'-अ-मॅन्थिन्-*adj.* rigorous. कठोर दण्ड देनेवाला।

Rhadamanthus-रॉड्'-अ-मॅन्थस्-*n.* a stern judge. कठोर न्यायाधीश।

Rhapsode-रॅप्'-सोड्-*n.* one who recites epic poems. महाकाव्य बाँचनेवाला।

Rhapsodist-रॅप्सॅडिस्ट्-*n.* one who writes rhapsodies, one who has a confused, incoherent and excited style of writing. महाकाव्य लिखनेवाला, असंगत कहनेवाला।

Rhapsodize-रॅप्सॅडाइज़्-*v. t. & i.* to utter rhapsodies. महाकाव्य की कथा कहनेवाला।

Rhapsody-रॅप्सॅ-डि-*n.* an epic poem, an extravagant composition in high-flown style. महाकाव्य, असम्बद्ध कविता।

Rhea-री'-आ-*n.* a kind of American ostrich. अमेरिका देश का एक प्रकार का शुतुरमुर्ग पक्षी।

Rheo-री-ऑ-*pref.* in the sense of 'current.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'विद्युत धारा सम्बन्धी' होता है।

Rhetor-रीटॅर्-*n.* a teacher of rhetoric, an orator. अलंकारशास्त्र का अध्यापक, व्याख्यान देनेवाला।

Rhetoric-रे-टॅरिक्-*n.* the art of speaking or writing in an impressive style, elegance and force in language, persuasiveness. अलंकारशास्त्र, साहित्यशास्त्र, प्रभावशाली लेख या व्याख्यान; **Rhetorical** (अल्)-*adj.* pertaining to rhetoric. आलंकारिक; **Rhetorically** (-लि)-*adv.* in a rhetorical manner. आलंकारिक रूप में।

Rhetorician-रे टॅरिश्यन्-*n.* one who is expert in rhetoric. अलंकारशास्त्र का पण्डित, अलंकारशास्त्रज्ञ।

Rheum-रूम्-*n.* watery secretions from the body. शरीर से तरल पदार्थ का स्राव (यथा-आँसू, थूक, कफ इत्यादि); **Rheumy**(-इ)-*adj.* full of rheum. ऐसे तरल रस से पूर्ण।

Rheumatic-रू-मीटिक्-*adj.* pertaining to or suffering from pain in the joints. गठिया सम्बन्धी, जोड़ों की पीड़ा-सम्बन्धी या उक्त पीड़ा से ग्रस्त; **Rheumatically** (-लि)-*adv.* in a rheumatic manner. वात रोग से पीड़ित अवस्था में।

Rheumatics-रू-मीटिक्स्-*n. pl.* patients of rheumatism. गठिया के रोगी।

Rheumatism-रूमीटिज़्म्-*n.* a disease marked by pain and stiffness in the joints of the human body. सन्धिवात, गठिया।

Rhinal-राइ'-नल्-*adj.* pertaining to the nose. नासिका सम्बन्धी, नाक का।

Rhino-राइ'-नॅ-*pref.* in the sense of "pertaining to nose." उपसर्ग जिसका अर्थ "नासिका सम्बन्धी" होता है।

Rhinoceros-राइनॅ-सरस्-*n.* (*pl.* Rhinoceroses.) large quadruped with thick plated skin and strong horn on the nose. गण्डक, गैंडा।

Rhinoceros.

Rhodanic-रो-डॅनिक्-*adj.* producing a red colour. लाल रंग उत्पन्न करनेवाला।

Rhodium-रो-डि-अम्-*n.* a kind of metal, a kind of scented wood. एक विशिष्ट धातु, एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी।

Rhododendron-रो-डॅ-डेन्ड्रन्-*n.* an evergreen shrub with flowers like those of roses. एक प्रकार का गुलाब के समान फूलवाला पौधा।

Rhomb-रॅम्ब्-*n.* a quadrilateral figure with

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

equal sides but unequal angles. विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र।

Rhombohedral-रॉम्बॅहीड्रल्-*adj.* relating to a rhombohedron. विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र-युक्त ठोस की शकल से संबंधित।

Rhombohedron-रॉम्बॅहीड्रन्-*n.* a solid figure bounded by six equal rhombs. एक ठोस आकृति जिसके छहों मुख विषम कोण समचतुर्भुज हों।

Rhomboid-रॉम्'-बॉइड्-*adj.* & *n.* a figure like a rhomb with only the opposite sides equal. आयताकार विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र के समान या ऐसा क्षेत्र; **Rhomboidal** (-अल्)-*adj.* having the shape of rhomboid. उक्त क्षेत्र के समान आकृतिवाला; **Rhomboidally** (-अलि) -*adv.* in a rhomboidal manner. विषम कोण समचतुर्भुज क्षेत्र की आकृति के रूप में।

Rhombus-रॉम्'-बस् - *n.* (*pl.* **Rhombuses.**) a rhomb. विषम कोण समचतुर्भुज।

Rhonchus-रॉन्'-कस्-*n.* a sharp whizzing sound. घरघराहट का शब्द।

Rhotacism-रोटसिज़्म्-*n.* erroneous pronunciation of the letter 'r'. बोलने में 'ड़' की भरमार।

Rhotacize-रोट - साइज़् -*v. i.* to speak with harsh sound of 'r'. 'र' के स्थान में 'ड़' बोलना।

Rhubarb-रू'-बर्ब्-*n.* a kind of garden plant used in cookery. रेवतचीनी।

Rhumb-रम्, रम्ब्-*n.* the line followed by a ship in its course. जहाज़ के मार्ग की रेखा।

Rhyme, Rime-राइम्-*ns.* correspondence of sound at the end of verse lines, a poem with rhymes. अनुप्रास पद्य, यमक कविता; -*v. t.* & *i.* to make verses, to put into rhyme. पद्य बनाना, कविता लिखना, पद बिठाना; **Without rhyme or reason** (without sense, improperly.) निरर्थक, अनुचित, अयोग्य रीति से; **Rhymeless** (-लेस्)-*adj.* not rhyming. बिना अनुप्रास का; **Rhymelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the state of being rhymeless. अनुप्रास-हीनता; **Rhymer** (-अर्), **Rhymester** (-स्टर्) -*ns.* one who makes rhymes, a poor poet. पद्यकार, कविता लिखनेवाला, तुच्छ कविता लिखनेवाला।

Rhythm-रिद्म्-*n.* metre, measured flow of words (regular movements), periodical accent. ताल, लय, ठेका।

Rhythmical-रिद्-मि - कल्-*adj.* pertaining to rhythm. लय का, ताल-सुरबद्ध; **Rhythmically** (-लि)-*adv.* in a rhythmical manner. ताल-सुर में।

Rhythmist-रिद्म्'-इस्ट्-*n.* one who makes use of rhythms. ताल-सुर का प्रयोग करनेवाला।

Rhythmless-रिद्म्' - लेस्-*adj.* without rhythm. बिना ताल-सुर का।

Riant-राइअन्ट् -*adj.* (Fr. -रिअन्) cheerful, smiling. प्रसन्न, मुस्कुराता हुआ।

Rib-रिब्-*n.* one of the curved bones joined from sternum to spine, vein of leaf, one of the ship's curved timbers, hinged rod of umbrella frame. पसली, पत्ती की रीढ़, जहाज़ की मुड़ी हुई पटरी, छाते की तीली;-*v. t.* (*p. t.* **Ribbed**) to furnish with ribs. रीढ़ लगाना, तीली बैठाना; **Ribbed** (-बड्)-*adj.* having ribs. रीढ़दार; **Ribless** (-लेस्) devoid of ribs. बिना पसली का।

Ribald-रिबल्ड्-*n.* & *adj.* a jester, one who uses indecent language, obscene. मसखरा, गाली देनेवाला, अशिष्ट, नीच।

Ribaldry-रिबल्ड्रि-*n.* vulgar obscene language. गाली-गलौज।

Riband-रिबन्ड्-*n.* a ribbon, फ़ीता;-*v. t.* to fit ribbons. फ़ीता लगाना।

Ribbands-रिबन्ड्स्-*n.* strips of wood. लकड़ी के चिरे हुए लम्बे तख्ते।

Ribbon-रिब्'-अन्-*n.* a narrow woven band of silk or satin. साटन या रेशम का पतला फ़ीता; -*pl.* driving reins. (ब० व०) लगाम

Ribes-राइ'-बीज़्-*n.* the plant of gooseberry. झरबेर का पौधा।

Ribston-रिब्स्टन्-*n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेब।

Rice-राइस्-*n.* the pearl white husked seeds of a plant grown in marshy places. तण्डुल, चावल; **Scum of rice.** माँड़; **Parched rice.** लावा।

Rich-रिच् - *adj.* wealthy, valuable, fertile, costly, bright, vivid, splendid, containing a large quantity of fat &c., deep of colour, abounding, ample. धनी, बहुमूल्य, उपजाऊ, कीमती, चमकीला, स्पष्ट, अनोखा, वसा (चर्बी) पूर्ण, गहरे रंग का, परिपूर्ण, प्रचुर; **Riches**(-एज्)-*n. pl* wealth, abundance. धन, विभव, द्रव्य, सम्पत्ति; **Richly** (-लि)-*adv.* in a rich manner. बहुत धन से, बड़ी शोभा से, बड़े प्रताप से; **Richness** (-नेस्)-*n.* wealth, splendour, fertility, abundance. धन, अति शोभा, उपजाऊपन, बहुतायत।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Rick-रिक्-*n.* a stack of hay or corn. सूखी घास या अनाज का ढेर।

Rickets-रिकेट्स्-*n.* a disease of children in which the bones are softened. बच्चों का रोग जिसमें हड्डियाँ मुलायम हो जाती हैं, सुखंडी; **Rickety** (-ऍट्-इ) - *adj.* feeble in joints, insecure. मुलायम जोड़ का, अस्थिर, जीर्ण।

Ricksha, Rickshaw-रिक्'-शा, रिक्'-शॉ-*ns.* a light two wheeled carriage drawn by man. आदमी से खींची जानेवाली दो पहियों की फ़िटिन गाड़ी।

Ricochet-रिको-शे', रिकॅ-चेट्-*n.* skipping of cannonball on ground or water. भूमि अथवा जल पर तोप के गोले की उछाल;-*v. i. & t.* to skip, to subject to skipping cannon firing. उछालना, उछलनेवाले गोलों की मार में पड़ना।

Rictus-रिक्टस् -*n.* expanse of the mouth, bird's beak. मुख का फैलाव, चोंच।

Rid-रिड्-*v.t.* *p. t.* **Rid, Ridded**) to make free, to clear away, to disencumber, to destroy. मुक्त करना, छोड़ना, निकाल लेना, नष्ट करना;-*adj.* free, clear. मुक्त, स्वतंत्र, साफ, स्वच्छ; **To get rid of** (to be free from.) छुटकारा पाना।

Riddance-रि - डेन्स्-*n.* deliverance. मुक्ति, उद्धार।

Riddel-रि-डल् - *n.* the curtain of an altar. वेदी का पर्दा।

Ridden-रिड्न्-*p. p.* of the verb **Ride.** घुड़सवारी किया हुआ।

Riddle-रि'-डल्-*n.* an enigma or puzzle, a mysterious question, a coarse sieve. कूट प्रश्न, पहेली, मोटी चलनी;-*v. i. & t.* to use a riddle, to separate chaff from grain. पहेली कहना, भूसी अलगाना।

Riddling-रिड्-लिङ्ग्-*adj* perplexing. पेंचीला; **Riddlingly** (-लि)-*adv.* like a riddle. कूट प्रश्न के समान।

Ride-राइड्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Rode,** *p. p.* **Ridden;** also rade or raid and rid in Scotland.) to sit on horse back, to be carried by a horse, cycle, train &c. घोड़े पर सवार होकर चलना, घोड़े, सायकिल, रेलगाड़ी इत्यादि पर चढ़कर चलना;-*n.* a journey in a public conveyance. सार्वजनिक या आम सवारी पर यात्रा; **To ride on** (to tease.) कष्ट देना; **To ride one down** (to overtake a man by riding.) घोड़ा दौड़ाकर किसी को पकड़ लेना; **Rideable, Ridable** (-ऍबल्)-*adjs.* able to be ridden. सवारी करने योग्य; **Rider**(-अर्)-*n.* on who rides, a supplement, corollary, a problem to test the mastery of a mathematical principle सवार, परिशिष्ट, उपसिद्धान्त, गणित के सिद्धान्त का स्पष्ट बोध करानेवाला प्रश्न; **Riderless** (-लेस्)-*adj.* having no rider. बिना सवार का।

Ridge-रिज्-*n.* a mountain range, a line of junction in a roof, the rough top of anything, any narrow elevation. पर्वतपृष्ठ, छत का जोड़, खुरखुरा किनारा, ढालुआँ टीला; -*v. t. & i.* to form a ridge. मेड़ बनाना; **Ridgy**-(-इ)-*adj.* rising in ridges.

Ridicule-रिडिक्यूल् - *n.* derision, mockery. उपहास, हँसी-ठट्ठा; -*v. t.* make fun of, to mock. उपहास करना, ठिठोली करना; **Ridiculous** (-अस्)-*adj.* causing ridicule, funny. हास्यकर, हँसी उत्पन्न करनेवाला; **Ridiculously** (-लि)-*adv.* in a ridiculous manner. हँसी करते हुए ढंग से ; **Ridiculousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being ridiculous. उपहासयुक्त होने का गुण।

Riding-राइड्डिङ्ग्-*n.* a road for riders. घुड़सवारी की सड़क; **Riding-breeches** (breeches used in riding.) घुड़सवारी का पायजामा; **Riding-clerk** -*n.* a commerical traveller. व्यावसायिक यात्री; **Riding-habit** (a woman's riding dress.) स्त्रियों का घुड़सवारी का वस्त्र; **Riding-master** - *n.* one who teaches riding. घुड़सवारी सिखलानेवाला मनुष्य।

Rife-राइफ्-*adv.* prevailing, current, numerous. प्रचलित, व्यापक, अधिक ; **Rifeness** (-नस्)-*n.* prevalence, currency. व्यापकता।

Riff-raff-रिफ्'-रॅफ्-*n.* the rabble, persons of disrepute. अधम मनुष्य, निन्द्य लोग।

Rifle-राइ'-फ़ल्-*v. t. & i.* to search and rob, to plunder, to injure, to break, to strip off, to make spiral grooves in the barrel of a gun. खोजकर लूटना, डाका डालना, चोट पहुँचाना, तोड़ना, नंगा करना, बन्दूक की नली में चक्करदार छेद बनाना ; -*n.* a gun with grooved barrel. चक्करदार छेद की बन्दूक; **Riflecorps** (-कोर्)-*n.* volunteers armed with rifles. बन्दूक धारण करनेवाले स्वयंसेवक लोग; **Rifler** (-र्)-*n.* a plunderer. लुटेरा।

Rfilemen-राइ-फ़ल्'-मेन् -*n.* (*pl.* **Riflemen.**) an armed soldier. बन्दूकधारी सिपाही।

Rifle-range-राइ - फ़ल्' - रेन्ज्-*n.* a place for practising shooting with a rifle. बन्दूक की गोली चलाना सीखने का स्थान।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Rift-रिफ्ट्-*n.* a cleft, a fissure. फटन, दर्रा, दरार;-*v. t. & i.* to cleave, to burst open. दरार बनाना, फटना ; **Riftless** (-लेस्)-*adj.* without a cleft or fissure. बिना दरार का; **Rifty** (-इ)-*adj.* having cracks. दरारदार।

Rig-रिग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Rigged.**) to provide a ship with ropes &c., to fit, to clothe. जहाज को रस्सा इत्यादि सामग्री से युक्त करना, सँवारना, वस्त्र पहिनना;-*n.* the method in which sails and riggings are arranged, a trick. जहाज के रस्से पाल इत्यादि क्रम से रक्खे जाने का तरीका, छल, कपट।

Rigescence-रि-जे-सें-न्स्-*n.* stiffness, hardness. कठोरता, कड़ाहट।

Rigescent-रि-जे-सें-न्ट्-*adj.* growing hard and stiff. कड़ा होनेवाला।

Rigged-रिग्ड्-*adj.* furnished with rigs. रस्सों से सुसज्जित।

Rigging-रि-गिङ्ग्-*n.* the ropes of a ship, dress. जहाज के रस्से, पाल इत्यादि, वस्त्र।

Riggish-रिगिश्-*adj.* wanton. लम्पट, विलासी।

Right-राइट्-*adj.* straight, just, fit, lawful, true, correct, most convenient, well performed, on the right hand. सीधा, उचित, योग्य, न्याय्य, सच्चा, सही, सबसे उपयुक्त, भली भाँति किया हुआ, दाहिनी ओर का;-*adv.* rightly, correctly. उचित रीति से, यथार्थता से ;-*interj.* well done.ठीक ! **Right angle** (-आङ्-ग्ल्)-*n.* angle of 90 degrees or of one fourth of a circle. समकोण, ऋजुकोण; **Right down** (completely.) पूर्ण रूप से; **Right to the bottom** (exactly up to the bottom.) ठीक पेंदी तक।

Right angle.

Right - राइट् - *n.* justice, propriety, truth, authority,the side opposite to the left.न्याय, धर्म, नीति, यथार्थता, सत्यता, अधिकार, दाहिना भाग;-*n. pl.* authority (ब० व०) अधिकार; **Bill of rights** (a declaration of the rights.) अधिकारपत्र; **Right and left** (in every direction. प्रत्येक दिशा में; **To put to rights** (to put in good order.) ठीक क्रम में रखना।

Right-राइट्-*v. t.* to do justice to, to put in a proper position, to set in a vertical position में न्याय करना, उचित स्थान में रखना, लम्बरूप में करना ; **Rightable** (-ऍ-बल्)-*adj.* able to be corrected. शुद्ध (ठीक) करने योग्य;

Righten (-ऍन्)-*v. t.* to make right. ठीक करना।

Righteous-राइट्यस्-*adj.*just, holy, equitable, virtuous, upright, honest. न्याय-परायण, धार्मिक, पवित्र, सच्चा; **Righteously** (-लि)-*adv.* in a righteous manner. पवित्रता से, धर्म से; **Righteousness** (-नेस्)-*n.* holiness, justice, uprightness.साधुवृत्ति, धर्म-परायणता, सदाचार।

Rightful (राइट्-फ़ुल्)-*a v.* just, legitimate, lawful. न्याय्य, यथोचित, अधिकारी; **Rightfully** (-लि)-*adv.* in a rightful manner. अधिकार-सहित; **Rightfulness** (-नेस्)-*n.* justice, moral rectitude. सत्यता, परमार्थता।

Right-hand-राइट्'-हीन्ड्-*adj.* towards the right hand. दाहिने हाथ की ओर का; **Right-handed** (-ऍड्) -*adj.* using the right hand more easily than the left. बायें हाथ की अपेक्षा दाहिने हाथ से अधिक सरलता से काम करनेवाला ; **Right-handedness** (-नेस्)-*n.* dexterity. होशियारी।

Right-hearted-राइट्' - हार्टेड् - *adj.* having right disposition. सही प्रकृतिवाला, सुशील।

Rightless-राइट्'-लेस्-*adj.* destitute of rights. अधिकार-रहित; **Rightly** (राइट्-लि)-*adv.* in a right manner. उचित रीति से।

Right-minded-राइट्'-माइन्डेड्-*adj.* well disposed. शुद्ध चित्त का।

Rightness-राइट्'-नेस-*n.* conformity to truth. यथार्थता, सचाई।

Rightwards-राइट्' - वर्ड्स्-*adv.* towards the right. दाहिनी ओर।

Rigid - रिजिड् - *adj.* not flexible, harsh, severe, strict. कड़ा, कठोर, कर्कश, रूक्ष, दृढ़; **Rigidity** (-डि-ट्), **Rigidness** (-नेस्)-*ns.* stiffness, severity, कठोरता, दृढ़ता; **Rigidly** (-लि)-*adv.* in a rigid manner. कठोरता से, दृढ़ता से।

Riglet-रिग्-लेट्-*n.* a piece of wood used for picture frames. तस्वीर के चौखटा में लगाने की लकड़ी की पट्टी।

Rigmarole-रिग्म-रोल् - *n.* a meaningless or incoherent talk. अनर्थक कथा, बिना अर्थ की बातचीत।

Rigor-राइ-गॅ-र् (-रिगर्) -*n.* sudden cnill.dna shivering appearing before certain fevers ज्वर के पूर्व की कँपकँपी और सर्दी; **Rigor-mortis** (stiffness that comes in a body shortly after death.) मरने के बाद शरीर में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आनेवाली कड़ाहट; **Rigorism** (-इज़्म्) -*n.* severity. कड़ाहट; **Rigorous** (-अस्)-*adj.* severe, strict. कठोर (कर्कश), कठिन; **Rigorously** (-लि)-*adv.* strictly, severely. कठोरता से, कठिनता से।

Rigorousness-रिगरसनेस् - *n.* the quality of being rigorous, severity. कर्कशता, कड़ाहट।

Rigour-रिगर्-*n.* harshness, strictness, hardship, austerity of life, sense of chilliness accompanied with shivering. दृढ़ता, कठोरता, कष्ट, तपस्या, ठंढ से शरीर की कँपकँपाहट।

Rile-राइल्-*v. t.* to irritate, to make angry. उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Rill-रिल्-*n.* a small stream or rivulet. क्षुद्र नदी, छोटी नदी, नाला।

Rille-रि-ल्-*n.* a trench or narrow valley on the surface of the moon. चन्द्रमा के तल पर की छोटी खाई या घाटी।

Rim-रिम् - *n.* the outer ring of a wheel, margin, border. पहिये की हाल, किनारा, कोर; -*v. t.* (*p. t.* Rimmed.) to put on a rim or tyre. किनारा लगाना, हाल चढ़ाना; **Rim-brake** (a brake acting on the rim of a wheel.) गाड़ी रोकने के लिए पहिये की हाल पर लगाई हुई रोक; **Rimmed** (-इ)-*adj.* having a border. किनारदार; **Rimless** (-लेस्) -*adj.* without a rim. बिना किनारे का।

Rime-राइम् - *n.* hoar-frost. पाला, जमी हुई ओस; -*v. t.* to congeal into frost. जमकर पाला हो जाना।

Rimose-राइ-मॅ-स्-*adj.* consisting of chinks, full of fissures. छिद्र से भरा हुआ, दरारदार।

Rimosity-राइमॉसिटि - *n.* the state of being chinky. छेददार, दरारदार।

Rimous-राइमस् - *adj.* abounding in clefts. दरारों से भरा हुआ।

Rimple - रिम्-प्-ल् -*n.* a fold or wrinkle. तह, सिकुड़न, झुर्री।

Rimy-राइमि -*adj.* frosty. पालेदार।

Rind-राइन्ड् - *n.* the bark of a tree, the external covering of a fruit. छाल, छिलका।

Rinderpest-रिन्डर्-पेस्ट्-*n.* a malignant disease of oxen. गाय-बैलों का एक भयंकर रोग।

Rindle-रिन्ड्ल्-*n.* a narrow water course. सँकरा नाला।

Ruralization-रूरलाइज़ेशन् - *n.* the act of making rural. ग्रामीण बनाने का काम।

Ruralize-रूरलाइज़्-*v. t.* to make rural. देहाती बनाना।

Rurally-रूरलि -*adv.* in a rural manner. गँवारूपन से।

Ruse-रूज़्-*n.* a trick, stratagem, fraud. छल, कपट, बहाना;-*adj.* crafty, artful. धूर्त, चालाक।

Rush-रश्-*n.* a marshy plant, a thing of no value, a swift movement, violent advance, charge, attack. सरहरी (पतली), क्षुद्र वस्तु, अति वेग, आक्रमण, झपट;-*v. t.* to scatter rushes on floor. छत पर घास फैलाना;-*v. t. & i.* to drag along, to make a sudden assault, to press forward, to charge exorbitant price. झपटना टूट पड़ना, दौड़ना, आक्रमण करना, ग्राहक से अधिक मूल्य लेना; To rush a bill through (to get a bill passed hurriedly.) जल्दी से नियम स्थिर करना; To rush at (to make an attack.) आक्रमण करना; To rush into print (to publish quickly.) जल्दी से छाप देना।

Rusk-रस्क्-*n.* a piece of bread cut from loaf and rebaked. रोटी का टुकड़ा जो दुबारा पकाया गया हो।

Russ-रस्-*n.* the Russian language. रूस देश की भाषा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Russell-र-सेल्-*n.* a ribbed fabric used for gowns &c. गाउन इत्यादि बनाने का धारीदार कपड़ा।

Russet-र-सट्-*adj.* & *n.* of reddish-brown colour, a home-spun cloth. भूरे रङ्ग का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Russety-रसे-टि-*adj.* of russet colour. धूमिल रङ्ग वाला।

Russian-रशन्-*adj.* pertaining to Russia. रूस देश का;-*n.* the language or native of Russia. रूस देश का निवासी, रूस देश की भाषा।

Russophobia-र-से - फ़ो' - बि-आ-*n.* dread of Russia. रूस का भय

Rust-रस्ट्-*n.* reddish crust formed on iron by oxidation, similar crust on other metals, impaired condition. मण्डूर, बुरी अवस्था, मुर्चा; - *v. t.* & *i.* to undergo oxidation. मुर्चा लगाना या लगना।

Rustic-रस्टिक्-*adj.* unpolished, unrefined, clownish, of the appearance or manners of the country folk. असभ्य, अशिष्ट, देहाती, गँवारू; **Rustically** (-अलि)-*adv.* in a rustic manner. ग्रामीण मनुष्य के ढंग से।

Rusticate-रस्टिकेट्-*v. i.* & *t.* to dwell in a country, to lead a rural life, to turn out from a school or college. देहात में बसना, ग्रामीण जीवन बिताना, कालिज या पाठशाला से निकाल देना; **Rustication** (-शन्)-*n.* residence in the country, temporary banishment from school or college. ग्राम-निवास, पाठशाला से बहिष्कार (कुछ काल के लिये)।

Rusticity - रस्टिसिटि - *n.* rustic manners. ग्राम्यता, गँवारपन।

Rustle-र-सल्-*v. i.* & *t.* to make a low sound as of dry leaves. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Rustling-रस्लिङ्ग्-*adj.* making a low sound as of leaves. खड़खड़ाता हुआ; **Rustlingly** (-लि) -*adv.* in a rustling manner. खड़खड़ाते हुए।

Rusty-रस्टि - *adj.* (*comp.* Rustier, *sup.* Rustiest.) affected with rust, impaired, unfit with disuse. मुर्चा लगा हुआ, पुराना, अनुपयोग से भ्रष्ट।

Rut-रट्-*n.* the track made by a wheel, groove, periodical sexual excitement in some animals. चक्रमार्ग, पहिया चलने की लकीर, कुछ पशुओं में मैथुन की सामयिक उत्तेजना।

Ruth-रूथ्-*n.* pity, compassion, mercy, sorrow for the misery of others. दया, दूसरों के कष्ट पर तरस; **Ruthful** (-फुल्)-*adj.* compassionate. दयालु, कृपालु; **Ruthless** (-लेस्)-*adj.* cruel, pitiless. निर्दय (निर्मोही), क्रूर; **Ruthlessly** (-लेस्-लि) -*adv.* cruelly. निर्दयता से; **Ruthlessness** (-लेस्-नेस्) -*n.* the state of being ruthless. निर्दयता।

Rutilant-रू' - टिलन्ट्-*adj.* shining, brilliant. चमकीला, देदीप्यमान।

Rutty-रटि-*adj.* filled with sexual desires. मैथुन की इच्छा से पूर्ण।

Rye-राइ-*n.* a cereal for bread in some parts of Europe. एक प्रकार का अन्न जिसकी रोटी योरोप में खाई जाती है।

Rye-grass-राइ'-ग्रास्-*n.* a kind of grass used for fodder. एक प्रकार की चरी जो पशुओं को खिलाई जाती है।

Rymer-राइमर्-*n.* one of the posts used in paddle. पावदान में लगाने का काँटा।

Ryot-राइ'-अट्-*n.* an Indian peasant. रैयत (किसान), भारतवर्ष का खेतिहर।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

S-ऍस्-the nineteenth letter of the English alphabet, any object shaped like S. Roman numeral for 70 or 70,000. अंग्रेजी वर्णमाला का उन्नीसवाँ अक्षर, इस अक्षर के आकार का कोई पदार्थ, रोमन संख्या में ७० अथवा ७०,००० के लिये संकेत; Collar of S (a collar composed of links in the form of S.) जंजीर या पट्टा जिसमें S अक्षर के आकार की कड़ियाँ गुथी होती हैं।

Sabaism-सॅ-बे-इज़्म्-*n.* star worship. तारों का पूजन।

Sabaoth-सबे'-ॲथ्-*n.* *pl.* armies. सेनायें।

Sabbatarian-सॅब्'-अ-टे-रिअन्-*n.* & *adj.* the Christian who observes Sunday as the Sabbath. क्रिस्तान जो रविवार को विश्राम-दिवस मनाता है; **Sabbatarianism** (-इज़्म्) -*n.* the principle of observing Sunday as the Sabbath. रविवार को विश्राम-दिवस मनाने का सिद्धान्त।

Sabbath-सॅबथ् -*n.* the seventh day of the week as day for religious rest, period of rest. सप्ताह का सातवाँ दिन जिसमें धार्मिक विश्राम लिया जाता है, विश्राम का समय; **Sabbathless** (-लॅस्) -*adj.* having no sabbath, without intermission of daily labour. बिना विश्राम का दैनिक कार्य।

Sabbatic, Sabbatical-सॅबॅटिक् (-अल्) -*adjs.* pertaining to sabbath. विश्राम-दिवस-सम्बन्धी; **Sabbatically** (-लि) - *adv.* in a sabbatic manner. विश्राम-दिवस मनाते हुए; **Sabbatize** (-आइज़्) -*v. t.* to make a day as a sabbath. किसी दिन को विश्राम-दिवस बनाना।

Sable-से - बल्-*n.* a small carnivorous quadruped, its fur. नेवले की तरह का एक मांस-भक्षी पशु, उसका रोआँ; - *adj.* & *n.* black, mourning garments. काले रङ्ग का मातमी वस्त्र; **Sabled** (-इ) -*adj.* wearing sable dress. काला वस्त्र पहिने हुए।

Sabot-सॅबॅ-*n.* a kind of wooden shoe. एक प्रकार की खड़ाऊँ; **Saboted** (-टेड्) - *adj.* wearing wooden shoes. खड़ाऊँ पहिने हुए।

Sabotage-सॅबॅ'-टाज़्-*n.* wilful destruction of machinery, tools &c. by workmen. हड़तालियों का जान-बूझकर यन्त्र इत्यादि तोड़ना।

Sabre-से'-बर् -*n.* a sword with a curved blade. कृपाण, तलवार; -*v. i.* to strike with sabre. तलवार से घायल करना।

Sabulous-सॅ-ब्यु - लस्-*adj.* of sand, sandy. बालू का, पथरीला।

Saburra-सॅबरा-*n.* foul matter deposited in stomach, sordes. पेट में जमी हुई पथरी।

Sac-सॅक्-*n.* a bag-like membrane in living organism. सजीव जन्तु के शरीर में थैलीनुमा झिल्ली।

Saccate-सॅ-केट्-*adj.* filled in a sac. झिल्ली की थैली में भरी हुई।

Sacciform-सॅक्सि-फॉर्म्-*adj.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Saccular-सॅ-क्यु-लर्, **Sacculated** (-ले-टेड्) -*adjs.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Sacculation-सॅक्युलेशन्-*n.* forming a membrane. झिल्ली की थैली बनाना।

Saccule-सॅ'-क्यूल्-*n.* (*pl.* Sacculi.) a small sac.) छोटी थैली।

Sacerdotal-सॅ-सर्डोटल्-*adj.* of priests, priestly. याजकीय, पुरोहित-सम्बन्धी; **Sacerdotalism** (-इज़्म्)-*n.* priestly system. पुरोहिती विधि; **Sacerdotalist** (-इस्ट्)-*n.* a supporter of priesthood. पुरोहिती विधि का समर्थक।

Sacerdotalize-सॅसर्डोटलाइज़्-*v. t.* to work as a priest. पुरोहित का कार्य करना।

Sacerdotally - सॅसर्डोटलि-*adv.* in a priestly manner. पौरोहित्य कर्म से।

Sachem-से-चेम्-*n.* a chief of some American Indian tribes. अमेरिका देश के आदिवासियों का सरदार।

Sachet-साशे-*n.* a small perfumed bag for keeping in clothes. वस्त्रों में रखने का सुगन्धित छोटा झोला।

Sack-सॅक्-*n.* a large oblong bag of hemp or flax used for storing goods, a kind of loose garment, plunder, a kind of white wine. बोरा, थला, लबादा, लूट-पाट, एक प्रकार की सफ़ेद मदिरा; -*v. t.* to fill in a sack, to plunder, to defeat in match or fight. बोरे में भरना, लूटना, लड़ाई में हराना।

Sackage-सॅक्'-ऍज्-*n.* the act of pillaging. लूटने का कार्य।

Sackbut-सॅक्'-बट्-*n.* a kind of trumpet. एक प्रकार का अलगोजा।

Sackcloth-सॅक्'-क्लॉथ्-*n.* coarse cloth. मोटा कपड़ा, टाट।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sacker-सॉकर्-*n.* one who sacks a town. नगर को लूटनेवाला।

Sackful-सॉक्'-फुल्-*n.* as much as a sack can hold. बोराभर पदार्थ।

Sacking-सॉकिङ्ग्-*n.* material for making sacks. बोरा बनाने का टाट।

Sackless-सॉक्'-लेस्-*adj.* harmless, guiltless. निर्दोष, निरपराध।

Sackrace-सॉक्'-रेस्-*n.* a kind of race in which the body upto the neck is covered in a sack. गर्दन तक बोरे में बन्द होकर दौड़ना।

Sacrament-सॉक्रमेन्ट्-*n.* a religious ceremony, a thing of mysterious significance. धर्मविधि (संस्कार रूप), विलक्षण वस्तु या बात; -*v. t.* to bind by oath. शपथ द्वारा बाँधना; **Sacramental** (-अल्)-*adj.* pertaining to sacrament. संस्कार-सम्बन्धी; **Sacramentalism** (-अल्-इज़्म्)-*n.* appreciation of sacrament. धर्मविधि; **Sacramentalist** (-अल्-इस्ट्)-*n.* sacramentary. धर्मविधि करनेवाला; **Sacramentality** (-अल्-इट्-इ)-*n.* sacramental rites. संस्कार; **Sacramentally** (-अलि)-*adv.* in a sacramental manner. धर्मविधि से।

Sacrarium-सॉक्रिअम्-*n.* (*pl.* **Sacraria.**) a shrine, a temple. देवमन्दिर।

Sacred-सें'-क्रेड्-*adj.* consecrated to a deity, holy, divine, pertaining to the worship of God. पवित्र, अलौकिक, सुप्रतिष्ठित, ईश्वर-पूजा-सम्बन्धी; **Sacred grove** (a place for a hermit's meditation (specially a wood). तपोवन; **Sacred knowledge** (knowledge of scriptures.) वेदज्ञान; **Sacred spot** (holy place.) पुण्यस्थान, तीर्थ; **Sacredly** (-लि)-*adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Sacredness** (-नेस्)-*n.* the state of being holy. पवित्रता।

Sacrificant-सॉ-क्रि-फ़िकन्ट्-*n.* one who offers a sacrifice. यज्ञ करनेवाला मनुष्य।

Sacrifice-सॉक्रि-फ़ाइस्-*n.* the slaughter of an animal for offering to a deity, victim, offering, abandonment, surrender, ruin. यज्ञ या होम के लिये बलिदान, बलि-पशु, अर्पण, त्याग, समर्पण, विनाश; -*v. t.* to offer to a god on an altar, to destroy, to kill. बलिदान करना (अर्पण करना), नष्ट करना, हत्या करना; **Sacrificer** (-अर्)-*n.* one who makes a sacrifice. यजमान, यज्ञ करनेवाला।

Sacrificial-सॉक्रि-फ़िश्'-ल्-*adj.* pertaining to sacrifice. यज्ञ (बलिदान) सम्बन्धी; **Sacrificially** (-लि)-*adv.* in a sacrificial manner. बलि कर्म से, बलिदान करते हुए।

Sacrilege-सॉक्रिलेज्-*n.* profanation of sacred things, robbery of sacred things. पवित्र वस्तु को दूषित करने या देवस्व को लूटने का काम।

Sacrilegious-सॉक्रिलिजस्-*adj.* profane. देवस्व का अपहारी; **Sacrilegiously** (-लि)-*adv.* in a profane manner. ऐसा अपहरण करते हुए।

Sacrist-सें'-क्रिस्ट्-*n.* one who keeps the property of a church sacred. गिरजाघर के सामान को पवित्र रखनेवाला।

Sacristy-सॉक्रिस्टि-*n.* the place in a church for keeping sacred utensils. गिरजाघर में पवित्र पात्रों को रखने का स्थान।

Sacrosanct-सॉ-क्रॅ-सॉङ्क्ट्-*adj.* sacred, inviolable. पवित्र, पुण्यमय।

Sacrum-सें'-क्रम्-*n.* the triangular bone at the back of pelvis. कमर के पीछे की त्रिकोनी हड्डी; **Sacral** (-क्रल्)-*adj.* pertaining to sacrum. इस हड्डी से सम्बन्धित।

Sad-सॅड्-*adj.* (*comp.* **Sadder**, *sup.* **Saddest.**) sorrowful, mournful, showing sorrow. शोकाकुल, उदासीन, खिन्न, दुःखी; -*v. t.* to make solid, firm or stiff, to compress, to make sorrowful. ठोस, पुष्ट (मजबूत) या कड़ा बनाना, दबाना, दुःखी बनाना।

Sadden-सॅड्'-न्-*v. t.* to make sorrowful. दुःखी करना।

Saddle-सॅड्'-ल्-*n.* a rider's seat to be placed on a horse's back, the seat of a bicycle, anything shaped like it. घोड़े की जीन या काठी, पैरगाड़ी की बैठकी, खोगीर; -*v. t.* to put a saddle on, to lead. घोड़े की पीठ पर जीन कसना, किसी मनुष्य पर कार्य का भार देना; **Saddlebag** (the support of a saddle.) खुरजी; **Saddlecloth** (a cloth put under a saddle.) काठी के नीचे की गद्दी या नमदा; **Saddled** (-ड्)-*adj.* with a saddle fitted. काठी कसा हुआ; **Saddle-horse** (-हॉर्स्)-*n.* a horse for riding. घुड़सवारी का घोड़ा; **Saddleless** (-लेस्)-*adj.* without a saddle. बिना काठी का; **Saddler** (-अर्)-*n.* one who makes saddles, a soldier-in-charge of cavalry saddles. काठी या साज बनानेवाला मोची, फौजी घोड़ों की काठी का प्रबन्धक सैनिक; **Saddlery** (-रि)-*n.* the material for making saddles, trade of a saddler. साज या जीन बनाने का सामान, जीनसाज़ी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sadiron-सीड् - आयरन्-*n.* an instrument for ironing. इस्तिरी करने का लोहा।

Sadism-स (सा) -डिज़्म् - *n.* love of cruelty arising from sexual perversion. विकृत सम्भोग में क्रूर व्यवहार करने की लालसा।

Safe-सेफ़्-*n.* (*pl.* Safes.) a ventilated box for provisions, a fire-proof and burglar-proof chest for keeping valuables. भोजन रखने की जालीदार अलमारी, मूल्यवान् पदार्थ रखने की लोहे की सन्दूक; -*v. t.* to guard. रक्षा करना; -*adj.* secure, uninjured, out of danger. सुरक्षित, निःशंक, भय-रहित; Safe and sound (free from danger.) कुशल, स्वस्थ; Safe-guard (-गार्ड्)-*n.* defence, protection. रक्षा, बचाव; Safely (-लि)-*adv.* in a safe manner. निर्भयता से; Safeness (-नेस्)-*n.* the quality of being safe. सुरक्षित अवस्था; Safety (-टि)-*n.* (*pl.* Safeties.) freedom from danger, security. रक्षा, (भय-मुक्ति) बचाव; Safety-lamp (a lamp covered with gauze to give light in mines.) खान में ले जाने का लम्प; Safety-match (a match that ignites only by being rubbed on a box.) केवल विशिष्ट प्रकार के मसाले पर रगड़ने से जलनेवाली दियासलाई; Safety-pin (a pin with a guarded point.) कोना न चुभनेवाली आलपीन; Safety-razor (a razor with guard so that it may not pierce skin when shaving.) ऐसा उस्तरा जिससे हजामत बनाने में दाढ़ी न कटे; Safety-valve (a valve which opens automatically to relieve excessive pressure in an engine.) इञ्जन में का ऐसा डट्टा जो भाफ़ का दबाव अधिक बढ़ जाने पर स्वयं खुल जाता है।

Saffian-सीफ़िअन्-*n.* tanned and dyed leather of goatskin or sheepskin. बकरी या भेंड़ का कमाया और रँगा हुआ चमड़ा।

Safflower-सीफ़्लावर्-*n.* a plant which yields a red dye. कुसुम।

Saffron-सीफ़्रन्-*n.* the stigma of a plant of crocus family used for colouring. केशर, कुमकुम; -*v. t.* to colour with saffron. केशर से रँगना; Saffrony (-इ)-*adj.* of the colour of saffron. केसरिया।

Safranin-सीफ़्रनिन्-*n.* the yellow colouring matter of saffron, coal-tar dye giving yellowish-red colour. केशर में पीला रँगनेवाला तत्व, अलकतरे का पीला-लाल रंग।

Sag-सीग्-*v. i. & t.* *p. t.* Sagged.) to sink under pressure, to decline in price, to bulge in a downward direction. दबाव से धँसना, दाम में कम होना, नीचे की ओर फूलना; -*n.* a drip, a droop. डुबाव, दबाव।

Sagacious-स-गे-शस्-*adj.* gifted with acute discernment, acute-minded, practically wise. कुशाग्रबुद्धि (चतुर), मेधावी, तीक्ष्ण बुद्धि का; Sagaciously (-लि)-*adv.* in a sagacious manner. सूक्ष्म बुद्धि से, चतुराई से।

Sagacity-स-गॉ-सिटि-*n.* quickness of discernment. सूक्ष्मबुद्धि से, चतुराई।

Sage-सेज्-*n.* a kind of aromatic herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति; -*adj.* & *n.* wise, judicious, wise-looking, a wise man. पण्डित, ज्ञानी, महात्मा, मुनि, सिद्धजन; Sagely (-लि)-*adv.* in a wise manner. पण्डिताई से, बुद्धिमानी से; Sageness (-नेस्)-*n.* wisdom, sagacity. पाण्डित्य, बुद्धिमानी।

Sagital-सजिटल्-*adj.* resembling an arrow, arrow-shaped. बाण के समान।

Sagittarius-सीं-जिटे रिअस्-*n.* the Archer, the ninth sign of the zodiac. धनुर्धारी, धनुराशि।

Sagittate, Sagittated-सीजिटेट्, (-एड्)-*adjs.* shaped like an arrow-head. तीर की नोक की शकल के समान।

Sago-से-'-गॉ-*n.* a kind of palm which yields a dry granulated starch. साबूदाना का वृक्ष, साग़ू।

Said-सेड्-*p.* & *p. p.* of Say. told. कहा।

Saiga-से (-स) गा-*n* a kind of antelope. एक प्रकार का बारहसिंगा।

Sail-सेल्-*n.* a piece of stout cloth or canvas extended in a vessel to catch wind. वातवस्त्र, पाल; -(*pl.*) ships, a contrivance to catch wind. (ब० व०) जहाज़, हवा के रोकने का कोई साधन; -*v. t.* & *i.* to travel in water, to navigate, to glide in air. जल पर यात्रा करना, जहाज़ पर चलना, आकाश में चलना; Sail-cloth (canvas for making sails.) टाट या किरमिच जिसका पाल बनता है; Sailed (-ड)-*adj.* fitted with sails. पाल लगा हुआ।

Sailable-सेलें - बल्-*adj.* navigable. जहाज़ चलने योग्य।

Sailer-सेलर्-*n.* kind of vessel. एक विशेष प्रकार का जहाज़।

Sailing-से लिङ्ग्-*n.* a sea-voyage. समुद्र-यात्रा।

Sailless-सेल्'-लेस्-*adj.* without sails. बिना पाल का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sail-loft-सेल्-लॉफ्ट्-*n.* house in which sails are made. पाल बनाने का घर ।

Sailor-सेलर्-*n.* a seaman, a mariner. नाविक, मल्लाह; **Sailoring** (-इङ्ग)-*n.* seamanship. जहाज़ी कार्य; **Sailorless** (-लेस्)-*adj.* devoid of sailors. बिना मल्लाह का; **Sailorly** (-लि) -*adv.* like a sailor. नाविक की तरह से ।

Sail-plane-सेल्'-प्लेन्-*n.* an aeroplane without an engine. बिना इंजन का हवाई जहाज़ ।

Sain-सेन्-*v. t.* to protect by divine power. दैवी शक्ति द्वारा रक्षा करना ।

Saint-सेन्ट्-*adj.* (*abbr.* St.) holy. पुण्य, पवित्र, सिद्ध; -*n.* one of the blessed, canonized person, one of God's chosen people, a person of great holiness. सिद्धजन, ऋषि, मुनि, सन्त; -*v. t.* to make a saint of. सिद्ध बनाना; **Sainthood** (-हुड्), **Saintship** (-शिप्)-*ns.* the qualities of a saint. ऋषि का पद; **Saintlike** (-लाइक्)-*adj.* similar to a saint. ऋषि-तुल्य; **Saintliness** (-लि-नेस्)-*n.* the quality of being saintly. सिद्धजनत्व; **Saintly** (-लि)-*adj.* befitting a saint. पुण्यात्मा, पवित्र ।

Saith-सेथ्-*third per. sing.* of Say. कहता है ।

Sake-सेक्-*n.* cause, reason. कारण (हेतु), प्रयोजन; For the sake of (with the purpose of.) वास्ते, लिये ।

Sake-सीके-*n.* Japanese liquor prepared from rice. चावल की बनी हुई जापानी मदिरा ।

Sal-सॉल्-*n.* salt. (*in chem.*) नमक (क्षार) ।

Sal-साल्-*n.* a valuable timber tree of India. साखू का वृक्ष ।

Salability-सेलॅबिलिटि-*n.* state of being salable. बिक्री के योग्य स्थिति ।

Salable-सेलॅबल्-*adj.* fit for sale. बेचने योग्य ।

Salacious-सेल्' - शस् - *adj.* lustful. कामातुर; **Salaciously** (-लि)-*adv.* lustfully कामातुर ढंग से या रूप में; **Salaciousness** (-नेस्)-*n.* the state of being salacious. कामातुरता ।

Salad-सॉलड्-*n.* a dish of uncooked vegetables. कच्चे साग का अचार, रायता, सलाद; **Salad-days** (inexperienced time of youth.) युवावस्था का अनुभवहीन काल ; **Salad-oil** (pure olive oil.) शुद्ध जैतून का तेल ।

Salamander - सॉल्'- अ - मन्डर्-*n.* a lizardlike reptile supposed to live in fire, one who can endure great heat. छिपकली के प्रकार का एक जन्तु जो अग्नि में रहनेवाला माना जाता है, बड़ी गरमी सहनेवाला मनुष्य ।

Sal-ammoniac-सॉल्-अमोनिॲक्-*n.* ammonium chloride. नौसादर ।

Salangane-सॉलङ्गन्-*n.* a kind of swallow एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Salaried-सॉल-रि-ड्-*adj.* paid by salary. वेतन पानेवाला ।

Salary-सॉलरि-*n.* (*pl.* Salaries.) periodical payment for service, pay. वेतन (वृत्ति), तनख्वाह; -*v. t.* (*p. t.* Salaried.) to pay for service. नौकरी की तनख्वाह देना ।

Sale-सेल्-*n.* exchange of commodity for money, act of selling, market, amount sold. धन के लिये वस्तुओं का विनिमय, बिक्री, बेंची, बिका हुआ पदार्थ, बाजार ।

Saleable-सेलेबल्-*adj.* able to be sold. बेचे जाने योग्य ।

Salebros-सॉलि-ब्रस्-*adj.* rugged, rough. ऊँचा-नीचा, असमतल ।

Salep-सॉलेप्-*n.* dried orchis tubers, a kind of nutritive drug made from them. भूमिगत गाँठदार पौधे की सुखाई हुई गाँठ, उनसे बनाई गई एक प्रकार की पुष्टिकारक दवा ।

Saleratus-सॉलरेटस्-*n.* bicarbonate of soda used in baking. कलमी शोरा ।

Salesman-सेल्ज़्'-मॅन्-*n.* one who sells merchandise. बिक्री करनेवाला; **Salesmanship** (-शिप्)-*n.* the work of a salesman. बेचने का कार्य ।

Saleswoman-सेल्स्'-वु-मन्-*n.* a woman who sells goods. बेचनेवाली स्त्री; **Saleswork** (-वर्क्) -*n.* things made just good enough to be sold. चालू बिक्री के माल ।

Salicin-सॉलि'-सिन्-*n.* a kind of bitter medicine. एक प्रकार की कड़वी औषधि, चिरायता ।

Salience-से लिअन्स्-*n.* the state of being salient. उभाड़; **Saliency** (-सि)*n.* prominence. विशिष्टता; **Salient** (-ऍन्ट्)-*adj.* jetting forth, projecting, prominent, conspicuous. उभड़ा हुआ, निकला हुआ, प्रबल, प्रधान, मुख्य; **Saliently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* in a salient manner. प्रधान ढंग से या रूप में ।

Saliferous-सॉलिफ़रस्-*adj.* of strata containing a large quantity of salt. भूमि के भीतर की तह जिसमें नमक का अंश अधिक हो ।

Salification-सॉलिफ़िकेशन्-*n.* changing into salt. नमक में परिणत हो जाना ।

Salify-सॉलि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* Salified.) to convert into salt. नमक में परिणत करना ।

Salimeter-सॉलि-मि-टर्-*n.* an instrument for

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

measuring the density of sea water. समुद्र के जल का घनत्व नापने का यन्त्र।

Salina-स-लाइ-ना-*n.* a salt lake or spring, salt works. नमक की झील या सोता, नमक बनाने का कार्यालय।

Saline-से-(सी) लाइन्-*adj.* & *n.* filled with salt, containing salt, of the nature of salt. नमक से भरा हुआ, नमकीन, क्षारीय (खारा);-*n.* a salt lake, a factory for preparing salt. खारी झील, नमक बनाने का कारखाना; **Saline soil** (desert land.) ऊसर भूमि; **Salineness**(-नेस्) -*n.* the state of being saline. खारापन।

Saliniferous-सॉलिनिफ़रस्-*adj.* producing salt. नमक पैदा करनेवाला।

Saliva-सलाइवा-*n.* a colourless liquid secreted by certain glands in the mouth. लार, थूक; **Salival** (-वल्), **Salivary** (-वरि)-*adjs.* pertaining to saliva. लार-सम्बन्धी; **Salivant** (-वन्ट्)-*adj.* that which produces salivation. अधिक थूक निकालनेवाला।

Salivate-सॉलि-वेट्-*v. t.* & *i.* to produce unusual quantity of saliva. अधिक लार बहाना, मुख में बारम्बार थूक आना; **Salivation** (-शन्) -*n.* act of producing excessive quantity of saliva. अधिक परिमाण में लार बहाने की क्रिया।

Sallenders-सॉलेन्डर्ज्-*n. pl.* eruption inside the hock of the hind leg of a horse. घोड़े की गुमटी में सूजन या फोड़ा।

Sallow-सॉ'-लो-*n.* the willow tree. एक प्रकार के बेंत का पौधा;-*adj.* of pale-brown colour. भूरे रंग का; **Sallewish** (-इश्)-*adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Sallowness** (-नेस्)-*n.* the quality of being sallow. भूरापन; **Sallowy** (-इ) *adj.* full of willows. बेंतदार।

Sally-सॉ'-लि-*n.* (*pl.* Sallies.) a leap, a sudden rush, sudden start into activity, excursion, outburst, witty remark, flight of fancy. छलाँग, झपट्टा (आक्रमण) शत्रु का एकाएक टूट पड़ना, विप्लव, भ्रमण, विहार, बुद्धि-विलास, कल्पना-शक्ति की दौड़;-*v. i.* (*p. t.* Sallied.) to make an excursion, to rush out suddenly. यात्रा करना, घूमना, (क़िले से निकलकर) टूट पड़ना।

Sally-port-सॉ-लि-पोर्ट्-*n.* a postern gate for troops. निर्गम-स्थान (द्वार)।

Salmagundi-सॉल्मग-न्डि-*n.* a dish of meat mixed with various ingredients, a miscellaneous collection. अनेक पदार्थों का मिश्रित भोजन, मिश्रित समुदाय।

Salmon-सॉमन्-*n.* a fresh water fish of silvery skin and orange flesh much prized for food. चाँदी के समान खाल और नारंगी रंग के मांसवाली नदी की मछली जो बड़े चाव से खाई जाती है; **Salmon-colour** (orange colour.) नारंगी रंग।

Saloon-सॅलून्-*n.* a spacious hall or large room, a large cabin, a railway carriage without compartments, a public-room for hairdressing or dancing. बड़ा कमरा या दालान, जहाज़ में यात्रियों का बड़ा कमरा, रेलगाड़ी का लम्बा डब्बा, बाल बनाने या नाचने का अभ्यास करने का सार्वजनिक कमरा; **Saloon pistol** (a kind of pistol.) थोड़ी दूर तक गोली फेंकनेवाली पिस्तौल।

Saloop-सॅ-लूप्-*n.* a kind of hot drink as substitute for coffee. कहवा के बदले में पीने की गरम वस्तु।

Salpiglossis-सॉल्पिग्लॉसिस्-*n.* a garden plant similar to petunias. एक सुन्दर फूलवाला बगीचे का पौधा।

Salse-सॉल्स्-*n.* a volcano which emits volumes of mud. कीचड़ फेंकनेवाला ज्वालामुखी पर्वत।

Salsify-सॉल्सि-फ़ाइ-*n.* a plant with fleshy edible roots. एक प्रकार का पौधा जिसकी ठोस जड़ खाई जाती है।

Salt-सॉल्ट्-*n.* a substance having the taste of sea water used for seasoning and preserving food, chloride of sodium, pungency, wit. लवण, नमक, तीखापन, बुद्धि;-*v. t.* to sprinkle with salt, to impregnate with salt. नमक छिड़कना, नमक पोतना; -*adj.* abounding with salt, bitter, pungent. नमक भरा (लगाया) हुआ, तीखा, चटपटा; **Not worth his salt** (not worth keeping.) व्यर्थ, नमकहराम; **The salt of the earth** (people of efficient classes.)संसार की अच्छी जाति के लोग; **To eat the master's salt** (to work honestly for the master.) नमकहलाली करना: **To eat one's salt** (to be a guest of.) अतिथि होना।

Saltant-सॉल्टन्ट्-*adj.* dancing. नाचता हुआ।

Saltation-सॉल्टेशन्-*n.* a leaping.उछल-कूद नाच।

Saltatorial-सॉल्टेटोरिअल्-*adj.* pertaining to dancing. नाच सम्बन्धी।

Salt-cellar-सॉ-ल्ट्-सॅलर्-*n.* a small salt vessel for the table. खाने की मेज़ पर का छोटा नमक का पात्र।

Saltern-सॉ-र्न्-*n.* salt-works. नमक बनाने का कारखाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Saltigrade-सॉल्टि-ग्रेड्-*adj.* going by leaps. उछलकर चलनेवाला;-*n.* a kind of jumping spider. एक प्रकार का कूदनेवाला मकड़ा।

Salt-petre-सॉल्ट्-पी-टर्-*n.* nitrate of potassium. सज्जीखार, शोरा।

Saltus-सॉल्टस्-*n.* (*pl.* Saltusus.) a sudden change. एकाएक परिवर्तन।

Salubrious-स-ल्यू-ब्रि-अस् - *adj.* wholesome, healthy. स्वास्थ्यकर, आरोग्यकर; **Salubriously** (-लि) - *adv.* promoting health. स्वास्थ्य-वर्धक रूप में; **Salubriousness** (-नेस्) - *n.* healthiness. आरोग्य।

Salubrity-स - ल्यू' - ब्रिटि - *n.* ood ealth. अच्छा स्वास्थ्य, आरोग्य।

Salutary-सॉल्युटरि - *adj.* producing good effects, wholesome, beneficial. हितकर, शुभ-कर, कल्याणकर।

Salutation-सॉल्युटे'शन्-*n.* courteous recognition, greeting. प्रणाम, नमस्कार; **Salutational** (-अल्), **Salutatory** (-टे-टरि) -*adjs.* greeting. प्रणाम-सम्बन्धी।

Salute-स-लूट्'-*v. t. & i.* to make saluatation to, to greet, to kiss, to receive with a smile, to honour. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चूमना, प्रसन्नता से स्वागत करना, प्रतिष्ठा करना; -*n.* homage, discharge of cannons as a sign of respect. सत्कार, आदर के लिये तोप छूटना, अभिवादन; **Saluter** (-अर्) -*n.* he who salutes. नमस्कार करनेवाला।

Salutiferous-सॉल्युटिफ़रस् - *adj.* bringing health. स्वस्थ करनेवाला।

Salvable-सॉल्व्वे-बल् -*adj.* capable of being saved. बचाने योग्य; **Salvableness** (-नेस्)-*n.* the state of being salvable. बचाने की योग्यता।

Salvage-सॉल्व्वे-ज् -*n.* payment for saving a ship or her cargo from loss by wreck or capture. जहाज़ अथवा उस पर की सामग्री को बचाने का पुरस्कार; - *v. t.* to protect from loss. क्षति (नुकसान) होने से बचाना।

Salvarsan-सॉल्वर्'-सन् - *n.* an arsenic compound used as a medicine in syphilis. जननेन्द्रिय की गरमी या उपदंश रोग में औषधि के रूप में प्रयुक्त संखिया का यौगिक।

Salvation-सॉल्व्वे'-शन् -*n.* deliverance from sin, preservation from calamity, saving of the soul. पापों से मुक्ति (मोक्ष, निस्तार); **Salvation Army** (an organized body for revival of religion.) कठिन नियमों द्वारा धर्मस्थापन करने की संस्था (मुक्ति सेनादल);

Salvationism (-इज़्म्)-*n.* such a principle. ऐसा सिद्धान्त; **Salvationist** (-इस्ट्)-*n.* a member of the Salvation Army. मुक्ति सेनादल का सदस्य।

Salve-साव् (सॉल्व्)-*n.* a healing ointment for wounds or sores. अनुलेप, मलहम; -*v. t.* to remove defects, to smooth, to rescue. दोष हटाना, चिकना करना, नाश से बचाना।

Salver-सॉल्वर् -*n.* a tray on which refreshments are served or anything presented. थाली, तश्तरी, रिकाबी।

Salvo-सॉल्वे-*n.* (*pl.* Salvoes.) reservation, bad excuse, an exception, discharge of guns as salute. निकासी, बहाना, अपवाद, अभिवादन के लिये तोप की सलामी।

Salvolatile-सॉल्वे-लीं-टिलि-*n.* ammonium carbonate, a medicine for faintness. अमोनियम कार्बोनेट, मूर्छा की एक औषधि।

Salvor-सॉल्वर्-*n.* one who assists in salvage. जहाज़ को बचाने के लिये सहायता करनेवाला।

Sambo-सॉम्बे -*n.* (*pls.* Sambos, Samboes.) an offspring of a Negro and an American Indian. हबशी तथा अमरीका के आदिम निवासी की दोगली सन्तति।

Same-सेम् -*adj. & adv.* uniform, aforesaid. अभिन्न (समान), तुल्य (वही), पहिले कहा हुआ; **All the same** (nevertheless.) तो भी, तिस पर भी; **At the same time.** उसी समय; **Just the same** (exactly so.) ठीक वही; **Of the same age** (identical in age.) एक ही वय (उम्र) का; **Sameliness** (-लि-नेस्) -*n.* the act of being unvaried. अपरिवर्तनीयता; **Samely** (-लि)-*adj.* unvaried. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य; **Sameness** (-नेस्) -*n.* identity, monotony. एकरूपता, समभाव।

Samel-सॉ-मेल् -*adj.* imperfectly baked. अधपका, अपक्व।

Samite-सॉ-माइट् -*n.* silk fabric interwoven with gold. रेशमी वस्त्र जिस पर ज़री का काम बना हो।

Samlet-सॉम्ल-ट् -*n.* a young salmon. छोटी सामन मछली।

Sampan-सॉम्पॉन् -*n.* a small Chinese boat. चीन देश की छोटी नाव।

Samphire-सॉम्फ़ायर् -*n.* a cliff plant with aromatic leaves. चट्टान पर उगनेवाला सुगन्धित पत्तियों का एक पौधा।

Sample-सॉम्प्ल्-*n.* a specimen, a pattern. आदर्श (प्रतिरूप), नमूना; -*v. t.* to make or

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

take sample, to get an experience. नमूना लेना या देना, अनुभव प्राप्त करना ।

Sampler-सैम्-प्लर्-*n.* a sample of needle-work. सूइ के काम का नमूना ।

Samson-सैम्सन् -*n.* a person of great strength. अति बलवान् मनुष्य ।

Sanable-सैन्'-ऍ-बल् -*adj.* able to be cured. आरोग्यकर ।

Sanative-सैनेटिव् -*adj.* conducive to health, curative, healing. स्वास्थ्यकारी, रोग हरनेवाला, आरोग्यजनक; **Sanativeness** (-नेस्) -*n.* the power of healing. रोग हटाने की शक्ति ।

Sanatorium-सैनटोरिअम्-*n.* (*pl.* **Sanatoria.** an establishment for the treatment of consumptives, a health station. क्षय के रोगियों का चिकित्सालय, स्वास्थ्यालय ।

Sanatory-सैं-नॉ-टरि-*adj.* healing, pertaining to health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

Sanctification-सैङ्क्'-टि-फ़ि-के'-शन् -*n.* the act of sanctifying. पवित्र करने का कार्य ।

Sanctified-सैङ्क्टिफ़ा-इड् -*adj.* made holy. पवित्र बनाया गया; **Sanctifiedly** (-लि)-*adv.* in a sanctified manner. पवित्र किये गये ढंग से ।

Sanctifier-सैङ्क्'-टि-फ़ाइ-अर् -*n.* one who sanctifies. पवित्र करनेवाला ।

Sanctify-सैङ्क्'-टि-फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* **Sanctified**) to purify from sin, to consecrate. पाप धोना, शुद्ध करना ।

Sanctimonious-सैङ्क्'-टि-मो'-नि - अस् - *adj.* hypocritically pious. पाखण्डी, धर्माभिमानी; **Sanctimoniously** (-लि) -*adv.* hypocritically. पाखण्ड से; **Sanctimoniousness** (-नेस्) -*n.* the state of being sanctimonious. कपट-धर्म, पाखण्ड ।

Sanctimony-सैङ्क्'- टि- म - नि -*n.* show of sancrity, a pretence of devoutness or purity. पुण्यवेश धारण, पाखण्ड, बनावटी पवित्रता ।

Sanction-सैङ्क्' - शन् - *n.* confirmation of law by supreme authority, authoritative permission, support.अनुमोदन, प्रमाण, आश्रय; -*v. t.* to authorize, to ratify, to confirm. आज्ञा देना, प्रमाणित करना, दृढ़ करना ।

Sanctionless-सैङ्क्-शन्-लेस् -*adj.* devoid of sanctions. प्रमाण-रहित ।

Sanctitude-सैङ्क्'-टि - ट्यूड् - *n.* saintliness. पवित्रता ।

Sanctity-सैङ्क्'-टि - टि -*n.* (*pl.* **Sanctities.**) holiness, sacredness, purity. पवित्रता, शुद्धि, निर्मलता ।

Sanctuary-सैङ्क्चुए'-यु-अरि-*n.* (*pl.* **Sanctuaries.**) a sacred place, a place of refuge, a house of worship, a church or temple. पुण्यस्थान, शरणस्थान, देवालय, पूजन-स्थान ।

Sanctum-सैङ्क्टम् -*n.* a holy place, private room. पवित्र स्थान, एकान्त कमरा ।

Sand-सैन्ड् -*n.* minute fragments of stone. बालू, रेत;-*v. t.* to sprinkle with sand, to bury under sand. बालू छिड़कना, बालू में गाड़ना; **Sandbank** (shoal of sand.) बलुआ किनारा; **Sandbar** (a sandy bank on the mouth of a river.) नदी के मुहाने पर की रेत; **Sand-bath** (a bath made of warm sand for heating.) औषध इत्यादि पकाने का बालू का यन्त्र; **Sandblast** (a jet of sand forcibly driven for engraving.) काँच, धातु इत्यादि के चमकीले भाग को खुरखुरा करने का यन्त्र; **Sand-blind** (defective in sight.) चौंधर, कुछ अन्धा; **Sand-box** (a box for holding sand.) बालूदानी; **Sand-glass** (an hour glass of sand.) बालू-घड़ी; **Sand-paper** (-पे-पर्)-*n.* & *v. t.* paper covered with sand for polishing, to polish with sand-paper. लकड़ी पर पालिश करने का बालू लगा हुआ कागज, ऐसे कागज द्वारा पालिश करना; **Sand-piper** (a kind of bird.) टिटिहिरी; **Sand-shoes** (shoes for walking on sand.) बालू पर चलने का जूता; **Sandstone** (a kind of sandy stone.) बलुआ पत्थर; **The sands** (-स्) - *n. pl.* tracts of sandy land. रेतीली भूमि ।

Sandal-सैं-न्ड्अल्-*n.*a shoe without upper parts. चप्पल, चट्टी, खड़ाऊँ; -*v. t.* to put sandals on. चट्टी पहिनना ।

Sandal

Sandal (wood)-सैन्ड्अल् (वुड्)-*n.* a kind of fragrant wood. चन्दन, गन्ध-सार, सन्दल ।

Sandarac-सैन्ड्-रैक्-*n.* a kind of resin used in the preparation of varnish. वार्निश बनाने की एक प्रकार की लाह ।

Sanderling-सैन्डर्लिङ्ग् -*n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Sanders-सैन्डर्स् -*n.* red sandalwood. लाल चन्दन ।

Sandish-सैन्डिश् - *adj.* like sand, brittle. भुरभुरा, बालू के समान ।

Sandwich-सैन्ड्-विच्-*n.* thin slices of bread with meat &c. inserted between. मेवा, मांस इत्यादि भरी हुई रोटी, कचौड़ी; -*v. t.* to place

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

something between two objects. दोपदार्थों के बीच में कुछ रखना।

Sandy-सॅन्डि - *adj.* (*comp.* Sandier, *sup.* Sandiest.) full of or like sand. बालू से भरा हुआ, बालू के समान।

Sane-सॅन्-*adj.* healthy, sensible, of sound mind. स्वस्थ, निरोग, स्वस्थ-चित्त का ; **Sanely** (-लि)-*adv.* in a sane manner. स्वस्थ चित्त से।

Saneness-सॅन्'- नॅस्-*n.* the state of being sane. स्वस्थचित्तता।

Sang-सॅङ्ग्-*p. t.* of Sing. गाया।

Sangaree-सॅङ्ग्'-अ-री-*n.* a kind of spiced wine. एक प्रकार की मसालेदार मदिरा।

Sanguiferous-सॅङ् - ग्विफ़रस्-*adj.* conveying blood. रक्तवाहिनी।

Sanguification-सॅङ् - ग्विफ़िकेशन - *n.* formation of blood from food. भोजन से रुधिर का बनना।

Sanguinarily-सॅङ्-ग्विनरि-लि-*adv.* in a cruel manner. क्रूरता से; **Sanguinariness** (-नॅस्) -*n.* cruelty. क्रूरता।

Sanguinary--सॅङ्-ग्विनरि-*adj.* attended by slaughter, bloody, blood-thirsty. हत्यारा, लोहू का प्यासा, क्रूर (निर्दय)।

Sanguine-सॅङ्ग्विन्-*adj.* & *n.* of the colour of blood, hopeful, bright, ardent, confident, abounding with blood. रक्तपूर्ण, रक्त के वर्ण का, आशायुक्त, चमकीला, विश्वासयुक्त; -*v. t.* to stain with blood, to varnish with red colour. रुधिर से चिह्नित करना, लाल रंग की वार्निश करना;-*n.* a drawing in red chalk. लाल रंग की चित्रकारी; **Sanguinely** (-लि) -*adv.* in a hopeful manner. आशापूर्वक; **Sanguineness** (-नॅस्)-*n.* the state of being sanguine, fullness of blood, ardour. आशा, रुधिरपूर्णता, उत्कट विश्वास; **Sanguineous** (-अस्)-*adj.* abounding in blood, blood-red. रुधिर से पूर्ण, रुधिर के समान लाल रंग का।

Sanguinivorous-सॅङ्-ग्वि - निवॅरस्-*adj.* subsisting on blood. लोहू पीकर जीनेवाला।

Sanguisuge-सॅङ्-ग्वि-सूज्-*n.* a kind of leech. एक प्रकार की जोंक।

Sanhedrim-सॅनि-ड्रिम्-*n.* (also Sanhedrin.) the supreme council of the Jews. यहूदियों की बड़ी पंचायत।

Sanicle-सॅनि-कुल्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Sanies-सॅ'नि-ईज़्-*n.* thin matter secreted from a wound. घाव में से बहनेवाला पानी, पंछा; **Sanious**-(-अस्)-*adj.* thin and serous. पंछे के समान पतला।

Sanify-सॅनि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Sanified) to improve health. स्वास्थ्य सुधारना, आरोग्य करना।

Sanitarian-सॅनिटॅरिअन् -*n.* an advocate of sanitary reforms. आरोग्य के सिद्धान्तों का प्रवर्तक।

Sanitary-सॅनिटरि-*adj.* hygienic, pertaining to health, of the conditions that secure health, free from the influences that deteriorate health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य-सम्बन्धी।

Sanitas-सॅनिटस्-*n.* an antiseptic preparation. शुद्ध करनेवाली एक औषधि।

Sanitate-सॅनिटेट्-*v. t.* to improve sanitary methods. आरोग्यकर विधि का प्रयोग करना।

Sanitation-सॅनि-टे'-शन्-*n.* improvement of sanitary methods. स्वास्थ्यविद्या, आरोग्यशास्त्र।

Sanitationist-सॅनिटेशनिस्ट्-*n.* one who is versed in sanitation. आरोग्य शास्त्र में निपुण।

Sanity-सॅनिटि-*n.* the state of being sane, health of mind. स्थिर बुद्धि।

Sank-सॅङ्क्-*p. t.* of ink. डूबा।

Sans-सॅन्ज़्--*prep.* without. सिवाय, बिना।

Sanskrit-सॅन्स्'-क्रिट्-*n.* the ancient language of India. संस्कृत भाषा; **Sanskritist** (-इस्ट्)-*n.* a scholar of Sanskrit. संस्कृत भाषा जाननेवाला।

Santalin-सॅन्ट्'-अ-लिन्-*n.* the red colouring matter of red sandalwood. रक्त-चन्दन में का लाल तत्त्व।

Sap-सॅप्-*n.* the vital juice circulating in plants. पौधों का सार या रस;-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Sapped.) to dig up, to undermine. खोदना, जड़ समेत उखाड़ना।

Sapful-सॅप्'-फ़ुल्-*adj.* full of sap. रसपूर्ण, रस भरा हुआ।

Sapid-सॅपिड् - *adj.* savoury, tasteful, palatable. सरस, स्वादु, स्वादिष्ट, जायकेदार ; **Sapidity** (-इटि)-*n.* palatableness, tastefulness. स्वादुता; **Sapidness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being sapid. स्वाद।

Sapience-सॅ'-पि-अन्स्-*n.* wisdom. बुद्धिमानी।

Sapient-सॅ'- पि - अन्ट्-*adj.* sagacious, wise. ज्ञानपूर्ण, बुद्धिमान्।

Sapiential-सॅ'-पि-ऍ-न्शल्-*adj.* pertaining to wisdom. बुद्धिमानी का।

Sapiently-सॅ'-पि-अन्ट्-लि-*adv.* in a sapient manner, sagaciously. बुद्धिमानी से।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sapindus-सपिन्डस्-*n.* soapberry. रीठा, रीठी।

Sapless-सैप्-लेस्-*adj.* without sap, dry. बिना रस का, सूखा।

Sapling-सैं-प्लिङ्ग्-*n.* a young tree. छोटा पौधा।

Sapodilla-सैपॅडिला-*n.* a kind of evergreen tropical tree. गरम देश का एक प्रकार का वृक्ष जिसकी लकड़ी पुष्ट होती है।

Saponaceous-सैपॅनेशस् - *adj.* having the qualities of soap, soapy. साबुन के गुण का, साबुन के समान।

Saponifiable-सैपॅनिफ़ार्येबुल्-*adj.* able to be turned into soap. साबुन बनाने योग्य।

Saponification-सैं-पॅनि-फ़ि-के'-शन्-*n.* the act of converting into soap. साबुन बनाने का कार्य।

Saponify-सैं-पॅनि - फ़ाइ--*v. t.* (*p. t.* Saponified.) to convert into soap. साबुन के रूप में बदलना, साबुन बनाना।

Sapor-सें - पर्-*n.* sensation of taste, the peculiar taste of an object. स्वाद, किसी पदार्थ का विशेष स्वाद।

Saporific-सें प रिफ़िक्-*adj.* producing taste. स्वाद उत्पन्न करनेवाला।

Saporosity-सें पॅरॉसिटि-*n.* the quality of a thing which excites the sensation of taste. किसी पदार्थ में स्वाद उत्पन्न करने का गुण।

Saporous-सेपॅरस्-*adj.* having taste. स्वादयुक्त।

Sapphire-सैं'-फ़ायर्-*n.* a precious stone of blue colour. नीलमणि, नीलम।

Sapphirine-सैं-फ़ि-राइन्-*adj.* of the colour of sapphire, made of sapphire. नीलम के रंग का, नीलम का बना हुआ।

Sappiness-सैं-पि-नेस्-*n.* juiciness. रसपन।

Sapping-सैं-पिङ्ग्-*n* the art of making trenches. खाई बनाने की कला।

Sappy-सैं-पि-*adj.* full of juice. रस भरा हुआ।

Sapro-सैं-प्र-*pref.* in the sense of "rotten". "सड़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Saprogenic-सैप्रॅजेनिक्-*adj.* growing on decaying matter. सड़नेवाली वस्तु पर उगनेवाला।

Saprophyte-सैप्रॅ - फ़ाइट्-*n.* a plant which lives on decaying vegetable matter. सड़ी हुई वनस्पति पर जीनेवाला पौधा।

Sapwood-सैप्-वुड्-*n.* the external part of wood. लकड़ी की बाहरी छाल।

Saraband-सैर्'-अ-बॅन्ड्-*n.* a kind of Spanish dance. स्पेन देश का एक प्रकार का नाच।

Saracen-सैरसेन्-*n.* an Arab. अरब देशवासी मुसलमान; **Saracenic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a Saracen. अरबी।

Saratoga-सैरटोगा-*n.* a large travelling trunk. यात्रा करने के उपयुक्त बड़ा सन्दूक।

Sarcasm-सर्कीज्म्-*n.* an ironical remark, taint, a keen reproachful expression. निन्दापूर्ण वचन, आक्षेप-वाक्य, व्यङ्ग।

Sarcastic-सर्कास्टिक् -*adj.* ironical, satirical. निन्दापूर्ण, ताने की तरह का; **Sarcastically** (-अलि)-*adv.* in a sarcastic manner. आक्षेप से, ताने से।

Sarcelle-स'-र्सेल्-*n.* a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तख।

Sarcenet-सर्स्'-नेट्-*n.* a kind of thin silk stuff. एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र।

Sarco-सार् कॅ-*pref.* used in the sense of "flesh." 'मांस' अर्थ का उपसर्ग; **Sarcocele** (-सील्)-*n.* a fleshy tumour of the testicles. अण्डकोश के ऊपर की मांसल ग्रन्थि।

Sarcode-सार्कोड् - *n.* protoplasm of living organism. जीवाणु।

Sarcoid-सार्'-कॉ-इड्-*adj.* like flesh. मांस की तरह का।

Sarcology-सार्कॅलॉजि-*n.* that part of anatomy which treats of the fleshy parts of the body. शरीर के मांसल भाग का विज्ञान।

Sarcoma-सर्कोमा-*n.* (*pl.* Sarcomata.) tumour on the connective tissue of an embryo. भ्रूण की नाल पर का गुल्म; **Sarcomatous** (-टस्)-*adj.* relating to sarcoma. उक्त गुल्म-सम्बन्धी।

Sarcophagous-सैर्-कॅ-फ़ेगस्-*adj.* feeding on flesh. मांसभक्षी।

Sarcophagus-सैर्-कॅफ़्'-अ-गस्-*n. pl.* Sarcophagi) a stone coffin. पत्थर की बनी हुई कब्र।

Sarcous-सार्कस्-*adj* consisting of flesh. मांसनिर्मित, मांस का बना हुआ।

Sardine-सैर्-डाइन्-*n.* a kind of small fish of the herring kind, a kind of precious stone. एक प्रकार की छोटी मछली, एक रत्न।

Sardonic-सार्-डॅनिक्-*adj.* mocking, full of scorn. तिरस्कारपूर्ण, कृत्रिम हँसी का; **Sardonically** (-अलि) - *adv.* in a sardonic manner. तिरस्कार की हँसी में।

Sardonyx-सार्-डॉनिक्स्-*n.* a kind of precious stone. एक प्रकार का रत्न, गोमेदक।

Sarissa-सैरिसा-*n.* a kind of long lance of ancient time. प्राचीन काल का लम्बा बर्छा।

Sark-सार्क्-*n.* a shirt. कमीज या कुर्ता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sarmentose-सार-मेंन्टोस्-*adj.* having long shoots. लम्बे डण्ठलवाला।

Sarsaparilla-सार्सपरिला-*n.* a plant used in medicine. इस नाम की रुधिर शुद्ध करने की औषध।

Sarsen-सार्'-स्-न्-*n.* a boulder of sandstone. रेतीले पत्थर का चिकना बट्टा।

Sarsenet-सार्स्-नेंट् - *n.* a fine thin silken cloth. महीन रेशमी वस्त्र।

Sartorial-सर्टोरिअल् - *adj.* pertaining to a tailor, tailoring. दर्जी-सम्बन्धी, कपड़ा सीने के विषय का।

Sash-सैश्-*n.* an ornamental band or scarf worn round the waist or shoulder, a frame of wood for holding panes of glass &c. कामदार रूमाल, पटका, चौखटा जिसमें शीशा जड़ा जाता है; **Sashed** (-ड्) - *adj.* furnished with frames. चौखटेदार; **Sashless**(-लेस्) -*adj.* frameless. बिना चौखटे का; **Sash-tool** (a kind of painter's brush.) रङ्गसाज की कूँची।

Sassaby-सेंबि - *n.* a large antelope of Africa. अफ्रीका देश का एक प्रकार का बड़ा बारहसिंगा।

Sassafras-सैस्'-अफ्रैस्-*n.* a kind of scented bark used in medicines. एक प्रकार की सुगन्धित छाल जो औषधियों में प्रयुक्त होती है।

Sassolite-सैसॅलाइट् - *n.* native boric acid. देशी सोहागा।

Sat-सैट्--*p. t. & p. p.* of Sit. बैठा।

Satan-सेंट्न्-*n.* the Devil. पिशाच, दैत्य।

Satanic, Satanical-सेंटैनिक् (-अल्)-*adjs.* pertaining to Satan, hellish. पैशाचिक, पिशाचवत्; **Satanically** (-अलि) - *adv.* in a Satanic manner. पैशाचिक रीति से।

Satanism-सेंटनिज़्म्-*n.* deliberate wickedness, devilishness. प्राकृतिक नीचता, पैशाचिक बुद्धि।

Satanize-सेंटनाइज़्-*v. i.* to act as a devil. पिशाचवत् कार्य करना।

Satanology-सेंटनॅ-लॅ-जि-*n.* literature about devils. पिशाचों की कथाओं का संग्रह।

Satchel-सैं-चे'ल्-*n.* a small bag used for carrying books &c. किताब ले जाने का बस्ता, थैला, बेग; **Satchelled** (-ड्) - *adj.* furnished with a satchel. थैलावाला।

Sate-सेंट्-*v. t.* to gratify, to surfeit. सन्तुष्ट करना, अति तृप्त करना; **Sateless** (-लेस्)-*adj.* insatiable. असन्तुष्ट।

Sateen-सेंटीन्' - *n.* a glossy woollen or cotton fabric. साटन।

Satellite-सैंटलाइट् - *n.* a planet revolving round another, a person's servile follower, a hanger-on. उपग्रह, अनुयायी, सर्वदा पीछे-पीछे चलनेवाला; **Satellitic** (-लिटिक्) -*adj.* pertaining to a satellite. उपग्रह-सम्बन्धी।

Satiable-सेंशि-ऍबल्-*adj.* able to be satiated. सन्तुष्ट होने योग्य; **Satiated** (-टेंड्) -*adj.* fully gratified. अति तृप्त।

Satiation-सेंशि-ऍ-शन्-*n.* the state of being filled. तृप्ति, परिपूर्ति।

Satiate-सेंशि-ऍट्-*v. i.* to gratify desire to the full, to glut. अत्यन्त सन्तुष्ट करना, नाक तक ठूँसना।

Satiety-सटाइअटि-*n.* satiated state, fulness. अति तुष्टि, सन्तुष्टता।

Satin-सैंट्'-इन्-*n.* silk fabric with glossy surface. साटन;-*v. t.* to give a glossy surface to paper. कागज़में चमक लाना; **Satin beauty** (a kind of moth.) एक प्रकार का फतिंगा; **Satin paper** (fine glossy writing-paper.) लिखने का चमकदार कागज़।

Satinet-सैंटिनेंट्-*n.* (also **Satinette.**) a kind of inferior satin. सस्ती साटन।

Satiny-सैं-टिनि-*adj.* like satin. साटनदार, चमकीला।

Satire-सैंटायर् - *n.* a literary composition written with an aim to prevent vices, a thing that brings ridicule, irony, sarcasm. आक्षेप सहित कविता, उपहासपूर्ण लेख, उपहास।

Satiric-सटिरिक्-*adj.* containing satire. उपहासपूर्ण ; **Satirical** (-अल्)-*adj.* censorious. उपहास-सहित; **Satirically** (-अलि) -*adv.* in a satirical manner. उपहास में।

Satirist-सटिरिस्ट्-*n.* one who writes a satire. आक्षेपयुक्त कविता का लेखक।

Satirize-सैंटिराइज़्-*v. t.* to ridicule in a satirical manner. (काव्य द्वारा) आक्षेप करना।

Satisfaction-सैंटिस्फ़ैक्शन्-*n.* gratification of desire, payment of debt, atonement for sin, contentment of obligation. सन्तोष, इच्छा-पूर्ति, ऋण का चुकाव, पाप से मोक्ष, ऋण-मुक्ति; **In satisfaction** (making payment for.) अदा करते हुए, अदायगी में।

Satisfactorily-सैंटिस्फ़ैक्टरिलि-*adj.* in a satisfactory manner. तृप्तिपूर्वक।

Satisfactoriness-सैंटिस्फ़ैक्टरिनस् - *n.* the quality of being satisfactory. सन्तोष, तृप्ति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Satisfactory-सॅटिस्फ़ॅक्टरि - *adj.* satisfying, giving content, adequate, atoning. सन्तोषजनक, तृप्तिकर, युक्त, निस्तार करनेवाला।

Satisfiable-सॅटिस्फ़ाइऍब्ल् - *adj.* able to be satisfied. सन्तोष करने योग्य; **Satisfied** (-फ़ाइड्) -*adj.* gratified. तृप्त, सन्तुष्ट (कृतार्थ)।

Satisfy-सॅटिस्फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Satisfied.**) to gratify fully, to make payment, to be contented or pleased with, to be accepted by, to discharge. सन्तुष्ट करना, रुपया चुकाना, संतुष्ट या प्रसन्न होना, स्वीकृत किया जाना, देना।

Satisfier-सॅटिस्फ़ायर्-*n.* one who gives satisfaction. सन्तुष्ट करनेवाला।

Satisfying - सॅटिस्फ़ाइङ्ग् - *adj.* gratifying. सन्तोषजनक; **Satisfyingly** (-लि)-*adv.* in a satisfying manner. सन्तुष्ट करते हुए।

Satrap-सॅट्रॅप्-*n.* the governor of a province. मण्डलेश्वर, सूबेदार, राज्यपाल; **Satrapy** (-इ)-*n.* the office of a satrap. मण्डलेश्वर का पद।

Satsuma-सॅट्-स्यु-मा-*n.* a kind of coloured Japanese pottery. एक प्रकार के मिट्टी के रङ्गीन जापानी बर्तन।

Saturable-सॅच्युरॅब्ल्-*adj.* able to be saturated. भरने या सोखने योग्य।

Saturant-सॅच्यु-रन्ट्-*adj.* saturating. सोखनेवाला।

Saturate-सॅच्युरेट्-*v. t.* to impregnate thoroughly with, to soak, to cause to combine with. परिपूर्ण करना, सुखाना, भरना; **Saturated** (-ऍड्) - *adj.* filled up, impregnated. भरा हुआ, सुखाया हुआ; **Saturation** (-शन्) -*n.* the act of saturating. परिपूर्णता, सुखाने।

Saturday-सॅटर्डे-*n.* the seventh day of the week. शनिवार, सनीचर।

Saturn-सॅटर्न्-*n.* a planet with a broad flat ring round it. शनि ग्रह।


Saturn.

Saturnalia-सॅटर्नेलिआ -*n.* merry-making, wild revelry. आनंद का उत्सव।

Saturnalian-सॅटर्-नेलिअन् - *adj.* dissolute, sportive. विलासी, प्रमोदी।

Saturnian-सॅटर्निअन् - *adj.* pertaining to Saturn. शनि ग्रह का।

Saturnic-सॅटर्निक-*adj.* affected with lead-poisoning. सीसे के विष से ग्रस्त।

Saturnine-सॅटर्नाइन्-*adj.* of gloomy temperament, dull, heavy. जड़ प्रकृति का, मन्द, भारी; **Saturninely**(-लि)-*adv.* in a sluggish manner. जड़ स्वभाव से।

Saturnist-सॅटर्निस्ट् - *n.* a person of gloomy temperament. मन्द प्रकृति का मनुष्य।

Satyr-सॅटर्-*n.* a woodland deity half-man and half-goat, a lustful person. वनदेवता जो आधा मनुष्य तथा आधा बकरे के रूप का होता है, कामुक पुरुष; **Satyric** (-इक्)-*adj.* pertaining to satyrs. वनदेवता-सम्बन्धी।

Sauce-सॉस्-*n.* a liquid preparation used with articles of food for improving their relish, impudence. मसाला (उत्तेजक पदार्थ), चटनी, धृष्टता (ढिठाई);-*v. t.* to gratify with sauce, to render pungent. मसालेदार या चटपटा बनाना; **Sauce-boat** (-बोट्)-*n.* a deep dish for holding sauce. चटनी परोसने का पात्र; **Sauce-box** (-बॉक्स्)-*n.* an impudent fellow. ढीठ मनुष्य; **Saucepan** (-पॅन्)-*n.* a handled pot used for boiling, a stewpan. पकाने का हत्थेदार बर्तन; **Saucer** (-अर्)-*n.* a shallow vessel for placing a cup of tea. तश्तरी, रकाबी; **Saucerful** (-अर्-फ़ुल्)-*n.* as much as a saucer can contain. रकाबी भर; **Saucerless** (-अर्-लॅस्)-*adj.* बिना तश्तरी का।

Saucily-सॉ'-सि-लि-*adv.* impudently, petulently. अविनय से, ढिठाई से; **Sauciness** (-नॅस्) -*n.* impudence, rudeness. ढिठाई; **Saucy** (-सि)-*adj.* (*comp.* **Saucier,** *sup.* **Sauciest.**) insolent, sprightly, smart, pert. अविनीत, धृष्ट, निर्लज्ज, अहङ्कारी।

Saunter-सॉन्टर्-*v. i.* to stroll, to walk in a leisurely manner. बेकार घूमना, टहलान लगाना; **Saunterer** (-अर्)-*n.* an idle wanderer. वृथा भ्रमण करनेवाला; **Sauntering** (-इङ्ग्)-*adj.* strolling. घुमक्कड़; **Sauntteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sauntering manner. बेकाम घूमते हुए।

Saurine-सॉ - रि-अन् - *adj.* of the crocodile family. मगर की जाति का।

Saury-सॉ-रि-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Sausage-सॉ-सॅ-ज्-*n.* minced meat seasoned and stuffed into cylindrical cases. डब्बों में भरा हुआ मसाला लगाया हुआ मांस।

Savable-सॅ-व्ह-ब्ल्-*adj.* able to be saved. बचाने योग्य; **Savableness** (-नॅस्) -*n.* the state of being savable. बचाने की योग्यता।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Savage-सॅ'-व्रेज्-*adj.* wild, untamed, barbarous, cruel, furious, uncivilized, out of temper. जंगली, वन्य, बर्बर, निर्दय, क्रूर, भयंकर, अशिष्ट, आचारहीन; *-n.* member of a savage tribe, a brutal, fierce or cruel person. असभ्य मनुष्य, दैत्य, राक्षस; *-v. t.* to make savage, to make an attack, to trample. असभ्य बनाना, आक्रमण करना, कुचलना; **Savagedom** (-डम्) *-n.* uncivilized state. अशिष्ट अवस्था; **Savagely** (-लि)*-adv.* in a savage manner. निष्ठुरता से, असभ्यता से; **Savageness** (-नेस्) *-n.* cruelty. निर्दयता; **Savegery** (-अरि) *-n.* cruelty, barbarity. क्रूरता, अशिष्टता, जंगलीपन; **Savagism** (-इज़्म्) *-n.* the state of uncivilized man. असभ्य मनुष्य की अवस्था।

Savanna, Savannah-सॅव्वना-*ns.* an extensive treeless plain, meadow. बिना वृक्ष का बड़ा मैदान, लम्बा-चौड़ा चरागाह।

Savant-सावाँ-*n.* a man of learning, a distinguished person. विद्वान्, प्रसिद्ध पुरुष।

Save-सेव्-*v. t. & i.* to make safe, to rescue, to spare, to deliver from misfortune or danger, to reserve, to husband. रक्षा करना, बचाना, मुक्त करना, रोकना, किफ़ायत करना; *prep.* except, but. सिवाय, छोड़कर; To save one's breath (to remain silent.) चुप रहना; To save up (to spare.) बचा रखना।

Saveloy-सॅव्व'-लॉय्-*n.* a kind of well seasoned sausage. मसालेदार मांस।

Saver-सेव्-वर् - *n.* one who saves, thrifty. बचानेवाला, कंजूस।

Savin-सॅव्विन्-*n.* a tree that yields a volatile oil. एक वृक्ष जिसमें से ताड़पीन के प्रकार का तेल निकलता है।

Saving-सेव्-विङ्ग्-*n. & adj.* what is saved, economical, effecting salvation. सञ्चय, अल्प व्यय करनेवाला, मोक्ष देनेवाला, उद्धारक; **Savingly** (-लि) *-adv.* in a saving manner. बचत करते हुए, किफ़ायत से।

Savings-सेव्-विङ्गज़् - *n.* something kept from being expended, reservation. संग्रह, सञ्चित धन ; **Savings-bank** (a bank in which savings are deposited.) बचत का धन जमा करने का बंक।

Savionette-सेव्विअनेट् - *n.* a perfumed soap. सुगन्धित साबुन।

Saviour-सेव्-व्यर् - *n.* one who saves from destruction, deliverer. रक्षक, उद्धारक, मुक्ति देनेवाला।

Savory-सेव्वरि-*n.* a herb like mint used in cookery. पुदीने के प्रकार की एक वनस्पति जो भोजन में प्रयुक्त होती है।

Sentiment-सेन्टिमेन्ट्-*n.* thought which is prompted by emotion, sensibility, tendency to be led by feeling, emotion. मत, कल्पना, बुद्धि, भाव, रस; **Sentimental** (-अल्)-*adj.* abounding in sentiments. रसिक, हृदय में भावों को उत्पन्न करनेवाला; **Sentimentalism** (-अल्-इज़्म्)-*n.* sentimentality. भावुकता, रसिकता; **Sentimentalist** (-अल्-इस्ट्)-*n.* one who effects sentiment. भावों का प्रदर्शन करनेवाला; **Sentimentality**-सेंन्टिमेंन्टॅलिटि-*n.* sensibility. भावना।

Sentimentalize-सेंन्टिमेंन्टलाइज़्-*v. t.* to affect sensibility. रसिकता या भाव उत्पन्न करना।

Sentimentally-सेंन्टिमेंन्टलि-*adv.* in a sentimental manner. रसिकता से।

Sentinel-सेंन्टिनल्-*n.* a soldier to keep guard, a watch; रक्षापुरुष, चौकीदार, सन्तरी; -*v. t.* to guard. पहरा देना।

Sentry-सेंन्ट्रि-*n.* (*pl.* Sentries.) a soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार, चौकीदार; **Sentry box** (a box to shelter a sentry.) सन्तरी के खड़े रहने का कटघरा।

Sepal-सेंप्'-अल्-*n.* a division of calyx. फूल की पँखड़ी का भाग।

Separability-सेंपरेबिलिटि-*n.* separableness. पृथकत्व।

Separable-सेंप्-रे-बल्-*adj.* that can be separated. अलगाने योग्य।

Separableness-same as **Separability**.

Separably-सेंप-रे ब्लि-*adv.* in a separable manner. अलगाने योग्य ढंग से।

Separate-सेंप-रेट्'-*v. i. & t.* to disunite, to divide into parts, to sever, to withdraw. अलग होना, पृथक् होना, अलगाना, विभाग करना; -*adj.* disconnected, distinct. पृथक्, अलग; **Separate estate** (a married woman's personal property.) स्त्रीधन; **Separately** (-लि) -*adv.* in a separate manner. भिन्न, पृथक्, अलग-अलग; **Separateness** (-नेस्) -*n.* the quality of being separate. पृथकत्व, भिन्नता।

Separation-सेंपरेशन्-*n.* disjunction, disunion. वियोग, विरह, पृथक्करण।

Separative-सेंप'-रे-टिव्-*adj.* pertaining to separation. अलगाव या पृथक्करण-सम्बन्धी।

Separator-सेंपरेटर्-*n.* one who or that which separates. पृथक् करनेवाला, अलगानेवाला।

Separatum-सेंप'-रे'-टम्-*n.* (*pl.* Separata.) a reprint from the proceedings of a society. किसी सभा की कार्यवाही का उपलेख।

Sepia-सी'-पि-अ-*n.* a kind of fish, a black-brown pigment used in painting. एक प्रकार की मछली, रंगसाज़ या चित्रकार का कालाभूरा रंग।

Sepoy-सी'-पॉय्-*n.* (*pl.* Sepoys.) a native India n soldier. देशी या भारतीय सिपाही।

Seps-सेंप्स्-*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Sepsis-सेंप्सिस्-*n.* putrefaction, blood-poisoning. रुधिर दूषित होना, घाव इत्यादि का सड़ना।

Sept-सेंप्ट्-*n.* a clan. घराना, वंश।

Sept, Septem, Septi-सेंप्ट्, सेंप्टम्, सेंप्टि-*pref.* in the sense of "seven". 'सप्तम' या 'सात' अर्थ के उपसर्ग।

Septal-सेंप्टल्-*adj.* of a thing partitioned into many parts. कई भागों में विभक्त पदार्थ का।

Septan-सेंप्टन्-*n.* occurring every seventh day. प्रति सातवें दिन आनेवाला (ज्वर)।

Septangle-सेंप्टॅंङ्गल्-*n.* a figure having seven angles. सात कोण की कोई आकृति।

Septate-सेंप्टेट्-*adj.* partitioned. दो भागों में किया हुआ।

Septation-सेंप्टेशन्-*n.* division into two parts. दो अंशों में विभाग।

September-सेंप्टेम्बर्-*n.* the ninth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का नवाँ महीना।

Septempartite-सेंप्टेम्पार्टाइट्-*adj.* divided into seven parts. सात भागों में विभक्त।

Septemvir-सेंप्टेम्व्र्-*n.* one of the seven men forming a government. शासन करनेवाले सात मनुष्यों में से एक।

Septenary-सेंप्टिनरि-*adj.* consisting of seven. सप्तक, सात का।

Septennate-सेंप्टिनेट्-*n.* a period of seven years. सात वर्ष का काल।

Septennial-सेंप्टेनिअल्-*adj.* occurring every seventh year. सात-सात वर्ष पर होनेवाला,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Septennially (-लि) -*adv.* once in seven years. सात वर्ष में एक बार।

Septentrion-सेप्टेंट्रिअन्-*adj.* northern. उत्तर दिशा-सम्बन्धी।

Septet-सेप्टेट्-*n.* a party of seven. सात का समुदाय।

Septfoil-सेप्ट्'-फ़ॉएल्-*n.* having seven leaves. सतपतिया।

Septic-सेप्टिक्-*adj.* & *n.* involving putrefaction or poisoning of blood. रक्त को विषैला करनेवाला पदार्थ।

Septicaemia-सेप्टि-सी' - मि-आ-*n.* poisoning of the blood. रुधिर का विषैला होना; **Septicaemic** (-मिक्) -*adj.* producing blood poisoning. रक्त को विषैला करनेवाला।

Septicidal-सेप्टि-साइडल्-*adj.* splitting through partitions. दरार या फाँक पर से फटनेवाला।

Septicity-सेप्टिसिटि-*n.* putrefaction. सड़ाहट।

Septifarious-सेप्टिफ़ेरिअस् - *adj.* turned in seven different ways. सात भिन्न ओर मुड़ा हुआ।

Septifluous-सेप्टि'-फ़्लु - अस्-*adj.* flowing in seven streams. सात धाराओं में बहता हुआ।

Septiform-सेप्टि - फ़ॉर्म्-*adj.* having seven parts. सात भाग या अंश का।

Septilateral-सेप्टिलॉटरल्-*adj.* having seven sides. सात भुजाओं का।

Septimal-सेप्टिमल् - *adj.* of the number seven. सात अंकवाला।

Septinsular-सेप्टिन्सुलर् - *adj.* of seven islands. सात टापुओं का।

Septon-सेप्टन् - *n.* that which promotes putrefaction. मलिनता उत्पन्न करनेवाला।

Septuagenarian - सेप्ट्युअजिनेरिअन् - *n.* a person who is seventy years of age. सत्तर वर्ष की अवस्था का मनुष्य।

Septuagenary-सेप्ट्युअजिनरि-*adj.* consisting of seventy. सत्तर अंक का।

Septuagesima -सेप्ट्युअर्जेसिमी - *n.* Sunday before Lent. लेन्ट् नामक ईसाइयों के त्योहार के पहिले का रविवार।

Septuagint-सेप्ट्युअजिन्ट् - *n.* Greek version of the Old Testament. यूनानी भाषा में इञ्जील के उत्तरार्ध का उल्था।

Septum-सेप्टम् - *n.* (*pl.* Septa.) partition between the chambers of some fruits. फलों के भीतर का विभाग करनेवाला पर्दा।

Septuple-सेप्ट्यु-पल्-*adj.* sevenfold. सतगुना।

Sepulchral-सिपल्'-क्रल् - *adj.* pertaining to tomb, dismal, gloomy. समाधि या श्मशान का, अन्धकारमय, भयंकर।

Sepulchre-सेपल्क्र् - *n.* a tomb, a grave, burial cave. समाधि, शवस्थान, कब्र; -*v. t.* to place in a tomb. समाधि में रखना. कब्र में गाड़ना।

Sepulture-सेपल्चर् -*n.* burial, putting in the tomb. प्रेत-क्रिया, समाधि में रखना।

Sequacious - सिक्वेशस् - *adj.* inclined to follow, servile. अनुसरण करनेवाला, अनुयायी; **Sequaciously** (- लि) -*adv.* in a servile manner. अनुसरण करते हुए।

Sequacity-सिक्वॉसिटि - *n.* disposition to follow. अनुसरण करने की प्रवृत्ति।

Sequel-सी'-क्वेल्-*n.* what follows, a consequence, after-effects. उत्तर भाग, परिणाम, अन्त-फल।

Sequela-सि-क्वी'-ली-*n.* (*pl.* Sequelae.) morbid symptoms following certain diseases. एक रोग के कारण दूसरा रोग उत्पन्न होने के लक्षण।

Sequence-सी' - क्वेन्स्-*n.* succession, consequence, order or series without gaps. अनुक्रम, परम्परा, श्रेणी।

Sequential-सि-क्वेन्शल् - *adj.* pertaining to sequence. परम्परा - सम्बन्धी; **Sequentiality**- (-इटि)-*n.* sequence. अनुक्रमत्व; **Sequentially** (-लि)-*adv.* in succession. क्रम से।

Sequester-सिक्वेस्टर्-*v. t.* & *i.* to separate, to set apart, to retire, to take possession of a debtor's property till the payment of claim. पृथक् करना, अलगाना, एकान्त में रहना, ऋण चुक जाने तक सम्पत्ति पर अधिकार रखना।

Sequestrable-सिक्वेस्ट्रेबल् - *adj.* able to be separated. अलगाने योग्य।

Sequestrate-सिक्वेस्ट्रेट्-*v. t.* & *i.* to separate, to sequester. अलगाना, प्रतिभू (जमानत) की तरह सम्पत्ति पर अधिकार रखना; **Sequestration** (-शन्)-*n.* the act of sequestering. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार; **Sequestrator** (-टर्) -*n.* one who sequesters property. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार रखनेवाला व्यक्ति।

Sequestrum-सी-क्वेस्ट्रम्-*n.* (*pl.* Sequestra.) a piece of dead bone separated from living bone but allowed to remain in its place. जीवित अस्थि में से सड़ी या निर्जीव हड्डी के भाग को हटाकर वहीं रहने देने का काम।

Serafile-सेरा-फ़ाइल्-*n.* the last soldier in a file. सेना की पंक्ति का अन्तिम सिपाही।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Seraglio-सर्रील्यो-*n.* the palace of the Sultan of Turkey, a harem. तुर्किस्तान के सुल्तान का महल, अन्तःपुर, रनिवास।

Serai-सराइ-*n.* an inn. सराय।

Seraph-सेरॅफ़्-*n.* (*pl.* Seraphim, Seraphs) a celestial being, an angel of the highest order. दैवी पुरुष, उच्च कोटि का देवदूत।

Seraphic-सेरॅफ़िक्-*adj.* angelic, pure. देवदूत-सम्बन्धी, पवित्र; **Seraphically** (-अलि) -*adv.* in a seraphic manner. देवदूत की तरह।

Seraphim-सेरॅ-फ़िम्-*n. pl.* of Seraph.

Seraphina, Seraphine - सेरॅफ़िना (-फ़िन्)-*ns.* a kind of wind instrument. भाथी से बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा।

Serb-सर्ब्-*n.* native or language of Serbia. सर्बिया देश का निवासी या इनकी भाषा।

Sere, Sear-सिअर्-*ns.* the catch of the hammer of a gun. बन्दूक के कुत्ते का रोक; - *adj.* dry, withered. सूखा, मुर्झाया हुआ।

Serein-सेरीन्'-*n.* fine shower of rain. महीन वर्षा, झींसी।

Serenade-सेरि-नेड्'-*n.* an evening song of a lover. प्रेमी का सन्ध्या का गीत; -*v. t.* to entertain with such a music. प्रेम का सान्ध्य गीत गाना; **Serenader** (-अर्) -*n.* one who entertains thus. प्रेम का सान्ध्य गीत गानेवाला।

Serene-सि-रीन्'-*adj.* calm, clear, undisturbed, tranquil, a title of certain princes. शान्त, स्वच्छ, स्थिर, निर्मल, एक उपाधि; -*n.* expanse of sea or sky, unwholesome night-dew. समुद्र या आकाश का फैलाव, कष्टकर रात का ओस।

Serenely-सि-रीन्'-लि-*adv.* in a serene manner. शान्त चित्त से।

Serenity-सिरेनिटि - *n.* calmness, stillness. शान्ति, निस्तब्धता, स्थिरता।

Serf-सर्फ़्-*n.* (*pl.* Serfs.) a slave employed to work in the field, a slave. कृषक दास, खेत जोतनेवाला दास।

Serfage-सर्-फ़ेज् - *n.* condition of a serf. दासत्व।

Serfdom-सर्फ़् - डम् - *n.* serfage. दासवृत्ति; **Serfhood** (-हुड्)-*n.* the office of a serf. दासत्व, दास का पद।

Serge-सर्ज्-*n.* a kind of durable woollen fabric. एक प्रकार का पुष्ट ऊनी वस्त्र, सर्ज।

Sergeant-सार्जन्ट्-*n.* a lawyer of high rank, a non-commissioned officer in the army, a grade in the police next above a constable. उच्च श्रेणी का वकील, सेना का एक बेपदवीवाला अध्यक्ष, सार्जन्ट; **Lance sergeant** (a mounted police officer.) पुलिस का घुड़सवार सिपाही; **Sergeantmajor** (the highest non-commissioned army officer.) बिना पदवीवाला सबसे बड़ा सेनाध्यक्ष; **Sergeantship** (-शिप्)-*n.* the post of a sergeant. सार्जन्ट नामक अध्यक्ष का पद।

Sergette-सर्जेट्-*n.* a thin kind of serge. पतली सर्ज।

Serial-सीरिअल् - *adj.* pertaining to or forming a series. क्रमानुसारी, क्रमिक; **Serialist** (-इस्ट्)-*n.* one following series. क्रम पर चलनेवाला; **Seriality** (-टि)-*n.* series. क्रम; **Serially** (-लि) -*adv.* in series. क्रमानुसार।

Seriate, Seriated-सीरिएट् (-टेड्)-*adjs.* in the form of series. क्रमिक रूप में, क्रमबद्ध; -*v. t.* to arrange in the form of series. क्रम में रखना।

Seriatim-सीरिएटिम्-*adv.* one after another, in continuous order. एक के बाद दूसरा, क्रमानुसार।

Seriation-सीरिएशन्-*n.* arrangement in series. क्रमरूप व्यवस्था।

Sericeous-सिरिशिअस्-*adj.* soft and silky, pertaining to silk. रेशमी तथा कोमल, चिकना, रोवेंदार।

Sericultural-सेरिकल्चरल् - *adj.* pertaining to silk-worm breeding. रेशम के कीड़ों को पालने के व्यवसाय से सम्बन्धित।

Sericulture, Sericiculture-सेरि-(सि) कल्'-चर्-*ns.* breeding of silk worms. रेशम के कीड़ों का पालन।

Sericulturist-सेरिकल्चरिस्ट्-*n.* one who is occupied in sericulture. रेशम के कीड़ों को पालनेवाला व्यक्ति।

Series-सीरीज़्, सीरि' - ईज़्-*n.* (*sing. & pl.*) number of similar things connected together, order, succession, set of books under a common title or edited by one person. शृङ्खला, क्रम, श्रेणी, परिपाटी, अनुक्रम, ग्रन्थ-माला; **Arithmetical series** (a series which changes by regular addition or subtraction.) जोड़ने या घटाने से बनी हुई नियमित श्रेणी; **Geometrical series** (a series which changes by regular multiplication or division.) गुणा या भाग करने से बनी हुई श्रेणी।

Serif-सेरिफ़्-*n.* the short line at the top or bottom of a printing type. छापे के टाइप के ऊपर या नीचे की छोटी लकीर।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Serin-सेरिन्-*n.* small singing bird. एक प्रकार की छोटी गानेवाली चिड़िया; **Serinette** (-ऍट्) *-n.* an instrument for training song-birds. पक्षियों को गाना सिखाने का यन्त्र।

Seringa-(स-)स-रिङ्गा-*n.* a kind of rubber-tree. एक प्रकार का रबड़ का वृक्ष।

Serio-comic-सीरिओ-कॉमिक् *-adj.* having a mixture of gravity and humour. गंभीरता तथा हास्यरस के मिश्रण का।

Serious-सीरिअस्-*adj.* earnest, grave, sober, solemn, sincere, religious minded. गंभीर वृत्ति का, धीर, विनोद या परिहास न करनेवाला, सच्चा, धार्मिक वृत्ति का; **Seriously** (-लि)-*adv.* in a serious manner. गम्भीरता से; **Seriousness** (-नेस्)-*n.* gravity of mind. गम्भीरता।

Serjeant-सार्जेन्ट्. see Sergeant.

Sermon-सर्मन्-*n.* a discourse delivered by a religious instructor, a moral reflection. धर्मोपदेश, धर्मविषयक व्याख्यान; **To lay a sermon** (to discourse on a religious subject.)- धर्म-विषय पर उपदेश देना।

Sermoneer-सर्मनिअर् - *n.* (also **Sermoner.**) a sermonizer. धर्म-विषयक व्याख्यान देनेवाला; **Sermonette**-सर्मनेट्-*n.* a small sermon. धर्म विषय का छोटा व्याख्यान।

Sermonize-सर्मनाइज़्-*v. t.* to preach. धर्मविषय को व्याख्यान रूप में कहना; **Sermonizer** (-अर्) *n.* one who sermonizes. धार्मिक विषय पर व्याख्यान देने या लिखनेवाला।

Seroon-सि-रून्'-*n.* a package used for dried fruits. सुखाये हुए फलों को रखने का झावा।

Serotine-सेरॅ-टाइन्-*n.* a brown European bat. यूरोप देश का भूरा चमगादड़।

Serotinous-सि-रॅ-टिनस्-*adj.* appearing late in a season. ऋतु में देर करके फलने-फूलनेवाला।

Serous-सी'-रस्-*adj.* like serum, of the consistency of whey, watery, तरल, मठे के समान, जल-सदृश।

Serpent-सर्-'पे-न्ट्-*n.* snake. सर्प, साँप; **Pharaoh's serpent** (a kind of chemical toy which when ignited assumes a serpentine form.) एक प्रकार की बत्ती जो जलाने पर सर्प के आकार की हो जाती है; **Serpent charmer** (a person who charms a serpent.) मदारी; **The old serpent** (the devil) दैत्य।

Serpentine-सर'-पे-न्टाइन्-*adj.&v.i.* resembling a snake, spiral, crooked, to move circuitously, to meander. सर्पवत्, चक्करदार, पेंचदार, सर्प की तरह चक्कर खाना।

Serpigo-सर्पि-गॉ-*n.* a dry eruption on the skin. सूखी खुजली।

Serpula-सर्प्युला-*n.* (*pl.* **Serpulae.**) a kind of sea worm. एक प्रकार का समुद्री कीड़ा।

Serra-सेरॉ-*n.* (*pl.* **Serrae.**) a serrated structure. दाँतेदार बनावट।

Serrate-से-रे-ट्-*adj.* notched on the edge like a saw. किनारे पर दाँतेदार;-*v. t.* to provide with an edge like saw. दाँतेदार बनाना।

Serrated-से-रे-टेड्-*adj.* notched like a saw. आरी की तरह दाँतेदार बना हुआ।

Serration-से-रे-शन्-*n.* formation in the shape of a saw-like notch in the edge. किनारे पर आरी के दाँते के समान रचना।

Serried-से-रिड्-*adj.* without gaps, side by side. बिना गड्ढे का, पास-पास, सटा-सटा।

Serromotor-से-रॅ-मोटर्-*n.* a gear for reversing the motion of an engine. इञ्जिन की गति पलटने का दाँतेदार पहिया।

Serrulate-से-रु-लेट्-*adj.* with fine notches. महीन दाँते का; **Serrulated** (-ऍड्)-*adj.* finely serrated. महीन दाँता कटा हुआ।

Serrulation-से-रु-ले-शन्-*n.* the act of serrating. महीन दाँतेदार बनाने का काम।

Serum-सीरम्-*n.* thin transparent portion of the blood, watery fluid in animal organism. रुधिर का पतला पारदर्शक अंश, मेदा।

Serval-सर्वल्-*n.* a kind of African wild cat. एक प्रकार की अफ्रीका देश की जंगली बिल्ली।

Servant-सर्'वॅन्ट्-*n.* one who is employed to carry out the orders of some one, a labourer, employee, a devoted follower. भृत्य, नौकर, सेवक, अनुचर (दास), उपासक; **Female servant** (maid servant.) चेरी, दास।

Serve-सर्व्-*n.* the act of serving the first stroke in tennis. सेवा, शुश्रूषा, टेनिस के खेल में गेंद को पहिली बार मारने की क्रिया; *-v. i. & t.* to be useful to, to be employed, to wait upon at the table, to labour, to obey, to accomplish an end, to meet the needs of, to perform. उपयोगी होना, काम में लगा रहना, सेवा करना, परोसना, श्रम करना, आज्ञा मानना, उद्देश्य पूर्ण करना, आवश्यकता की पूर्ति करना, कार्य करना; **It will serve** (it will suffice.) यह पर्याप्त होगा; **To serve a sentence** (to undergo sentence for full time.) पूरी अवधि तक दण्ड भोगना; **To serve one's time** (to hold office for normal

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

period.)उचित समयानुसार पद पर काम करना; To serve out (to distribute.) बाँटना; To serve the devil (to turn cruel.) निर्दयी बनना या बनाना; To serve the purpose of (to be useful.) उपयोग का होना; To serve two masters (to be divided between two diversified principles.) द्विधा भाव में रहना; To serve with the same sauce (to retaliate.) बदला लेना या देना।

Server-सर्व्र्-*n.* one who serves. चाकरी या नौकरी करनेवाला, परोसनेवाला।

Service-सर्व्रिस्-*n.*the act of serving, servant's status, employment, use, assistance, meeting, congregation for worship, dishes required for serving meal. सेवा, उपयोग, दासवृत्ति, व्यवसाय (कार्य), सहायता, भेंट, उपासना (पूजा), परोसने का पात्र; At his service (ready to his orders.) उसके अधीन; To take service with (to be employed in service.) नौकरी करना; Service book -*n.* a prayer book for public worship. स्तोत्रसमुच्चय।

Serviceable-सर्व्रिसेबल्-*adj.* useful, beneficial. उपयोगी, काम में आनेवाला; Serviceably (-लि) -*adv.* in a serviceable manner. उपयोगिता से; Serviceableness (-नेस्)-*n.* usefulness for a work. उपयोगिता।

Serviette-सर्व्रिएट्-*n.* a table napkin. अँगौछा, तौलिया, रूमाल।

Servile-सर्व्राइल्-*adj.* of a slave, slavish, mean-spirited, completely dependent, cringing. दास का, दास के उचित, नीच, अति अनुरोधी, चापलूस; Servilely (-लि) -*adv.* in a servile manner. दासवत्।

Servility-सर्व्रिलिटि; Servileness (-नेस्)-*ns.* slavishness, flattery. भृत्यभाव, चापलूसी।

Servitor-सर्व्रिटर्-*n.* a servant, an attendant. सेवक, भृत्य, नौकर; Servitorship (-शिप्) -*n.* the office of a servitor. सेवक का पद।

Servitude-सर्व्रिच्यूड् -*n.* slavery, bondage, भृत्यभाव, दासत्व।

Sesame-सेसमि-*n.* an annual herbaceous tropical plant with oily seeds. तिल।

Sesamoid-सेस-मॅ-इड्-*adj.* of the form of sesame seeds. तिल के आकार का।

Seseli-सें-सें-लि-*n.*a perennial white flowered plant. एक बारहमासी सफेद फूल का पौधा।

Sesqui-सेस्'-क्वि-*pref.* in sense of "one and a half." "ड्योढ़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Sesquipedalian- सेस्'-क्वि-पि-डें'-लि-अन्-*adj.* & *n.* of many syllables. कई पद-खण्डों वाला; a person or thing a foot & a half high or long. डेढ़ फुट लम्बा व्यक्ति या वस्तु।

Sessile-सें-साइल्, सें'-सिल-*adj.* without stalk बिना डण्ठल का, डण्ठल-रहित।

Session-सेशन्-*n.* the sitting of an assembly or court for transaction of business, period of such a meeting, university term. अदालत का सेशन, कार्य-काल, विश्वविद्यालय का नियम काल या सत्र।

Sessional-सेशनल् - *adj.* pertaining to a session. सेशन-सम्बन्धी।

Sesspool-सेस्'-पूल्-*n.* a cavity in the earth. चहबच्चा।

Sestet-सें-स्टेट्-*n.* the last six lines of a sonnet. गीत की अन्तिम छः पंक्तियाँ।

Sestina-सें-स्टि-ना-*n.* a poem of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Set-सेट्-*v. t.& i.* (*p.t.* & *p.p.* Set) to lay, to seat, to assign, to adjust, to join, to display, to fix, to determine, to settle, to perplex, to establish, to harden. रखना, बैठाना, निर्देश करना, ठीक करना, जोड़ना, दरसाना, जमाना, संकल्प करना, निर्धारित करना, घबड़ाना, स्थापित करना, कड़ा होना; Set speech (a speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान; To set about (to begin, to take in hand, to attack, to circulate a report.) आरम्भ करना, हाथ में लेना, हमला करना, समाचार फैलाना; To set abroad (to spread.) फैलाना; To set against (to assail.) हमला करना; To set agoing (to cause to move.) चलाना; To set apart (to separate from the rest.) अलगाना; To set aside (to reject). हटाना, अस्वीकार करना; To set at defiance (to challenge.) ललकारना; To set at ease (to tranquillize.) शान्त करना; To set at liberty (to release from bondage.) स्वतंत्र करना; To set at naught (to undervalue.) तिरस्कार करना; To set at work (to engage in a work.) काम में लगाना; To set back (to retreat, to check the progress of, to put a clock to an earlier time, to flow in the reverse direction.) पीछे हटना, उन्नति में बाधा डालना, घड़ी पीछे करना, उल्टी दिशा में बहना; To set before (to exhibit.) दरसाना; To set by (to set apart.) बचा रखना; To ser down (to register.) लिख लेना; To set forth (to show, to declare, to praise, to publish, to start on a journey.) दिखाना, प्रकट करना, घोषणा करना, प्रशंसा करना, प्रका-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शित करना, यात्रा प्रारम्भ करना; To set forward (to advance.) उन्नति करना, आगे बढ़ना; To set foot on (to tread on.) पैर रखना; To set fire to (to ignite.) आग लगाना; To set free from (to release from bondage.) बन्धन से निर्मुक्त करना; To set gems (to fix gems.) नगीना बैठाना; To set in order (to put in order.) क्रम में रखना ; To set heart on (to aspire to.) मन लगाना; To set in (to begin.) आरम्भ करना; To set in motion (to start.) चालू करना; To set off (to mark, send or start off, to show in relief.) अंकित करना, भेज देना, यात्रा पर जाना, सुन्दर रूप में दिखाना; To set on (to incite, to move on, to set agoing, to start.) उसकाना, आगे बढ़ना, चलाना, रवाना होना; To set one's hand (to begin work.) कार्य आरम्भ करना; To set on fire (to ignite.) आग लगाना; To set out (to begin a journey, to fit out a ship for voyage, to equip for an expedition, to send out forces, to display wares for sale, to adorn, to arrange things or meal on a table, to begin a caree.) प्रस्थान करना, समुद्री यात्रा के लिये जहाज़ को तैयार करना, साहसिक यात्रा की तैयारी करना, सेनायें बाहर भेजना, बिक्री का माल सजाकर दिखाना, सजाना, मेज़ पर चीजें या खाना सजाना, जीविका या व्यवसाय प्रारम्भ करना; To set razor (to give a keen edge to a razor.) उस्तरा तेज़ करना; To set right (to put in order.) क्रम में रखना; To set sail (to start on a sea voyage.) जहाज़ की यात्रा आरम्भ करना; To set table (to make preparations for dinner.) भोजन के लिये तैयारी करना; To set the watch (to put the hands to right time.) घड़ी मिलाना; To set up (to erect, to hoist a flag or sail, to raise a cry, to display for sale or auction, to post up a notice-paper, to advertise, to raise to power, to put on throne.) खड़ा करना, झंडा या पाल खड़ा करना, चिल्लाना, बिक्री या नीलाम के लिये प्रदर्शित करना, इश्तिहार चपकाना, विज्ञापन निकालना, शक्तिशाली बनाना, गद्दी पर बिठाना; To set upon (to incite.) उत्तेजित करना ; To set up type (to compose.) टाइप बैठाना ।

Set-सेट् - *n.* group, collection, accessories, setting of sun or day, last coat of plaster deflection of saw teeth. दल, समूह, संग्रह, आवश्यक सामग्रियाँ, सूर्य का अस्त होना, पलस्तर की अंतिम परत, आरी के दाँतों का घुमाव ; **Set-down** (- डाउन्) - *n.* a humiliating rebuke. अपमानपूर्वक भर्त्सना; **Set-off** (-ऑफ़्) -*n.* the sum deducted, decoration. मोजरा, छूट, सजावट; **Set-out** (-आउट्)-*n.* commencement. प्रारम्भ; **Set-up** (-अप्)-*n.* erectness. खड़ापन ।

Setaceous-सि-टे'-शस् - *adj.* having bristle-like hair on the body. सुअर के कड़े बाल के समान बालवाला ।

Setiferous-से-टिफ़्'-अर्-अस् - *adj.* producing bristles. सुअर के कड़े बाल के समान बाल पैदा करनेवाला ।

Seton-सी' - टन् - *n.* a skein of thread on a wound to keep it open. घाव खुला रखने की बत्ती ।

Set-speech-सेट्-स्पीच्-*n.* a speech prepared beforehand. पहिले से रचा हुआ व्याख्यान ।

Set-squares-सेट्'-स्क्वेअर्स् - *n, pl.* triangular pieces of wood or other material having one of its angles a right angle, used in mechanical drawing. लकड़ी या कचकड़े के त्रिकोण टुकड़े जिनमें एक समकोण रहता है, जो नक़शा इत्यादि बनाने में उपयोग किये जाते हैं ।


Set-squares

Sett-सेट्-*n.* same as Set.

Settee-सें-टी - *n.* a long seat with a back, double arm-chair, a kind of ship. तकियादार बेंच, दोहरी आराम कुरसी, एक प्रकार का छोटा जहाज़ ।

Setter-सें'-टर् - *n.* a kind of hunting dog, one who sets. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता, बैठानेवाला ।

Setting-सें-टिङ्ग् - *n.* the metal in which a gem is set, the act of setting, environment, accessories. जड़ाव, योजना, आरोपण, सामग्री; Setting-rule (a rule for setting types.) टाइप बैठाने की पटरी; Setting-stick (a stick used in setting types.) टाइप बैठाने की छड़ ।

Settle-सें'-टल्-*n.* a seat with a high back. ऊँची पिछवई की बेंच या कुरसी ।

Settle-सें-टल् - *v. t. & i.* to establish, to cease from wandering, to fix, to decide to colonize, to fix one's habitation, to appoint, to agree upon, to get clear

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्थापित करना, स्थिर करना, व्यवस्था करना, निर्णय करना, ठहराना, बैठना, बसना, नियुक्त करना, चुकाना; To settle a quarrel (to subside a dispute.) झगड़ा निबटाना; To settle up (to settle accounts.) हिसाब तय करना।

Settlement-से'-टल्-मेन्ट्-*n.* the act of settling, a colony, adjustment, jointure. निर्णय (व्यवस्था), आबादी, निबटारा, स्त्रीधन; Marriage settlement (marriage jointure.) वह सम्पत्ति जो विवाह के समय पति द्वारा पत्नी के लिये सुरक्षित कर दी जाती है जिसका उपयोग वह पति के न रहने पर कर सके।

Settler-से' - टलर् - *n.* one who settles, a colonist. स्थिर करनेवाला, नया बसनेवाला।

Seven-सेव्'-न् - *n.* one more than six. सात; Sevenfold (-फ़ोल्ड्) - *adj.* repeated seven times. सातगुना।

Seventeen-सेव्न्-टीन् - *adj. & n.* seven and ten. सत्रह।

Seventeenth-सेव्न् - टीन्थ् - *adj.* next after sixteenth. सत्रहवाँ।

Seventh-सेव्न्थ् - *adj.* next after sixth. सातवाँ; In the seventh heaven (in the greatest happiness.) परम सन्तोष और आनन्द से; Seventh day (Saturday.) शनिवार ; Seventhly (-लि)-*adv.* in the seventh place. सातवें स्थान में।

Seventieth-सेव्न्टि-अथ् - *adj.* the ordinal of seventy. सत्तरवाँ।

Seventy-सेव्न्टि-*adj. & n.* ten times seven. सत्तर।

Sever-सेवर् - *v. t. & i.* to part or divide, to disunite, to be disjoined. काटकर अलग करना, अलगाना, पृथक् होना।

Severable-सेवरे-बल् - *adj.* separable. अलगाने योग्य।

Severance-सेव्-अर्-अन्स्-*n.* separation. वियोग, अलगाव।

Several-सेवरल्-*adj.* separate, distinct, various, consisting of a number. पृथक्, भिन्न, अनेक, कई एक;-*n.* each, particular. प्रत्येक; Severally (-लि)-*adv.* separately apart from others. अलग-अलग, प्रत्येक (स्वयं); Severalty (-टि)-*n.* the state of separation. भिन्नता।

Severe-सि-वीअर्' - *adj.* strict, harsh, austere, extreme, violent, terse. तीक्ष्ण, कठोर, घोर, कष्टदायक, अत्यन्त।

Severity-सिव्र - रिटि, Severeness (-नेस्) *ns.* harshness, rigour. कठोरता, तीव्रता।

Severely-सि-वीअर् -लि-*adv.* sharply, painfully, rigorously. प्रचण्डता से, कठोरता से, निर्दयता से।

Severy-से-वरि - *n.* a partition in vaulted ceiling. मेहराबदार छत का भाग।

Sew-सो-*v.t. & i.* (*p. t.* Sewed, *p.p.* Sewn.) to fasten by thread with the help of a needle or awl. सीना।

Sew-स्यू-*v. t. & i.* to drain off, to ooze out. पानी बहाना या बहना, पानी का धीरे-धीरे निकलना।

Sewage-स्यू'-ऍज्-*n.* matter carried in sewers. मल, मैला, पायखाना; - *v. t.* to manure with sewage. मैले की खाद देना।

Sewel-स्यू-ऍल्-*n.* a scarecrow. विभीषिका।

Sewer-स्यू'-अर्-*n.* a channel for carrying off waste and filth, a public drain. नाली, मोरी, मलमार्ग; - *v. t.* to provide with drains. मोरियों का प्रबन्ध करना।

Sewerage-स्यू' - अरेज् - *n.* drainage. परनालियों का क्रम।

Sewing--सो'-इङ्ग्-*n. & adj.* occupation of using a needle. सियन, सीने का कार्य; Sewing-machine (a machine for sewing.) सीने की कल।

Sewn-सो'-न्-*adj.* joined by sewing. सिया गया।

Sex-सेक्स् - *n.* the distinction between male or female. जाति, लिंग, स्त्री या पुरुष होना; The fair sex (women.) स्त्री जाति; The male sex (men.) पुरुष जाति।

Sex, Sexi-सेक्स् (-इ) - *pref.* in sense of "six". "छः" अर्थ का उपसर्ग।

Sexagenarian-सेक्सअजिनेरिअन् - *adj. & n.* a person of sixty years of age. साठ वर्ष की वय का मनुष्य।

Sexagenary-सेक्सअजिनरि-*adj.* of sixty years. साठ वर्ष का।

Sexagesima - सेक्सअजेसिमा -*n.* the second Sunday before Lent. ईसाइयों के लेन्ट त्योहार के पहिले का दूसरा रविवार।

Sexagesimal-सेक्सअजेसिमल्-*adj.&n.*sixtieth, of sixty. साठवाँ, साठवें भाग का; Sexagesimally (-लि) *adv.* साठवें अंश में।

Sex-angle-सेक्सींङ्गल् - *n.* a figure having six angles. छः कोणों की आकृति।

Sexangular-सेक्सींङ्ग्युलर्-*adj.* of six angles. छः कोणोंवाला।

Sexdigitate-सेक्स्-डि-जिटेट्-*adj.* six fingered. छः अंगुलियों का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sexennial-सेक्सेनिअल्-*adj.* occurring once in every six years. प्रत्येक छठे वर्ष पर होनेवाला।

Sexless-सेक्स्'-लेस्-*adj.* having no sex. न मादा (स्त्री) न नर (पुरुष)।

Sextain-सेक्स्'-टेन्-*n.* a stanza of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Sextan-सेक्स्'-ट-न्-*adj.* occurring every sixth day. प्रत्येक छठे दिन होनेवाला।

Sextant-सेक्स्-टेन्ट्-*n.* the sixth part of a circle, an instrument for measuring angular distances. वृत्त का छठा भाग, कोण की दूरी नापने का एक यन्त्र।

Sextant.

Sexto-सेक्स्'-टॅ-*n.* a book formed by folding paper into six folds. कागज़ की छः परत मोड़कर बनी हुई पुस्तक।

Sextodecimo-सेक्स्टॅ-डे-सिमॅ-*n.* (*abbr.* 16 mo.) folding a sheet of paper in sixteen leaves. एक तख्ते कागज़ को सोलह पन्ने में मोड़ने की क्रिया।

Sexton-सेक्स्टन्-*n.* an officer of the church in charge of its property. गिर्जाघर की सामग्री संभालनेवाला अधिकारी।

Sextuple-सेक्स्'-ट्युपल्-*adj.* sixfold. छगुना।

Sexual-सेक्स्युअल्-*adj.* of the sex or sexes. स्त्री या पुरुष जाति-सम्बन्धी ; **Sexual affinity** (mutual attraction of two individuals of opposite sexes.) स्त्री-पुरुष का परस्पर आकर्षण; **Sexual appetite** (sexual indulgence.) कामुकता; **Sexual intercourse** (copulation.) मैथुन ; **Sexual organs** (the organs of generation.) जननेन्द्रियाँ।

Sexualist-सेक्स्युअलिस्ट्-*n.* one who classifies plants according to the differences of the sexes. पौधों का लिङ्ग के अनुसार विभाजन करनेवाला व्यक्ति।

Sexuality-सेक्स्युअलिटि-*n.* distinction by sex. लिङ्ग-भेद।

Sexualization-सेक्स्युअलाइज़ेशन्-*n.* the act of sexualizing. लिङ्ग-निर्णय।

Sexualize-सेक्स्युअलाइज़्-*v. t.* to attribute sex to. लिङ्ग निर्धारित करना।

Sexually-सेक्स्युअलि-*adv.* in a sexual manner. स्त्री-पुरुष के सम्बन्ध के रूप में।

Shabbily-शॅ-बि-लि-*adv.* in a shabby manner. मलिनता से, कुत्सित रूप से।

Shabbiness-शॅ'-बि-नेस्-*n.* the state of being shabby. मलिनता।

Shabby-शॅ'-बि-*adj.* (*comp.* Shabbier, *sup.* Shabbiest.) threadbare, mean, paltry, dissipated. जर्जर (फटा पुराना), तुच्छ, अधम, कुत्सित।

Shabrack-शॅब्रॅक्-*n.* a saddle-cloth. काठी के नीचे का गद्दा।

Shack-शॅक्-*n.* a rough hut. फूहड़ झोंपड़ी।

Shackle-शॅ-कल्-*n.* staple, a link for connecting chains, a coupling link. बन्धन, जंजीर जोड़ने की दुमुँही कड़ी; *-pl.* fetters, obstruction. (ब० व०) बेड़ी, अवरोध-*v. t.* to fetter, to chain. जंजीर से बाँधना, बेड़ी लगाना।

Shad-शॅड्-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मोटी मछली।

Shade-शेड्-*n.* a place sheltered from the sun, shadow, obscurity, darkness, shelter, gradation of colour, ghost, soul after death, darker part in a picture. सूर्य से आड़ की जगह, छाया, अन्धकार, शरण, रङ्ग का उतार-चढ़ाव, प्रेत, मृत्यु के बाद की आत्मा, चित्र में गहरा रंग; *-pl.* darker part of a picture, darkness of night or evening. (ब० व०) चित्र में गहरे रङ्ग का अंश, रात्रि का अन्धकार; *-v. t. & i.* to screen from light or heat. रोशनी या घाम से बचाना, अँधेरा करना; **Lamp shade** (the chimney for lamp.) दूधिया चिमनी; **Shade meaning** (slight difference in meaning. अर्थ का सूक्ष्म भेद; **To cast into shade** (to blame.) तिरस्कार करना।

Shadeless-शेड्'-लस्-*adj.* without shade. छायारहित।

Shadily-शे डि-लि-*adv.* in a shady manner. छाया रूप में।

Shadiness-शे डि-नेस्-*n.* the state of being shady. छायापन, अन्धकार।

Shading-शे डिङ्ग्-*n.* the act of making shades in painting. चित्र में रंग गहराकरके छाया दरसाना।

Shadoof-शॅ-डूफ़्-*n.* a series of buckets used to raise water. पानी उठाने की रहट की बालटियाँ।

Shadow-शॅडो-*n.* the shade cast by an object, faint representation, one's constant companion, reflected image, an unsubstatial thing, phantom, obscurity. छाया, परछाईं प्रतिबिम्ब, तुच्छ पदार्थ, आभास, एकान्तता;-*v. t.*

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

to darken, to conceal. छाया (अन्धकार) करना, ढाँकना, छिपाना।

Shadowless-शैडो-लस्-*adj.* without shadow. बिना छाया का।

Shadowy-शैडोइ-*adj.* gloomy, dark. अन्धकारमय, छायादार।

Shady-शे-डि-*adj.* (*comp.* Shadier, *sup.* Shadiest.) giving shade, situated in shade. छाया देनेवाला, छाया में स्थित।

Shaft-शैफ्ट्-*n.* a slender pole, stem (stalk), a long arrow, the rib of feather, long axle of a machine, the bar of a carriage to which a horse is harnessed, handle, access to a mine. पतला डण्डा, डण्ठल, तीर पर की लम्बी डण्डी, पंख के बीच की नस, मशीन का लम्बा धुरा, गाड़ी का नम, मुठिया, खान का मार्ग।

Shafting-शैफ्टिङ्ग्-*n.* long shafts of machinery. यन्त्र के लम्बे धुरे।

Shag-शैग्-*n.* rough growth of anything. किसी वस्तु की स्थूल रूप में उपज: -*n.* a kind of rough cloth. एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Shaggily-शैग-गि-लि-*adv.* in a shaggy manner, रूक्षता से; **Shagginess** (-नेस्) -*n.* the quality of being shaggy. खुरखुरापन, रूक्षता।

Shaggy-शैगि-*adi.* (*comp.* Shaggier, *sup.* Shaggiest.) rough, coarse, rough haired, with a wild overgrowth. रूक्ष, खुरखुरा, मोटे रोवें का, जंगल के झाड़ की उपज से पूर्ण।

Shagreen-शैग्रीन्'-*n.* untanned leather usually dyed green. हरे रङ्ग का बिना कमाया हुआ चमड़ा।

Shah-शाह्-*n.* the king of Persia. ईरान (फारस) देश के राजा की उपाधि।

Shake-शेक्-*v. t. & i.* (*p. t.* Shook, *p. p.* Shaken.) to move, to agitate, to cause to tremble, to shiver, to disturb, to weaken, to make tremulous. हिलाना, हलचल मचाना, कँपाना, काँपना, व्याकुल करना, मन्द करना, गिटकरी करना; -*n.* a rapid motion, agitation, clasp of hands. तीव्र कम्प, हलचल, हाथ मिलाकर हिलाना; **To shake about** (to agitate.) हिला देना, अस्थिर करना; **To shake down** (to send or bring by shaking.) हिलाकर भेजना या मँगाना; **To shake in one's shoes** (to tremble with fear.) भय से काँपना; **To shake off** (to get rid of, to be relieved.) मुक्त होना, छुटकारा पाना; **To shake of the dust from one's feet** (to sever all connections with.) सब सम्बन्ध त्याग देना; **To shake one's confidence** (to create doubts.) शंका-युक्त करना; **To shake out** (to empty a vessel of its contents.) बर्तन खाली करना; **To shake up** (to mix together.) मिश्रित करना।

Shakable-शे-कॅ-बल्-*adj.* capable of being shaken. हिलाने योग्य।

Shaker-शे-कर्-*n.* one who or that which shakes. हिलानेवाला।

Shakespearian-शेक्स्-पियरिअन्-*adj.* relating to Shakespeare or his works. महाकवि शेक्सपियर या इनकी रचनाओं से सम्बन्धित।

Shakily-शे-किलि-*adv.* in a shaky manner. अस्थिरता से; **Shakiness** (-नेस्) -*n.* the state of being shaky. ढीलापन, अस्थिरता।

Shaking-शे-किङ्ग्-*n.* agitation, trembling. व्याकुलता, थर्राहट।

Shako-शैं-कॅ-*n.* a kind of military hat. एक प्रकार की फ़ौजी टोपी।

Shaky-शे-कि-*adj.* uncertain, fickle. अस्थिर, चंचल, ढीला।

Shale-शेल्-*n.* a kind of stone which readily splits into thin plates. एक प्रकार का पत्थर जो सहज में परतों में टूट जाता है।

Shall-शैल्-*v. aux.* (*p. t.* Should.) an auxiliary verb indicating future tense. भविष्य-काल-सूचक सहायक क्रिया—गा।

Shalloon-शलून्-*n.* a light woollen fabric for coat linings. कोट के अस्तर का हल्का ऊनी कपड़ा।

Shallop-शैलप्-*n.* a kind of small boat. एक प्रकार की हलकी छोटी नाव।

Shallot-शलॉट्-*n.* a plant like onion. प्याज की तरह का एक पौधा।

Shallow-शैं-लो-*adj.* having little depth, trivial, superficial, not wise. छिछला, तुच्छ, ओछा, मूर्ख; -*n.* a shoal, a place over which the water is not deep. मछलियों के टिकाव की जगह, छिछले जल का स्थान; **Shallow brained** (weak in intellect.) कम बुद्धि का।

Shallowly-शैं-लो-लि-*adv.* with little depth. कम गहराई में; **Shallowness** (-नेस्) -*n.* the quality of being shallow. छिछलापन, तुच्छता।

Shalt-शैल्ट्-*second pers. sing.* of Shall.

Shaly-शे-लि-*adj.* folding. परतदार।

Sham-शैम्-*v. t. & i.* (*p. t.* Shammed.) to make false pretences, to feign, to cheat,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

झूठा बहाना करना, छलना, धोखा देना;-*n.* fraud, imposture, pretence. छल (कपट), पाखण्ड, बहाना;-*adj.* counterfeit, false, pretending. जाली, कपटी, झूठा बहाना करनेवाला।

Shamble-शैम्बल्-*v. i.* to walk or run in an awkward manner. भद्दी तरह से चलना या दौड़ना;-*n.* a shambling gait. भद्दी चाल, लचककर चलना।

Shambles-शैम्बल्ज़्-*n. pl.* a place where butchers kill animals, a slaughter-house. वधस्थान, कसाईखाना।

Shambling-शैम्-बलिङ्ग्-*adj.* moving in an awkward manner. भद्दी चाल से चलनेवाला।

Shame-शेम्-*n.* feeling of humiliation, disgrace, restraint caused by humiliation. लज्जा, अपमान (कलंक), अपमान द्वारा उत्पन्न संयम की भावना;-*v. i.&t.* to cause to blush, to be ashamed. सकुचाना (लज्जित होना), लज्जित करना; To put to shame (to disgrace.) लज्जित करना।

Shamefaced-शेम्' - फ़ेस्ड्-*adj.* shy, bashful, modest. लज्जित, लज्जायुक्त, संकोची; Shamefacedly (-लि)-*adv.* in a shameful manner. लज्जा से, संकोच से; Shamefacedness (-नेस्) -*n.* bashfulness. संकोच।

Shameful-शेम्-फुल्-*adj.* causing shame, indecent. लज्जाकर, लज्जालु; Shamefully (-लि) -*adv.* in a shameful manner. लज्जा-सहित. Shamefulness (-नेस्) -*n.* the quality of being shameful. लज्जा।

Shameless-शेम् - लेस्-*adj.* wanting in modesty. निर्लज्ज; Shamelessly (-लि)-*adv.* in a shameless manner. लज्जा छोड़कर; Shamelessness (-नेस्)-*n.* the quality of being shameless. निर्लज्जता।

Shammer-शैमर्-*n.* an impostor. छली।

Shammy, Shamoy-शैमि (-मॉय्)-*ns.* a leather prepared from the skin of chamois. पहाड़ी बकरे (साबर) का कमाया हुआ चमड़ा।

Shampoo-शैम्पू - *v. t.* to rub, to massage and rub the body after hot bath, to wash the hair of the head. रगड़ना, मालिश करना, साबुन से मस्तक का बाल धोना;-*n.* a shampooing of the head. मस्तक धोने का कार्य।

Shampooer-शैम्पूअर्-*n.* one who massages the limbs. मालिश करनेवाला।

Shampooing-शैम्पू - इङ्ग् - *n.* the act of massaging. मालिश।

Shamrock-शैम्'-रॉक्-*n.* a kind of trefoil. एक प्रकार की तिनपतिया घास।

Shandrydan-शैन्ड्रि-डैन्-*n.* a kind of two wheeled vehicle. एक प्रकार की दोपहिया की गाड़ी।

Shank-शैङ्क्-*n.* the part of leg from knee to ankle, shin-bone, vertical part of a bird's foot, footstalk of flower, shaft of a tool, the middle part of the sole of shoes. टाँग की नली, पिण्डली, पक्षी के पर का खड़ा भाग, फूल के डंठल का निचला भाग, औजार की मूठ, जूते के तल्ले का मध्य भाग; Shanked (-इ) -*adj.* having a shank. डंठलदार।

Shanny-शैं-नि-*n.* a kind of fish found in Europe. एक प्रकार की यूरोप देश की मछली।

Shan't-शैन्ट्-contracted form of 'Shall not' 'शैल्-नॉट्' का छोटा रूप।

Shanty-शैन्टि-*n.* (*pl.* Shanties.) a hut, a mean dwelling. कुटी, झोपड़ी, मड़ई।

Shapable-शेंपे-बल्-*adj.* able to be moulded. ढालने या गढ़ने योग्य।

Shape-शेप्-*v.t.&i.*(*p.t.* Shaped, *p.p.* Shaped, Shapen.) to construct, to mould, to form, to devise or regulate. आकार धारण करना, बनाना, ढालना, रचना, नियम पर चलना; -*n.* external form of a thing, appearance, sort, expression, proper condition. आकार, मूर्ति, प्रकार, रूप, उचित स्थिति।

Shapeless-शेप्'-लेस्-*adj.* devoid of regular form. निराकार, कुरूप; Shapelessly (-लि) -*adv.* निराकार रूप में; Shapelessness (-नेस्) -*n.* the quality of being shapeless. निराकार अवस्था या गुण।

Shapeliness-शेप्'-लि - नेस् -*n.* well shaped form. सुरूपता।

Shapely-शेप्'-लि-*adj.* (*comp.* Shapelier, *sup.* Shapeliest.) well-shaped, symmetrical. सुरूप, सुडौल।

Shaper-शेपर्-*n.* a turning machine. खरादने की कल।

Shard-शार्ड् (Sherd-शर्ड्)-*n.* a piece of cow-dung. गोबर का चोथ।

Share-शेअर्-*n.* portion, part allotment, part which one gets, the blade of a plough. अंश, भाग, हिस्सा, हल का लोहे का फल (फार);-*v. t. & i.* to part among others in due proportion, to divide, to give away part of, to partake with others. विभाग करना, बाँटना, हिस्सा देना, सहकारी होना; Fair share (equitable portion.) उचित अंश; Lion's share

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(the largest portion.) सबसे अधिक भाग: To share out (to apportion.) बाँट देना।

Shareholder-शेअर्-होल्ड्-अर्-*n.* an owner of shares.अंशभागी, साझी, हिस्सेदार।

Sharer-शेअर्'-अर्-*n.* one who participates with another. अंशभागी, हिस्सेदार।

Shark-शार्क्-*n.* a kind of sea-fish, a swindler, a cheat. एक प्रकार की समुद्री मछली, छली मनुष्य, धूर्त;-*v. i. & t.* to cheat, to act with fraud. ठगना, कपट-व्यवहार करना; Shark's mouth (the opening in a mast.) मस्तूल में का छिद्र।

Sharking-शार्किङ्ग्-*n. & v. t.* gathering up by dishonest means, to swallow voraciously. कपट से धन एकत्रित करना, मरभुख की तरह गटकना।

Sharp-शार्प्-*adj.* having a fine edge or point, keen, acute, rugged, pungent, piercing, harsh, severe, clever, painful, sensitive, keen-witted. तीखा, चोखा नुकीला, तीव्र, उग्र, ऊबड़-खाबड़, चरपरा, मर्मभेदी, कर्कश, कठोर, चतुर, पीड़ाकर, क्षिप्रग्राही, तीक्ष्णबुद्धि;-*n.* a fine pointed sewing needle, an acute or shrill sound. सीने की बड़ी नुकीली सूई, कर्कश शब्द; -*adv.* at the proper time. ठीक समय पर।

Sharp-cut-शार्प्'-कट्-*adj.* clearly defined. स्पष्ट रूप से निरूपित।

Sharpen-शार्-प्न्-*v.t.* to make acute or sharp, to grow sharp. तीखा करना, तेज करना, सान रखना।

Sharpener-शार्-प्-नर्-*n.* one who sharpens or excites. चोखा करनेवाला, उत्तेजित करनेवाला।

Sharper-शार्पर्-*n.* a cheat. ठग, धूर्त।

Sharply-शार्प्'-लि-*adv.* in a sharp manner. तीक्ष्णता से, रूखेपन से; Sharpness (-नेस्) -*n.* the quality of being sharp. तीखापन, चोखापन।

Sharp-set-शार्प्'-सेट्-*adj.* eager in appetite. भूखा; Sharpshooter (-शूट्-अर्)-*n.* a rifleman who shoots with exactness. अच्छा निशाना लगानेवाला; Sharp-sighted (-साइट्-एड्)-*adj.* of quick sight. तीक्ष्ण दृष्टिवाला; Sharp-witted (-विट्-टेड्)-*adj.* of acute discerning mind. तीक्ष्ण बुद्धिवाला।

Shatter-शीं-टर्-*v. t. & i.* to break suddenly into pieces, to split, to derange, to destroy. टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना, क्रम बिगाड़ देना, नष्ट करना।

Shatters-शीं-टर्ज़्-*n.pl.* broken fragments. टूटे हुए अंश।

Shave-शेव्-*v. t. & i.* (*p. t.* Shaved, *p.p.* Shaved, Shaven.) to remove hair with razor, to pare the surface of, to cut in thin slices. उस्तरे से मूँड़ना, छीलना, टुकड़े करना;-*n.* having one's beard shaved, trick, deception, hoax. हजामत, मुँड़ाई, दाढ़ी घोंटाई, छल, कपट, धोखा।

Shaveling-शेव्-लिङ्ग्-*n.* a shaven person, a monk or friar. सिर मुँड़ा हुआ मनुष्य, वैरागी

Shaver-शेवर्-*n.*a barber, a youngster, a sharp or extortionate dealer. हजामत बनानेवाला, नाई, छोकरा, महँगा बेचनेवाला व्यापारी।

Shaving-शेविङ्ग्-*n.* the act of removing hair with razor, curled pieces of wood planed off. हजामत बनाने का काम, क्षौर कर्म, छीलन, कतरन; Shaving-brush (a brush used in shaving.) हजामत बनाने की कूची।

Shaw-शॉ-*n.* a small thicket. झाड़ी, छोटा जंगल।

Shawl-शॉल्-*n.* a woollen cloth worn on the shoulders. शाल, दुशाला; Shawl pattern (variegated design like that of oriental shawls.) दुशाले के समान बिनावट का।

Shawm-शॉम्-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

She-शी-*pron. & fem.* (*obj.* Her, *poss.* Hers, Her, *pl.* They.) the female. वह स्त्री, यह स्त्री; She-ass (a female ass.) गदही; She-goat (a female goat, filly.) बकरी; She-sparrow (a female sparrow.) गौरैया।

Sheaf-शीफ्-*n.* (*pl.* Sheaves.) a bundle of stalks tied together lengthwise. गट्ठा, पुलिन्दा;-*v.t.* to make sheaves of. पुलिन्दा या गट्ठर बनाकर बाँधना।

Shealing-शीलिङ्ग्-*n.*a small hut or a cottage. झोपड़ी, कुटी।

Shear-शिअर्-*v. t. & i.*(*p. t.* Sheared, Shore, *p.p.* Sheared, Shorn.) to cut with a sword or shears, to clip with scissors. तलवार से काटना, कैंची से काटना, कतरना।

Shear-bill-शिअर्'-बिल्-*n.* a kind of bird. एक प्रकार का पक्षी।

Shearer-शिअरर्-*n.* one who shears. रोवाँ या बाल काटनेवाला।

Shearling-शिअर्लिङ्ग्-*n.* a sheep once shorn एक बार बाल कतरी हुई भेंड़।

Shears-शिअर्ज़्-*n. pl.* a cutting or clipping

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

instrument with a pair of blades, a strain produced by pressure. कतरनी, कैंची, किसी वस्तु पर दबाव का प्रभाव।

Sheat-fish-शीट'-फ़िश्-*n.* a kind of large fresh-water fish. एक प्रकार की मीठे जल की बड़ी मछली।

Sheath-शीथ्-*n.* a close-fitting case for the blade of tools or weapons, a covering membrane of body. मियान, खोली, शरीर का कोश।

Sheathe-शीद्-*v. t.* to encase, to put into a sheath, to cover. ढाँकना, मियान में रखना, बन्द करना: **Sheathed** (-द्)-*adj.* मियान में रक्खा हुआ; **Sheathing** (-दिङ्ग्) -*n.* the act of encasing in a sheathe. मियान में रखने का कार्य।

Sheathless-शीथ्'-लेस्-*adj.* destitute of sheath. बिना कोष या ढकनी का।

Sheave-शीव्-*n.* the groove in a pulley. पहिये में की गड़ारी।

Sheaves-शीवज़्-*n. pl.* of Sheaf.

Shebeen-शि-बीन्-*n.* a house in which unlicensed liquors are made and sold. वह मकान जहाँ बिना लाइसेंस की मदिरा बनती और बिकती है।

Shed-शेड्-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Shed.) to part with, to throw off, to spread abroad, to give forth, to diffuse. निकालना, फेंकना, फैलाना, बहाना, बिखराना;-*n.* a one-storeyed building for storing goods, cattle, vehicles &c. एकमंजिला मालगोदाम या पशुशाला या गाड़ीखाना।

Shedder-शे-डर्-*n.* one who sheds. फैलानेवाला, गिरानेवाला।

Shedding-शे-डिङ्ग्-*n.* a shed. ओसारा, घर।

Sheen-शीन्-*n.* splendour, brightness, radiance. प्रभा, ज्योति, चमक।

Sheeny-शीनि-*adj.* bright, shining. चमकदार।

Sheep-शीप्-*n.* (*pl.* Sheep.) a woolly ruminant, timid animal (male called-Ram, female-Ewe, young one-Lamb.) मेष, भेड़; Sheep without a shepherd (a crowd without a leader.) बिना नेता की भीड़; To cast sheep's eyes (to glance amorously.) प्रेमदृष्टि डालना; To follow like sheep (to follow imitatively.) सर्वदा अनुसरण करना।

Sheep-cote-शीप्'-कोट्-*n.* an enclosure for sheep. भेड़ बन्द करने का बाड़ा; **Sheep-dog** (-डॉग्)-*n.* a dog trained to tend sheep. गड़ेरिये का कुत्ता; **Sheep-faced** (-फ़ेस्ड्) -*adj.* bashful. लज्जालू, लज्जावान्; **Sheep-farmer** (-फ़ार्मर्)-*n.* a shepherd. गड़ेरिया; **Sheep-fold** (-फ़ोल्ड्)-*n.* a place for confining sheep. भेड़ों का बाड़ा।

Sheepish-शीपिश्-*adj.* like sheep, timid, bashful. भेड़ के सदृश, लज्जालू, डरपोक; **Sheepishly** (-लि)-*adv.* like a sheep, bashfully. भेंड़ी की तरह, भेड़ के समान, लज्जा से; **Sheepishness** (-नेस्)-*n.* bashfulness. भेड़पन, लज्जालुता।

Sheer-शिअर्-*adj.* & *adv.* mere, simple, absolute, outright, perpendicular. केवल, सामान्य, सादा, शुद्ध, निपट, सिधाई में, खड़े बल;-*n.* the curve of a ship's side. जहाज़ के तख्ते का झुकाव;-*v. i.* to move aside. घिसकना, अलग होना; To sheer off (to part company.) साथ छोड़ना।

Sheet-शीट्-*n.* a rectangular piece of linen used over a bed, a flat piece of any thin material, a wide expanse of water, snow &c., expanse, a piece of paper, a newspaper. शय्यावस्त्र, चादर (पत्तर), जल इत्यादि का विस्तार, कागज़ का तख्ता, पाल, समाचारपत्र; -*v. t.* to form into sheets, to cover with sheets. पाल लगाना, चादर से ढाँकना (कफ़नाना)।

Sheet-anchor-शीट्-ऑङ्कर्-*n.* the largest anchor of a ship, chief support. जहाज़ का सबसे बड़ा लंगर, मुख्य आधार।

Sheet-glass-शीट्'-ग्लास्-*n.* a thin glass-plate. शीशे की पतली चद्दर।

Sheeting-शी-टिङ्ग्-*n.* material for sheets. चादर का कपड़ा।

Sheikh-शेख्-*n.* chief of Arab tribe. अरब जाति का अध्यक्ष।

Shekel-शेक्-ल्-*n.* an ancient Jewish coin. यहूदियों का एक प्राचीन सिक्का; (-*pl.*) riches, money. (ब० व०) धन, दौलत।

Sheldrake-शेल्' - ड्रेक्-*n.* a kind of wild duck. एक प्रकार का जंगली बत्तख।

Shelf-शेल्फ्-*n.* (*pl.* Shelves.) a slab of stone or board projecting from the wall or hung on it for keeping things, a projecting cliff. अलमारी (टाँड़), उभड़ी हुई चट्टान।

Shelfful-शेल्फ्'-फ़ुल्-*adj.* full of shelves. अलमारियों से भरा हुआ।

Shell-शेल्-*n.* the hard covering of anything, bomb, inner coffin, outline of a plan, a kind of light boat. छिलका (खोली), बम का गोला, भीतरी कफन, ढाँचा, एक प्रकार की नाव;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

-*v. t. & i.* to remove from shell, to bombard. छिलका उतारना, बम गोले से उड़ाना ; Shell-button (a button made of a metal disk.) कपड़ा चढ़ा हुआ बटन; Shell-proof (प्रूफ़्)-*adj.* proof against projectiles. गोली के वार से बचानेवाला।

Shellac-शे-लॅक् - *n.* lac prepared in thin plates used in making varnish चपड़ा, लाह; -*v.t.* to varnish with shellac. चपड़े की वार्निश लगाना।

Shelled-शेल्ड्-*adj.* having a shell खोलीदार।

Shell-less-शेल्'-लेस्-*adj.* without shells. बिना खोली का।

Shelling-शे-लिङ्ग्-*n.* the act of throwing shells. बम फेंकने का कार्य।

Shelter-शेल्टर्-*n.* refuge, protection, a place of safety, a defender. आश्रय, शरण, रक्षास्थान, शरण देनेवाला; -*v. t. & i.* to defend to protect, to take shelter. रक्षा करना, आश्रय देना, शरण में जाना।

Shelterless-शेल्टर्-लेस् - *adj.* protectionless. निराश्रय।

Shelty-शेल्टि-*n.* a kind of pony, a rude hut. एक प्रकार का टट्टू, छोटी झोपड़ी, मड़ई।

Shelve-शेल्व्-*v. t.* to put on a shelf, to abandon or postpone. टाँड़ पर रखना, त्यागना या टालना; -*v. i.* to slope gently. धीरे-धीरे ढालुआँ होना।

Shelved - शेल्वड् - *adj.* fitted with shelves. तख्तेदार।

Shelving-शे ल्विङ्ग्-*adj.* sloping. ढालुवाँ।

Shelvy-शल्वि-*adj.* full of rocks, sloping, shallow. चट्टानों से पूर्ण, ढालुआँ, छिछला।

Shelves-शेल्वज़्-*n. pl.* of Shelf.

Sheol-शी'-ॲ-ल-*n.* the place of the departed spirits of the dead. प्रेतस्थान।

Shepherd-शेपर्ड्-*n.* (*fem.* Shepherdess-ऍस्) a man who tends sheep, a pastor. गड़ेरिया, चरवाहा; -*v. t.* to tend as a shepherd. गड़ेरिया की तरह भेड़ों की रखवाली करना।

Sheppy-शे-पि-*n.* a cote for sheep. भेड़ रखने का स्थान।

Sherbet-शर्बत्-*n.* a cooling drink composed of water, sugar and lemon juice. शर्बत।

Sherd-शर्ड्-same as Shard.

Sherif (-eef)-शरीफ़् -*n.* the chief magistrate of Mecca. मक्का का प्रधान मजिस्ट्रेट।

Sheriff-शे'रिफ़् -*n.* the chief officer of the crown in a country or shire who administers justice. ज़िले का प्रधान हाकिम।

Sheriffdom-शे'रि-फ़्'-डम्, **Sheriffhood**(-हुड्), **Sheriffship** (-शिप्) -*ns.* the office of a sheriff. ज़िले के प्रधान हाकिम का पद।

Sherry-शे'रि-*n.* white wine of Spain. स्पेन् देश की सफ़ेद मदिरा।

Show-शो-same as Shew.

Shibboleth-शिब्-ॲ-लेथ्-*n.* a test word, behaviour or watch-word of a party, old-fashioned doctrine. परीक्षा शब्द, किसी पन्थ का मुख्य व्यवहार, चिह्न इत्यादि, पुरानी रीति।

Shield-शील्ड् -*n.* an armour of defence, a protective part, one who protects, protection. ढाल, रक्षा करनेवाला भाग, आश्रय, शरण (आड़); -*v. t.* to protect. रक्षा करना, बचाना; The other side of the shield (less obvious aspect of a question.) प्रस्तुत विषय का अनावश्यक अंश।

Shieldless-शील्ड्'-लेस्-*adj.* destitute of protection. निराश्रय।

Shier, Shiest-शाइ'-अर् (-ऍस्ट्)-*comp. & sup.* of Shy.

Shift-शिफ़्ट् -*v. t. & i.* to change from one position to another, to transfer, to substitute, to change form, to manage, to contrive, to put off. (अवस्था या) स्थान बदलना, दूसरे स्थान को जाना, बदलना, प्रयत्न करना, प्रबन्ध करना ;-*n.* change, recourse, rotation. टालना, परिवर्तन, साधन, चक्र; To shift about (to change positions.) एक जगह से दूसरी जगह जाना; To shift one's ground (to take up a new position.) नई स्थिति धारण करना।

Shifter-शिफ़्टर्-*n.* one who plays tricks. कपटी मनुष्य।

Sneaking-स्नीक्' - इङ्ग् -*adj.* mean, greedy. नीच, लालची; Sneakingly (-लि)-*adv.* in a sneaking manner. नीचता से ।

Sneck-स्नेक्-*n.* a latch. अगारी, कुलाबा ।

Sneer-स्निअर्-*v. i. & t.* to utter words ironically, to smile derisively, to show contempt by looks. बोली-ठिठोली बोलना, उपहास करना, तिरस्कार दिखलाना; Sneerer (-अर्)-*n.* one who sneers. उपहास करनेवाला; Sneeringly (-इङ्ग्'-लि)-*adv.* in a sneering manner. उपहास सहित ।

Sneeze - स्नीज़् - *v. i.* to make explosive sound while emitting air suddenly from

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

the nose. छींकना;-*n.* the act of sneezing. छींक, छींकने का शब्द ।

Snick-स्निक्-*v. t.* to make small cut in. छोटा कटाव निकालना; -*n.* a notch. छोटा चिप्पड़ ।

Snicker-स्निकर्-*v. i.* to whinny, to neigh. हिनहिनाना;-*n.* neigh. हिनहिनाहट ।

Snide-स्नाइड्-*adj.* counterfeit. कृत्रिम, बनावटी ।

Snider-स्नाइडर् - *n.* a rifle of old pattern. पुरानी बनावट की बन्दूक ।

Sniff-स्निफ्-*v. i. & t.* to draw up air in an audible manner. शब्द करते हुए नाक से हवा खींचना;-*n.* the act of sniffing. नाक से शब्द करना, नाक की फूँक; **To sniff at** (to show contempt for.) तिरस्कार दिखलाना ; **Sniffy** (-फ़ि)-*adj.* contemptuous. तिरस्कारयुक्त ।

Snigger-स्नि-गर्- *v.i.* to laugh in a half-suppressed manner. अल्पहास करना ।

Snip-स्निप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Snipped.**) to nip or cut with shears or scissors. कैंची से कतरना, छाँटना; -*n.* the act of cutting. कतरने की क्रिया ।

Snipe-स्नाइप्-*n.* a kind of game bird found in marshes. एक प्रकार की दलदल की चिड़िया, चाहा पक्षी; -*v. i. & t.* to shoot snipes, to fire shots from a hidden place specially at night into enemy's camp. चाहा पक्षी का शिकार करना, रात्रि में छिपी हुई जगह से शत्रु पर गोली चलाना ।

Sniper-स्नाइपर्-*n.* a sharp shooter. शत्रु पर अन्धकार में छिपी हुई जगह से आक्रमण करनेवाला ।

Snippet-स्नि-पेट्-*n.* a small fragment. छोटा कटाव, चिप्पड़ ।

Snippety-स्नि-पेंटि-*adj.* fragmentary. कटाव या टुकड़े का ।

Snipping-स्नि' - पिङ्ग् - *n.* a cutting. कटाव, कतरन ।

Snivel-स्नि-वुल् - *v. i.* (*p. t.* **Snivelled.**) to run at the nose, to be lachrymose, to cry like a child. नाक बहना, नाक से कफ निकलना, बच्चे की तरह रोना ; -*n.* running mucus, crying. नाक बहना, रोना, चिल्लाहट; **Sniveller** (-लर्) - *n.* one who snivels. जिसकी नाक बहती हो; **Snivelling** (-लिङ्ग्) -*adj.* crying like a child. बच्चों की तरह चिल्लानेवाला ।

Snob-स्नॉब्-*n.* a vulgar person, a cobbler's man. गँवार मनुष्य, मोची का नौकर; **Snobbish** (-बिश्) - *adj.* resembling a snob. असभ्य के समान ; **Snobbishly** (-लि)-*adv.* in a snobbish manner. असभ्यता से;**Snobbishness** (-बिश्'-नेंस्) -*n.* the quality of being snobbish. असभ्यता का गुण ।

Snood-स्नूड्-*n.* a fillet for hair. जूड़ा बाँधने का फीता ।

Snook-स्नूक्-*n.* a kind of fish, contemptuous gesture with the thumb at the tip of the nose and fingers spread out. एक प्रकार की मछली, नाक पर अँगूठा रखकर तिरस्कार सूचित करने का संकेत ।

Snooker-स्नूकर्-*n.* a game like billiards. एक प्रकार का गेंद का खेल जो टेबुल पर खेला जाता है।

Snooze-स्नूज़्-*v. i. & t.* to take short sleep during the day, to pass time lazily. दिन में झपकी लेना, आलस्य में समय बिताना ; -*n.* a short sleep or nap. झपकी ।

Snore-स्नोर्-*v. i. & t.* to breathe with a rough rattling hoarse noise during sleep. घर्राटा लेना, सोने में नाक से शब्द निकालना ।

Snorer-स्नोरर् - *n.* one who snores. घर्राटा लेनेवाला ।

Snoring-स्नोरिङ्ग्-*n.* a snoring noise. घर्राटे का शब्द ।

Snort-स्नॉर्ट्-*v. i. & t.* to force air through the nostrils making an explosive sound. नाक से शब्द निकालना, घर्घर शब्द करना ।

Snot-स्नॉट्-*n.* mucus from the nose. नाक का कफ ।

Snot-rag-स्नॉट्' - रॅग्-*n.* handkerchief. नाक पोंछने का रूमाल ।

Snotty-स्नॉट्-टि-*adj.* foul with mucus. कफ निकलनेवाला ।

Snout-स्नाउट्-*n.* nozzle, the long projecting nose of a beast. थूथुन, नाक का आगे को उभड़ा हुआ भाग ।

Snow-स्नो-*n.* frozen atmospheric vapour that falls in white flakes. (हिम, तुषार, पाला), बरफ़;-*v. t.* to fall in snow, to play with snow balls. हिम की वर्षा होना (बरफ़ पड़ना), बरफ़ के गेंद से खेलना; **Snow-boots** (boots for walking on snow.) बरफ़ पर चलने का जूता; **Snow-capped** (having a summit of snow.) पर्वत जिसका शिखर बर्फ से ढका हो; **Snow-drop**

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(a white-flowered plant.) सफेद फूल का एक पौधा; Snow-flake (a small mass of snowfall, a snow-bird, a garden plant with flowers like snow-drop, a method of weaving woollen cloth with knots formed on the right side.) हिमपात का एक खण्ड, हिम-पक्षी, हिम-नोंद के समान फूलोंवाला बाग का एक पौधा, दाहिनी ओर गाँठ बनाते हुए ऊनी कपड़े की बिनाई; Snow-plough (-प्लाउ) -*n.* an appliance for removing snow. बरफ काटकर हटाने का यन्त्र ; Snow-white (-ह्वाइट्) -*adj.* white as snow. बरफ के समान सफ़ेद ।

Snowily-स्नो'-इ-लि- *adv.* in a snowy manner. बरफ़ीलेपन से; **Snowiness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being snowy. बरफ़ीलापन; **Snowless** (-लेस्) - *adj.* destitute of snow. बिना बरफ़ का ।

Snowy-स्नो'-इ -*adj.* abounding with snow. बरफ़ीला, हिमपूर्ण ।

Snub-स्नब्'-*v. t.* (*p. t.* Snubbed.) to humiliate, to reprove. नीचा बनाना, अनादर करना, झिड़कना; - *n.* rebuff. झिड़की, गाली; -*adj.* short or turned up. छोटी या ऊपर को मुड़ी हुई ।

Snubbing-स्न - बिङ्ग् - *n.* reproof. झिड़की; **Snubbingly** (-लि) -*adv.* in a snubbing manner. झिड़कते हुए; **Snubnosed** (-नोज़्ड्) -*adj.* of short turned-up nose. चिपटी छोटी नाकवाला ।

Snuff-स्नफ़् -*n.*, *v. i.* & *t.* powdered tobacco inhaled from nose, to smell, to trim the burning wick of a candle. सुँघनी, सुँघनी सूँघना, मोमबत्ती का गुल काटना; To snuff out (to extinguish candle.) मोमबत्ती बुझाना ।

Snuffer-स्न-फ़र् - *n.* one who takes snuff. सुँघनी सूँघनेवाला ।

Snuffers-स्न'-फ़र्ज़्-*n. pl.* tool for cropping the snuff of candle. मोमबत्ती का गुल काटने की कैंची ।

Snuffer-tray-स्न'-फ़र्-ट्रे-*n.* a dish for holding snuffers. गुल-कतरनी रखने की रकाबी ।

Snuffiness-स्न'-फ़ि-नेस्-*n.* the state of being snuffy. मलिनता, गन्दगी ।

Snuffle-स्न-फ़ल्-*v. i.* & *t.* to make a snuffing sound, to speak nasally. नकियाना, नाक से बोलना; -*n.* a snuffing sound. नकियाने का शब्द; **Snuffler** (-अर्) -*n.* one who snuffles. नकियाकर बोलनेवाला ।

Snuffy-स्नफ़्'-फ़ि -*adj.* soiled with snuff. सुँघनी से मलिन किया हुआ ।

Snug-स्नग् -*adj.* sheltered from weather, concealed, comfortable. जलवायु से सुरक्षित, गुप्त, सुख देनेवाला (हितकर) ।

Snuggery-स्न-गरि -*n.* a small secret room. छोटा गुप्त घर ।

Snuggle-स्न-ग्ल्-*v. i.* & *t.* to lie close up for the sake of warmth, to cuddle. सटकर सोना, पास लेटना, बच्चे को शरीर से चिपकाना ।

Snugly-स्नग्'-लि-*adv.* in a snug manner. सुख से, आनन्द से; **Snugness** (-नेस्)-*n.* the state of being snug. आनन्द, स्वस्थता, सुख ।

So-सो-*adv.* & *conj.* thus, in a like manner, similarly, accordingly, therefore. ऐसा, इस प्रकार से, तद्वत्, तदनुसार, इस कारण से; Quite so (exactly so.) हाँ, ठीक; So and so (an individual person.) अमुक, फ़लाँ; So be it (let it be so.) ऐसा ही हो; So called (called by this name.) इस नाम का; So far (up to this time or this point.) अब तक, यहाँ तक; So forth and so on (etcetera.) इत्यादि, वगैरह; So long (up to that time.) तब तक; So long as (with the proviso, on the condition that.) जब तक कि; So many or much (as many or much as is implied or mentioned.) इतना; So-so (only thus, only tolerably.) केवल इस प्रकार, ऐसे-वैसे; So that (therefore.) इसलिये कि, ताकि; So to say or speak (granting that.) मान लिया कि, कहने के लिये ।

Soak-सोक्-*v. t.* & *i.* to suck in a liquid, to steep, to make wet, to drench. भिगोना, सोखना, जल से सींचना, तर करना, भीग जाना; Soaked (-ड्)-*adj.* steeped in water. जल में भिगोया हुआ ।

Soaking-सोक्'-इङ्ग्-*n.* the act of sucking in a liquid, one who drinks much. भीगना, अधिक मदिरा पीनेवाला ।

Soaker-सोक्'-अर्-*n.* one who or that which soaks, a hard drinker. सोखनेवाला, पियक्कड़ ।

Soap-सोप्-*n.* compound of fat and soda used in washing. साबुन; Soap-berry (nut) (-बेर्रि) (नट्)-*n.* a kind of tree. रीठी का वृक्ष; Soap-bubble (-बब्-ब्ल्)-*n.* filmy sphere of soap water. साबुन का बुलबुला; Soap-earth(-अर्थ्)-*n.* steatite. सज्जी; Soapily(-इ-लि)-*adv.* like soap. साबुन की तरह से; Soapiness (-इ-नेस्)-*n.* the

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

state of being soapy. साबुनपन; **Soapless** (-लेस्)-*adj.* without soap. बिना साबुन का।

Soapy-सोपि-*adj.* having the qualities of soap, smeared with soap, containing soap in solution, soft & greasy like soap, resembling soap, ingratiating. साबुन लगाया या पोता हुआ, घोल के रूप में साबुन रखनेवाला, साबुन के समान नरम और चिकना, साबुन के समान, अनुग्रह के लिये संस्तुति करनेवाला।

Soar-सोर्-*v. i.* to fly aloft, to sail in the air without moving wings, to mount at a great height. ऊँचा उड़ना, आकाश में पर खोले हुए मँडराना, बहुत ऊँचे चढ़ना; **Soarer** (-अर्)-*n.* one who soars. ऊपर चढ़नेवाला; **Soaring** (इङ्ग्)-*n.* the act of flying aloft. ऊपर का चढ़ाव; **Soaringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a soaring manner. ऊपर चढ़ते हुए।

Sob-सॉब्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Sobbed.**) to sigh in convulsive gasps. सिसकना; -*n.* convulsive drawing of breath specially in weeping. सिसकी; **Sobbing** (-बिङ्ग्)-*n.* the act of sighing in a convulsive manner. सिसकी; **Sobbingly** (-बिङ्ग्'-लि)-*adv.* in a sobbing manner. सिसकते हुए।

Sober-सो'-बर्-*adv.* not drunk, temperate, moderate, serious, quiet, not passionate. मदिरा न पिये हुए, संयमी, मर्यादायुक्त, गंभीर, शान्त, उद्वेग रहित; -*v. t. & i.* to make or become sober. शान्त करना, उन्माद हटना या हटाना।

Soberize-सो'-बराइज़्-*v. t.* to make sober. संयमी करना या बनाना।

Soberly-सो'-बर्-लि-*adv.* in a sober manner. गम्भीरता से, विचारपूर्वक; **Soberness** (-नेस्)-*n.* the state of being sober. उद्वेग-रहित अवस्था, शान्तिभाव, गंभीरता।

Sobriety-सॅ-ब्राइटि-*n.* the quality of being sober, calmness, gravity, seriousness, steadiness, saneness, moderation in drinks. गम्भीर होने का गुण, शान्ति, आकर्षण-शक्ति, गम्भीरता, स्थिरता, बुद्धिमत्ता, मदिरापान में संयम।

Sobriquet-सो'-ब्रि-के-*n.* an assumed name, a fanciful name, nickname. उपाधि, उपनाम, कृत्रिम नाम।

Socage, Soccage-सॅ-केज्-*n.* feudal tenure of land. खिदमती आराजी।

Sociability-सोशबिलिटि-*n.* the quality of being sociable. मिलनसारी, सुशीलता, सुजनता;

Sociable (-ऍबल्)-*adj.* ready to converse, familiar, liking company; सबसे बोलनेवाला, सङ्गप्रिय, मिलनसार; -*n.* a kind of tricycle. दो मनुष्यों के अलग चढ़ने की तिनपहिया साइकिल; **Sociably** (-लि)-*adv.* in a sociable manner. मिलनसारी से।

Social-सो' शल्-*adj.* living in company, convivial, pertaining to society, interdependent. समाज में रहनेवाला, सामाजिक, सांसर्गिक, परस्पर निर्भर रहनेवाला; **Social democracy** (a political party aiming at improving social status of lower classes.) नीच जाति की सामाजिक स्थिति सुधारनेवाले राजनीतिज्ञ लोगों का वर्ग; **Social status** (social rank.) सामाजिक स्थिति; **Social plants** (plants growing in shrubs.) झाड़ियों में उगनेवाले पौधे; **The social evil** (prostitution.) वेश्यागमन।

Socialism-सो'शलिज़्म्-*n.* the principle that the freedom of the individual should be completely subordinate to the interest of the society. यह सिद्धान्त कि व्यक्तिगत स्वतन्त्रता सामाजिक कल्याण पर सब तरह से निर्भर होनी चाहिये, समाजवाद; **Socialist** (-स्ट्)-*n.* an advocate of socialism. समाजवादी; **Socialistic** (-स्टिक्)-*adj.* pertaining to socialism. समाजवाद का; **Socialistically** (-स्टिकलि)-*adv.* in a socialistic manner. समाजवाद के अनुसार।

Sociality-सोशिलिटि-*n.* socialness. सामाजिकता।

Socialization-सोशलाइज़ेशन्-*n.* the act of socializing. सामाजिक रचना।

Socialize-सोशलाइज़्-*v. t.* to make social. सामाजिक बनाना।

Socially-सोशलि-*adv.* in a social manner. सामाजिक रूप से।

Society-सॅ-साइ'-टि-*n.* (*pl.* **Societies.**) a social community, social mode of living, the upper class of a community, association of persons. समाज, सामाजिक जीवन, उच्च श्रेणी के लोग, जनसमूह (मंडली)।

Societary-सॅ-साइ'-टरि-*adj.* pertaining to society. सामाजिक।

Sociological-सोशिॲलॉजिकल्-*adj.* pertaining to sociology. समाजशास्त्र-सम्बन्धी; **Sociologically** (-लि)-*adj.* in a sociological manner. समाज शास्त्र से सम्बन्ध रखते हुए; **Sociologist** (-जिस्ट्)-*n.* one who is versed in sociology. समाजशास्त्र का अनुयायी;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sociology (-जि) *-n.* the science of the development and laws of human society. समाज-शास्त्र ।

Sock-सॉक्-*n.* (*pl.* Socks.) a short stocking, inner sole of shoe, a kind of light shoe, the blow of a missile. छोटा मोजा, जूते का भीतरी तल्ला, हलका जूता, शस्त्र का आघात;- *v. t.* to fling at. पत्थर या गेंद फेंकना ।

Socker-सॉकर्-*n.* football play. फुटबॉल का खेल ।

Socket-सॉकेट्-*n.* a hollow in which anything is fitted, a candle-stick cavity, a cavity in the body of an animal or man in which a tooth, an eye or a bone is set. गर्त जिसमें कोई चीज बैठाई जाती है, मोमबत्ती बिठाने का गर्त, जन्तु या मनुष्य के शरीर में दाँत, आँख या हड्डी बिठाने का गर्त; Socketed (-एड्) - *adj.* fitted with hollows. गर्त - युक्त ; Socket of the eye (the hollow in which the eye fits.) आँख का गड्ढा ; Socket-pipe (a hole for fitting pipes.) नली बैठाने का छिद्र ।

Socle-सॉकल्-*n.* rectangular block of pedestal. खम्भे के नीचे की चौकी ।

Sod-सॉड्-*n.* a turf, the upper layer of grass and piece of turf cut off. तृण-सहित भूमि का भाग, दूब लगी हुई भूमि की ऊपरी तह ।

Sod-सॉड्-*p. t.* of Seethe. boiled. उबाला ।

Soda-सो'-डा-*n.* a compound of sodium. खार, सोडा ; Soda-water (plain aerated water.) सोडा मिला हुआ जल, सोडा वाटर् ।

Sodality-सो-डॅलिटि - *n.* an association of Roman Catholics. ईसाइयों के रोमन केथोलिक पन्थ की मण्डली ।

Sodden-सॉड्'-न्-*adj.* heavy and moist, seethed, stupid and dull. गीला और भारी, उबाला हुआ, मूर्ख और मन्द ;- *v. t. & i.* (*p. p.* of Seethe.) *adj.* become or mode moist. गीला बना हुआ ; Soddenness ('- नेस्) - *n.* moisture, foolishness. गीलापन, मूर्खता ।

Soddy-सॉ-डि-*adj.* covered with sod. तृण-मय भूमियुक्त ।

Sodic-सॉ'-डिक्-*adj.* pertaining to sodium. सोडिअम-सम्बन्धी ।

Sodium-सो-डि-अम्-*n.* a silver white metal. एक सफेद धातु जो सोडा में पाई जाती है ।

Sodomite-सॅ-डॅ-माइट्-*n.* one who is guilty of sodomy. पुरुषमैथुन करनेवाला, लौंडेबाज ।

Sodomy-सॅडमि-*n.* unnatural copulation between males. पुरुषमैथुन, गुदामैथुन, लौंडेबाजी ।

Soever-सॅ'-एव्र्-*suf.* having an indefinite meaning. अनिश्चित अर्थसूचक प्रत्यय - यथा; Howsoever (in any way.) कैसे भी; Whosoever (any body.) जो कोई इत्यादि ।

Sofa-सो'-फ़ा-*n.* in Eastern countries a raised part of the floor covered with carpets or cushions forming a bench, a long cushioned bench with back and arms, a kind of couch. पूर्वी देशों में कालीन या गद्दे से ढका फर्श का एक ओर को उठा हुआ ऊँचा चबूतरा जो बैठने के बेंच के रूप में प्रयुक्त होता है, गद्देदार ओठङ्गनेवाली लम्बी बेंच, एक प्रकार की पलंग या सेज ।

Soffit-सॉ-फ़िट्-*n.* lower part of an arch or balcony. मेहराब या बरामदे का निचला भाग ।

Soft-सॉफ़्ट्-*adj.* not hard, plastic, smooth to the touch, delicate, malleable, gentle, mild, tender, courteous, of low tone, pleasing to the ear. मृदु, कोमल, चिकना, लचीला, सौम्य, सुकुमार, मधुर; *interj.* wait a moment ! hush ! जरा रुक जाओ ! चुप ! शान्त !; Soft air (air of rainy season.) वर्षाऋतु की वायु; Soft colours (colours that are not dazzling.) हलके रङ्ग ; Soft goods (textiles.) कपड़े ; Soft-hearted (compassionate.) कोमल हृदय का, दयालु, रहमदिल ; Soft manners (good temper or manners.) शिष्ट आचरण ; Soft palate (hinder part of palate.) तालु का पिछला भाग ; Soft water (water free from mineral salts.) ऐसा जल जिसमें क्षारीय पदार्थ तथा नमक का अंश न हो, नरम जल ।

Soften-सॉफ़्न्-*v. i. & t.* to become or make soft, to mollify, to alleviate, to palliate. कोमल होना या करना, दयायुक्त होना या करना ।

Softener-सॉफ़्-नर्-*n.* he who or that which softens. कोमल करनेवाला ।

Softening-सॉफ़्निङ्ग्-*adj.* the act of making softer. शान्तिकर, शमन करनेवाला ।

Softiness-सॉ-फ़िट्-नेस्, **Softness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being soft. मृदुता, कोमलता ।

Softly-सॉफ़्ट्' - लि-*adv.* in a soft manner. कोमलता से, मृदुता से ।

Softy-सॉफ़्टि-*adj.* somewhat soft. कुछ कोमल ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sogginess-सॉ-गि नेस्-*n.* the state of being soggy. गीलापन।

Soggy-सॉ-गि-*adj.* saturated, boggy. गीला किया हुआ, तर, दलदली, नरम।

Soho-सॅ-हो'-*interj.* used for quietening horse &c. घोड़े इत्यादि के शान्त करने का शब्द, चुमकार।

Soil-सॅ-इल्-*n.* the ground, the upper stratum of earth, land, stain, tarnish, defilement. भूमि (प्रदेश), पृथ्वी की ऊपरी परत, स्थल भाग, धब्बा, मैल का दाग या निशान, मलिनता;-*v. t. & i.* to make dirty, to stain, to defile, to feed cattle on green fodder. मैला करना, दूषित करना, कलङ्कित करना, पशुओं को हरा तृण खिलाना; **Fertile soil** (productive land.) उर्वरा (उपजाऊ) भूमि; **Native soil** (birthplace.) जन्म-भूमि; **Night-soil** विष्ठा, पायखाना; **Waste soil** (unproductive ground.) ऊसर भूमि।

Soilless-सॅइ-ल्'-लेस् - *adj.* destitute of soil. बिना उपजाऊ मिट्टी का, स्वच्छ, बिना धब्बे का।

Soiree-स्वा-रे-*n.* a social gathering especially in the evening. मित्रमण्डली का सन्ध्या का जमघट।

Sojourn-सॅ-जर्न्'-*v. i.* to dwell for a short time in a place. थोड़े समय के लिये कहीं पर ठहरना, डेरा डालना;-*n.* a temporary stay. अस्थायी (गैर मुस्तकिल) डेरा, प्रवास।

Sojourner-सॅजर्नर्-*n.* a temporary resident. प्रवासी, यात्री; **Sojourning** (-इङ्ग्) - *n.* staying for a short time. अल्पकाल के लिये निवास; **Sojournment** (-मेन्ट्) -*n.* temporary residence. थोड़े समय के लिये डेरा।

Sol-सॉल्-*n.* the fifth note of the octave. सप्तक का पाँचवाँ स्वर—"प"।

Sola-सो'-ला-*n.* a pithy-stemmed plant which grows in the marshes. खुखड़ी; **Sola topi.** (hat) hat made of pith. खुखड़ी की बनी हुई टोपी।

Solace - सॅ - लेस् - *n.* comfort in grief or disappointment. आश्वासन, धीरज, ढाढ़स; -*v. t.* to console, to comfort. सन्तुष्ट करना, आश्वासन (धीरज) देना; **Solacement** (-मेन्ट्) -*n.* act of solacing. सान्त्वना।

Solacious-सॅ-ले'-शस् -*adj.* giving pleasure. आनन्ददायक।

Solanum-सॅ-ल्'-अ-नम्- *n.* a potato or nightshade genus grown for medicinal purposes. दवा के काम के लिये उगाया गया आलू या धतूरे की जाति का पौधा।

Solar-सो'-लर्-*adj.* relating to or concerned with the sun. सौर, सूर्य-सम्बन्धी; **Solar eclipse** (eclipse of the sun.) सूर्यग्रहण; **Solar flower** (flower that remains open only for some hours in the day.) सूरजमुखी का फूल; **Solar month** (one twelfth of the year.) सौर मास; **Solar system** (the sun and heavenly bodies.) सौरमण्डल।

Solarism - सो' - लरिज़्म् - *n.* belief in solar myths. सूर्य-सम्बन्धी पौराणिक कथाओं में विश्वास; **Solarist**-(-इस्ट्)*n.* one who believes in solarism. सूर्य-सम्बन्धी पौराणिक कथाओं में विश्वास करनेवाला।

Solarium--सॅले'-रि-अम्-*n.* the place where sun's rays are utilized in the treatment of diseases. रोग-निवृत्ति के लिये सूर्य की किरणों के सेवन करने का स्थान या घर।

Solarization-सोलराइज़ेशन्-*n.* the act of solarizing. सूर्य की किरणों से नष्ट करने की क्रिया।

Solarize-सो'-लरा-इज़्-*v. t.* to spoil by sun's rays. सूर्य की किरणों से नष्ट करना।

Solatium-सॅ-ले-शि' - अम् - *n.* anything given for consolation. शान्त करने के लिये दिया हुआ पदार्थ।

Sold-सोल्ड्-*p.t. & p. p.* of Sell; -*adj.* disposed of by sale. बेच डाला गया।

Solder-सोल्डर्-*n.* a fusible alloy used for joining metals. धातु जोड़ने का टाँका;-*v. t.* to unite metals by solder. टाँका लगाना, टाँके से जोड़ना; **Hard solder** (solder which melts in very strong heat.) तेज़ आँच में गलनेवाला कड़ा टाँका; **Soft-solder** (solder which melts in moderate heat.) कम आँच में गलनेवाला टाँका; **Soldering-iron** (a tool for soldering.) टाँका लगाने की हथौड़ी।

Soldier-सोल्जर्-*n.* one who is engaged in military service, a brave warrior, the member of an army. सैनिक, योद्धा, फ़ौज का सिपाही;- *v. i.* to serve as a soldier. सैनिक का कार्य करना; **Every inch a soldier** (a true warrior.) सब प्रकार से (पूर्ण रूप से) सच्चा योद्धा; **Old soldier** (experienced person, empty bottle.) अनुभवी मनुष्य, छूछी बोतल; **Soldier of fortune** (ready to take

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

service anywhere.) कहीं भी युद्ध सेवा करने को तैयार।

Soldiering-सोल्जरिङ्ग्-*n.* the business of a soldier. सैनिक वृत्ति।

Soldierly-सोल्जर्लि-*adj.* like a soldier, brave. सैनिक की तरह का, वीर; **Soldierlike** (-लाइक्) -*adj.* like a soldier. योद्धा की तरह; **Soldiership** (-शिप्) -*n.* military qualities. सैनिक के गुण; **Soldiery** (-इ)-*n.* the soldiers of a state. किसी राज्य का सैन्य दल।

Sole-सोल् - *n.* the lower surface of foot, bottom of shoe or boot, bottom of a thing. पैर का तलवा, जूते का तल्ला, पेंदी; **Soled** (-ड्) -*adj.* having soles. तल्लेदार ; **Sole-leather** (leather used in soles of shoes.) जूते के तल्ले का चमड़ा ; **Sole plate** (the main bottom-plate of machines.) यन्त्र (इञ्जिन इत्यादि) की पेंदी।

Solecism-सॅ-लि-सिज़्म् - *n.* blunder in speaking or writing. बोलने या लिखने में अशुद्ध प्रयोग, व्याकरण की अशुद्धि।

Solecist-सॅ-लि-सिस्ट् - *n.* one who commits solecism. बोलने या लिखने में अशुद्ध प्रयोग करनेवाला; **Solecistic** (-इक्), **Solecistical** (-इकल्)-*adjs.* of incorrect speech or writing. अशुद्ध वाणी या लेख सम्बन्धी।

Solely-सोल्'-लि - *adv.* alone, singly. अकेला, पृथक्।

Solemn-सॉलम् - *adj.* sacred, performed in due form, full of importance, grave, deliberate, pompous. पवित्र, विधि (संस्कार) पूर्ण, महत्त्वपूर्ण, गम्भीर, निश्चयपूर्वक, ऐश्वर्ययुक्त; **Solemnness** (-नॅम्) also **Solemness** - *n.* gravity. गम्भीरता; **Solemn occasion** (serious occasion, time of festivity.) महत्त्वपूर्ण अवसर, उत्सव का दिन ; **Solemn promise** (serious promise.) दृढ़ प्रतिज्ञा।

Solemnity-सॅ-लॅम्'-नि-टि-*n.* gravity, seriousness, a religious ceremony, impressiveness. गुरुता, गम्भीरता, धार्मिक क्रिया, प्रभावपूर्णता।

Solemnization-सॅ-लम्नाइज़ेशन्-*n.* the act of solemnizing. उत्सव, धूमधाम।

Solemnize-सॅ-लम्नाइज़्'-*v. t.* to make solemn, to celebrate. शास्त्र के अनुसार अनुष्ठान करना, उत्सव मनाना ; **Solemnizer** (-अर्)-*n.* one who performs a solemn rite. धार्मिक संस्कार करनेवाला।

Solemnly-सॉ-लम्-लि-*adv.* in a solemn manner. गम्भीरता से।

Solen-सॉ' - लॅन्- *n.* a kind of mollusc. एक प्रकार का घोंघा।

Solenoid-सॅ-लिनॉ -इड् - *n.* a magnet made by coiling a wire round a cylinder and passing electricity through it. गड़ारी पर लपेटा हुआ तार जिसमें से बिजली की धारा दौड़ाने पर इसमें चुम्बक की शक्ति आ जाती है।

Solferino-सॅ- ल्फ़ॅ - रीनॅ - *n.* a kind of red colour. एक प्रकार का लाल रङ्ग।

Solicit-सॉ-लि-सिट्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Solicited.** to make request to, to importune, to try to obtain, to entice. सविनय प्रार्थना करना, माँगना, इच्छा करना, ललचाना।

Solicitant-सॉ-लि-सिटन्ट्-*n.* one who solicits. प्रार्थी, विनती करनेवाला।

Solicitation-सॉ - लि - सिटेशन् - *n.* earnest request. प्रार्थना, याचना, विनती।

Solicitor-सॉ-लि - सिटर् - *n.* a legal adviser. क़ानूनी सलाह देनेवाला, सालिसिटर्; **Solicitorship** (-शिप्) -*n.* the office of a solicitor. सालिसिटर का पद।

Solicitous-सॉ-लि-सि-टस्-*adj.* anxious, desirous. उत्सुक, उत्कण्ठित; **Solicitously** (-लि) -*adv.* in a solicitous manner. उत्कण्ठा सहित, व्यग्रता से।

Solicitude-सॉ-लि-सि-ट्यूड्-*n.* anxiety, carefulness. (उत्कण्ठा) चिन्ता, सावधानी।

Solid-सॉ-लिड् - *adj.* whole, compact, uninterrupted, firm, strong, valid, profound, substantial, undivided, reliable, genuine. समूचा, घना, ठोस, अबाध, बिना रुकावट का, दृढ़, पुष्ट, सप्रमाण, गम्भीर, तत्त्व-पूर्ण, अविभक्त, विश्वास के योग्य, सच्चा, शुद्ध, खरा;-*n.* a solid figure. ठोस आकृति; **Solid angle** (an angle formed by three or more plane angles in different planes meeting at one point.) ठोस कोना; **Solid contents** (compact matter.) घना या अविभक्त पदार्थ ; **Solid number** (integer with three prime factors, number concerned with solids.) पूर्णाङ्क।

Solidarity-सॉ-लिडॅ-रि - टि - *n.* consolidation of interests. रुचियों की घनिष्ठता।

Solidifiable-सॉ-लिडिफ़ाइ-अ-ब्ल्- *adj.* able to be solidified. ठोस बनाने योग्य।

Solidification-सॉलिडिफ़िकेशन्-*n.* the act of solidifying. घनीकरण, ठोस बनाने का कार्य।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Solidify-सॉ-लिडि-फ़ाइ- *v. t. & i.* (*p. t.* Solidified) to make or become solid. ठोस बनाना या होना।

Solidity-सॉ-लिडि'-टि-*n.* compactness. घनता, ठोसपन।

Solidly-सॉ-लिड्'-लि-*adv.* in a solid manner. घनता से, दृढ़ता से।

Solidness-सॉ-लिड्-नेस्-*n.* solidity. ठोसपन।

Solidungular-सॉलि-ड-ङ्-न्यु-लर्, **Solidungulate** (-लेट्), **Solidungulous** (-लस्)-*adjs.* having uncloven hoofs. ठोस खुरवाला।

Solifidian-सॅलिफ़िडिअन्-*n.* one who holds that faith alone suffices for justification. यह माननेवाला कि विश्वास से ही पाप से छुटकारा मिलता है।

Soliloquize-सॅ-लिलॅ-क्वाइज़्-*v. i.* to utter soliloquies. स्वगत भाषण करना।

Soliloquist-सॅ-लिलॅ-क्विस्ट्-*n.* one who soliloquizes. स्वगत-भाषण करनेवाला।

Soliloquy-सॅ-लिलॅ'-क्वि-*n.* (*pl.* Soliloquies.) talking to oneself, with no regard to the presence of others. स्वगत भाषण, अपने आप बकना।

Soliped-सॉल्'-इ-पेड्-*adj. & n.* an animal with solid hoofs. ठोस खुरवाला पशु।

Solipsism-सॉ-लिप्सिज़्म्-*n.* the doctrine that self alone is the object or source of real knowledge. यह सिद्धान्त कि आत्मा ही सच्चे ज्ञान की वस्तु या साधन है।

Solitaire-सॉलिटेअर्-*n.* ear-ring or stud of a shirt with only one gem. एक रत्न का कान इत्यादि का आभूषण।

Solitarian-सॉलिटरिअन्-*n.* a hermit. यति, संन्यासी।

Solitarily-सॉलिटरिलि-*adv.* in a solitary manner. निर्जनता से; **Solitariness** (-टरिनेस्)-*n.* the state of being solitary. निर्जनता, अकेलापन; **Solitary** (-टरि)-*adj.* lonely, secluded, single. निर्जन, एकान्त, असहाय (अकेला); **Solitary confinement** (isolation in a separate cell in prison.) बन्दीगृह में अकेले बन्द करना।

Solitude-सॉलि-ट्यूड्-*n.* a lonely place, seclusion from society. निर्जनता, एकान्तवास, अकेलापन।

Solivagant-सॅ-लिव्गन्ट्-*adj.* wandering alone. अकेला घूमनेवाला।

Solo-सो'-लो-*n.* (*pl.* Solos.) a song sung by one person, a musical performance by one man. अकेले का गीत, अकेले बाजे का राग।

Soloist-सो'-लॅ-इस्ट्-*n.* the performer of solo. अकेला गाने-बजानेवाला।

Solo-flight-सो'-ल-फ़्लाइट्-*n.* flying alone in an aeroplane. हवाई जहाज पर अकेले उड़ना।

Solon-सो'-लॅन्-*n.* a wise legislator. बुद्धिमान न्यायाधीश।

Solstice-सॉल्'-स्टिस्-*n.* the point at which the sun is farthest from the equator and appears to pause before receding. अयनान्त, अयनकाल; **Summer solstice.** उत्तरायण सूर्य, कर्क संक्रान्ति; **Winter solstice.** दक्षिणायन सूर्य, मकर संक्रान्ति।

Solstitial-सॉल्-स्टिश्'-अल्-*adj.* pertaining to solstice. अयनान्त-सम्बन्धी।

Solubility-सॉल्युबिलिटि-*n.* solubleness. गलने की योग्यता, गलाव।

Soluble-सॉ-ल्यु-बूल्-*adj.* capable of being dissolved in some liquid. किसी द्रव में घुलने या घुलाने योग्य; **Solubleness** (-नेस्)-*n.* the state of being soluble. घुलने या घुलाने की योग्यता।

Solus-सोलस्-*adj.* (*fem.* Sola.) alone. अकेला, बिना किसी दूसरे के साथ।

Solution-सॅ-ल्यूशन्-*n.* the act of dissolving or being dissolved, separation, resolution, removal of doubt, explanation, method of solving a puzzle or question. घुलाव या घोल, अलगाव, साधन, संयोग, सन्देहनिवृत्ति, व्याख्या, उपपत्ति; **Chemical solution** (that involving change in chemical properties. पिघलाव जिसमें रासायनिक परिवर्तन होता है; **In solution** (in the act of dissolving.) घुलनशील अवस्था में।

Solutive-सॉ-ल्यु-टिव्-*adj.* loosening, laxative. ढीला या मुलायम करनेवाला।

Solvability-सॉल्व्बिलिटि-*n.* solvableness. साधन योग्यता।

Solvable-सॉल्व्-बूल्-*adv.* that may be solved. व्याख्या करने योग्य, उत्तर निकालने योग्य।

Solve-सॉल्व्-*v. t.* to dissolve, to loosen, to explain, to separate the parts, to find answer to a problem. घुलना, घुलाना, ढीला करना, व्याख्या करना, अंशों को अलगाना, साधना; **To solve a doubt** (to remove a doubt.) सन्देह दूर करना; **To solve a question** (to find an answer to a problem.) प्रश्न का उत्तर निकालना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Solvency-सॉल्व्न्सि-*n.* the ability to pay all debts. सब ऋण चुकाने की योग्यता।

Solvent-सॉल्व्नेन्ट्-*adj.* having the power of dissolving or forming a solution, having money enough to pay off debts or claims. घुलाने की शक्तिवाला, ऋण चुकाने के योग्य; -*n.* anything that dissolves another. द्रावक।

Solver-सॉल्व्र्-*n.* one who solves. साधनेवाला।

Somatic-सॅमीटिक्-*adj.* physical, corporeal. शारीरिक (दैहिक), शरीर-सम्बन्धी।

Somato-सो'-मी-टॅ-*pref.* in sense of 'bodily.' 'शारीरिक' अर्थ का उपसर्ग।

Somatogenic-सो'-मी-टॅ-जे'-निक्-*adj.* producing in the body. शरीर में उत्पन्न करनेवाला; **Somatology** (-लॅजि)-*n* the doctrine of material substance. भौतिक विज्ञान।

Sombre-सॉम्बर्-*adj.* dark, gloomy, dismal, melancholy. काला, अँधेरा, मलिन, उदासीन; -*v. t. & i.* to make gloomy and dark. उदासीन बनाना, अँधेरा करना; **Sombrely** (-लि)-*adv.* in a gloomy manner. मलिनता से; **Sombreness** (-नॅस)-*n.* the state of being gloomy. श्यामता, अँधेरापन।

Sombrero-सॉम्ब्रे-रॅ-*n.* a kind of felt hat with broad rim. चौड़े किनारे की एक प्रकार की अँग्रेज़ी टोपी।

Sombrous-सॉम्'-ब्रस्-*adj.* gloomy. काला, धुँधला; **Sombrously** (-लि)-*adv.* in a sombrous manner. धुँधलेपन से; **Sombrousness** (-नॅस)-*n.* the quality of being gloomy. धुँधलापन।

-som,-some-सम्-*suf.* forming adjectives in the sense of "productive of." "उत्पन्न करनेवाला" अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय।

Some-सम्-*adj., pron. & adv.* a certain quantity or number, a little, about, a particular person or thing, to a certain extent, not quite. कुछ, थोड़ा, प्रायः, अमुक, कोई, अल्प; **Somebody** (-बॉडि)-*n.* an unknown person. कोई एक व्यक्ति; **Somehow** (-हाउ)-*adv.* one way or the other. किसी न किसी प्रकार से; **Somehow or other** (in some form.) किसी न किसी रीति से।

Somersault-समर्'-सॉल्ट्-*n.* a leap in which a person turns heels over head in the air. कुदान, कलया; -*v. i.* to turn somersault. हवा में कलैया खाना; **Somerset** (-सेट्)-*v. t.* to cause to somersault. हवा में कलैया खिलाना।

Something-सम्'-थिङ्ग्-*n.* an unknown event, an unknown substance, a portion. अज्ञात घटना, अज्ञात वस्तु, अंश; -*adv.* in some degree. कुछ, थोड़ा-सा; **Thinks himself something** (thinks highly of himself.) आत्माभिमान रखता है।

Sometime-सम्'-टाइम्-*adv.* once, for sometime formerly. एक बार, पूर्वकाल में, पहिले, किसी समय; **Sometimes** (-स्)-*adv.* now and then, at intervals. कभी-कभी, कदाचित्; **Somewhat** (-व्हाट्)-*adj. & n.* more or less, something. किञ्चित्, थोड़ा, किसी अंश में, कुछ; **Somewhere** (-व्हेअर्)-*adv.* in some unknown place. कहीं पर।

Somite-सो'-माइट्-*n.* segment of animal body. जंतु के शरीर का अंश या भाग।

Somnambulate-सॉम्-नॅम्'-ब्युलेट्-*v. i.* to walk in sleep. नींद में चलना-फिरना; **Somnambulation** (-लेशन्)-*n.* walking during sleep. निद्रा-भ्रमण, नींद में चलना-फिरना; **Somnambulator** (-लेटर्)-*n.* a sleep-walker. निद्रा में घूमने-फिरनेवाला; **Somnambulism** (-लिज़्म्)-*n.* habit of walking during sleep निद्रा-भ्रमण की आदत, नींद में चलने-फिरने लगना; **Somnambulist** (-लिस्ट्)-*n.* one who has the habit of walking in sleep. नींद में चलने-फिरने की आदतवाला, स्वप्नचारी।

Somni-सॉम्'-नि-*pref.* in sense of 'sleep'. 'निद्रा' अर्थ का उपसर्ग; **Somniferous** (-फ़रस)-*adj.* causing sleep. निद्राजनक, नींद लानेवाला; **Somnific** (-फ़िक्)-*adj.* tending to induce sleep. नींद लानेवाला; **Somniloquism** (-लॅक्विज़्म्)-*n.* habit of talking in sleep. नींद में बातें करने की आदत; **Somniloquist** (-लॅक्विस्ट्)-*n.* one who talks in sleep. निद्रा में बातें करनेवाला; **Somniloquy** (-लॅ-कि)-*n.* habit of talking in sleep. निद्रा में बातें करने की आदत; **Somnipathy** (-पीं-थि)-*n.* hypnotic sleep. मनःप्रेरित निद्रा।

Somnolence-सॉम्' - नॅ - लॅन्स्-*n.* drowsiness. नींद, तन्द्रा; **Somnolent** (-लॅन्ट्)-*adj.* inducing sleep. निद्रा लानेवाला; **Somnolently** (-लॅन्ट्-लि)-*adv.* drowsily. झपकी या नींद में।

Son-सन्-*n.* (*fem.* Daughter.) male descendant. पुत्र, बेटा; **Son-in-law** (daughter's husband.) जामाता, दामाद; **Son of the soil** (inhabitant of a country.) देशनिवासी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sonancy-सोन् - ऑन् - सि-*n.* the quality of being sonant. उच्चारणत्व।

Sonant-सो-नॉन्ट्-*adj.* & *n.* able to be continuously sounded, a sonant letter. उच्चारण करने योग्य, ऐसा अक्षर।

Song-सॉङ्ग्-*n.* vocal music, singing, the musical cry of certain birds, a short rhymed poem. गायन, गीत (राग), पक्षियों का मधुर शब्द, अनुप्रासयुक्त कविता; **Song-craft** (-क्राफ्ट्)-*n.* the art of song making. गाना बनाने की कला; **Songless** (-लेस्)-*adj.* without song. बिना राग का; **Songster** (-स्टर्) -*n.* a singer, a poet. गानेवाला (गवैया), कवि; **Songstress** (-स्ट्रेस्)-*n. fem.* a female singer. गानेवाली स्त्री।

Soniferous-सॅ-नि-फ़रस्-*adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला।

Sonless-सन्'-लेस्-*adj.* devoid of sons. पुत्र-हीन, बिना सन्तान का।

Sonnet-सॉनेट्-*n.* a poem of fourteen lines, a short lyric. चौदह पंक्तियों का गीत (लघुकाव्य), गीत (गाथा); **Sonneteer** (-इअर्) -*n.* the composer of sonnets. चौदह पंक्तियों की कविता बनानेवाला।

Sonny-स-नि-*n.* a familiar term for a boy. लड़के को पुकारने का शब्द, बेटा।

Sonometer-सॅ-नॅ-मिटर् - *n.* an instrument for testing the hearing power of a deaf person. बहरे मनुष्य की श्रवण-शक्ति नापने का यन्त्र।

Sonorific-सॅ-नो' - रिफ़िक्-*adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला।

Sonority-सॅ-नो'-रिटि-*n.* melodious quality. सुरीलापन।

Sonorous-सॅ-नो'-रस्-*adj.* resonant, producing sound when struck by something imposing. शब्द या ध्वनि करनेवाला, शब्द निकालनेवाला, स्पष्ट (मधुर); **Sonorously** (-लि) -*adv.* in a sonorous manner. ऊँचे स्वर से, स्पष्टता से; **Sonorousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being sonorous. स्पष्टता, मधुरता।

Soon-सून्-*adv.* (*comp.* **Sooner**, *sup.* **Soonest.**) in a short time, not long after, quickly, easily. थोड़े समय में, झटपट, अभी, शीघ्र, तुरत, आसानी से; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Soon as** (shortly, immediately after.) ज्यों ही, शीघ्र ही; **Sooner or later** (early or late.) देर-सबेर, किसी न किसी समय; **Too soon** (very soon.) अति शीघ्र।

Soot-सूट्-*n.* the black substance rising in the smoke of wood, coal &c. in the process of combustion. काजल, कज्जली, कालिख;-*v. t.* to cover with soot. काजल से ढाँकना, काजल लगाना।

Sooth-सूथ्-*n.* truth, fact. सत्य, यथार्थता; **In sooth** (truly.) वास्तव में, सचमुच।

Soothe-सूद्-*v. t.* to calm, to mitigate, to please with soft words, to flatter. शान्त करना, (पीड़ा) कम करना, प्रसन्न करना, चापलूसी करना; **Soother** (-अर्)-*n.* one who pacifies, a rubber teat for soothing babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने का रबड़; **Soothfast** (-फ़ास्ट्)-*adj.* steadfast, truthful. स्थिर, सच्चा; **Soothing** (-इङ्ग्) -*adj.* pacifying. शान्त करनेवाला; **Soothingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a soothing manner. शान्त करते हुए; **Soothsay** (-सें)-*v. t.* to foretell. भविष्य कहना; **Soothsayer** (-सेअर्)-*n.* one who foretells the future. दैवज्ञ, भविष्यवक्ता; **Soothsaying** (-सें-इङ्ग्)-*n.* foretelling. भविष्य-कथन।

Sootily-सूट्-इ - लि-*adv.* in a sooty manner. कालिख से; **Sootiness** (-नेस्)-*n.* the state of being sooty. कालिख; **Sootless** (-लेस्) -*adj.* devoid of soot. बिना कालिख का; **Sooty** (-इ) -*adj.* full of soot. कालिख से भरा हुआ।

Sop-सॉप्-*n.* anything dipped in liquor, something given to pacify. भिगाई हुई वस्तु, शान्त करने के लिये दी हुई वस्तु; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Sopped.**) to steep in a liquid. गीला करना, भिगोना, तर होना।

Soppy-सॉ-पि-*adj.* wet. गीला।

Sophism-सॅ - फ़िज़्म्-*n.* a false argument or statement with a view to deceive. मिथ्या-वाद, वाक्छल, हेत्वाभास; **Sophist** (-इस्ट्)-*n.* a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी, वाक्छल करनेवाला।

Sophister-सॉफ़िस्टर्-*n.* a senior student of some universities. कुछ विश्वविद्यालयों की उच्च कक्षा का विद्यार्थी।

Sophistic-सॅ - फ़िस्टिक् - *adj.* pertaining to sophism. मिथ्यावाद-सम्बन्धी।

Sophisticate-सॅ-फ़िस् - टि - केट्'-*v. t.* & *i.* to mislead, to corrupt, to adulterate, to tamper. छलना, बिगड़ना, भ्रष्ट करना, मिलावट करना; **Sophistication** (-केशन्) -*n.* the act of debasing purity of something. कपट, छल, मिलावट।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sophistry--सॅ-फ़िस्ट्रि-*n.* fallacious reasoning. हेत्वाभास, मिथ्या वादानुवाद, सत्य का आभास।

Soporiferous-सोपॅरिफ़रस - *adj.* tending to produce sleep. निद्राकारी।

Soporific-सोपॅरिफ़िक्-*adj.* sleep producing. निद्राजनक, नींद लानेवाली।

Sopranist-सॅ-प्रानिस्ट -*n.* a soprano-singer. तीव्र स्वर का गायक।

Soprano-सॅ-प्रानो-*n.* (*pl.* Sopranos, Soprani.) the highest singing voice in women & boys, a music in highest voice. औरतों और लड़कों का गाने का सबसे ऊँचा गला या स्वर, सबसे ऊंचे सुर का गीत।

Sora-सो'-रा-*n.* a short-billed marshy bird. दलदल पर विचरनेवाली छोटी चोंच की चिड़िया।

Sorb-सॉर्ब्-*n.* an apple-like tree. सेब के समान एक वृक्ष।

Sorbefacient-सॉर्बिफ़ेशन्ट्-*adj.* & *n.* a medicine which tends to absorb. सोखनेवाली औषधि।

Sorcerer-सो'-सॅरर्-*n.* an enchanter, a wizard, a magician. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर।

Sorceress-सो'-सॅरेस-*n. fem.* a female sorcerer. जादूगरनी, टोना करनेवाली स्त्री।

Sorcery-सो'-सॅरि-*n.* witchcraft. इन्द्रजाल, जादू, टोना।

Sordes-सॉ-र्डीज़्-*n.* foul matter, dregs. मलिन पदार्थ, गन्दगी।

Sordid-सॉर्-डिड्-*adj.* base, mean, dirty, impure, niggardly, squalid. नीच, अधम, मलिन, मैला, लालची, कंजूस; **Sordidly** (-लि)-*adv.* meanly, niggardly. मलिनता से, नीचता से; **Sordidness** (-नेस्) -*n.* the quality of being sordid, meanness, filthiness. नीचता, कंजूसी, मलिनता।

Sore-सोर्-*adj.* severe, distressing, painful. पीड़ायुक्त, क्लेशप्रद, दुःखदायी, कष्ट देनेवाला;-*n.* an ulcer, a boil. घाव, फोड़ा; -*adv.* severely, grievously. अत्यन्त कष्ट से, दुःख से; **Sorely** (-लि)- *adv.* severely. अत्यन्त-(नितान्त), बहुत; **Soreness** (-नेस्) -*n.* painfulness. पीड़ा, व्यथा, कष्ट।

Sorghum-सॉर्'-गम्-*n.* a kind of plant used as fodder. चारा, चरी।

Sorites-सॅ-राइ-टीज़्-*n.* a syllogism in the form of a chain leading to absurdity. मालाकार तर्क जो अशुद्ध बात स्थिर करता है।

Soritical-सॅ-राइ-टिकल् -*adj.* pertaining to sorites. मालाकार तर्क-सम्बन्धी।

Sorosis-सॅ-रो'-सिस-*n.* fleshy soft fruit. मुलायम गुद्देदार फल।

Sorrel-सॉ-रॅ-ल्-*n.* a kind of shrub. एक प्रकार की वनस्पति, चुक, अम्लबेत; -*adj.* of a reddish brown colour. भूरे लाल रंग का।

Sorrily-सॉ-रि-लि-*adv.* in a sorry manner. उदासीनता से; **Sorriness** (-नेस) -*n.* the state of being sorry. उदासीनता।

Sorrow-सॉ-रॅ-*n.* grief or sadness caused by some loss, regret, trouble, misfortune. शोक, खेद, व्यथा, सन्ताप; -*v. i.* to feel sorrow, to grieve. शोक करना, खेद करना।

Sorrower-सॉ-रॅ-अर्-*n.* one who grieves. दुःख करनेवाला।

Sorrowful-सॉ-रॅ-फ़ुल् - *adj.* full of sorrow. दुःखी (उद्विग्न), उदास; **Sorrowfully** (-लि) -*adv.* in a sorrowful manner. उद्वेग या दुःख से; **Sorrowfulness** (-नेस्)-*n.* the state of being sorrowful. उदासीनता।

Sorrowing-सॉ-रॅ-इङ्ग् -*adj.* grieving. दुःख करनेवाला।

Sorry-सॉ-रि-*adj.* regretful, melancholy, wretched, worthless, of poor quality. शोकाकुल, खिन्न, दुःखी, उदास, दीन; In a sorry plight (in a miserable condition.) शोचनीय अवस्था में।

Sort-सॉर्ट्-*n.* kind, species, manner. प्रकार (भेद, जाति), ढंग (रीति);-*v. t.* & *i.* to separate into classes, to select. क्रम में अलगाना, चुनना (मेल मिलाना); A sort of animal (an unknown species of creature.) प्राणी विशेष; Out of sorts (out of order, unwell.)अस्वस्थ, बीमार।

Sortie-सॉर्टि-*n.* a sally of troops. धावा, आक्रमण।

Sortition-सॉर्टिशन्-*n.* casting of lots. चिट्ठी डालकर स्थिर करना।

Sorus-सॉ-र-स्-*n.* (*pl.* Sori.) a cluster or heap. गुच्छा।

Sot-सॉट्-*n.* a fool, one stupefied by drinking, a habitual drunkard. मूर्ख व्यक्ति, शराब पीकर अचेत पड़ा हुआ व्यक्ति, मदोन्मत्त (मतवाला), पियक्कड़; **Sottish** (-इश्)-*adj.* given to drinking. मदिरा पीने की आदत या व्यसनवाला; **Sottishly** (-लि) -*adv.* in a sottish manner. मदोन्मत्तता से; **Sottishness** (-इश्-नेस्) -*n.* stupidity from intoxication. मद्य पीकर मूढ़ता या मूर्खता।

Sou-सू (*pl.* Sous.) -*n.* a French coin.एक फ्रांसीसी सिक्का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Souffle-सू-फ़्ल-*n.* a low sound heard in some parts of the body. शरीर के कुछ अंशों में का मन्द शब्द।

Sough-साउ, सफ़-*n.* a whistling sound made by wind. वायु की सनसनाहट;-*v. i.* to sigh as wind. सन्-सन् शब्द करना।

Sought-सॉट्-*p. t. & p. p.* of Seek. *adj.* searched for, desired. ढूँढ़ा गया, इच्छित।

Soul-सोल्-*n.* the immaterial part of man, intellect, vital principle, essential part, a person, a pattern. शरीरात्मा (प्राण, जीव), बुद्धि, तेज, बल, सार, व्यक्ति, आदर्श; **Animating soul** (immaterial part of man.) जीवात्मा; **Departed soul** (soul of the dead.) प्रेत; **Heart and soul** (all and all, completely, with one's entire energy.) सर्वस्व, पूर्ण रूप से, अपनी पूरी शक्ति या ताकत से; **Souled** (-ड्)-*adj.* furnished with a soul. आत्मा-युक्त; **Supreme soul** (Immortal Soul.) परमात्मा, ब्रह्म।

Soulful-सोल्-फुल - *adj.* appealing to higher emotions. भावपूर्ण; **Soulfully** (-लि)-*adv.* in a soulful manner. भावपूर्णता से; **Soulfulness** (-नेस्)-*n.* the quality of being soulful. भावपूर्णता; **Soulless** (-लेस्) - *adj.* devoid of soul. उत्साहहीन; **Soullessly** (-लेस्-लि)-*a.* spiritlessly. तेजहीनता से; **Soullessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* spiritlessness. सारहीनता।

Sound-साउन्ड्-*adj.* whole, entire, perfect, healthy, solid, right, stout, not deranged. पूर्ण, अखण्ड (समूचा), ठीक, स्वस्थ, ठोस, सत्य, भला-चङ्गा; **Confused sound** (tumult.) कोलाहल; **Sound argument** (valid argument.) दृढ़ तर्क; **Sound flogging** (stout flogging.) गहरी मार; **Sound sleep** (unbroken sleep.) गाढ़ (गहरी) निद्रा; **Sound views** (right opinions.) सच्चे सिद्धान्त।

Sound-साउन्ड्-*n.* the sensation perceived by the ear, noise, articulate utterance. शब्द, ध्वनि, कोलाहल, सार्थक शब्द; - *v. t. & i.* to cause to make a noise, to utter audibly, to play on, to make sign by a sound, to publish. कोलाहल करना, बोलना, बजाना, शब्दों से संकेत करना, प्रकाशित करना।

Sound-साउन्ड्-*n.* a shallow sea. छिछला समुद्र; -*v. t. & i.* to test the depth of the sea, to test, to examine the depth of wound. समुद्र की गहराई नापना, परीक्षा करना, घाव की गहराई नापना।

Sounder-साउन्डर्-*n.* a young wild bear, telegraphic receiving instrument, a sounding apparatus. जङ्गली सूअर का बच्चा, तारबर्की का यन्त्र।

Sounding-साउन्डिङ्ग्-*adj.* making a noise. शोर करनेवाला;-*n.* ascertaining the depth of the sea. समुद्र की गहराई नापना; **Sounding-line** (a line for sounding seas.) समुद्र की गहराई नापने का रस्सा।

Soundings-साउन्ड्'-इङ्ग्ज़् - *n. pl.* the place in the sea which can be sounded. समुद्र का वह भाग जहाँ की थाह लग सके।

Soundless-साउन्ड्'-लेस् - *adj.* incapable of being sounded, unfathomable. थाह न लगाने योग्य; **Soundly** (-लि) -*adv.* heartily, truly. सुख से, सचाई से, दृढ़ता से; **Soundness** (-नेस्) -*n.* the state of being healthy. आरोग्य, स्वास्थ्य।

Soup-सूप् -*n.* a liquid food prepared from flesh, fish or vegetables. जूस, झोल; **Soup-house or kitchen** (an establishment for supplying soup to the poor.) गरीबों को बिना मूल्य भोजन देने का कार्यालय; **Soupy** (-इ)-*adj.* like soup. जूसदार।

Sour-सा-व-र् - *adj.* of acid taste, pungent, peevish, harsh. खट्टा, चटपटा, चिड़चिड़ा, रूक्ष; -*v. i. & t.* to make acid, to make harsh, to turn peevish. खट्टा करना, कर्कश करना, खट्टा होना, चिड़चिड़ा होना।

Source-सोर्स्-*n.* a spring or fountain-head, a place from which something is got, origin, first cause. सोता, उद्गमस्थान, मूल कारण, आदि कारण।

Sourdine-सू-र्डीन्-*n.* the stop of a harmonium. हारमोनियम बाजे का शब्द धीमा करने की कुञ्जी।

Sourish-सा-व-रिश् - *adj.* somewhat sour. कुछ खट्टा; **Sourly** (-लि)- *adv.* acidly, discontentedly. खट्टेपन से, रुखाई से।

Sourness-सावर् - नेस् -*n.* tartness. खट्टापन, रुखाई।

Souse-साउस्-*n.* a pickle prepared with salt, a dip or plunge. नमकीन अँचार, पानी की डुबकी; -*v. t. & i.* to steep in pickle. अँचार में डालना, डुबकी लगाना;-*adv.* headlong. आगे की ओर।

Soutache-सु-टीश्-*n.* a braid used for sewing tenon fabrics. कपड़े में सीने की झालर।

South- साउथ्-*n.* one of the cardinal points opposite to the north. दक्षिण, दक्खिन;-*adj.* situated or looking towards the south. दक्खिन की ओर, दक्षिण दिशा में; **South-east** (the direction between South and East.)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पूर्व दक्षिण का कोण, आग्नेय दिशा; South-west (the direction equally distant from the south and west.) दक्षिण-पश्चिम का कोण, नैर्ऋत्य दिशा Southern (सदर्न्), Southernly (-लि)-*adj* belonging to the south. दक्षिण दिशा का ; Southernmost (-मोस्ट्)-*adj.* farthest south. सुदूर दक्षिण भाग में।

Southward (s)-साउथ्-वर्ड् (स्) towards the south. दक्षिण दिशा में।

Souvenir-सूव्रनीर्-*n.* a thing given or kept as a memento, keepsake. स्मारक पदार्थ, यादगार के लिए दी हुई या रक्खी हुई वस्तु।

Sovereign-सॅव्ह्'-रेन्-*adj.* possessing supreme power, lofty, chief, predominant. विशिष्ट गुण का, प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य;-*n.* a supreme ruler, a monarch, an English gold coin worth one pound. राजा, सम्राट्, महाराज, इँगलैंड की सुवर्णमुद्रा, पाउण्ड ; Sovereign authority (supreme domain.) श्रेष्ठ अधिकार; Sovereign medicine (the most effectual medicine.) परम प्रभावकारी औषधि।

Sovereignly-सॅव्र्-रेन्-लि-*adv.* supremely. विशिष्ट रूप से, श्रेष्ठता से।

Sovereignty-सव्-रेन्-न्टि-*n.* supreme power, dominion. प्रभुत्व (श्रेष्ठत्व), साम्राज्य।

Soviet-सोव्रिएँट्-*n.* one of the party of revolutionaries in Russia. रूस देश के क्रान्तिकारी दल का एक सदस्य।

Sow-सो-*v. t.* (*p. t.* Sowed, *p. p.* Sown.) to scatter seeds on earth for growing, to plant by sowing, to spread. बीज बोना या जमाना, फैलाना।

Sow-सो-*n.* a female hog (*mas.* Boar.) शूकरी, सुअरी।

Sowback-सो'-बॉक्-*n.* low sandy bank. बालू का नीचा किनारा।

Sower-सो'-अर्-*n.* one who scatters seeds for sowing. बीज बोनेवाला।

Sowing-सो'-इङ्ग्-*n.* the act of sowing seeds. बीजों की बुआई।

Soy-सॉय् - *n.* (also Soya.) a kind of sauce made from soya-bean. सोवे से बना हुआ झोल।

Spa-स्पा-*n.* place of mineral spring. खनिज जल की धारा (स्रोत) निकलने का स्थान।

Space-स्पेस् - *n.* distance, interval between points, blank between types or words, interval in time. दूरी, स्थान (अन्तर), टाइप या शब्दों के बीच का स्थान, अवकाश ; -*v. t.* & *i.* to arrange intervals between, to put spaces between. अन्तर लगाना, बीच-बीच में खाली स्थान रखना; Infinite space (infinite sky,) अनन्त आकाश; Intervening space (middle space.) बीच का स्थान ; Pervading all space (filling all around.) सब दिशाओं में व्यापक; Space of time (interval of time.) कालान्तर, अवधि; To space out (to expand space.) अधिक स्थान फैलाना।

Spacer - स्पेसर् - *n.* a device for spacing words in printing, a piece of metal for making a space, one who spaces. छपाई में शब्दों के बीच स्थान या दूरी छोड़ने का साधन या धातु का टुकड़ा, इस प्रकार दूरी छोड़नेवाला।

Spaceless-स्पेस्-लेस्-*adj.* without space. बिना अन्तर का।

Spacial-स्पेशूल् - *adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spacious-स्पे-शस् - *adj.* extensive, enclosing a large space. विस्तीर्ण (विशाल); Spaciously (-लि) -*adv.* extensively. विस्तीर्ण रूप में, फैलावट से; Spaciousness (-नेस्) -*n.* the quality of being spacious. विस्तार, फैलावट।

Spaddle-स्पॉ-डल्-*n.* a small spade. छोटा फरसा।

Spade - स्पेड् -*n.* a shovel, a tool for digging ground, a suit of cards shaped like a heart with a small handle. फावड़ा, कुदाली, ताश में हुकुम का रंग; -*v. t.* to dig with a shovel. कुदाली से खोदना; To call a spade a spade (to speak very plainly.) स्पष्ट बोलना।

Spadeful-स्पेड्-फुल्-*adj.* as much as a spade can hold. कुदाली भरकर।

Spadework-स्पेड्-वर्क्-*n.* hard labour. कठिन परिश्रम।

Spadille-स्पॉ'-डिल् - *n.* the ace of spades. हुकुम की एक्की।

Spadix-स्पे' - डिक्स् -*n.* (*pl.* Spadices.) a fleshy spike of flowers. कँटीले गुच्छों में जमे हुए फूल।

Spado-स्पे-डॅ-*n.* a eunuch. क्लीव, हिजड़ा।

Spake-स्पेक्-*p. t.* (*arch.*) of Speak. बोला।

Spalder-स्पॉल्डर् - *n.* one who clips. चिप्पड़ उखाड़नेवाला।

Spall-स्पॉल्-*v. t.* & *i.* to clip. चिप्पड़ निकालना; -*n.* clippings. चिप्पड़।

Span-स्पॉन्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Spanned.) to stretch from one side to the other, to ex-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

tend across, to bridge. बित्ते से नापना, फैलाना, मेहराब लगाना, पुल बाँधना ; - *n.* full extent, short distance, measure of nine inches, space from end of thumb to the end of little finger when extended, the spread of an arch. विस्तार, फैलाव, नौ इञ्च की लम्बाई, बित्ता, मेहराब की चौड़ाई; Span of life (the full extent of life.) जीवन की अवधि ।

Span-स्पैन्-*p. t. & p. p.* of Spin, काता ।

Spanless-स्पैन् - लेस् - *adj.* without extent. संकुचित, बिना विस्तार का ।

Spangle-स्पैङ्ग्'-ल् -*n.* a small piece of anything sparkling. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा; -*v. t.* to adorn with spangles. चमकीली वस्तु से आभूषित करना ; Spangly (- लि) - *adj.* bright. चमकीला ।

Spaniard-स्पैन्यर्ड्-*n.* a native of Spain. स्पेन देश का निवासी ।

Spaniel-स्पैन्यल्-*n.* a kind of dog with long hairs and ears. एक प्रकार का झबरा कुत्ता ।

Spanish-स्पैनिश्-*adj. & n.* of Spain, language of Spain. स्पेन देश का, इस देश की भाषा ।

Spank-स्पैङ्क्-*v. t. & i.* to strike with open hand on buttocks. चूतड़ पर थप्पड़ मारना; -*n.* a blow. थप्पड़ ।

Spanker-स्पैङ्कर् - *n.* a fast-going horse. तेज दौड़नेवाला घोड़ा ; Spanking (-इङ्ग्) -*adj.* dashing. पीट-पाटकर आगे बढ़ता हुआ ।

Spanner - स्पैं - नर् - *n.* one who spans, an instrument for turning nuts on screws. नापनेवाला, हथकल, ढिबरी कसने या खोलने का औजार या यंत्र ।



Spanners.

Spar-स्पार्-*n.* a crystalline of mineral, a rafter, a stout pole, a boxing match, cockfight. स्फटिक के सदृश एक खनिज पदार्थ, जहाज का मस्तूल, धरन, बल्ला, मुक्केबाजी, मुरगे की लड़ाई; -*v. t.* (*p. t.* Sparred.) to fit with spars, to box, to dispute. मस्तूल लगाना, मुक्की लड़ना, झगड़ा करना ; Spar-deck (-डेक्)-*n.* upper deck of a ship. जहाज की ऊपरी छत; Sparring (-रिङ्ग्)-*n.* preliminary strokes in boxing. मुक्केबाजी, मुठभेड़; Sparry (- रि) -*adj.* abounding in spar. स्फटिक के सदृश खनिज पदार्थसे पूर्ण ।

Sparable-स्पैरबल्-*n.* (also Sparrow-bill.) a headless nail used in the soles and heels of shoes and boots. जूते के तल्ले में जड़ने की बिना माथे की कील ।

Spare-स्पेअर्-*adj. & n.* scanty, frugal, lean. अल्प (थोड़ा), अल्पव्ययी, दुर्बल; -*n.* a small part, a slit at the top of a skirt. अल्प भाग, घाघरे के ऊपरी भाग की दरार ।

Spare-स्पेअर् - *v. t. & i.* to be frugal, to abstain from hurting or killing, to save, to forgive, to forbear. अल्प व्यय करना, रक्षा करना, बचाना, क्षमा करना, सहन करना ।

Sparely-स्पेअर्-लि-*adv.* sparingly. अल्प व्यय से ।

Spareness-स्पेअर्-नेस् - *n.* leanness. अल्पता, दुर्बलता ।

Sparger-स्पार्जर्-*n.* an apparatus for sprinkling. छिड़कने का यन्त्र ।

Sparing-स्पेअरिङ्ग्-*adj.* not plentiful, scanty. अल्पव्ययी, परिमित व्यय करनेवाला; Sparingness (-नेस्)-*n.* the quality of being sparing. क्षीणता, कृशता ।

Spark-स्पार्क्-*n.* a particle of fire thrown off from a burning substance, a small bright object. अग्निकण, चिनगारी, चमकीला छोटा पदार्थ ; -*v. t.* to emit sparks. चिनगारी निकालना ।

Spark-स्पार्क्-*n.* a gay fellow, a lover, a woman of great beauty. बाँका छैला, प्रेमी, बहुत सुन्दर स्त्री; -*v. i.* to play the gallant or lover. प्रेमी की तरह व्यवहार करना ।

Sparkful-स्पार्क्-फुल्-*adj.* lively, brisk, gay. तीव्र, फुर्तीला, आनन्दपूर्ण ।

Sparking-स्पार्किङ्ग्-*adj.* generating sparks. चिनगारी निकलनेवाला; Sparking plug (an appliance for generating electric sparks.) बिजली की चिनगारी निकालने का यन्त्र ; Sparking wit (keen intelligence.) स्फूर्तिमान् बुद्धि ।

Sparkish-स्पा-र्कि-श्-*adj.* showy, gay. दिखावा, भड़कीला ।

Sparkle - स्पार्कल् - *v. i.* to emit sparks, to glitter. चिनगारी फेंकना, चमकना; - *n.* a spark. प्रभा, चमक ।

Sparkless-स्पार्क्-लेस्-*adj.* without sparks. बिना चिनगारी का ।

Sparkler-स्पार्क-लर्-*n.* a luminous particle. चमकनेवाला कण ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Sparklet-स्पार्क्' - लेट्-*n.* a small sparkle, a charge of carbonic acid. छोटी चिनगारी, कार्बोनिक एसिड भरी हुई गोली।

Sparkling-स्पार्क्लिङ्ग्-*adj.* shining, glittering with sparks. चमकता या जगमगाता हुआ; **Sparklingly** (-लि) -*adv.* in a sparkling manner. चमकते हुए ढंग से।

Sparks-स्पार्क्-स्-*n.* a wireless operator. बेतार के तारबर्की के यन्त्र को चलानेवाला; Fairy sparks (phosphorescent light.) हड्डी इत्यादि से निकलनेवाला प्रकाश-कण।

Sparrow -स्पॅ- रॅ - *n.* a kind of small bird. चटक गौरैया; House sparrow (domestic sparrow.) घरेलू गौरया; Sparrow-hawk (a kind of small hawk.) गौरैया का शिकार करनेवाला बाज पक्षी।

Sparse-स्पार्स्-*adj.* thin, scattered, not dense. पतला, विरल, दूर-दूर पर का; **Sparsely** (-लि) -*adv.* in a scattered manner. विरलता से; **Sparseness, sparsity** (-नेस्, - इ -टि)-*ns.* thinness. विरलता, छरहरापन।

Spartan-स्पार्टन् - *adj.* pertaining to Sparta, brave and hardy. स्पार्टा नगर-सम्बन्धी, वीर, साहसी।

Spasm-स्पॅज़्म्-*n.* strain, a sudden fit, excessive muscular contraction. सङ्कोच, मरोड़, ऐंठन; Functional spasm (nervous disorder caused by occupation.) किसी व्यवसाय के कारण नाड़ियों में ऐंठन आ जाना।

Spasmodical-स्पॅज़्मॅडिकल्-*adj.* relating to spasm, convulsive. मरोड़ या ऐंठन-सम्बन्धी, अङ्ग-सङ्कोच करनेवाला, ऐंठने (अकड़ने) वाला; **Spasmodically** (-लि) -*adv.* in a spasmodic manner. सङ्कोच से, ऐंठन से।

Spasmology - स्पॅज़्मॅलॅजि - *n.* a treatise on convulsions. ऐंठन के रोग का शास्त्र।

Spat-स्पॅट्-*n.* the egg of fish or oyster. मछली या घोंघे का अण्डा।

Spat-स्पॅट्-*p. t. & p. p.* of Spit. थूका।

Spatchcock-स्पॅच्-कॉक्-*v. t. & n.* to insert words in a telegram hastily, fowl killed and cooked hastily. जल्दी से तार की खबर में शब्द भरना, जल्दी से मारकर पकाया हुआ मुर्गा।

Spate-स्पेट्-*n.* a flood in a river.नदी का बाढ़।

Spatial-स्पे-शल्-*adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spatiality-स्पे शलिटि-*n.* spaciousness. विस्तार, फैलाव।

Spatially-स्पे शलि-*adv.* in a spacious manner. विस्तृत ढंग से।

Spatter-स्पॅ'-टर्-*v. t. & i.* to splash, to scatter in small drops. छितराना, छिड़कना; -*n.* splashing. छितराव, छिड़कन।

Spatula-स्पॅ-चु-लॅ-*n.* an instrument with broad blade for spreading pigments, plaster &c., an instrument for pressing tongue. रङ्ग, मलहम इत्यादि फैलाने का औजार, जीभ दबाने का यन्त्र।

Spatular-स्पॅचुलर्-*adj.* of the shape of a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatulate-स्पॅचुलेट्-*adj.* shaped like a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatule-स्पॅट्' - यूल्-*n.* broad spoon-shaped formation. चम्मच की तरह का चौड़ा आकार।

Spavin-स्पॅ-विन्-*n.* a disease in horses. घोड़ों का एक रोग, हड्डा।

Spawn-स्पॉन्-*n.* eggs of fish or frog, (in contempt.) human offspring. मछली या मेढक का अण्डा, (तिरस्कार में) मनुष्य का बच्चा; -*v. t. & i.* to produce eggs, to generate. अण्डा देना, बच्चा जनना; **Spawner** (-अर्)-*n.* a female fish or frog. मादा मछली या मेढक।

Spay-स्पे - *v. t.* to castrate, to remove the ovaries. बधिया करना (आख्ता करना), स्त्रियों का डिम्बकोष या पुरुषों का अण्डकोष हटाना।

Speak-स्पीक्-*v. i. & t.* (*p. t.* Spoke, Spake; *p.p.* Spoken.) to utter words, to hold conversation (with a person about something), to deliver speech, to pronounce, to make known. बोलना (कहना), वार्तालाप करना, व्याख्यान देना, उच्चारण करना, जताना; So to speak (to speak in the way as.) यदि ऐसा प्रयोग किया जा सके; To speak fair (to speak in a fair language.) शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; To speak for (to speak for another.) किसी के लिये बोलना; To speak 11 of (to abuse.) निन्दा करना; To speak one's mind (to express one's thoughts.) अपना विचार प्रकट करना; To speak out (to proclaim.) घोषित करना, स्पष्ट रूप से करना; To speak up (to speak loudly.) जोर से बोलना।

Speaker-स्पीकर्-*n.* one who makes discourse, the president of a deliberative assembly. बोलनेवाला (व्याख्यान देनेवाला), सभापति; **Speakership** (-शिप्) -*n.* the office of a speaker वक्ता का पद।

Speaking-स्पीकिङ्ग्-*n. & adj.* act of expressing ideas in words, discourse, seeming

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

to speak. भाषण (उक्ति), बातचीत, बोलती हुई; Speaking trumpet (a magaphone.) दूर तक शब्द फेंकनेवाली तुरही ; Speaking tube (a pipe for speaking through.) बोलने की नली जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक शब्द पहुँच सकता है।

Spear-स्पिअर् - *n.* a long pointed hurling weapon, a lance. बरछी, भाला ; Spearman (-मॉन्)-*n.* one armed with a spear. भाला धारण करनेवाला सिपाही; -*v. i. & t.* to kill with a spear. भाला या बरछी से मारना।

Spec-स्पेक्-*n.* speculation, enterprise. कल्पना, विचार, युक्ति।

Special-स्पे'-शूल्-*adj.* particular, not general, peculiar, extraordinary, chief in excellence, uncommon. विशेष, असाधारण, विचित्र, असामान्य, प्रधान, अनोखा; -*n.* something specially appointed. असाधारण या विशिष्ट वस्तु; Special characteristics (distinctive quality.) विशिष्ट धर्म।

Specialism-स्पेश'-लिज़्म् - *n.* devotion to a special branch of study. विशेष-विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति।

Specialist-स्पेश'- लिस्ट्-*n.* one who devotes himself to a special branch of knowledge. किसी व्यवसाय या शास्त्र के मुख्य अङ्ग में प्रवीण व्यक्ति; Specialistic (-इक्) -*adj.* pertaining to specialism. विशेष विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति से सम्बन्धित।

Speciality-स्पेश'-लि-टि- *n.* particular talent, a special contract, a special pursuit. विशेष धर्म, विशिष्टता, विशेष या साधारण शर्त, विशिष्ट नियम-पत्र।

Specialization-स्पेशलाइज़ेशन्-*n.* the act of specializing. विशिष्टीकरण।

Specialize-स्पेश'-लाइज़् - *v. t. & i.* to make specific, to limit, to differentiate, to be a specialist. सीमा बाँधना, अलगाना, विशिष्ट करना, विशेषज्ञ बनना।

Specially-स्पेश-लि-*adv.* in a special manner. विशेष रूपसे।

Specie-स्पी-शी-*n.* money in form of coins. नगद रुपया, सिक्का।

Species-स्पी'-शीज़्-*n.* (*sing. & pl.*) kind, sort, class. जाति, प्रकार, भेद, वर्ग; A species of animal (a class of animal.) प्राणि-विशेष; Of the same species (of similar class.) एक जाति का।

Specifiable-स्पे'सिफ़ाइ- अबल्-*adj.* able to be specified. विशिष्ट वर्णन करने योग्य।

Specific - स्पे'सिफ़िक् - *adj.* definite, distinct, possessing the qualities which characterize a species, peculiar. विशिष्ट, असामान्य, विशेष जाति का, विलक्षण; Specific character (distinct character.) विशेष लक्षण ; Specific gravity (specific weight.) विशिष्ट गुरुत्व ; Specific medicine (medicine having distinct effect in curing a particular disease.) किसी रोग के हटाने की विशिष्ट औषधि।

Specifically-स्पे' - सि - फ़िक्-लि-*adv.* in a specific manner. विशेष रूप से।

Specification-स्पे'-सि-फ़ि-केशन् -*n.* the act of specifying, detailed description of anything. विशेष वर्णन, किसी पदार्थ की विस्तारपूर्वक व्याख्या।

Specificness-स्पे'-सि-फ़िक्-नेस्-*n.* distinctness. विशेषता।

Specified-स्पे'सिफ़ाइड् - *adj.* specially designated. निर्दिष्ट किया हुआ।

Specify-स्पे'-सि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Specified.) to mention definitely, to name particularly. विशेष रूप से कहना, एक-एक करके वर्णन करना।

Specimen-स्पे'सिमेन् - *n.* sample, pattern. आदर्श, प्रतिरूप, नमूना, बानगी।

Speciological-स्पी'-शिऑ-लॅजिकल्-*adj.* pertaining to speciology. जाति मूल शास्त्र सम्बन्धी।

Speciology-स्पी'शिऑ-लॅजि - *n.* the science of species. जाति के मूल का शास्त्र।

Speciosity-स्पी'शिऑसिटि-*n.* good appearance. सुन्दर आकृति।

Specious-स्पी' - शस् - *adj.* obvious, showy, plausible, of good appearance, fair on the surface. स्पष्ट, दिखौवा, सदृश, देखाव में सुन्दर, अच्छी आकृति का; Speciously (-लि) -*adv.* in a specious manner. सुन्दर आकृति से। Speciousness (-नेस्)-*n.* plausible appearance. दिखावटी सुन्दरता।

Speck-स्पेक्-*n.* a small spot, stain, dot, mark of rottenness. सूक्ष्म बिन्दु, चिह्न, कलंक, बिन्दु, (फल में) सड़ाहट का चिह्न।

Speckle-स्पेकल् - *n.* a small spot or speck. बिन्दु, चित्ती, धब्बा;-*v. t.* to cover with specks. धब्बा डालना।

Speckled-स्पेकल्'-इ-*adj.* spotted, variegated. चितकबरा चित्तीदार।

Speckless-स्पेक्-लेस् -*adj.* spotless. बिना धब्बे का, स्वच्छ।

Specs-स्पेक्स्-*n. pl.* pair of spectacles. उपनेत्र, चश्मा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Spectacle-स्पे-क्ट्-कल् *-n.* public show or exhibition. प्रदर्शनी, कौतुक (चमत्कार), तमाशा।

Spectacled-स्पे-क्ट्-कल्-ड् *-adj.* wearing spectacles. चश्मा पहिने हुए।

Spectacles-स्पे-क्ट्-कल्-स् *-n. pl.* pair of lenses set in a frame used for defective vision. उपनेत्र, चश्मा, ऐनक।

Spectacular-स्पेक्टेक्युलर् *-adj.* pertaining to shows. प्रदर्शनी या कौतुक सम्बन्धी; **Spectacularly** (-लि) *-adv.* in a spectacular manner. चमत्कार से, प्रदर्शन करते हुए।

Spectator-स्पेक्टेटर्-*n.* (*fem.* **Spectatress**-ट्रेस्) a looker-on, a beholder. प्रेक्षक, देखनेवाला, तमाशबीन।

Spectral-स्पे-क्ट्-रल्-*adj.* like a ghost, of ghost, resembling a spectre. प्रेत-तुल्य, भूत-प्रेत से सम्बन्ध रखनेवाला, भूत-प्रेत के समान; **Spectrally** (-लि)-*adv.* in a spectral manner. प्रेतवत्।

Spectre-स्पेक्ट्-अर्-*n.* an apparition, a ghost भूत, पिशाच (बेताल)।

Spectro-स्पेक्ट्रॅ-*pref.* in sense of "spectrum". उपसर्ग जिसका अर्थ "दृश्य-सम्बन्धी" होता है; **Spectrograph** (-ग्राफ्)-*n.* an apparatus for photographing the spectrum. दृश्य रूप का छायाचित्र खींचने का यन्त्र; **Spectroscope** (-स्कोप्) *-n.* an instrument for analysing the rays reflected by a spectrum. किरण के दृश्य-रूप को पृथक्-पृथक् देखने का यन्त्र; **Spectroscopic** (-स्कॉप्-इक्), **Spectroscopical** (-स्कॉप्-इकल्) *-adjs.* pertaining to spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र सम्बन्धी; **Spectroscopically** (-स्कॉप्-इकलि) *-adv.* by means of spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र द्वारा विवरण करते हुए; **Spectroscopist** (-स्कॉ-पिस्ट्) *-n.* one who works with a spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र का व्यवहार करनेवाला।

Spectrum-स्पेक्ट्रम् *-n.* (*pl.* **Spectra.**) an image of something presented to the eyes when the eyes are closed or turned away, an image formed by the rays of light, the seven coloured band formed by passing a light through a glass prism. आँख बन्द करने या फेर लेने पर जो रूप किसी पदार्थ का आँख में अंकित रह जाता है, प्रकाश की किरणों से बना हुआ आकार जो प्रकाश के न्यूनाधिक होने से गहरा या हलका देख पड़ता है, शीशे की त्रिभुजाकृति के बीच से सूर्य-किरण के जाने पर उसकी सतरंगी विश्लेषित पट्टी।

Specular-स्पेक्युलर्-*adj.* having the qualities of a mirror. दर्पण के गुणवाला।

Speculate-स्पे-क्यु-लेट्-*v. i.* to make an enquiry, to meditate, to form an opinion, to make investment, to make a purchase in expectation of a rise in value. विचार करना, सोचना, कल्पना करना, लाभ की आशा से व्यवसाय में धन लगाना या बेंचा-बिक्री करना।

Speculation-स्पे-क्यु-ले-शन्-*n.* contemplation, mental view, theory. विचार, कल्पना, सिद्धान्त।

Speculative-स्पेक्युले टिव्-*adj.* contemplative. काल्पनिक, विचारवान्, विचार योग्य; **Speculatively** (-लि)-*adv.* theoretically. काल्पनिक रूप से; **Speculativeness** (-नेस्) *-n.* the state of being speculative. कल्पना, विचार; **Speculator** (-अर्)-*n.* one who speculates. कल्पना करनेवाला, विचार करनेवाला।

Speculum-स्पे-क्यु-लम् *-n.* (*pl.* **Specula.**) a surgical mirror. शरीर के भीतर का भाग देखने का दर्पण।

Sped-स्पेड् *-p. t. & p. p.* of **Speed.** went quickly. शीघ्रता से गया।

Speech-स्पीच् *-n.* the faculty of speaking, anything said, a particular language, public address, an oration. वाणी, वचन, भाषा, बोल-चाल, व्याख्यान; **Eloquence of speech** (beautiful language.) पदलालित्य; **Figure of speech** (rhetorical abnormal expression.) अलंकार; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) व्याख्यानदाता का पहिला भाषण; **Part of speech** (grammatical division of words.) शब्द-भेद; **Set speech** (speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान।

Speechifier-स्पी-चि-फ़ाइ'-अर्-*n.* one who speechifies. व्याख्यान देनेवाला।

Speechify-स्पी-चि-फ़ाइ-*v. i.* to make a speech. व्याख्यान देना।

Speechless-स्पीच्'-लेस् *-adj.* deprived of speech, dumb. अवाक्, गूँगा; **Speechlessly** (-लि)-*adv.* mutely. मूकता से, बिना बोले हुए; **Speechlessness** (-नेस्) *-n.* muteness, dumbness. मूकता, गूँगापन।

Speed-स्पीड् *-n.* rapidity or quickness of movement, success. वेग, शीघ्रता, गति, ऐश्वर्य, सफलता; *-v. t. & i.* (*p. t.* **Sped.**) to go fast, to hasten, to make success, to aid. तेज चलना, जल्दी करना, सफल होना, सहायता देना; **God speed** (may God give prosperity) ईश्वर मार्ग में कल्याण करे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

 CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Speeder-स्पी-डर् - *n.* that which speeds motion. यन्त्र की गति बढ़ाने का साधन; **Speedily** (-इ-लि)-*adv.* with speed. झट, बिना विलम्ब के; **Speedometer** (स्पीड'-मिटर्) -*n.* speed indicator. किसी यन्त्र की गति बतलानेवाला यन्त्र या साधन।

Speedy-स्पी-डि-*adj.* rapid, prompt. शीघ्र गति का, वेगवान्।

Spelaean-स्पि-ली-अन्-*adj.* pertaining to caves, dwelling in caves. गुफा-सम्बन्धी, गुफा में रहनेवाला।

Spell-स्पेल्-*n.* words used as a charm, fascination, attraction. यन्त्र (टोना, जादू), मोहन, आकर्षण; -*v. t.* to charm. मन्त्र द्वारा वशीभूत करना।

Spell-स्पेल्-*v. t.* (*p. t. & p.p.* **Spelled, Spelt.**) to write or name the letters that form a word, to take the place of. किसी शब्द के अक्षरों को यथास्थान बतलाना, शब्द-विन्यास करना, पारी से काम करना; **To spell backwards** (to change meaning.) अर्थ बदलना; **To spell out** (to make out words letter by letter.) हिज्जे करना, शब्द-विन्यास बताना।

Spell-bound-स्पेल्'-बाउन्ड् -*adj.* fascinated. अभिमन्त्रित, मन्त्र द्वारा रोका हुआ।

Speller-स्पेलर् -*n.* one who is skilled in spelling. शब्द में अक्षरों को यथास्थान बतलानेवाला।

Spelling-स्पे लिङ्ग्-*n.* the act of naming the letters of a word. शब्द-विन्यास, हिज्जे; **Double spelling** (two forms of a word.) शब्द का दो रूप; **Spelling book** (a book for teaching children to spell and read.) बच्चों को शब्दों का हिज्जे करना तथा पढ़ना सिखलाने की पुस्तक; **Variation in spelling** (different spellings.) शब्द-विन्यास का अन्तर।

Spelt-स्पेल्ट्-*p. p.* of Spell. हिज्जे बताया गया।

Spelt-स्पेल्ट्-*n.* German wheat. जर्मनी का गेहूँ।

Spelter-स्पेल्टर्-*n.* zinc. जस्ता।

Spencer-स्पेन्सर्-*n.* a short overcoat for men or women. पुरुष या स्त्री का छोटा ऊपरी कोट।

Spend-स्पेन्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p.p.* **Spent.**) to pay for a purchase, to lay out, to consume, to wear out, to waste. व्यय करना, लगाना, उपयोग करना; (उड़ाना), लुटाना, क्षय करना; **Spent with toil** (exhausted owing to labour.) परिश्रम से थका हुआ।

Spendable-स्प-न्डे-बल्-*adj.* able to be spent. व्यय करने योग्य।

Spender-स्पेन्डर्-*n.* one who spends. व्यय करनेवाला।

Spending-स्पे न्डिङ्ग्-*n.* expense, waste. व्यय, त्याग।

Spendthrift-स्पेन्ड्'-थ्रिफ्ट्-*n.* one who spends lavishly. अतिव्ययी, मुक्तहस्त धन उड़ानेवाला।

Spent-स्पेन्ट्-*p. t. & p. p.* of Spend. व्यय किया।

Sperm-स्पर्म्-*n.* the male generative cell, spermaceti. शुक्राणु, वीर्य, मछली के सिर में से निकाली हुई चर्बी।

Spermaceti-स्पर्-मी-से टि-*n.* a white fatty substance obtained from the head of sperm, whale &c. शुक्राणु या ह्वेल मछली के सिर का तेल।

Spermary-स्पर्मरि -*n.* the gland which contains sperm. शुक्राशय।

Spermatic-स्पर्-मी-टिक् - *adj.* pertaining to sperm. शुक्राणु या शुक्र सम्बन्धी।

Spermato-स्पर्मी-टॅ-*pref.* in sense of 'sperm' 'शुक्र' अर्थ का उपसर्ग; **Spermatology** (-लॅ-जि) -*n.* the study of sperm. शुक्र के अध्ययन का शास्त्र; **Spermatorrhoea** (-रि-आ) -*n.* involuntary emission of semen. अज्ञात में शुक्रपात; **Spermatozoa** (-ज़ो-आ) -*n. pl.* (*sing.* **Spermatozoon.**) sperm-cells. शुक्राणु।

Spermo-स्पर्-मॅ-*pref.* in sense of 'seed'. 'बीज' अर्थ का उपसर्ग।

Spew, Spu-स्प्यू-*v. t. & i.* to vomit, to droop very quickly. वमन करना, जल्दी से गिरना।

Sphagnum-स्फॉग्नम्-*n.* (*pl.* **Sphagna.**) a kind of moss which grows in marshes. दलदल में उगनेवाली एक प्रकार की सेवार।

Sphenoid-स्फी-नॉ-इड्-*adj.* of the shape of a wedge. फन्नी के आकार की।

Sphenoidal-स्फ़ी-नॉ इ-इ-अल् -*adj.* of a form of a sphenoid. फन्नी की आकृति का।

Sphere-स्फ़ि-अर् -*n.* ball, globe, the heavens, a heavenly body, province, one's field of action. गेंद, पोलक, आकाश, ग्रह, अधिकार (पद), कार्य, स्थिति; -*v. t.* to form into roundness. मण्डल के आकार का बनाना, चक्र में लपेटना; **Celestial sphere** (heavenly body.) ग्रह मण्डल।

Spheric-स्फ़ेरिक्-*adj.* celestial, of the heavens. आकाश-सम्बन्धी, दवी; **Spherical** (-अल्) -*adj.* globular, shaped like a sphere. वर्तुल, गोल, गोलाकार; **Spherically** (-लि) -*adv.* in a spherical manner. गोलाकार रूप में।

Sphericity-स्फ़ेरिसिटि-*n.* rotundity. गोलाई।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Spherograph-स्फ़ि-रॅ-ग्राफ़्-*n.* an instrument for projecting the relative positions of the earth on a disk. किसी गोल वस्तु पर पृथ्वी का छायाचित्र बनाना।

Spheroid-स्फ़ि-रॉ-इड्-*n.* a sphere-like solid. उपगोल, अण्डाकार आकृति; **Spheroidical** (-इ-कल्)-*adj.* in the form of a spheroid. अण्डाकार आकृति के रूप में।

Spherometer-स्फ़ि (-स्फ़ें)-रॅ-मिटर्-*n.*an instrument for finding out the radius of a sphere. गोलक का अर्धव्यास ठीक-ठीक नापने का यन्त्र।

Spherular-स्फ़ रयुलर्-*adj.* pertaining to a spherule. छोटे गोलक का।

Spherule-स्फ़ें र्-युल्-*n.* a small sphere. छोटा गोलक।

Sphery-स्फ़ी-अ-रि-*adj.* spherical. गोलाकार।

Sphinx - स्फ़िङ्क्स्-*n.* (*pl.* Sphinxes.) a fabulous monster with a woman's head and a lion's body. एक कल्पित दैत्य जिसका कपाल स्त्रीका तथा शरीर सिंहका माना जाता था।

Sphinx.

Sphygmograph-स्फ़िग्'-मॅ-ग्राफ़्-*n.* an instrument for recording the beatings of pulse. नाड़ी की गति अङ्कित करने का यन्त्र।

Spice-स्पाइस्-*n.* an aromatic vegetable substance used for flavouring food. सुगन्धित द्रव्य, मसाला; -*v. t.* to season with spice मसालेदार बनाना।

Spicery-स्पाइसरि-*n.* spices in general, a room for keeping spices. गरम मसाले, मसाला रखने की कोठरी।

Spicily-स्पाइस्-इलि-*adv.* in a fragrant form. सुगन्धयुक्त; **Spiciness** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of being spicy. मसालापन।

Spick-स्पिक्'-*adj.* quite new. बिलकुल नवीन।

Spicular-स्पिक्युलर्, **Spiculate**-स्पिक्यु-लेट्-*adjs.* having sharp points. काँटेदार, नोकदार।

Spicule-स्पि-क्यू-ल्-*n.* a small spike, a sharp-pointed body. नोकदार वस्तु।

Spider-स्पाइ-डर्-*n.* an eight-legged insect of many varieties which spin webs. मर्कटक, मकड़ा; **Spiderlike** (-लाइक्)-*adj.* like a spider. मकड़े की तरह का; **Spiderline** (the thread of a spider's web.) मकड़े के जाले का सूत्र।

Spidery-स्पाइ-डर्-इ-*adj.* full of spiders. मकड़ों से पूर्ण।

Spigot-स्पिगॅट्-*n.* a plug for inserting into the hole of a cask or pipe. नली या पीपे के छेद में लगाने का डट्टा।

Spike-स्पाइक्-*n.* a pointed nail, a large railway nail, ear of corn. नुकीला काँटा, बड़ी काँटी, अन्न की बाल;-*v. t.* to fasten with spikes. खूँटा ठोंकना।

Spikelet-स्पाइक्'-लेट्-*n.* a small spike. छोटी खूँटी।

Spikenard-स्पाइक्-नर्ड-*n.* a perennial highly aromatic plant, an aromatic ointment made from this herb. जटामासी, बालछड़, इससे बना हुआ सुगंधित मलहम।

Spikewise-स्पाइक्-वाइज़्*adj.* like a spike. खूँटे या कील की तरह।

Spiky-स्पाइकि-*adj.* having a sharp point. काँटेदार।

Spile-स्पाइल्-*n.* a wooden peg. लकड़ी का खूँटा; -*v. t.* to pierce hole in a barrel. पीपे में छेद करना।

Spiling-स्पाइलिङ्ग्-*n.* a row of spiles. खूँटियों की पंक्ति।

Spill-स्पिल्-*v. t. & i.* (*p. t.* Spilled, Spilt.) to allow a liquid &c., to fall or run out of a vessel, to shed, to waste, to throw away. गिराना, बहाना, छिड़कना; नष्ट करना, फेंकना;-*n.* a fall or a throw, a thin strip of wood for lighting candles. गिरान, बहाव, मोमबत्ती जलाने का टुकड़ा; To spill blood (to shed blood, to murder.) रुधिर बहाना, हत्या करना।

Spilt-स्पिल्ट्-*p. t.* of Spill.

Spin-स्पिन्-*v. t. & i.* (*p. t.* Span, *p. p.* Spun) to draw out and twist into threads, to twist, to prolong. सूत कातना, चक्कर देना या चक्कर खाना, बढ़ाना; -*n.* a whirl, a revolving motion. चक्कर, घुमाव; Spun gold (gold-thread.) कलाबत्तू; To spin out (to spend.) व्यय करना।

Spinach, Spinage - स्पिनीक्, - स्पिनेज्-*ns.* a garden vegetable. पालक साग।

Spinaceous-स्पि-न-शस्-*adj.* pertaining to spinach. पालक शाक-सम्बन्धी।

Spinal-स्पाइनल्-*adj.* of the spine or backbone. पीठ की रीढ़-सम्बन्धी; Spinal column (the backbone.) पृष्ठवंश, पीठ की रीढ़; Spinal cord (cerebro-spinal axis.) पृष्ठवंश के भीतर की नाड़ी; सुषुम्ना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Spindle-स्पिन्डल्-*n.* the pin in the spinning wheel used for twisting thread and winding it, a pin on which something revolves, a slender thing. टेकुई, धुरा, दुर्बल पदार्थ; **Spindle-shanked**-*adj.* (with long thin legs.) पतली टाँगवाला।

Spindly-स्पिन्डलि-*adj.* thin and long. पतला और लम्बा।

Spindrift-स्पिन्'-ड्रिफ़्ट्-*n.* the spray of the sea waves. समुद्र की लहरों की बौछार।

Spine-स्पाइन्-*n.* the backbone, the series of vertebrae forming the backbone, a sharp projection. पृष्ठवंश, पीठ की रीढ़, बड़ा काँटा।

Spined-स्पाइन्ड्-*adj.* having a backbone. रीढ़दार।

Spinel-स्पि-नेल्'-*n.* a kind of mineral. एक खनिज पदार्थ।

Spineless-स्पाइन्'-लेस्-*n.* devoid of spine, very weak. बिना पीठ की रीढ़ का, अति दुर्बल।

Spinet-स्पिनेट्-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बीन।

Spiniferous-स्पि-निफ़रस्-*adj.* bearing spines. पृष्ठवंशवाला।

Spinnaker-स्पिन्-अ-कर्-*n.* the large sail of a racing ship. दौड़ लगानेवाले जहाज़ का बड़ा पाल।

Spinner-स्पिनर्-*n.* one who spins, a thread-spinning machine. सूत कातनेवाला, सूत कातने की मशीन।

Spinneret-स्पिन्'-अ-रेट्-*n.* the spinning organ in spider or silkworm. मकड़ा या रेशम के कीड़े का कातनेवाला अंग।

Spinning-स्पिनिङ्ग्-*n.* the act of twisting thread. कताई का काम; **Spinning-jenny** (a machine in which several threads can be spun at a time.) अनेक तागों को एक साथ कातने की मशीन; **Spinning-wheel** (a wheel for spinning wool, cotton &c.) सूत या ऊन कातने का चरखा।

Spinney-स्पिन्-नि-*n.* a small thicket. छोटी झाड़ी।

Spinous-स्पाइनस्-*adj.* thorny. काँटेदार।

Spinster-स्पिन्-स्टर्-*n.* an unmarried elderly woman. अधिक वय की कुँवारी स्त्री; **Spinsterhood** (-हुड्)-*n.* the office of a spinster. ऐसी स्त्री का पद।

Spinthariscope-स्पिन्थरिस्कोप्-*n.* an instrument which shows the perpetual sparks emitted by radium. रेडियम धातु में से निरन्तर निकलनेवाली चिनगारियों को दिखलाने का यन्त्र।

Spinule-स्पि-न्न्यूल्-*n.* a small spine. पतली छोटी रीढ़।

Spinuliferous-स्पिन्-यूलिफ़रस्-*adj.* having spines. रीढ़दार।

Spiny-स्पाइनि-*adj.* (*comp.* **Spinier**, *sup.* **Spiniest.**) full of spines, prickly. रीढ़दार, नोंकदार।

Spiracle-स्पाइ-रीं-कुल्-*n.* a breathing hole. साँस लेने का छिद्र, वायुमार्ग।

Spiracular-स्पि-रीक्युलर्-*adj.* pertaining to spiracle. वायुमार्गवाला।

Spiral-स्पाइरल्-*adj.* coiled, winding like a screw. चक्राकार, पेंचदार, घुमौआ; -*n.* spiral curve. चक्कर; **Spirality** (-इ-टि)-*n.* the stage of being windy. वर्तुलता; **Spirally** (-लि)-*adv.* in a spiral form. चक्राकार ढंग से; **Spiral-balance** (-बैंल्-अैंन्स्)-*n.* a handy instrument with spiral spring used for weighing. कमानी का तराज़ू।

Spiral balance.

Spirant-स्पाइरन्ट्-*n.* the pronunciation of a consonant. व्यञ्जन का उच्चारण।

Spire-स्पायर्-*n.* a tapering structure, coil, spiral, a steeple. आवर्त, लपेट, मीनार, शिखर।

Spired-स्पायर्ड्-*adj.* having a spire. कलशदार, शिखर वाला; **Spiry**-रि-*adj.* like a spire, tapering. कलशवत्, सूच्याकार, नोकदार।

Spirit-स्पिरिट्-*n.* the soul, mental disposition, rational being, a person of exceptional intelligence, energy, courage, liveliness, mood, real meaning, animating principle, essence, strong liquor. आत्मा, प्रवृत्ति, मनुष्य, अपूर्व बुद्धि का मनुष्य, तेज, प्रभाव, उत्साह, प्रसन्नता, स्वभाव, शुद्ध अर्थ, जीवन-सत्त्व, तीव्र मदिरा; **Spirits** (-स्)-*n. pl.* alcoholic liquors. मदिरा, शराब; -*v. t.* to cheer, to animate, to excite, to convey away secretly. प्रसन्न करना, साहस देना, उत्तेजित करना, गुप्त रीति से शीघ्र ले जाना; **Departed-spirit** (spirit of the dead.) प्रेतात्मा; **Evil-spirit** (a devil, one without enthusiasm.) राक्षस, उत्साहहीन मनुष्य; **Gentle spirit** (gentility.) स्वभाव की सुजनता; **In good spirits** (in happy mood.) प्रसन्नता पूर्ण; **In high spirits** (with enthusiasm.) उत्साह-सहित; **Spirit-lamp** (a lamp in which spirit is burnt for heating.) स्पिरिट से जलनेवाला लम्प; **Spirit-level** (an instrument for deter-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

mining exact horizontal line.) समतल नापने का यन्त्र; Supreme Spirit (God.) परमात्मा; The Spirit of the age (or times.) mental or moral tendency of the times. समय की प्रचलित मानसिक अथवा नैतिक गति।

Spirited-स्पिरिटेड्-*adj.* full of spirit, animated, brisk, lively. तेजस्वी, वीर्यवान्, तीव्र, उत्कट; Spiritedly (-लि)-*adv.* in a spirited manner. उत्साह-सहित; Spiritedness (-नेस्)-*n.* the state of being spirited. साहस, उत्साह; Spiritless (-लेस्)-*adj.* without spirit. निस्तेज, नीरस; Spiritlessly (-लि)-*adv.* in a spiritless manner. नीरसता या उत्साहहीनता से।

Spiritual-स्पिरिचुअल्-*adj.* not material, divine, religious, relating to the mind, holy, concerned with religious things. निराकार, पारलौकिक, धार्मिक, मानसिक, पवित्र, आध्यात्मिक; Spiritualism(-इज़्म्)-*n.*the belief that departed spirits communicate with men, the doctrine that all which exists is spirit or soul. यह सिद्धान्त कि मृतकों की आत्मा मनुष्य को देख पड़ती है और इनसे बात करती है, ब्रह्मवाद; Spiritualist (-इस्ट्)-*n.* an adherent of spiritualism. ब्रह्मवादी; Spirituality (-इ-टि)-*n.* immateriality. सांसारिकता का अभाव;Spiritualization (-आइज़्-ए-शन्)-*n.* the act of a spiritualizing. धार्मिकता, परमार्थता; Spiritualize (-आइज़्)-*v. t.* to make spiritual, to refine. पारलौकिक बनाना, पवित्र करना; Spiritually (-लि)-*adv.* in a spiritual manner. परमार्थता से; Spiritualness (-नेस्)-*n.* spirituality. परमार्थनिष्ठा; Spirituous (-अस्)-*adj.* distilled, containing a greater percentage of alcohol. अर्क उतारा हुआ, मद्यसार के अधिक भागवाला; Spirituousness (-नेस्)-*n.* the quality of being spirituous. मद्यसारता।

Spirivalve-स्पिरि-वॉल्व्-*adj.* of spiral shape. घिरा हुआ, घुमौआ।

Spiro-स्पाइ-रॅ-*pref.* in the sense of "breath". "श्वास" अर्थ का उपसर्ग; Spirograph (-ग्राफ़्) *n.* an instrument for recording breathing movement. श्वास की गति अंकित करने का यन्त्र।

Spirt, Spurt-स्पर्ट्-*v. i. & t.* to gush out in a stream, to cause to flow or jet out. धारा के रूप में बहना, धार निकलना;-*n.* a jet. धारा।

Spiry-स्पाइ'-रि-*adj.* of a spiral form. घुमौवा, वर्तुलाकार।

Spit-स्पिट्-*n.* a slender bar on which meat is roasted, a small point of land running into the sea, spitting, spade depth. मांस भूनने का सींकचा, पृथ्वी का नुकीला भाग जो समुद्र में घुसा हो, थूक, पुरसा भर गहराई; -*v. t.* (*p.t.*Spitted.) to thrust a spit through. मांस में सींकचा घुसाना;-*v. i.* (*p. t.* Spat.) to eject saliva from the mouth, to make noise as of spitting, to emit sparks. थूकना, खखारना, चिनगारी फेंकना; To spit at (to treat with ignominy.) तिरस्कार दिखलाना, घृणा करना।

Spite-स्पाइट्-*n.* malice, hatred, ill-will, grudge. द्रोह, ईर्ष्या, विरोध, डाह;-*v. t.* to treat maliciously, to vex. द्रोह (बैर) करना, ईर्ष्या करना; Spiteful (-फुल्)-*adj.* malignant, annoying. विद्वेषी, डाह करनेवाला; Spitefully (-लि)-*adv.* in a spiteful manner. द्रोह-बुद्धि से, दुष्टभाव से; Spitefulness (-नेस्)-*n.* the quality of being spiteful. विद्वेष, बैर, डाह।

Spitfire-स्पिट्'-फ़ायर्-*n.* a person of fiery nature, a kind of aeroplane. अति क्रोधी मनुष्य, एक प्रकार का बम फेंकनेवाला हवाई जहाज़।

Spitter-स्पिट्-टर्-*n.* one who spits. थूकनेवाला; Spitting-स्पि-टिङ्ग्-*n.* the act of ejecting saliva. थूकना, लार बहाना।

Spittoon-स्पिट्-टून्'-*n.* a receptacle for spitting into. पीकदान, उगालदान।

Splanchnic-स्प्लॉङ्क्'-निक्-*adj.* of the intestines. आँत-सम्बन्धी।

Splash-स्प्लॉश्-*v.t. & i.* to spatter with water, mud &c., to be scattered in drops, to ornament. पानी या कीचड़ का छींटा देना, बूँदों में बिखेरा जाना, अलंकृत करना, गहनों से सजाना; -*n.* water or dirt thrown up, the sound of something falling into water. छींटा, बौछार, जल में कोई वस्तु गिरने का शब्द; Splasher (-अर्)-*n.* a mud-guard over wheels. पहिये के ऊपर कीचड़ या पानी का छींटा बचाने का साधन (पङ्खा); Splashing (-इङ्ग्)-*adj.* spattering. छींटा उड़ानेवाला; Splashy (-इ)-*adj.* full of dirty water. गन्दे जल से पूर्ण।

Splatter-स्प्लॉ-टर्-*v. i. & t.* to make a continuous sound of splashing, to speak unintelligibly. निरन्तर छींटे का शब्द करना, अस्पष्ट बोलना।

Splay-स्प्ले-*v. t. & i.* to construct with one side wider than the other. गावदुम बनाना,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

 CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक ओर की अपेक्षा दूसरी ओर सँकरा करना;-*n.* an embrasure. गावदुम रचना ;- *adj.* turned outward. बाहरी ओर फैला हुआ ; Splay-foot -*n.* (flat-soled foot.) जिसका चिपटा पर बाहर को घूमा हो; Splay-mouth-*n.* a wide mouth. चौड़ा मुख।

Spleen-स्प्लीन्-*n.* the organ situated at the left of the stomach which produces certain modifications in the blood, ill-temper, spite. प्लीहा (बरवट, तापतिल्ली), रोष, क्रोध, घृणा; Spleenful (-फ़ुल्) - *adj.* peevish, angry. चिड़चिड़ा, क्रोधी; Spleenfully (-लि) -*adv.* in a spleenish manner. कुछ-कुछ क्रोध या चिड़चिड़ाहट से; Spleenish (-इश्) - *adj.* somewhat peevish. कुछ-कुछ चिड़चिड़ा; Spleenishly (-लि) - *adv.* in a spleenish manner. कुछ-कुछ क्रोध या चिड़चिड़ाहट से ; Spleenless (- लेस्) -*adj.* without a spleen, mild, gentle. बिना प्लीहा का, नम्र, सुशील; Spleeny (-इ)-*adj.* fretful. क्रोधी, खिन्न, चिड़चिड़ा।

Splen-स्प्लेन्-*pref.* in the sense of 'spleen'. 'प्लीहा' अर्थ का उपसर्ग।

Splenalgia-स्प्लेनल्जिआ-*n.* pain in spleen. प्लीहा में पीड़ा।

Splendent-स्प्लेन्डेन्ट्-*adj.* shining, of bright metallic lustre. देदीप्यमान, धातु के समान चमकता हुआ।

Splendid-स्प्लेन्डिड्-*adj.* glorious, shining, excellent. प्रतापवान, शोभायमान (श्रेष्ठ) ; Splendidly (-लि) - *adv.* in a splendid manner. श्रेष्ठता से, महत्त्व से।

Splendour-स्प्लेन्डर्-*n.* great brightness, grandeur, pomp, magnificence. तेज, प्रताप, विभव, महत्त्व।

Splenetic-स्प्लिनेटिक् - *adj.* peevish, gloomy, of irritable nature. दुःखी, क्रोधी, चिड़चिड़ा;-*n.* a person affected with spleen. प्लीहा (बरवट) के रोग से ग्रस्त मनुष्य; Splenetically (-अलि) -*adv.* in an irritable manner. चिड़चिड़ेपन से, क्रोध से।

Splenial-स्प्लीनिअल्-*adj.* serving the purpose of a splint. कमठी की तरह प्रयोग में आनेवाला।

Splenic-स्प्लेनिक् - *adj.* belonging to the spleen. प्लीहा (बरवट) सम्बन्धी।

Splenitis-स्प्लिन्'-आइ-टिस्-*n.* inflammation of spleen. प्लीहा की सूजन।

Splenius-स्प्लीनि-अस -*n.* (*pl.* Splenii.) the muscle on the sides and back of the neck which holds the head in position. सिर को खड़ा रखनेवाली गरदन पर की पेशी।

Splenology-स्प्लीनॅ-लॅ-जि-*n.* the science of the spleen. प्लीहा-विज्ञान।

Splice-स्प्लाइस्-*v. t.* to join together the ends of a rope by interweaving the strand. साटा लगाकर रस्सा जोड़ना;-*n.* union of ropes. इस प्रकार का रस्से का जोड़।

Splint-स्प्लिन्ट्-*n.* a strip of wood for holding broken bone when set. कमठी जो टूटी हड्डी के बैठाने के लिये बाँधी जाती है;-*v. t.* to fit splints on. कमठी बाँधना।

Splinter-स्प्लिन्टर्-*v. t. & i.* to split into long thin pieces. पतली पट्टी चीरना, खमाची बनाना; - *n.* a small fragment split off. चिपटी पट्टी, खमाची; Splintery (-इ) - *adj.* of the form of a splinter. खमाची के आकार का, खमाचीदार।

Split-स्प्लिट्-*v. t. & i.* (*p. p.* Split.) to break forcibly, to divide lengthwise, to divide into hostile parties. फाड़ना, चीरना, लम्बे बल फाड़ना (धज्जी करना), अलगाना;-*n.* a rent, a crack. फटन, परत; Side-splitter (one who jokes much.) बहुत हँसी करनेवाला; Split-wheel (a wheel divided into two parts.) दो टुकड़ों में बँटा हुआ पहिया ; To split hairs (to draw very subtle distinctions.) अति सूक्ष्म विवेचना करना।

Splitter-स्प्लि-टर्-*n.* one who or that which splits. अलगानेवाला, फाड़नेवाला।

Splitting-स्प्लि-टिङ्ग्-*n.* the act of dividing. विदारण, फटन।

Splotch-स्प्लॉच्, Splodge-स्प्लॉज्-*ns.* a daub, smear. पोतना, फैलावट; Splotchy (-इ)-*adj.* smeared. पोता हुआ।

Splutter-स्प्ल-टर्-*v. i. & i.* to speak hastily. जल्दी बोलना; -*n.* a bustle, a stir. कोलाहल, शोर-गुल।

Spode-स्पोड्-*n.* a kind of fine pottery. एक प्रकार की सुन्दर मिट्टी का पात्र।

Spoil-स्पॉ-इल्-*n.*-plunder taken from enemy in war, robbery, corruption. लूट का माल, डकैती, अपहरण ;-*v. t. & i.* (*p. t.* Spoiled, Spoilt.) to plunder, to take by force, to destroy, to ruin, to injure, to decay. लूटना, छीनना, नष्ट करना, भ्रष्ट करना, दूषित करना, सड़ाना, सड़ना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Spoilage-स्पॉइ-लेज्-*n.* paper spoilt in printing. छापने में नष्ट किया हुआ कागज।

Spoiled-स्पॉ-इ-ल्ड्-*adj.* corrupted. नाश (भ्रष्ट) किया हुआ।

Spoiler-स्पॉ-इ-लर्-*n.* plunderer, one who corrupts. लुटेरा, दूषित करनेवाला।

Spoke-स्पोक्, **Spoken**-स्पोकन्-*p. t. & p. p.* of Speak. बोला, बोला गया।

Spoke-स्पोक्-*n.* one of the bars joining the rim of a wheel to its hub, the rung of a ladder. पहिये की तीली या आरा, सीढ़ी का डण्डा; -*v. t.* to fit spokes in a wheel. पहिये में आरा लगाना।

Spokeshave-स्पोक्' -शेव्-*n.* a small plane fitted in the middle of a bar used for planing a curved surface. लकड़ी की गोलाई इत्यादि छीलने का रन्दा।

Spokeshave.

Spokesman-स्पोक्स्'-मॅन्-*n.* one who speaks for or represents another person. दूसरे के लिये बोलनेवाला, प्रतिनिधि, मुखरूप।

Spoliation-स्पो-लि-ए'-शन्-*n.* plunder, pillage. (अपहरण) लूट, डाका।

Spoliator-स्पो-लि-ए'-टर्-*n.* one who spoliates. नाश करनेवाला; **Spoliatory** (-इ) -*adj.* pertaining to spoliation. अपहरण-सम्बन्धी।

Spondaic-स्पॉन्'-डे-इक्-*adj.* pertaining to a spondee. दो गुरु मात्राओं का।

Spondee-स्पॉन्-डी-*n.* a metrical foot of two long syllables कविता में दो गुरु अक्षरों या मात्राओं का पद।

Spondyl, Spondyle-स्पॉन्-डिल् (-डाइल्)-*ns.* joint or vertebra of the vertebral column. पृष्ठवंश की कशेरुका, पीठ की रीढ़ का जोड़।

Sponge-स्पन्ज्-*n.* a marine animal with pores in the walls of the body, the fibrous framework of such, remarkable for its power of sucking up water. विरल अवयव का एक समुद्री प्राणी, जलशोषक समुद्री पदार्थ, पानी-सोख; -*v.t. & i.* to wipe with a sponge, to live on others parasitically, to destroy. स्पन्ज से धोना, सोखना, दूसरे के भरोसे जीना, नष्ट करना; **Spongiform** (-इ-फॉर्म्)-*adj.* of the form of a sponge. स्पंज की आकृति का; **To pass the sponge over** (to forget an offence.) किसी की बुराई या अपराध को भूल जाना।

Sponger-स्पन्ज्-अर्-*n.* a parasitical guest. दूसरे के अन्न से पुष्ट होनेवाला, टुकड़नोड़।

Sponginess-स्पन्जि-नेस्-*n.* the state of being spongy. स्पन्ज की आकृति।

Spongy-स्पन्जि - *adj.* soft as sponge. स्पन्ज के सदृश मुलायम और सोखनेवाला।

Sponsion-स्पॉन्शन्-*n.* surety. जामिन, जमानतदार।

Sponsor-स्पॉन्सर् -*n.* a god-father or god-mother, a surety. धर्मपिता, धर्ममाता, प्रतिभू (जामिन)।

Sponsorial-स्पॉन्सोरिअल् - *adj.* pertaining to a sponsor. प्रतिभू-सम्बन्धी।

Sponsorship-स्पॉन्सर्शिप्-*n.* the office of a sponsor. प्रतिभू का पद।

Spontaneity - स्पॉन्टनीइटि-*n.* the quality of being spontaneous. स्वेच्छा, स्वच्छन्दता।

Spontaneous-स्पॉन्टे निअस् - *adj.* voluntary, of one's own freewill, instinctive. स्वेच्छानुरूप, अपने इच्छानुसार, अपने आप, स्वभाव से।

Spontaneously - स्पॉन्टे निअसलि - *adv.* in a spontaneous manner. इच्छानुरूप।

Spontoon-स्पॉन्टून्' -*n.* a kind of infantry spear. पैदल सैनिक या सेना का बल्लम या भाला।

Spoof-स्पूफ्-*v. t.* to cheat, to swindle. धोखा देना, ठगना; -*n.* a cheat. ठग।

Spook-स्पूक्-*n.* a ghost. पिशाच, भूत।

Spool-स्पूल्-*n.* a reel for winding yarn or photographic film. तागा लपेटने की गड़ारी, फोटो उतारने की फ़िल्म् की गड़ारी; -*v. t.* to wind on spools. गड़ारी पर लपेटना।

Spoon-स्पून्-*n.* a small ladle for conveying liquid food to mouth, a simpleton, a silly fellow. चम्मच, मूर्ख मनुष्य; -*v.t. & i.* to make love together, to take up with a spoon. प्रेमी की तरह व्यवहार करना, चम्मच से पीना; **Born with a silver spoon in one's mouth** (fortunate from the very birth.) जन्म से ही भाग्यवान्; **Dessert-spoon** (a spoon that contains two drams.) दो ड्राम का चम्मच; **Table-spoon** (a spoon that contains four drams.) आधे आउन्स की नाप का चम्मच; **Tea-spoon** (a spoon which contains one dram of liquid.) एक ड्राम की नाप का चम्मच।

Spoonful-स्पून्फुल्-*n.* as much a spoon can contain. चम्मच भर।

Spoon-meat-स्पून्'-मीट्-*n.* liquid food for babies. बच्चों का तरल भोजन।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Spooner, Spoonerism - स्पूनर्,(-इज़्म्) *-ns.* transposition of the initial letters of words. शब्दों के पहिले अक्षरों का परिवर्तन।

Spoonily-स्पूनिलि-*adv.* foolishly. मूर्खता से; **Spooniness** (स्पूनि-नेस्) *-n.* the state of being spoony. रसिकता, सीधापन।

Spoony-स्पूनि-*adj.* silly, simple, amorous, sweet. मूर्ख, सीधा प्रेमी, रसिया।

Spoor-स्पूर्-*n.* the trail of an animal. गन्ध से पशु का अन्वेषण; *-v. t. & i.* to follow by track. पर के चिह्न से अन्वेषण करना; **Spoorer** (-अर्) *-n.* one who searches by scent. गन्ध से पशु को खोजनेवाला।

Sporadic-स्पॅ-रॅ-डिक्-*adj.* scattered here and there. छितराया हुआ; **Sporadically** (-अलि) *-adv.* separately. छितराते हुए।

Spore-स्पॉर्-*n.* a minute organic body or cell that develops into a new individual. जीवाणु जो बढ़कर एक नया प्राणी हो जाता है, बीज।

Sporran-स्पॅ-रॅन्-*n.* a furred pouch worn by Highlanders. अंग्रेज (गोरे) सिपाहियों का झालरदार झोला जिसको वे कमर पर लटकता हुआ पहिनते हैं।

Sporran.

Sport-स्पॉर्ट्-*n.* play, fun, amusement, game, pastime, diversion. खेल, हँसी, क्रीड़ा, लीला, आखेट, विहार; *-v.i. & t.* to take part in a game, to make merry, क्रीड़ा करना, खेलना, विहार करना; **Athletic sports** (outdoor games.) कसरत के खेल; **To make sport of** (to turn to ridicule.) हँसी उड़ाना।

Sporting-स्पोर्ट्-इङ्ग्-*n.* merriment, game. क्रीड़ा, खेल; **Sportingly** (-लि)-*adv.* in a sporting manner. क्रीड़ा में, खेल में; **Sportive**(-इव्) *-adj.* merry, playful. क्रीड़ा करनेवाला, खिलाड़ी; **Sportively** (-इव्-लि) *-adv.* in a sportive manner. खेल में; **Sportiveness** (-इव्-नेस्)-*n.* the quality of being sportive. क्रीड़ा, खेल।

Sportsman-स्पोर्ट्स्-मॅन्-*n.* (*pl.* Sportsmen.) a person fond of sports. खिलाड़ी, शिकारी; **Sportsmanlike** *-adj.* (like a sportsman.) खिलाड़ी या शिकारी की तरह का।

Spot-स्पॉट्-*n.* a particular locality or space, a small mark, stain, blot, blemish. स्थान (प्रदेश), चिह्न, बिन्दु, कलंक (लांछन), लक्षण; *-v. t. & i.* (*p. t.* Spotted.) to stain, to mark with spots, to recognize. चिह्नित करना (धब्बा डालना), पहिचानना; **On the spot** (on the very place.) उसी स्थान पर; **Spot on the body** (mark on the body.) तिल।

Spotless-स्पॉट्-लेस्-*adj.* without a stain, clear, pure. बिना कलंक का, निर्मल, स्वच्छ; **Spotlessly** (-लि) *-adv.* in a spotless manner. निर्मलता से, शुद्धता से; **Spotlessness** (-नेस्) *-n.* freedom from stain. विमलता।

Spottedness-स्पॉटेड्-नेस्-*n.* the state of being spotted. चितकबरापन।

Spotty-स्पॉटि-*adj.* blotted. धब्बेदार।

Spousal-स्पाउ'-ज़ल्-*adj. & n.* matrimonial, nuptial, marriage. विवाह-सम्बन्धी, वैवाहिक, विवाह।

Spouse-स्पाउज़्-*n.* a husband or wife. पति या पत्नी।

Spout-स्पाउट्-*n.* a projecting pipe in a vessel for pouring liquids, a jet, a water-spout. नल, टोंटी, पानी का फुहारा; *-v. t. & i.* to issue out in a jet, to speak in a pompous manner. फुहारा छोड़ना या छूटना, वेग से निकलना, गंभीरता से बोलना; **Spouter** (-अर्)-*n.* one who spouts. फुहारा छोड़नेवाला; **Spoutless** (-लेस्) *-adj.* without a spout. बिना टोंटी का।

Sprag-स्प्रॅग्-*n.* a piece of wood or metal used as a brake on the wheel of a car. गाड़ी का पहिया रोकने के लिये लकड़ी या धातु के टुकड़े का साधन।

Sprain-स्प्रेन्-*n.* a wrench of the muscles or ligaments of a joint without dislocation. मरोड़, मोच, स्नायुवितान; *-v. t.* to twist the muscles so as to injure. मरोड़ना, मुरुकना, ऐठना।

Sprang-स्प्रॅङ्ग्-*p. t.* of **Spring.** कूदा।

Sprat-स्प्रॅट्-*n.* a kind of small European fish. यूरोप की एक प्रकार की छोटी मछली; *-v. i.* to fish sprats. इस मछली का शिकार करना।

Spratter-स्प्रॅ-टर्-*n.* one who fishes sprats. 'स्प्राट्' मछली का शिकार करनेवाला।

Spratting-स्प्रॅ-टिङ्ग्-*n.* the act of fishing sprats. 'स्प्राट्' मछली का शिकार।

Sprawl-स्प्रॉल्-*v. i. & t.* to spread oneself irregularly, to lie in a careless manner, to be of irregular form. शरीर टेढ़ा-मेढ़ा करके लेटना, इस प्रकार शरीर फैलाना, बेढंगा होना; *-n.* an awkward position. बेढंगी आकृति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Spray-स्प्रे-*n.* a slender branch of a tree, spring, flying of a liquid in very small drops. पतली शाखा, टहनी, फुहार, बौछार।

Sprayer-स्प्रे'-अर्-*n.* one who sprays. छिड़कने वाला मनुष्य (या यंत्र)।

Sprayey-स्प्रे-इ-*adj.* full of sprays, branching. बौछारदार, शाखादार।

Spread-स्प्रेड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Spread) to extend in all directions, to unfold, to cover surface of, to diffuse. फैलाना (तानना), खोलना, उघारना, फैलाना;-*n.* extent, expansion of parts. फैलाव, चौड़ाई (विस्तार); Spreader (-अर्)-*n.* one who spreads. फैलानेवाला;

Spreading (-इङ्ग्)-*n. & adj.* the act of extending, diffusing. फैलाव, फैलानेवाला।

Spree-स्प्री-*n.* a lively frolic, a noisy merriment. आनन्द का उत्सव, नाच-रंग (कोलाहल-सहित मदिरापान);-*v. i.* to have lively frolic. आनन्द मचाना।

Sprent-स्प्रेन्ट्-*adj.* sprinkled, overspread. छिड़का हुआ, फैलाया हुआ।

Sprig-स्प्रिग्-*n.* a small branch, twig, shoot, a small headless nail, a reckless young man. छोटी शाखा, टहनी, अँखुआ, बिना माथे की छोटी कील, धृष्ट पुरुष।

Spriggy-स्प्रि-गि-*adj.* full of twigs. टहनीदार, धृष्ट।

Sprightful-स्प्राइट्'-फुल्-*adj.* lively, brisk, gay. प्रफुल्ल (प्रसन्न), उत्साही, रंगीला; Sprightfulness (-नेस्), Sprightliness (-लि-नेस्)-*ns.* liveliness, gaiety. उत्साह, प्रफुल्लता; Sprightly (-लि)-*adj* lively, gay, full of life, brisk. प्रमुदित, आनन्दपूर्ण, प्रफुल्ल, उत्साहयुक्त।

Spring-स्प्रिङ्ग्-*v. i. & t.* (*p. t.* Sprang, *p. p.* Sprung.) to leap, to jump, to arise, to move rapidly, to start, to grow, to crack, to shoot up, to produce, to fly back, to burst, to split. उछलना, कूदना, निकलना, उभड़ आना (उठना), उगना (जमना), फटना, प्रकट होना, उत्पन्न होना, पीछे को हटना, झुकाना, फाड़ना; Sprung from a noble family (born in a high family.) उच्च कुल में उत्पन्न; Sprung from a royal family (descended from a royal line.) राजकुल में उत्पन्न; To spring a leak (to commence leaking.) जहाज में दरार पड़ना; To spring a mine (to bombard a mine.) बारूद से सुरंग उड़ाना।

Spring-स्प्रिङ्ग्-*n.* a leap, the season of the year in which vegetation begins, the place where water or oil issues from earth, backward position, origin, elasticity, elastic contrivance. कुदान, वसन्त ऋतु, उद्गम, जल या तेल का सोता (झरना), पिछला भाग, लचीली वस्तु, कमानी; Hair-spring (the fine spring used in a watch.) जेबी घड़ी की बहुत महीन (बाल) कमानी; Spring-bed (a bed consisting of elastic springs.) कमानीदार गद्दा।



Springs.

Springe-स्प्रिन्ज्-*n.* a noose or snare. जाल, फन्दा।

Springer-स्प्रिङ्गर्-*n.* that part of an arch where the curvature begins, the bottom stone of an arch. मेहराब का वह भाग जहाँ से घुमाव आरम्भ होता है, इस स्थान पर लगी हुई ईंट या पत्थर का टुकड़ा।

Springhalt-स्प्रिङ्ग्'-हॉल्ट्'-*n.* the convulsive movement of horse's hind leg in walking. चलने में घोड़े को नेउरी लगना।

Springiness-स्प्रिङ्गि-नेस्-*n.* elasticity. लचीलापन।

Springing-स्प्रिङ्गिङ्ग्-*adj.* shooting up. उभड़नेवाला; -*n.* the act of leaping. कुदान।

Springless-स्प्रिङ्ग्-लेस्-*adj.* without spring. बिना कमानी का।

Springlet-स्प्रिङ्ग्-लेट्-*n.* a small stream. छोटा सोता।

Spring-like-स्प्रिङ्ग्'-लाइक्-*adj.* like a spring. कमानी की तरह का।

Spring-tide-स्प्रिङ्ग्'-टाइड्-*n.* the high tide occurring shortly after new and full moon in each month. अमावस्या तथा पूर्णिमा को आनेवाला दीर्घ ज्वार।

Springy-स्प्रि-ङ्गि-*adj.* elastic, full of streams. लचीला, सोतों से भरा हुआ।

Sprinkle-स्प्रिङ्क्'-ल्-*v. t. & i.* to scatter in small drops or particles, to wash. छिड़कना (छींटना), धोना; Sprinkler (-अर्)-*n.* one who or that which sprinkles. छिड़कनेवाला मनुष्य या साधन; Sprinkling (-इङ्ग्)-*n.* the act of scattering in drops. छिड़काव।

Sprint-स्प्रिन्ट्-*v. i. & t.* to run a short distance, to run at full speed. थोड़ी दूर दौड़कर चलना, पूरे वेग से दौड़ना; Sprinter

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(-अर्) -*n.* runner of short distances. थोड़ी दूर दौड़नेवाला।

Sprite-स्प्राइट्-*n.* an elf, a goblin. प्रेत, पिशाच (वेताल)।

Sprocket-स्प्रॉ-केट् - *n.* each of the teeth of wheel on the links of which a chain moves. उस पहिये का दाँता जिस पर चेन चलती है।

Sprout-स्प्राउट्-*v. i. & t.* to shoot forth, to germinate, to grow, to produce. जमना, अँखुआ निकलना, उत्पन्न होना, उगना; -*n* the young shoot of a plant. अंकुर, मञ्जरी, कोंपल।

Spruce-स्प्रूस्'-*adj.* smart, neat, trim. स्वच्छ वेशधारी, सुथरा, बना-ठना; -*v. t.* to dress with affected neatness. स्वच्छ सुन्दर वस्त्र पहिनाना।

Sprucely-स्प्रूस्'-लि-*adv.* in a spruce or neat manner. ठाट-बाट से; **Spruceness** (-नेस्)-*n.* the quality of being spruce. छैलापन।

Sprue-स्प्रू-*n.* the hole through which liquid metal is passed while casting, a tropical disease, characterised by sore throat. छिद्र, जिसमें से ढालते समय गली हुई धातु डाली जाती है, गले के दर्द का रोग।

Sprung-स्प्रङ्ग्-*p. p.* of Spring. उछला, कूदा।

Spry-स्प्राइ-*adj.* nimble, lively, active. चंचल, प्रसन्न, फुर्तीला।

Spud-स्पड्-*n.* a kind of small spade. घास काटने का एक प्रकार का छोटा फरसा, खुरपा।

Spuddle-स्पड्-ल्-*v. i.* to dig slightly. थोड़ा-सा खोदना।

Spume-स्प्यूम्-*n.* froth, foam. फेन, झाग।

Spumescence-स्प्यूमे-सेन्स्-*n.* frothiness. झागपन; **Spumescent** (-सेन्ट्) - *adj.* foaming. फेनदार।

Spuminess-स्प्यूमि-नेस्-*n.* frothiness. झागपन।

Spumous-स्प्यूमस्, **Spumy** (-इ) -*adjs.* full of foam. झाग भरा हुआ, फेनदार।

Spun-स्पन्-*p. t. & p. p.* of Spin. काता।

Spunk-स्पङ्क् - *n.* courage, spirit. साहस, उत्साह; **Spunky** (-इ)- *adj.* spirited, brave. साहसी, वीर।

Spur-स्पर् - *n.* a pricking goad worn on a horseman's heel, stimulus, a projecting mountain. घुड़सवार का एँड़ (काँटा), उत्तेजक पदार्थ, पहाड़ का उभड़ा भाग; -*v. t. & i.* (*p. t.* Spurred.) to prick with spurs, to incite, to press. एँड़ मारना, प्रोत्साहित करना, उसकाना (उभाड़ना); On the spur of the moment (on momentary impulse.) बिना पूर्व विचार के, उसी क्षण; To win the spurs (to gain knighthood.) मान प्राप्त करना।

Spur-wheel-स्पर्'-ह्वील्-*n.* a wheel with radial teeth. दाँतेदार पहिया।

Spurge-स्पर्ज्-*n.* a kind of juicy plant. एक प्रकार का रसदार पौधा।

Spurious-स्प्यू' - रि - अस्- *adj.* not genuine, bastard, illegitimate, false. कृत्रिम (बनावटी), जाली (कल्पित), दोगला, मिथ्या; **Spuriously** (-लि)-*adv.* in a spurious manner. मिथ्या रीति से, बनावट से; **Spuriousness** (-नेस्)- *n.* the quality of being spurious. बनावट, जाल।

Spurless-स्पर्' - लेस् - *adj.* without a spur, spiritless. बिना एँड़ का, बिना उत्साह का।

Spurn-स्पर्न्-*v. t. & i.* to thrust back with foot, to disdain, to treat contemptuously. लात मारना, तिरस्कार करना, घृणा करना (धिक्कारना); - *n.* contemptuous treatment. घृणा, तिरस्कार।

Spurrier-स्पर'-रि-अर् - *n.* a maker of spurs. एँड़ बनानेवाला।

Spurrey, Spurry-स्प-रि-*ns.* a kind of herb. एक प्रकार की वनस्पति।

Spurt-स्पर्ट्-*v. i.* to make a sudden violent effort, to drive liquid from a small pipe. बड़ा प्रयत्न करना, छोटी टोंटी में से जल इत्यादि वेग से फेंकना; - *n.* a jet, sudden effort. फुहारा, हठ, उद्यम, बड़ा प्रयत्न।

Sputter-स्प-टर् - *v. i. & t.* to emit saliva from the mouth, to speak rapidly, to utter in a vehement fashion. थूकना (खखारना), जल्दी-जल्दी बोलना, क्रोध से डपटकर बोलना; -*n.* sputtering voice. इस प्रकार की बोली; **Sputterer** (-अर्) - *n.* one who sputters. डपटकर बोलनेवाला; **Sputteringly** (-इङ्ग्-लि) - *adv.* in a sputtering tone. डपटते हुए, खखारते हुए।

Sputum-स्प्यू' - टम् - *n.* (*pl.* Sputa.) matter expectorated from mouth, saliva, spittle. लाला, लार, थूक।

Spy-स्पाइ-*n.* (*pl.* Spies.) one who watches the movements of the enemy, a scout. गुप्तचर (प्रणिधि), जासूस (भेदिया); -*v. t. & i.* (*p. t.* Spied.) to discover by careful investigation, to detect, to explore secretly, to play the part of a spy. अनुसन्धान करना,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खोजना, पता लगाना, ढूँढना, जासूस या भेदिया का काम करना।

Spyglass-स्पाइ'-ग्लास् - *n.* a small telescope used by spies. छोटी दूरबीन।

Spy-hole-स्पाइ'-होल्-*n.* a peep-hole. झाँकने का छोटा छिद्र।

Spyism-स्पाइ'-इज़्म्-*n.*the business of spying. जासूसी का काम।

Squab-स्क्वॉब्-*adj.* at, thick and stout. मोटा, नाटा-मोटा;-*adv.* with a dash. धमाके से;-*n.* a fat person, an unfledged pigeon, a stuffed soft cushion. मोटा आदमी, बिना पर का कबूतर का बच्चा, रूई भरा गद्दा।

Squabble-स्क्वॉब्'-ब्ल् -*v. i. & t.* to engage in a wrangle, to quarrel, to disarrange composed types. झगड़ना, लड़ाई करना, जमाये हुए टाइप को खोलना; -*n.* a petty quarrel. झगड़ा, लड़ाई, तकरार।

Tallyman-टैं-लिमैन्-*n.* (*pl.* **Tallymen.**) a pedlar who carries his goods on a stick बहँगी पर सामग्री रखकर बेचनेवाला।

Tallyshop-टैं-लि-शाप्-*n.* a shop at which goods are sold to be paid for by instalments. दूकान जिसमें वस्तु किस्तों में दाम चुकाने की शर्त पर बेची जाती है।

Talma-टैल्मा-*n.* a long robe. लम्बा अँगरखा या लबादा।

Talmi-gold-टैल्-मि'-गोल्ड्-*n.* an article of brass with a thin coating of gold on it. सोने का मुलम्मा किया हुआ पीतल का पात्र।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Talmud-टॉल्-मड्-*n.* the code of Jewish law. यहूदियों के धर्मशास्त्र की पुस्तक ; **Talmudist** (-इस्ट्)-*n.* one versed in the Talmud. यहूदी धर्म पुस्तक का ज्ञाता।

Talon-टॉलन्-*n.* the claw of a bird of prey, the heel of a sword blade. शिकारी पक्षियों का नख, चंगुल. तलवार की धार का पिछला भाग।

Taloned-टॉलन्ड्-*adj.* furnished with claws. चंगुलदार।

Talpa-टॉल्पॉ-*n.* the genus which includes the mole. छछूँदर जाति के पशु।

Talus-टे-लस्-*n.* the bone of the foot which is articulated to the leg, a rampart. पैर की हड्डी, धुस।

Tamability-टेम बिलिटि -*n.* (also **Tameability**) tamableness. पलुआपन।

Tamable-टेमेबल्-*adj.* (also **Tameable.**) that may be tamed or subdued. पालने या अधीन करने योग्य; **Tamableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being tamable. पलुआपन।

Tamandua-टमॉं-न्डुआ-*n.* a kind of ant-eating animal. एक प्रकार का चींटी खानेवाला पशु।

Tamarin-टॉमरिन्-*n.* a kind of South African sqirrel-monkey. दक्षिण अफ्रिका का एक प्रकार का गिलहरी की शकल का बन्दर।

Tamarind-टॉमरिन्ड्-*n.* a tropical leguminous tree. इमली का पेड़।

Tamarisk-टॉम-रिस्क्-*n.* an evergreen shrub. झाऊ का पेड़।

Tambac-टॉम्बक्-*n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते के मेल से बनी हुई धातु।

Tambour-टॉम् - बूर् - *n.* a small sieve-like drum, a circular frame in which cloth &c. is stretched to be embroidered. चलनी के आकार की छोटी खँजड़ी, कसीदा काढ़ने के लिये कपड़ा तानने का गोल फ्रेम (ढाँचा); -*v. t.* to decorate or embroider. कसीदा काढ़ना।

Tambourine-टाम्ब्(-म्बु)रीन् -*n.* a small shallow drum with loose jingling metal disks. झाँझ लगा हुआ डफ़, खँजड़ी, चङ्ग।

Tambourine.

Tame-टेम् -*adj.* domesticated, not wild, spiritless पलुआ, पालतू, निःसत्त्व (निस्तेज, मन्द) ;-*v. t.* to subdue, to domesticate, to humble. वश में करना, पलुआ बनाना, विनीत करना; **Tameless** (-लेस्) - *adj.* untamable, wild. जंगली, पलुआ न बनाया हुआ,; **Tamely** (-लि) *adv.* in a tame manner. पलुआपन से, निःसत्त्व से; **Tameness** (-नेस्) -*n.* want of spirit. तेजहीनता, पलुआपन; **Tamer** (-अर्)-*n.* one who tames. पालनेवाला।

Tamin(e-) टामिन्-*n.* a fine thin glazed mixed woollen & silken stuff. बढ़िया पतला चमकदार ऊन और रेशम की मिलावट का कपड़ा।

Tamkin-टॉम्'-किन्-*n.* a cannon stopper. तोप का डट्टा।

Tam-o'shanter-टॉम्- -शॉन्टर्-*n.* a broad cap of knitted wool. बिने हुए ऊन की चौड़ी टोपी।

Tampan-टॉम्-पॉन्-*n.* a kind of venomous snake. एक प्रकार का विषैला सर्प।

Tamper-टॉम्पर्-*v.t. & i.* to meddle, to make unauthorized changes in a document, to practise secretly. दूषित करना, लिखित पत्र में चोरी से अदल-बदल करना, गुप्त व्यवहार करना; **Tamperer** (-अर्)-*n.* one who tampers. दूषित करनेवाला, लेख में चोरी से हेर-फेर करनेवाला।

Tampion-टॉम्पिअन्-*n.* a plug for the muzzle of a cannon. तोप का डट्टा।

Tampon-टॉम्पॉन्-*n.* a plug used to stop the flow of blood. रुधिर के प्रवाह को रोकने का गद्दा;-*v. t.* to check the flow of blood by a tampon. इस प्रकार के गद्दे से रुधिर का प्रवाह रोकना।

Tamponade-टॉम्पॉनेड्-*n.* the use of a tampon for a wound. घाव के लिये रुधिर रोकने के गद्दे का प्रयोग।

Tan-टॉन्-*v.t.& i.* (*p. t.* **Tanned.**) to convert raw hide into leather, to make or become brown. चमड़े को कमाना, धूप से भूरा होना या करना;-*n.* the bark used in the process of tanning. चमड़ा कमाने की (बबूल इत्यादि की) छाल -*adj.* brown. भूरा; **Tan-bed** (-बेड्)-*n.* a bed made of tan-bark. चमड़ा कमाने की छाल की बनी हुई चटाई।

Tandem-टॉन्'-डेम्-*adj.& n.* with two horses one behind the other, a two-wheeled carriage with a pair of horses harnessed one behind the other. टमटम गाड़ी जिसमें दो घोड़े एक के पीछे दूसरे जुते होते हैं।

Tang-टॉङ्ग्-*n.* a point or projection, tapering part of a tool which fits into a handle, a strong taste, flavour, a twanging sound, नोक, हथियार की डाँस, तीव्र स्वाद या गन्ध, झनझनाहट का शब्द; -*v.t.* to furnish with a tang, to twang. डाँस बैठाना, झनकार का शब्द करना।

Tangency-टॉन्जेन्सि-*n.* the state of being a

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

tangent. सम्पर्क, स्पर्श रेखिता।

Tangent-टैंन्जेंन्ट्-*n.* a straight line which touches a circle but being produced does not cut it. स्पर्श-रेखा, सम्पाति रेखा।



Tangent.

Tangential-टैंन्जेंन्शल्-*adj.* pertaining to tangent. स्पर्श-रेखा-सम्बन्धी **Tangentially** (-लि)-*a;dv.*in the direction of a tangent. स्पर्श रेखा की दिशा में।

Tangibility-see **Tangible.**

Tangible-टैंन्'-जि-बल्-*adj.* perceptible by touch that may be realized, clearly intelligible, corporal. स्पर्शनीय, स्पष्ट, प्रकट (व्यक्त), शारीरिक; **Tangibility** (-बिलिटि),**Tangibleness** (-नेस्)-*ns.*the quality of being tangible. स्पर्शनीयता; **Tangibly** (-ब्लि)-*adv.* in a tangible manner. स्पष्ट रूप से।

Tangle-टैंङ्गल्-*v. t. & i.* to knit together confusedly, to interweave, to be entangled. उलझन के साथ बुनना या फँसाना, उलझना;-*n.* a knot of things united confusedly. उलझन, लट।

Tangled-टैंङ्ग्-लड्-*adj.* knitted. उलझा हुआ।

Tanglingly-टैंङ्ग्-लिङ्ग्-लि-*adv.* in a tangling manner. उलझा हुआ, फँसा हुआ।

Tangly-टैंङ्ग्-लि-*adj.* tangled. उलझनदार।

Tango-टैंङ्गॅ-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Tangram-टैंङ्ग्-ग्रैम्-*n.* a square cut into seven pieces which may be combined to form various shapes. एक चतुर्भुज जिसको सात टुकड़ों में काटने पर इनसे अनेक आकृतियाँ बनती हैं।

Tan-house-टैंन्'-हाउस्-*n.* a building in which tanner's bark is stored. मकान जिसमें चमड़ा कमानेवाले की छाल रक्खी हो।

Tank-टैंङ्क्-*n.* a large wooden or metal basin, a reservoir, a locomotive boiler, an armoured car. लकड़ी या धातु का बड़ा पात्र, जलाशय, बावली, तालाब, इन्जन की टंकी, सब सामग्री-युक्त फौजी मोटर गाड़ी।

Tankage-टैंङ्केज्-*n.* storing in tanks, charge for this storage, the capacity of a tank, residue from tanks. तालाब में पानी जमा करने का काम, इस जमाव के लिये कर या शुल्क, तालाब की जलशक्ति, तालाबों की छाँछ।

Tankard-टैंङ्कर्ड्-*n.* a large drinking vessel. चषक, जल पीने का बड़ा बर्तन।

Tanker-टैंङ्कर्-*n.* a ship with a tank for carrying petroleum. मिट्टी का तेल ले जाने का जहाज।

Tannable-टैंन्'-ऍब्-ल्-*adj.* able to be tanned. चमड़ा कमाने योग्य।

Tannage-टैंन्-ऍज्-*n.* materials used in tanning. चमड़ा कमाने का सामान।

Tanner-टैंनर्-*n.* one whose occupation is to tan hides. चमड़ा कमानेवाला।

Tannery-टैंनरि-*n.* a tanning manufactory. चमड़ा कमाने का कारखाना।

Tannic-टैं-निक्-*adj.* pertaining to tannin चमड़ा कमानेवाले वानस्पतिक पदार्थ से सम्बन्धित **Tannic acid** (tannin.) उक्त पदार्थ का तेजाब।

Tanning-टैं-निङ्ग्-*n.* the art of converting raw hide into leather. कच्चे चमड़े को कमाने की कला।

Tansy-टैंन्'-ज़ि-*n.* a kind of bitter aromatic plant. एक प्रकार का पौधा।

Tantalism-टैंन्'-टॅ-लिज़्म्-*n.* punishment of Tantalus, son of Zeus, teasing, act of tantalizing. ज़ीअस के पुत्र टैंन्टलस का दण्ड, तरसाने या चिढ़ाने या तंग करने का काम।

Tantalization-टैंन्टलाइज़ेशन् - *n.* the act of tantalizing. तरसाव, ललचाव, चिढ़ाव।

Tantalize-टैंन्ट-लाइज़् -*v. t.* to torment, to tease with vain hopes. सताना, चिढ़ाना, तरसाना (ललचाना), आशा बढ़ाकर पूर्ण न करना।

Tantalizer-टैंन्ट - लाइज़र्-*n.* one who tantalizes. तरसानेवाला; **Tantalizing** (-इङ्ग्) -*adj.& n.* teasing, act of tormenting. कष्टकर, दिक करने का काम।

Tantalum-टैंन्टॅ - लम्-*n.* a precious metal. एक बहुमूल्य धातु।

Tantamount-टैंन्ट्-अ-माउन्ट्-*adj.* equivalent. समान, तुल्य।

Tantivy-टैंन्टिव्ति-*n.* a hunting cry, a swift movement. शिकारियों का शब्द, तीव्र गति; -*v. i.* to hurry. तेजी करना;-*adv.* with great speed. तीव्र गति से।

Tantrum-टैंन्'-ट्रम्-*n.* a fit of ill-temper. आवेश, क्रोध।

Tanyard-टैंन्'-यार्ड्-*n.* an enclosure where hides are tanned. चमड़ा कमाने का बाड़ा।

Tap-टैंप्-*n.*a gentle or slight blow with a thing, a tool for cutting screws, a short pipe. थपथपाहट, पेंच बनाने का हथियार, छोटी नली,टोंटी;,-*v. t. & i.* (*p.t.*Tapped.) to touch

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

gently, to strike with something small, to pierce a cask, to bore into. थपथपाना, छोटी वस्तु से मारना, पीपे में छेद करना।

Tap-borer-टैप्-बोर्-अर्-*n.* a gimlet. गिलमिट्, छेद करने का यन्त्र।

Tape-टेप्-*n.* a narrow band of woven cloth. फ़ीता, पट्टी;-*v. t.* to bind with a tape. फीते से बाँधना; **Tape measure** (a tape used in measuring.) नापने का फ़ीता; **To breast the tape** (to win in racing.) दौड़ में जीतना।

Taper-टेपर्-*n.* a thin wax candle, a small light. छोटी पतली मोमबत्ती, छोटा प्रकाश;-*adj.* conical, thinner at one end. शुण्डाकृति, गावदुम (किनारे पर नुकीला);-*v. i. & t.* to become thinner at one end. एक किनारे पर नुकीला या गावदुम होना ; **Tapering** (-इङ्ग्) -*adj.* gradually diminishing at one end. गावदुम आकार का;**Taperingly**(-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a tapering manner. गावदुम आकार में; **Taperness** (-नेस्) -*n.* the state of being tapering. नुकीलापन, शुण्डाकृति।

Tapestried-टैपिस्ट्रीड्-*adj.*fitted with tapestry. पिछवई लगी हुई।

Tapestry-टैप-स्ट्रि-*n.* a hand woven pictorial fabric used for covering walls, furniture &c. तसवीर बना हुआ पिछवई का कपड़ा।

Tape-worm-टेप्'-वर्म्-*n.* a parasite worm of the form of a tape. चिपटे आकार का केंचुआ।

Tapir-टे'-प-र्-*n.* a hoofed mammal like a rhinoceros. गैंडे के प्रकार का एक खुरवाला स्तनीय पशु।

Tapis-टैपिस्, (also-टैपि)-*n.* a carpet, tapestry, a cover for a table. गलीचा, पिछवई, मेज़पोश।

Tappet-टैपेट्-*n.* a small lever on a moving shaft. यन्त्र में चलते हुये डण्डे का छोटा जोड़।

Tapping-टैपिङ्ग्-*n.* the operation of drawing fluid matter accumulated in the body. शरीर में का संचित तरल पदार्थ निकालने की जर्राही क्रिया।

Tap-room-टैप्'-रूम्-*n.* a room in which liquor is sold or drunk. मदिरा पीने या बेचने का घर।

Tap-rate-टैप्'-रेट्'-*n.* the current rate. चालू दर।

Tap-root-टैप्'-रूट्-*n.* the main root of a plant which sinks deep into the ground. पौधे की प्रधान जड़ जो पृथ्वी में गहरी धँसी होती है, मूसला जड़।

Tapster-टैप्'-स्टर्-*n.* one whose business is to draw ale. मदिरा निकालनेवाला।

Tar-टार्-*n.* a black viscous substance got by distillation of wood, coal &c., a sailor. तारकोल, अलकतरा, बिरोजा, मल्लाह, केवट;-*v. t.* (*p. t.* Tarred.) to cover with tar. तारकोल या अलकतरा पोतना या लगाना; **Tarry** (-रि) -*adj.* smeared with tar. तारकोल या अलकतरा पोता हुआ।

Tarantism-टैरन्टिज़्म्-*n.* a dancing mania. नाचने की धुन।

Tarantula-टरैं-न्ट्युलैं-*n.* a kind of large poisonous spider. एक प्रकार का बड़ा विषैला मकड़ी।

Taraxacum-टैरैक्स्-अ-कम्-*n.* a kind of flowering plant from the roots of which a tonic laxative drug is prepared. एक प्रकार का फूलनेवाला पौधा जिसकी जड़ों से ताकतवर जुलाब की या दस्तावर दवा बनाई जाती है।

Tarboosh-टैर्बूश्-*n.* the inner part of a turban, a cap like fez. पगड़ी का भीतरी भाग, एक प्रकार की मुसलमानी टोपी।

Tardigrade-टार्डि-ग्रेड्-*adj.* moving slowly. धीरे-धीरे चलनेवाला।

Tardily-टार्डिलि -*adv.* in a tardy manner. मन्दता से; **Tardiness** (-नस्)-*n.* the state of being tardy, sluggishness. मन्दता, धीमापन।

Tardy-टार्डि-*adj.* (*comp.* Tardier, *sup.* Tardiest.) slow-moving, sluggish, reluctant. दीर्घसूत्री, मन्द, धीमा, विलम्बी।

Tare-टेअर्-*n.* a weed that grows amongst corn, an allowance made from the gross weight of goods. अन्न के बीच में उगनेवाली एक प्रकार की घास, किसी पदार्थ के भार से घटाया जानेवाला पात्र का भार; **Average tare** (the weight of a vehicle without any load.) बिना बोझ लदी गाड़ी का वज़न।

Target-टार्'-गट्-*n.* a small round shield, a mark to fire at. छोटी गोल ढाल, गोली चलाने का निशाना या लक्ष्य; **Targeted** (-यॅड्) -*adj.* furnished with a target. ढाल लगाये हुए।

Tariff-टैरि-रिफ़्-*n.* a list of table of duties or customs to be paid on exportation and importation, a list of charges. शुल्क-सूची, चुङ्गी की दर की सूची, निर्खनामा, भाव की दर; -*v. t.* to put a valuation on. चुङ्गी निर्धारित करना; **Preferential tariff** (reduced duties or allowance of duties on goods imported from a favoured country.) किसी विशिष्ट देश से आई हुई वस्तु पर कम चुङ्गी या चुङ्गी की छूट।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Tarlatan-टार्लटन्-*n.* a kind of very thin muslin. एक प्रकार का बहुत बारीक मलमल या आबेरवाँ।

Tarn-टार्न्-*n.* a small mountain lake, a marsh. पहाड़ी झील, दलदल।

Tarnation-टार्-नें-शन्-*n.* damnation. सत्यानाश।

Tarnish-टार्निश्-*v. t. & i.* to destroy lustre, to become dull. चमक हटाना, मलिन करना या होना, धुँधला होना; **Tarnishable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* able to be tarnished. धुँधला या मलिन होने योग्य।

Tarot-टॉ-रॅ-*n.* a kind of card game. एक प्रकार का ताश का खेल।

Tarpan-टॉर्-पॉन्-*n.* the wild horse of Central Asia. मध्य एशिया का जङ्गली घोड़ा।

Tarpaulin-टार्-पॉ'-लिन्-*n.* tar-covered water proof canvas, a sailor. अलकतरा पोता हुआ किर्मिच, मल्लाह।

Tarpon-टार्'-पॅन्-*n.* the jew-fish. एक प्रकार की मछली।

Tarrace-टॉरीस्-*n.* a volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत से निकली हुई मिट्टी जो जोड़ने के काम में आती है।

Tarragon-टॉ-र'-अ-गन्-*n.* a savoury herb. एक स्वादिष्ट शाक।

Tarrier-टॉ-रि-अर्-*n.* one who tarries. विलम्ब करनेवाला।

Tarry-टॉ-रि-*v. t.* (*p. t.* Tarried.) to stay, to remain behind, to wait for, to delay. रुकना, ठहरना, देर करना, विलम्ब करना।

Tarsal-टार्सल्-*adj.* pertaining to tarsus. पैर की नली के निचले भाग से सम्बन्धित।

Tarsia-टार्-सि-आँ-*n.* a beautiful kind of mosaic wood-work. लकड़ी में सुन्दर खुदाई का काम।

Tarsus-टार्सस्-*n.* the part of the foot to which the leg is articulated. एँड़ी और नली के बीच का पैर का भाग।

Tarsalgia-टॉर्सल्जिआ-*n.* pain in the tarsus. पैर की नली की पीड़ा।

Tart-टार्ट्-*adj.* of sharp taste, acid, severe. तीखा, खट्टा, चरपरा;-*n.* a flat, crustless sweet fruit pie. मीठे फल की बिना चपड़ी की कचौड़ी।

Tartan-टार्टन्-*n.* a checkered or striped woollen fabric of various patterns. ऊनी चारखाना या पट्टीदार वस्त्र;-*n.* a kind of small coasting vessel. एक प्रकार का छोटा जहाज।

Tartar-टार्टर्-*n.* a native of Tartary, an acid salt deposit from fermented wine, concretion which incrusts the teeth. टार्टरी देश वासी, मदिरा की क्षारीय तलछट जो नीचे जम जाती है, दाँत की मैल; **To catch a Tartar** (to quarrel with a very strong enemy.) अति प्रबल शत्रु से झगड़ा करना।

Tartarean-टार्'-टे-रिअन्-*adj.* pertaining to the infernal regions. नरक सम्बन्धी।

Tartaric-टार्-टॉ-रिक्, **Tartareous**(-रस्)-*adj.* obtained from tartar. क्षारीय।

Tartarin-टार्टरिन्-*n.* potash. पोटास।

Tartarization-टार्टराइजेशन्-*n.* the act of reducing to tartar. क्षार बन जाने का कार्य।

Tartarize-टार्टराइज़्-*v. t.* to impregnate with tartar, to convert into a Tartar. क्षारपूर्ण करना, तातारी बनाना।

Tartarous-टार्टरस्-*adj.* containing tartar. क्षार युक्त।

Tartarus-टार्टरस् -*n.* the infernal regions of ancient Greek & Roman mythology. प्राचीन यूनानी तथा रूमी धर्मग्रन्थों का पाताल लोक।

Tartish-टार्टिश्-*adj.* somewhat tart. कुछ तीखा या चरपरा।

Tartly-टार्ट्लि-*adv.* smartly or abruptly. तीक्ष्णता से, तीखेपन से; **Tartness** (-नेस्)-*n.* sharpness to the taste. स्वाद में तीखापन या चरपरापन

Tartuffe-टार्ट्यूफ़्-*n.* a religious hypocrite. धर्मद्वेषी, पाखण्डी; **Tartuffish** (- इश्) - *adj.* hypocritical. पाखण्डी।

Tasimeter-टासिमिटर्-*n.* an electrical instrument for determining variations in temperature. तापमान का अन्तर जानने का बिजली का एक यन्त्र

Task-टास्क्-*n.* a business imposed by another a lesson to be learnt at school, specific work, voluntary work. कार्य (काम, कर्तव्य), पाठ, परिश्रम, धन्धा;-*v.t.* to exact labour from, to impose a task on. कार्य में नियुक्त करना, मेहनत लेना, काम करना।

Tasker-टास्कर्-*n.* one who imposes a task. काम सौंपनेवाला; **Taskmaster** (-मास्टर्)-*n.* a man who assigns work to be done. काम लेनेवाला, काम में लगानेवाला; **Taskwork** (-वर्क) -*n.* a piece of work given as a task, forced labour, oppressive work. दिया गया कार्य, धन्धा, जबर्दस्ती लिया गया श्रम, कष्टकारक कार्य।

Tass-टॉस्-*n.* a drinking-cup. प्याला, कटोरी।

Tassel-टॉस्-ल्-*n.* a pendent ornament, a ribbon sewn in a book serving as a bookmark. झब्बा (फुँदना, लटकन), किताब में सिला

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुआ फीता; **Tasselled** (-ड्)-*adj.* adorned with tassels. फुँदनों या झब्बों से अलंकृत।

Tastable-टेस्टे-बल्-*adj.* (also **Tasteable**) able to be tasted, savoury. स्वाद लेने योग्य।

Taste-टेस्ट्-*n.* the sense by which we taste, relish, judgment, style, manner, choice, flavour, liking. रसनेन्द्रिय, स्वाद, रस, निर्णय, प्रचलित ढंग या तरीका, रुचि, प्रवृत्ति, चाट; *v. t. & i.* to perceive by the tongue and palate, to try the relish of, to eat a little, to experience, to enjoy. स्वाद लेना, चखना, थोड़ा खाना, अनुभव करना, आनन्द लेना; **A man of taste** (one possessing a good taste.) रसिक; **Devoid of taste** (destitue of good taste.) अरसिक; **Tasteful** (-फुल्) -*adj.* savoury, done in good taste. रुचिकर, स्वादिष्ट, जायकेदार, मनोहर (हृदयग्राही); **Tastefully** (-लि)-*adv.* in a tasteful manner. रुचि से, स्वाद से; **Tastefulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the quality of being tasteful. स्वादिष्टता; **Tasteless** (-लेस्)-*adj.* having no taste, insipid. रसहीन (बेस्वाद), नीरस (फीका); **Tastelessly** (-लस्-लि)-*adv.* in a tasteless manner. रसहीनता से; **Tastelessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the quality of being tasteless. रसहीनता; **Taster** (-अर्)-*n.* a person employed to taste food. (आस्वादक) भोजन का स्वाद लेनेवाला मनुष्य; **Tastilly** (-इ-लि)-*adv.* with good taste. स्वाद से; **Tasty** (-इ)-*adj.* of good taste, savoury. सुरस, स्वादिष्ट, स्वादपूर्ण।

Ta-ta-टा-टा-*interj.* good-bye. विदाई के समय का नमस्कार।

Tatter-टैं-टर्-*n.* a rag or part torn. चीर, चिथड़ा, फटन।

Tattered-टैं-टर्ड्-*adj.* ragged. फटा हुआ।

Tattery-टैंटरि-*adj.* tattered. फटन का, फटा हुआ।

Tatting-टैं-टिङ्ग्-*n.* trimmings for woven work. किनारी, झालर।

Tattle-टैं-टल्-*n.* idle talk, trifling talk. बड़बड़, बकवाद; *v. i.* to talk idly, to prattle, to tell secrets. बड़बड़ करना (गप करना), बकवाद करना, भेद बताना।

Tattler-टैंट्-लर्-*n.* an idle talker. बड़बड़िया, बकवादी; **Tattlery** (-इ)-*n.* an idle talk. गप्प, बकवाद; **Tattling** (-इङ्ग्)-*n.* tattle. बकवाद।

Tattoo-टैंटू-*n.* (*pl.* **Tattooes.**) a beat of drum for recalling soldiers to the headquarters, a mark or figure made on the body by punctures and stains. सैनिकों को डेरे पर बुलाने के लिये नगाड़ा बजना, गोदना; *v. t. & i.* to beat the drum, to puncture the skin with indelible patterns. नगाड़ा बजाना, गोदना गोदना।

Taube-टाउब्-*n.* a type of German aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज।

Taught-टॉट्-*p. t. & p. p.* of **Teach.** सिखाया।

Taunt-टॉन्ट्-*n.* sarcastic reproach, upbraid, insulting words. निन्दा, आक्षेप, तिरस्कार; -*adj.* tall. लम्बा, ऊँचा; -*v. t.* to reproach, to revile. निन्दा करना, तिरस्कार करना, ताना मारना; **Taunter** (-अर्)-*n.* one who taunts. निन्दक, निन्दा करनेवाला; **Taunting** (-इङ्ग्) -*adj.* sarcastic. आक्षेपयुक्त, ताने का; **Tauntingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sarcastic manner आक्षेप से, निन्दा से।

Taurian-टॉ-रि-अन्-*adj.* of a bull. साँड़ का।

Taurine-ट-राइ-न्-*adj.* relating to a bull. साँड़-सम्बन्धी।

Tauromachy-टॅ-रॅ-म-कि-*n.* a bullfight. साँड़ की लड़ाई।

Taurus-टॉ-रस्-*n.* the second sign of the zodiac. वृष राशि।

Taut-टॉट्-*adj.* tight, secure. कसा या तना हुआ, दृढ़।

Tauten-टॉट्-न्-*v.t.* to make tight कसा बनाना।

Tautological-टॉटलॅजिकल्-*adj.* of repetition of the same thing. पुनरुक्ति-सम्बन्धी; **Tautologically** (-लि)-*adv.* in a tautological manner. पुनरुक्ति की रीति से।

Tautologist-टॉटॅलॅजिस्ट्-*n.* one who uses tautology. पुनरुक्ति का व्यवहार करनेवाला।

Tautologize-टॉटॅलॅजाइज़्-*v. t.* to repeat the same thing in different words. भिन्न-भिन्न शब्दों में एक ही बात को दुहराना।

Tautologous-टॉटलॅगस्-*adj.* repeating the same thing. पुनरुक्ति करनेवाला।

Tautology-टॉटॅलॅजि-*n.* a repetition of the same meaning in different words. पुनरुक्ति, एक ही बात को भिन्न-भिन्न शब्दों में कथन।

Tautophony-टॉटोफॅनि-*n.* repetition of the same sound. एक ही शब्द की पुनरुक्ति।

Tavern-टैंवर्न्-*n.* a public house where liquors are sold, an inn. शराबखाना, पथिकाश्रम, सराय; **Taverner** (-अर्)-*n.* one who keeps a tavern. भठियारा; **Taverning** (-इङ्ग्) -*n.* a feasting at taverns. सराय में भोजन करना

Taw-टॉ-*n.* a play at marbles. अण्टा या गोली का एक खेल; -*v. t.* to dresss skin into white leather. चमड़े को कमाकर सफेद करना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Tawdrily-टॉ-ड्रि-लि-*adv.* in a gaudy manner. आडम्बर से, दिखाव से; **Tawdriness** (-नस्)-*n.* gaudiness, showiness. बाह्य शोभा, दिखावट।

Tawdry-टॉ-ड्रि-*adj.* gaudy, showy, falsely showy. आडम्बरी, दिखाऊ, मिथ्या शोभा का।

Tawer-टॉ-अर्-*n.* one who dresses white leather. सफेद चमड़ा कमानेवाला।

Tawniness-टॉ-नि-नस्-*n.* the quality of being tawny. भूरापन।

Tawny-टॉ-नि-*adj.* (*comp.* Tawnier, *sup.* Tawniest.) brownish, yellow.

Tawse-टॉज़्-*n.* a thick leather strap. मोटे चमड़े की चमोटी।

Tax-टैक्स्-*n.* a rate or sum of money levied on persons or property for the benefit of the state. राज्य-शुल्क, कर, टैक्स, महसूल;-*v. t.* to impose tax, to charge, to censure. कर लगाना, अत्यन्त पीड़ा देना, निन्दा करना (दोष लगाना); **Direct tax** (a tax levied directly.) प्रत्यक्ष कर; **Income tax** (a tax imposed on incomes.) आयकर; **Indirect tax** (a tax levied in an indirect manner.) अप्रत्यक्ष कर; **Tax-free** (free from taxes.) निःशुल्क।

Taxability-टैक्सेबिलिटि-*n.* the state of being taxable. कर लगाये जाने योग्य स्थिति।

Taxable-टैक्सेबल्-*adj.* liable to assessment of taxes. कर लगने योग्य; **Taxably** (-इ)-*adv.* in a taxable manner. कर लगने की योग्यता से।

Taxation-टैक्सेशन्-*n.* the act of taxing, sum imposed, charge. कर-निर्धारण, कर-स्थापन।

Taxer-टैक्सर्-*n.* one who taxes. कष्ट देनेवाला।

Tax-gatherer-टैक्स्'-गैदरर्-*n.* collector of taxes. कर वसूल करनेवाला।

Taxi-टैक्सि-*n.* a motor-cab plying on hire. भाड़े पर चलनेवाली मोटर गाड़ी; **Taxi-man** (a taxi-cab driver.) भाड़े की मोटर हाँकनेवाला।

Taxidermal-टैक्स्'-इ-डर्-मल्-*adj.* pertaining to taxidermy. पशुओं की खाल में मसाला भरने की कला सम्बन्धी; **Taxidermist** (-मिस्ट्)-*n.* one who is skilled in taxidermy. पशुओं की खाल में मसाला भरकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला में निपुण; **Taxidermy** (-मि)-*n.* the art of preseving and preparing the skins of animals so as to represent their natural appearance. पशुओं की खाल में मसाला लगाकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला।

Taximeter-टैक्सि-मि-टर्-*n.* an automatic device fitted in a taxi-cab for measuring distance and recording fare. मोटर गाड़ी में लगा हुआ यन्त्र जिसमें दूरी तथा भाड़ा अंकित रहता है।

Taxis-टैक्सिस्-*n.* a surgical operation for restoring parts of the body to their places. अङ्गों के भाग को यथास्थान बैठाने की जर्राही विधि।

Taxonomy-टाक्सॅनॉमि-*n.* the principle of classifying plants and animals. वनस्पतियों तथा पशुओं को वर्गों में विभक्त करने का सिद्धान्त।

Tazza-टैज़ी-*n.* a saucer-shaped vessel mounted on a foot. एक प्रकार का गोड़ीदार प्याला।

T-bandage-टी-बैन्ड्'-ऍज्-*n.* a bandage in the form of T. टी अक्षर के आकार की बाँधने की पट्टी।

Tea-टी-*n.* the dry leaves of a plant of the camellia family, decoction of dried tea-leaves. चाय;-*v. i.* to drink tea. चाय पीना; **A storm in a tea-cup** (an agitation about trivial matters.) छोटी-छोटी बातों पर बड़ा झमेला; **Tea-cup** (a small cup used for drinking tea.) चाय पीने का प्याला; **Tea-spoon** (-स्पून्)-*n.* a spoon of one dram of liquid used for drinking tea. चाय पीने का एक ड्राम का चम्मच।

Teach-टीच्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Taught.) to instruct, to inform, to give lessons at school, to admonish, to make familiar, to counsel. उपदेश देना, सूचना देना, स्कूल में पाठ पढ़ाना, सचेत करना, कान खोलना, परिचित कराना, सलाह देना; **Teachability** (-ऍबिलिटि)-*n.* ability to be instructed. पढ़ाने या सिखलाये जाने की योग्यता; **Teachable** (-ऍबल्)-*adj* capable of being taught, docile. पढ़ाने या सिखलाने योग्य; **Teachableness** (-नेस्) पढ़ाने की योग्यता।

Teacher-टीचर्-*n.* an instructor, a preceptor. अध्यापक, शिक्षक, गुरु; **Teachership** (-शिप्)-*n.* the office of a teacher. अध्यापक का पद; **Teaching** (-इङ्ग्)-*n.* instruction. अध्यापन, शिक्षा, उपदेश; **Teachless** (-लेस्)-*adj.* unteachable. शिक्षा न देने योग्य।

Teague-टीग्-*n.* an Irishman (in contempt.) आयरलैंड-निवासी (तिरस्कार का शब्द)।

Teak-टीक्-*n.* a tropical tree producing hard wood, timber of this tree. सागौन का वृक्ष, सागवान की लकड़ी।

Teal-टील्-*n.* (*pl.* Teal.) a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तक।

Team-टीम्-*n.* two or more horses, oxen &c. harnessed together, a company, a set of

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

players on one side of a game, *e. g.* football, cricket &c. एक साथ जोते हुए दो या अधिक घोड़े, बैल इत्यादि, समुदाय, खिलाड़ियों का एक ओर का दल; *-v. t.* to harness together. एक साथ जोतना ; **Teamster** (-स्टर्) *-n.* one who drives team. घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी हाँकनेवाला; **Team work** (-वर्क्)*-n.* work done by a team. घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी या आदमियों की टोली से किया हुआ काम।

Tea-pot-टी'-पॉट्-*n.* a vessel in which tea is prepared. चाय बनाने का पात्र।

Teapoy-टी'-पॉय्-*n.* a small three or four-legged table for a tea tray. तिपाई, चाय पीने की छोटी चौकी।

Tear-टिअर-*n.* a drop of liquid secreted by the lachrymal glands. अश्रु, नयनवारि, आँसू; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुधारा; **Tearful** (- फुल्)*-adj.* weeping, shedding tears. अश्रुपूर्ण, रोता हुआ; **Tearfully** (-फुलि) *-adv.* in a weeping manner. रोते हुए; **Tearless** (-लेस्)*-adj.*shedding no tears, without tears. आँसू न गिराता हुआ, अश्रु-हीन।

Tear-टेअर् *v. t. & i.* (*p. t.* **Tore**, *p. p.* **Torn**) to separate by violence or pulling, to rend, to make hole. विदीर्ण करना, चीरना, फाड़ना; *-n.* a rent. फटन, फटाव; **To tear away** (to pull violently.) वेग से झटका देना; **To tear from** (to take away by force, to snatch.) वेग से हटाना, छीनना; **To tear off**(to pull off violently.) झटके से खींचना; **To tear to pieces** (to separate in fragments.) टुकड़े-टुकड़े करना: **To tear up** (to root out, to destroy.) जड़ से उखाड़ना, नष्ट करना; **Tearer** (-अर्)*-n.* one who rents anything. फाड़नेवाला; **Tearing** (-इङ्ग्)*-adj.* violent. तीव्र।

Tease-टीज़्-*v. t.* to comb wool or flax, to vex with jests, to scratch, to importune. ऊन या सन को सँवारना, कंघी करना या सुलझाना, पीड़ा देना, दिक करना, खरोचना, चिढ़ाना।

Teasel, Teazel-टी-ज़ुल् *-n.* a kind of plant with large prickly heads used in raising a nap cloth. काँटेदार सिरेवाला पौधा जो सूती कपड़े पर ऊनी रोएँ के समान सतह बनाने में प्रयुक्त होता है।

Teaser-टीज़र्-*n.* a teasing person. चिढ़ानेवाला मनुष्य।

Teat-टीट्-*n.* the projecting part of the nipple of the breast. स्तन का अग्रभाग, चूचुक;

Teatlike (like a nipple.) चूची के समान।

Teathe-टीद्-*v. t.* to manure land by live stock. पशुओं को बैठाकर खेत जोरदार करना।

Techily-टे-चि-लि-*adv.* fretfully. चिड़चिड़ाहट से; **Techiness** (-चि-नेस्) *-n.* peevishness, fretfulness. चिड़चिड़ाहट, झुँझलाहट।

Technic-टेक्-निक्-*n.* a technical art or skill, विशिष्ट कला या विद्या; **Technical** (-अल्)*-adj.* pertaining to science, art or handicraft, of terms used in a particular signification. विशेष कला या शास्त्र सम्बन्धी, पारिभाषिक (साकेतिक); **Technicality** (-कैल्-इ-टि)*-n.* anything peculiar to an art or science किसी कला या विद्या की विशिष्टता, परिभाषा; **Technically** (-अलि)*-adv.* in a technical manner. परिभाषानुसार।

Technics-टेक्-निक्स्-*n.* the doctrine of arts in general. कलाओं का सामान्य सिद्धान्त, कलाओं की विद्या।

Technique-टेक्-नीक्' *-n.* mechanical art or skill. यन्त्र-कला।

Technological-टेक्-नॅ-लॅजिकल्-*adj.* pertaining to technology. कला-विवरण सम्बन्धी; **Technologist** (-जिस्ट्)*-n.* one skilled in technology. शिल्प कला विज्ञान में निपुण; **Technology** (-जि)*-n.* the science of the industrial arts. शिल्प कला विज्ञान।

Techy-टेच्-इ - *adj.* (*comp.* **Techier**, *sup.* **Techiest.**) peevish, irritable. चिड़चिड़ा, क्रोधी।

Tectonic-टेक् - टॅनिक् - *adj.* pertaining to building. इमारत सम्बन्धी।

Ted-टेड्-*v. t.* (*p. t.* **Tedded**) to spread grass for drying. सुखाने के लिये घास फैलाना; **Tedder** (-डर्)*-n.* one who teds, a machine for spreading grass. सुखाने के लिये घास फैलानेवाला आदमी, घास फैलाने का यन्त्र; **Te-Deum** (टी-डी'-अम्)*-n.* a hymn sung on happy occasions as thanks-giving. आनन्द के अवसर पर धन्यवाद के लिये गाया गया भजन।

Tedious-टी-डि-अस्-*adj.* wearisome, tiresome irksome, slow. श्रम करनेवाला, थकानेवाला, मन्द (दीर्घसूत्री), धीमा; **Tediously** (-लि), *-adv.* in a way so as to weary. थकाते हुए; **Tediousness** (-नेस्) *-n.* the quality of being tedious. श्रमकारिता, क्लान्तिकारिता।

Tedium-टी-डि-अम्-*n.* irksomeness, wearisomeness. थकावट, उतावलापन।

Tee-टी-*adj.* shaped like the letter T. 'टी' अक्षर के आकार का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Teem-टीम्-*v. i. & t.* to bring forth young, to be pregnant, to bear offspring, to abound, to pour out, to empty. बच्चा जनना, गर्भ धारण करना, गर्भिणी होना, बहुतायत से उत्पन्न करना, उँड़ेलना, खाली करना।

Teemer-टीमर्-*n.* one who brings forth young. बच्चा पैदा करनेवाली स्त्री।

Teemful-टीम्'-फुल्-*adj.* pregnant. गर्भवती।

Teeming-टीमिङ्ग्-*adj.* producing young one, fruitful. बच्चा पैदा करनेवाली, गर्भपूर्ण, परिपूर्ण।

Teemless-टीम्'-लेस्-*adj.* barren. ऊसर, बाँझ, फल-रहित।

Teen-टीन्-*n.* affliction, injury, damage, irritation, anger, anxiety, ill-will. पीड़ा, चोट, क्षति, सन्ताप, आवेग, क्रोध, चिन्ता, बुराई, जलन।

Teens-टीन्ज़्-*n. pl.* the years of one's age from thirteen to nineteen. तेरह वर्ष से उन्नीस वर्ष तक की अवस्था; In one's teens (from thirteen to nineteen years of age.) तरुण अवस्था में (१३ से १९ वर्ष के बीच की अवस्था में)।

Teeth-टीथ्-*n.* (*pl.* of Tooth) दाँत; In the teeth of (in direct opposition to.) प्रत्यक्ष रूप से विरोध करते हुए।

Teethe-टीद्-*v. i.* to grow or cut teeth. दाँत निकलना।

Teething-टी-दिङ्ग्-*n.* dentition. दाँतों का निकलना।

Teetotal-टी-टो'-टल्-*adj.* pertaining to abstinence from all intoxicating drinks. सब मादक पदार्थों के बहिष्कार से संबंधित; **Teetotalism** (-इज़्म्)-*n.* total abstinence from intoxicating liquors. मादक पदार्थों का पूर्ण बहिष्कार; **Teetotaller** (-अर्)-*n.* one pledged to total abstinence. कभी किसी प्रकार के मादक द्रव्य का व्यवहार न करनेवाला मनुष्य।

Teetotum-टी-टो-टम्-*n.* a kind of children's small toy with numbered sides. लट्टू, फिरकी, चकई।

Teg-टेग्-*n.* a young sheep in the second year. भेड़ का दूसरे वर्ष का छोटा बच्चा

Tegular-टेग्युलर्-*adj.* pertaining to or resembling a tile. खपरैल के आकार या तरह का; **Tegularly** (-लि)-*adv.* in the manner of tiles. खपरैल के आकार में।

Tegument-टेग्युमेन्ट्-*n.* a natural covering. प्राकृतिक आवरण, खाल या कवच; **Tegumental** (-अल्), **Tegumentary**(-अरि)-*adjs.* pertaining to tegument. प्राकृतिक आवरण सम्बन्धी।

Tehee-टि-ही-*n.* the sound made in laughing. हँसने का शब्द, ही ही; -*v. i.* to laugh with a noise. ही ही करना।

Teil-टील्-*n.* the lime tree. नीबू का वृक्ष।

Teint-टेन्ट्-*n.* colour, tint. रङ्ग।

Teknonymy-टेक्-नॅ - निमि -*n.* naming of parent from the child. लड़के के नाम से माँ-बाप को पुकारना।

Telary-टेल्-अरि-*adj.* pertaining to a web. जाला सम्बन्धी।

Telegram-टे लिग्रॅम्-*n.* a telegraphic message. तार द्वारा समाचार; **Telegrammatic** (-ऑटिक्) or **Telegrammic** (-इक्)-*adjs.* pertaining to telegrams. तार समाचार सम्बन्धी।

Telegraph-टे-लि-ग्राफ़्-*n.* an apparatus for communicating between distant points by electricity. तार; -*v. t. & i.* to send message by telegraph. तार द्वारा समाचार भेजना; **Telegrapher** (-अर्), **Telegraphist** (-इस्ट्) -*ns.* a telegraph operator. तार बाबू; **Telegraphic** (-इक्) -*adj.* pertaining to or communicated by telegraph. तार सम्बन्धी, तार द्वारा भेजा हुआ; **Telegraphically** (-अलि) -*adv.* by telegraph. तार द्वारा।

Telegraphy-टे लिग्रॉफ़ि-*n.* the art of working telegraphs. तार द्वारा समाचार भेजने इत्यादि की कला।

Telemeter-टिलॅ मिटर्-*n.* an instrument for determining distance. दूरी नापने का यन्त्र; **Telemetry** (-मिट्रि)-*n.* range-finding. दूरी नापने का कार्य।

Teleological-टे लि-ॲलॉजिकल्-*adj.* pertaining to teleology. हेतुविद्या सम्बन्धी; **Teleologist** (-जिस्ट्) -*n.* one who advocates teleology. हेतुविद्या का अनुयायी।

Teleology-टे-लि-ॲ-लॅ-जि-*n.* the doctrine of the final cause of things. हेतुविद्या, मीमांसा।

Telepathy-टे लि'-पथि-*n.* thought transference. मानसिक संक्रमण, दूरस्थित एक मन का दूसरे पर प्रभाव।

Telephone-टे लि-फ़ोन्-*n.* an apparatus for transmitting sound to a distance by means of electricity. बिजली द्वारा शब्द को दूर भेजने का यन्त्र, टेलिफ़ोन; **Telephonic** (-फ़ॅन्-इक् -*adj.* relating to the telephone. टेलिफ़ोन यन्त्र सम्बन्धी; **Tele-**



Telephone.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

phonically (-अलि)-*adv.* by means of a telephone. टेलिफ़ोन यन्त्र द्वारा; **Telephonist**-(-फन्-इस्ट्)-*n.* one who works the telephone. टेलिफ़ोन पर काम करनेवाला; **Telephony** (-फ़ॅन्-इ)-*n.* the business of operating a telephone. टेलिफ़ोन पर काम करने का व्यवसाय ; **Telephonograph** (-फ़ोन्-ॲ-ग्राफ़) -*n.* an instrument for recording a telephonic message. टेलिफोन के समाचार को अङ्कित करने का यन्त्र।

Telephotograph-टॅलिफ़ोटॅ-ग्रॉफ़ -*n.* a picture received by means of a telephone. टेलिफ़ोन द्वारा उतारा गया छायाचित्र; **Telephotography** (- इ) -*n.* photographing of distant objects. दूर के पदार्थों की फ़ोटो उतारने का यन्त्र।

Telescope-टॅलि-स्कोप्-*n.*an optical instrument for viewing distant objects. दूर दर्शक यन्त्र, दूरबीन; **Telescopic** (-इक्)-*adj.* pertaining to or like a telescope. दूरबीन-संबंधी, दूरबीन के सदृश, दूरबीन के आकार का; **Telescopically** (- इ - कलि) - *adv.* by means of the telescope. दूरबीन द्वारा।

Teleseme-टॅल्-इ-सीम्-*n* a kind of electric signal. बिजली द्वारा संकेत करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Telesia-टॅ-लि-ज़ि'-आ -*n.* sapphire. नीलम।

Telesm-टॅ-लॅज़्म्-*n.*a kind of magical charm, a talisman. यन्त्र, जन्तर।

Telestich-टॅ लॅ-स्टिक्-*n.*a poem in which the final letters of the lines make a name or a word. छन्द जिसके अन्तिम अक्षरों से कोई नाम या शब्द बनता है।

Television-टॅ लिव्ज़िज़न् -*n.* the vision of a distant object on a screen by means of an electrical apparatus. बिजली के यन्त्र द्वारा दूर के पदार्थों के चित्र का पर्दे पर दृश्य या प्रदर्शन।

Telic-टॅ लिक्-*adj.* denoting a purpose. लक्ष्य-सूचक।

Tell-टॅल्-*v. t. & i.* (*p. t. & p.p.* Told.) to relate in words, to make known, to count, to produce effect, to determine, to distinguish. कहना, बतलाना, वर्णन करना, समाचार देना, प्रकट करना, गिनना, सूचित करना, निश्चय करना, भेद बताना।

Teller-टॅ-लर्-*n.* one who counts or communicates. गणना करनेवाला, बातचीत करनेवाला।

Telling-टॅ लिङ्ग् - *adj.* having great effect. अधिक प्रभाववाला ; **Tellingly** (-लि)-*adv.* effectively. प्रभाव से।

Telltale-टॅल्'-टॅल्-*n.* one who informs about the private affairs of men. मनुष्यों के गुप्त या घरेलू मामलों की सूचना फैलानेवाला, चुगलखोर।

Tellural-टॅल्युरल्-*adj.* pertaining to the earth. पृथ्वी सम्बन्धी।

Tellurion-टॅल्यूरिॲन् -*n.* an instrument for showing the causes which produce change of seasons, day and night &c. ऋतु-परिवर्तन, दिन-रात का होना इत्यादि सूचित करने का यन्त्र।

Tellurium-टॅ-ल्यु-रि-अम्-*n.* a rare metal like sulphur. गन्धक के प्रकार की एक अलभ्य धातु।

Telotype-टॅ-लॅ-टाइप् - *n.* printing electric telegraph. तार के समाचार को छापने का यन्त्र।

Temerarious-टॅमॅरे रिअस् -*adj.* rash, headstrong. धृष्ट, हठी; **Temerariously**(-लि)-*adv.* rashly, boldly. धृष्टता से, साहस से।

Temerity-टिमॅ रिटि - *n.* boldness, rashness. धृष्टता, साहस।

Tempean-टॅम्पिअन्-*adj.* delightful. प्रसन्न।

Temper-टॅम्पर्-*n.* disposition of mind, temperament, moderation, passion, condition of metal as to its hardness, irritation. शील स्वभाव, प्रकृति, मन की स्थिरता या शान्ति, उत्तेजना, हथियारों पर का पानी, क्रोध;-*v. t. & i.* to modify by mixture, to bring to proper hardness, to mitigate, to moderate. मिलाना, मृदु करना, पानी रखना, कम करना, मन को स्थिर या शान्त करना ; **Good temper** (good mood.) सुजनता; **Out of temper** (angry.) क्रुद्ध; **To lose temper** (to be (angry.) क्रुद्ध होना।

Temperament-टॅम्परॅमॅन्ट् - *n.* constitution, disposition. प्रकृति, स्वभाव; **Temperamental** (-अल्)-*adj.* constitutional. स्वभाव-सम्बन्धी।

Temperance-टॅम्परॅन्स्-*n.* self-restraint, moderation, sobriety, calmness, abstinence. संयम, परिमितता, अल्प आहार, शराब-बन्दी, मद्य-निषेध, नशा से परहेज़।

Temperate-टॅम्परॅट्-*adj.*moderate, self restrained, calm, free from ardent passion. परिमित, संयमी, शान्त, उत्तेजना-रहित; **Temperate zone** (the part of the earth between the tropics and the poles.) सम शीतोष्ण कटिबन्ध (स्थान); **Temperately** (-लि) -*adv.* moderately. संयम से; **Temperateness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being moderate. समता।

Temperature-टॅम्परॅचर्-*n.* heat of air, condition of a body with regard to heat and cold. उष्णता का परिमाण (तापक्रम), गर्मी-सर्दी की स्थिति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Tempest-टेंम्पेस्ट्-*n.* a violent storm of wind, violent tumult, perturbation. आँधी (तूफ़ान), विप्लव, उपद्रव (हलचल); **Tempestuous** (-यु-अस्)-*adj.* stormy, turbulent. प्रचण्ड (आँधी की), विप्लवी; **Tempestuously** (-लि)-*adv.* with great violence. विप्लव से; **Tempestuousness** (-नेस्)-*n.* storminess. वायु की प्रचण्डता।

Templar-टेंम्प्लर्-*n.* a student of law. क़ानून पढ़नेवाला विद्यार्थी।

Template-टेंम्प्लेट्-see Templet.

Temple-टेंम्पल्-*n.* an edifice erected for religious worship, the space between the ear and forehead. देवालय, मन्दिर, मठ, विहार, कनपटी; **Templed** (-इ) -*adj.* enclosed in a temple. देवालय के भीतर स्थित या बन्द।

Templet, Template-टेंम्-प्लेट् (-प्लेट्)-*ns.* a support under a girder, a pattern used as guide in cutting or drilling. धरन के नीचे की थूनी काटने या छेद करने का साँचा।

Temporal-टेंम्पॅरल्-*adj.* pertaining to time, pertaining to the time in this life or this world, secular, pertaining to the temples of the head. समय-सम्बन्धी, ऐहिक, इस जीवन या इस संसार में समय से सम्बन्धित, धार्मिक, कनपटी सम्बन्धी; **Temporality** (-इटि) -*n.* (*pl.* **Temporalities.**) secular possession. सांसारिक सम्पत्ति या अधिकार; **Temporally** (-लि)-*adv.* with respect to this life. सांसारिक रूप में।

Temporarily-टेंम्पॅररिलि -*adv.* for a time only. थोड़े समय के लिये; **Temporariness** (-नेस्)-*n.* the state of being temporary. अचिरत्व, अनित्यता; **Temporary** (-इ) -*adj.* lasting for a time only. अल्पकालिक, अनित्य, अस्थायी, क्षणिक।

Temporization-टेंम्पॅराइज़ेशन्-*n.* the act of temporizing. समयानुकूल व्यवहार।

Temporize-टेंम्पॅराइज़्-*v. i.* to adopt some course for the time or occasion, to adopt one-self to time or circumstances, to postpone, to delay, to wait for more favourable moment, to discuss terms or to negotiate, to comply with requirements temporarily, to hesitate in deciding. समय या अवसर के अनुसार उपाय करना या रास्ता अपनाना, अपने को समय या परिस्थितियों के अनुसार रहने के योग्य बनाना, भविष्य के लिए टालना, देर करना, अधिक अनुकूल क्षण की प्रतीक्षा करना, किसी मामले की बात पर तर्क-वितर्क करना, यथाकाल व्यवहार करना, समयानुकूल करना, टालना, निर्णय देने में आगा-पीछा करना; **Temporizer** (-अर्)-*n.* one who temporizes. उक्त क्रियाओं के कार्यों को करनेवाला व्यक्ति; **Temporizingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a temporizing manner. यथाकाल व्यवहार करते हुए।

Tempt-टेंम्(-प्)ट् -*v. t.* to entice, to try the resolution of, to make an attempt. प्रलोभन देना, ललचाना, प्रयत्न करना; **Temptable** (-ऍब्ल्)-*adj.* liable to be tempted. ललचाने योग्य; **Temptation** (-ए-शन्) enticement, inducement. प्रलोभन, लालच; **Tempter** (-अर्)-*n.* one who entices to evil. लुभानेवाला, मोहक; **Tempting** (-इङ्ग्)-*adj.* enticing. प्रलोभी, ललचानेवाला; **Temptingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* enticingly. ललचाते हुए; **Temptress** (-रेस्) -*n. fem.* a woman who tempts. प्रलोभन देनेवाली स्त्री।

Temulence-टेंम्युलेंन्स्-*n.* intoxication. मदिरापान, शराब पीने की क्रिया; **Temulent** (-लेन्ट्) -*adj.* intoxicated. मदिरापान किये हुए।

Ten-टेंन्-*n.* two times five. दस।

Tenability-टे नेबिलिटि, Tenableness (-बल् नेस्) -*ns.* the capability of being tenable. टिकाऊ होने की योग्यता, टिकाऊपन।

Tenable-टे नेबल्-*adj.* that may be maintained or defended against. रक्षणीय, ठहराऊ, टिकाऊ।

Tenacious-टि-ने'-शस्-*adj.* holding fast or keeping firm hold of, adhesive, retentive. दृढ़ संकल्प का, चिपचिपा, संग्रही; **Tenaciously** (-लि)-*adv.* in a tenacious manner. चिपचिपे ढंग से या रूप में; **Tenaciousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being adhesive. चिपचिपापन।

Tenacity-टिनीसिटि-*n.* stickness, adhesiveness. लसलसाइट, चिपकाव।

Tenaculum-टे-नीक्यु-लम्-*n.* a surgical hook. जर्राही अकुसी।

Tenaille-टि-नेल्-*n.* a rampart raised in the main ditch. प्रधान खाई में उठाई गई किले की रक्षाभीत (दीवाल)।

Tenancy-टेंनन्सि-*n.* the holding of a tenant. काश्तकारी।

Tenant-टेंनन्ट्-*n.* one who holds land under a landlord, an occupant of a place. असामी, किरायेदार; **Tenant-farmer** (a farmer who is a tenant.) काश्तकार; **Tenant right** (right of tenancy.) काश्तकारी अधिकार।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Tenantable-टेनन्टेबल्-*adj.* fit to be tenanted. किराये पर देने योग्य; **Tenanted** (-ऐंड्) - *adj.* held by a tenant. काश्तकार द्वारा अधिकृत; **Tenantless** (-लेस्) -*adj.* without a tenant. बिना असामी का; **Tenantry** (-रि)- *n.* body of tenants. असामियों का समुदाय।

Tench-टेन्च्-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी की मछली।

Tend-टेन्ड्-*v. i. & t.* to move in a certain direction, to be inclined, to watch, to guard, to look after, to take care of. किसी दिशा में चलना, झुकना, रक्षा करना, चौकसी करना ; **Tendance** (- डीन्स्)-*n.* the act of tending. पालन, रक्षा।

Tendency-टेन्डेन्सि-*n.* (*pl.* **Tendencies.**) inclination, drift, direction or course. प्रवृत्ति (स्वभाव), झुकाव, अभिप्राय।

Tendentious-टेन्डेन्शस्- *n.* with inclination. प्रवृत्ति के साथ।

Tender-टेन्डर्-*n.* one who takes care of, a vessel attending on a larger one to supply her with stores, a truck attached to a locomotive, an officer to execute work at a fixed price, thing offered, an estimate for a piece of work. पालने-पोसनेवाला, यतन या रखवाली करनेवाला, जहाज इत्यादि के साथ की रसद देनेवाली छोटी नाव, इन्जन के साथ की कोयले-पानी की गाड़ी, निश्चित दर पर कोई काम करनेवाला अधिकारी, दी गई वस्तु, किसी काम के लिये अनुमित व्यय का ब्योरा, निविदा;-*v.t.* to offer in words, to present for acceptance. भेंट करना, निविदा देना, स्वीकार करने के लिये रखना;-*adj.* soft, gentle, mild, sensible to impression, compassionate, easily excited by pity. सुकुमार, कोमल, दयालु, करुणाद्र ; **Of tender age** (immature.) बाल्य अवस्था का; **Tender-hearted** (-हार्ट्'-ऐड्) -*adj.* having great sensibility. कोमल हृदय का; **Tender-heartedness** (-हार्ट्-ऐड्-नेस्)-*n.* the quality of being tender-hearted. कोमल हृदयता।

Tenderling-टेन्डर्लिङ्ग्-*n.* a fondling. लाड़ला।

Tenderloin-टेन्डर्-लॉ-इ-न्-*n.* the tender part of flesh. मांस का कोमल भाग।

Tenderly-टेन्डर्'-लि-*adv.*in a tender manner. कोमलता से ; **Tenderness** (-नेस्)-*n.* kind attention, softness. कोमलता, दयालुता।

Tending-टेन्ड्'-इङ्ग्-*n.* the act of attending, a swing. परिचर्या, सेवा, पालन, रक्षा, झुकाव ; **Tending to fall** (liable to fall down.) पतनशील।

Tendinous-टेन्डिनस्-*adj.* full of tendons, sinewy. स्नायुमय, पुष्ट।

Tendon-टेन्डन्-*n.* a bundle of fibres by which a muscle is attached to a bone. स्नायु, पुट्ठा।

Tendrii-टेन्ड्रिल्-*n.* a slender leafless shoot of a plant that winds round another body for support. तन्तु, लता।

Tendsome-टेन्ड्'-सम् - *adj.* requiring much attendance. अधिक परिचर्या की आवश्यकतावाला।

Tenebrific-टे निब्रिफ़िक्-*adj.* causing darkness. अन्धकार उत्पन्न करनेवाला।

Tenebrose-टेनिब्रोस्-*adj.* dark and gloomy. अन्धकारमय।

Tenebrosity-ट निब्रॉसिटि-*n.* darkness.अन्धकार।

Tenebrous-टेनि - ब्रस् - *adj.* dark, gloomy. अन्धकारपूर्ण, काला, अँधेरा ; **Tenebrousness** (-नेस्) - *n.* the quality of being gloomy. अन्धकारपूर्णता।

Tenement-टेनिमेन्ट्-*n.* a building for habitation, a kind of permanent property. भवन (गृह, घर), अचल (स्थावर) सम्पत्ति; **Tenemental** (-अल्), **Tenementary** (-अरि) -*adjs.* that may be held by tenants. असामियों के अधिकार में रहने योग्य।

Tenesmus-टिनेस्म-स्-*n.* straining effort in relieving the bowels. मलोत्सर्ग करने में ऐंठन होने की क्रिया।

Tenet-टेनेट्, - टिनेट्-*n.* principle, doctrine, dogma. मत, अभिप्राय, सिद्धान्त।

Tenfold-टेन्'-फ़ोल्ड् - *adj.* ten times more. दसगुना।

Tennis-टेनिस्-*n.* a game played by striking a rubber ball with a racket over a net. गेंद का एक प्रकार का खेल, टेनिस ; **Tennis court** (a court for playing tennis.) टेनिस खेलने की भूमि।

Tenon-टेनन्-*n.* the end piece of wood which is inserted in a mortise. लकड़ी की चूल जो छेद में बैठाई जाती है ; **Tenonsaw** (-सॉ)-*n.* a steel or brassbacked saw for cutting tenons. चूल काटने की आरी।

Tenor-टेनर् -*n.* a prevailing course, stamp, purport or drift, true intention, exact copy, highest male voice. प्रचलित रीति, भाव, अभिप्राय, तात्पर्य, क्रम, प्रतिलिपि, पुरुष का सबसे ऊँचा सुर।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Tenotomy-टे-नॅ-टॅ-मि-*n.* operation of dividing a tendon. स्नायु को चीरने की क्रिया।

Tense-टेन्स्-*adj.* stretched, rigid. खींचा हुआ, कसा हुआ ;-*n.* a modification in verbs, to distinguish time of action. काल, समय ; **Tensely** (-लि) -*adv.* in a tense manner. खिंचाव से, तनाव से ; **Tenseness** (-नेस्) -*n.* rigidity. खिंचाव, तनाव।

Tensibility-टेन्सिबिलिटि-*n.* elasticity. लचीलापन।

Tensible-टे न्सिबल्-*adj.* tensile. लचीला।

Tensile-टेन्साइल् -*adj.* capable of being extended. फैलाने या तानने योग्य।

Tension-टेन्शन् -*n.* the act of straining, intense effort, tenseness. खिंचाव, कसाव, तनाव

Tensity-टे न्सिटि-*n.* tension. तनाव।

Tensive-टे न्सिव् - *adj.* pertaining to contraction or stiffness. कड़ाहट का।

Tensor-टेन्सर्-*n.* the muscle that tightens a part. किसी भाग को कसनेवाला पुट्ठा।

Tent-टेन्ट्-*n.* a portable pavilion or habitation of canvas, a roll of linen cloth &c. inserted in wound. तम्बू (डेरा), घाव में भरने की कपड़े की पट्टी; -*v. t. & i.* to pitch a tent, to live in a tent. तम्बू गाड़ना, तम्बू में रहना।

Tentacle-टेन्टकल्-*n.* the organ of feeling in insects. कीड़े-फतिङ्गों में स्पर्श का ज्ञान करानेवाला अङ्ग; **Tentacular** (क्यू-लर्)-*adj.* pertaining to tentacle. कीड़ों के स्पर्श-ज्ञानाङ्ग सम्बन्धी।

Tentation-टेन्टेशन् - *n.* temptation, trial. लालच, परीक्षा।

Tentative-टेन्टेटिव्-*adj.* making trial, experimental. परीक्षा की रीति का, प्रयोग सम्बन्धी; **Tentatively** (- लि) -*adv.* experimentally. प्रयोग रीति से।

Tented-टेन्ट्'-एड्-*adj* covered with tent. खेमों से ढँका हुआ।

Tenter-टेन्'-टर् -*n.* a machine for stretching cloth. कपड़ा तानने का यन्त्र; -*v. t.* to hang on tenters. हुक पर तानना; **On the tenters** (in distress.) आपत्ति में।

Tenth-टेन्थ्' -*adj.* ordinal of ten. दसवाँ ; **Tenthly**-टेन्थ्'-लि -*adv.* in the tenth place. दसवीं बार।

Tentorium-टेन्टोरिअम् -*n.* the membrane which separates the two portions of the brain. मस्तिष्क के दोनों विभागों को अलगानेवाली झिल्ली।

Tentory-टेन्टरि-*n.* the awning of a tent. खेमे का सायबान।

Tenuity-टे-न्यू'-इ-टि-*n.* slenderness, thinness, simplicity. दुर्बलता, पतलापन, सरलता।

Tenuous-टे-न्यु-अस् -*adj.* not dense, thin, slender. दुर्बल, पतला, अविरल।

Tenure-टे-न्योर्-*n.* right of holding an estate, the manner of holding a tenancy. भूमि पर अधिकार का नियम, पट्टा।

Tepefaction - टे पिफ़ॅक्शन् -*n.* the act of making tepid. गुनगुना करने की क्रिया।

Tepefy-टे-पि-फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p.t.* Tepefied.) to make moderately warm. गुनगुना (कुछ गरम) करना या होना।

Tephromancy-टेफ़्रॅमॅन्सि -*n.* divination from the ashes of burnt offerings. आहुति के भस्म से शकुन बतलाने का कार्य।

Tepid-टे-पिड्-*adj.* slightly warm, luke-warm. मन्दोष्ण, गुनगुना ; **Tepidity** (-इ - टि), **Tepidness** (- नेस्) -*ns.* the quality of being tepid. मन्दोष्णता, गुनगुनापन।

Tepor-टे-पॅर्-*n.* moderate warmth. गुनगुनापन।

Teramorphous-टेर्'-अ-मॉर्-फ़स्-*adj.* monstrous. आसुरी।

Teraphim-टेर्'-अफ़ी-म्-*n. pl.* (*sing.* Teraph.) the household gods of the Hebrews. हिब्रू लोगों के गृह-देवता।

Teratoo-टेरॅ-टॅ-*pref.* in sense of 'monster'. 'दैत्य' अर्थ का उपसर्ग।

Teratogeny-टे रॅटॅजनि-*n.* the formation of monster. दैत्य की आकृति की रचना।

Teratology-टे रॅटॅलॅजि -*n.* the science which treats of malformation of body. विलक्षण अङ्ग-रचना की विद्या।

Terce-टर्स् - *n.* a weight of about forty two gallons. प्रायः बयालीस गैलन की तौल।

Tercel-टर्-सल्-*n.* a male falcon. नर बाज पक्षी।

Terebene-टे-रे-बीन् - *n.* oil of turpentinn. ताड़पीन का तेल।

Terebinth-टे-रे-बिन्थ्-*n.* a kind of turpentine एक प्रकार का ताड़पीन।

Terebinthine-टे रि-बिन्थिन् -*adj.* pertaining to terebene. ताड़पीन सम्बन्धी।

Terebrate-टे रि-ब्रे-ट्-*v. t.* to bore. छेदना; **Terebration** (-शन्)-*n.* the act of boring छेदने की क्रिया।

Tergal-टर्गल्-*adj.* pertaining to the back. पीठ का।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Tergiferous-टर्जिफ़ेरस्-*adj.* carrying on the back. अपनी पीठ पर रखकर ले जानेवाला।

Tergiversate-टर्जिवर्सेट्-*v. i.* to apostatize, to evade. वाक्छल करना, कपट करना; **Tergiversation** (-शन्)-*n.* a shifting. टालना, बहाना।

Term-टर्म-*n.* a limit, boundary, period, limited time, an expression with determinate meaning, appointed day or period. सीमा, मर्यादा, अवधि, पद, शब्द, व्यवहार, नियत दिन;-*v. t.* to call, to name, to bring to an end or to conclude. कहना, नाम लेना, समाप्त करना, **On friendly terms** (in mutual friendship.) मित्र भाव से; **To come to terms** (to yield.) मान लेना, स्वीकार कर लेना।

Terms-टर्म्स - *n. pl.* relation, condition. सम्बन्ध, शर्त।

Termagancy-टर्मगन्सि - *n.* tumultuousness. झगड़ालूपन; **Termagant** (-गन्ट्) -*n.* & *adj.* a brawling woman, boisterous, quarrelsome. कर्कशा या झगड़ालू स्त्री, बखेड़िया, कलहप्रिय; **Termagantly** (-गन्ट्-लि) -*adv.* like a termagant. कर्कशावत्, झगड़ते हुए।

Wicked-विक्'-ऍड्-*adj.* evil, naughty, sinful, immoral, mischievous दुष्ट, दुरात्मा (दुरा-चारी), पापी, अधर्मी, दुश्चरित्र ; **Wickedly** (-लि) -*adv.* in a wicked manner. दुष्टता से, अधर्म से; **Wickedness** (-नेस्)-*n.* the state of being wicked. दुष्टता, पापकर्म, दुराचार ।

Wicker-विक्'-अर्-*n.* a pliant twig. कमाँची; -*adj.* made of wicker. सींक की बनी हुई ; **Wickerwork** (-वर्क्)-*n.* basket work. सींक की बनी हुई डलिया इत्यादि ।

Wicket-विक्-इट् - *n.* a small door, a set of three upright stumps used in the game of cricket. खिड़की (छोटा किवाड़), क्रिकेट के खेल की गड़ी हुई खूँटी जिस पर गेंद मारा जाता है । **Wicket-keeper** (the cricketer behind the wicket.) इन खूँटियों के पीछे खड़ा रहनेवाला क्रिकेट का खिलाड़ी ।

Wide-वाइड्-*adj.* broad, not narrow, remote distant. चौड़ा, फैला हुआ, विस्तीर्ण, दूर ;-*adv.* at a distance, far. दूर पर ;-*n.* expanse. विस्तार; **Wide-awake**- (-अ-वेक्)-*adj.* alert. सचेत, चैतन्य; **Widen** (-न्)-*v. t. & i.* to extend, to make or grow wider. फैलाना, चौड़ा करना या होना; **Wideness** (-नेस्)-*n.* width. विस्तार, चौड़ाई ; **Widespread** (-स्प्रेड्)-*adj.* spread to a great distance. दूर तक फैला हुआ ।

Widgeon, Wigeon-विज्-अन् - *ns.* a kind of duck. एक प्रकार का बतख ।

Widow-विड्' - ओ - *n.* (*mas.* **Widower.**) a woman whose husband is dead. विधवा, राँड़; - *v. t.* to bereave of a husband, to deprive of anything good. विधवा बनना, किसी अच्छे पदार्थ से अलगाना; **Widower** (-अर्) -*n.* a man whose wife is dead. मृतपत्नीक, रँडुआ, विधुर; **Widowerhood** (-अर्-हुड्)-*n.* the state of being a widower. रँडुआपन ; **Widowhood** (-हुड्)-*n.* the state or being a widow. वैधव्य, रँड़ापा ।

Width-विड्थ्-*n.* breadth, wideness. विस्तार, (विशालता) चौड़ाई ।

Wield-वील्ड्-*v. t.* to manage, to handle, to

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

use with power. प्रबन्ध करना, काम में लाना (निबाहना); To wield the sceptre.(to govern with command.) अधिकार से राज्य करना; Wieldable (-ऍ-बल्)-*adj.* able to be managed. प्रबन्ध करने योग्य; Wielder (-अर्) -*n.* one who wields. प्रबन्ध करनेवाला; Wieldless (-लेस्)-*adj.* not manageable. अधीन न करने योग्य; Wieldy (-इ)-*adj.* easily moved, manageable. उठाने योग्य, प्रयोग में लाने योग्य।

Wife-वाइफ़्' -*n.* (*pl.* Wives.) a married woman, the lawful consort of a man. सहधर्मिणी, पत्नी, भार्या (जाया); Wifehood (-हुड्)-*n.* the state of being a wife. पत्नीत्व; Wifeless (-लेस्)-*adj.* without wife. बिना पत्नी का; Wifelike (-लाइक्), Wifely (-लि)-*adjs.* pertaining to or like a wife. पत्नी-सम्बन्धी, पत्नी के सदृश।

Wig-विग्-*n.* an artificial covering for the head. कृत्रिम केश, बनावटी बालों का टोप; Wigged-(-ड्)-*adj.* covered with a wig. ऐसे टोप से ढँका हुआ।

Wigeon-विज्'-अन्-*n.* एक प्रकार का बतख।

Wiggle-विग्'-ग्ल्-*v. t.* to twist the body to and fro. शरीर को आगे-पीछे घुमाना।

Wight-वाइट् -*n.* a creature, a person, a supernatural being. जन्तु, व्यक्ति, अलौकिक जीव।

Wild-वाइल्ड्-*adj.* wandering, not domesticated, savage, irregular, uncivilized, inconstant, loose, violent. उन्मत्त, जंगली, बनैला, असम, असभ्य, प्रचण्ड (क्रूर), निरर्थक, लम्पट, तीव्र; -*n.* a forest, a desert. जंगल, मरुस्थल; Wild with anger (extremely angry.) क्रोध से उन्मत्त; Wildly (-लि)-*adv.* rudely. प्रचण्डता से; Wildness (-नेस्)-*n.* savageness, rudeness. रूक्षता (प्रचण्डता), जंगलीपन; Wilder-(-अर्)-*v. t.* to bewilder, to cause to lose the track. व्यग्र करना, रास्ता भुलाना; Wilderness (-नेस्)-*n.* a desert, a waste. मरुस्थल, जंगलीस्थान, उजाड़ स्थान, Wild-fire-(फ़ायर्)-*n.* a composition of inflammable materials which is hard to extinguish. शीघ्र जलनेवाले पदार्थों का समूह जिसमें आग लगाने पर सहज में बुझ न सके (पलीता); Wilding (-इङ्ग्)-*n.* a wild apple. जंगली सेब।

Wile-वाइल्-*n.* a trick, stratagem. कपट, छल; -*v. t.* to deceive. धोखा देना।

Wilful-विल्'-फ़ुल्-*adj.* self-willed, refractory, stubborn. स्वेच्छाचारी, कामाचारी, हठी; Wilfully (-लि)-*adv.* stubbornly. स्वेच्छा या हठ से; Wilfulness (-नेस्)-*n.* the state of being wilful. स्वेच्छाचारिता, हठ।

Wilily-वाइल्'-इ-लि -*adv.* insidiously. कपट से; Wiliness(-नेस्)-*n.* craftiness. चातुरी, कपट।

Will-विल्-*n.* the faculty of deciding choice, desire, command, a written document disposing of property after death. अभिलाषा, सङ्कल्प, इच्छा, आज्ञा, इच्छापत्र (वसीयतनामा); -*v. t.* to command, to wish, to direct, to bequeath. आज्ञा देना, इच्छा करना, निश्चित करना (निर्णय करना), वसीयतनामा लिखना; At will (according to one's pleasure.) इच्छानुसार; Good-will (favour.) कृपा; Ill-will (enmity.) शत्रुता; To have one's will (to obtain what is desired.) अपनी इच्छा पूर्ण करना।

Will-विल्-an auxiliary verb, sign of future. भविष्य-काल की सहायक क्रिया—गा, गी, गे।

Willer-विल्'-लर् -*n.* one who wills. वसीयत करनेवाला।

Willing-विल्'-लिङ्ग्-*adj.* disposed, desirous, prompt, spontaneous. उद्यत, इच्छुक, ईप्सित, त्वरित; Willingly (-लि)-*adv.* cheerfully. प्रसन्नता से; Willingness (-नेस्)-*n.* consent of will. सानुकूलता, सम्मति।

Will-o'-the-wisp-विल्'-ओ-द-विस्प्' -*n.* a luminous phenomenon seen in marshy places. दलदल में उत्पन्न होनेवाला जगमगाता हुआ प्रकाश।

Willow-विल्'-लो-*n.* a plant with pliant branches. सरपत, सरई; Willowed (-लोड्) -*adj.* full of willows. सरपत से परिपूर्ण; Willowish (इ-इश्) -*adj.* of the colour of the willow. सरपत के रङ्ग का; Willowy (-इ) -*adj.* full of willows. सरपत से भरा हुआ।

Willy-विल्-लि -*n.* an apparatus for cleaning wool. ऊन साफ़ करने का यन्त्र।

Willy-nilly-विल्-लि-निल्-लि-*adv.* willingly or unwillingly. इच्छा अथवा अनिच्छापूर्वक।

Wilsome-विल्'-सम्-*adj.* obstinate. हठी।

Wilt-विल्ट् - *second pers. sing.* of the verb "Will".गा; -*v. i. & t.* to wither, to droop. मुरझाना, झुकाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Wily-वाइ' - लि - *adj.* (*comp.* Wilier, *sup.* Wiliest.) sly, cunning, using stratagem. धूर्त, कपटी, छली।

Wimble-विम्बल् - *n.* a gimlet. छेद करने का बरमा; *-v. t.* to bore holes. छेद करना; *-adj.* nimble. चंचल।

Wimple-विम्पल्-*n.* a covering for the face. परदा, घूँघट।

Win-विन् -*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Won) to gain by success, to allure by kindness, to gain victory. जीतना, मोहित करना, विजय प्राप्त करना; To win through (to succeed.) सफल होना; To win upon (to gain favour from.) कृपा प्राप्त करना; Winner (-नर्) *-n.* one who wins. जीतनेवाला; Winning (-निङ्ग्)*-adj.* charming. लुभानेवाला।

Wince-विन्स् -*v. i.* to show uneasiness, to start in pain. चौंकना (हिचकना), पीड़ा से सिकुड़ना; Wincer (-अर्)*-n.* a horse which kicks. दुलत्ती फटकारनेवाला घोड़ा।

Wincey-विन्-सि -*n.* a kind of durable cloth with cotton warp and woollen weft. सूती ताना तथा ऊनी बाने का एक प्रकार का टिकाऊ वस्त्र।

Winch-विन्श् - *n.* the handle of a wheel, a reel, an instrument for straining. पहिया चलाने की मूठ, चरखी (घिरनी), चाँपने का डण्डा।

Wind-विन्ड् -*n.* (कविता में "वाइण्ड्" उच्चारण होता है) the current of air, air in motion, breath, flatulence. वायु (पवन), हवा, साँस, वायुरोग; *-v. t.* (*p. t.* Wound.) to expose to the wind, to blow, to drive hard. बहाना, फूँकना, तेज हाँकना ; Down the wind (declining.) नाश होते हुए; How the wind blows (how matters stand.) कैसी स्थिति या अवस्था है; To get wind (to become public.) प्रकाशित होना।

Wind-वाइन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Wound.) to turn, to change, to entwist, to unfold. फेरना, बदलना, ऐंठना, मोडना; To wind off (to unwind.) खोलना, उधेड़ना; To wind up (to bring to a conclusion.) परिणाम निकालना।

Windbag-विन्ड्-बॅग् -*n.* a man who uses e upty words. निरर्थक शब्द बोलनेवाला मनुष्य;

Windbound (-बाउन्ड्) -*adj.* obstructed in sailing owing to a contrary wind. विपरीत वायु के कारण आगे बढ़ने में रुका हुआ (जहाज़), **Windfall** (-फ़ॉल्)*-n.* a fruit blown from a tree by wind, an unexpected fortune. वायु से गिरा हुआ फल, अलभ्य लाभ; **Wind-furnace** (-फ़र्-नेस्) *-n.* a furnace supplied by artificial currents of air. भाथी की अँगीठी; **Wind-gall** (-गॉल्) *-n.* a tumour on the fetlock joint of a horse. घोड़े की गुमची पर की हड्डी; **Wind-gun** (-गन्)*-n.* an air-gun. हवाई बन्दूक।

Winder-विन्डर् -*v. t.* to remove chaff from grain. ओसाना।

Windiness-विन्डि-नेस्-*n.* a tendency to gere-rate wind, flatulence. वायु उत्पन्न करने की स्थिति, वायु से पेट फूलने की अवस्था।

Winding-वाइन्ड'-इङ्ग् -*adj.* bending, twisting. कुटिल, घुमौवा; *-n.* a bend. झुकाव, मुड़ान; **Windingly**(-लि)*-adv.* in a winding manner. वक्र रूप से।

Winding-sheet-वाइन्ड्'-इङ्ग्-शीट् -*n.* a sheet in which a corps is wrapped. मुर्दा लपेटने की चादर, कफ़न।

Windlass-विन्ड्' - लॅस्-*n.* a machine for raising heavy weights or weighing anchor or pulling a water bucket from a well. भारी बोझ उठाने या जहाज़ का लंगर उठाने या कुएँ से पानी की बालटी खींचने का गड़ारीदार यन्त्र।



Windlass.

Windle-विन्ड्ल्-*n.* a kind of bird, a spindler. a kind of reel. एक प्रकार का पक्षी, धुरा, चरखी, तकली।

Windless-विन्ड्-लेस्-*adj.* wanting in wind. बिना वायु का; **Windmill** (-मिल्)*-n.* a mill turned by the wind. पवन से चलनेवाली चक्की।



Windmill.

Window-विन्'-डो-*n.* an opening in a wall for admitting light and air. वातायन, खिड़की, झरोखा; **Windowed** (-इ)*-adj.* furnished with windows. खिड़की लगा हुआ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Windpipe-विन्ड्-पाइप्-*n.* the trachea, the passage for the inlet and outlet of air in the lungs. वायुप्रणाली, टेंटुआ ; **Wind-pump** (-पम्प्)-*n.* a pump worked by the wind. वायु से चलनेवाली पिचकारी।

Windrow-विन्ड्-रो-*n.* a row in which mown grass is laid to be dried by the wind before being made up into heaps. वह पंक्ति (कतार) जिसमें गाँठ बाँधने के पहले हवा से सूखने के लिये काटी हुई घास फैलाई जाती है।

Windscreen-विन्ड्-स्क्रीन्-*n.* a screen or wall which forms a shelter from the wind. वायु रोकने का पर्दा या भीत या दीवाल।

Wind-up-वाइन्ड्-अप्-*n.* conclusion. परिणाम, अन्त।

Windward-विन्ड्-वर्ड्-*n.* the direction in which the wind blows. वह दिशा जिस ओर वायु बहती है;-*adj.* being on the side of the wind. वायु की दिशा की ओर रहनेवाला; **Windy** (-डि) -*adj.* consisting of wind, tempestuous, empty, flatulent. वातमय, हवादार, छूछा, वायुपूर्ण।

Wine-वाइन्-*n.* the fermented juice of grapes. अंगूर की मदिरा, सुरा; **Spirits of wine** (alcohol.) मद्यसार ; **Wine-bag** (-बैग्) -*n.* a liquor-bottle. मदिरा रखने की बोतल; **Wine-bibber** (-बिब्-बर्)-*n.* a great drinker. बहुत मदिरा पीनेवाला; **Wine-glass** (-ग्लास्)-*n.* a glass to drink wine from. मदिरा पीने का गिलास; **Wineless** (-लेस्)-*adj.* destitute of wine. बिना मदिरा का।

Wing-विङ्ग्-*n.* the forelimb of a bird by which it flies, care and protection, a plane, flight, side of a stage. पक्ष, पंख, पर, डैना, यत्न तथा रक्षा, हवाई जहाज का तख्ता, उड़ान, नाटकगृह का पार्श्वभाग;-*v. t. & i.* to furnish, with wings, to fly. पर लगाना, उड़ना; **On the wing** (flying.) उड़ते हुए; **Under the wing of** (under the protection of.) आश्रित, रक्षित; **Winged** (- ड्)-*adj.* having wings. swift. परदार, तीव्र; **Wingless** (-लेस्)-*adj.* having no wings. बिना डैने का; **Winglet** (-लेट्) -*n.* a small wing. छोटा डैना; **Wingy** (-इ)-*adj.* rapid. तीव्र, तेज।

Wink-विङ्क्-*v. t.* to open and shut the eyes quickly, to shut one eye, to give a hint by the motion of eyelids. जल्दी-जल्दी आँख खोलना बन्द करना, एक आँख बन्द करना, पलक मारना (सैन करना), आँखों से संकेत करना;-*n.* the act of closing and opening the eyelids, a hint given by the eyes. पलक मारना, सैन; **To wink at** (to connive at.) उपेक्षा करना; **Winker** (-अर्)-*n.* one who winks. सैन मारनेवाला; **Winking** (-इङ्ग्)-*n.* conniving at. चक्षुसंकोचन, उपेक्षा; **Winkingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* like one winking. उपेक्षा करते हुए

Winnow-विन्'-नो-*v. t.* to separate chaff from grain by the help of wind, to beat with wings, to sift, to examine. फटकना, पछोरना, ओसाना, डैना फड़फड़ाना, चालना, परीक्षा करना; **Winnower** (-अर्)-*n.* one who winnows, पछोरनेवाला; **Winnowing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of separating chaff from grain. फटकन; **Winnowing basket** (basket for winnowing.) सूप।

Winsome-विन्'-सम्-*adj.* charming, attractive, merry. ललित, मनोहर, प्रसन्न; **Winsomely** (-लि) -*adv.* in a charming manner. मनोहरता से; **Winsomeness** (-नेस्)-*n.* the quality of being winsome. मनोहरता।

Winter-विन्ट्'-अर्-*n.* the cold season of the year. हेमन्त, शिशिरकाल, जाड़े की ऋतु;-*adj.* belonging to winter. शरद-सम्बन्धी;-*v. i. & t.* to pass the winter, to provide with food & shelter in winter, to chill, to freeze. जाड़ा बिताना, जाड़े में भोजन और आश्रय देना, ठंढा करना, जमाना ; **Winter-killed** (killed by winter.) जाड़े से मरा हुआ; **Winterly** (-लि)-*adj.* occuring in winter, of winter, having the character of winter, suitable to winter. जाड़े में होनेवाला, जाड़े का, जाड़े के लक्षणवाला, शिशिर-काल के योग्य; **Wintry** (-ट्रि) -*adj.* pertaining to winter, cold. शरद्-ऋतु सम्बन्धी, ठण्ढा।

Winy-वाइन्'-इ-*adj.* having the taste of wine. मदिरा के स्वाद का।

Wipe-वाइप्-*v. t.* to clean by rubbing, to rub with a soft thing, to cheat. पोछना (रगड़कर निर्मल करना), मिटाना, (झाड़ना) धोखा देना; **To wipe away** (to wipe by rubbing off.) रगड़कर साफ करना; **To wipe off** (to erase,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

to utterly destroy or annihilate.) रगड़कर मिटाना, पूर्ण रूप से नष्ट करना; Wiper (-अर्)-*n.* one who or that which wipes, an instrument for wiping. रगड़नेवाला, रगड़ने (मिटाने) का यन्त्र।

Wire-वायर्-*n.* a thread of metal, a telegram. धातु-सूत्र, तार, तार का समाचार;-*v. t.* to apply wire to, to send a telegraphic message. तार से बाँधना, तार लगाना, तार द्वारा समाचार भेजना।

Wiredraw-वायर्'-ड्रॉ-*n.* a plate of steel with holes for drawing in wire. तार खींचने की जन्ती; -*v. t.* to draw wire, to cause steam or water to pass through a small hole, to spin out, to extract. तार खींचना, भाप या पानी को बहुत छोटे छेद से निकालना, कातना, निचोड़ना; Wiredraw. Wiredrawer (-अर्) -*n.* one who draws metal wire. तार खींचनेवाला; Wiregauze (-गॉज़्)-*n.* a fine texture resembling gauze. महीन जाली; Wireless (-लेस्)-*n.* the communication through electromagnetic waves without wires. बिना तार के विद्युत्-चुम्बकीय तरङ्गों द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र; Wirenetting (-नेट्'-टिङ्ग्)-*n.* a network of wires. तार की जाली; Wirepuller (-पुल्-लर्)-*n.* one who makes an intrigue. षड्यन्त्र रचनेवाला; Wiriness (-इ-नेस्) -*n.* the state of being wiry, state of being strong or endurable. तारपन, पुष्टता, सहनशीलता; Wiring (-इङ्ग्)-*n.* an arrangement of wires. तारों का प्रबन्ध; Wiry (-इ)-*adj.* made of wire, like wire, strong. तार का बना हुआ, तार के समान, पुष्ट।

Wisdom-विज़्'-डम्-*n.* the quality of being wise, natural instinct, sagacity, prudence, wise conduct. बुद्धि, । वेक, पांडित्य, धीरता (गम्भीरता), चतुराई; Wisdom tooth (the third molar tooth in the human jaw.) चव, तृतीय पेषक दाँत, बुद्धि या अक्ल का दाँत।

Wise-वाइज़्-*adj.* learned, skilful, discerning, sagacious. पण्डित, चतुर, विवेकी, बुद्धिमान्; -*s.* the way or manner of acting. प्रकार, रीति, ढंग; In no wise (in no way.) किसी प्रकार से नहीं; On this wise (in this way.) इस प्रकार से; Wiseacre (-ए-कर्)-*n.* one who pretends to be wise, a simpleton, a dunce. अपने को बुद्धिमान् समझनेवाला, बुद्धू, लंठ, मूर्ख; Wise-hearted (-हार्ट्-ऍड्)-*adj.* skilful. विवेकी, चतुर; Wiseling (-लिङ्ग्)-*n.* one who pretends to be wise, a wiseacre. अपने को बुद्धिमान् समझनेवाला मनुष्य; Wisely (-लि) -*adv.* in a wise manner. बुद्धिमानी से।

Wish-विश्-*n.* an eager desire, desire expressed, longing, request. इच्छा (मनोरथ), अभिलाषा (वांछा), आकांक्षा, प्रार्थना;-*v. t.* to desire, to long for, to request, to be inclined. अभिलाषा करना, इच्छा करना, प्रार्थी होना, लीन होना; Wisher (-अर्)-*n.* one who desires. अभिलाषा करनेवाला; Wishful (-फ़ुल्)-*adj.* desirous. उत्सुक, इच्छुक; Wishfully (-फ़ुलि) -*adv.* with ardent desires. उत्कट इच्छा से; Wishfulness (-फ़ुल्-नेस्) -*n.* the state of being wishful. तीव्र अभिलाषा; Wish-wash (-वॉश्)-*n.* a kind of watery drink. जल के सदृश एक पेय; Wishywashy (-इ-वॉश्-इ)-*adj.* watery, weak. जलीय, दुर्बल।

Wisket-वि-स्केट्-*n.* a basket. टोकरी।

Wisp-विस्प्-*n.* a small bundle of straw. फूस का छोटा गट्ठा; Wispy (-इ)-*adj.* consisting of a wisp. फूस के गट्ठे से युक्त।

Wist-विस्ट्-*v.t.* to wit (know). जानना; Wistful (-फ़ुल्)-*adj.* attentive, thoughtful, earnest, wishful, hushed. ध्यान-परायण, विचारवान्, उत्सुक, इच्छुक, चुपचाप; Wistfully (-फ़ुलि) -*adv.* in a wistful manner. ध्यान-परायणता या उत्सुकता या इच्छुक ढंग से; Wistfulness (फ़ुल्-नेस्) -*n.* the state of being wistful. उत्सुकता, चिन्ता; Wistly (-लि)-*adv.* attentively, thoughtfully. ध्यानपूर्वक।

Wit-विट्-*v. t. & i.* to know, to be aware of. जानना, अवगत होना *n.* intellect, talent, intelligence, mental quickness. बुद्धि, चातुरी, बुद्धिमानी, बुद्धि-विकास या बुद्धि की तीव्रता; To wit (that is, to say, namely.) अर्थात्, नामक; Witless (-लेस्)-*adj.* wanting thought, indiscreet. बुद्धिहीन, निर्बुद्धि; Witlessly (-लेस्-लि)-*adv.* without the exercise of wit.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बुद्धिहीनता से; **Witlessness** (-लेस-नेस्)-*n.* the state of being witless. बुद्धिहीनता; **Witted** (-ट्रेड्)-*adj.* having understanding. विवेकयुक्त, बुद्धिमान्।

Witch-विच्-*n.* (*mas.* Wizard.) a sorceress, an ugly old woman, a hag, a crone. जादूगरनी, डाइन, कुरूपा वृद्धा स्त्री; -*v. t.* to enchant, to fascinate. जादू-टोना करना, मोहना; **Witch-craft** (-क्रॉफ़्ट्)-*n.* sorcery, enchantment. जादू, इन्द्रजाल, माया; **Witchery** (-अर्-इ) -*n.* enchantment. जादू-टोना; **Witching** (-इङ्ग्) -*adj.* pertaining to witchcraft, casting a spell. जादू सम्बन्धी, जादू-टोना करनेवाला।

Wite-वाइट्-*n.* blame. दोष, कलङ्क।

With-विद्-*prep.* in opposition to, by, in company with, on the side of. साथ, से, ओर, तरफ।

Withal-विदॉल्-*adv.* besides, with the rest. साथ-साथ, और भी।

Withdraw-विद्-ड्रॉ-*v. i. & t.* (*p. t.* Withdrew, *p.p.* Withdrawn.) to draw back, to recall, to retire, to go away, हट जाना, अलग होना, लौटाना, वापस लेना या करना, फेरना, चले जाना; **Withdrawal** (-ल्)-*n.* the act of withdrawing. अपक्रम, संहार, वापसी; **Withdrawer** (-अर्)-*n.* one who withdraws. वापस लेनेवाला; **Withdraw-ment** (-मेन्ट्) -*n.* the act of withdrawing. वापस लेने का काम; **Withdrawn** (-ड्रॉन्) -*p. p.* of Withdraw. वापस लिया गया।

Withe-वाइद्-*n.* a band of twisted twigs. बटी हुई टहनियाँ।

Wither-विदर्-*v. i. & t.* to fade, to pine away (to lose moisture), to cause to dry. मुर्झाना, सूखना, सुखा देना; **Withered** (-अर्ड्)-*adj.* faded, dried. मुर्झाया हुआ, सूखा हुआ; **Witheredness** (-नेस्) -*n.* the state of being withered. सूखापन; **Witheringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a shrinking manner. सूखते हुए।

Witherlock-विदर-लॉक्-*n.* the lock of a horse's mane which a man grasps while riding. घोड़े का अयाल।

Withhold-विद्-होल्ड्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Withhold.) to hold back, to keep back, to testrain. रोकना, प्रतिबन्ध करना, थामना; **Withholder** (-अर्)-*n.* one who withholds. रोकनेवाला, थामनेवाला।

Within-विद्-इन्-*prep. & adv.* in the inner part, inside, not beyond, not exceeding, inwardly, internally. भीतरी ओर, अन्तर में, बीच में, भीतर; **Withinside** (-साइड्)-*adv.* in the inner parts. भीतरी भाग में।

Without-विद्' - आउट् -*prep. adv. & conj.* beyond, not within, independent of, unless, except. बाहर, बिना, छोड़कर, रहित, सिवाय; **Without delay** (soon.) बिना विलम्ब के, शीघ्र ही; **Without doubt** (certainly.) अवश्य, निःसन्देह।

Withstand-विद्-स्टॉन्ड्' - *v. t.* (*p. t. & p. p.* Withstood.) to oppose, to resist. विरोध करना, रोकना (अड़ाना); **Withstander** (-अर्) -*n.* an opponent. प्रतिकार करनेवाला, विपक्षी; **Withstood** (-स्टुड्) -*p. t. & p. p.* of Withstand; -*adj.* hindered, opposed. रोका गया, विरोध किया गया।

Withy-विदि -*n.* a kind of willow. एक प्रकार की नरकट।

Witling-विट्-लिङ्ग् -*n.* a man of little understanding. अल्प बुद्धि का मनुष्य।

Witness-विट्-नेस् -*n.* attestation of an event, testimony, one who gives testimony in a court. प्रमाण, साक्षी, अदालत में गवाही देनेवाला; *v. t. & i.* to attest or testify, to give testimony to, to bear testimony. प्रत्यक्ष करना, गवाही से प्रमाणित करना, गवाही देना।

Witticism-विट्-टि-सिज़म् -*n.* a witty remark. रसिकोक्ति, हँसी, विनोद-वाक्य; **Wittily** (-लि) -*adv.* artfully. हँसी में, परिहास से; **Wittiness** (-नेस्) -*n.* the quality of being witty. रसिकता, हँसी, दिल्लगी; **Wittingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* knowingly, intentionally. जान-बूझकर।

Wittol-विट्ल्-*n.* a man who knows his wife's infidelity and submits to it. वह पुरुष जो अपनी स्त्री की दुश्चरित्रता को जानकर भी उसके वश में रहता है।

Witty-विट्-टि-*adj.* (*comp.* Wittier, *sup.* Wittiest.) possessing wit or humour, sarcastic, amusing, judicious, ingenuous. परिहासजनक, व्यङ्गपूर्ण, रसिक, तीक्ष्णबुद्धि, निपुण, ठिठोलिया।

Wive-वाइव्-*v. t. & i.* to wed, to marry विवाह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करना; **Wivehood** (-हुड्)-*n.* the behaviour befitting a wife. पत्नी के लिये उचित व्यवहार; **Wiveless** (-लेस्)-*adj.* having no wife. बिना पत्नी का; **Wively** (-लि)-*adj.* pertaining to a wife. पत्नी-सम्बधी; **Wives** (-ज़्) *pl.* of Wife.

Wizard-विज़्-अर्ड् -*n.* (*fem.* Witch.) one who is skilled in magic, an enchanter. ओझा, जादूगर; **Wizardly** (-लि)-*adj.* like a wizard. जादूगर के सदृश; **Wizardry** (-रि)-*n.* the art of witchcraft. जादूगरी।

Wizen-विज़्'-न्-*v. t.* to dry, to wither. मुर्झाना, सुखाना; -*adj.* withered, dried up. मुरझाया हुआ, सूखा हुआ।

Wo-वो-*interj.* stop! ठहरो!

Woad-वोड्-*n.* a kind of plant like indigo. एक प्रकार का नील के पौधे के समान पौधा।

Wobble-वॉब्-ब्ल् -*v. i.* to move to and fro. इधर-उधर घूमना, चक्कर देना; **Wobbler** (-अर्) -*n.* one who wobbles. चक्कर देनेवाला।

Woe-वो -*n.* grief, curse, sorrow, misery. दुःख (शोक), शाप, विलाप, सन्ताप; **Woe-begone** (-बी-गॉन्) -*adj.* overwhelmed with grief, दुःख से सन्तप्त, शोकार्त; **Woeful** (-फ़ुल्) -*adj.* sorrowful, mournful, distressed. शोकान्वित, विलापी, दुःखी; **Woefully** (-फ़ुलि) -*adv.* sorrowfully. दुःख से; **Woefulness** (फ़ुल्-नेस्) -*n.* the state of being woeful. सन्ताप की अवस्था।

Wold-वोल्ड्-*n.* a wood, an open country, a forest. खुला मैदान, समतल भूमि, जङ्गल।

Wolf-वुल्फ़् -*n.* (*pl.* Wolves.) a fierce carnivorous animal. वृक, भेड़िया, हुँड़ार; **Wolf-dog** (-डॉग्)-*n.* a shepherd's dog. गड़ेरिये का बड़ा कुत्ता; **Wolfish** (-इश्) -*adj.* like a wolf. भेड़िये के सदृश; **Wolfishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a wolfish manner. भेड़िये की तरह से; **Wolf-hound** (-हाउन्ड्)-*n.* a hound for hunting wolves. भेड़िये का शिकार करनेवाला कुत्ता।

Woman-वुमन्-*n.* (*pl.* Women वि'-मेन्, *mas.* Man.) female of man, the female sex, a female servant. स्त्री, नारी, औरत, दासी (चेरी); **Womaned** (-न्ड्) -*adj.* accompanied by a woman. स्त्री-सहित; **Womanhood** (-हुड्) -*n.* the state of being a woman. स्त्रीत्व; **Womanish**(इश्)-*adj.* feminine, having the qualities of a woman. स्त्रीवत्, स्त्री के समान; **Womanishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a womanish manner. स्त्री के समान ढंग से; **Womankind** (-काइन्ड्)-*n.* the female sex. स्त्री जाति; **Womanlike** (-लाइक्)-*adj.* like a woman. स्त्री की तरह; **Womanliness** (-लि-नेस्)-*n.* the state of being womanly. स्त्री के समान अवस्था; **Womanly** (-लि)-*adj.* befitting a woman. स्त्रियोचित, स्त्री के योग्य।

Womb-वूम्'-*n.* the part of the body where the young of an animal is conceived, any deep cavity. गर्भस्थान (गर्भाशय, गर्भ), कन्दरा; **Womby** (-इ) -*adj.* hollow, capacious. खोखला, विस्तृत।

Won-वन्-*p. t. & p. p.* of Win. जीत लिया!

Wonder-वन्'-डर्-*n.* that which excites surprise, a miracle, a strange thing, astonishment. अद्भुत वस्तु, आश्चर्य, विस्मय, अचम्भा; -*v. i. & t.* to be struck with wonder, to be surprised. विस्मित होना, आश्चर्ययुक्त करना (सन्देह करना); **Wonderer** (-अर्)-*n.* one who wonders. आश्चर्य करनेवाला; **Wonderful** (-फ़ुल्)-*adj.* exciting surprise, strange. विलक्षण, अद्भुत; **Wonderfully** (-फ़ुलि)-*adv.* astonishingly. आश्चर्य से; **Wonderfulness** (-फ़ुल्-नेस्)-*n.* the quality of being wonderful. आश्चर्य, चमत्कार; **Wondering** (-इङ्ग्) -*adj.* showing wonder. आश्चर्य दिखलानेवाला; **Wonderingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a wonderful manner. आश्चर्य करते हुए; **Wonderland** (-लॅन्ड्) -*n.* the land full of wonders. विस्मयपूर्ण प्रदेश; **Wonderment** (-मेन्ट्)-*n.* astonishment, surprise. आश्चर्य, कौतुक; **Wonderstruck** (-स्ट्रक्) -*adj.* struck with wonder. विस्मय से व्याकुल; **Wonder-worker** (-वर्क्-अर्)-*n.* a worker of wonders. आश्चर्य का काम करनेवाला।

Wondrous-वन्'-ड्रस्-*adj.* admirable, marvellous. आश्चर्यजनक, अद्भुत; **Wondrously** (-लि) -*adv.* in a strange manner. विलक्षण रूप से, विचित्रता से; **Wondrousness** (-नेस्) -*n.* strangeness. विलक्षणता, अचम्भा।

Won't-वोन्ट्-*contraction* of 'Will not'. 'विल नॉट्', का छोटा रूप।

Wont-वोन्ट् -*n.* habit, custom. अभ्यास, आदत,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रीति (सम्प्रदाय), चाल-ढाल;-*adj.* accustomed, habituated. परिचित, अभ्यस्त; Wonted (-ऍड्) -*adj.* made familiar. परिचित बनाया गया ; Wontedness (-ऍड्-नेस्)-*n.* the state of being familiar or accustomed. परिचित या अभ्यस्त अवस्था ; Wontless (-लेस्)-*adj.* not accustomed. अनभ्यस्त ।

Woo-वू-*v. t.* to ask in marriage, to importune, to court, to make love to. विवाह के लिये प्रार्थना या आराधना करना, प्रेम दिखलाना; Wooer (-अर्)-*n.* one who wooes, a lover. विवाहार्थी, विवाह की इच्छा करनेवाला, प्रेमी; Wooing (-इङ्ग्)-*n.* & *adj.* courtship, love-making. विवाह के लिए प्रार्थना करनेवाला, प्रेम करनेवाला या प्रेम का प्रस्ताव रखनेवाला ।

Wood-वुड् - *n.* a small forest, the solid part under the bark of a tree, timber. जङ्गल, वन, काठ, लकड़ी; - *adj.* consisting of wood. लकड़ी का; Wood-apple (-ॲप्ल्)-*n.* a kind of fruit having a hard shell. कपित्थ, कैथ; Wood-ashes (-ॲशेज़्)-*n. pl.* ashes obtained by burning wood or plants. लकड़ी की राख ; Woodbine (-बाइन्)-*n.* the wild honeysuckle. एक प्रकार का सुगन्धित पुष्प ; Wood-block (-ब्लॉक्)-*n.* a block of engraved wood to print from. लकड़ी का ठप्पा; Woodcarving (-कार्व्-इङ्ग्)-*n.* engraving in wood. लकड़ी में खुदाई करने का काम ; Wood-coal (-कोल्) -*n.* charcoal. लकड़ी का कोयला.; Wood-cock (-कॉक्)-*n.* a bird similar to a snipe, a kind of apple, a simpleton. कुक्कुट, जङ्गली मुर्गा, एक प्रकार का सेब, बुद्धू या मूर्ख आदमी ; Woodcraft (-क्रॉफ्ट्)-*n.* forestry, art of woodwork. जंगल की देख-रेख की विद्या, काष्ठकला ; Woodcut (-कट्)-*n.* an engraving on wood. लकड़ी का छापने का ठप्पा; Wooded (ऍड्) - *adj.* covered with wood. जङ्गल से भरा हुआ ; Wooden (-न्) -*adj.* made or consisting of wood. काष्ठमय, लकड़ी का बना हुआ; Wood-engraving (-ऍन्-ग्रेव्-इङ्ग्) - *n.* the art of engraving on wood. लकड़ी पर खोदने की कला ; Wooden-head (- न्-हेड्)-*n.* a block-head. मूर्ख ; Wooden-headed (stupid.) बुद्धिहीन, निर्बुद्धि; Woodenness (-न्-नेस्)-*n.* stupidity. मूर्खता, बुद्धिहीनता; Wood-house (-हाउस्)-*n.* a shed for keeping timber. लकड़ी रखने का घर; Woodiness (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being woody. जंगली या लकड़ी से युक्त या पूर्ण होने का गुण ; Woodland (-लॅन्ड्)-*n.* a land covered with woods. जंगलों से परिपूर्ण भूमि; Woodless (-लेस्)-*adj.* destitute of wood. जंगल से रहित; Woodman (-मॅन्) -*n.* one who looks after trees in a forest, one who fells and cuts trees for timber & fuel, one who supplies wood, one who makes articles of wood, a huntsman, a mad man, a forest officer. जंगल के पेड़ों का रखवाला, इमारती लकड़ी या जलावन की लकड़ी के लिए पेड़ गिराने और काटनेवाला, लकड़ी देनेवाला, लकड़ी का सामान बनानेवाला, शिकारी, जंगल का अधिकारी; Wood-monger (-मॉङ्गर्) -*n.* a timber merchant. लकड़ी का व्यापारी, लकड़हारा; Woodnote (-नोट्)-*n.* the note of a forest bird. जंगली पक्षी का शब्द; Woodpecker (-पेकर्)-*n.* a bird with long pointed bill which has the habit of tapping trees to discover insects. काष्ठकूट, कठफोड़वा; Wood-pigeon (-पिजन्)-*n.* the ringdove. हारिल पक्षी ; Wood-pulp (-पल्प्)-*n.* the pulp of wood from which paper is made. वृक्ष का गुद्दा जिससे कागज बनता है ; Woodsman (-मॅन्)-*n.* (*pl.* Woodsmen.) woodcutter. लकड़हारा; Woodwork (-वर्क्)-*n.* a structure made of wood. लकड़ी का काम ; Woody (-इ)-*adj.* abounding with or consisting of wood, belonging or pertaining to or growing or living in woods, resembling wood, having a dull sound like that of wood when struck. लकड़ी से पूर्ण या लकड़ी का, जंगल का या जंगल-संबन्धी या जंगल में उगने या रहनेवाला, लकड़ी के समान, लकड़ी की खटखटाहट के समान स्वरवाला ।

Woof-वूफ्-*n.* the weft, texture, cloth. बाना, कपड़ा, वस्त्र की रचना ; Woofy (-इ) -*adj.* dense. घना ।

Woof-वुफ्-*n.* imitation of an abrupt bark of a dog. कुत्ते के यकायक भूँकने की नकल ।

Wool-वुल्-*n.* the fleecy coat of sheep, short thick hair. भेड़ का बाल, घना घना बाल ;

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Wool-carder (कार्ड्-अर्) - *n.* one who combs wool. ऊन सँवारनेवाला; **Wooldriver** (-ड्राइव्-अर्)-*n.* one who buys wool. ऊन खरीदनेवाला ; **Woolfell** (-फ़ेल्) - *n.* skin not stripped off wool. चमड़ा जिस पर का ऊन न काटा गया हो; **Wool-gathering** (-गॅदिङ्-अर्-इङ्ग्) - *n.* the act of gathering wool, an idle exercise. ऊन इकट्ठा करना, व्यर्थ का कार्य; **Wool-grower** (-ग्रो-अर्)-*n.* one who raises sheep for production of wool. ऊन निकालने के लिये भेड़ पालनेवाला मनुष्य ; **Woollen** (-लेन्)-*adj.* made of or consisting of wool. pertaining to wool, clad in woollen clothing, covered with wool as a mark of penance. ऊन का बना हुआ, ऊनी, ऊन-सम्बन्धी, ऊनी वस्त्र (कपड़े) पहने हुए, तपस्या या प्रायश्चित के लिये ऊन से ढँका हुआ; **Woolliness** (-इ-नेस्) - *n.* the state of being wooly. ऊनी अवस्था ; **Woolly** (-लि) -*adj.* consisting of wool. ऊन से परिपूर्ण; **Woolly-head** (-लि-हेड्) -*n.* a negro. हबशी; **Woolman** (-मॅन्)-*n.* one who sells wool. ऊन बेचनेवाला मनुष्य ।

Woor-वू-अर्-*n.* a lover. प्रेमीजन ।

Word-वर्ड्-*n.* a letter or combination of letters which represents an articulate sound, a short discourse, oral expression, promise motto, a short sentence. शब्द, पद, वचन, वार्ता, प्रतिज्ञा, सन्देश, कहावत, छोटा वाक्य; -*v. t.* to express in words. शब्दों में वर्णन करना; A good word (commendation.) सिफ़ारिश, संस्तुति; To send word. सन्देश भेजना ; War of words (verbal quarrel.) वाक्कलह; **Word-book** (-बुक्)-*n.* vocabulary. शब्दकोश; **Worded** (-एड्)-*adj.* expressed in words. शब्दों में वर्णित ; **Word for word** (literally.) अक्षरशः, अविकल ; **Wordily** (-इ-लि)-*adv.* in a wordy manner. अनेक शब्दों का प्रयोग करते हुए ; **Wordiness** (-इ-नेस्)-*n.* verbosity. वाग्जाल, अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग; **Wording** (-इङ्ग्)-*n.* the act of expressing in words. वर्णन करने का कार्य; **Wordish** (-इश्)-*adj.* wordy, verbose. अनेक शब्दोंवाला ; **Wordless** (-लेस्)-*adj.* not using words. शब्दों का प्रयोग न करनेवाला; **Word-painting** (-पेन्ट्-इङ्ग्)-*n.* a description in words. शब्दों में वर्णन; **Wordy** (-इ) -*adj.* full of words. शब्दों से परिपूर्ण ।

Wore-वोर्-*p. t.* of Wear. पहना ।

Work-वर्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* Worked or Wrought.) to act, to labour, to carry on business, to operate, to set in motion, to stir, to mould, to lead, to embroider, to ferment. काम करना, परिश्रम करना, कारबार (व्यापार) करना, बनाना, चलाना, हिलाना, उफान पैदा करना ;-*n.* exertion or effort, labour, employment, occupation, duty, undertaking, exploit, embroidery, effect, performance. अध्यवसाय या उद्योग, श्रम, कार्य, व्यवसाय, पेशा, कर्त्तव्य, जिम्मेदारी, दायित्व, वीरता का कार्य, बेलबूटे का कार्य, प्रभाव, परिणाम, अभिनय;-*pl.* walls (व० व०) दीवारें ; To work into (to insinuate.) उत्तेजित करना, उसकाना; To work out (to solve.) हिसाब लगाना ; To work up (to raise.) उठाना ; To set to work (to engage in some business.) किसी काम में लग जाना; **Workable** (-ऍ-बुल्)-*adj.* capable of being woked. काम करने योग्य; **Work-bag** (-बॅग्) -*n.* a bag for holding needles &c. सूई इत्यादि रखने का झोला; **Worker** (-अर्)-*n.* one who works, one who makes, produces or plans, God or creator, an author, a wage labourer, a wealth-producer or maker, a horse or dog that works well, a female insect or bee doing work for its community, political agent, a part of a machinery. काम करनेवाला; बनाने या पैदा करने या योजना बनानेवाला, ईश्वर या रचयिता; लेखक, मजदूर, धन पैदा करने या कमानेवाला, अच्छी तरह काम करनेवाला घोड़ा या कुत्ता, काम करनेवाला मादा कीड़ा या मक्खी, राजनैतिक प्रतिनिधि, मशीन का भाग या पुर्जा; **Workfellow** (-फ़ेल्-लो)-*n.* a fellow-worker. साथ का काम करनेवाला; **Workfolk** (-फ़ोक्) -*n.* people who work. काम करनेवाले लोग; **Workhouse** (-हाउस्)-*n.* a poor house, a house for keeping the idle engaged. दरिद्रों की कर्मशाला, काहिलों या आलसियों को काम में लगाने का घर; **Working** (-इङ्ग्)-*adj. & n.*

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

er gaged in activity, operation, movement. कार्यशील, काम करनेवाला, कार्यशीलता, क्रिया, गति; **Working day** (a day or time for work.) काम करने का दिन या समय; **Workingman** (one who lives by manual labour.) शारीरिक परिश्रम से निर्वाह करनेवाला; **Workman** (-मॅन्) *-n.* (*pl.* **Workmen.**) a man employed in labour, a skilled craftsman. काम करनेवाला, कुशल या चतुर कारीगर; **Workmanlike** (-मॅन्-लाइक्)*-adj.* like a skilful workman, skilfully performed. चतुर कारीगर के समान, कारीगरी से किया हुआ; **Workmanship** (-मॅन्-शिप्)*-n.* skill of a workman or a manufacturer. कारीगरी, कर्म-कौशल; **Workshop** (-शॉप्)*-n.* a place where anything is done or manufactured. उद्योगशाला, कर्मशाला (कारखाना); **Workwoman** (-वुम्-अन्) *-n.* (*pl.* **Workwomen.**) a woman who performs some work. स्त्री कर्मचारिणी।

World-वर्ल्ड्-*n.* the earth, the globe, the state of human existence, public life or society, people in general, mankind, the human race, customs of men. पृथ्वी, गोलक, संसार, लोक (जगत्), जीवनयात्रा, सार्वजनिक जीवन या समाज, जनसाधारण, मानव समाज, मनुष्य जाति, जनरीति, व्यवहार; **All the world** (everything, the entire earth, every existing person, the universal people.) सर्वस्व, सारी पृथ्वी, सारे जीवित व्यक्ति, संसार का जनसमूह; **A world** (a great deal.) बहुत ज्यादा, अमित; **For all the world** (exactly, completely.) पूर्ण रूप से; **The next world** (the spiritual world, the heaven.) परलोक; **Snares of the world** (the difficulties of worldly life.) मायाजाल; **Worldliness** (-लि-नॅस्) *-n.* addictedness to gain, temporal enjoyments, covetousness. विषयों में आसक्ति, संसारी सुख या प्रपंच, सांसारिक लोभ; **Worldling**(-लिङ्ग्)one who thinks of this life only. सांसारिक, प्रपंची, दुनियादार; **Worldly**(-लि)*-adj.* pertaining to the world, temporal, secular. लौकिक, संसारी, दुनियावी; **Worldy-minded** (devoted to temporal; enjoyments.) संसारनिष्ठ, प्रपंचों में लीन; **Worldly-wise** (wise in regard to worldly matters.) संसारज्ञानी, दुनियादार; **World-wide** (-वाइड्) *-adj.* (spread all over the world.) संसार में व्याप्त।

Worm-वर्म् *-n.* a small creeping animal, anything that destroys, that which torments, a spiral tube, a snake, an earthworm, a grub, a mean person of loose character, an intestinal disease or toothache caused by a worm, a tick or mite in the hand. रेंगनेवाला (-कृमि) कीड़ा, नष्ट करने वाली वस्तु, कष्ट देनेवाला पदार्थ, पेंचदार नली, सर्प, केंचुआ, घुन, नीच आचरण-हीन व्यक्ति, कृमि द्वारा उत्पन्न अँतड़ियों का रोग या दाँत की पीड़ा (दर्द), हाथ में लगनेवाला घुन या कीट; *-v. i. & t.* to work slowly, to undermine by secret means, to wind a rope, to hunt for worms, to cause to be eaten by worms, to rid of worms or grubs. धीरे-धीरे अथवा छिपकर काम करना, रस्सा लपेटना, कीड़ों का शिकार करना, कीड़ों से नष्ट कराना, कीड़ों से मुक्त करना; **Worm-disease**(-डिज़्-इज़्) *-n.* a disease in which small insects are found in intestine. कृमि रोग; **Worm-eaten** (-ईट्-न्)*-adj.* eaten by insects. कीड़ों से खाया हुआ; **Worm-hole** (-होल्) *-n.* a hole made by worms. कीड़ों का बनाया हुआ छिद्र; **Wormlike** (-लाइक्) *-adj.* like a worm. कीड़े की तरह का; **Worm-powder** (-पाउ-डर्) *-n.* powder for killing worms. कीड़ा मारने की बुकनी; **Worm-wheel** (-ह्वील्)*-n.* a wheel working in a spiral screw. पेंचदार गड़ारी में चलनेवाला पहिया; **Wormwood** (-वुड्) *-n.* a kind of bitter plant. एक प्रकार का कड़ुआ पौधा, चिरायता; **Wormy**(-इ) *-adj.* abounding with worms. कृमिपूर्ण।

Worn-वोर्न्-*p. p.* of wear. *adj.* impaired by use or exposure, exhausted by toil, enfeebled, (of time) past or spent. प्रयोग या धूप, हवा, पानी से घिसा या नष्ट हुआ, श्रम से थका हुआ, दुर्बल बना हुआ, बीता हुआ (समय); **Worn-out** (-आउट्)*-adj.* wearied, consumed. थका हुआ, नष्ट किया हुआ।

Worried-वर्-रिड्-*adj.* harassed. कष्ट दिया हुआ; **Worrier** (-रि-अर्) *-n.* one who worries कष्ट देनेवाला; **Worriment** (-मॅन्ट्)*-n.* anxiety. चिन्ता, क्लेश।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Worry-वर्-रि-*n.* trouble, perplexity harassment. क्लेश, बाधा, पीड़ा, चिन्ता; -*v. t.* (*p. t.* Worried.) to vex, to trouble, to tease, to harass, to fatigue. क्लेश देना, पीड़ा देना, दिक करना, थकाना; **Worryingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* teasingly. कष्ट देते हुए।

Worse-वर्स्-*adj.* (*comp.* of Bad, Ill or Evil.) bad or evil in a greater degree, more unwell, more bad. अधिकतर बुरा, नीचतर, बदतर, अधिकतर अवस्थ, अधिक बुरा; **Worsen** (-न्)-*v. t. & i.* to defeat, to make worse. हराना, बुरा बनाना, बुरा होना।

Worship-वर्शिप्-*n.* worthiness, adoration, a title of honour used for magistrates, respect, homage paid to idols. पूजा, आराधना, सम्मान-सूचक पदवी, महिमा, मूर्ति-पूजन; -*v. t. & i.* (*p. t.* worshipped.) to adore, to respect, to reverence, to perform divine service. पूजा करना, आराधना करना, आदर करना, उपासना करना; **Worshipable** (-ऍ-बुल्)-*adj.* worthy of worship. पूजा करने योग्य; **Worshipful** (-फुल्)-*adj.* worthy of respect, claiming respect. पूजनीय, आदरणीय; **Worshipfully** (-फुलि)-*adv.* respectfully. प्रतिष्ठा से, आदर से; **Worshipper** (-पर्)-*n.* one who worships. पूजक, उपासक, आराधक।

Worst-वर्स्ट्-*adj.* (*sup. degree* of Bad, Evil or ill.) most bad, most evil, pernicious. दुष्टतम, नीचतम, सबसे बुरा;-*n.* most severe state. सबसे अधिक कष्टकर अवस्था; -*v. t.* to defeat. हराना।

Worsted-वर्स्ट्-ऍड्-*n.* wool combed straight. सुलझाया हुआ ऊन; -*adj.* made of worsted yarn. बटे ऊन का बुना हुआ।

Wort-वर्ट-*n.* a kind of herb. एक प्रकार की वनस्पति।

Worth-वर्थ्-*n.* value, price, virtue, merit, importance. मूल्य, दाम, गुण, योग्यता, महत्त्व; **Worth considering** (able to be thought over.) विचारणीय, विचार करने योग्य; **Worth much** (invaluable.) बहुमूल्य; **Worth while** (suitable.) उचित; **Worthily** (-इ-लि)-*adv.* deservedly. योग्यता से; **Worthiness** (-इ-नेस्)-*n.* the quality of being worthy, excellence, merit. पात्रता, उत्तमता, योग्यता; **Worthless** (-लेस्)-*adj.* of no value, useless. निर्गुण (असार), निकम्मा, बेकार; **Worthlessly** (-लेस्-लि)-*adv.* in a worthless manner. अयोग्यता से; **Worthlessness** (-नेस्)-*n.* want of excellence. अयोग्यता; **Worthy** (-दि)-*adj.* (*comp.* Worthier, *sup.* Worthiest.) deserving, virtuous, valuable, suitable, estimable, having suitable value. योग्य, धार्मिक, अनुरूप, बहुमूल्य, उचित, उचित मूल्य का।

Wot-वॉट्-*v. i.* to know. जानना।

Would-वुड्-*v. i.* (*p. t.* of Will.) used as an auxiliary, wish or prayer. गा; **Would-be** (pretending to be.) होनेवाला;।

Wouldst-वुडस्ट्-*v. i. second pers. sing.* of Will.

Wound-वून्ड्-*n.* a cut, a bruise, bodily hurt or injury, damage. व्रण, आघात, घाव, चोट, ज़ख्म, हानि; **Wounder** (-अर्)-*n.* one who or that which wounds. घाव करनेवाला पदार्थ या मनुष्य; **Wounding** (-इङ्ग)-*n.* injury. घाव; **Wounded** (-ऍड्)-*adj* injured. घायल; **Woundless** (-लेस्)-*adj.* free from hurt. बिना घाव का।

Wound-वाउन्ड्-*p. t. & p. p.* of Wind. लपेटा, लपेटा हुआ।

Wove-वोव्-*p. t.* of Weave. बुना।

Wove-paper-वोव्-पे'-पर्-*n.* a writing paper of smooth surface. लिखने का चिकना कागज।

Woven-वोव्-न्-*adj.* formed by weaving. बुना हुआ।

Wow-वाऊ-*interj.* an exclamation of wonder. आश्चर्य-सूचक अव्यय।

Wrack-रॅक्-*n.* a flying cloud. उड़ता हुआ बादल।

Wrackful-रॅक्'-फुल्-*adj.* destructive. नाश करनेवाला।

Wraith-रेथ्-*n.* an apparition of a person about to die or just after death. भूत, प्रेत।

Wrang-रॅङ्ग्-*p. t.* of Wring. ऐंठा, निचोड़ा।

Wrangle-रॅङ्ग्'-ग्ल्-*n.* a noisy quarrel. लड़ाई, झगड़ा;-*v. i.* to quarrel noisliy, to dispute publicly. झगड़ा करना, शास्त्रार्थ करना; **Wrangler** (-अर्)-*n.* one who disputes vehemently, one who attains the highest class in public examination for honours in mathematics. शास्त्रार्थ करनेवाला, गणित विद्या

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मे सर्वश्रेष्ठ उपाधिप्राप्त विद्यार्थी ; **Wranglership** (-अर्-शिप्)-*n.* the position of a wrangler. गणितज्ञ की पदवी; **Wrangling**(-इङ्ग्)-*n.* the act of angrily disputing. क्रोध से झगड़ा करने का कार्य।

Wrap-रॅप्-*v. t. p. t.* (**Wrapped.**) to fold together, to cover by winding something. लपेटना, ढाँकना;-*n.* a wrapper. ओढ़ना, ढँकना; **Wrappage** (-अज्)-*n.* the act of wrapping, wrapping material, something wrapped. ढाँकने या लपेटने का कार्य, लपेटने या ढाँकने का सामान, लपेटी हुई वस्तु; **Wrapper** (-पर्) -*n.* one who wraps, a loose outer garment of a woman, a loose paper book-cover, a paper cover on a newspaper for the post. लपेटने वाला (आच्छादन), स्त्रियों की ओढ़नी, किताब पर कागज की जिल्द या ढँकना, डाक से भेजे जानेवाले समाचार-पत्र पर की कागज की पट्टी या पट्टा; **Wrapping** (-पिङ्ग्)-*n.* the material used for covering. ढक्कन, ओढ़ना; **Wrap-rascal** (-रॅस्-कल्)-*n.* a coarse uppercoat. मोटा रूखा ऊपरी कोट।

Wrath-रॅथ्-*n.* violent anger, fury, rage, indignation. रोष, क्रोध, कोप, गुस्सा; **Wrathful** (-फ़ुल्)-*adj.* very angry. अति क्रुद्ध; **Wrathfully** (-फ़ुलि) -*adv.* with great anger. बड़े क्रोध से; **Wrathfulness** (-फ़ुल्-नॅस्)-*n.* vehement anger. बड़ा क्रोध; **Wrathily** (-इ-लि) -*adj.* with anger. बड़े क्रोध से; **Wrathless** (-लॅस्)-*adj.* free from anger. क्रोध-रहित।

Wrawl-रॉल्-*v. t.* to cry like a cat. बिल्ली की तरह चिल्लाना।

Wreak-रीक्-*n.* revenge, vengeance. बदला, पलटा;-*v. t.* to punish out of revenge. बदला लेने के लिए दण्ड देना; **Wreakful** (-फ़ुल्) -*adj.* angry. क्रुद्ध; **Wreakless** (-लॅस्) *adj.* unrevengeful, unpunished. बदला न लेनेवाला, दण्ड-रहित, दण्डमुक्त।

Wreath-रीथ्-*n.* a garland, something twisted or curled. माला, हार, गजरा; **Wreathen** (-अन्)-*adj.* wreathed. माला या गजरादार; **Wreathless** (-लॅस्) -*adj.* without wreath. बिना माला का; **Wreathy** (-इ)-*adj.* adorned with a wreath. माला से सजाया हुआ।

Wreathe-रीद्-*v. t. & i.* to twist, to entwine, to be interwoven. लपेटना, ऐंठना, गुथना।

Wreck-रॅक्-*v. t. & i.* to dash against a shore, break, to destroy or ruin. सागर तट पर टकराना, टूटना, नाश करना या होना; -*n.* the destruction of a vessel dashing against a rock or by foundering. पोतभंग, जहाज का नाश (भंग); **Wreckage**(-ऍज्)-*n.* remains of a wrecked ship. टूटे हुए जहाज का शेष भाग; **Wrecker**(-अर्)-*n.* one who causes a wreck, a person or ship engaged in saving a ship from wreck. जहाज का नाश करनेवाला, जहाज को नष्ट होने से बचानेवाला आदमी या जहाज; **Wreckful** (-फ़ुल्)-*adj.* causing wreck. जहाज नाश करनेवाला; **Wreckmaster** (-मास्ट्'-अर्)-*n.* one who takes charge of a wreckage. टूटे जहाज के असबाब को अपनी निगरानी में रखनेवाला अधिकारी।

Wren-रॅन्-*n.* a small perching bird. एक प्रकार की छोटी फुदकनेवाली चिड़िया।

Wrench-रॅन्श्-*n.* a violent twist, a sprain, a tool for screwing. ऐंठन, मरोड़, पेंच खोलने का औजार;-*v. t.* to pull with a twist. ऐंठकर खींचना।

Wrest-रॅस्ट्-*n.* a violent pulling, a distortion. ऐंठन, मरोड़;-*v. t.* to twist by violence, to distort. ऐंठना, खींचना, मरोड़ना; **Wrester** (-अर्)-*n.* one who wrests. ऐंठनेवाला मनुष्य।

Wrestle-रॅस्-सल्-*v. t.* to strive by grappling, to contend. कुश्ती लड़ना, मल्लयुद्ध करना ; **Wrestler** (-लर्)-*n.* one who is skilled in wrestling. बाहु-योद्धा, कुश्तीबाज; **Wrestling** (-लिङ्ग्)-*n.* struggle, the act of contending लड़ाई, कुश्ती।

Wretch-रॅच्-*n.* a miserable person, one sunk in vice, a base person. हतभाग्य (दीन), दुरात्मा (पापी), नराधम (दुष्ट); **Wretched** (-ऍड्) -*adj.* very miserable, calamitous, worthless, poor and mean. हतभाग्य, अतिदुःखी, दीन; नीच; **Wretchedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* most miserably. अत्यन्त दीनता से या दीन दशा में; **Wretchedness**(-ऍड्-नॅस्)-*n.* extreme misery or sorrow. अधमता, दीनता, विपत्ति।

Wrick-रिक्-*v. t.* to strain. ऐंठना, मरोड़ना।

Wriggle-रिग्'-ग्ल्-*v. i. & t.* to twist the body to and fro, to put into a wriggling motion. शरीर ऐंठना, छटपटाना, तड़फड़ाना; **Wriggler** (-अर्)-*n.* that which wriggles. तड़फड़ानेवाला; **Wriggling** (-इङ्ग्) *adj.* twisting. छटपटानेवाला।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Wright-राइट्-*n.* an artificer, a worker in wood. कारीगर, बढ़ई ।

Wring-रिङ्ग्-*n. t.* (*p. t.* Wrung.) to twist, to squeeze, writhe, to distort, to distress. ऐंठना, सिकोड़ना, मरोड़ना, निचोड़ना, कष्ट देना;-*n.* action of anguish. दुख का कार्य; **To wring off** (to separate by wringing) निचोड़कर अलगाना; **Wringer** (-अर्) -*n.* one who wrings. ऐंठनेवाला, मोड़नेवाला ।

Wrinkle-रिङ्कु-अल्-*n.* a small ridge, a crease, unevenness, a fold. चर्म-रेखा, झुर्री, सिकुड़न, तह;-*v. t.* to contract into furrows, to shrink into ridge. झुर्री या सिकुड़न डालना, सिकोड़ना; **Wrinkly** (-लि)- *adj.* full of wrinkles, shrunk झुर्रीदार, सिकुड़ा हुआ ।

Wrist-रिस्ट्-*n.* the joint by which the hand is united to the arm. मणिबन्ध, कलाई; **Wrist-band** (-बॅन्ड्) -*n.* the band on the sleeve of a shirt. कमीज के आस्तीन पर की पट्टी; **Wristlet** (-लेट्)-*n.* an elastic band around the wrist. कलाई पर बाँधने की पट्टी ।

Writ-रिट्- (*p. p.* of Write.)-*n.* that which is written, a legal document. लेख, कानूनी आज्ञापत्र ।

Write-राइट्-*v. t. & i.*(*p. t.* Wrote, *p. p.* Written, Writ.) to set down on paper or to express in black & white, to compose, to transcribe, to work as an author. लिखना, लिखकर प्रकट करना, रचना करना, ग्रन्थ बनाना, निबन्ध लिखना; **Writer** (-अर्)-*n.* one who writes, an author. लेखक, ग्रन्थकार, निर्माणकर्ता; **Writership** (-शिप्)-*n.* the office of a writer. लेखक की पदवी; **Writing** (-इङ्ग्)-*n.* anything written, a manuscript, a book, the act of writing, a legal instrument. लेख, लिखित पत्र, लिखावट, ग्रन्थ, दस्तावेज; **Writing-book** (-बुक्) -*n.* a copy book. लिपि-पुस्तक; **Writing-master** (-मास्टर्) - *n.* a teacher who teaches penmanship. लिखना सिखलानेवाला शिक्षक ।

Writhe-राइद्-*v. t. & i.* to twist the body in pain. पीड़ा से शरीर को ऐंठना या मोड़ना ।

Written-रिट्'-न्-*adj.* (*p. p.* of Write.) expressed in writing. लिखा हुआ या लिखकर प्रकट किया हुआ ।

Wrong-रॉङ्ग्-*adj.* incorrect, not legal, not right, unjust, unfit. अशुद्ध, न्याय-विरुद्ध, अधर्मपूर्ण, अनुचित, अयोग्य ; -*n.* injury, injustice error. हानि, अधर्म, भ्रम, अपराध; - *v. t.* to injure, to deprive of some right, to do injustice. अन्याय करना, क्षति करना, चोट पहुँचाना, अधिकार से वंचित करना; **Wrongdoer** (-डूअर्) -*n.* one who does wrongful act. अपराध करनेवाला मनुष्य; **Wrongdoing** (डू-इङ्ग्)-*n.* injustice, harm. अपराध, हानि; **Wronger** (-अर्) - *n.* one who injures another. किसी की हानि करनेवाला, अपकारक: **Wrongful** (-फुल्)-*adj.* injurious, unjust. दुष्ट, अन्यायी; **Wrongfully** (-फुलि) -*adv.* unjustly. अन्यायपूर्वक; **Wrongfulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* injustice. अन्याय; **Wrongly**(-लि)-*adv.* unjustly. अन्याय से; **Wrong-road** (-रोड्)-*n.* unjust path. कुमार्ग, बुरा मार्ग ।

Wrote-रोट्-*p. t.* of Write. लिखा ।

Wroth-रॉथ्-*adj.* wrathful, angry. अति क्रुद्ध ।

Wrought-रॉट्-*adj.* worked. काम किया हुआ, बनाया हुआ; **Wrought iron** (puddled iron.) काम्टी लोहा ; **Wrought on** (influenced.) प्रभाव डाला हुआ ।

Wrung-रङ्ग्-*p.t. & p. p.* of Wring. ऐंठा हुआ ।

Wry-राइ-*adj.* twisted, distorted. मोड़ा हुआ, ऐंठा हुआ; **Wryly** (-लि)-*adv.* in a wry manner. वक्रता से; **Wry-neck** (-नेक्) -*n.* a kind of woodpecker, distorted neck. एक प्रकार का कठफोड़वा, गर्दन की ऐंठन; **Wryness** (-नेस्) -*n.* crooked-ness. वक्रता, ऐंठन ।

Wye-वाइ-*n.* a crutch. बैशाखी ।

Wynd-वाइन्ड्-*n.* a narrow lane. पतली गली ।

Wyvern-वाइ'-वर्न्-*n.* an imaginary winged & two-legged monster. एक प्रकार का परों तथा दो टाँगोंवाला कल्पित दैत्य ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

X-ऍक्स्-the twenty-fourth letter of the English alphabet pronounced like 'z' at the beginning of a word and *ks.* elsewhere; as a Roman numeral it stands for 10, the first unknown quantity (x) in algebra. अंग्रेजी वर्णमाला का चौबीसवाँ अक्षर, शब्द के आदि में इस अक्षर का उच्चारण "ज़्" तथा अन्य स्थान में "क्स्" होता है, रोमन संख्या में यह १० के लिए प्रयुक्त होता है, बीजगणित में (x) पहिली अज्ञात संख्या के लिये यह प्रयुक्त होता है।

Xangti-ज़ॅङ्ग्'-टि-*n.* the Supreme Being of the Chinese mythology. चीन देश के पुराणों में परमेश्वर का नाम।

Xanthein, Xantheine-ज़ॅन्-थि-इन् (-ईन्)-*ns.* the water-soluble yellow colouring matter of flowers. जल में घुल जानेवाला फूलों में का पीला रङ्ग।

Xanthian-ज़ॅन्' - थि - अन्-*adj.* pertaining to Xanthus, the capital of Lycia in Asia. एशिया में लिशिया की राजधानी ज़ैन्थस्-सम्बन्धी।

Xanthic-ज़ॅन्-थिक् - *adj.* pertaining to the yellow colour. बसन्ती या केसरिया रङ्ग का या उस रङ्ग से सम्बन्धित।

Xanthium-ज़ॅन्'-थि-अम्-*n.* a flowering plant like aster. गेंदे के समान एक फूल।

Xanthochroia-ज़ॅन-थॅ-क्रो' - इ - आ-*n.* yellow discolouration of skin. चमड़े के रङ्ग के पीला पड़ जाने की क्रिया।

Xanthochroic-ज़ॅन् -थै-क्रो'-इक्-*adj.* pertaining to men with smooth light-coloured hair and pale complexion. चिकने हल्के रंग के बालों और पीले रङ्ग के शरीर के मनुष्यों से सम्बन्धित।

Xanthoma-ज़ॅन्-थॅ-मा-*n.* a disease of the skin in which yellow patches appear. एक प्रकार का चर्मरोग जिसमें शरीर में पीले चकत्ते पड़ जाते हैं; **Xanthomatous** (-टस्) -*adj.* pertaining to xanthoma. शरीर में पीले चकत्ते पड़ने के रोग से सम्बन्धित।

